# भोजपुरी हिन्दी शब्दकोश

भोजपुरी लोकोक्ति-मुहावरा-पहेली सहित

डॉ० अर्जुन तिवारी

अपने देश में बेलाग धरती राग ही पाञ्चजन्य का उद्घोष है जहाँ रसराज 'लोकरस' प्रतिष्ठित है। 'रामचरित जे सुनत अघाहीं' जैसी भोजपुरी में चोट करने वाली जीवन्तता है तभी तो तुलसीदास को 'इहां कोहड़ बतिया कोउ नाहीं' लिखना पड़ा। वस्तुतः भोजपुरी में प्यार का प्रकाश है, ज्ञान की सम्पदा है जिसमें असीम शब्द सौन्दर्य है। दिव्य विश्व भाषा हिन्दी को समृद्ध बनाने वाली भोजपुरी के आकर ग्रन्थ के रूप में उपस्थापित यह शब्दकोश एक महनीय प्रयास है। शब्दकोश ऐसा ग्रन्थ है जिसमें शब्दों, घटनाओं का प्रामाणिक विवेचन होता है जिससे ग्रन्थादि के प्रणयन में सहायता मिलती है। इसे सन्दर्भ ग्रन्थ (बुक्स आफ रेफरेन्स) कहना समीचीन है।

प्रस्तुत शब्दकोश में शब्दों के वर्ण-विन्यास, अर्थ, प्रयोग, पर्याय दिए गए हैं। शब्द की विशेष अर्थबोधक शक्ति (अभिधा, लक्षणा, व्यञ्जना) साथ ही साथ शब्द-सौष्ठव, शब्द सौकर्य (सरलता, सुगमता, मुखसुख) से ग्रन्थ की सदुपयोगिता असंदिग्ध है।

भोजपुरी उत्तर भारत की मुख्य भाषा है साथ ही मॉरिशस, फिजी, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद आदि अनेक राष्ट्रों में इसकी लोकप्रियता एवं व्यापकता है। इसका वाचिक लोकसाहित्य प्रभावकारी है। भोजपुरी जैसी एक समृद्ध भाषा को समझने-समझाने की दिशा में डॉ० अर्जुन तिवारी की लोकभाषा के प्रति निष्ठा और उनकी अहर्निश साधना ने आज इस बहुप्रतीक्षित कमी की पूर्ति की। परिणामस्वरूप इस शब्दकोश के प्रकाशन के रूप में यह एक ऐतिहासिक कार्य हुआ है। माटी, माई, मानुष के हित में यह बृहद प्रामाणिक 'भोजपुरी-हिन्दी शब्दकोश' शिक्षार्थियों, संगीत प्रमियों, शोधकर्त्ताओं एवं समाज सेवी साहित्यकारों के लिए अपरिहार्य सन्दर्भ-ग्रन्थ है।

# भोजपुरी-हिन्दी शब्दकोश

# भोजपुरी-हिन्दी शब्दकोश

## भोजपुरी लोकोक्ति-मुहावरा-पहेली सहित

डॉ० अर्जुन तिवारी
काशी पत्रकारिता पीठ, वाराणसी

विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी

# BHOJAPURĪ - HINDĪ SHABDAKOSHA

[*Category* : Dictionary]

*by*

Dr. Arjun Tiwari



ISBN : 978-93-87643-11-6

प्रथम संस्करण : 2019 ई०

[1st Edition : 2019]

मूल्य : सात सौ पचास रुपये (Rs. 750.00)

*Publisher* | प्रकाशक

VISHWAVIDYALAYA PRAKASHAN | विश्वविद्यालय प्रकाशन

Post Box No. 1149, | पोस्ट बॉक्स नं० 1149,

Vishalakshi Building, Chowk, | विशालाक्षी भवन, चौक,

Varanasi - 221001 [U.P. INDIA] | वाराणसी-221 001 [उत्तर प्रदेश, भारत]

Phone & Fax : (0542) 2413741, 2413082

E-mail : sales@vvpbooks.com • vvpbooks@gmail.com

Website : www.vvpbooks.com

मुद्रक

वाराणसी एलेक्ट्रॉनिक कलर प्रिण्टर्स प्रा० लि०

चौक, वाराणसी-221 001

# प्राक्कथन

## हिन्दी : सद्‌भाव, समभाव, विश्व-कल्याण की अमरवाणी

भाषा एक दैवी शक्ति है, जो प्राणियों में सद्‌भाव, सहयोग और मंगल का भाव भरती है। भावों को प्रकट करने, विचारों को बोधगम्य बनाने तथा परस्पर सौहार्द बढ़ाने का यही प्रभावकारी माध्यम है। भाषा के अभाव में मूक प्राणी निरीह बना रहता है, विचार बहरे हो जाते हैं और व्यवहार लँगड़े बन कर रह जाते हैं। भाषा के चलते मानव सुसंस्कृत बनता है, सम्मान का पात्र बनता है। भारत, भारतीयता एवं भारती का पर्याय ही हिन्दी है, जिसकी व्यापकता विश्व में बढ़ती जा रही है।

अनेक भाषाविदों ने बार-बार यही प्रमाणित किया है कि हिन्दी देवनागरी लिपि ब्राह्मी से विकसित है, जो सर्वाधिक वैज्ञानिक है। मुहम्मद गोरी ने अपना काम-काज हिन्दी में किया। उसके सिक्कों पर देवनागरी में अंकित 'श्री हम्मीर' और 'श्री महमूद साम' आज भी प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। शेरशाह सूरी ने अपने सिक्के पर देवनागरी में लिखवाया—'श्री सीरशाह'। कई सिक्कों पर 'ओऽम्' भी अंकित है। वस्तुतः हिन्दी प्रेम की भाषा है, सद्‌भाव-सहयोग की साधिका है, राष्ट्रीय एकता की सुदृढ़ कड़ी है। हिन्दी में भारत की आत्मा मुखरित होती है—

**हिन्दी का उद्‌देश्य यही है, भारत एक रहे अविभाज्य,**
**यों तो रूस और अमरीका, जितना है उसका जनराज्य,**
**बिना राष्ट्रभाषा स्वराष्ट्र की, गिरा आप गूँगी असमर्थ,**
**एक भारती बिना, हमारी भारतीयता का क्या अर्थ?**

—मैथिलीशरण गुप्त

भारतीयता हिन्दी के अभाव में व्यर्थ है क्योंकि—

**भारतीय धर्म की है घोषणा घमण्डभरी,**
**हिन्दी नहीं जाने उसे हिन्दी नहीं जानिए।**

—नाथूराम शंकर शर्मा

हिन्दी के विषय में सोचने, समझने, बोलने या उसकी भव्यता को साहित्य के रूप में ढालने का तात्पर्य विश्व-धर्म, अन्तर्राष्ट्रीय अनुशासन और मानवीय एकात्मकता का सूत्रपात करना है।

प्रेममार्ग को प्रदर्शित करने वाली भाषाओं में हिन्दी खरी उतरती है—

**अरबी, तुरकी, हिन्दुई, भाषा जेति आहि,**
**जेहि मँह मारग प्रेम का सबै सराहै ताहि।**

हिन्दी के लिए कुछ कवियों ने केवल 'भाषा' शब्द का ही प्रयोग किया है तथा इसके गुणों की चर्चा की है—

**संस्कीरत है कूप जल, भाषा बहता नीर।** —कबीर

❑ ❑ ❑

**आदि अन्त जस गाथा अहै, लिखि भाषा चौपाई कहै।** —जायसी

❑ ❑ ❑

**भाषा भनिति मोर मति थोरी।**

❑ ❑ ❑

**का भाषा का संस्कृत, प्रेम चाहिए साँच।** —तुलसीदास

हिन्दी मानव के बुद्धि-कौशल, विवेक, चिन्तन, आचार-व्यवहार तथा संस्कृति की भाषा है। यह ऐसी जीवन्त भाषा है जिसमें अन्तर्निहित रचनात्मक शक्ति है, व्यवहारधर्मिता है और गतिमयता है। हिन्दी आर्य संस्कृति की संवाहिका है। इस भाषा का विकास भारतीय लोक-चेतना का विकास है। नवजागरण और मुक्ति की कामना के प्रसार में हिन्दी का योगदान अविस्मरणीय है। राजा राममोहन राय एवं केशवचन्द्र सेन ने हिन्दी को ही भारतवर्ष की एकमात्र मुक्तिदायिनी भाषा के रूप में अंगीकार किया। महर्षि दयानन्द तो हिन्दी के सर्वस्व माने जाते हैं। 'आनन्दमठ' के रचयिता और 'वन्दे मातरम्' के अमर गायक श्री बंकिमचन्द्र चटर्जी की निम्नलिखित बात द्रष्टव्य है—

''हिन्दी एक दिन भारत की राष्ट्रभाषा होकर रहेगी, क्योंकि हिन्दी भाषा की सहायता से भारत के विभिन्न प्रदेशों में जो ऐक्य-बन्धन स्थापित कर सकेंगे, वे ही सच्चे भारतबन्धु की संज्ञा पाने योग्य होंगे।''

वस्तुतः स्वतन्त्रता की लड़ाई में इसी हिन्दी ने तोप का कार्य किया। बन्धन-मुक्ति के यज्ञ में बहादुर शाह जफर, तात्या टोपे और कुँवर सिंह ने हिन्दी में ही रणभेरी बजाई। मुहम्मद इकबाल ने 'हिन्दी हैं हम वतन हैं हिन्दोस्ताँ हमारा' का नारा दिया तथा राष्ट्र-हित में सर्वस्व अर्पण का मन्त्र प्रदान किया। प्रसिद्ध तत्त्वचिन्तक श्री अरविन्द, भूदेव मुखर्जी, नवीनचन्द्र राय, रामानन्द चटर्जी, चिन्तामणि घोष, जस्टिस शारदाचरण मैत्रेय आदि भारत-भक्तों ने हिन्दी के उत्थान में उल्लेख्य कार्य किया। डॉ० सुनीतिकुमार चटर्जी ने उद्घोषित किया कि हिन्दी एक महान् सम्पर्क-साधक भाषा है। सन् 1875 ई० में बाबू केशवचन्द्र सेन ने लिखा, 'हिन्दी भाषा प्रायः सर्वत्रइ प्रचलित'। बाबू बंकिमचन्द्र चटर्जी ने 1876 ई० में 'बंगदर्शन' में साफ कहा, 'हिन्दी शिक्षा ना करिले, कोनो क्रमेइ चलिबे ना।'

रहीम, रसखान, आलम, शेख और उस्मान सदृश मुस्लिम कवियों ने जिस हिन्दी को अपनी अभिव्यक्ति का साधन बनाया, वह केवल हिन्दुओं की भाषा नहीं है। अमीर खुसरो, सैयद इंशा अल्ला खाँ, सैयद अमीर अली मीर, कासिम अली

साहित्यालंकार, बन्दे अली फातमी, जहूरबख्श हिन्दी कोविद, नबीब बख्श 'फलक' आदि कुछ ऐसे नाम हैं जिनसे हिन्दी पल्लवित-पुष्पित हुई। दक्षिण भारत के प्राचीन आचार्यों—बल्लभाचार्य, विट्ठल, रामानुज, रामानन्द आदि ने हिन्दी के माध्यम से अपने सिद्धान्तों का प्रचार-प्रसार किया। अहिन्दी भाषा-भाषी राज्यों के सन्त साहित्यकारों में असम के शंकरदेव, महाराष्ट्र के नामदेव और ज्ञानेश्वर, गुजरात के नरसी मेहता, बंगाल के चैतन्य महाप्रभु ने इसी हिन्दी को धर्म और साहित्य का माध्यम बनाया। महान् विद्वान् मैक्समूलर, डॉ० विलियम केरी, विलियम याट्स और जे०एच० केलाग जैसे ईसाई महापुरुषों ने हिन्दी को अपनाया तथा इसके 'वसुधैव कुटुम्बकम्' और 'सत्यमेव जयते' की भावना को गुंजायमान किया। वस्तुत: हिन्दी द्वन्द्व, विद्वेष, विघटन से दूर रहकर एकता और प्रेम की शिक्षा देती है—

**इक भाषा, इक जीव, इक मति के सब लोग।**
**तबे बनत है सबन सों, मिटत मूढ़ता सोग॥**

राष्ट्रभाषा का प्रश्न राष्ट्रीय चरित्र का प्रश्न है। यह विकास और क्षमता का दर्पण है। देववाणी 'संस्कृत अपनी माँ है, हिन्दी गृहणी और अंग्रेजी नौकरानी है' फादर कामिल बुल्के के इस उद्गार से हिन्दी की अपरिहार्यता स्वयंसिद्ध है। स्वच्छ, सुस्पष्ट और सरल भाषा हिन्दी भारत की ही नहीं, विश्व की एक वरेण्य भाषा है, जिसकी शब्द-सम्पदा अतुलनीय है।

हिन्दी भारत के विराट् व्यक्तित्व का अनमोल स्वर है, समन्वय-सूत्र है। यह भारतीय जन-मानस की जाह्नवी, प्रेम की मन्दाकिनी है। इसमें देश की एकता सन्निहित है। यही राष्ट्र की केन्द्रीय शक्ति है। सहजता, सरलता, सम्प्रेषणीयता के चलते हिन्दी राष्ट्रीय सीमा से ऊपर उठकर अन्तर्राष्ट्रीय क्षितिज पर अपनी आभा बिखेर रही है। चेक गणराज्य के ओदोलेन स्मेकल स्वीकारते हैं—

**हिन्दी-ज्ञान**
**मेरे लिए अमृत-पान**
**जितनी बार उसे पीता हूँ**
**उतनी बार लगता है—पुन: जीता हूँ।**

सन् 1999 ई० में मशीन ट्रांसलेशन सम्मिट में टोकियो विश्वविद्यालय के प्रो० होजमि तनाका ने अद्यतन भाषायी आँकड़ा प्रस्तुत किया। उनका सुस्पष्ट मत है कि विश्वभर में चीनी बोलने वालों का प्रथम, हिन्दी का द्वितीय तथा अंग्रेजी का तृतीय स्थान है। 'वर्ल्ड एलोमॉनिक एण्ड बुक ऑफ फैक्ट्स, मॉडर्न एसोसिएशन ऑफ अमेरिका' एवं 'अमेरिकन कौंसिल ऑफ फॉरेन लैंग्वेज' की रिपोर्ट के अनुसार विश्व की दस भाषाओं में चीनी, हिन्दी और अंग्रेजी का ही वर्चस्व है। अद्यतन आँकड़ों के अनुसार अपनी हिन्दी विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा बन चुकी है।

'विश्व हिन्दी दिवस' पर दैनिक जागरण (10 जनवरी 2017) के प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित तथ्य प्रमाण रूप में प्रस्तुत हैं :

विश्व हिंदी दिवस

नम्बर एक के सिंहासन से मंदारिन को उतारा, हिन्दी सीखने वाले देशों में चीन आगे है, दुनिया में 64 करोड़ लोगों की मातृभाषा हिन्दी

# दुनिया में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा बनी हिन्दी

हिन्दी के भविष्य को लेकर हम भले चिन्ता जताते हों, लेकिन सच्चाई यह है कि दुनिया में हिन्दी बोलने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 2015 के आँकड़ों के अनुसार यह दुनिया में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा बन चुकी है।

2005 में दुनिया के 160 देशों में हिन्दी बोलने वालों की अनुमानित संख्या 1,10,29,96,447 थी। उस समय चीन की मंदारिन भाषा बोलने वालों की संख्या इससे कुछ अधिक थी। लेकिन 2015 में दुनिया के सभी 206 देशों में करीब 1,30,00,00,000 (एक अरब तीस करोड़) लोग हिन्दी बोल रहे हैं और अब हिन्दी बोलनेवालों की संख्या दुनिया में सबसे ज्यादा हो चुकी है। मुम्बई विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ० करुणाशंकर उपाध्याय अपनी पुस्तक 'हिन्दी का विश्व सन्दर्भ' में सारणीबद्ध आँकड़े देते हुए कहते हैं कि भारत एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था है। यहाँ के पेशेवर युवा दुनिया के सभी देशों में पहुँच रहे हैं और दुनिया भर की बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ भारत में निवेश के लिए आ रही हैं। इसलिए एक तरफ हिन्दीभाषी दुनिया भर में फैल रहे हैं, तो दूसरी ओर बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को अपना व्यवसाय चलाने के लिए अपने कर्मचारियों को हिन्दी सिखानी पड़ रही है। तेजी से हिन्दी सीखने वाले देशों में चीन सबसे आगे है। फिलहाल चीन के 20 विवि में हिन्दी पढ़ाई जा रही है। 2020 तक वहाँ हिन्दी पढ़ाने वाले विश्वविद्यालयों की संख्या 50 तक पहुँच जाने की उम्मीद है। यहाँ तक कि चीन ने अपने 10 लाख सैनिकों को भी हिन्दी सिखा रखी है। अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर बढ़ी भारत की साख के कारण भी दुनिया के लोगों की हिन्दी और हिन्दुस्तान में रुचि बढ़ाई है।

## देश में 78 फीसद बोलते हैं हिन्दी

डॉ. करुणाशंकर उपाध्याय ने अपनी पुस्तक में दिए आँकड़ों में डॉ. जयंतीप्रसाद नौटियाल द्वारा 2012 में किए गए शोध अध्ययन के अलावा, 1999 की जनगणना, द वर्ल्ड आल्मेनक एंड बुक ऑफ फैक्ट्स, न्यूज पेपर एंटरप्राइजेज एसोसिएशन अंक, न्यूयार्क और मनोरमा इयर बुक इत्यादि को आधार बनाया है। पुस्तक के अनुसार हिन्दी के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा चीन की मंदारिन है। लेकिन मंदारिन बोलने वालों की संख्या चीन में ही भारत में हिन्दी बोलने वालों की संख्या से काफी कम है। चीनी न्यूज एजेंसी सिन्हुआ की एक रिपोर्ट के अनुसार केवल 70 फीसद चीनी ही मंदारिन बोलते हैं। जबकि भारत में हिन्दी बोलने वालों की संख्या करीब 78 फीसद है। दुनिया में 64 करोड़ लोगों की मातृभाषा हिन्दी है। जबकि 20 करोड़ लोगों की दूसरी भाषा, एवं 44 करोड़ लोगों की तीसरी, चौथी या पाँचवीं भाषा हिन्दी है। भारत के अलावा मॉरीशस, सूरीनाम, फिजी, गुयाना, ट्रिनिडाड और टोबैगो आदि देशों में हिन्दी बहुप्रयुक्त भाषा है। भारत के बाहर फिजी ऐसा देश है, जहाँ हिन्दी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। हिन्दी को वहाँ की संसद में प्रयुक्त करने की मान्यता प्राप्त है। मॉरीशस में तो बाकायदा 'विश्व हिन्दी सचिवालय' की स्थापना हुई है, जिसका उद्देश्य ही हिन्दी को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित करना है।

## हिन्दी और उसकी सहभाषाएँ

हिन्दी वह धागा है, जिससे विभिन्न भाषाओं के पुष्पों को पिरोकर विश्व-मानव हेतु एक सुन्दर हार निर्मित होता है। आज विश्व की भाषाओं में अगली पंक्ति में प्रतिष्ठित हिन्दी की अभिवृद्धि में उसकी सहभाषाओं का महत्त्वपूर्ण अवदान है। हिन्दी की असली शक्ति उसकी तद्भव सम्पदा में है और इन तद्भवों का बड़ा स्रोत उसकी सहभाषाएँ और बोलियाँ हैं। इन जनपदीय भाषाओं में रचे साहित्य ने भक्ति- आन्दोलन और देश के स्वतन्त्रता-संग्राम में विशेष योगदान किया है। हिन्दी और उसकी सहभाषाओं के बीच आदान-प्रदान सतत बना रहा और उससे हिन्दी निखरती गई। तुलसी, कबीर, सूर, रैदास, मीरा जैसी विभूतियों को लेकर ही हिन्दी 'हिन्दी' है। इन सभी महान् रचनाकारों ने अपनी रचनाएँ हिन्दी की सहभाषाओं—अवधी, ब्रज, भोजपुरी और राजस्थानी में रचीं।

अपना देश मूलतः जनपदों का देश है। गाँवों के समूह से ही जनपद बनता है। गाँव-बस्तियाँ हमारी संस्कृति की आधारशिला हैं। गाँव के जीवन की जड़ें धरती का आश्रय पाकर पनपती हैं। देश के राजनीतिक संघर्षों ने ग्रामों और जनपदों को आत्मप्रतिष्ठा से भर दिया है। प्रियदर्शी अशोक ने धर्मयात्राओं का सूत्रपात किया, जिसके अनुसार जनपद जन के दर्शन और जन के साथ मिलकर धर्म की शिक्षा के केन्द्र बने। ग्रामवासिनी जनता का दर्शन, जनपदीय अध्ययन का अभीष्ट है। जनपदीय अध्ययन का विद्यार्थी जब गाँवों में जाता है तो वहाँ उसे शब्द और अर्थ के विपुल भण्डार मिलते हैं। हिन्दी जनपदीय भाषाओं से ही प्राणवन्त और ऊर्जस्वित है। जनपदीय भाषाओं में हिन्दी का वह सुरक्षित कोष है जिसके धन से वह अपनी परिपूर्णता को प्राप्त कर लेती है। वस्तुतः जनपदीय बोलियाँ साक्षात् कामधेनु हैं। प्रख्यात भाषाविद् वासुदेवशरण अग्रवाल ने 'जनपदीय अध्ययन की आँख' (प्रतिमान, जुलाई-सितम्बर 2013) में लिखा है—

''जनपदीय अध्ययन का क्षेत्र अत्यन्त विस्तृत और गहरा है, उनमें अपरिमित रस और नवीन प्रकाश भी है। जीवन के लिए उसकी उपयोगिता भी कम नहीं है। उस अध्ययन के सफल होने के लिए सधे हुए ज्ञान और समझदारी की भी आवश्यकता है। मानसिक सहानुभूति और शारीरिक श्रम के बिना यह कार्य पनप नहीं सकता। जनपदीय अध्ययन की आँख लोक का वह खुला हुआ नेत्र है, जिसमें सारे अर्थ दिखाई पड़ते हैं। ज्यों-ज्यों इस नेत्र में देखने की शक्ति बढ़ती है त्यों-त्यों भूतत्व में छिपे हुए रत्न और कोषों की भाँति जनपदीय जीवन के नए-नए भण्डार हमारे दृष्टिपथ में आते-जाते हैं। जनपदीय चक्षुष्मत्ता-साहित्यिक का ही नहीं, प्रत्येक मनुष्य का भूषण है। उसकी वृद्धि जीवन की आवश्यकता के साथ जुड़ी है। अशोक के शब्दों में जानपद जन का दर्शन हमारी जनपदीय आँख की सच्ची सफलता है।''

## बोलियों और भाषाओं पर मँडराता संकट

संयुक्त राष्ट्र की पहली **'स्टेट ऑफ द इंडीजीनस पीपुल्स'** रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में करीब 6900 भाषाएँ हैं, जिनमें से करीब 2500 भाषाओं पर संकट के

बादल मँडरा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने साल 2001 में इस सम्बन्ध में जब पहला अध्ययन किया था, तब विलुप्तप्राय भाषाओं की संख्या 900 के करीब थी। तब भी यूएन ने दुनिया को आगाह किया था कि भाषाओं को मरने से बचाया जाए, लेकिन तमाम आगाह के बावजूद मरती हुई भाषाएँ बची नहीं और अब ऐसी बीमार भाषाओं की संख्या तब के मुकाबले करीब 3 गुना पहुँच गई है।

**'पीपुल्स लिंग्युस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया'** के एक अध्ययन के अनुसार भारत में भाषाई विविधता के मामले में सबसे समृद्ध प्रान्त अरुणाचल प्रदेश है जहाँ 90 से अधिक बोलियाँ बोली जाती हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और फिर गुजरात का नम्बर आता है, जहाँ क्रमश: 50 और 47 भाषाएँ बोली जाती हैं। 47 भाषाओं के साथ उड़ीसा चौथे स्थान पर है। करीब 400 से अधिक भाषाएँ आदिवासी समुदायों और घुमन्तू व गैर अधिसूचित समुदायों द्वारा बोली जाती हैं। सबसे ज्यादा संकट इन्हीं के द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं पर है। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में 130 भाषाओं पर संकट के बादल मँडरा रहे हैं, जबकि भाषिक बहुलता की दृष्टि से सबसे उर्वर क्षेत्र यही है; जहाँ कोई भी व्यक्ति औसतन देश में सबसे ज्यादा बोलियाँ बोलता है। पूर्वोत्तर के असम में 55, मेघालय में 31, मणिपुर में 28, नागालैण्ड में 17 और त्रिपुरा में 10 ऐसी भाषाएँ बोली जाती हैं, जिन पर संकट के बादल मँडरा रहे हैं।

किसी भाषा के लुप्त होने या मर जाने से मात्र अभिव्यक्ति का एक तरीका नहीं खत्म होता, न ही जीवन जीने के एक ढंग भर का विलोपन होता है। वास्तव में दुनिया के बारे में समग्र समझ, धारणा, राय और अनगिनत मौलिक अहसास हमेशा-हमेशा के लिए खो जाते हैं, जिनसे दुनिया और समृद्ध हो सकती थी। बावजूद इसके भाषाएँ मर रही हैं, और हम हैं कि रो भी नहीं रहे, इस धरोहर पर गर्व नहीं करते।

**बोली एक अमोल है जो कोई बोलै जानि।**<br>
**हिये तराजू तौल के तब मुख बाहर आनि॥**

देशी भाषा का अनादर राष्ट्रीय आत्महत्या है। परायी भाषा के साहित्य से ही आनन्द लेने की आदत चोरी के माल से आनन्द लूटने की चोर की आदत जैसी है। इसी सन्दर्भ में जावेद अख्तर के विचार को आत्मसात् करना चाहिए—

''अगर एक इन्सान को एक वृक्ष मान लिया जाए तो उसकी मातृभाषा उन जड़ों की तरह है जो उसे अपनी धरती, अपने समाज, अपने अतीत, अपनी परम्परा से जोड़ती हैं। उसको उसकी पहचान देती हैं। इसका यह अर्थ नहीं कि हमारे लिए दूसरी भाषाओं का महत्त्व नहीं है। बड़ा पेड़ तो वही है जिसका तना आकाश छूने का जतन कर रहा हो, जिसकी शाखाएँ दूर तक फैली हों। हमें दूसरी भाषाओं से, खास तौर से अंग्रेजी जैसी अन्तर्राष्ट्रीय भाषा से बहुत कुछ मिल सकता है, मगर याद रखिए कि वृक्ष जितनी ऊँची जाएँ, शाखाएँ जितनी फैलें, जड़ें भी अपनी धरती में उतनी ही गहरी उतरनी चाहिए, वरना वृक्ष गिर सकता है।''

## भोजपुरी का अन्तर्राष्ट्रीय आयाम

गाँव की संस्कृति और गाँव की भाषा को आत्मसात् करने पर हिन्दी की समृद्धि होगी। बहुभाषाविद् और साहित्यकार नागार्जुन ने जनपदीय भाषाओं के महत्त्व को समझाने के लिए भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के प्रति कृतज्ञता अर्पित की—

**हिन्दी की है असली रीढ़ गँवारू बोली।**
**यह उत्तम भावना तुम्हीं ने हममें घोली॥**

भाषा की थाती साहित्य में सँजोई जाती है। भोजपुरी का फैलाव भारत के बाहर अनेक देशों में है। इसका अन्तर्राष्ट्रीय आयाम है। भोजपुरी एक कर्मठ समुदाय की सहज, सरल, प्रभावशाली भाषा है जिसके बारे में भाषाविद् डॉ० जॉर्ज ग्रियर्सन ने यह टिप्पणी की है—

''Bhojpuri is the practical language of an energetic race, which is ever ready to accommodate itself to circumstances and which has made its influence felt all over India. The Bengali and the Bhojpuri are two of the great civilizers of Hindustan, the formers with his pen and latter with his cudgel.'' (*Linguistic Survey of India*, 1894-1928, No. 5, p. 40)

इसी क्रम में उन्होंने आगे बतलाया है कि भोजपुरी जवानों ने हिन्दुस्तानी सेना में भर्ती होकर उसे सुसज्जित किया और 1857 की लड़ाई में भाग लिया। वस्तुत: भोजपुर और भोजपुरी भारत की अस्मिता का इतिहास है—

**कण-कण में जेकरा क्रांतिबीज**
**अइसन भोजपुर टप्पा हमार**
**इतिहास कहे पन्ना पसार।**

1 जनवरी 1896 ई० को महात्मा गाँधी ने कहा था, ''हिन्दी सभी प्रादेशिक भाषाओं की बड़ी बहन के समान है, अत: राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी प्रचारित होते समय अपनी सभी छोटी बहनों से शब्द-सम्पदा ले तथा उन्हें शब्द देकर आदान-प्रदान का काम करती हुई सेतु का काम भी करे। भाव यह कि सभी प्रादेशिक भाषाएँ और हिन्दी एक-दूसरे की पूरक के रूप में कार्य करें।'' महापण्डित राहुल सांकृत्यायन इसी विचार के पोषक थे। उनकी आशा थी, ''**ऊहो दिनवा आई जब भोजपुरी सरताज बनी। हिन्दी हमनी के बड़की माई ह, ओकरे सासन आ मिलकियत रही, भोजपुरी के बढंती से आपन बड़की माई के हियरा जुड़ाई आ देस-विदेस तक ऊ लहलहाए लागी।**''

अपनी भोजपुरी की परम्परा वाचिक है। जो बात दूसरे को, तीसरे को और कड़ी के रूप में पहुँचाई जाती रहे, वही वाचिक परम्परा है। वाक् की अटूट शक्ति, वाक् की परिशुद्धता, तथा परस्पर हृदय की सम्प्रेषणीयता इस वाचिक परम्परा के तत्त्व हैं। अपने यहाँ हृदय की सम्प्रेषणीयता झट से यों ही नहीं बनती। यहाँ दर्शन, स्पर्श, भाषण, श्रवण में हृदय का द्रवीभूत, आह्लादित रूप मिलता है—

**जिस हृदय में प्रेम का उठता नहीं उद्‌गार है,**
**व्यक्ति वह निस्सार है, वह मनुज भू का भार है।**

अपने यहाँ तो—

**तंत्री-नाद, कबित्त-रस, सरस राग, रति-रंग।**
**अनबूड़े बूड़े, तरे जे बूड़े सब अंग॥**

साथ-साथ रहते, खेलते, चलते, लड़ते-झगड़ते, रोते-गाते-हँसते रहने की परम्परा भोजपुरी में प्राप्त होती है। इसका समस्त लोक-साहित्य वाक् की अटूट शक्ति में विश्वास करता है, वाक् की परिशुद्धता की चिन्ता करता है जिससे परस्पर हृदय की सम्प्रेषणीयता सृजित होती है। इस तरह भोजपुरी लोक-साहित्य मूलत: लोकजीवन से संश्लिष्ट है। इसका मूल प्रयोजन जीवन से ही जुड़ा व्यापार है। चाहे श्रम का कार्य हो, खेती या व्यवसाय से जुड़ा कार्य हो, मांगलिक अवसर हो या ऋतुपर्व हो, किसी न किसी के साथ उनकी लय मिली हुई है। जाँत के गीत की टेक 'हो राम' वहीं रुकती है जहाँ एक घानी पूरी होती है। कजली के गीतों की टेक भी झूले के पेंग के साथ तालबद्ध होती है। संस्कार-गीतों में सुख-दु:ख, हर्ष-विषाद, संयोग-वियोग सबके चढ़ाव-उतार प्रतिध्वनित होते रहते हैं। संस्कार-गीतों में पारिवारिक स्नेह-वितान की आश्वस्तता रहती है, श्रमगीतों में मानव-नियति की करुणा है और उसी के साथ सामाजिक व्यवस्था की निर्ममता की चिन्ता भी है, ऋतुगीतों में चित्त के भीतर सहज उठने वाले राग का ज्वार उमड़ता है, मेले के गीतों में विश्वव्यापी चैतन्य-शक्ति के साथ एकात्मकता की अनुभूति है। लोक-मातृत्व भाव, पर्यावरण से सम्बद्ध पँक्तियाँ द्रष्टव्य हैं—

**बाबा निबिया कै पेड़ जिनि काटेउ, निबिया चिरइया बसेरा**
**बलइया लेउ बीरन की।**
**बाबा बिटिया न केहु दु:ख देह, बिटिया चिरइया का नइयाँ**
**बलइया लेउ बीरन की।**
**बाबा सबेरे चिरइया उड़ि जइहैं, रहि जाई निबिया अकेलि**
**बलइया लेउ बीरन की।**
**बाबा सबेरे बिटियवा जइहैं, सासुर रहि जइहैं माई अकेलि**
**बलइया 'लेउ बीरन की।**

अपनी मुखरता और अभिव्यंजना के चलते भोजपुरी एक मधुर और अनौपचारिक भाषा के रूप में समादृत होती है। इसका प्रमाण यही है कि आज भी सेना में अपनी-अपनी भाषा भुलाकर सैनिकों ने भोजपुरी को अपना लिया। अपने देश की सीमा को लाँघकर भोजपुरी जहाँ-जहाँ गई, अपना असर बनाए रखी। गिरमिट (एग्रीमेंट) या शर्तवादी के तहत परदेश जाने वाले भोजपुरी-भाषी अब सरकार के अंग बन गए। डॉ० शिवसागर रामगुलाम, डॉ० छेदी जगन, डॉ० वासुदेव पाण्डेय इसी भोजपुरी माटी के सपूत हुए, जिन्होंने मॉरीशस, सूरीनाम आदि देशों का नवनिर्माण किया।

'भोजपुरी' नाम से न केवल एक क्षेत्र की भाषा वरन् वहाँ रहने वाले जनसमुदाय का भी बोध होता है। भोजपुरी को 'भोजपुरिया, बक्सरिया, हिन्दुस्तानी, पश्चिमी,

देशवाली, खोट्टा, पूर्वीया' आदि अनेक नामों से सम्बोधित किया गया है। आदर्श भोजपुरी, पश्चिमी भोजपुरी, मधेसी, थारु, सरवरिया, नगपुरिया में बोली जाने वाली भोजपुरी भी भारत में प्रयुक्त होती है। मूल रूप से भोजपुरी उत्तर-प्रदेश, बिहार, झारखण्ड और अंशत: मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ राज्यों में बोली जाती है। वर्तमान में लगभग समस्त भारत में भोजपुरी भाषाभाषी हैं। भारत के अलावा मॉरीशस, फिजी, गुयाना, नेपाल, सूरीनाम, दक्षिण अफ्रीका, त्रिनिडाड आदि में भी यह बोली जाती है।

अपनी भोजपुरी की सबसे बड़ी विशेषता इसकी आत्मीयता, उदारता है। किसी भी भाषा के शब्दों को अपने में घुलाने, पचाने, भोजपुरिआइन बनाने में इसकी कोई सानी नहीं है। संस्कृत भोजपुरी में तो 'माई-धिया' का सगा सम्बन्ध है। भोजपुरी धन्य है जिसकी माँ, जननी देववाणी संस्कृत है और संस्कृत गद्‌गद है कि उसकी लाडली अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर यशस्विनी बन रही है। वस्तुत: कोई अन्य भारतीय आर्यभाषा संस्कृत के उतना निकट नहीं है जितनी भोजपुरी। उदाहरणार्थ द्रष्टव्य है—

| संस्कृत | भोजपुरी | संस्कृत | भोजपुरी |
|---|---|---|---|
| महाजन | महाजन | अहं पठामि | हम पढ़तानी |
| चिंता | चिंता | अहं चलामि | हम चलतानी |
| अवदहन | अदहन | स: याति | उ जाता |
| भर्तार | भतार | स: खादति | उ खाता। |

## मानक भाषा के रूप में भोजपुरी

सभी भाषा वैज्ञानिक मानते हैं कि मानक भाषा के लिए 4 शर्तें होती हैं—विस्तृत व्यवहार-क्षेत्र, शब्द-भण्डार, व्याकरण-व्यवस्था और सम्प्रेषणीयता। किसी शब्द का अर्थ अपने सामाजिक बुनावट, परम्परा, जीवन-तथ्य और कल्पना का ही क्रियात्मक रूप होता है। भोजपुर में 'बाटे', छपरा में 'बाड़े, बाड़न', बनारसी के 'हउवन, हई, हौ, हवन' में परिवेशगत कोमलता, कठोरता, स्थिरता और गतिशीलता के संकेत दिखते हैं। हिन्दी का कैलास, मैदा और पैसा भोजपुरी उच्चारण में कएलास, मएदा या (मयदा), पएसा या (पइसा) हो जाता है। इसी प्रकार हिन्दी में कौवा, कौड़ी और कौन भोजपुरी में कउवा, कउड़ी और कउन हो जाते हैं। अनुनासिक स्वरों के उच्चारण में भोजपुरी तथा हिन्दी (खड़ी बोली) में कोई अन्तर नहीं है। दोनों भाषाओं में अनुनासिक और निरनुनासिक रूप कर देने पर कुछ शब्दों का अर्थ स्पष्टत: बदल जाता है, जैसे—तागा-ताँगा, विधना-विंधना, बाध-बाँध, गाज-गाँज, पूछ-पूँछ, गोड़-गोंड़ आदि। शब्दों के उच्चारण में भोजपुरी में आदि स्वरागम की प्रवृत्ति है। हिन्दी के तत्सम शब्द स्तुति, स्नान, स्थान तथा स्टेशन भोजपुरी में क्रमश: 'अस्तुति', 'असनान', 'अस्थान', 'इस्टेसन' के रूप में बोले जाते हैं। इसी तरह भोजपुरी शब्दों के निर्माण में कुछ ध्वनियों के लोप की प्रवृत्ति भी पाई जाती है। भोजपुरी में नखहरनी 'नहरनी या नहन्नी' का रूप धारण कर लेता है। भोजपुरी में हिन्दी शब्द 'इ' जुट जाता है, जैसे—आँख का 'आँखि', नाक का 'नाकि', आँच का

'आँचि' हो जाता है। इसी प्रकार हिन्दी शब्द के अन्त का 'ण' भोजपुरी में 'ड़' या 'न' हो जाता है। किसी को पुकारते समय अक्सर हिन्दी में सीधे नाम लेकर या फिर 'रे', 'अरे', 'हो' लगाकर पुकारते हैं, यथा—राम हो, सोहन हो, रामू रे। भोजपुरी में राम को बुलाते समय यदि किसी प्रकार की खीझ उत्पन्न हुई तो राम को 'रामवा' या 'रमुआ' कहेंगे। इसी प्रकार 'रामजी' का 'रमजिउवा' हो जाएगा। डॉ० अरुणेश नीरन के अनुसार—

"भोजपुरी में संस्कृत या अन्य भारतीय भाषाओं से भी जो शब्द उधार लिए जाते हैं, उनका उच्चारण भोजपुरी ध्वनियों के अनुरूप ही होता है। शिकार, लड़ाई, कुश्ती, अस्त्र-शस्त्र, कला-कौशल, व्यवसाय, यात्रा, गृहस्थी खेती-बारी, राम-रसोई, पशु-पक्षी, यात्रा आदि से सम्बन्ध रखने वाले विभिन्न विषयों के शब्दों से भोजपुरी का कोश भरा हुआ है। पक्षियों और जानवरों के नाम, उनकी हर एक अदा, उनके उड़ने का एक-एक ढंग, उन्हें फँसाने और शिकार के साधन के लिए अलग-अलग शब्द हैं। शब्दों की बहुलता देखनी हो तो बिहार के सन्त कवि धरनीदास की एक कविता में आए हुए शब्दों में भिन्न-भिन्न अवस्था और रूप की गायों के लिए अलग-अलग शब्दों को देखिए। गाय के विभिन्न रंग-रूप के लिए आए हुए शब्द—बहिला, गाभिन, बाछी, लेरू, बहरू, लाली, गोला, घबरी, पियरी, कजरी, संवरी, कबरी, टिकरी, सिंगहनी आदि। अवस्थानुसार भी गाय के लिए अनेक शब्द हैं—बिन व्यायी गाय जो साँड़ के पास जाने के योग्य हो गई है, उसे 'कलोर' कहते हैं। गर्भाधान के तुरन्त बाद की गाय 'बरदाई' है। समय के पूर्व बच्चा गिरा देने वाली गाय 'लड़ाइल' है। जो दूध देती है वह 'धेनु' है। बहुत दिनों की ब्यायी और बच्चे के बड़े होने तक दूध देने वाली 'बकेन' है। दूध देना बन्द कर देने वाली गाय 'नाठा' या 'बिसुखी' है। पहले बियान की गाय को 'अँकरे' या 'औंकर' कहते हैं। चरने के समय हरवाहे को परेशान करने वाली गाय 'हरही' कहलाती है।

इसी प्रकार संज्ञा के लिए थोड़े-थोड़े भेदों के साथ कई शब्द हैं। जैसे लाठी के लिए अनेक शब्द होते हैं। उदाहरण के लिए—लऊर, लऊरि, पटकन, बोंग, गोजी, बासमत्तर, लोहबाना आदि। आकार में छोटी किन्तु मोटी लाठी के लिए—डण्डा, सोंटा, ठेंगा, दुखहरन, दुखभंजन आदि। एक क्रियापद के लिए भोजपुरी में अनेक शब्द हैं। जैसे कपड़े धोने के लिए फींचना, कचारना, खँघारना, धोना, फींचकारना। बर्तनों को धोने के लिए—माँजना, खँघारना, अमनिया करना, धोना आदि। अन्न साफ करने के लिए फटकना, पँइचना, हलोरना, अमनिया करना, अइँटना, झटकारना आदि।"

यूरोपियन विद्वानों में सर्वप्रथम जे० बीम्स ने 1868 ई० में 'नोट्स ऑन द भोजपुरी डायलेक्ट ऑफ हिन्दी ऐज स्पोकेन इन वेस्टर्न बिहार' जैसी रचना 'रॉयल एशियाटिक सोसायटी' के जर्नल में प्रकाशित करवाई। सन् 1880 ई० में हार्नले की कृति 'पूर्वी हिन्दी व्याकरण' आई, जिसमें भोजपुरी और बनारसी बोली पर गहन चिन्तन-मनन हुआ। केलांग (1875), कैमावेल (1875), गिरिन्द्रनाथ दत्त (1897) ने भोजपुरी व्याकरण के विविध पक्षों का उद्घाटन किया। सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कार्य डॉ० ग्रियर्सन द्वारा हुआ, जिससे भोजपुरी को एक प्रामाणिक पहचान मिली।

भाषा-सम्प्रेषण की दृष्टि से हिन्दी परिवार की एक उपयोगी और प्रभावशाली भाषा का नाम भोजपुरी है। सांस्कृतिक थाती होने के साथ यह उत्तर भारत के बड़े समुदाय में दैनन्दिन जीवन में प्रयुक्त होती है। भोजपुरी का लोक-साहित्य अत्यन्त समृद्ध है। विगत एक दशक से जनसंचार-माध्यमों में भोजपुरी की लोकप्रियता तथा इसकी सशक्त भागीदारी बढ़ी है। पारम्परिक माध्यमों (ट्रेडिशनल मीडिया) का प्राणतत्त्व भोजपुरी है तथा प्रिण्ट मीडिया का यही सम्बल है। इलेक्ट्रानिक मीडिया की जीवन्तता इसी के चलते है। फिल्म की कमाई भोजपुरी छौंक पर निर्भर है। श्रव्य-दृश्य माध्यम की सर्वग्राह्यता के मूल में इसी भोजपुरी का हाथ है। दिन-प्रतिदिन नए-नए चैनलों में भोजपुरी समाचार-विचार, गीत-संगीत, नृत्य, धारावाहिक, पर्व-त्योहार की धूम मची हुई है जिससे भोजपुरी भाषा और साहित्य की श्रीवृद्धि हो रही है।

## भोजपुरी साहित्य का उद्भव एवं विकास

सर विलियम जोंस, कर्नल जेम्स टाड ने जहाँ भोजपुरी के लोक-साहित्य पर शोध किया, वहीं जॉन बीम्स, जॉर्ज ग्रियर्सन, एस०डब्ल्यू० फैलन, जी० आर्चर, विलियम कुक ने भाषा सर्वेक्षण तथा साहित्य के तुलनात्मक अध्ययन पर जोर दिया। डॉ० उदयनारायण तिवारी, डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय, दुर्गाशंकर सिंह, रासबिहारी पाण्डेय, डॉ० अर्जुन तिवारी, आचार्य हवलदार त्रिपाठी 'सहृदय' आदि ने प्रवर्तन, लोक-उद्बोधन, प्रबोधन, जागरण काल के अन्तर्गत भोजपुरी साहित्य के अवदान को अभूतपूर्व बताया है।

सरहपा को भोजपुरी का पहला कवि माना गया है, जिन्होंने आडम्बरों से दूर रहकर सदाचार का उपदेश सुनाया—

**जह मन पवन न संचरइ, रवि ससि नाहिं पवेस**
**तहि बट चित्त विसराम करु, सरहे कहिय उवेस॥**

सिद्ध साहित्य एवं सन्त साहित्य के बीच नाथ साहित्य को समृद्ध करने में गोरखनाथ, जालन्धरनाथ, मत्स्येन्द्रनाथ तथा चौरंगीनाथ आदि ने चारित्रिक दृढ़ता पर बल दिया। उन लोगों ने गुरु को ही सर्वोपरि माना—

**गुरु कीजै गरिला निगुरा न रहिला।**
**गुरु बिन ग्यांन न पायला रे भाईला॥**
**दूधैं धोया कोइला उजला न होइला।**
**कागा कंठै पहुप माल हंसला न भैला॥**

❑ ❑ ❑

**थुलथुल काया मोटा पेट नहीं रे पूता गुरु से भेंट।**
**खड़खड़ काया दुबला पेट भई रे पूता गुरु से भेंट॥**

लोकगाथा के अन्तर्गत आल्हा, लोरकी, सोरठी, बृजभार, विजयमल, शोभानायका, बनजारा, राजा भरथरी, राजा गोपीचन्द्र जैसी रचनाओं में ललकार, गोहार,

जागरण के सन्देश मिलते हैं, जिनसे भोजपुरी की जुझारू प्रवृत्ति का अनुमान होता है—

**बारह बरिस ले कुक्कुर जिए, ओ तेरह ले जिए सियार।**
**बरिस अठारह क्षत्री जिए, आगे जीवन के धिक्कार॥**

उपर्युक्त पंक्तियों द्वारा विदेशी आक्रान्ता से लोहा लेने के निमित्त क्षत्रियों को जगाने का कार्य भोजपुरी ने ही किया। 'इंडियन एंटिक्विटी' (भाग-14, सन् 1885) में ग्रियर्सन ने लिखा है—"आल्हा गाथा काव्य का पूर्वी पाठान्तर भ्रमण करने वाले गायकों के कण्ठों में आज वर्तमान है और प्राय: बिहार की बोली में पाया जाता है।" क्षणभंगुर जीवन में कुछ कर दिखाने की प्रेरणा लोकगाथा-काल के साहित्य में मिलती है। भोजपुरी के लोकगीत सरस हैं और उसकी लोकगाथाएँ समृद्ध हैं। 'सती सोरठी योगी बृजभार' 96 भागों में और 'कुँवर विजयमल्ल' 32 भागों में सम्पादित हुआ है।

सन्त-समागम, भक्ति, प्रेमकथा, संस्कार गीत इस काल की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ हैं। कबीर, दादू, कमालदास, धरनीदास, पलटूदास, बाबा कीनाराम, रूपकला, रामाजी, लक्ष्मी सखी, बूला साहब आदि ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार किया। कबीर की निम्नलिखित पंक्तियाँ प्रमाण हैं—

**तोरा हीरा हेराइल बा कीचरे में,**
**केहू ढूँढ़े पूरब, केहू ढूँढ़े पछिम, केहू ढूँढ़े पानी पथरे में।**
**सुर नर मुनि अउर पीर अवलिया, भूलल बाड़े सभ नखरे में,**
**दास कबीर ई हीरा परखले, बान्हि लिहले जतन से अँचरे में।**

भोजपुरी क्षेत्र में हजारों की संख्या में लोक-कथाएँ हैं जिनमें प्रेम, युद्ध, ठगी और उपदेश की बातें मिलती हैं। कहावतों, लोकोक्तियों, मुहावरों की सहजता से भोजपुरी साहित्य समृद्ध हुआ है। व्यापार, व्यवहार, कृषि, मौसम, औषधि, पशु-पक्षी, जाति और मानव-जीवन सम्बन्धी युग-युग के अनुभव इनमें संचित हैं। यह भू-भाग चिरकाल से विचार स्वातन्त्र्य के प्रेमी, क्रान्तिकारी, साहसी, निर्भीक व्यक्तियों का कार्यक्षेत्र रहा है। यहाँ अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया है। महात्मा बुद्ध ने सर्वप्रथम यहीं सारनाथ में अपने विचारों को उपदेश के रूप में प्रकट किया। यहीं की काशी नगरी में सुदूर प्रान्तों तक के महान् आचार्यों ने समय-समय पर आकर अपने-अपने मतों के महत्त्व को कसौटी पर कसा।

भारत के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम 1857 ई० से पूर्व 1765 ई० में ही भोजपुरी क्षेत्र में आंग्ल शासकों को चुनौती दी गई। चौसा, हुस्सेपुर, बक्सर, झारखण्ड में अंग्रेजों को नाकों चना चबवाया गया। बाबू कुँवर सिंह ने ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध मोर्चा लिया था, जिससे पूरा राष्ट्र प्रभावित हुआ। राहुल सांकृत्यायन, भिखारी ठाकुर की कृतियों से पूरे भोजपुरी क्षेत्र में नवजागरण की लहर फैली। इसी अवधि में प्रबन्ध-काव्य, खण्ड-काव्य, कथा-साहित्य, नाटक, संस्मरण, समालोचना, पत्रकारिता जैसी विधाओं का भी पल्लवन हुआ।

समाज के हाशिए पर स्थित समुदायों को लेकर दलित साहित्य रचा जा रहा है। भोजपुरी में यह वेदना 20वीं सदी के आरम्भ में ही देखी जा सकती है। पटना के हीरा डोम ने 'अछूत के शिकायत' लिखा, जिसे आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' पत्रिका में 1914 में प्रकाशित किया, जिसका प्रत्येक शब्द मननीय है—

हमनी के रात दिन दुखवा भोगत बानी,
हमनी के सहेबे से मिनती सुनाइबि।
हमनी के दुख भगवनवों न देखताजे,
हमनी के कबले कलेसवा उठाइबि।

❑ ❑ ❑

हड़वा मसुइया के देहिया ह हमनी के,
ओकरे के देहिया बभनओं के बानीं।
ओकरा के घरे-घरे पुजवा होखत बाजे,
सगरे इलकवा से लेले जजमानी।
हमनी इनार के निगिचे न जाइलेजा,
पांके में से भरि-भरि पियतानी पानी।
पनही से पिटि-पिटि हाथ गोड़ तुरि देले,
हमनी के एतनी काहे के हलकानी।

भोजपुरी के आधुनिक साहित्य में नए छन्दों में नई प्रवृत्तियों और भावनाओं की अभिव्यक्ति मिलती है। गजलकार तेग अली तेग का 'बदमाश दर्पण' तथा 'बिसराम का बिरहा' बेजोड़ है। अनगढ़ हीरा भिखारी ठाकुर, पुरबी के उद्भावक महेन्द्र मिसिर तथा भोजपुरी के समर्पित साधक महेन्द्र शास्त्री की उपलब्धियों से भरपूर भोजपुरी साहित्य क्षेत्रीय, राष्ट्रीय से आगे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जन-जन की धरोहर है। भारत के स्वातन्त्र्य संग्राम के योद्धा कवि रघुवीर नारायण, मनोरंजन प्रसाद सिन्हा, सरदार हरिहर सिंह 'चंचरीक' थे, जिनकी पंक्तियाँ महात्मा गाँधी को मर्माहत करती थीं—

सुंदर सुभुमि भैया भारत के देशवा से
मोरे प्रान बसे हिम-खोह रे बटोहिया

❑ ❑ ❑

अपर प्रदेस देस सुगम सुघर बेस,
मोरे हिंद जग के निचोड़ रे बटोहिया

❑ ❑ ❑

भारत बेहाल भइल लोग के इ हाल भइल
चारो ओर मचल हाय-हाय रे फिरंगिया

भोजपुरी इलाके की माटी महिमामयी है—

हाथे बा लाठी करेज शेर बब्बर के
हुमकत हियाव मरदाही के बाना बा।

देश-प्रेम के उमंग छउकत बा अंग-अंग
एह जाके लोग सभे बाँका मरदाना बा। —बच्चू पाण्डेय

मोती बी०ए० ने 'भोजपुरी सुभाव' को सही आँका था—

भोजपुरियन के हे भइया का कहेलऽ
खुली के आवऽ अखाड़ा लड़ा दीहे सँ।
तोहरे चरखा पढ़वला में का थइल बा
तोह के सगरो पहाड़ा पढ़ा दिहे सँ॥

गाँधी बाबा की पुकार पूरे भोजपुर में गूँजती रही—

गाँधी बाबा के पुकार भइया हो जा तू तइयार
तनी कन्हवा लगा दे ए लड़इया में।
गोरा करे अत्याचार, लूटे देसवा तोहार
पड़ल घर के इजतिया पाँतरवा में।

आजादी न मिलने पर भोजपुरी भाई-बहनों ने गाया—

राजा पंचम जी का एके लड़किया हो
गांधी जी से लिखल बा बिअहवा, हाय सीताराम से बनी।
जब हो गांधी दुलहा मड़उवा भिरी आवेले,
मड़वे में करें ठकठेनिया, हाय सीताराम से बनी।

❑ ❑ ❑

डिप्टी, दरोगा सबके तलब बढ़ा देहु,
हमरा के दे द सुराजवा हाय सीताराम से बनी॥

अपनी भोजपुरी लोक-संस्कृति के मूल तत्त्व अध्यात्म, धर्म, संस्कृति हैं जिनके प्राण, आधार और आधेय के रूप में देवाधिदेव शंकर, राम, कृष्ण हैं। प्रात:स्मरणीय ये देव लोक के ऊपर होकर भी लोक में अनुस्यूत हैं, व्यष्टि होकर भी समष्टि हैं। चन्दन में सुगन्ध, शरीर में प्राण, दूध में मक्खन सदृश शंकर, राम, कृष्ण जन-मन में बसे हुए हैं। 'बम-बम', 'हर-हर महादेव शम्भो काशी विश्वनाथ गंगे', 'राम मड़ैया', 'सीता-रसोइया', 'श्रीराम', 'जय-जय श्रीराम', 'जय राधे राधे', 'जय कन्हैया लाल की' जैसे शब्द नित-प्रति सबकी जिह्वा से उच्चरित होते रहते हैं। आराध्य देवताओं के लीला-चरित मानवता के परमोत्कर्ष प्रकाश हैं जिनमें अनन्त माधुर्य, अनुपम नव-सौन्दर्य तथा नित्य सहज समता है। सर्वसुलभ शिव को रिझाने में भक्त की चिन्ता देखिए—

का लेके शिव के मनाइबि हो शिव मानत नाहीं।
कोठा अटारी शिव के मनहीं न भावे, टूटही मड़इया कहाँ पाइबि हो।
शिव मानत नाहीं।
पूड़ी मिठाई शिवके मनहीं न भावे, भांग धतूरा कहाँ पाइबि हो।
शिव मानत नाहीं।

सीता–राम, राधा–कृष्ण के उल्लेख बिना लोक–जीवन की कल्पना नहीं हो सकती। 'रमइया' (राम) का मुण्डन है, माता कौशल्या 'गोतिन–परोसिन', 'सखियाँ–सलेहर' सबको स्वयं 'न्यौतने' जाती हैं—

**घर-घर फिरेली कौसिला रानी**
**गोतिनी बोलावेलि हो**
**गोतिनी हमरे मड़इया तरे आव**
**रमइया जी के मूड़न हो।**

अपने देवगण भक्तों की जड़ता में प्राण का संचार करते हैं। वे लोक–संग्रही हैं, भक्तवत्सल हैं। किसी के पति हैं, किसी के मीत हैं, किसी के भाई हैं, किसी के पुत्र हैं। देवताओं के जीवन की उदारता अपनत्व में विश्वत्व को अन्तर्भावित कर लेती है इसीलिए वे लोक–जीवन के सर्वस्व हैं।

जनपदीय साहित्य की सबसे बड़ी विशेषता पारिवारिक सम्बन्धों की रसमयता है। भोजपुरी के कवि चन्द्रशेखर मिश्र ने द्रौपदी और कृष्ण के बीच भाई–बहन का नाता जोड़ा और उसमें बीरन (भाई) के रूप में कृष्ण का चित्रण बहुत मार्मिक है—

**नंगी हमैं सब देखन चाहेलें**
**घींचि ले धोती इहै चरचा बा,**
**जानऊँ न मैं बिरना मोरि भागि में**
**कइसन कौन विधान रचा बा,**
**एकै तोहैं तजि देस देसंतर**
**कै ठकुरान ऐहीं ठकचा बा,**
**बीरन जादव बंश कै नाहर**
**खाली भरोस तोहार बँचा बा॥**

भारतीय भाषाओं में हिन्दी के बाद भोजपुरी ही है, जो किसी एक प्रान्त या देश की घेरेबन्दी में नहीं है। इसके मंगल, सोहर, बधाई, बिदाई गीत मारीशस, सूरीनाम आदि देशों तक गाए जा रहे हैं। घर–घर में गाए जाने वाले गीतों के कुछ उदाहरण देखे जा सकते हैं—

**गाई के गोबरे महादेव अँगना लिपाई**
**गज मोतिया हो महादेव चौका पुराई**
**सुनी ऐ शिव शिव के दोहाई।**

❑ ❑ ❑

**काँच ही बाँस के बँहँगिया, बहँगी लचकत जाय**
**होई ना बलम जी कहँरिया, बहँगी घाटे पहुँचाय।**

❑ ❑ ❑

केरवा जे फरेला घेवद से, ओह पर सुगा मेड़राय
सुगवा के मरबो धनुस से, सुगा गिरिहें मुरुछाय
सुगनी जे रोवेले वियोग से, अदित होखीं ना सहाय।

❑ ❑ ❑

पुत्र जनम मनभावन मंगल गाइब हो।
रामा जुग-जुग जियै मोर ललनवा निरखि सुख पाइब हो,
रामा लेई के ललनवा के गोद बिहँसि हम खेलाइब हो
ललना के देखि कै सुरतिया त नयना जुड़ाइल हो॥

❑ ❑ ❑

बेटी! आँखि के रे पुतरिया,
दिनवाँ हरेलू ए बेटी भूखिया रे पियसिया।
रतिया रहेलू ए बेटी बाबा सुख रे निनिआ॥

'लोक' देश का ही रूप है। लोक अपने में विशाल अर्थक्षेत्र समेटता है। समस्त दृष्टिगत संसार में लोकगीत प्रकृति का सहज उद्रेक है जैसा कि प्रसिद्ध समाजशास्त्री श्यामाचरण दुबे ने 'मानव और संस्कृति' के पृष्ठ 164-165 में लिखा है—

''लोक-गीत स्वत: स्फूर्त प्राकृतिक काव्य के अंग हैं। लोक-गीतों में उनके रचयिता या रचना-काल का प्रश्न महत्त्वपूर्ण नहीं होता, उनका महत्त्व तो उनकी रसोद्रेक की शक्ति तथा सरल सौन्दर्य में रहता है। उनमें एक व्यक्ति की अनुभूति की अपेक्षा लोक-हृदय की अनुभूति ही अधिक रहती है। व्यक्ति-विशेष की भावनाओं का प्रतिनिधित्व न कर लोक-गीत समुदाय की भावना के कहीं अधिक सच्चे प्रतीक होते हैं। काल और स्थान की सीमा को लाँघ, लोक-गायकों और गायिकाओं के अधरों पर जीवित रहने वाले ये लोक-गीत अतीत की परम्परा के गीतों के बाह्य स्वरूप में कतिपय परिवर्तन अवश्य होते हैं, किन्तु उनके अनेक मूल, मूलभाव तथा अभिव्यक्ति की अपनी विशेष शैली सामान्यत: अपरिवर्तित ही रहती है।''

भिखारी ठाकुर ने अपने लोक-गीतों तथा नाटकों द्वारा भोजपुरी समाज में फैली तमाम कुरीतियों, धार्मिक अन्धविश्वासों, जातीय और लैंगिक शोषणों के खिलाफ जन-जागरण का कार्य किया। उनकी नायिका प्यारी सुन्दरी अपना दु:ख बटोही से कह रही है—

पिया मोर गइलन परदेस, ए बटोही भइया।
रात नाहिं नींद दिन तनी ना चएनवाँ, ए बटोही भइया।
सहतानी बहुते कलेसवा ए बटोही भइया।
रोवत-रोवत हम भइलीं पगलिनियाँ, ए बटोही भइया।
एको ना भेजवलन सनेस, ए बटोही भइया।
नाहके जवानी हमके दिहलन विधाता, ए बटोही भइया।
कुछ दिन में पाक जाई केस, ए बटोही भइया।

आजादी के बाद भोजपुरी भाषा और साहित्य ने अपने को नए रूपरंग में ढाला और ऊर्जस्वित किया है। साहित्य की सभी विधाएँ इसमें विकसित हुईं, प्रौढ़ हुईं। गद्य के साथ भोजपुरी कविता के कथ्य में आए विस्तार तथा शैली की पुष्टि हेतु कुछ पंक्तियाँ उद्धृत हैं—

कमइया हमार चाट जाता
इहे बाबू भइया
जेकरा आगे जोंको फीका
अइसन ई कसइया
दूहल जाता खूनो जेकर
अइसन हमनी गइया
कमइया हमार चाट जाता
इहे बाबू भइया।

—आचार्य महेन्द्र शास्त्री

अंग्रेजी में टॉमस ग्रे की 'एलेजी' और निराला की 'सरोज स्मृति' के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित पंक्तियाँ मार्मिकता में आगे हैं—

अनुरागी के देख बिरागी काहे दुनिया रोई
देहिया धइले ना जानीं कि केकर का गति होई

❑ ❑ ❑

हमरे घर के पीछे रहली ह बुढ़िया रमराजी
जिनगी भर विधवापन खेपली खइली सतुआ भाजी
जनमें उनके बपसी मरलें, गवना होते माई
सेजिया चढ़ते पिया गुजरले अइसन करम कमाई।
ससुरे उनका कोइला बरिसल नइहर भरल अन्हरिया
बोझा भइल जवानी दिन-दिन बैरिन भइल उमिरिया।

—जनार्दन पाण्डेय 'अनुरागी'

कन्याओं की विपदा पर धरीक्षण मिश्र की ये पंक्तियाँ ध्यातव्य हैं—

चौदहे बरिस घर राम छोड़ि देहले त
पोथी के पोथी लोग लिखले बा कहनिया
जनमभूमि छोड़ि देत बानी आजीवन हम
माथ पे चढ़ा के माई-बाप के बचनिया
हमरी बेर बाकी त दुकाहे दो सूखि गैल
बलमीक व्यास कालिदास के कलमिया
हमरा ए त्याग पर लिखाइल ना ग्रंथ एको
एहि दुखे डोली में रोवत जाति कनिया।

अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन, भोजपुरी संसद (काशी),

भोजपुरी साहित्य मन्दिर, भोजपुरी मैथिली अकादमी (दिल्ली), भोजपुरी परिवार (पटना), भोजपुरी मण्डल (बक्सर), भोजपुरी भाषा सम्मेलन (पटना), भोजपुरी साहित्य परिषद् (नेपाल), भोजपुरी साहित्य परिषद् (पतरातू), बंग भोजपुरी परिषद् (कोलकाता), भिखारी ठाकुर आश्रम (कुतुबपुर, छपरा), भोजपुरी भारती (छपरा) जैसे शताधिक संगठन जिस भोजपुरी भाषा और साहित्य के उन्नयन में दत्तचित्त हैं, भला उसकी बहुमुखी प्रतिभा एवं थाती से कौन अपने को दूर रखना चाहेगा। अनेक प्रान्तों में व्यवस्थित रूप से संचालित भोजपुरी अकादमी, विश्व भोजपुरी परिषद् इस अन्तर्राष्ट्रीय भाषा की समृद्धि के लिए समर्पित हैं।

## भोजपुरी गायकी

लीला मिश्र, जद्दन बाई (नरगिस की माँ), बैजयन्तीमाला, कुमकुम, पद्मा खन्ना, तनूजा, पिंकी यादव जैसी प्रसिद्ध तारिकाओं ने भोजपुरी को ऊँचाई पर पहुँचाया। डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल के अनुसार, "भारतीय स्त्री ही अधिकांश लोक-गीतों की कवयित्री ऋषिका है। इस मंगलयानी गँवारिन के सुरीले कण्ठ की अमृत-ध्वनि गीतों के रूप में मूर्त है।" दिलराज कौर, मालिनी अवस्थी, अलका याज्ञिक, ऊषा मंगेशकर, आशा भोसले ने भोजपुरी गायन को लोकप्रिय बनाया। निम्नलिखित पंक्तियाँ सबकी जिह्वा पर हैं—

**हो रामा रिमझिम झरेला सारी बुनिया**
**मगन सारी दुनिया ए रामा।**

❑ ❑ ❑

**कहे के त सभ केहू आपन, आपन कहावे वाला के बा**
**सुखवा त सभे केहू बाँटै, दुखवा बँटावेवाला के बा।**

पद्मभूषण गिरिजा देवी, श्रीमती शारदा सिन्हा, विन्ध्यवासिनी देवी, सुभद्रा वीरेन्द्र, मैना देवी, डॉ० कमला सिंह, मोनिका अग्रवाल, पद्मा गिडवानी, आरती पाण्डेय, मंजुला दिवाकर, शान्ति जैन, कुमुद अखौरी, मनोज तिवारी, भरत शर्मा 'व्यास', बालेश्वर यादव, ब्रजकिशोर दुबे द्वारा भोजपुरी गायकी को समृद्ध किया गया है।

लोक-गीत घर-घर का, हर युग का, हर व्यक्ति का इतिहास है। पद्मश्री श्रीमती शारदा सिन्हा के गीत इसके उदाहरण हैं—

**जगदंबा घर में दियरा बार अइनी हो**

❑ ❑ ❑

**पनिया के जहाज में पलटनिया बनि अइहा पिया**
**लेले अइह पिया सेन्हुरा बंगाल से**

❑ ❑ ❑

**कोयल बिन बगिया ना सोहे राजा**

❑ ❑ ❑

**राम के नगरिया से अइली बरिअतिया**
**जनक नगरिया भइले शोर हाय रे जियरा।**

सर्वश्री उदयनारायण तिवारी, हजारीप्रसाद द्विवेदी, भगवतीशरण उपाध्याय, कृष्णदेव उपाध्याय, देवेन्द्रनाथ शर्मा, गणेश चौबे, विद्यानिवास मिश्र, मोती बी०ए० जैसे सपूत साहित्यकारों की जननी भोजपुरी आज विश्व-पटल पर गर्वोन्नत है। विद्यापति, कबीर, तुलसीदास से लेकर आज तक हिन्दी साहित्य के विकास में भोजपुरी का अवदान अविस्मरणीय है। हिन्दी के श्रेष्ठ साधक अपने घर में ठेठ जनपदीय भाषा बोलते थे परन्तु राष्ट्र, राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रोत्थान हेतु हिन्दी को ही वरेण्य मानते थे, जिसके संवर्द्धन के निमित्त उनका जीवन समर्पित था। विश्व की सम्पर्क भाषा बनने के लिए हिन्दी भोजपुरी के स्वर्णिम साहित्य से संश्लिष्ट है।

## शब्दकोश

**सब्द बराबर धन नहीं, जो कोई जानै बोल।**
**हीरा तो दामों मिले, सब्दहि मोल न तोल॥** —कबीर

शब्द शक्तिशाली औषधि है, जिसका उपयोग कर मानव अपनी जीवन-यात्रा सशक्त और सफल बनाता है। विचारक काउले के अनुसार—

''Words that weep, and tears that speak.''

(कुछ शब्द रोते हैं और कुछ आँसू बोलते हैं)

कुछ शब्द बेधते हैं, सालते हैं, चकनाचूर कर देते हैं—

**जख्म तलवार के गहरे भी हों मिट जाते हैं,**
**शब्द तो दिल में उतर आते हैं भालों की तरह।**

अक्षर से शब्द, शब्द से भाषा बनती है, जिसके अभाव में व्यक्ति गूँगा, बकलोल, मूक, मौनी बन जाता है, जीवन की सार्थकता पर प्रश्नचिह्न लग जाता है— 'वाचामेव प्रसादेन, लोकयात्रा प्रवर्तते'। कहा जाता है कि—

''एकः शब्दः सम्यक् ज्ञातः सुष्टुप्रयुक्तः स्वर्गेलोके कामधुग् भवति।''

शब्दों में असीम शक्ति है—

**उसके गले में खुदा की अजीब बरकत है,**
**दो लफ्ज बोल के वो दुनिया खरीद लेता है।**

वस्तुतः शब्द 'शिव' है, अर्थ 'शक्ति' है। शब्द 'वृक्ष' है, अर्थ 'फूल-फल' है। जीवन-जगत् का सारा प्रपञ्च शब्द अर्थ के भाव-विवर्त्त हैं। शब्द के अर्थ अपने समाज की बुनावट, परम्परा, सभ्यता, संस्कृति के क्रियात्मक रूप होते हैं। शब्दकोश में शब्द-अर्थ की वर्ण क्रमानुसार प्रस्तुति ही नहीं होती, इसमें शुद्ध वर्तनी, व्युत्पत्ति, पर्याय, विपर्याय, प्रचलित-अप्रचलित अर्थ, क्षेत्रीयता की छौंक, लोकोक्ति, मुहावरे, पहेली आदि का सुगम मनोरम समाहार होता है।

कोश-कार्य व्यावहारिक भाषा विज्ञान का विषय है, जो बहुत ही समयसाध्य,

श्रमसाध्य और व्ययसाध्य है। अंग्रेजी की 'वेब्स्टर न्यू इंटरनेशनल डिक्शनरी' के प्रथम संस्करण के प्रकाशन में 102 वर्षों का समय लगा। सन् 1807 ई० में नोआ वेब्स्टर ने इसका कार्य प्रारम्भ किया। एक के बाद एक चार महान् विद्वानों ने इसके सम्पादन में अपनी आहुति दी। इस कार्य में 100 संग्रहकर्ता, स्वयंसेवी के रूप में 800 पाठकों का योगदान था। ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी 'फिलालॉजिकल सोसाइटी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन' के तत्त्वावधान में 1857 ई० में शुरू हुआ और 1933 ई० में समाप्त हुआ। नागरी प्रचारिणी सभा, काशी से 'हिन्दी शब्द-सागर' लगातार एक दशक तक कार्य होते रहने के पश्चात् ही खण्डशः प्रकाशित होने लगा और इसके बाद ही लगभग बीस वर्षों में (1910 ई० से 1929 ई० तक) उसका सम्पादन और प्रकाशन पूरा हुआ। पूना में संस्कृत-कोश के संग्रह-सम्पादन का कार्य सन् 1948 ई० में प्रारम्भ हुआ। इस समय इस कार्य में लगभग पचास सुयोग्य कार्यकर्ता लगे हुए हैं। कोश-सम्बन्धी पर्याप्त सामग्री वहाँ सुलभ है।

भोजपुरी-हिन्दी शब्दकोश की परम्परा पर दृष्टिपात करें तो निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ प्राप्त होते हैं—

1801 - हेरासिम लेवेफेड - *'ए ग्रामर ऑफ प्योर एंड मिक्स्ड ईस्ट इण्डियन डायलेक्ट्स'*

1867 - जॉन बीम्स - *'नोट्स ऑन द भोजपुरी डायलेक्ट्स ऑफ हिन्दी स्पोकेन इन वेस्टर्न बिहार'*

1876 - सेमुअल केलॉग - *'ए ग्रामर ऑफ द हिन्दी लैंग्वेज'*

1878 - फैलन लाला फकीरचन्द - *'न्यू हिन्दुस्तानी इंगलिश डिक्शनरी'*

1885 - डॉ० ग्रियर्सन - *'बिहार पिजैंट लाइफ* (बोली, शब्दावली) *: लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इण्डिया'*

1885 - डॉ० ग्रियर्सन और हार्नले - *'ए कम्परेटिव डिक्सनरी ऑफ दी बिहारी लैंग्वेजेज़'*

1940 - एल० सेंट जोसेफ - *'भोजपुरी शब्दकोश'* (मोतिहारी मिशन हाउस से प्रकाशित, जिसमें भोजपुरी के डेढ़ हजार शब्दों के अर्थ अंग्रेजी में प्रस्तुत)

1951- हजारीप्रसाद गुप्त - *'भारतीय औद्योगिक शब्दावली का अध्ययन'*

-डॉ० नवल किशोर राय - *'गाजीपुर के कृषक जीवन सम्बन्धी शब्दावली'*

-हरदेव बाहरी

1978 - ब्रजबिहारी कुमार - *'भोजपुरी शब्द सम्पदा'*

2003 - सुचिता रामदीन - *'भोजपुरी-हिन्दी शब्दकोश'*

-विद्यानिवास मिश्र - *'मारीशस की भोजपुरी का शब्दकोश'*

2005 – विद्यानिवास मिश्र, पं० गणेश – *'हिन्दी की शब्द सम्पदा', चन्दन चौक'*
चौबे एवं डॉ० अरुणेश नीरन – *'भोजपुरी-हिन्दी शब्दकोश'*
–शुकदेव सिंह – *'भोजपुरी एवं खड़ी बोली के व्याकरण का तुलनात्मक अध्ययन'*

2009 – केन्द्रीय हिन्दी संस्थान – *'भोजपुरी-हिन्दी-इंग्लिश लोक-शब्दकोश'*

शब्दकोश तो शब्दों का महासागर होता है, जिसमें अवगाहन कर बुद्धिजीवी जीवन-रत्नों को सहेजते हैं। 'लोके वेदे च' का आश्रय पाकर तत्सम, तद्भव, परिनिष्ठित प्रवहमान शब्दों के संकलन से सूझ, बूझ, बोध, अभिव्यक्ति क्षमता की वृद्धि होती है और इसी से राष्ट्रभाषा को सामर्थ्यवान् बनाया जाता है। 'भोजपुरी-हिन्दी शब्दकोश' मात्र शब्द, लोकोक्ति, मुहावरा, पहेली का संचयन नहीं है, यह तो मानवीय दृष्टि को व्यापक बनाने का स्रोत है जो आज के समग्र विकास के निमित्त प्रासङ्गिक ही नहीं अपितु अपरिहार्य है।

## निखरती भोजपुरी भाषा के निमित्त....

महापण्डित राहुल सांकृत्यायन ने अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन (दिसम्बर, 1947 ई०) में अपने लिखित वक्तव्य में बताया—"हिनुतान हमनी के देस, हमनीके बड़का देस के भाखा हिनुई, भला ओकर पुछार के ना करी? हिनुई के राज समूचा हिनुतान में रही।" पहले 'हिनुतान', 'हिनुई', 'भाखा' जैसे शब्द चल जाते थे, परन्तु अब भोजपुरी के अटूट खाँटी क्षेत्र के लोगों में 'हिन्दुस्तान', 'हिन्दी', 'भाषा' ही प्रयुक्त होते हैं, जिनमें भोजपुरी का सुसंस्कृत रूप दृष्टिगत होता है। प्रारम्भ के भोजपुरी शब्दकोशों में 'य', 'व', 'श', 'ष', 'क्ष', 'त्र', 'ज्ञ' को स्थान नहीं दिया गया है जिस पर विचार होना चाहिए। यदि हम 'य' नहीं अपनाएँगे तो 'यज्ञोपवीत, यह, यहाँ, युवक, यादव, यायावर, यार, यारी, युग, योग, योग्य, योजना, योनि' की अभिव्यक्ति सहज नहीं होगी। 'य' के बदले 'ज' अपनाने से 'जाजावर, जार, जारी, जह, जुवक, जोग, जोजना, जोनि' विचित्र अर्थ देने लगेंगे। भोजपुरी जगत् के सभी यादव अपने को 'यादव' ही लिखते हैं, 'जादव' नहीं। निरक्षर नागरिक भी 'विधान, विधायक, वहाँ, वेद, वोट, वकील, वाक्य, वाद, विभाग, विज्ञान, विकास, विवाह, व्रत, व्याख्या' का ही प्रयोग करते हैं। 'शंभु, शंकर, शक्ति, शब्द, शर्मा, शिक्षा, श्रीमंत, शुभ' को गलत लिखकर हम शर्मिन्दे होंगे, 'शंकर' संकर बनकर अमङ्गलकारी सिद्ध होंगे। 'षट्, षष्टि, षट्कर्म, षडानन, षष्ठी, षोडशोपचार' की उपस्थिति से हमारी संस्कृति गौरवदीप्त होगी। 'क्षण, क्षत्र, क्षमा, क्षात्र, क्षीर, क्षुधा, क्षेत्र' जैसे शब्द तो अपरिहार्य हैं। 'त्रेता, त्रयोदशी, त्राता, त्रिया, त्रैलोक' तो भोजपुरी में रच-बस गए हैं। 'ज्ञाता, ज्ञान, ज्ञानी, ज्ञानेन्द्रिय, ज्ञापित, ज्ञेय' शब्द-समूह से ज्ञान के विविध आयाम सुस्पष्ट होंगे। आशा है भोजपुरी जगत् में इस प्रयास का स्वागत होगा। 'संज्ञा' को 'संग्या', 'ऋषि' को 'रिसि', 'लौकिक' को

'लवकिक' लिखकर खाँटी भोजपुरी का ढोंग हास्यास्पद है। तत्सम शब्दों को आत्मसात् करके हमारी भाषा प्रौढ़ होगी, उसकी अभिव्यक्ति-क्षमता में वृद्धि होगी एवं भोजपुरी के परिमार्जित साहित्यिक रूप में निखार आएगा जो असन्दिग्ध है। क्षेत्रीयता, राष्ट्रीयता के प्रति समर्पित भोजपुरी ने विश्व की प्रमुख भाषाओं के शब्दों को नि:संकोच रूप से आत्मसात् किया है। इनवर्टर, कम्प्यूटर, किचेन, केटली, फ्री, फ्रीज, वाइपर, वायरल, सीवर जैसे असंख्य शब्द लोकप्रिय हैं। इस शब्दकोश में उन्हें समाहित कर भोजपुरी के अन्तरराष्ट्रीय स्वरूप को प्रमाणित किया गया है।

अपना देश विश्वमंच पर बड़ी तेजी से सुप्रतिष्ठित हो रहा है। भारतीय संस्कृति को जानने, अपनाने की ललक के बढ़ने से मातृभाषाओं की ओर सबका ध्यान है। अपनी सांस्कृतिक गरिमा को ऊँचाई देने के निमित्त भाषाई उपकरण की उपलब्धता आवश्यक है। महात्मा गाँधी अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा के कुलपति प्रो० गिरीश्वर मिश्र जनपदीय भाषाओं के संवर्द्धन से हिन्दी के विराट् स्वरूप को निखारने का सारस्वत अनुष्ठान कर रहे हैं, जिससे हिन्दी गौरवदीप्त हो रही है। इनके शुभाशीर्वाद से ही कोश का शुभानुष्ठान सम्पन्न हो रहा है। 'हिन्दी शब्दसागर', 'बृहत् हिन्दी कोश', 'भोजपुरी शब्द सम्पदा', 'भोजपुरी-हिन्दी-शब्दकोश' (भोजपुरी संसद), 'भोजपुरी-हिन्दी-शब्दकोश' (सेतु-न्यास), 'कृषि कोश', 'कहावत कोश', 'पहेली कोश' प्रभृति कोशों एवं भोजपुरी कृतियों के आधार पर 'भोजपुरी-हिन्दी शब्दकोश (भोजपुरी लोकोक्ति-मुहावरा-पहेली-संचयन)' की प्रस्तुति में डॉ० अरुणेश नीरन, अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव, विश्व भोजपुरी सम्मेलन की सत्प्रेरणा है। अर्द्धाङ्गिनी उषा सांकृत्यायन एवं पुत्र गिरिजेश, विमलेश तिवारी का सतत सहयोग ही सम्बल है। भोजपुरी और हिन्दी के गौरववर्द्धन हेतु विश्वविद्यालय प्रकाशन, चौक, वाराणसी के मोदी द्वय आदरणीय अनुरागजी का आग्रह तथा परागजी के सत्परामर्श की परिणति स्वरूप 'भोजपुरी-हिन्दी-शब्दकोश' प्रस्तुत है। शब्द-अर्थ के साथ भोजपुरी लोकोक्तियों, मुहावरों, पहेलियों का दुर्लभ संचयन इस ग्रन्थ की विशिष्टता है, जिससे शब्दकोश गरिमादीप्त है।

'सत्यं शिवं सुन्दरम्' के स्रोत आदिगुरुदेव देवाधिदेव महादेव शङ्कर के चलते अपनी भोजपुरी मधुमय, मंगलमय, ममतामय, महिमामय है। इस 'भोजपुरी-हिन्दी-शब्दकोश' को सर्वाङ्गपूर्ण एवं निर्दोष बनाने में सुधीजनों का सारस्वत सहयोग सतत सुग्राह्य है। आशा है कि इसका अध्येता अवश्यमेव अक्षयकीर्तिसम्पन्न होगा। इति शुभम्!

**अर्जुन तिवारी**
काशी पत्रकारिता पीठ
एन-10/29 के-1, जानकीनगर, बजरडीहा
वाराणसी- 221109
दूरभाष - 08765628058

# संकेताक्षर विवरण

## पदपरिचय ( व्याकरणिक ) सम्बन्धी संकेत

| | |
|---|---|
| अक० | अकर्मक क्रिया |
| अनु० | अनुकरण शब्द |
| अव्य० | अव्यय |
| उप० | उपसर्ग |
| कहा० | कहावत |
| क्रि० | क्रिया |
| क्रि०वि० | क्रिया विशेषण |
| पर० | परसर्ग |
| पर्या० | पर्याय |
| पु० | पुल्लिग (संज्ञा) |
| प्रत्य० | प्रत्यय |
| मुहा० | मुहावरा |
| यौ० | यौगिक |
| लोको० | लोकोक्ति |
| वा० | वाक्य |
| वि० | विशेषण |
| व्या० | व्याकरण |
| सक० | सकर्मक क्रिया |
| सर्व० | सर्वनाम |
| स्त्री० | स्त्रीलिंग (संज्ञा) |

नोट : व्याकरणिक संकेत 'इटैलिक' में दिये गये हैं।

## स्त्रोत ( भाषा ) सम्बन्धी संकेत

| | |
|---|---|
| अं० | अंग्रेजी |
| अ० | अरबी |
| अर्द्ध० | अर्द्ध मागधी |
| अप० | अपभ्रंश |
| अव० | अवधी |
| तु० | तुर्की |
| देश० | देशज |
| पा० | पालि |
| फा० | फारसी |
| ब्रज० | ब्रजभाषा |
| सं० | संस्कृत |
| हिं० | हिन्दी |

नोट : भाषा संकेत [ ] में दिये गये हैं।

## अन्य संकेत

| | |
|---|---|
| < | से व्युत्पन्न |
| = | समान अर्थ |
| > | रूप-परिवर्तन |
| इ० | इत्यादि |
| ई० | ईसवी |
| उदा० | उदाहरण |
| क्व० | क्वचित् (कहीं-कहीं प्रयुक्त) |
| दे० | देखिए |
| प्र० | प्रसंग |
| मि० | मिलाइए |
| लोक० | लोकगीत |

# कोश देखने हेतु निर्देश

1. शब्दों को देवनागरी वर्णों में **अकारादि क्रम** में प्रस्तुत किया गया है।
2. बड़े (काले) अक्षरों में भोजपुरी के शब्द हैं, जैसे—**अँकवारी, ममहर, सूप, सेज-सेजिया, होरहा**।
3. शब्दों की व्याकरणिक कोटि दी गई है यथा—पु० (पुल्लिग), स्त्री० (स्त्रीलिंग), वि० (विशेषण), अव्य० (अव्यय)....आदि।
4. चौकोर बड़े ब्रैकेट में शब्दों की व्युत्पत्ति प्रस्तुत है जैसे—**अँउठा** [सं० अंगुष्ठ, हिं० अंगूठा], **दही** [सं० दधि], **महंथ** [सं० महत्], **रोजगार** [फा०], **रोडवेज** [अं०]।
5. शब्दों का समतुल्य अर्थ लिखा गया है यथा—तट : किनारा, कूल। बेआकुल : व्यग्र, परेशान, व्याकुल।
6. एक ही शब्द के भिन्न-भिन्न अर्थों को ; (सेमिकोलन) से पृथक् किया गया है—**दिल** : एक अवयव जिससे शरीर में रक्त-संचार होता है; हृदय, मन, जी; हिम्मत; हौसला; इच्छा। **पकल** : अनाज-फल का परिपक्व होना; कच्चा न रहना; सीझना; (बालों का) सफेद होना; गर्मी में कड़ा होना।
7. शब्दों को हृदयंगम कराने के निमित्त लोकोक्तियों, मुहावरों, पहेलियों का दुर्लभ संचयन इस शब्दकोश का विशिष्ट आकर्षण है।
8. लोकप्रिय गीत, उक्ति देकर शब्दों की व्यापकता को सुस्पष्ट किया गया है। जैसे—'मइया के जीव गइया अइसन', 'रंडी केकर बहू, भड़ुआ केकर सार'।
9. प्रथित साहित्यकारों की सूक्तियों द्वारा शब्दों की सुग्राह्यता बतलाई गई है—'परहित सरिस धरम नहिं भाई' (तुलसीदास), 'कमइया हमर चाट जाता इहे बाबू भैया' (महेन्दर मिसिर)।

# अनुक्रमणिका

## परिशिष्ट



●

# भोजपुरी-हिन्दी-शब्दकोश

## अ

**अ** देवनागरी वर्णमाला का यह प्रथम अक्षर है, जो स्वर वर्ण है। कण्ठ से उच्चरित इस स्वर की सहायता से सभी व्यंजन वर्ण बनते हैं :
जैसे— क् + अ = क
प् + अ = प
कामधेनु तन्त्र में लिखा गया है—
श्रृणु तत्त्वमकारस्य अतिगोप्यं वरानने।
शरच्चन्द्रप्रतीकाशं पञ्चकोणमयं सदा॥
पञ्चदेवमयं वर्णं शक्तित्रयसमन्वितम्।
निर्गुणं त्रिगुणोपेतं स्वयं कैवल्यमूर्तिमत्।
बिन्दुतत्त्वमयं वर्णं स्वयं प्रकृतिरूपिणीम्॥
(शिव पार्वती से कहते हैं, हे सुमुखी! अकार के अति गोपनीय तत्त्व को सुनो। यह शरच्चन्द्र के समान प्रकाशमान और सदा पञ्चकोणमय है। यह वर्ण पञ्चदेवमय तथा तीनों शक्तियों से समन्वित है। निर्गुण होते हुए भी तीनों गुणों से संयुक्त तथा स्वयं मूर्तिमान कैवल्य है। यह वर्ण बिन्दुतत्त्वमय और स्वयं प्रकृतिरूपिणी शक्ति है।)
कृष्ण ने गीता में कहा है—
'अक्षराणामकारोऽस्मि' (अक्षरों में मैं 'अकार' हूँ।)
संस्कृत के स्थान, श्लोक, स्थिर जैसे शब्दों के उच्चारण में सुगमता हेतु 'अ' का आगम होता है। जैसे—अस्थान, अश्लोक, अस्थिर आदि।
भोजपुरी में प्राय: 'अ' के स्थान पर 'इ' तथा 'उ' का प्रयोग होता है, जैसे—राति (रात), बइठि (बैठ), आजु (आज), सासु (सास), सुनु (सुन), कहु (कह) आदि।

**अ** *अव्य०* व्यंजन के पूर्व में आकर यह विपरीत, निषेध या अभाव का बोध कराता है, जैसे-अधरमी, असमय, अकाज।

**अं** स्वर वर्ण का पन्द्रहवाँ अक्षर, कुछ का मत है कि यह अनुस्वार मात्र है। एकाक्षर कोश में इसका अर्थ परब्रह्म है। महाभारत (12.17.126) में महेश्वर के अर्थ में इसका प्रयोग है—
'बिन्दुविसर्ग: सुमुख:शर: सर्वायुध: सह:।'
बिन्दु, विसर्ग, सुमुख, शर, सर्वायुध और सह—ये महेश्वर के नाम हैं।

**अँ** *अव्य०* वार्तालाप के दौरान 'हाँ, सुन लिया' का बोधक।

**अँइच** *पु०* तनाव, खिंचाव।

**अंइचल** *सक०* हड़पना, खींचना।

**अँइचा** *वि०* [हिं० ऐंचा] भंगा, जिसकी आँख की पुतली एक ओर से खिंचकर दूसरी ओर चली जाती है। *लोको०* 'सवा लाख में अँइचा ताना'।

**अँइजन** *पु०* [अं० इंजिन] इंजन; पुनरावृत्ति का चिह्न; कहीं काजर लगाना।

**अँइटल** *सक०* सूप को इस प्रकार चलाना कि मोटा और पतला अनाज अलग-अलग हो जाय।

**अँइटा** *पु०* ईंट। *कहा०* 'अइँटा से गोंइठा बड़ सुकुमार'।

**अँइटी** *पु०* वह मजदूर जो मिट्टी ढोते समय कुदाल चलाने वाले मजदूर के पास हो।

**अँइठन** *पु०* [सं० आवेष्ठनम्] मरोड़, अकड़; घमण्ड, शेखी। *उदा०* 'सुतरी जर गइल, अँइठन ना गइल'।
**अँइठल** *अक०* बल दिखलाने हेतु व्यग्र होना, बल प्रदर्शित करना, जवानी के जोश में शरीर ऐंठना; मन मसोस कर रह जाना; झटक लेना, हथिया लेना।
**अँइठा** *पु०* घोंघा, शंख की तरह का पानी में रेंगने वाला कीड़ा।
**अँइठाइल** *वि०* ऐंठा हुआ।
**अँइतावल** *अक०* [सं० अवतिक्तः] नमी और सड़ने से तींतापन आ जाना।
**अँउघाइल** *वि०* ढँकी हुई, उल्टा मुँह करके रखा पात्र; अर्द्ध निद्रा की स्थिति।
**अँउघी** *स्त्री०* झपकी, तन्द्रा।
**अँउजा** *पु०* दम घुटने की स्थिति; एकदम ऊबने की स्थिति, परेशानी। **-पथारी** *यौ०* अस्त-व्यस्त, उलझन।
**अँउजाइल** *अक०* घबड़ाना, किंकर्तव्य-विमूढ़ होना।
**अँउटन** *पु०* औंटने (गर्म करने) की स्थिति।
**अँउटाई** *स्त्री०* औंटने (गर्म करने) की क्रिया।
**अँउठा** *पु०* [सं० अङ्गुष्ठः हिं० अँगूठा] हाथ या पैर की पहली मोटी छोटी अँगुली। एक पहाड़ा, जिसमें कोई संख्या साढ़े तीन से गुणित होती है। साड़ी की किनारी। **-देखावल** *मुहा०* इन्कार करना। **-लगावल** *मुहा०* किसी दस्तावेज पर अँगूठे का निशान लगाना।
**अँउठि** *वि०* घुँघराला बाल; अँगूठी-सा।
**अँउठी** *स्त्री०* [हिं० अँगूठी]। अँगुली में पहनने का आभूषण। *उदा०* 'मोर पियवा अँउठी के नगीनवा'।
**अँउसल** *अक०* नये बर्तन को प्रयोग में लाना; कच्ची वस्तु का नरम होकर सड़ने लगना।
**अँउसाइल** *सक०* नये बर्तन को प्रयोग में लाया जाना।
**अंक** *पु०* [सं०] संख्या, संख्या का चिह्न, जैसे-1, 2, 3, निशान; नाटक का एक खण्ड, रूपक का एक प्रकार; परीक्षा में प्राप्त नम्बर, पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन की संख्या। **-गणित** *पु०* गणित की एक शाखा जिसमें संख्याओं की गणना हो। **-गत** *वि०* जिसे गोद लिया गया हो। **-तंत्र** *पु०* अंकों का शास्त्र। **-देहल** *मुहा०* गले लगाना। **-भरल** *मुहा०* लिपटाना, गले लगाना।
**अँकटा** *पु०* [सं०] छोटा कंकड़, एक प्रकार की घास और उसका बीज जो गेहूँ आदि के साथ मिला होता है।
**अँकटी** *स्त्री०* कंकड़ का छोटा टुकड़ा।
**अंकड़ा** *पु०* [सं०] कंकड़।
**अँकड़ी** *स्त्री०* छोटा कंकड़।
**अँकरी** *स्त्री०* [सं०] एक प्रकार की घास, जिसे पशु खाते हैं।
**अँकवार** *स्त्री०* गोद।
**अँकवारी** *पु०* [सं०] अंक, आलिंगन।
**अँकाव** *पु०* जाँचने का काम।
**अंकित** *पु०* [सं०] लिखा हुआ, चिह्नित।
**अंकुर** *पु०* [सं० अंकूरः] अंकुर, अँखुआ, कली, नुकीला भाग।
**अँकुराइल** *अक०* अंकुर आना, अंकुर निकलना।
**अंकुस** *पु०* [सं०] अंकुश
**अँकुसी** *स्त्री०* [सं०] अंकुश, लग्गी के सिरे पर बाँधी जाने वाली छोटी लकड़ी, जिससे पेड़ पर लगे हुए फल तोड़े जाते हैं; खूँटी, मुड़ी कील, टेढ़ा लोहा।

**अँकेर** *पु०* दूध बढ़ाने के लिए गाय, भैंस को दिया जाने वाला पौष्टिक पदार्थ।

**अँकोर** *पु०* [सं०] गोद।

**अँख-छोपनी** *स्त्री०* [सं०] आँख ढँकने के लिए प्रयुक्त वस्तु या ढक्कन, *पर्याय०* 'अँखमुदनी'।

**अँखफोर** *वि०* नवजातों की आँख से आवरण हटने की स्थिति।

**अँखिगर** *वि०* आँखवाला।

**अँखिदेखुआ** *वि०* आँख से देखा हुआ, जिसने अपनी आँखों से देखा हो।

**अँखिफोरू** *वि०* कुत्ते आदि के बच्चों के जन्म के कुछ दिनों के बाद आँख की पपनी का खुलना, सज्ञान, बुद्धिमान।

**अँखिमुदउअल** [सं०] आँख-मिचौनी का खेल।

**अँखिया** [सं०] आँख, *लोको०* 'अँखिया मिलाके, जिया भरमाके चल दिहलऽ'।

**अँखुआ** [सं०] अंकुर, डाभ, कल्ला।

**अँखुआइल** *सक०* अंकुर निकलना *वि०* अंकुरित।

**अंग** *पु०* [सं० अङ्गकं] शरीर, शरीर के अवयव (हाथ, पैर, कान आदि); भाग, अंश। **-चारी** *पु०* घनिष्ठ मित्र। **-चालन** *पु०* अंगों को हिलाना। **-जात** *वि०* अंग से उत्पन्न (पसीना, बाल, पुत्र)। **-जाता** *स्त्री०* पुत्री। **-त्राण** *पु०* जिससे अंगों की रक्षा हो (कवच)। **-भंग** *पु०* शरीर का टूटना। **-सिहरी** *स्त्री०* (हिं०) बुखार के पूर्व का कम्पन। **-ढीला भइल** *मुहा०* थकना। **-उभरल** *मुहा०* यौवन का आगमन। **-टूटल** *मुहा०* अँगड़ाई लेना।

**अँगउछी** *स्त्री०* गमछी।

**अँगऊँ** *पु०* खलिहान में तैयार अन्न में से देवी-देवता, पुरोहित के नाम पर निकाला हुआ अंश।

**अंगड़-खंगड़** *वि०* अनावश्यक; टूटी-फूटी चीज, टूटा-फूटा, बचा-खुचा।

**अँगड़ाइल** *अक०* अँगड़ाई लेना।

**अँगड़ाई** *स्त्री०* जम्हाई के साथ अंग को तानना, *उदा०* 'ले अँगड़ाई उठ हिले धरा' —दिनकर। **-तोड़ल** *मुहा०* अँगड़ाई लेते समय किसी के कन्धे पर हाथ रखकर अपना भार देना; कुछ काम न करना।

**अँगनवा** *पु०* आँगन *कहा०* 'नाचे न जाने अँगनवा टेढ़'।

**अँगनाई** *स्त्री०* भीतर या जनानखाने का आँगन।

**अँगनैया** *स्त्री०* 'आँगन'।

**अँगरखा** *पु०* [सं० अंगरक्षक:] एक लम्बा मर्दाना पहनावा, अंगा, चपकन।

**अँगरल** *अक०* घाव में तीव्र दर्द होना, टपकना।

**अँगरा** *पु०* अंगार, पशुओं के पैर में दर्द होने का रोग।

**अँगरेज** *पु०* इंग्लैंड का निवासी, इंगलिश-मैन।

**अँगरेजियत** *स्त्री०* अँगरेजी चाल-ढाल, अंगरेजपन।

**अँगरेजी** *वि०* [हि० अँगरेज] अंगरेज़ का, अंगरेज सम्बन्धी, *स्त्री०* इंगलिश भाषा, अंगरेजों की भाषा। *कहा०* 'अंगरेजी ना फारसी बाबूजी बनारसी'।

**अंगा** *पु०* [सं० अङ्गरक्षक:] अंगरखा, कुरता, कमीज, अचकन। *कहा०* 'अंगा न टोपी सिपहिया नाँव'।

**अंगार** *पु०* [सं० अङ्गार:] दहकता हुआ कोयला, अंगारा। **-भइल** *मुहा०* क्रोध से लाल होना। **-फाँकल** *मुहा०* अनिष्ट कार्य करना।

**अंगारकाठी** *स्त्री०* दियासलाई, माचिस।

**अंगारपेटी** *स्त्री०* माचिस बॉक्स, दियासलाई की डिबिया।

**अंगारमती** *स्त्री०* [सं०] गलका, हाथ की उँगलियों में होने वाला एक रोग, बड़े-बड़े दाने और ज्यादा दर्द वाली चेचक।

**अंगारा** *पु०* दहकता हुआ कोयला, कण्डा आदि। *वि०* अंगारे जैसा लाल। **-बरसल** *मुहा०* अधिक गरमी पड़ना।

**अँगारा** *पु०* दे० 'अंगारा'।

**अंगारी** *स्त्री०* चिनगारी।

**अँगिया** *स्त्री०* [सं० अङ्गिका] चोली, कंचुकी।

**अँगिला** *वि०* आगे का, *कहा०* 'अँगिला हर जइसे चली तइसे ही नू पछिला हर'।

**अंगीकार** *पु०* [सं० अङ्गीकरणं] ग्रहण, स्वीकार।

**अंगीठी** *स्त्री०* [हिं० अंगीठा] आग रखने का बर्तन, बोरसी।

**अंगुठा** *पु०* दे० 'अँउठा'।

**अंगुरिया** *स्त्री०* दे० 'अंगुरी'।

**अंगुरियावल** सक० उँगली से खोदना।

**अंगुरी** *स्त्री०* [सं० अङ्गुलिः] हाथ-पैर की अँगुली।

**अँगूठा** *पु०* [सं० अङ्गुष्ठः] पैर, हाथ की पहली मोटी उँगली। **-चूमल** *मुहा०* खुशामद करना। **-देखावल** *मुहा०* इनकार करना, नहीं।

**अँगूठियावा** *वि०* घुँघराला (बाल)।

**अंगूर** *पु०* [फा०] दाख, द्राक्षा, लता या उसका फल जो मीठा होता है। **-खट्टा बा** *मुहा०* पहुँच के बाहर होना, असफल होने पर बहाना बनाना।

**अंगूरी** *वि०* [फा०] अंगूर का बना, अंगूर के रंग का। **-सराब** *स्त्री०* अंगूर से बनी शराब।

**अँगेजल** *सक०* सहना, स्वीकार करना, बरदाश्त करना।

**अँगेया** *पु०* भोज निमन्त्रण।

**अँगेर** *पु०* बीज के लिए काटे गए ईख के ऊपर का टुकड़ा।

**अँगोछल** *सक०* गीले कपड़े से शरीर पोंछना।

**अँगोछा** *पु०* [सं० अङ्गप्रोच्छनम्] गमछा, तौलिया, अंगोचन।

**अँगोछी** *स्त्री०* छोटा गमछा।

**अँगोगा** *पु०* किसी वस्तु का वह भाग जो उपयोग करने के पूर्व धर्मार्थ निकाला जाता है। पुरोहित को देने या देवताओं पर चढ़ाने हेतु निकली राशि, अँगऊ।

**अँगोरा** *पु०* दहकता कण्डा का टुकड़ा।

**अँगौरिया** *पु०* मजदूरी के बदले हल-बैल लेकर खेती करने वाला हलवाहा।

**अँचरा** *पु०* आँचल।

**अँचल** *पु०* [सं० अञ्चलः] आँचल; छोर, किनारा, तट, कोना।

**अँचला** *पु०* दे० 'आँचल'।

**अँचवन** *पु०* दे० 'अचवन'।

**अँचवल** *सक०* भोजनोपरान्त हाथ-मुँह धोना।

**अंजन** *पु०* [सं०] काजल, सुरमा।

**अंजना** *स्त्री०* [सं०] हनूमान की माँ; बिलनी। **-नंदन** *पु०* हनूमान

**अंजर-पंजर** *पु०* शरीर का जोड़, ठठरी, हड्डी-पसली; ढाँचा। **-ढीला भइल** *मुहा०* अंगों का शिथिल होना।

**अँजवावल** *सक०* अंजन लगवाना।

**अँजुरी** *स्त्री०* दोनों हथेलियों को मिलाने से बना आकार (गड्ढा) जिसमें भरकर कुछ दिया या लिया जाता है। *उदा०* 'भरि भरि अँजुरी में मोतिया लुटाइब हो, दुलहा दुलहिनिया के मँगिया बहोरब हो'।

**अँजोर** *पु०* उजाला, प्रकाश, *लोको०* 'गोरी के अइले अँजोर हो गइल'।

**अँजोरिया** *स्त्री०* चान्द्र मास का शुक्ल पक्ष। *उदा०* 'साँझ के उगली अँजोरिया ए बाबा, सुकवा उगेला भिनुसार ए'।

**अँटकर** *पु०* अन्दाज, *कहा०* 'अँटकर पच्चे डेढ़ सौ' (केवल अन्दाज पर बातें करना)।

**अँटकल** *अक०* अटकना, स्थानाभाव के चलते टँग जाना या फँस जाना। *वि०* फँसा हुआ, *उदा०* 'अँटकल बनिया देह उधार' *लोको०*।

**अंट-संट** *वि०* दे० 'अंड-बंड'।

**अँटकी** *स्त्री०* अड़चन। *लोको०* 'अँटकी से मटकी'।

**अंटा** *पु०* बड़ी गोली, बड़ी कौड़ी।

**अंटावल** *सक०* स्थान निकालकर भरना या रखना इस तरह बाँटना कि सबको मिल जाय, कमी न पड़े।

**अँटिया** *स्त्री०* घास या फसल का छोटा बोझा या पुल्ला जिसे दोनों हाथों से पकड़ा जा सके।

**अँटियावल** *सक०* पुल्ला बाँधना।

**अंटी** *स्त्री०* गाँठ, टेंट; पहलवानों का एक दाँव; मन में पड़ने वाली एक गाँठ। **-बाज** *वि०* फरेबी, दगाबाज। **-मारल** *मुहा०* कम तौलना, डाँड़ी मारना।

**अँठई** *स्त्री०* किलनी, पशुओं के शरीर पर चिपटे रहने वाले कीड़े।

**अँठली** *स्त्री०* किशोरियों का उभड़ता हुआ स्तन।

**अँठिली** *स्त्री०* आम की गुठली।

**अंठी** *स्त्री०* गिल्टी, गाँठ, गिरह, अँटली।

**अंड** *पु०* [सं०] अण्डा, अण्डकोश; फोता।

**अँड़चल** *अक०* इतराना, *उदा०* 'सेतिहा के धन पाके अँड़चल'।

**अंड-बंड** *पु०* बेसिर पैर की बात। *वि०* बेसिर-पैर का, ऊटपटाँग।

**अंडस** *स्त्री०* अड़चन, कठिनाई।

**अंड़सल** *अक०* कठिनाई में फँसना।

**अंडा** *पु०* [सं० अण्डम्] गोल पिण्ड या खोल जिसमें से साँप, चिड़िया, मछली का बच्चा निकलता है। **-फूटल** *सक०* अण्डे से बच्चे का बाहर आना। **-सेवल** *सक०* पक्षियों का अपने अण्डे पर बैठकर गरमी पहुँचाना; घर में बेकार बैठे रहना। *कहा०* 'अंडा सिखावे बच्चा के कि चींचीं कर', 'अंडा सेवे कोई, बच्चा लेवे कोई'।

**अंडी** *स्त्री०* [सं० एरण्डः] रेंड़ का पेड़ या बीज; एक रेशमी कपड़ा।

**अंड़ुआ** *पु०* वह बैल जो बधिया न हो। *कहा०* 'अंड़ुआ बैल हर के जवाल'।

**अंत** *वि०* [सं०] निकट, आखिरी; सबसे छोटा, *कहा०* 'अंत भला तऽ भला'। *पु०* समाप्ति, मृत्यु, अन्तकाल; परिणाम, सीमा। **-काल** *पु०* आखिरी समय, मृत्यु-काल लोक० 'अंतकाल कोउ न संघाती'। **-बनल** *मुहा०* अन्तिम भाग का अच्छा होना। **-बिगड़ल** *मुहा०* अन्तिम भाग का बुरा होना। **-लेहल** *मुहा०* भेद लेना।

**अँतड़ी** *स्त्री०* [सं० अन्त्रम्] आँत।

**अंतर** *वि०* [सं०] आसन्न; निकट; भीतर का, आत्मीय, *पु०* भीतर का भाग; छिद्र; बीच; मन, हृदय; अवकाश; प्रवेश। **-जातीय** *वि०* दो या दो से अधिक जातियों में पाया जाने वाला। **-विवाह** *पु०* (इंटरकास्ट मैरिज) दो विभिन्न जातियों में होने वाला विवाह।

**अँतरा** *पु०* [सं० अन्तरम्] कोना; रुकावट; एक छोड़कर दूसरा; भीतर, बीच में।

**अंतरावल** *सक०* छिपाना, भीतर करना; अलग करना।
**अंतरिख** *पु०* [सं० अन्तरिक्षम्] अन्तरिक्ष।
**अंतरिम** *वि०* दो समयों के बीच का, मध्यवर्ती; अन्तिम आदेश के पूर्व की व्यवस्था। **-आदेस** *पु०* (इंटेरिम ऑर्डर) बीच के समय के लिए जारी आज्ञा।
**अँतरिया** *वि०* एक दिन के अन्तर से आने वाला बुखार।
**अँतरीय** *पु०* [सं०] नीचे पहनने का कपड़ा, अँतरौटा। *वि०* भीतर का।
**अँतरौटा** *पु०* महीन साड़ी के नीचे पहनने का कपड़ा, अस्तर, साया।
**अन्तेवासी** *पु०* [सं०] गुरु के पास रहने वाला शिष्य।
**अंतेस्टी** *स्त्री०* [सं० अन्त्येष्टि:] अन्तिम संस्कार; मृतक कर्म।
**अंदर** *क्रि०वि०* [फा०] अन्तर; अन्दर।
**अंदरसा** *पु०* [सं० इन्द्राश:] चौरठ से बनी एक मिठाई।
**अंदाजन** *अव्य०* [फा०] अटकल से; लगभग।
**अंदाजा** *पु०* [फा०] अनुमान, अटकल।
**अंदेसा** *पु०* [फा०] सोच, चिन्ता, आशंका, दुविधा।
**अंदोर** *पु०* शोरगुल, कोलाहल, *उदा०* 'बाजन बाजहिं होइ अंदोरा'।
**अंध** *वि०* [सं० अन्ध:] अन्धा, आँख बन्द किया हुआ। **-कार** *पु०* अँधेरा; मोह; अज्ञान। **-कूप** *पु०* अंधेरा कुआँ, नरक।
**अंधरा** *पु०* अन्धा मनुष्य, *कहा०* 'अंधरा चाहे दुगो आँख', 'अंधरा लेखे जइसन दिन ओइसन रात'।
**अंधा** *वि०* [सं० अन्ध:] बिना आँख का; भला-बुरा सोचने में असमर्थ, विचारहीन, *कहा०* 'अंधा आगे रोए आपन दीदा खोए', 'अंधा गुरु बहिर चेला, माँगे गुड़ तऽ देवे ढेला'।
**अंधाधुंध** *अ०* बेहिसाब, बेतहाशा।
**अंधार** *पु०* अन्धकार।
**अंधेर** *पु०* अन्याय, अनीति; धींगा-धींगी। **-खाल** *पु०* गड़बड़, अव्यवस्था। **-नगरी** *स्त्री०* स्थान जहाँ कोई नियम व्यवस्था न हो। *कहा०* 'अंधेर नगरी चौपट राजा, टके सेर भाजी, टके सेर खाजा'।
**अँधेरा** *पु०* [सं० अन्धकार:] अन्धकार; उदासी, *वि०* अन्धकारमय, प्रकाशहीन। **-पाख** *पु०* कृष्ण पक्ष। **-छा गइल** *मुहा०* अधिक अंधकार होना।
**अंधेरी** *स्त्री०* ईख की फसल की पहली कोड़नी।
**अंबर** *पु०* [सं०] आकाश; वस्त्र; एक विशिष्ट साड़ी।
**अँबराई** *स्त्री०* अमराई।
**अंबा** *स्त्री०* माता, अम्मा, दुर्गा।
**अंबार** *पु०* [फा०] ढेर; राशि।
**अम्बिका** *स्त्री०* [सं०] माता, दुर्गा, पार्वती।
**अंबु** *पु०* जल।
**अंबेडकर** डॉ० भीमराव रामजी। *पु०* भारतीय संविधान के निर्माता, दलितोद्धारक।
**अंभौरी** *स्त्री०* अम्हौरी।
**अँवरा** *पु०* आँवला।
**अंस** *पु०* [सं०] भाग, हिस्सा; कन्धा।
**अंसुमान** *पु०* [सं०] सूर्य।
**अंहड़ा** *पु०* बटखरा।
**अँहुड़ी** *स्त्री०* नाद, जिसमें पशु खाते हैं।
**अ** *उप०* [सं०] शब्दों के पहले लगाकर निषेधसूचक अर्थों में प्रयुक्त जैसे-अरूप, अधर्म, अनीति, अकाल।

**अइडी-मइडी** *स्त्री० यौ०* मेहनत से बचने या आलस्यवश होने की स्थिति। *उदा०* 'अँइडी-मइडी मत करऽ चल आपन पाह धर'।

**अइन** *पु०* कायदा, कानून।

**अइल** *पु०* छेद; मुँह।

**अइली** *स्त्री०* आई, *कहा०* 'अइली सौतिन करऽ सिंगार'।

**अइसन** *वि०* ऐसा, *कहा०* 'अइसन घसकट्टा के ओइसन कवलगट्टा'।

**अइसहीं** *अ०* ऐसे ही, इसी तरह।

**अइसे** *क्रि०वि०* ऐसा, इस तरह का।

**अउँजाइल** *अक०* असमंजस में होना, ऊबना।

**अउँड़िआइल** *अक०* पेट में अन्न आदि का उमड़ना-घुमड़ना, *उदा०* 'नटी तक भकोसला से पेट अउँड़िआइल बा'।

**अउँधल** *सक०* उलट देना।

**अउँसल** *अक०* वातावरण के गर्म होने से मन का व्यग्र रहना; किसी वस्तु का सड़ना।

**अउ** [अ०] और, तथा।

**अउर** [अ०] तथा, और, *उदा०* 'अउर अन्न खइलें ना गोहूँ गँठिअवले'।

**अऊलल** *अक०* गरम होना, जलना, तप्त होना।

**अएरल** *सक०* अंगीकार करना, ग्रहण करना।

**अकंटक** *वि०* [सं०] निर्विघ्न, बिना कांटे का।

**अकंठ** *वि०* [सं०] कण्ठहीन, स्वरहीन, कर्कश।

**अकंप** *वि०* [सं०] स्थिर।

**अकचकाइल** *अक०* भौंचक हो जाना, चकित रह जाना।

**अकटही** *वि०* जिस खेत में कंकड़ अधिक हो।

**अकड़** *स्त्री०* अकड़ने का भाव, ढिठाई, कड़ापन, ऐंठ, घमण्ड। **-बाज** *वि०* अकड़कर चलने वाला, घमण्डी। **-बाजी** *स्त्री० ऐंठ, घमण्ड।*

**अकड़ल** *अक०* सूखकर कड़ा हो जाना, तनना, ऐंठना; जिद करना। **अकड़ के चलल** *मुहा०* सीना तान कर चलना।

**अकड़ू** *वि०* अकड़बाज।

**अकड़ौर** *वि०* कंकड़ीली मिट्टी।

**अकतिया** *पु०* [इख्तियार] अधिकार, काबू।

**अकथ** *वि०* अकथ्य।

**अकधक** *पु०* आगा-पीछा; आशंका।

**अकबक** *पु०* अंड-बंड बातें; चिन्ता; खटका।

**अकबकाइल** *अक०* घबड़ाना, भौचक्का होना।

**अकरब** *पु०* [अ०] बिच्छू; गन्दा व्यक्ति, *कहा०* 'अकरब पियवा मरिओ न जाय। सूते के बेरिया चित फरिआय'।

**अकराध** *वि०* निष्प्रयोजन, व्यर्थ।

**अकरी** *स्त्री०* हल में लगा हुआ चोंगा जिससे बीज गिराया जाता है; एक विशेष पौधा।

**अकर्मी** *वि०* [सं०] दुष्कर्म करने वाला।

**अकलंक** *वि०* [सं०] दोष।

**अकवन** *पु०* अर्क, आक का पेड़।

**अकस** *पु०* वैर, ईर्ष्या।

**अकसर** *वि०* अकेला, *उदा०* 'कवन हेतु मन व्यग्र अति अकसर आयेहु तात'

**अकसरहाँ** [अ०] प्रायः।

**अकसरुआ** *वि०* अकेला, एकाकी।

**अकसीर** *वि०* अचूक, अव्यर्थ।

**अकह** *वि०* अनुचित, न कहने लायक।

**अकाज** *पु०* हर्ज, विघ्न, कार्यहानि।

**अकाजी** *वि०* बहुत जरूरी।

**अकाट** *वि०* न कटने वाली बात; अखण्डनीय।

**अकादमी** *पु०* [एकेडमी] कला, विज्ञान की उच्च संस्था जैसे-'भोजपुरी अकादमी'।

**अकाम** *वि०* [सं०] कामना से दूर, निष्काम, उदासीन।

**अकार** *पु०* [सं०] 'अ' अक्षर या उसकी उच्चारण ध्वनि।

**अकारत** [अ०] व्यर्थ, बेकार, निष्फल।

**अकारथ** [अ०] दे० 'अकारत'।

**अकारांत** *वि०* [सं०] जिसके अन्त में 'अ' हो।

**अकारादि** *वि०* [सं०] 'अ' से आरम्भ होने वाला क्रम।

**अकाल** *पु०* [सं०] कुसमय, अनियत समय; दुर्भिक्ष।

**अकालिक** *वि०* [सं०] असामयिक।

**अकास** *पु०* आकाश। **-दीया** *पु०* आकाशदीप। **-बँवरी** *स्त्री०* जड़हीन बेल, आकाशबेल। **-बानी** *स्त्री०* आकाशवाणी। **-बेल** *स्त्री०* अमरबेल। **-बाँधल** *मुहा०* असम्भव बात करने का प्रयास 'सूधे बात कहौ सुख पावै, बाँधन कहत अकास'।

**अकासी** *स्त्री०* एक पक्षी, चील; ताड़ी।

**अकि** *अव्य०* अथवा, फिर।

**अकियान** *पु०* ध्यान।

**अकिल** *स्त्री०* अक्ल, बुद्धि, समझ, *कहा०* 'अकिल बड़ कि भईस बड़'। **-चहू** *पु०* अक्ल दाढ़। **-धन** *पु०* बौद्धिक सम्पत्ति।

**अकुताइल** *अक०* व्यग्र होना, *उदा०* 'अकुताइल जे बउराइल ऊहे'।

**अकुलाइल** *अक०* आकुल होना, घबड़ाना, *कहा०* 'अकुलाइल नाउनि अंगुरिए काटे'।

**अकूत** *वि०* जिसका अन्दाजा न हो सके; अपरिमित।

**अकेतन** *वि०* [सं०] बेघर-बार का।

**अकेल** *वि०* [सं० एकल] दे० 'अकेला'।

**अकेला** *वि०* तनहा, बिना मित्र का, *कहा०* 'अकेला बृहस्पतियो झूठ', 'अकेला चना भांड़ ना फोड़े'। **-दम** *पु०* एक ही प्राणी, *कहा०* 'अकेला से झमेला भला'। **-दुकेला** *वि०* अकेला, इक्का दुक्का।

**अकेले** [अ०] बिना किसी सहयोगी के, केवल। **-दुकेले** *मुहा०* अकेले या एक और के साथ।

**अकोतर सौ** *वि०* [सं० एकोत्तरशतम्] सौ से एक अधिक एक सौ एक 101।

**अकौआ** *पु०* मदार; आक; गले की घण्टी।

**अक्खड़** *वि०* उजड्ड, अशिष्ट, लड़ाका। **-पन** *पु० उजड्डपन, उग्रता।*

**अक्खर** *पु०* अक्षर।

**अक्खो-मक्खो** *पु०* बालकों को बहलाने हेतु कही गयी बात। *कहा०* 'अक्खो-मक्खो दिया बरक्खो, जो मेरे बच्चे का तक्के उसकी फूटें दोनों अक्खों'।

**अखंड** *वि०* [सं०] अटूट, सम्पूर्ण। **-दुआदसी** *स्त्री०* मार्गशीर्ष; शुक्ला द्वादशी। **-पाठ** *पु०* अविराम पाठ। **-सौ सुहाग** *पु०* आमरण सौभाग्यवती बने रहना।

**अखड़ेरे** [अ०] नाहक, व्यर्थ।

**अखड़ैत** *पु०* [हिं० अखाड़ा] पहलवान।

**अखबार** *पु०* [अ०] समाचार ('खबर' का बहुवचन), समाचार-पत्र। **-नवीस** *पु०* पत्रकार। **-नवीसी** *स्त्री०* पत्रकारिता। *उदा०* 'जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो' -अकबर इलाहाबादी।

**अखबारी** *वि०* समाचार-पत्र सम्बन्धी।
**अखरल** *अक०* बुरा लगना, खलना, कष्टप्रद होना, कसक पैदा करना।
**अखरा** *पु०* बिना कुटे जौ का आटा।
**अखरोट** *पु०* [सं० अक्षोट:] मेवा और उसका पेड़।
**अखाढल** *सक०* पशुओं का सींग से दीवार, नाद को खोदना या कोड़ना।
**अखाड़ा** *पु०* कसरत करने का स्थान, कुश्ती लड़ने का स्थान; मठ।
**अखाड़िया** *वि०* दंगली।
**अखिल** *वि०* [सं०] सारा, सम्पूर्ण।
**अखिलेस** *पु०* [सं०] परमेश्वर।
**अखोर** *वि०* तुच्छ, निकम्मा। **-बखोर** *अव्य०* पूरी तरह से।
**अखोह** *पु०* ऊबड़-खाबड़ जमीन।
**अगड़धत्त** *वि०* [सं० अग्रोद्धत:] लम्बा-तगड़ा, ऊँचा।
**अगड़धत्ता** *वि०* दे० 'अगड़धत्त'।
**अगड़बगड़** *वि०* बेसिर-पैर का, *पु०* अण्डबण्ड बात या काम।
**अगड़मबगड़म** *पु०* काठ-कबाड़ का बेतरतीब ढेर।
**अगत** *वि०* [सं०] हाथी को आगे चलने हेतु महावतों द्वारा प्रयुक्त शब्द।
**अगताहे** *क्रि०वि०* पहले।
**अगते** *क्रि०वि०* पूर्व में, पहले।
**अगती** *वि०* पापी, कुकर्मी।
**अगम** *वि०* [सं०] न चलने वाला, *उदा०* 'लंका बसत दैत्य अरु दानव उनके अगम सरीरा'। **-जानी** *पु०* भविष्यद्रष्टा।
**अगर** *अव्य०* [फा०] यदि, जो। **-चे** *अव्य०* यद्यपि। **-दाई** *पु०* वह बैल जो दौनी में बाहर रहता है। **-धत** *वि०* समृद्ध। **-मगर कइल** *मुहा०* टाल-मटोल करना।
**अगराइल** *सक०* मन बढ़ाना, *कहा०* 'अगराइल बिटिया बर के आँख फोरे'।
**अगरासन** *पु०* [सं० अग्रासन] देव-पितर को अर्पित भोज्य पदार्थ।
**अगरे** *अव्य०* आगे, सामने।
**अगलगी** *स्त्री०* आग लगने की दुर्घटना।
**अगल-बगल** [अ०] आस-पास।
**अगला** *वि०* [सं० अग्र] पहले वाला, प्रथम, प्रधान।
**अगवाई** *स्त्री०* [सं० अग्रे गमनं] अग्रणी, आगे, अगवानी।
**अगवाड़ा** *पु०* [सं० अग्रवाट:] घर के आगे का भाग, 'पिछवाड़ा' का विपरीत।
**अगवानी** *स्त्री०* स्वागत करना, बारात के स्वागतार्थ कन्या पक्ष का आगे आना।
**अगवार** *पु०* पुरोहित, गुरु को देने हेतु खलियान की राशि से अलग रखा गया अन्न।
**अगसर** *अव्य०* आगे, *कहा०* 'अगसर खेती अगसर मार, घाघ कहै ये कबहुँ न हार'।
**अगहन** *पु०* [सं०] अग्रहायण या मार्गशीर्ष मास, *कहा०* 'अगहन भइले राड़ (छोटी जाति) मोटइले', 'अगहन रजपुत अहिर असाढ़, भादो भइंसा चइत चमार'।
**अगहनिया** *वि०* अगहन में होने वाला (धान)।
**अगहर** [अ०] आगे, पहले।
**अगाऊँ** *वि०* [सं० अग्र] पेशगी, आगे का।
**अगाड़** *पु०* आगे का अंश, पिछाड़ का विलोम।
**अगाड़ी** *अव्य०* [सं० अग्रे] आगे, सामने।
**अगाड़ू** *अव्य०* आगे, पहले।
**अगाध** *वि०* [सं०] अपार, अथाह, अधिक।
**अगार** *अव्य०* आगे।
**अगाह** *वि०* अथाह।
**अगिन** *स्त्री०* आग।

**अगिया** *स्त्री०* आग, *कहा०* 'अगिया लगाइ छँउड़ी बर तर ठाढ़'।

**अगियाइल** *अक०* गरम होना, उत्तेजित होना।

**अगिलगनी** *स्त्री०* झगड़ा लगाने वाली।

**अगिलग्गी** [सं०] अग्निकाण्ड।

**अगुआ** *पु०* मुखिया; विवाह तय करने वाला; आगे चलने वाला।

**अगुआइल** *सक०* आगे बढ़ जाना, *वि०* आगे बढ़ा हुआ।

**अगुआनी** *स्त्री०* आगे जाकर स्वागत करना।

**अगुआरि-पछुआरि** *क्रि०वि०* घर के आगे-पीछे।

**अगूती** *स्त्री०* घर के आगे का हिस्सा; पिछूती का विलोम।

**अगोरल** *सक०* रखवाली करना।

**अगोरा** *पु०* निगरानी।

**अगोरिया** *पु०* [सं०] रखवाली करने वाला।

**अघाइल** *अक०* तृप्त होना, जी भरना, *कहा०* 'अघाइल बकुला पोठिया तीत'।

**अघी** *वि०* [सं०] पापी

**अघोर** *पु०* [सं०] शिव का एक रूप; सौम्य; शिवोपासक सम्प्रदाय; एक पंथ जिसके खान-पान में मद्य, मांस, मल-मूत्र वर्जित नहीं।

**अघोरी** *पु०* अघोर पंथ का अनुयायी, घिनौनी वस्तुओं का प्रेमी, गन्दा।

**अचंचल** *वि०* [सं०] स्थिर, धीर, चंचलता-रहित।

**अचंड** *वि०* [सं०] उग्र स्वभाव से दूर, सौम्य।

**अचंडी** *स्त्री०* [सं०] शान्त गाय, कोप रहित।

**अचंभा** [सं०] अचम्भा, आश्चर्य।

**अकचकाइल** *अक०* चौंक उठना, विस्मित होना।

**अचके** *क्रि०वि०* अचानक, अचक्के में, अचानक, धोखे में।

**अचरज** *पु०* [सं० आश्चर्य] चमत्कार, विस्मय।

**अचवन** *पु०* आचमन।

**अचवल** *सक०* आचमन करना, पीना, भोजन के बाद मुँह धोना, कुल्ला करना।

**अचवावल** *सक०* आचमन कराना।

**अचानक** *अव्य०* [सं० अज्ञानकम्] एकाएक, असम्भावित रूप में अनपेक्षित।

**अचार** *पु०* मिर्च-मसाला लगाकर फल-तरकारी को तेल में रखने से बना चटपटा खाद्य।

**अचारज** *पु०* आचार्य।

**अचिको** *क्रि०वि०* थोड़ा भी।

**अचित** *वि०* [सं०] जो सोचा न गया हो।

**अचीता** *वि०* आकस्मिक, निश्चिन्त।

**अचूक** *वि०* खाली न जाने वाला। *अव्य०* कौशलपूर्वक, निश्चयपूर्वक।

**अच्छा** *वि०* [सं० अच्छ] बढ़िया, ठीक, सुन्दर। *कहा०* 'अच्छा के भाई बुरा के जमाई'।

**अछइत** *क्रि०वि०* रहते, रहते हुए।

**अछत** *क्रि०वि०* रहते। *पु०* अक्षत, चावल का बिना टूटा हुआ टुकड़ा, जो धार्मिक कार्यों में व्यवहृत होता है। *कहा०* 'अछत थोर देवता बहुत'।

**अछन-बिछन** *क्रि०वि०* जार-बेजार होके रोना।

**अछरंग** [सं०] लांछन, कलंक।

**अछरि** [सं०] अक्षर।

**अछरिकटू** *वि०* थोड़ा पढ़ा-लिखा (आदमी)।
**अछवानी** *स्त्री०* एक तरह की औषधि जो प्रसूता स्त्रियों को दी जाती है।
**अछूत** *पु०* हरिजन, अन्त्यज। *वि०* न छूने योग्य।
**अछूता** *वि०* जो छुआ न गया हो; कोरा, नया।
**अछूतोद्धार** *पु०* अछूतों का उद्धार, इसका यत्न या आन्दोलन।
**अछोप** *वि०* नँगा; नीच, तुच्छ।
**अछोभ** *वि०* क्षोभरहित, मोह-रहित; नीच।
**अछोह** *पु०* स्नेह, ममता का भाव। *वि०* निर्दय, निष्ठुर, क्षोभहीन।
**अज** *वि०* [सं०] अजन्मा, अनादिकाल से विद्यमान, *पु०* ईश्वर, ब्रह्मा, विष्णु, शिव; जीवात्मा।
**अजगर** *पु०* बकरी, हिरन आदि को निगल जाने वाला विशाल साँप। *उदा०* 'अजगर करे न चाकरी, पंछी करे न काम। दास मलूका कह गए, सबके दाता राम॥'
**अजगव** *पु०* [सं०] शिव का धनुष; पिनाक।
**अजगुत** *वि०* आश्चर्यजनक, विचित्र, अनुपमेय, असंगत।
**अजनबी** *वि०* [फा०] अनजान।
**अजब** *वि०* [अ०] अनोखा।
**अजमावल** *सक०* आजमाइश करना।
**अजर** *वि०* [सं०] जरारहित।
**अजवाइन** *स्त्री०* एक पौधा जिसका दाना मसाला, दवा के रूप में प्रयुक्त होता है।
**अजस** *पु०* [सं०] अयश।
**अजसी** *वि०* बदनाम।
**अजहूँ** *अव्य०* आज भी, अब तक।
**अजाती** *वि०* जाति से बहिष्कृत
**अजान** *वि०* [सं० अज्ञान] अनजान, अज्ञात।
**अजामिल** *पु०* एक पातकी जो अपने बेटे 'नारायण' का नाम लेने से सद्गति पा गया। *उदा०* 'नाम अजामिल से खल कोटि अपार नदी भव बूड़त काढ़े'।
**अजायब** *पु०* [अ० अजब का बहुवचन] विचित्र वस्तुओं का समूह। **-खाना** *पु०* [फा०] अनोखे दर्शनीय पदार्थों का भवन। **-घर** *पु०* (हिं०) दे० 'अजायब-घर'।
**अजिअउरा** *पु०* दादी के पिता या भाई का गाँव।
**अजिया** *वि०* दादा या दादी से सम्बन्धित जैसे-अजियाससुर याने ससुर के पिता या चाचा।
**अजिर** *पु०* [सं०] आँगन *उदा०* 'द्रवहु सो दसरथ अजिर बिहारी'।
**अजी** सम्बोधन, 'जी', 'एजी' का पर्याय।
**अजीरन** *पु०* अजीर्ण।
**अजुए** *क्रि०वि०* आज ही।
**अजोग** *वि०* अयोग्य, बेमेल, नालायक।
**अजौं** *अव्य०* आज तक, अब तक।
**अज्ञा** *स्त्री०* आज्ञा। **-कारी** *वि०* आज्ञाकारी।
**अझुरा** *पु०* झंझट, उलझन, झगड़ा।
**अझुराइल** *अक०* उलझना, झगड़ पड़ना।
**अझुरा लगावल** *सक०* उलझन पैदा करना, झगड़ा लगाना।
**अझुरावल** *अक०* उलझाना।
**अटंबर** *पु०* राशि; ढेर; आडम्बर।
**अटक** *स्त्री०* रोक, उलझना; अकाज; मुश्किल।
**अटकन** *स्त्री०* रोक, अड़चन; हिचक।
**अटकन-बटकन** *पु०* बच्चों का खेल।

**अटकल** *स्त्री०* अन्दाज, अनुमान, *अक०* रुकना; उलझना, झगड़ना।
**अटकावल** *सक०* रोकना; उलझना।
**अटखेली** *स्त्री०* अठखेली, विनोद, मतवाली चाल।
**अटपटांग** *वि०* ऊटपटाँग, असम्बद्ध।
**अटपटा** *वि०* अनोखा।
**अटपटी** *स्त्री०* शरारती।
**अटपटाइल** *अक०* लड़खड़ाना।
**अटाटूट** *वि०* बेअन्दाज, बहुत।
**अटारी** *स्त्री०* महल, छत, कोठा।
**अट्ट-सट्ट** *वि०* ऊटपटाँग, अण्डबण्ड।
**अट्टा** *पु०* [सं० अष्टम] ताश का पत्ता जिस पर आठ बूँटियाँ हो।
**अट्ठाइस** *वि०* बीस और आठ, 28।
**अट्ठानबे** *वि०* नब्बे और आठ, 98।
**अट्ठारह** *वि०* दस और आठ, 18।
**अट्ठावन** *वि०* पचास और आठ, 58।
**अट्ठासी** *वि०* अस्सी और आठ, 88।
**अठ** *वि०* आठ, 8।
**अठइ** *स्त्री०* अष्टमी तिथि।
**अठकठ दाँत** *पु०* आठ महीने पर ही जमा हुआ दाँत।
**अठकठिया** *वि०* आठ कट्ठे का।
**अठखेल** *वि०* शोख, चुलबुला, खिलाड़ी। **-पन** *पु०* चुलबुलापन, शोखी।
**अठखेली** *स्त्री०* किलोल; शोखी; मस्तानी चाल।
**अठन्नी** *स्त्री०* पचास पैसे का सिक्का।
**अठवरा/अठवारा** *पु०* आठ दिन।
**अठवाँस** *वि०* आठ महीने में उत्पन्न होने वाला।
**अठान** *पु०* रूठने की क्रिया।
**अठान परल** *अक०* रूठना।
**अठारह** *वि०* दे० 'अट्ठारह'।
**अड़ंगा** *पु०* हस्तक्षेप, बाधा।
**अड़** *स्त्री०* जिद्द।
**अड़गड़ा** *पु०* फाटक; फसल बर्बाद करने वाले पशुओं को बाँधकर रखने का सार्वजनिक स्थान।
**अड़गुड़ाह** *वि०* ऊबड़-खाबड़, ऊँची-नीची, टेढ़ी-मेढ़ी।
**अड़चन** *स्त्री०* रुकावट, कठिनाई।
**अड़बंग** *वि०* टेढ़ा-मेढ़ा, दुर्गम।
**अड़सठ** *वि०* साठ और आठ, 68।
**अड़हुल** *पु०* गन्धहीन बड़ा लाल पुष्प।
**अड़ान/अड़ार** *पु०* आश्रय, ठहरने का स्थान; फूस का छप्पर।
**अड़ानी/अड़ारी** *पु०* सहारा, आश्रय।
**अढ़इया** *पु०* ढ़ाई सेर का बाट।
**अड़ियल** *वि०* चलते-चलते रुक जाने वाला; हठी।
**अड़िया** *स्त्री०* साधुओं की टेक लगाकर बैठने की लकड़ी।
**अड़ूसा** *पु०* एक पौधा जिसके फूल और पत्ते श्वास की दवा हैं।
**अड़ोस-पड़ोस** *पु०* आसपास का मुहल्ला।
**अड्डा** *पु०* [सं० अट्टा] ठहरने का स्थान, बदमाशों नशेबाजों के मिलने का स्थान।
**अढ़ावल** सक० आज्ञा देना।
**अढ़ुक** *पु०* ठोकर, चोट।
**अतंक** *पु०* आतंक।
**अत** *वि०* अति *कहा०* 'अत के पत भगवाने राखस'।
**अतएव** *क्रि०वि०* अत:, इसलिए।
**अतना** *क्रि०वि०* इतना, *उदा०* 'अतना पर तऽ अइसन काजर देला पर कइसन'।
**अतने** *क्रि०वि०* इतना ही।
**अतनो** *क्रि०वि०* इतना भी।

**अतर** *पु०* ईत्र, पुष्प सुगन्ध का तत्त्व।
**अतरदान** *पु०* इत्रदान।
**अतरसों** *क्रि०वि०* वर्तमान से पिछला चौथा दिन या आने वाला चौथा दिन।
**अतवार** *पु०* रविवार।
**अतहत/एतहत** *वि०* इतना बड़ा।
**अति** *वि०* बहुत, ज्यादा, *उदा०* 'ना अति बरखा, ना अति धूप। ना अति वकता, ना अति चूप॥' —घाघ
**अतिअन्त** *वि०* अत्यन्त, सीमा से परे, हद से ज्यादा।
**अतियाचार** *पु०* अत्याचार।
**अतीथ** *पु०* गोसाईं।
**अथक** *वि०* जो न थके।
**अथाह** *वि०* जिसकी थाह न हो, बहुत गहरा।
**अथोर** *वि०* कम नहीं, बहुत।
**अथू** *सर्व०* यह, यह चीज, यह बात।
**अदंक** *पु०* आतंक, भय।
**अददियाह** *वि०* कमजोर।
**अदबद** *पु०* कड़ी या अभद्र बात, गाली।
**अदबद के/अदबदाइ (के)** *क्रि०वि०* रह-रह कर, हठ करके, अवश्य।
**अदरख** *पु०* अदरक, दवा, चटनी, अचार के रूप में प्रयुक्त।
**अदरा** *पु०* आर्द्रा नक्षत्र।
**अदहन** *पु०* भोजन बनाने के लिए गर्म किया जाने वाला जल।
**अदहन दीहल** *अक०* भोजन पकाने का पानी गर्म होने के लिए रखना।
**अदलई-बदलई** *पु०* आदान-प्रदान, अदला-बदली।
**अदवरी** *स्त्री०* उड़द आदि के दाल के बेसन की बरी।
**अदालति** *स्त्री०* अदालत।
**अदावति** *स्त्री०* शत्रुता, बैर, द्वेष।
**अदिमी** *पु०* आदमी, *उदा०* 'अदमी ना हवे, बागड़ हवे'।
**अदित** *पु०* आदित्य, रविवार।
**अदिस्ट** *पु०* दुर्भाग्य।
**अदिस्टी** *वि०* अदूरदर्शी, अभागा।
**अदीठ** *वि०* [सं० अदृष्ट] न देखा हुआ, छिपा हुआ।
**अदौरी** *स्त्री०* उर्द की सुखाई बरी।
**अध** *वि०* आधा।
**अधकचू** *वि०* अधपका, अपक्व, अकुशल।
**अधकपारी** *स्त्री०* [सं०] आधे सिर में होने वाला दर्द।
**अधजल** *वि०* आधी भरी हुई। *उदा०* 'अधजल गगरी छलकत जाय'।
**अधपेटा** *वि०* आधा पेट खाया हुआ।
**अधमरू/अधमूअल** *वि०* अर्द्धमृत।
**अधवा** *वि०* आधा, अर्द्ध।
**अधसेरा** *पु०* आधे सेर का बाट।
**अधिकई** *स्त्री०* अति करना (बुरे अर्थ में)।
**अधिका** *वि०* अधिक, *कहा०* 'अधिका जोगी मठ उजार'।
**अधिकार** *पु०* अधिकार।
**अधिकाह** *वि०* अधिक, अधिकवाला।
**अधिया** *वि०* आधा।
**अधियापक** *पु०* [सं०] शिक्षक, गुरु, उपदेष्टा।
**अधियापकी** *स्त्री०* शिक्षण, अध्यापन।
**अधियाय** *पु०* [सं०] पाठ, सर्ग, परिच्छेद।
**अधियार** *पु०* [सं०] आधे का हिस्सेदार।
**अधियावल** *सक०* आधा करना, आधा हिस्सा बाँटना।
**अधेड़** *वि०* आधी उम्र का, ढलती उम्र का।
**अधेला** *पु०* पैसे का आधा।
**अधेली** [सं०] एक पुराना सिक्का।
**अन्** *उप०* नहीं के अर्थ में प्रयुक्त उपसर्ग।

**अनकर** *वि०* दूसरे का, पराया, *कहा०* 'अनकर आस परे उपास आपन आस कर विलास'।

**अनकस/अनकुस** *वि०* अस्वाभाविक तथा कष्टप्रद।

**अनकस बरल** *सक०* अस्वाभाविक वस्तु के चलते कष्टदायक प्रतीत होना।

**अनका** *वि०* अन्य के, दूसरे के। *कहा०* 'अनका धन पर विकरम राजा'।

**अनख** *पु०* क्रोध, ग्लानि, डाट, जलन।

**अनखाती** *वि०* कुछ नहीं या थोड़ा खाने वाला, *कहा०* 'अनखाती बहुरिया के तीन बेर कलेवा'।

**अनखुला** *वि०* जो खुला न हो, अज्ञात कारण।

**अनगढ़** *वि०* बिना गढ़ा हुआ, टेढ़ा-मेढ़ा, बेडौल।

**अनगन** *वि०* अनगिनत, *उदा०* 'अनगन भाँति करी बहुलीला जसुदानंद निबाही'। *—सूरदास*

**अनगराहित** *वि०* अनुपयोगी, उपेक्षित, अनादृत।

**अनगिनत** *वि०* असंख्य, बेहिसाब, अगणित।

**अनगिनित** *वि०* दे० अनगिनत।

**अनगुताह** *पु०* प्रात:काल।

**अनगुते** *क्रि०वि०* सुबह के समय।

**अनघा** *वि०* अत्यधिक, बहुत।

**अनचितल** *क्रि०वि०* अचानक।

**अनचिन्हल** *वि०* बिना पहचाना हुआ।

**अनचिन्हार** *वि०* अजनबी, बिना पहचाना हुआ।

**अनचेतल** *क्रि०वि०* अचानक, बिना चेत किये, बिना जाने, अनजाने।

**अनजानल** *वि०* अनजान।

**अनजोखल** *वि०* बिना तौला हुआ।

**अनट कइल** *अक०* बदमाशी करना।

**अनटी** *वि०* नटखट, बदमाश।

**अनठेकान** *वि०* बिना पता-ठिकाने का।

**अनदिना** *क्रि०वि०* अन्य दिन, गलत समय पर।

**अन धन** [सं०] अन्न धन, *कहा०* 'अन धन अनेक धन, सोना-रूपा कतेक धन'।

**अननिहार** *पु०* लाने वाला।

**अनन्न** *पु०* आनन्द।

**अनपट** *क्रि०वि०* अत्यधिक।

**अन पानी** *पु०* अन्न जल।

**अनबोलता** *वि०* जो बोल न सकता हो—बच्चे, पशु इत्यादि।

**अनभल** *वि०* बुराई।

**अनमन** *वि०* हू-बहू।

**अनमना** *पु०* बहाना, मनबहलाव का साधन, उदास, खिन्न।

**अनमनाह** *क्रि०वि०* बिमारी जैसा।

**अनमुन्हइले** *क्रि०वि०* हड़बड़ी में सोकर उठते हुए।

**अनमुन्हार/ अन्हमुन्हार** *क्रि०वि०* सुबह के पहले का अन्धकारमिश्रित प्रकाश।

**अनरथ** *पु०* अनर्थ।

**अनरस** *पु०* बिना रस का, रसहीन।

**अनरसा** *पु०* एक मिठाई का नाम।

**अनराज** *वि०* नाराज।

**अनसाइल** *क्रि०* खिन्न होना।

**अनसुनी** *वि०* अश्रुत, न सुना हुआ।

**अनसोहाँत** *वि०* नापसन्दगी का, अपने आप।

**अनहोनी** *वि०* अनहोनी, अलौकिक घटना।

**अनाचार** *पु०* कदाचार।

**अनाचारी** *वि०* दुराचारी।

**अनाज** *पु०* अन्न।

**अनाथ** *वि०* असहाय, दीन।

**अनादर** *पु०* तिरस्कार।

**अनाप-सनाप** *पु०* निरर्थक।

**अनार** *पु०* पौष्टिक फल।

**अनारस** *पु०* अन्नानास।

**अनासहूँ** *क्रि०वि०* अनायास भी।

**अनासे** *क्रि०वि०* अनायास।

**अनाहार** *पु०* [सं०] भोजन-त्याग।

**अनाहूत** *वि०* अनिमन्त्रित।

**अनीति** *स्त्री०* अन्याय।

**अनु** *उप०* सामीप्यबोधक।

**अनुचर** *पु०* सेवक।

**अनुवाद** *पु०* भाषान्तर।

**अनेति** *स्त्री०* अनीति, अन्याय।

**अनेरिया/अनेरिहा** *वि०* बेकार, निरर्थक, *कहा०* 'अनेरिया गाय के राम रखवार'।

**अनेसा** *स्त्री०* अन्देशा, आशंका।

**अनोर** *वि०* अधिक।

**अन्साइल** *अक०* खिन्न होना, नापसन्द करना।

**अन्ह** *क्रि०वि०* ओझल।

**अन्ह कइल** *अक०* आँख से ओझल करना।

**अन्हड़** *पु०* आँधी, गर्द गुब्बारवाली तेज हवा।

**अन्हरिया** *स्त्री०* अन्धेरी रात, कृष्ण पक्ष। *कहा०* 'अन्हरिया घरे साँपे साँप'।

**अन्हार** *पु०* अन्धकार, कृष्ण पक्ष, 'अन्हार घरे भूत के डेरा'।

**अन्हुआइल** *क्रि०* तत्काल सोकर उठने की स्थिति में होना, पूरा होश न होना।

**अन्हेर** *वि०* अन्धेर, व्यवस्था एवं न्याय का अभाव, *उदा०* 'अन्हेर नगरी, चौपट राजा' लोक०।

**अपनायत** *स्त्री०* आत्मीयता।

**अपनावल** *क्रि०* अपनाना।

**अपने** *सर्व०* स्वत:, निजका, आप, *कहा०* 'अपने पांडे बैगन खाय दुसरा के परबोध बताय'।

**अपरम्पार** *वि०* अपरम्पार।

**अपरस** *पु०* चर्मरोग।

**अपसोस** *पु०* अफसोस।

**अपार** *वि०* [सं०] असीम, असंख्य।

**अपावन** *वि०* [सं०] अपवित्र।

**अपेल** *वि०* अटल, अकाट।

**अफड़ल** *अक०* अधिक भोजन करने से वायुविकार के चलते पेट फूल जाने का अनुभव करना।

**अफतरा परल** *क्रि०* संकट में पड़ना।

**अफनाइल** *अक०* जल्दीबाजी करना, उत्सुक होना।

**अफरात** *वि०* बहुत, बेहिसाब।

**अफवाह** *स्त्री०* [अ०] गप्प, उड़ती खबर, 'अफवाहें सुनना नहीं, सुनना तो मानना नहीं' —**गाँधी**।

**अब** *अव्य०* इस समय, फिलहाल, आगे से। **-का** वर्तमान काल का, आधुनिक। **-की** इस बार, अगली बार। **-जाके** इतनी देर बाद। **-से** आगे से। **-तब भइल** *मुहा०* मरणासन्न होना।

**अबटन** *पु०* उबटन।

**अबटल** *सक०* उबटन लगाना।

**अबर/अब्बर** *वि०* कमजोर, *कहा०* 'अबर के मेहरारू, गाँव भर के भउजाई'।

**अबगे** *क्रि०वि०* अभी।

**अबले** *क्रि०वि०* अब तक।

**अबहिंए/अबहीं** *क्रि०वि०* अभी ही, अभी।

**अबहूँ/अबहुओं** *क्रि०वि०* अभी भी।

**अबाद** *वि०* बोई रोपी हुई जमीन।

**अबो/अब्बो** *क्रि०वि०* अभी भी।

**अबीर** *पु०* अबीर।

**अबेर** *क्रि०वि०* देर।

**अभच्छ** *वि०* न खाने लायक।

**अभल** *वि०* भला नहीं, खराब।
**अभाग** *पु०* अभाग्य, भाग्यहीनता, *कहा०* 'अभागा गइल ससुरार तऽ ओतहू मट्ठा भात'।
**अभिलाख** *स्त्री०* अभिलाषा, इच्छा।
**अभेआस** *पु०* अभ्यास।
**अभै** *वि०* अभय।
**अभोग** *पु०* [सं०] भोग का अभाव।
**अमंगल** *वि०* [सं०] अशुभ, अकल्याण-कर।
**अमंद** *वि०* [सं०] तेज, सुस्त नहीं, सुन्दर।
**अमचुर** *पु०* आम को सुखाकर पीसा हुआ चूरन।
**अमझोरा** *पु०* आम को आग में पका कर बनाया गया शर्बत।
**अमड़ा** *पु०* एक प्रकार का खट्टा फल, आमले की जाति का तथा उससे बड़ा।
**अमरख** *पु०* अमर्ष, क्रोध, क्षोभ।
**अमरस** *पु०* अमावट, आम का रस।
**अमराई** *स्त्री०* आम का बगीचा।
**अमल** *पु०* [अ०] काम, क्रिया, व्यवहार, नशा। **-दखल** *पु०* कब्जा दखल। **-दरामद** *पु०* जाब्ता कारवाई। **-दारी** *स्त्री०* राज्य, अधिकार। **-पट्टा** *पु०* कार्य हेतु दिया गया अधिकार-पत्र।
**अमलतास** *पु०* एक पेड़ जिसके फूल, फल, बीज सब दवा के रूप में प्रयुक्त होते हैं।
**अमवसा** *स्त्री०* अमावस्या।
**अमाइल** *अक०* अटना, प्रवेश करना।
**अमानति** *स्त्री०* अमानत।
**अमावट** *पु०* अमावट, पके आम के रस को सुखाकर बनाया गया खाद्य पदार्थ।
**अमावस** *स्त्री०* दे० 'अमवसा'।
**अमीन** *पु०* भूमि की नाप-जोख करने वाला।
**अमोला** *पु०* आम के छोटे पौधे।
**अमोला भइल** *मुहा०* (चेहरा) पीला पड़ना, चिन्ता या डर से।
**अम्हउरी** *स्त्री०* गर्मी के कारण निकली हुई छोटी छोटी फुंसियाँ, घमौरी।
**अयगुन** *पु०* अवगुण।
**अरकल** *अक०* खेत में दरार पड़ना।
**अरकी** *वि०* नया-नया, *कहा०* 'अरकी के धिया, दुअरिये खाढ़ि'।
**अरगन-परगन** *पु०* परिवार कुटुम्ब के लोग।
**अरज** *पु०* आग्रह, प्रार्थना।
**अरजा** *पु०* पनहा, वस्त्र की चौड़ाई।
**अरघ** *पु०* अर्घ्य, सूर्य आदि को जल का तर्पण।
**अरघ दीहल** *सक०* अर्घ्य देना, तर्पण करना।
**अरज गरज** *पु०* अर्ज-गर्ज, दुःख-दर्द सुनाना।
**अरथ** *पु०* अर्थ; द्रव्य।
**अरथावल** *सक०* समझाकर कहना।
**अरथी** *स्त्री०* शव ढोने की टिकठी।
**अरदुआइ** *पु०* आयु, उम्र।
**अरपल** *सक०* अर्पण करना।
**अरबराइल** *अक०* घबड़ाना।
**अरमान** *पु०* [फा०] लालसा।
**अरर-** विस्मयबोधक अव्यय।
**अरराके** *क्रि०वि०* बिना सम्भले हुए गिरना।
**अरवा** *पु०* बिना उबाले हुए धान को कूटकर बनाया हुआ चावल।
**अराम** *पु०* आराम, बाग।
**अरार** *पु०* नदी का ऊँचा किनारा।
**अरिया** *स्त्री०* मेंड़, मेंड़ से लगे हुए केत का किसान।
**अरियाइल** *सक०* लड़ने-झगड़ने के ळिए उछल-कूद करना।

**अरी** *अव्य०* स्त्रियों के लिए व्यवहृत सम्बोधन।
**अरूई** *पु०* एक प्रकार का कन्द, जिसकी सब्जी बनती है।
**अरूआइल** *क्रि०* बासी खाद्य पदार्थ का खराब होना।
**अरूझल** *क्रि०* उलझना।
**अर्रछो/अरहे** *पु०* भैंसा पुकारने का शब्द।
**अर्हावल** *सक०* किसी को कोई काम करने के लिए कहना।
**अलंग** *पु०* हिस्सा, भाग, किनारा, तरफ।
**अलकतरा** *पु०* कोलतार।
**अलख** *वि०* [सं० अलक्ष्य] नहीं दिखाई देने वाला।
**अलग** *वि०* [सं० अलग्नः] पृथक्।
**अलगल** *वि०* उभरा हुआ, उठा हुआ।
**अलगरजी** *वि०* अलगर्ज, बेफिक्र।
**अलगा** *वि०* अलग। **-बिलगी** *पु०* बँटवारा।
**अलगावल** *सक०* किसी के बोझ उठाने में मदद करना।
**अलगिया** *पु०* अलगौझा के बाद का हिस्सेदार।
**अलचार** *वि०* लाचार।
**अलम** *पु०* अवलम्ब।
**अलमगंज** *क्रि०वि०* अत्यधिक मात्रा में (होना)।
**अलवातिन** *स्त्री०* जच्चा।
**अलवारि** *पु०* मकान का हिस्सा या खण्ड।
**अलसाइल** *अक०* आलस्य का अनुभव करना, आलस्य होना।
**अलाइ बलाइ** *स्त्री०* बेकार की चीजें।
**अलुआ** *पु०* आलूकन्द, शकरकन्द।
**अलोत/अलोता** *क्रि०वि०* आड़ में, परोक्ष, ओट में।
**अलोपित** *वि०* लुप्त, गायब।
**अवँरा** *पु०* आमलकी, आँवला।
**अवकाति** *स्त्री०* सामर्थ्य, औकात।
**अवघड़** *पु०* औघड़।
**अवघड़दानी/अवढरदानी** *पु०* भगवान् शिव।
**अवजार** *पु०* औजार।
**अवरी/अउरी** *वि०* और।
**अवाजि** *स्त्री०* आवाज।
**अवतार** *पु०* अवतार।
**अवाँसल** *सक०* नए बर्तन को पहले पहल काम में लाना।
**अवार-जवार** *पु०* इलाका क्षेत्र।
**अस** *वि०* ऐसा, के जैसा, इस प्रकार।
**असक** *वि०* असमर्थ, शक्तिहीन, कमजोर।
**असकत** *पु०* दे० 'असकति'।
**असकति** *पु०* आलस्य।
**असकती/असकतिहा** *पु०* आलसी।
**असकतिआइल** *अक०* आलस करना।
**असकतिआह** *वि०* आलसी।
**असकती** *वि०* आलसी।
**असगर** *पु०* अकेला, *कहा०* 'असगर जनिया तैं पदमिनिया'।
**असगुन** *पु०* अमंगल।
**असथावर** *वि०* स्थायी।
**असथिर** *वि०* स्थिर।
**असनान** *पु०* स्नान।
**असरा** [सं०] आसरा।
**असल** *वि०* अस्ल, वास्तविक।
**असवार** *पु०* सवार।
**असवारी** *स्त्री०* पालकी, सवारी, वाहन।
**असहीं** *क्रि०वि०* ऐसे ही।
**असपताल** *पु०* अस्पताल, चिकित्सा-लय।
**असपरस** *पु०* [सं० स्पर्श] छूना, छूने का भाव।
**असबाब** *पु०* [अ०] सामान। **-माल** *यौ०* धन दौलत।

**असभ** *वि०* [सं० असभ्य] अशिष्ट।
**असमंजस** *पु०* [सं०] दुविधा।
**असमान** *पु०* दे० 'आसमान'।
**असर** *पु०* [अ०] प्रभाव।
**असरफी** *पु०* अशर्फी, *कहा०* 'असरफी के लूट कोइला पर छापा'।
**असरेसा** *पु०* आश्लेषा नक्षत्र, *कहा०* 'असरेसा माघा रोप, घने बान्हे तोप'।
**असामी** *पु०* आसामी, रैयत, काश्तकार।
**असीस** *पु०* आशीर्वाद।
**असों** *क्रि०वि०* इस वर्ष, इस साल।
**अस्सी** *वि०* अस्सी, 80, *कहा०* 'अस्सी चुटकी नब्बे ताल, तब जाने खैनी के हाल'।
**अहंकार** *पु०* गर्व, घमण्ड, *मुहा०* 'थोथा चना, बाजे घना'।
**अहक-अहकल** *अक०* आहें भरना, तीव्र लालसा की पूर्ति न होने से दुःख पाना।
**अहको डहको** *क्रि० वि०* फूट-फूट कर (रोना)।
**अहगरल** *अक०* परचना, उत्साह से भर जाना।
**अहजह** *पु०* असमंजस।
**अहथिर** *वि०* स्थिर, शान्त।
**अहदी** *पु०* आलसी।
**अहम** *वि०* [अ०] महत्त्वपूर्ण, अत्यावश्यक।
**अहमक** *वि०* [अ०] मूर्ख, जड़।
**अहर** *पु०* (आहर) जलाशय।
**अहरा** *पु०* जलसंग्रह के लिए बँधा बाँध, जलाशय; उपलों की आग का ढेर।
**अहवल** *अक०* किसी बात से आघात मिलना।
**अहस लागल** *अक०* झिझकना।
**अहा** *अव्य०* हर्ष, विस्मयसूचक उद्‌गार।
**अहारल** *सक०* लोहार द्वारा बैडोल लकड़ी को छीलकाट कर उपयोगी बनाना।
**अहिवात** *स्त्री०* सौभाग्य, सुहाग।
**अहिवाती** *स्त्री०* सौभाग्यवती, सधवा।
**अहीर** *पु०* [सं० आभीर] गोप, यादव हिन्दुओं की एक जाति जिसका पेशा पशु-पालन है। **-गोआर** *यौ०* [सं० ग्वाल] ग्वाला।
**अहुनल** *अक०* किसी बरतन का उलट जाना; मुँह नीचे और पीठ ऊपर करके लेटना।
**अहुने-महुने** *क्रि०वि०* उल्टी-पल्टी स्थिति में।
**अहुला** *पु०* बोझ।
**अहेर** *पु०* [सं० आखेट:] शिकार।
**अहेरी** *पु०* शिकारी।
**अहो** *अव्य०* हे, अरे।
**अहोभाग** *अव्य०* अहोभाग्य।
**अहोरा-बहोरा** *पु०* ब्याह या गौने में दुलहिन का ससुराल जाकर उसी दिन वापस आना।

❑

# आ

**आ** देवनागरी वर्णमाला का दूसरा स्वर, 'अ' का दीर्घ रूप।

**आँ** *अव्य०* विस्मयबोधक शब्द।

**आँउस** *पु०* एक तरह का भदई धान।

**आँक** *पु०* अंक, अदद, अक्षर; अँकबार।

**आँकड़** *पु०* कंकड़ का बड़ा टुकड़ा।

**आँकड़ा** *पु०* अंक; हुक; पशुओं की एक बीमारी।

**आँकल** *सक०* कूतना; अन्दाज लगाना।

**आँकुस** *पु०* अँकुश, रोक, नियन्त्रण।

**आँख** *स्त्री०* आँख, *कहा०* 'आँख होखे चार, तऽ मन में जगे पियार'।

**आँखर** *पु०* बिना जुता खेत।

**आँखि** *स्त्री०* [सं० अक्षि] नेत्र; गाँठ से फूटने वाली पहली कली। **-आइल** *मुहा०* आँख में लाली और पानी की बीमारी। **-उठल** *मुहा०* नेत्र रोग होना। **-चार भइल** *मुहा०* प्यार होना। **-देखावल** *मुहा०* धमकाना। **-पर चढ़ल** *मुहा०* कुदृष्टि होना, बैर भाव होना। **-बइठल** *मुहा०* अन्धा होना। **-मटकावल** *मुहा०* इशारा करना। **-में गड़ल** *मुहा०* खटकना। **-लागल** *मुहा०* प्रेम होना; नींद आना, *कहा०* 'आँख के अन्धा गाँठ के पूरा', 'आँख देखी साखी पूछीं'।

**आँगछ** *पु०* मंगल या अमंगलप्रद वैयक्तिक लक्षण, भाग्य, शुभ लक्षण।

**आँचर** *पु०* आँचल, साड़ी का छोर।

**आँचि** *स्त्री०* आग की गर्मी, आँच।

**आँजन** *स्त्री०* [सं०] अंजन, *कहा०* 'आंजन ना सहाई, आँख के गइल सहाई'।

**आँजल** *सक०* अंजन लगाना।

**आँजुर** *स्त्री०* [सं०] अँजुरी की माप।

**आँट** *स्त्री०* अँदाज; शत्रुता।

**आँटल** *अक०* पूरा पड़ना; अँट जाना; काम आना।

**आँटी** *पु०* पुआल आदि का बण्डल।

**आँटे** *क्रि०वि०* लगभग आस-पास।

**आँठी** *स्त्री०* गुठली।

**आँत** *स्त्री०* अँतड़ी।

**आँतर** *पु०* खेत जोतते समय बैल के एकबार घूम सकने लायक स्थान।

**आँधर** *वि०* अन्धा। *लोको०* 'आँधर गुरु बहिर चेला, माँगे गुड़ लियावे ढेला'।

**आँवा** *पु०* कुम्हार के बर्तन पकाने का स्थान।

**आँहड़** *पु०* पशुओं के शरीर का वह भाग जिसमें दूध जमा रहता है।

**आँहुड़** *पु०* व्यग्र। **-काटल** *मुहा०* व्यग्र होना।

**आ** *अव्य०* और, अथवा।

**आइल** *अक०* आना, *वि०* आया हुआ, *कहा०* 'आइल बानी गवने बानी संकोचल'।

**आइल-गइल** *पु०* आवागमन, आना जाना।

**आई माई** *स्त्री०* माँ-दादी, *कहा०* 'आई-माई के सेनुर ना, बिलाई के भर माँग'।

**आउर** *क्रि०वि०* और, और अधिक।

**आकास** *पु०* आकाश, स्वर्ग।

**आकास बँवरि** *स्त्री०* एक प्रकार की परोपजीवी लता।

**आकि** *अव्य०* या, अथवा।

**आखा** *स्त्री०* बैल; घोड़े की पीठ पर अनाज लादने की थैली।

**आखाड़ल** *सक०* सींग से पशुओं का जमीन कोड़ना, गहरी जुताई करना।

**आखिर** *पु०* [अ०] अन्त। *कहा०* 'आखिर बार, बेड़ा पार'।

**आग-पाछ** *पु०* असमंजस; आगे-पीछे; शुभ-अशुभ।
**आगा** *क्रि०वि०* सामने, आगे, पहले। *कहा०* 'आगा नाथ ना पाछा पगहा'।
**आगि** *स्त्री०* अग्नि, आग। *कहा०* 'आगि लागल बेढ़ा पड़ल'। **-दिहल** *मुहा०* अन्तिम संस्कार करना।
**आगिल** *वि०* [सं० अग्र] जो पहले सम्पन्न हुआ हो। *लोको०* 'आगिल खेती आगे-आगे पाछिल खेती भागे जोगे'।
**आगु** *क्रि०वि०* आगे।
**आगे** *क्रि०वि०* पहले, पूर्व समय में, सामने, इसके बाद। उदा० 'आगे नाथ न पीछे पगहा'।
**आचार** *पु०* [फा०] मसाला लगा तेल में रखे कच्चे फल के टुकड़े।
**आछा** *वि०* अच्छा, स्वीकृतिबोधक।
**आजा** *पु०* दादा, पितामह।
**आजी** *स्त्री०* दादी, पितामही।
**आजु** *क्रि०वि०* आज, *कहा०* 'आजु के बबुई, काल्ह के नानी'।
**आजु-काल्हु** *क्रि०वि०* आज-कल।
**आड़** *स्त्री०* ओट, परदा; सहारा, बहाना। **-कइल** *क्रि०* परदा करना, ओट में होना। **-भेंटाइल** *मुहा०* आश्रय मिलना।
**आड़ल** *अव्य०* रोकना, बर्दाश्त करना; समर्थ होना।
**आढ़ा** *पु०* दो सेर आठ छटाँक की तौल।
**आतमा** *पु०* [सं० आत्मन्] मन, जीव, स्वयम्। **-कुटुम** *पु०* [सं० कुटुम्ब] नाते-रिश्तेदार। **-राम** *पु०* तोते हेतु सम्बोधन; आत्मज्ञानी।
**आतुर** *वि०* [सं०] व्याकुल, बेचैन, उत्सुक। उदा० 'आतुर के चित रहे न चेतू पुनि-पुनि कहेउ आपने हेतू'।
**आद** *वि०* [सं० आदि:] आरम्भ; प्रधान, मूल।
**आदत** *स्त्री०* [अ०] स्वभाव, अभ्यास, व्यसन।
**आदमी** *पु०* [अ०] मनुष्य; मानव-जाति; नौकर; पति।
**आदर** *पु०* [सं०] सम्मान, इज्जत।
**आदाब** *पु०* [अ०] सलाम, प्रणाम, नमस्ते।
**आदि-औलाद** *स्त्री०* सन्तति।
**आधा** *वि०* आधा। *कहा०* 'आधा तजे पंडित, सर्बस तजे गँवार'।
**आधार** *पु०* भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी पहचान-पत्र
**आधि-राति** *स्त्री०* अर्द्धरात्रि।
**आन** *सर्व०* अन्य, दूसरा। *कहा०* 'आन के मरिचा पाई तऽ आँखो में लगाईं'।
**आनल** *सक०* ले आना।
**आन्ही** *स्त्री०* आँधी। *कहा०* 'आन्ही के आगे बेना के बतास'।
**आन्ही-पानी** *स्त्री०* आँधी-वर्षा; धूल भरी अन्धड़।
**आप** *सर्व०* आप, स्वयं, खुद।
**आपन** *सर्व०* अपना, *कहा०* 'आपन पगड़ी अपने हाथ'।
**आपनवाली** *स्त्री०* अपनी, निज की।
**आपा** *पु०* घमण्ड, अहंकार।
**आपुस** *पु०* आपस की।
**आफति** *स्त्री०* आफत, विपत्ति, कष्ट।
**आब** *स्त्री०* [फा०] रौनक, पानी, रौब।
**आबपासी** *स्त्री०* सिंचाई।
**आबरू** *स्त्री०* [फा०] प्रतिष्ठा, इज्जत।
**आबा-काबा** *पु०* विशेष पोशाक जैसे वकील का, नर्स का।
**आबारा** *पु०* आवारा।
**आभा** *अव्य०* अथवा; प्रभा।
**आम** *पु०* [सं० आम्रम्] रसाल।

**आमद** *स्त्री०* [फा०] आय। *उदा०* 'खुशामद से ही आमद है'।
**आमने-सामने** *क्रि०वि०* समक्ष।
**आमा** *स्त्री०* सास, माँ।
**आरँबो-ऐ जी**—एक सम्बोधन।
**आरि/आरि डँड़ार** *पु०* मेंड़।
**आलम** *स्त्री०* भीड़।
**आल्हर** *वि०* कोमल।
**आल्हा** *पु०* एक वीर पुरुष का नाम, उसकी प्रशंसा के गीत, *कहा०* 'आल्हा ना लोरिकायन दुनो साँझ रमायन'।
**आवाजाही** *पु०* आवागमन, आना-जाना।
**आश्विन** *पु०* कुआर का महीना।
**आसन** *पु०* आसन।
**आसन आइल** *मुहा०* आगमन होना।
**आसनी** *स्त्री०* [सं०] वह उपकरण (कुश की चटाई या कम्बल का टुकड़ा) जिस पर बैठकर पूजा होती है।
**आस-पास** *क्रि०वि०* [सं० आसन्न-पार्श्व:] निकट; चारों ओर; अगल-बगल; इधर-उधर।
**आसमान** *पु०* [फा०] आकाश, देवलोक।
**आसमानी** *वि०* [फा०] आसमान का, आसमान के रंग का, हल्के नीले रंग का।
**आसरम** *पु०* [सं० आश्रम:] साधु-सन्तों के रहने का स्थान, पवित्र स्थान।
**आसरा** *स्त्री०* सहारा।
**आसरे** *पु०* [सं० आश्रय:] जाति।
**आसा** *स्त्री०* [सं० आशा] उम्मीद, भरोसा। **-तिसना** *स्त्री०* [सं० तृष्णा] कामना रखने वाला।
**आसान** *वि०* [फा०] सहज, सरल, सुविधाजनक।
**आसानी** *स्त्री०* [फा०] सरलता, सुगमता।
**आसापत** *स्त्री०* [सं० आशावती] गर्भवती स्त्री।
**आसाम** *पु०* भारत की पूर्वोत्तर सीमा पर स्थित एक राज्य।
**आसा-सोंटा** *पु०* बारात में प्रयुक्त सोने या चाँदी का दण्ड।
**आसिख** *पु०* [सं० आशीष्] सौभाग्यवती स्त्रियों द्वारा विवाह के समय वर-वधू को दिया गया आँचल का धागा।
**आसिन** *पु०* [सं० आश्विन] एक महीना जब वर्षा ऋतु का अन्त होता है, क्वार का महीना।
**आसिरबाद** *स्त्री०* दे० 'आसीस'।
**आसीस** *स्त्री०* आशीर्वाद।
**आसुर** *वि०* [सं०] असुर का, ईश्वरीय, दैवी।
**आसुरी** *स्त्री०* [सं०] असुर स्त्री, दानवी।
**आसौं** *अव्य०* इस वर्ष।
**आस्तिक** *वि०* [सं०] ईश्वर और परलोक को मानने वाला, धर्मनिष्ठ।
**आस्ते** *अव्य०* धीरे-धीरे, आहिस्ता।
**आस्था** *स्त्री०* [सं०] आदर, विश्वास।
**आस्फोट** *पु०* [सं०] ताल ठोकने की आवाज।
**आह** *अव्य०* क्लेश, शोक, वेदना, 'निकल मत बाहर दुर्बल आह, लगेगा तुझे हँसी का शीत' -जयशंकर प्रसाद। **-खींचल** *मुहा०* आह भरना, कलपना। **-पड़ल** *मुहा०* शाप पड़ना; रुलाने का फल मिलना। **-भरल** *मुहा०* आह खींचना, कलपना।
**आहाँ** *स्त्री०* दुहाई, पुकार, निषेधसूचक शब्द।
**आहा** *अव्य०* हर्ष, आश्चर्य, अहाहा।
**आहूत** *वि०* [सं०] बुलाया, पुकारा।
**आह्वान** *पु०* [सं०] पुकारना, बुलाना; देवताओं का आवाहन।

❑

# इ

**इ** देवनागरी वर्णमाला का तीसरा स्वर वर्ण, इसका उच्चारण स्थान तालु है।

**इंक** *स्त्री०* [अं०] रोशनाई; स्याही।

**इँकड़ा** *पु०* छोटा कंकड़, मिट्टी के फूटे बर्तनों के छोटे-छोटे टुकड़े।

**इंगुर** *पु०* लाल रंग का खनिज पदार्थ जिसे सुहागिनी बिन्दी के रूप में माथे पर लगाती हैं। *कहा०* 'इंगुर सेनुर काहे लइलऽ, गुड़ लइतऽ तऽ चटतीं'।

**इँजोर** *पु०* प्रकाश।

**इँजोरिया** *पु०* शुक्ल पक्ष, चाँदनी।

**इआ** *स्त्री०* दादी।

**इआर** *पु०* मित्र।

**इआरी** *स्त्री०* मित्रता। *कहा०* 'इआरी पिआरी सरकन मुंजिआरी'।

**इकसल** *अक०* निकलना।

**इकेला** *वि०* अकेला।

**इकोतर** *वि०* एक अधिक, एकोत्तर। **-सौ०** *वि०* एक सौ एक।

**इतवार** *पु०* रविवार।

**इति** *अव्य०* [सं०] अन्त, समाप्ति।

**इतिहास** *पु०* वृत्तान्त।

**इत्र** *पु०* [अ०] अत्तर।

**इधर** *क्रि०वि०* [सं० अत्र] यहाँ, इस तरफ।

**इन** *सर्व०* इस।

**इनवर्टर** *पु०* [अ०] अल्पकालिक विद्युत् प्राप्ति का उपकरण।

**इनसान** *पु०* [अ०] आदमी, मनुष्य।

**इनसानियत** *स्त्री०* मनुष्यता।

**इनाम** *पु०* पुरस्कार।

**इमरती** *स्त्री०* एक प्रसिद्ध मिठाई।

**इमली** *स्त्री०* एक पेड़ और उसका फल जो चटनी अँचार के काम आता है। **-घोंटावल** *मुहा०* विवाह में एक रस्म जो वर-वधू के मामा को करनी होती है।

**इरादा** *पु०* [अ०] इच्छा, संकल्प, विचार।

**इलाका** *पु०* [अ०] क्षेत्र; रियासत; किसी अधिकारी का अधिकृत क्षेत्र।

**इलाज** *पु०* [अ०] रोग का उपचार, समस्या का समाधान।

**इलायचीदाना** *पु०* चीनी और चौरठ से बनी एक मिठाई।

**इलिम** *पु०* [अ० इल्म] ज्ञान; विद्या; हुनर; तरकीब।

**इसकूल** *पु०* [अं० स्कूल] पाठशाला, विद्यालय।

**इसटाम** *पु०* [अं० स्टैम्प] कागजों या दस्तावेजों पर लगाया जाने वाला टिकट या टिकट लगा सरकारी कागज; मुहर।

**इसटिशन** *पु०* [अं० स्टेशन] रेलगाड़ियों के रुकने की जगह।

**इसतिरी** *स्त्री०* [सं०—स्त्री] नारी, औरत; कलफ करने की मशीन; लोहा।

**इसतीपा-इसतीफा** *पु०* [अ० इस्तीफा] त्याग-पत्र।

**इसदोआ** *पु०* प्रार्थना, अर्ज।

**इसपात** *पु०* फौलाद, पक्का लोहा।

**इसरउल** *पु०* एक प्रकार की वनौषधि जो वातरोग में प्रयुक्त होती है।

**इसरा** *पु०* [अ० इशारः] संकेत, सैन; संक्षिप्त कथन।

**इसलेट** *पु०* [अं० स्लेट] एक प्रकार के हल्के काले पत्थर का चौकोर टुकड़ा, जिस पर लिखा जाता है; लेखनपट्ट।

**इसाई** *वि०* [फा०] ईसा से सम्बन्धित, ईसाई धर्म मानने वाला।

**इसिक** *पु०* [अ० इश्क] प्रेम; शौक।

**इसिकी** *वि०* किसी कला का विशेष शौक रखने वाला।

**इस्तमरारी** *स्त्री०* निश्चित कर की शर्त पर भूमि जोतने वाला आसामी।

**इस्तमाल** *पु०* [अं० इस्तेमाल] प्रयोग, उपयोग।

**इस्तिया-इस्तिफा** *स्त्री०* इस्तीफा, त्याग-पत्र।

**इस्तीफा** *पु०* [अ०] त्यागपत्र।

**इस्तेमाल** *पु०* [अ०] उपयोग।

**इह** *अव्य* यहाँ, इस जगह, इस लोक में। **-काल** *पु०* यह जीवन। **-लीला** *स्त्री०* इस लोक का जीवन। **-लोक** *पु०* यह जीवन।

**इहवाँ** *क्रि०वि०* [सं० इह] इसी जगह, यहीं।

**इहवें** *क्रि०वि०* इसी स्थान पर।

**इहसान** *पु०* [अ०] नेकी, भलाई। **-फरामोस** *वि०* कृतघ्न। **-मंद** *वि०* कृतज्ञ, ऋणी।

**इहाँ** *क्रि०वि०* यहाँ, इस जगह।

**इहाँ का** *सर्व०* 'इ' का आदरसूचक रूप, ये।

**इहे** *सर्व०* यही।

**इहो** *सर्व०* यह भी।

❑

# ई

**ई** देवनागरी का चौथा स्वर वर्ण। 'इ' का दीर्घ रूप।

**ईकर** *पु०* [सं० इक्कर] पान की लता का आधार स्तम्भ।

**ईखन** *पु०* झूलना, चक्कर खाना।

**ईंगुर** *पु०* कूटा हुआ जौ।

**ईङ्गुर** *पु०* एक प्रकार का बारीक सिन्दूर।

**ई** *सर्व०* यह।

**ईख** *स्त्री०* गन्ना, ऊख।

**ईजति** *स्त्री०* इज्जत।

**ईट** *पु०* ताश के पत्तों का एक प्रकार।

**ईटा** *पु०* [सं० इष्टका] साँचे से तैयार किया हुआ चौकोर या वृत्ताकार टुकड़ा, जो दीवाल बनाने के काम आता है।

**ईद** *स्त्री०* [अ०] रमजान की समाप्ति पर मुसलमानों का एक त्योहार।

**ईनर** *पु०* इन्द्र।

**ईनार** *पु०* कुँआ, कूप।

**ईमान** *पु०* [अ०] नीयत, धर्म।

**ईरघाट-बीरघाट** *क्रि०वि०* इधर-उधर, यहाँ-वहाँ, तितर-बितर।

**ईरान** *पु०* एक मुस्लिम देश।

**ईरानी** *वि०* ईरान का। *स्त्री०* घाघरा पहनकर घूम-घूम कैंची, छूरी बेचने वाली औरतें।

**ईस** *पु०* हरिस (हल) में लगी हुई लम्बी लकड़ी।

**ईसर** *पु०* [सं० ईश्वर] भगवान्, परमेश्वर, *कहा०* 'ईसर माया, कहीं धूप कहीं छाया'। *लोको०* 'ईसर पइसस दलिदर निकसस'।

**ईसवी** *वि०* [अ०] ईसा की जन्मतिथि से चलाया गया वर्ष या सन्।

**ईसाई** *पु०* ईसाई।

**ईसान** *पु०* ईशान कोण।

**ईस्वर** *पु०* परमेश्वर, जगदीश।

**ईहाँ** *क्रि०वि०* यहाँ।

**ईहाँका** *सर्व०* ये, इनका।

**ईहा** *स्त्री०* [सं०] इच्छा, चाह; चेष्टा।

**ईहे** *सर्व०* यही।

**ईहो** *सर्व०* यह भी। *कहा०* 'इहो पूत जामल होइहें तऽ छीपा बाजल होई'।

# उ

**उ** देवनागरी वर्णमाला का पाँचवाँ स्वर वर्ण जिसका उच्चारण-स्थान ओष्ठ है।

**उ** *सर्व०* यह।

**उँकवत** *स्त्री०* [सं० उत् + कण्ट + वत] दाद की तरह का एक चर्म रोग जिसकी फुंसियों से पानी निकलता है।

**उँगली** *स्त्री०* हाथ की तलहथी का अग्रभाग। **-उठल** *मुहा०* बदनामी होना। **-उठावल** *मुहा०* लांछन लगाना। **-कइल** *मुहा०* परेशान करना। **-चमकावल** *मुहा०* नखरा करना।

**उँघाई** *स्त्री०* झपकी, थोड़ी नींद।

**उँचास** *वि०* ऊँची जमीन; उनचास (संख्या)।

**उँजरिया** *स्त्री०* चाँदनी, रोशनी।

**उँजेरा** *पु०* उजाला।

**उँड़ड़ल** *सक०* उडेलना।

**उँह** *अव्य०* अस्वीकार, घृणा, वेदना, नहीं, आः।

**उकटल-उघटल** *सक०* [सं० उद्घाटनम्] किसी पर किए गए उपकार और उस व्यक्ति की कृतघ्नता को बार-बार उद्धृत करना।

**उकटा-पँइच** *पु०* अपने द्वारा किए गए उपकार और दूसरे के अपकार की चर्चा।

**उकटा-पुरान** दे० उकटा पँइच।

**उकटी** *वि०* उघटने वाला व्यक्ति। *कहा०* 'उकटी के खाये के, निकुटी के ना'।

**उकठल** *अक०* हरे पेड़ का सूख जाना।

**उकठा** *पु०* रोग विशेष जिससे वृक्ष सूख जाता है।

**उकन्हल** *अक०* [सं० अस्कन्धः] कन्धे पर से जुआ फेंक देना; बोझ उठाने के लिए तैयार न होना।

**उकरिन** *वि०* [सं० उऋणः] ऋण से मुक्त हो जाना।

**उकसावल-उसकावल** *सक०* [सं० उत्कर्षणम्] तेज करना, भड़काना; दीपक की बत्ती को ऊपर की ओर करना, लौ बढ़ाना; बैलों को हाँकना; झगड़ा के लिए प्रेरित करना; घाव में मुँह बना देना।

**उकाँव** *पु०* ओसाने के लिए रखी गई भूसा-मिश्रित अन्न की राशि।

**उक्का** *पु०* लुक्का, लुकारी, मशाल।

**उकित** *स्त्री०* [सं० उक्तिः] बुद्धि, सूझ, प्रतिभा।

**उक्ख-बीक्ख** *स्त्री०* [सं० उष्मक] बेचैनी, परेशानी। उमस से होने वाली परेशानी।

**उखड़ल** *अक०* [सं० उत्खननम्] किसी स्थापित वस्तु का अपनी जगह से अलग होना; क्रुद्ध होना; किसी अंग का जोड़ से अलग हो जाना; गायन में बेसुरा हो जाना।

**उखड़ा** *पु०* एक फैलने वाली लता।

**उखड़ल आवाज** *स्त्री०* लड़खड़ाने वाली आवाज।

**उखड़ाह** *वि०* शीघ्र क्रुद्ध होने वाला।

**उखड़ा-पखड़ी** *स्त्री०* झगड़ा, कहा-सुनी।

**उखबन्हना** *पु०* ईख बाँधने वाला गतान या रस्सी।

**उखमंजल** *अक०* जोश-खरोश का होना।

**उखम** *पु०* [सं० ऊष्मः] गर्मी।

**उखरा** *पु०* रबी की फसल का एक रोग।

**उखरी** *स्त्री०* ओखली।

**उखरे** *सक०* उखाड़ना। *उदा०* 'उखरे बाल ना, नावँ ह बरियार खाँ'।

**उखरौरा** *वि०* ओखल से गिरा हुआ (चावल)।

**उखली** *स्त्री०* ओखली। *कहा०* 'उखली में मूड़ी त चोट के का चिन्ता'।

**उखाँव** *पु०* ईख के लिए तैयार खेत।

**उखाड़ल** *सक०* [सं० उत्खननम्] किसी स्थापित वस्तु को जड़ से अलग करना; पदच्युत करना; अंग का शरीर से पृथक् करना।

**उखाब** *पु०* ईख का खेत।

**उगरह** *पु०* [सं० उग्रहः!] ग्रहण की समाप्ति का समय।

**उगरवाह** *पु०* रखवाला।

**उगल** *अक०* [सं० उद्गमनम्] चन्द्र, सूर्य, तारा, चाँदनी का उदित होना; तेजी से प्रकाश फैलाना; लिखावट का स्पष्ट उगना; उन्नति पर होना; उगना।

**उगावल** *सक०* उगाना।

**उगाहल** *सक०* [सं० उद्ग्रहणम्] वसूल करना (चन्दा आदि)।

**उगाही** *स्त्री०* संग्रह।

**उगिलल** *सक०* [सं० उद्गिरणम्] मुँह से निकालना; किसी बात को प्रकट करना; रहस्य को सामने लाना। *कहा०* 'उगिलल सँपरे ना, लीलल जाय ना'।

**उघटल** *सक०* किसी पर उपकार या अपकार को बार-बार कहना।

**उघटा** *वि०* उघटने वाला।

**उघरल** *अक०* [सं० उद्घटनम्] अनावृत्त होना, निर्वस्त्र होना; लिपटी हुई वस्तु का खुलना।

**उघार** *वि०* निर्वस्त्र।

**उघारल** *सक०* [सं० उद्घाटनम्] वस्त्र या आवरण को हटाना।

**उघेन** *पु०* बर्तन में बाँधकर कुआँ से पानी खींचने वाली रस्सी।

**उचंत** *वि०* बाहरी; गौण; अचानक या बाहर से मिलने वाला द्रव्य। **-खाता** *पु०* वह बही जिसमें अचानक प्राप्त द्रव्य का हिसाब-किताब रहता है।

**उचका** *पु०* दीवार, छप्पर, शाखा आदि के सहारे के लिए लगाया गया खम्भा।

**उचकुन** *पु०* ईंट, खपड़ा का वह टुकड़ा जो चूल्हे पर चढ़े बर्तन के नीचे लगाकर ऊँचा करने के काम आता है।

**उचक्का** *पु०* किसी व्यक्ति से किसी चीज को हथिया कर भाग जाने वाला; उठाई गीर; चाई।

**उचटल** *अक०* अचानक नींद का टूट जाना; किसी काम में मन न लगना; रंग का फीका पड़ना।

**उचरल** *अक०* शकुन से किसी बात का सामने आना, काग का शुभ सूचक शब्द बोलना (शकुन)।

**उचली** *स्त्री०* ऊबड़-खाबड़ जमीन।

**उचवड़** *पु०* छप्पर आदि में लगाया गया लकड़ी का आधार-स्तम्भ।

**उचाट** *पु०* [सं० उच्चाटः] मन का नहीं लगना, उदासीनता।

**उचाटन-उच्चाटन** *पु०* [सं०] हटाना; निकालना, उखाड़ना।

**उचार-उच्चार** *पु०* [सं०] बोलना, कहना।

**उचारन-उच्चारन** *पु०* [सं०] वर्णों को कहने का ढंग।

**उचारल** *सक०* [सं० उच्चारणम्] काग को शुभ शब्द बोलने के लिए प्रेरित करना; मन्त्रों को जोर-जोर से पढ़ना।

**उचास** *पु०* ऊँची जमीन।

**उचित** *वि०* [सं०] मुनासिब, न्याय-संगत, ठीक। *कहा०* 'उचित कहले साथी खिसियाय'।

**उचिला** *अक०* स्थानभ्रष्ट होना, पदच्युत होना, प्रतिष्ठा की हानि होना।

**उचिलावल** *सक०* महत्त्व को कम करना; भूसा मिले अनाज को हाथ से चला कर भूसे को अलग करना।

**उचुकल** *अक०* [सं० उत् + करण] पंजे पर खड़ा होकर ऊँचा होना; अपने स्थान से हटना।

**उछन्नर** *पु०* तंग, उपद्रव। **-लगावल** *मुहा०* किसी को परेशान करना।

**उछरल** *अक०* नदी आदि के भर जाने पर पानी का उछलना।

**उछलल** *अक०* [सं० उच्छलनम्] वेग से ऊपर उठना-गिरना; शरीर को झटके से इस प्रकार उठाना कि धरती से लगाव छूट जाए।

**उछार** *पु०* एक जगह काम समाप्त कर दूसरी जगह काम करने की स्थिति।

**उछाह** *पु०* [सं० उत्साह] उमंग, उत्सव।

**उछाहल** *सक०* पहले जोते हुए खेत की हलकी जुताई कर उसे खड़ा छोड़ देना, उछहन करना; किसी घर को दोबारा छाने के लिए उजाड़ना।

**उछिटन** *पु०* [सं० उच्चाटनम्] खेत कोड़े जाने के बाद खर-पात-घास को चुनकर अलग करने का काम।

**उछिटल** *सक०* जोते हुए खेत से घात-पात चुनकर अलग करना, *अक०* किसी पौधे या पेड़ या बीज का खत्म होना।

**उछिलल** *अक०* पानी या तरल पदार्थ का नदी या पात्र से अधिक होकर बहना।

**उजड्ड** *वि०* अशिष्ट, गँवार।

**उजड़** *पु०* ध्वस्त या बर्बाद गाँव।

**उजड़ल** *अक०* बर्बाद होना।

**उजबक** *वि०* मूर्ख।

**उजबुक** *पु०* [तु०] तातारियों की एक जाति।

**उजबुज** *पु०* डूबने-उतराने की स्थिति।

**उजबुजाइल** *अक०* डूबना-उतराना।

**उजर-उज्जर** *वि०* [सं० उज्ज्वलः] उजला, सफेद।

**उजरल** *अक०* ध्वस्त होना, वीरान होना (गाँव), बर्बाद होना, उजड़ना।

**उजराइल** *अक०* सफेद होना, पकना (बाल)।

**उजरा** *पु०* बिना चरवाहे का ढोर; दूसरे की फसल चरने वाला पशु।

**उजरा-थप** *पु०* अतिवृष्टि के कारण खेतों में पानी भरने से फसल के दहने और खेत के सफेद हो जाने की स्थिति।

**उजटल** *अक०* किसी पौधे का बहुत बढ़ जाना।

**उजागर** *पु०* एक प्रकार का धान; किसी छिपी बात का प्रकट होना; दीप्तिमय, प्रकाश।

**उजाड़-उजार** *पु०* वीरान, बर्बाद; जन-विहीन।

**उजाड़ू** *वि०* उजाड़ करने वाला।

**उजारन** *पु०* जो दूसरों को छोड़कर भागने के लिए विवश करता है।

**उजारल** *सक०* ध्वस्त करना; बर्बाद करना।

**उजाला** *पु०* प्रकाश, आलोक।

**उजास** *पु०* उजाला, प्रकाश-रेखा।

**उजाह** *पु०* बहुतायत में मिलने की स्थिति; निर्बाध प्राप्त करने की स्थिति।

**उजिआइल** *अक०* [सं० उत् + जीव] पढ़-लिखकर योग्य होना, अपने काम में चतुर होना जिससे वंश गौरवान्वित हो।

**उजिआगर** *वि०* [सं० उच्च आगरः] कुल की प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला, योग्य।

**उजिआवल** *सक०* मिट्टी भरे बिल से मिट्टी हटाना।

**उजुक** *पु०* रात में ठीक से नहीं सोने की स्थिति।

**उजुर** *पु०* [अ० उज्र:] आपत्ति, विरोध। **-दारी** *स्त्री०* [अ० + फा०] किसी मामले में उज्र पेश करना।

**उजेन-उजैन** *पु०* एक नगर का नाम; क्षत्रियों की एक उपजाति।

**उज्झट** *पु०* अपशब्द, फालतू बात।

**उज्झा** *पु०* वह पशु जो बिना किसी देखभाल के चरने के लिए स्वतन्त्र छोड़ दिया जाता है।

**उझिला** *पु०* बच्चों का एक रोग, जिसमें कै-दस्त होता है।

**उझिलल** *अक०* किसी द्रव का नीचे गिराना।

**उझुकल** *अक०* देखने के लिए ऊपर की ओर उठकर आगे झुकना और गिरना; उचकना; उभड़ना; पंजों पर खड़े होना।

**उटकनी** *स्त्री०* चिउरा कूटते समय उसे चलाने की लकड़ी।

**उटका** *पु०* अतिरिक्त, फाजिल।

**उटकेरल** *सक०* आग की ढेर को कुरेदना, कोई बात चलाना।

**उटक्कर** *पु०* अन्दाज, अनुमान।

**उटुंग** *वि०* [सं० उत्तुंग:] सामान्य नाप-जोख या आकार से कम।

**उठती** *स्त्री०* वह जमीन जो कभी परती नहीं रहती।

**उठल** *अक०* [सं० उत्तिष्ठ] उठना; खड़ा होना (लिंग); तैयार होना (मकान); मादा पशु का कामोत्तेजित होना; जागना, बिछावन छोड़ना। *कहा०* 'उठ बहुरिया साँस लऽ, ढेंकी छोड़ऽ जाँति लऽ'।

**उठल्लू** *वि०* स्थानभ्रष्ट; बेमोल; आवारा।

**उठवना** *पु०* किसी वस्तु को प्रतिदिन लेने का कार्य (दूध, अखबार आदि), प्रतिदिन सामान का व्यवहार करना।

**उठान** *पु०* [सं० उत्थानम्] उठने की क्रिया, वृद्धि, वृद्धिक्रम।

**उठानो** *पु०* अनुपयोगी गाय या भैंस।

**उठा-बइठी** *स्त्री०* बार-बार उठने-बैठने की क्रिया।

**उठावल** *सक०* गिरी हुई वस्तु को ऊपर उठाना; नींद से जगाना, लेटे हुए को बैठाना, बैठे हुए को खड़ा करना; मकान बनाना।

**उठाव-पटक** *पु०* [सं० उत्थान-पतन] झगड़ा, कहा-सुनी।

**उठौना** *पु०* प्रतिदिन नियत दर पर किसी वस्तु को देने-लेने का काम।

**उठौनिहार** *वि०* किसी वस्तु को उठाने वाला।

**उड़ंत-अड़न्त** *वि०* [सं० उड्डयनम्] चिड़िया का बच्चा जो उड़ने लायक हो गया हो।

**उड़-खुड़** *पु०* उथल-पुथल।

**उड़चन** *पु०* खाट के पैताने की मोटी रस्सियों की बन्धेज।

**उड़द** *स्त्री०* दाल वाली एक फसल, अन्न विशेष, जिससे दाल या बड़ा बनाया जाता है।

**उड़न-खटोला** *पु०* लोक-कथाओं में वर्णित उड़ने वाला खटोला, विमान।

**उड़नछू** *वि०* देखते-देखते गायब हो जाने वाला; अदृश्य।

**उड़नबाज** *वि०* उड़ने वाला, प्रपंची व्यक्ति; बदचलन।

**उड़ल** *अक०* पंख के सहारे हवा में उड़ना; विमान से यात्रा करना; हवा के साथ

डोलना; बिखर जाना; फहराना, लहराना; छलाँग भरना।

**उड़वावल** *सक०* प्रे० उड़वाना।

**उड़ान** *स्त्री०* उड़ने का काम। *कहा०* 'तीन उड़ाने तीतिर'।

**उड़ावल** *सक०* हवा में फैलाना, उछालना, लहराना; किसी वस्तु को गायब कर देना, चुराना; किसी को लेकर भाग जाना; पैसे का अपव्यय करना।

**उड़ासल** *सक०* बिछावन समेट लेना, समेटना; लगी दुकान को बन्द कर देना; उपयोग के बर्तनों को खाली करना।

**उड़ाह** *पु०* [सं० उद्‌वहः] कुँए या जलाशय की सफाई। **-ल** *सक०* (सं० उद्‌वन) कुँए, तालाब की मिट्टी को निकालकर उसकी सफाई करना।

**उड़िआइल** *अक०* धूल या धूल सदृश बारीक पदार्थ का हवा में उड़ना।

**उड़िआवल** *अक०* किसी बारीक वस्तु या धूल को हवा में उड़ाना।

**उड़िस** *पु०* [सं० उड्डिसः] खटमल। *कहा०* 'उड़िस मार के हाथ गँधवलऽ'।

**उढ़कन** *वि०* लुढ़की हुई वस्तु।

**उढ़रल** *सक०* पराए के साथ भाग जाना।

**उढ़री** *स्त्री०* परपुरुष के साथ भागी स्त्री, रखैल। *कहा०* 'उढ़री के ना गाँव के ठेकान ना नाम के ठेकान'।

**उढ़ारल** *सक०* किसी पुरुष का किसी स्त्री को फँसाना और लेकर चम्पत हो जाना।

**उढ़ुक** *पु०* ठोकर, जमीन का छोटा उठा हुआ भाग। **-लागल** *मुहा०* रोक, चोट।

**उढ़ुकल** *सक०* ऊपर के हिस्से का नीचे की ओर गिरना; सिर नीचे की ओर और पैर ऊपर की ओर होकर उलटना; ठोकर लगना।

**उतजोग** *पु०* [सं० उद्योग] प्रयास, प्रयत्न; व्यवस्था।

**उतपत-उतपति** *पु०* [सं० उत्पत्ति] उद्‌भव, आरम्भ।

**उतपन** *पु०* [सं० उत्पन्नः] पैदाइश; आरम्भ।

**उतपात** *पु०* [सं० उत्पातः] उपद्रव, अत्याचार।

**उतफाल** *पु०* उपद्रव, अत्याचार, उत्पात।

**उतम** *वि०* [सं० उत्तमम्] श्रेष्ठ, अच्छा, बढ़िया। *उदा०* 'उतम खेती, मध्यम बान, निसिध चाकरी, भीख निदान'।

**उतर** *पु०* [सं० उत्तरम्] ध्रुवतारा की ओर की दिशा; जवाब।

**उतरउनी** *स्त्री०* नदी पार उतारने की मजदूरी।

**उतरना** *पु०* कान के ऊपरी भाग में पहनने की बाली।

**उतरल** *अक०* उतरना; स्वाद में खराबी आना; समाप्त होना (माह); दल-बल के साथ पहुँचना; पार होना (नदी); नशा या बुखार का समाप्त होना। *उदा०* 'उतरल घाँटी, होखल माटी'।

**उतरहवा** *पु०* [सं० उत्तरीयम्] उत्तरी देश या उत्तरी भाग का रहने वाला।

**उतरही** *वि०* उत्तर से दक्षिण की ओर बहने वाली हवा।

**उतरा** *स्त्री०* उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र। *कहा०* 'उतरा जान। बन्हिहऽ बान्ह'।

**उतराइल** *अक०* किसी वस्तु का पानी या तरल पदार्थ के ऊपर तैरना।

**उतराखंड** *पु०* उत्तर स्थित प्रदेश।

**उतराहुत** *क्रि०वि०* कुछ उत्तर की ओर।

**उतरी** *पु०* [सं० उत्तरीयम्] वह वस्त्र-खण्ड जो मृतक का दाह-संस्कार करने वाला पहनता है।

**उतरैया** *स्त्री०* उत्तरी (हवा)।

**उतसव** *पु०* [सं० उत्सव:] मंगल कार्य, धूम-धाम से होने वाला समारोह, यज्ञ, पूजा।

**उतसाह** *पु०* [सं० उत्साह:] उमंग, उल्लास।

**उतसाही** *वि०* उत्साह से भरा हुआ; हौसलेवाला।

**उतान** *वि०* [सं० उत्तान:] जो पीठ नीचे और छाती ऊपर किए हुए हों, चित लेटे हुए। *कहा०* 'उतान काहे चलेलऽ, भाई पहलवान बा'।

**उतार** *पु०* ऊपर से नीचे की ओर जाने की स्थिति, उतरने योग्य स्थान; घटाव; चढ़ाव का उलटा।

**उतारल** *सक०* ऊपर से नीचे ले आना; पहने गए वस्त्र या आभूषण को शरीर से अलग करना; मन्त्र-तन्त्र से भूत-प्रेत का प्रभाव दूर करना; किसी सवारी से उतारना।

**उतारा** *पु०* [सं० उत्तरम्] पत्र का उत्तर; नदी पार करना।

**उतारे** *क्रि०वि०* सदृश; समान।

**उताहुल** *पु०* व्यग्र; उत्कण्ठा, उकताया हुआ।

**उतेर** *पु०* कमजोर पौधा, जो खेत से निकाल दिया जाता है।

**उथला** *वि०* [सं० उत् + स्थल] बीच में ऊँचा और चारों तरफ क्रमश: नीचा; छिछला, कम गहरा।

**उथा-थाही** *स्त्री०यौ०* अनिश्चित।

**उथी-बीथी** *स्त्री०यौ०* अव्यवस्था, अस्त-व्यस्त।

**उदंगर** *पु०* छुट्टा पशु; अनेरिया।

**उदंत** *पु०* [सं०] समाचार, वार्ता, खबर, वृत्ति, प्रवृत्ति।

**उदकल** *अक०* उछलना-कूदना, छटकना।

**उद्घटल** *अक०* प्रकट होना।

**उदबस** *वि०* उजड़ा हुआ।

**उदवास** *पु०* तरह-तरह से परेशान करना; किसी को उसकी जगह से हटाने के लिए तंग करना। **-ल** *सक०* किसी को परेशान करना; स्थिर नहीं बैठने देना।

**उदवेग** *पु०* [सं० उद्वेग:] घबराहट, बेचैनी।

**उदम** *पु०* [सं० उद्यम:] प्रयास; परिश्रम।

**उदय** *पु०* [सं०] उगना; प्रकट होना।

**उदया** *पु०* [सं० उदय:] सूर्योदय; सूर्योदय काल की तिथि।

**उदहल** *सक०* पानी उलीचना; पानी फेंकना।

**उदाँब** *वि०* [सं० उद्दाम] अवरोधरहित; बन्धनहीन।

**उदान** *पु०* प्राण का एक प्रकार।

**उदार** *वि०* [सं०] दानी; जिसे कोई वस्तु किसी और को देने में कोई हिचक नहीं हो।

**उदास** *वि०* [सं०] अप्रसन्न; फीका।

**उदासी** *स्त्री०* उदास रहने की स्थिति; खिन्नता; विरक्ति।

**उदिआ-गुदिआ** *स्त्री०* घरेलू झगड़े में गुप्त, आन्तरिक बातें।

**उदेस** *पु०* [सं० उद्देश:] खोज, तलाश; मतलब, अभिप्राय।

**उधड़ा** *वि०* ऐसा घर, जिसमें टाट आदि नहीं हो; अस्त-व्यस्त, तितर-बितर।

**उधम** *पु०* हल्ला-गुल्ला, उत्पात।

**उधवा** *पु०* एक प्रकार का राग जो वर्षा ऋतु में गाया जाता है।

**उधार** *पु०* बिना नकद भुगतान किए जो सामान लिया गया हो। बिना कीमत चुकाए हुए। *कहा०* 'उधार के बाप तगादा'।

**उधिआइल** *अक०* [सं० ऊर्ध्वम्] हवा में उड़ जाना। *कहा०* 'उधिआइल सतुआ पितरन के'।

**उधिआवल** *सक०* किसी वस्तु को हवा में उड़ा देना।

**उधिकल** *सक०* बिल में खनी मिट्टी को बाहर करना।

**उधेड़बुन** *पु०* सोच-विचार, चिन्ता, उलझन।

**उधेड़ल** *सक०* हाथ से मिट्टी हटाना; उखाड़ना।

**उधो** *पु०* उधव, उद्धव। *उदा०* 'उधो मन माने की बात' -सूर।

**उन** *सर्व०* 'उस' का बहुवचन।

**उनइस** *वि०* उन्नीस, 19।

**उनचालीस** *वि०* उन्तालीस, 39।

**उनचास** *वि०* चालीस और नौ, 49।

**उनकर** *सर्व०* उनका।

**उनति** *स्त्री०* [सं० उन्नतिः] बढ़न्ती; तरक्की।

**उनभुनाइल** *अक०* जागे रहना; न सोना न जागना।

**उनमुनी** *स्त्री०* जागे रहने का लक्षण।

**उनवल** *अक०* उमड़ना (बादल); झुकना; लटकना।

**उनसार** *पु०* उपक्रम; शुरू; किसी बन्द बात की चर्चा को पुनः शुरू करना।

**उनहल** *अक०* हवा, गर्मी या रखने की गलती के कारण किसी वस्तु का टेढ़ा हो जाना।

**उनारल** *सक०* धातु के बने किसी वृत्त या गहने के जुड़े मुँह को खींच कर अलग करना।

**उनाहल** *सक०* बोये खेत को बीज जमने के लिए पुनः जोतना।

**उनुस** *पु०* असुविधा, परेशानी।

**उनूर** *वि०* चुपचाप बैठा रहने वाला (व्यक्ति); मूर्ख।

**उन्हनका** *सर्व०* वे सब (आदरसूचक)।

**उन्हनी** *सर्व०* उन।

**उन्हुकारा** *सर्व०* उनके।

**उपकरन** *पु०* [सं०] साधन; सामग्री।

**उपकार** *पु०* [सं०] हित, दया, परोपकार।

**उपचार** *पु०* [सं०] चिकित्सा, रोग-प्रतिकार।

**उपचारक** *पु०* चिकित्सक।

**उपचावल** *सक०* अपदस्थ करना।

**उपछाल** *पु०* वमन; कै।

**उपज** *पु०* अन्न, फल का होना।

**उपजल** *अक०* [सं० उपजननम्] उपजना।

**उपजाऊ** *वि०* उर्वर।

**उपजीवी** *पु०* पराश्रित, पराधीन।

**उपटल** *अक०* [सं० उत्+पात्र] पानी से लबालब भर जाने के बाद पानी का बाहर बहना; बेंट की खुरपी, कुदाल आदि से अलग हो जाना।

**उपदरो** *पु०* [सं० उपद्रवः] उत्पात, अनाचार।

**उपदेस** *पु०* [सं० उपदेशः] भलाई की बात; ज्ञान की बात; शिक्षा। *उदा०* 'पर उपदेस कुसल बहुतेरे'।

**उपद्दर** *पु०* [सं० उपद्रवः] उत्पात; संकट; तंगी।

**उपधा** *स्त्री०* [सं०] फाजिल; बेसी, अधिक।

**उपनेत** *पु०* [सं० उपनीतः] शिव-पूजनार्थ महायज्ञ जिसमें उदारतापूर्वक अतिथियों, ब्राह्मणों और याचकों को प्रसन्न किया जाता है।

**उपरजल** *सक०* [सं० उपार्जनम्] मन में किसी बात का स्वतः पैदा होना; बात सूझना; स्वतःस्फूर्त बात निकलना।

**उपरतक्का** *वि०* [हिं० ऊपर ताकना] जो किसी वस्तु को अनायास प्राप्त करने के प्रयास में रहता है; छल करने वाला।
**उपरवार** *पु०* नीची जमीन के पास की ऊँची भूमि; ऊपर की ओर की जगह; *वि०* बाहरी; घूस, अनुचित ढंग से प्राप्त राशि या वस्तु।
**उपरवँछल** *पु०* ऊपर की ओर आने की स्थिति।
**उपराजल** *सक०* [सं० उपार्जनम्] उपार्जित करना; पैदा करना।
**उपरावल** *सक०* किसी वस्तु को कहीं से खोजकर प्राप्त करना।
**उपराहुत** *क्रि०वि०* ऊपर [हिं०]+आहूत [सं०] ऊपर की ओर।
**उपरा-उपरी** *पु०* चढ़ा-उपरी।
**उपरी** *स्त्री०* गोहरा, गोंइठा, चिपरी।
**उपरोहित** *पु०* [सं० पुरोहित] कुल पण्डित, धार्मिक कृत्य करने वाला।
**उपरोहिती** *स्त्री०* पुरोहिती का कार्य, कुल की पण्डिताई।
**उपरौंछल** *अक०* पानी के किनारे को पार करते रहना।
**उपलएन** *पु०* पानी से भर जाने पर उपट कर बह जाने की स्थिति।
**उपली** *स्त्री०* गोहरी, चिपरी।
**उपवन** *पु०* बगीचा।
**उपवास** *पु०* व्रत; फाँका।
**उपवीत** *पु०* उपनयन।
**उपसंपादक** *पु०* सहायक सम्पादक।
**उपसंहार** *पु०* समाप्ति।
**उपहार** *पु०* भेंट, सौगात।
**उपहास** *पु०* खिल्ली उड़ाना
**उपाय** *पु०* [सं०] तरकीब; व्यवस्था; इलाज।
**उपारल** *सक०* उखाड़ना।
**उपास** *पु०* [सं० उपवासः] भोजन नहीं करना (अन्नाभाव के चलते); निराहार रहना (व्रत के कारण) फाँका। *कहा०* 'उपास से पतोह के जूठ भला'।
**उपिजल** *अक०* [सं० उत्पादनम्] अन्न पैदा होना; मन में नया विचार पैदा होना; पौधे का बहुत बढ़ जाना; मजदूरी का जमा होते जाना; किसी पर किए अपकार या उपकार का दूसरे पर बोझ रहना।
**उपिजा** *पु०* पैदावार, खेत की उपज। **-ऊ** *वि०* उर्वर, उपजाऊ, अच्छी पैदावार देने वाला। **- वल** *सक०* उगाना, पैदा करना, खेती में फसल लगाना।
**उप्पा** *पु०* एक अत्यन्त छोटा अदृश्य कीड़ा जो काटता है।
**उफंगिया** *पु०* किसी प्रकार की मजदूरी लेकर काम करने वाला मजदूर।
**उफर** *पु०* तड़प कर मरने की क्रिया। **-पड़ल** *मुहा०* तड़प कर या छटपटा कर मर जाना। **-परुआ** *वि०* तड़प कर मरने वाला (गाली)।
**उफान** *पु०* बाढ़ की लहर।
**उबछल** *सक०* हाथ या किसी चीज से पानी बाहर फेंकना।
**उबटन** *पु०* ककड़ौर।
**उबरल** *अक०* [सं० उद्वारणम्] किसी विपत्ति से बच जाना; शेष बच जाना।
**उबरा** *पु०* उपयोग के बाद बची हुई वस्तु।
**उबलल** *सक०* [सं० उद्वलनम्] क्रुद्ध होकर उल्टी-सीधी बातें करना; खौलना।
**उबहन** *पु०* [सं०-उद्वहनम्] घड़े या अन्य बर्तन में बाँधकर पानी खींचने में प्रयुक्त रस्सी।
**उबहाँव** *पु०* वर्षा बन्द होने की स्थिति।
**उबाँट** *वि०* फालतू; उद्दण्ड।

**उबाँत** *स्त्री०* [सं० उद्वमनम्] वमन; कै, उलटी।

**उबान** *पु०* टोकरी आदि बुनते समय बुनाई पूरी होने के अन्त में उलटी बुनाई। *वि०* बुरी लत वाला; बेढंगा।

**उबार** *पु०* रक्षा, बचाव।

**उबारल** *सक०* रक्षा करना, किसी विपत्ति से बचाना; किसी वस्तु में से खर्च करने के बाद कुछ बचा देना।

**उबाल** *पु०* [सं०] उफान, आवेश।

**उबारा** *पु०* बचत।

**उबारू** *वि०* फालतू; असभ्य।

**उबिआइल** *अक०* ऊबना; घबड़ाना।

**उबिछन** *पु०* मवेशियों द्वारा छोड़ा गया दाना-घास-भूसा और पानी, जिसे उलीच कर नाद से बाहर निकाल दिया गया हो।

**उबिछल** *सक०* उलीचना।

**उबियावल** *अक०* तंग आ जाना, परेशान होना, घबरा जाना।

**उबेर** *पु०* [सं० उत्+बेला] वर्षा के बाद आसमान का साफ होना; चारागाह; अड़ार।

**उभड़-खाभड़** *वि०* ऊँची-नीची।

**उभरल** *अक०* किसी लपेटी हुई वस्तु का खुल जाना; चर्चा चलना, बात चलना।

**उभार** *पु०* उभरने की अवस्था।

**उभारल** *पु०* किसी लपेटी वस्तु को खोलना, उभारना; चर्चा चलाना, बात चलाना।

**उभैन** *पु०* कुआँ से पानी निकालने की डोरी।

**उमंग** *स्त्री०* उल्लास।

**उमकल** *अक०* [सं०] हर्षातिरेक में उछल कूद करना; उमंग में आना।

**उमका** *पु०* उमंग। **-वल** *सक०* घोड़ा दौड़ाना।

**उमछावन** *पु०* नापसन्दगी।

**उम-जाम** *पु०* हर्षातिरेक की दशा।

**उमड़ल** *अक०* बादल का घनीभूत होना; उमड़ना; नदी आदि का भरकर बहना।

**उमड़ाव** *पु०* उमड़ने का भाव

**उमत** *वि०* [सं० उन्मत्तः] पागल; मतवाला।

**उमतल** *अक०* किसी काम या वस्तु से मन का भाग जाना; किसी कार्य-विशेष को सम्पन्न करने का जी न करना।

**उमताइल** *अक०* [सं० उन्मत्त] किसी की राय की उपेक्षा कर देने की मनोदशा में होना।

**उमदा** *वि०* [अ० उम्दा] अच्छा, बढ़िया।

**उमर** *स्त्री०* उम्र।

**उमरा** *पु०* [अ०] सरदार।

**उमस** *स्त्री०* [सं० उष्मन्] हवा नहीं चलने से अत्यन्त गर्मी की स्थिति।

**उमसी** *स्त्री०* चने का रोग जिससे फली नहीं आती।

**उमा** *स्त्री०* पार्वती, दुर्गा, काली। **-नाथ** *पु०* शिव। **-सुत** *पु०* कार्त्तिकेय, गणेश।

**उमाह** *पु०* उत्साह, उमंग। *उदा०* 'प्रगट करौ सब चातुरी मन में विपुल उमाह'।

**उमाहल** *वि०* उत्साह से भरा हुआ।

**उमिर** *स्त्री०* [अ० उम्र] आयु, अवस्था, वय।

**उमेद** *पु०* [फा०-उम्मीद] आशा।

**उम्मी** *स्त्री०* जौ-गेहूँ की बाली; हाबुस।

**उराँट** *वि०* उद्दण्डतापूर्ण।

**उरकुस्सी** *स्त्री०* पोस्ते के खेत में होने वाली एक घास।

**उरद** *पु०* दाल के वर्ग का एक अनाज। *कहा०* 'उरद कहे हम सबसे नीका'।

**उरदी** *स्त्री०* एक प्रकार की दलहन, उड़द। [फा० वर्दी] पुलिस या सैनिक की पोशाक।

**उरदुम-खुरदुम** *पु०* घूम-घूम कर खाने वाला व्यक्ति; उपेक्षणीय।

**उरदू** *स्त्री०* [तु० उर्दू] भाषा का वह रूप जिसमें अरबी, फारसी के शब्दों की बहुलता रहती है।

**उरूआ** *पु०* [सं० उलूकः] उल्लू पक्षी।

**उरूध** *वि०* [सं० ऊर्ध्व] ऊपर की ओर चलने वाला (साँस)।

**उरेब** *वि०* [फा०] बेढंग, दोषपूर्ण, बेतरतीब।

**उरेबी** *वि०* गंजी का तिरछा काट; बिचित्र।

**उरेह** *पु०* अनुमान; सूझ; बनावट।

**उरेहल** *सक०* चित्र बनाना; रेखांकित करना।

**उलकी-मुलकी** *पु०* [यौ०] डराने-धमकाने के लिए कुछ कहने की स्थिति।

**उलखा** *पु०* [सं० उल्लेखः] हल्की-फुल्की चर्चा एवं निन्दा।

**उलंघ** *वि०* [सं० उत्+लङ्घ] बहादुर, फुर्तीला; न मानने योग्य।

**उलङ** *वि०* [सं० उल्लङ्घनम्] ऊटपटाँग बोलने और चलने वाला, ऊटपटाँग।

**उलटल** *अक०* उलटना; गाड़ी आदि का उलट जाना।

**उलटबाँसी** *स्त्री०* [हिं० उल्टा+बाँसुरी] सन्तों की मर्मभरी वाणियाँ जो सुनने में उलटी लगें; बेसुरी बात; उलटी बात।

**उलटा** *वि०* [सं० उल्लोठनम्] विपरीत; क्रम-विरुद्ध, औंधा। **-पलटी** *स्त्री०* किसी काम को प्रतिकूल ढंग से करने की स्थिति।

**उलटी** *स्त्री०* वमन; कै।

**उलटे** *क्रि०वि०* न्याय के विपरीत; नियम-विरुद्ध। *कहा०* 'उलटे चोर कोतवाल के डाँटे'।

**उलफी** *स्त्री०* फाजिल, अतिरिक्त।

**उलरुवा** *पु०* सिधवाई।

**उलवा** *वि०* उबाला या भूना हुआ अनाज।

**उलहल** *वि०* उबाला हुआ।

**उलाँक** *पु०* बड़ी नाव जिसमें एक लम्बा नुकीला सिरा पानी के ऊपर निकला रहता है।

**उलाटल** *अक०* उलटा होना, औंधा होना, विपरीत स्थिति में होना। *सक०* उलटना, औंधा करना; अस्त-व्यस्त करना।

**उलार** *वि०* गाड़ी का पीछे की ओर भारी और आगे की ओर हल्की होने की स्थिति; पिछला, पीछे का।

**उलावल** *सक०* किसी अन्न को खपड़ी में हल्का भूनना।

**उलिचल** *सक०* पानी बाहर फेंकना।

**उलिटल** *अक०* सिर नीचे और पैर ऊपर कर गिर जाना; किसी बरतन का करवट ले लेना; किसी बात को कहकर उलट जाना।

**उल्दी** *स्त्री०* काठ का कटोरा।

**उल्ल-उल्लू** *पु०* [सं० उलूकः] बेवकूफ, मूर्ख; शर्मिन्दा।

**उल्ला बाई** *क्रि०वि०* अपूर्ण; बेतरतीब, अव्यवस्थित; निरर्थक। *कहा०* 'फतेहा करना उल्ला-बाई, सिरनी पर मन लागत बा'।

**उल्ह-मेल्ह** *पु०* [यौ०] उद्विग्नता, बेचैनी।

**उल्ही** *पु०* [सं० उल्लंघनम्] वह व्यक्ति जो नियम भंग करने से खेल से वंचित कर दिया जाए।

**उसकल** *अक०* ऊपर की ओर उठना; ऊँचा होना (दीपक की बत्ती); अपने स्थान से पेट की अँतड़ी का खिसक जाना।

**उसकावल** *सक०* दीपक की बत्ती को आगे की ओर उसकाना।

**उसकी** *स्त्री०* उसकाने वाला काम (प्रेम या मजाक)। **-चलावल** *मुहा०* व्यंग्य करना।

**उसठ** *वि०* [सं० उत्+सत्व] नीरस; जिसमें रस न हो।

**उसरल** *अक०* [सं० उत्+सृ] किसी काम का पूरा होना; मेला या बाजार का समाप्त होना।

**उसराऊँ** *वि०* शीघ्र हो जाने वाला काम।

**उसार** *स्त्री०* समेटने की स्थिति।

**उसारल** *सक०* किसी काम को खत्म करना; कारोबार का समेटना।

**उसास** *स्त्री०* [सं० उच्छ्वास:] दु:ख का श्वास; जोर का श्वास; खाली। *लोको०* 'चोर लगले मोटरी। उसास भइले दाव॥'।

**उसिनल** *सक०* उबालना; वर्षा ऋतु में अत्यधिक गर्मी।

**उसिना** *वि०* उबाला (धान), उबाले धान का चावल। *कहा०* 'उसिना चाउर, दाल खेंसारी, मगध देस जनि जइह मुरारी'।

**उसिनाइल** *अक०* उबालना, उबाला जाना।

**उसिनुआ** *वि०* उबाला हुआ।

**उसूल** *पु०* [अ०] नियम, कायदा, 'असल' का बहुवचन।

**उस्तुरा** *पु०* [फा०] छुरा, बाल मुड़ने का औजार।

**उहवाँ** *क्रि०वि०* वहाँ, उस स्थान पर।

**उहाँ** *अव्य०* वहाँ।

**उहार** *पु०* पालकी पर परदे हेतु पड़ा कपड़ा।

**उहिआवल** *अक०* अनुमान लगाना।

**उहे** *सर्व०* वही। *उदा०* 'उहे बैदा बतलावे, जे रोगिया के भावे'।

**उहो** *सर्व०* वह भी।

❑

# ऊ

**ऊ** देवनागरी वर्णमाला का छठाँ स्वर, जिसका उच्चारण स्थान ओष्ठ है।
**ऊँखम** *पु०* [सं० उष्मा] गर्मी।
**ऊँघ** *स्त्री०* नींद का झोका, तन्द्रा, झपकी।
**ऊँघन** *स्त्री०* हलकी नींद, झपकी।
**ऊँघल** *अक०* नींद में झूमना; ढिलाई से काम करना।
**ऊँच** *वि०* [सं० उच्च] ऊँचा। *कहा०* 'ऊँच दुकान के फींका पकवान'। **-नीच** *पु०* विषम भूमि; छोटा-बड़ा; उचित-अनुचित।
**ऊँचाई** *स्त्री०* उठान।
**ऊँचासी** *पु०/स्त्री०* ऊँची भूमि; ऊँची जगह।
**ऊँचे-ऊँचे** *क्रि०वि०* ऊपर-ऊपर, ऊपर की ओर; जोर से।
**ऊँट** *पु०* [सं० उष्ट्रः] रेगिस्तानी इलाके में पाया जाने वाला लम्बी गर्दन का ऊँचा पशु। *कहा०* 'ऊँट के मुँह में जीरा'। **-वान** *पु०* ऊँट को हाँकने वाला।
**ऊँटनी** *स्त्री०* [सं० उष्ट्र] मादा ऊँट।
**ऊँहूँ** *अव्य०* अस्वीकार, असहमति का सूचक, नहीं, कदापि नहीं।
**ऊ** *पु०* [सं०] शिव, चन्द्रमा, रक्षक। *अव्य०* -भी, *सर्व०* -वह।
**ऊअल** *अक०* उदय होना, उगना।
**ऊआ-बाई** *वि०* व्यर्थ, बेसिर-पैर का, *स्त्री०* निरर्थक बात; घबड़ाहट।
**ऊकार** *पु०* [सं०] 'ऊ' अक्षर या उसकी ध्वनि।
**ऊख** *पु०* ईख।
**ऊखी-बीखी** *स्त्री०* अत्यधिक गर्मी के कारण बेचैनी।
**ऊजर** *वि०* उजला।
**ऊटपटांग** *वि०* बेसिर-पैर का, निरर्थक, बेतुका।
**ऊतला** *वि०* उतावला; तेज।
**ऊत्तिम** *वि०* [सं० उत्तम] उत्तम, श्रेष्ठ।
**ऊधम** *पु०* शोरगुल, हंगामा।
**ऊधमी** *वि०* ऊधम मचाने वाला।
**ऊधव** *पु०* उद्धव।
**ऊन** *पु०* भेंड़ के बाल या रोंये। *वि०* -कम, न्यून, छोटा।
**ऊना-टेनी** *स्त्री०* झगड़ा, टण्टा।
**ऊना-डेबड़** *वि०* एक से दूसरा आकार एवं ऊँचाई में छोटा या कम।
**ऊनी** *वि०* ऊन से बना वस्त्र, ऊन का।
**ऊपर** *क्रि०वि०* ऊँचाई पर, ऊँचे स्थान पर; आकाश की ओर; पर। *कहा०* 'ऊपर चीकन भीतर रूखड़े' और 'ऊपर काला भीतर भाला'।
**ऊपर-ऊपरे** ऊपर बाहरी सतह पर। **-झापर** सरसरी तौर पर।
**ऊपरी** *वि०* बाहरी, बाहर का; असम्बद्ध; व्यर्थ, फालतू।
**ऊब** *स्त्री०* ऊबने का भाव; उमंग।
**ऊबट** *वि०* कठिन।
**ऊबड़-खाबड़** *वि०* ऊँचा-नीचा, अटपटा।
**ऊभ-चुभ** *अक०* डूबते हुए पानी के ऊपर नीचे होना।
**ऊमी** *स्त्री०* मडूए की कच्ची बाल।
**ऊलस** *वि०* जूठा (भोजन)।
**ऊसर** *वि०* अनुपजाऊ (भूमि), क्षारीय भूमि।
**ऊसराटौंड़** *पु०* अनुपजाऊ भूमि का क्षेत्र।
**ऊह** *अव्य०* कष्ट एवं पीड़ासूचक ध्वनि।
**ऊहूँ** *अव्य०* अस्वीकृतिसूचक शब्द।

❑

# ए

**ए** देवनागरी वर्णमाला का स्वर जिसका उच्चारण स्थान कण्ठ और तालु है।

**एँच-पेंच** *पु०* उलझन, चक्कर; चाल, घात।

**एंजिन** *पु०* [अं०] इंजन।

**एंडी** *स्त्री०* एक तरह का रेशम या उसका कीड़ा; अण्डी।

**एँड़ुआ** *पु०* गेंडुरी, कुण्डली।

**ए-** *अव्य०* [सं०] सम्बोधन; आमन्त्रण के लिए इसका प्रयोग होता है।

**एकंग** *वि०* अकेला।

**एकंगा** *वि०* एकतरफा, एक ओर का।

**एकंत** *वि०* एकान्त।

**एक** *पु०/वि०* एक की संख्या, अकेला; बेजोड़। *कहा०* 'एक अनार सौ बीमार'। **-आध** *वि०* एक या आधा, एक-दो। **-एक** *वि०* हर एक। **-टक** *वि०* बिना पलक गिराए। **-तरफा** *वि०* एक पक्षीय। **-दंत** *पु०* गणेश। **-दम** *अव्य०* एकबारगी, तुरन्त। **-दा** *क्रि०वि०* एक बार; एक समय। **-नी** *सर्व०* ये लोग। **-न्नी** *स्त्री०* एक सिक्का जिसका मूल्य रुपये का सोलहवाँ भाग होता है। **-पट** *पु०* एक ही प्रकार का रहन-सहन, खान-पान। **-पलिया** *पु०* ओढ़ने का चादर। **-पिढिआ** *पु०* [सं० पृष्ठ] एक के ठीक पहले या पीछे जन्म लेने वाला। **-पेरीया** *पु०* जिस राह से एक ही आदमी जा सके। **-फेरिया** *वि०* फसल के बालों को एक ही ओर रखकर बाँधा गया (बोझा)। **-बग्गा** *वि०* किसी बात पर अकेला डटने वाला; हठी। **-बरन** *वि०* [सं० एक वर्ण] एक ही रंग का; पूर्णत:। **-म** *पु०* प्रतिपदा तिथि। **-मत** *वि०* [सं०] एक राय या एक विचार रखने वाले (लोग)। एक राय के। **-रंगा** दे० 'एकरङा'। **-रङा** *पु०* लाल रंग का कपड़ा। **-रस** *वि०* एक ढंग का; बराबर। **-लउता** *वि०* एक ही बेटा होना; इकलौता। *स्त्री०* एक लड़की; इकलौती। **-लखत** *क्रि०वि०* लगातार, अनवरत। **-लत्ती** *पु०* एक-एक लात मारने की सजा। **-लाई** *स्त्री०* मगजीदार चादर, जिसमें कपड़े की केवल एक पर्त हो। **-ले** *पु०* व्यंजनों में लगने वाली स्वर की मात्रा-एकार, एकार का चिह्न। **-वटल** *अक०* [सं० एकवत्] एकमत होना; व्यवहार में एक होना। **-वाई** *वि०* एक तरफ ऊँची और बगल में दूसरी तरफ गाड़ी की नीची लीक। **-संझा** *वि०* वह एतवार व्रत जिसमें व्रती केवल दिन में भोजन करता है और रात में उपवास। **-संझी** *वि०* एक ही शाम दूध देने वाली गाय या भैंस। **-सठ** *वि०* [सं० एक षष्ठि] साठ और एक। **-हट्टी** *स्त्री०* बाजार में एक ही व्यापारी द्वारा किसी वस्तु के विक्रय की स्थिति। **-हत्तर** *वि०* [सं० एकसप्तति:] सत्तर और एक। **-हत्थी** *वि०* [सं० एक हस्त] वह गाय या भैंस जो किसी एक विशेष व्यक्ति के दूहने पर दूध देती है। **-हन** *वि०* [सं० एक धान्य] जिसमें एक ही प्रकार का अन्न हो। **-आँख से देखल** *मुहा०* एक सा मानना। **-चना भाड़ ना फोड़े** *मुहा०* अकेले काम न होना। **-पंथ दू काज** *मुहा०* एक काम के साथ

दूसरी भी कर लेना। **-पाँव से खड़ा रहल** *मुहा०* आज्ञाकारी होना। **-लाठी से सबके हाँकल** *मुहा०* सब के साथ एक सा बर्ताव करना।

**एकबार** *पु०* [अ० अखबार] समाचार-पत्र।

**एकबाल** *पु०* [फा० इकबाल] प्रताप; भाग्य।

**एकर** *सर्व०* इसका।

**एकरउनी** *स्त्री०* खेत की प्रथम निकौनी; पहली निराई।

**एकरार** *पु०* [अ० इकरार] कबूल, स्वीकार; वादा।

**एकवन** *पु०* [सं० अकवन] एक प्रकार का विषैला पौधा; अकवन।

**एकवान** *पु०* [हिं० इक्कावान] एक्का गाड़ी हाँकने वाला।

**एकहरा** *वि०* इकहरा, एक ही पर्त्त वाला (कपड़ा)।

**एकांत** *वि०* [सं] अकेला; जहाँ दूसरा कोई न हो; सुनसान जगह; बिना भीड़-भाड़।

**एका** *पु०* ताश का पहला पत्ता; एक प्रकार की गाड़ी जिसमें केवल एक घोड़ा जुतता है। **-ई** *स्त्री०* इकाई; अंक गणना में प्रथम। **-उरी** *स्त्री०* [सं० एकावली] रत्नों की एक माला जिसकी चर्चा लोक-कथाओं में है। **-एक** *क्रि०वि०* [फा० यकायक] सहसा, अकस्मात्। **-एकी** *क्रि०वि०* [सं० एकैकशः] एक-एक करके। **-ड़-एकाह** *वि०* जिसका प्रथम-प्रथम विवाह होने जा रहा हो। **-दसा** *पु०* [सं० एकादशाः] मरने के दिन से ग्यारहवें दिन सम्पन्न होने वाला हिन्दुओं का श्राद्ध-कर्म। **-दसी** *स्त्री०* [सं० एकादशी] पक्ष की ग्यारहवीं तिथि, पक्ष की ग्यारहवीं तिथि को होने वाला व्रत। **-ध** *वि०* [सं० एक अर्द्ध] एक या दो (व्यक्ति या वस्तु)। **-नबे** *वि०* [सं० एक नवतिः] नब्बे और एक। **-हि-एकारी** *स्त्री०* वह भाला जिसमें केवल एक ओर काँटा लगा हो। **-वन** *वि०* [सं० एक पंचाशत्] पचास और एक। **-सी** *वि०* [सं० एकाशीति] अस्सी और एक।

**एकोतर सौ** *वि०* [सं० एकोत्तर शत] एक सौ एक।

**एकोरा** *क्रि०वि०* एक तरफ।

**एकोराह** *पु०* एक तरफ स्थित।

**एगारह** *वि०* [सं० एकादश] दस और एक, ग्यारह।

**एजवाँ** *क्रि०वि०* इस स्थान पर।

**एजाँ-एजूँ** *क्रि०वि०* [फा० ईजा] इसी स्थान पर।

**एजिन** *क्रि०वि०* इस स्थान पर।

**एठाई** *क्रि०वि०* इस स्थान पर।

**एठियाँ** *क्रि०वि०* इस स्थान पर।

**एड़ा** *पु०* सिधवाई, अड़ानी, हूरा।

**एड़ी** *स्त्री०* पैर का पिछला भाग।

**ए-ढहा-हेई** *अव्य०* गाय के गर्भाधान के लिए साँड़ को पुकारने की ध्वनि।

**एढ़ली** *स्त्री०* एक प्रकार का धान जो छींटकर बोया जाता है।

**एतना** *वि०* [सं० इयत्] इतना।

**एतनी-इतने** *क्रि०वि०* [सं० इयत या एतावत्] इतनी अल्प मात्रा में, इतना ही।

**एतबार** *पु०* विश्वास।

**एतवार** *पु०* [फा० इतवार] रविवार। [अ० एतबार] विश्वास।

**एतहत** *क्रि०वि०* इतना बड़ा।

**एतहाँ** *क्रि०वि०* यहाँ पर।
**एतहीं** *क्रि०वि०* इसी स्थान पर।
**एतहूँ** *क्रि०वि०* यहाँ भी।
**एता** *वि०* इतना।
**एती** *क्रि०वि०* इतना। **-बड़** इतना बड़ा। **-चुके** इतना सा।
**एतेक** *क्रि०वि०* इतना अधिक।
**एथी** *सर्व०* यह (अनिर्दिष्ट, अनिश्चित बोधक।
**एनही-एनिये** *क्रि०वि०* इधर ही।
**एनहूँ-एनियो** *क्रि०वि०* इधर भी।
**एने** *क्रि०वि०* इस तरफ; इस ओर।
**एमें** *सर्व०* इसमें, 'एह में' का संक्षिप्त रूप।
**एरे** *अव्य०* अरे, हे।
**एसिड** *पु०* [अं०] अम्ल, तेजाब।
**एसेंब्ली** *स्त्री०* [अं०] सभा, समूह।
**एसे** *सर्व०* इससे।
**एसों** *क्रि०वि०* इस साल, इस वर्ष।
**एह** *सर्व०* यह। *वि०* यह। *अव्य०* उपेक्षा, अस्वीकृति, असहमति एवं विस्मय बोधक शब्द।
**एहर** *क्रि०वि०* इधर।
**एहवात** *पु०* [सं० अहोभाग्य] स्त्रियों का सौभाग्य; सधवापन। *वि०* एहवाती- सौभाग्यवती।
**एहवार** *पु०* तमान; घाटा, नुकसान।
**एहसान** *पु०* [अ०] नेकी, भलाई। **-मंद** *वि०* कृतज्ञ।
**एहिजा** *क्रि०वि०* इसी स्थान पर।
**एहिजे** *क्रि०वि०* इसी।
**एही** *क्रि०वि०* यहीं, इसी। *कहा०* 'एही आँखे भादो खेपाई'। **-ठँइया-ठीन** *क्रि०वि०* इसी स्थान पर। **-एहें** *अव्य०* नकारात्मकसूचक ध्वनि जो किसी प्रश्न के उत्तर में प्रयुक्त होता है। **-ए हो** *अव्य०* सम्बोधनसूचक शब्द।
**एहो** *अव्य०* सम्बोधनार्थक अव्यय, हे, ए०।

❑

# ऐ

**ऐ** देवनागरी वर्णमाला का एक स्वर वर्ण है। 'ऐ' के बदले भोजपुरी में 'अय' या 'अए' चलता है।

**ऐं** *अव्य०* भली-भाँति नहीं सुनी गई या समझी गई बात को पुनः सुनने-जानने की जिज्ञासासूचक ध्वनि, विस्मयादि सूचक ध्वनि।

**ऐंचा** *वि०* तिरछा।

**ऐंचा ताना** *वि०* जिसकी पुतली ताकते समय दूसरी ओर खिंची रहे।

**ऐंछल** *सक०* झाड़ना।

**ऐंजा** *पु०* एक प्रकार का साग।

**ऐंठन** *पु०* मरोड़; तनाव; घमण्ड।

**ऐंठा** *पु०* जौ, गेहूँ की पत्तियों के सिकुड़ने का एक रोग।

**ऐंड़ा** *वि०* टेढ़ा, दर्पयुक्त।

**ऐ** *अव्य०* अपने से छोटे को सम्बोधित करने का शब्द—हे, ए।

**ऐगुन** *पु०* [सं० अवगुण] अपराध; ऐब, दोष।

**ऐन** *पु०* थन; निहाई। *वि०* ठीक, असल।

**ऐनक** *पु०* [अ०] मुँह देखने का शीशा, दर्पण; चश्मा।

**ऐना** *पु०* आईना।

**ऐपना** *पु०* [सं० अल्पना] चावल, हल्दी एवं आटेसहित विभिन्न रंगों एवं सामग्रियों से बनाया गया लेप जो मांगलिक अवसरों पर काम आता है।

**ऐब** *पु०* [अ०] दोष, अवगुण, बुराई, खराबी।

**ऐबी** *वि०* दोषपूर्ण; विकलांग।

**ऐमाल** *पु०* एक प्रकार की घास।

**ऐया** *स्त्री०* दादी, बूढ़ी स्त्री।

**ऐयार** *पु०* [अ०] चालाक, धूर्त; चलता-पुर्जा व्यक्ति।

**ऐयारी** *स्त्री०* धूर्तता, चालाकी; मित्रता।

**ऐयास** *वि०* [अ०] विलासी, भोग-विलास में लीन, कामुक।

**ऐरा-गैरा** *वि०* इधर-उधर का, तुच्छ, नगण्य। **-नत्थू खैरा** *मुहा०* तुच्छ, नगण्य जन। **-पंचकल्यानी** *मुहा०* ऐसा-वैसा व्यक्ति।

**ऐलान** *पु०* [अ०] घोषणा।

**ऐसन** *वि०* इस तरह।

**ऐसे** *अव्य०* इस प्रकार, इस ढंग से।

❑

# ओ

**ओ** देवनागरी वर्णमाला का स्वर जिसका उच्चारण स्थान कण्ठोष्ठ है।

**ओ** *अव्य०* हे, ऐ, अरे जैसी सम्बोधन-सूचक ध्वनि।

**ओंइछल** *सक०* पीड़ित व्यक्ति को फूल अन्न या पैसे से झारना, न्यौछावर करना।

**ओंकल** *अक०* कै करना; ऊबना।

**ओंकार** *पु०* [सं०] 'ओम' मन्त्र या इसका उच्चारण; आरम्भ, श्रीगणेश।

**ओंगन** *पु०* गाड़ी की धुरी में दिया जाने वाला तेल।

**ओंगल** *सक०* गाड़ी की धुरी में तेल लगाना।

**ओंठ** *पु०* होठ। **-चबावल** *मुहा०* क्रोध दिखाना। **-चाटल** *मुहा०* स्वाद की लालसा रह जाना। **-मलल** *मुहा०* बुरा कहने पर दण्ड देना।

**ओअरगत** *पु०* सुविधाजनक; गुंजाइश।

**ओइलन** *पु०* चलाकर या फटककर अनाज से अलग किया हुआ भूसा-डण्ठल आदि।

**ओइलल** *सक०* हाथ से चलाकर या सूप से फटककर मिले हुए अनाज को या बड़े-छोटे दाने को अलग-अलग करना।

**ओइसन** *अव्य०* वैसा; उस तरह से।

**ओइसना-ओइसनी** *अव्य०* वैसे-वैसे।

**ओइसे** *अव्य०* वैसे; उस तरह से।

**ओकनी** *सर्व०* वे सब।

**ओकर** *सर्व०* उसका।

**ओकाइल** *अक०* कै करना, वमन करना; कै करने की स्थिति।

**ओका-बोका** *पु०* बच्चों का एक देशी खेल। *उदा०* 'ओका-बोका, तीन तड़ोका, लौआ-लाठी चंदन काठी...'।

**ओखर-ओखरी** *स्त्री०* अन्न कूटने के लिए लकड़ी या पत्थर का बना एक पात्र, ओखली।

**ओखाह** *पु०* मवेशियों का पेट पूर्णरूप से नहीं भरा रहना।

**ओगरल** *सक०* रखवाली करना।

**ओघासी** *स्त्री०* घर के आस-पास के पानी का बहकर किसी खेत में जमा होना।

**ओछ** *वि०* [सं० तुच्छ] छोटा, अशिष्ट, क्षुद्र; कपड़े का नाप से छोटा हो जाना।

**ओछरा** *पु०* पशुओं के रहने के स्थान पर जाड़े के दिनों में पुआल का बिछावन।

**ओछवानी** *स्त्री०* घी, सूखाफल, मेवा-जड़ी-बूटीमिश्रित वह भोज्य पदार्थ जो जच्चा को खिलाया जाता है।

**ओछी कान्ही** *वि०* बैलों की जोड़ी में कुछ छोटा बड़ा।

**ओज** *क्रि०वि०* कमी करना। *कहा०* 'भोज में ओज का।'

**ओजन** *पु०* वजन, भार। *अव्य०* उस जगह, वहाँ।

**ओजमर** *पु०* जोर-आजमाइश; परीक्षा।

**ओजमाइस** *वि०* [फा० आजमाइश] जाँच, परीक्षण।

**ओजमातल** *सक०* जाँचना, परखना।

**ओजवाँ** *अव्य०* उस जगह, वहाँ।

**ओजिन** *अव्य०* उस जगह।

**ओजिर** *पु०* [अ० वजीर] मन्त्री, अमात्य मिनिस्टर।

**ओझइआ** *पु०* झाड़-फूँक की क्रिया।

**ओझइती** *स्त्री०* झाड़-फूँक की विद्या का काम।

**ओझा** *पु०* भूत-प्रेत-डायन आदि का प्रभाव तन्त्र-मन्त्र द्वारा दूर वाला व्यक्ति; ब्राह्मणों की एक उपाधि।

**ओट** *स्त्री०* आड़; सहारा देना (खम्भे आदि के द्वारा)।

**ओटनी** *स्त्री०* वह चरखी जिससे कपास के बिनौले अलग किये जाते हैं।

**ओटल** *सक०* किसी वस्तु का पता लगाना।

**ओटा** *पु०* आड़; परदे में; घर या बरामदे में चढ़ने-उतरने के लिए ईंट या मिट्टी की छोटी सीढ़ी; खरहे के रहने की जगह।

**ओटिआवल** *सक०* किसी वस्तु का पता लगाने की फिराक में रहना।

**ओठँगन** *पु०* आधार।

**ओठँघल** *अक०* किसी चीज के सहारे बैठना, लेटना।

**ओठँघावल** *सक०* टिकाकर रखना।

**ओठ** *पु०* [सं० ओष्ठः] होंठ।

**ओठइयाँ** *अव्य०* उस जगह।

**ओठन** *अव्य०* उस जगह, वहाँ।

**ओठर** *पु०* उलाहना।

**ओड़हुल** *पु०* लाल रंग का एक प्रसिद्ध फूल, देवी फूल।

**ओड़ा** *क्रि०वि०* तरफ, ओर। *पु०* बाँस की कमाची का बना बड़ा खुला टोकरा।

**ओड़िआ** *पु०* बाँस की बनी टोकरी आदि।

**ओढ़उल** *पु०* दे० 'ओड़हुल'।

**ओढ़न** *पु०* ओढ़ने के लिए जो हो। **-पहिरन** *पु०* ओढ़ने-पहनने के लिए जो हो।

**ओढ़ना** *पु०* ओढ़ने की वस्तु (रजाई, चादर) *उदा०* 'ओढ़ना कुछ ना, दरी बिछौना'।

**ओढ़निआवल** *अक०* लुढ़काना।

**ओढ़नी** *स्त्री०* लड़कियों के ओढ़ने का वस्त्र, दुपट्टा।

**ओढ़ल** *सक०* चादर ओढ़ना, रजाई ओढ़ना; ढँकना।

**ओत** *पु०* आड़, पर्दा।

**ओतना** *क्रि०वि०* उस मात्रा में, उतना अधिक।

**ओतवत** *क्रि०वि०* उतना बड़ा।

**ओतहत** *क्रि०वि०* उतना बड़ा।

**ओतहीं** *अव्य०* वहीं, उसी जगह पर।

**ओतहुँ** *अव्य०* वहाँ भी।

**ओतेक** *क्रि०वि०* उतना, उतना अधिक।

**ओद** *वि०* [सं० आर्द्र] नमी वाला, भींगा।

**ओदर** *पु०* [सं० उदर] पेट, गर्भ।

**ओदरल** *अक०* फटना, जुड़ी हुई वस्तु का अलग होना। *क्रि०वि०* फटा हुआ, अलग-अलग हुआ।

**ओदारल** *सक०* किसी जुड़ी हुई वस्तु का निकालना, फाड़ना या अलग करना।

**ओदा-सुखी** *स्त्री०* कुछ सूखा और कुछ हरा होने की स्थिति।

**ओदी** *स्त्री०* नमी या भींगा होने की स्थिति।

**ओध** *पु०* पेड़-पौधों का झुण्ड (बाँस) बाँस-बिट्टी।

**ओनइस** *वि०* [हिं० उनईस] बीस में एक कम, 19।

**ओनचालिस** *वि०* [हिं० उनचालीस] चालीस में एक कम, 39।

**ओनचास** *वि०* [हिं० उनचास] पचास में एक कम, 49।

**ओनतीस** *वि०* [हिं० उनतीस] तीस में एक कम, 29।

**ओनसठ** *वि०* [हिं० उनसठ] साठ में एक कम, 59।

**ओनहत्तर** *वि०* [हिं० उनहत्तर] सत्तर में एक कम, 69।

**ओनहीं** *अव्य०* उधर ही।
**ओनामासीधम** *पु०* एक शिव मन्त्र 'ओऽम् नमः सिद्धम्' का तद्भव रूप, अक्षरारम्भ।
**ओनिए** *अव्य०* उधर ही।
**ओने** *अव्य०* उधर।
**ओन्हापाती-ओल्हापाती** *स्त्री०* पेड़ पर चढ़कर खेला जाने वाला खेल, दोल्हापाती।
**ओबरी** *स्त्री०* प्रसूतिका गृह, सउरी।
**ओभी** *स्त्री०* खुदाई करने वाला एक यन्त्र विशेष।
**ओम्** *पु०* [सं०] मन्त्रों के पहले और पीछे सुच्चरित पवित्र शब्द, प्रणव, ॐ। *उदा०* 'ॐ नमः शिवाय'।
**ओमें** *सर्व०* उसमें।
**ओर** *स्त्री०* तरफ, किनारा, दिशा। **-छोर** *पु०* इस किनारे से उस किनारे तक, आदि से अन्त तक।
**ओरन्त** *पु०* समाप्त।
**ओरचन** *पु०* खटिया के पायताने में लगी मोटी रस्सी जिससे खटिया को तान कर रखा जाता है; उभेचन।
**ओरदावन** दे० ओरचन।
**ओरमल** *अक०* किसी पेड़ की डाली का एक ओर झुकना।
**ओरहन** *पु०* उलाहना।
**ओरहा** *अव्य०* होरहा।
**ओराइल** *अक०* खत्म हो जाना, समाप्त हो जाना।
**ओरालडुवा** *पु०* खाँड का लड्डू।
**ओरिआनी** *स्त्री०* छप्पर का अन्तिम छोर, जहाँ से वर्षा का पानी चूता है।
**ओरी** *स्त्री०* तरफ, किनारा, दिशा, ओरिआनी। *उदा०* 'मोर दुइ नयन चुवै जस ओरी' -जायसी।
**ओल** *पु०* एक तरह का कन्द, जिसका चोखा, अचार आदि बनता है, सूरन।
**ओलरल** *अक०* शरीर को ढीला छोड़कर पसर जाना; किसी लता वाले पौधे में भरपूर फल-फूल आना।
**ओला** *पु०* बनौरी, उपल।
**ओलार** *अक०* एकतरफा अधिक भार होने से झुक जाना।
**ओलाह** *पु०* रियायती
**ओली** *स्त्री०* झोली।
**ओस** *पु०* वाष्प का जल बिन्दु में परिवर्तित रूप। *कहा०* 'ओस चटला से पिआस ना जाला'।
**ओसर** *वि०* वह गाय या भैंस जो पहली बार गाभिन हुई हो।
**ओसवनी** *स्त्री०* ओसाने का कार्य, भूसा-मिश्रित अनाज का भूसा को अलग करने का कार्य।
**ओसाइल** *अक०* बाहर रखी वस्तु पर ओस गिरना, ओस से भींगा या प्रभावित। *क्रि०वि०* जिस पर ओस पड़ी हुई है।
**ओसारा** *पु०* मकान का बाहरी या भीतरी वह हिस्सा जो सामने से खुला रहता है, बरामदा, दालान।
**ओसावल** *सक०* भूसामिश्रित दाने को ऊपर से गिराकर भूसा उड़वा देना, ओसाना। *क्रि०वि०* ओसाया हुआ।
**ओह** *अव्य०* दुःख और शोकसूचक स्थिति संकेत।
**ओहरल** *अक०* कमी पर होना।
**ओहार** *पु०* पर्दा।
**ओहारी** *स्त्री०* थाम्हने की ऊपर की कड़ी।
**ओहो** *अव्य०* आश्चर्य, हर्ष का सूचक शब्द अहो, ही, हहो।

❑

# औ

**औ** देवनागरी वर्णमाला का स्वर वर्ण जिसका उच्चारण स्थान कण्ठोष्ठ है।

**औंकर** *पु०* एक प्रकार की घास।

**औंघाई** *स्त्री०* झपकी, नींद, ऊँघाई।

**औंजल** *अक०* ऊबना, व्याकुल होना।

**औंटन** *पु०* चारा काटने का ठीहा।

**औंटल** *सक०* औंटना; गर्म करना।

**औंधल** *अक०* उलट जाना, औंधा होना।

**औकठ** *पु०* ऐसा काठ, जिसकी लकड़ी का उपयोग किसी उपकरण के लिए नहीं, सिर्फ जलावन के लिए होता है।

**औकात** *पु०* हैसियत, शक्ति।

**औगढ़** *वि०* जो गढ़ा हुआ नहीं हो।

**औगार** दे० 'अवजार'।

**औगारल** *सक०* ज्यादा गहराई से हल जोतना।

**औघड़** *पु०* अघोरी; अपशकुन; फक्कड़।

**औचक** *अव्य०* अकस्मात्, अचानक।

**औछार** *पु०* वर्षा का झोंका, बौछार

**औजार** *पु०* [अ०] कार्य करने में उपयोगी उपकरण, जैसे–आरी, रेती, छेनी, हथौड़ा इत्यादि।

**औझड़-औझर** *क्रि०वि०* लगातार, निरन्तर।

**औझड़ाह** *क्रि०वि०* कुजगह, कुढंग।

**औटनी** *पु०* उबाले जाने वाली चीज को चलाने की कलछी या चम्मच।

**औढर** *वि०* चाहे जिधर ढल जाने वाला; थोड़े में निहाल हो जाने वाला, आशुतोष। **-दानी** *वि०* भक्त को निहाल कर देने वाला।

**औतरल** *अक०* अवतार लेना, जन्म ग्रहण करना; परम्परागत।

**औतार** *पु०* अवतार, प्राकट्य।

**औरंग** *पु०* मक्का, ज्वार, बाजरा का रोग जिससे डण्ठल पर सफेद दाग पड़ जाते हैं।

**और** *अव्य०* तथा, एवं, जोड़ने वाला शब्द। *वि०* दूसरा, अन्य, अधिक।

**औरत** *स्त्री०* [अ०] स्त्री, महिला, नारी। *कहा०* 'औरत किसकी जो पास रखे उसकी'।

**औरा** *पु०* आँवला।

**औल्हा** *पु०* पांजा।

**औलाद** *स्त्री०* [अ०] सन्तान, सन्तति, वंशज।

**औसत** *वि०* बीच का।

**औसर** *पु०* [सं० अवसरः] समय, काल। ऐसी अनुकूल स्थिति जिसमें इच्छा पूर्ति का अवसर मिले। अवकाश, फुरसत; इत्तफाक।

**औसान** *पु०* [सं० अवसानम्] विराम, ठहराव; अन्त, समाप्ति; सीमा, हद; सायंकाल; मृत्यु।

**औसावल** *सक०* भूसे में रखकर फल को पकाना।

# क

**क** देवनागरी वर्णमाला के 'क' वर्ग का पहला व्यंजन वर्ण जो कंठ से बोला जाता है। (अव्यय) सम्बन्ध कारक की विभक्ति का संक्षिप्त रूप। *उदा०* 'बनारस क पान'।

**कँइचा** *पु०* झाड़ी की बेतरतीब बढ़ी डालियों को काटने-छाँटने की बड़ी कैंची।

**कँइची** *स्त्री०* [सं० कत्तरी] कपड़ा आदि काटने का औजार।

**कँइत** *पु०* कठ बेली (छोटा बेल) के सदृश एक फल, कपित्थ फल।

**कँइया** *वि०* धूर्त, काइयाँ।

**कँउचल** *अक०* चिढ़ना।

**कँउची** *सर्व०* कौन चीज का संक्षिप्त रूप।

**कँउनी** *स्त्री०* [सं० कङ्गु] एक प्रकार का अन्न जिसका बाल बाजरे-सा होता है, टँगुनी।

**कंक** *पु०* एक पक्षी, सफेद चील; अत्यन्त गरीब, दरिद्र। *उदा०* 'कंक का लेखे मड़ुआ अन्न', 'कंक गइले कंक कींहा, कंक फारि खइलन'।

**कंकड़** *पु०* पत्थर या ईंट का छोटा टुकड़ा; सूखी सुरती या तम्बाकू जो चिलम पर चढ़ाकर पिया जाता है। *उदा०* 'बम शंकर, ई गांजा ना ह, ई कंकड़।'

–लोकगीत

**कंकड़ी** *स्त्री०* छोटा कंकड़, छर्री। *उदा०* 'कंकड़ी मोहे मारी गगरिया फोरि डारी'।

**कंकड़ीला** *वि०* कंकड़ मिला हुआ, जिसमें कंकड़ अधिक हो।

**कंकण** *पु०* (वर के हाथ में) सूत का बना हुआ वस्तु विशेष, जिसमें राई, नोन और हल्दी बँधी होती है; कंगन, विवाह-सूत्र।

**कंकराही** *वि०* कंकड़मिश्रित भूमि (कंकड़)।

**कंकरीट** *पु०* [अं० कांक्रीट] बालू, कंकड़ सीमेन्ट मिलाने से तैयार किया हुआ मसाला।

**कँकरी** *स्त्री०* एक पतला लम्बा फल जिसे खाया जाता है। *कहा०* 'कँकरी के चोर के लात मुक्का जादा'।

**कंकाल** *पु०* [सं०] शरीर का हड्डी-समूह, ठठरी, ढाँचा।

**कंकालिनी** *स्त्री०* [सं०] काली, *वि० कर्कशा नारी।*

**कंकाली** *स्त्री०* मन्त्र-तन्त्र के प्रयोग में निपुण एक देवी, कंकालिनी। *उदा०* 'जय काली कंकाली वचन ना जाये खाली'।

**कँखउरी** *स्त्री०* [सं० कक्ष+बटी] काँख का घाव।

**कँखवटल** *सक०* काँख में दाबना।

**कंगन** दे० ककना।

**कंगला** *वि०* दे० 'कंगाल'।

**कँगही** *स्त्री०* कंघी।

**कँगारू** *पु०* [अं०] आस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला जानवर।

**कंगाल** *वि०* [सं० कंकाल] निर्धन; भुक्खड़। *कहा०* 'कंगाल के महुआ मीठ'।

**कंगाली** *स्त्री०* गरीबी, निर्धनता।

**कंगुरिया** *स्त्री०* कनगुरिया।

**कंगूरा** *पु०* [फा० कुँगरा] गुम्बद, बुर्ज।

**कंघा** *पु०* [सं० कंकत:] बाल सँवारने का उपकरण।

**कंघी** *स्त्री०* छोटा कंघा।

**कंचट** *पु०* कान की जड़ में होने वाला घाव।

**कंचनचूर** *पु०* एक प्रकार का विशिष्ट धान।

**कँचाड़ल** *अक०* रौंदना, पैर से दबाना।

**कंचन** *पु०* सोना [सं० काञ्चनम्] धन-दौलत। *वि०* सुन्दर, सुहावना। *उदा०* 'हरिअर कंचन-अत्यन्त हरा, सहचर शब्द'।

**कँचलोहिया** *वि०* कच्चे लोहे से निर्मित; श्रम करने से भागने वाला।

**कंचा** *वि०* कच्चा। *उदा०* 'बान्हल बाड़े संकर लड्डआ, अँउटल कंचा दूध।'

**कंचित** *वि०* [सं० किम+चित] थोड़ा, किंचित्।

**कँचिया** *वि०* कच्चा।

**कंचु** *पु०* एक प्रकार का साग।

**कंचुक** *पु०* [सं०] अँगरखा, चोली, अँगिया; केंचुल।

**कंचुकी** *स्त्री०* चोली, अँगिया।

**कंचोरस** *पु०* ईख को पेरकर निकाला गया रस।

**कंछल** *अक०* मरोड़ना; पेट में हलका-हलका दर्द होना।

**कंछा** *स्त्री०* [सं० काङ्क्षा] इच्छा; पतली डाली।

**कंछी** *स्त्री०* पतली डाली।

**कंज** *पु०* [सं०] कमल; ब्रह्मा; केश।

**कंजई** *वि०* कंजे के रंग का, गहरा खाकी।

**कंजड़** *पु०* एक झगड़ालू घुमक्कड़ जाति, खानाबदोश; कंजूस।

**कंजड़ई** *पु०* कंजूसी।

**कंजूस** *वि०* [सं० कण+हिं० चूसना] कृपण, सूम।

**कंजूसी** *स्त्री०* कृपणता।

**कंटइया** *स्त्री०* (कंटकारी) पीले फूलवाला एक जंगली पौधा, धमोय।

**कंटा-कांटा** *पु०* [सं० कण्टक] छोटी-छोटी मुड़ी हुई काटियों का गुच्छा, जिसका उपयोग कुएँ में गिरे बर्तनों को निकालने के लिए होता है।

**कंटिया** *स्त्री०* घी-तेल रखने का लम्बी गर्दन वाला मिट्टी का बर्तन। *कहा०* 'कंटिया कोंहारे के दूध जजिमान के'।

**कंटी** *स्त्री०* [सं० कण्ठिन्] अन्न नापने का बर्तन, कांटेदार बर्तन।

**कंटेअवा** *वि०* काँटेदार।

**कंटोप** *पु०* बड़ी टोपी जिसके पहनने पर कान ढँक जाता है।

**कंठ** *पु०* गला, गले में सामने की तरफ जवानी आने पर एक मांस ग्रन्थि निकल आने की स्थिति; तोते के गले में लाल रोयें की रेखा। *क्रि०वि०* कंठायन। *कहा०* 'कंठ कोतर पेट दरार'। **-माला** *स्त्री०* गले का रोग, जिसमें लगातार शृंखलाबद्ध फोड़े निकलते हैं। **-सूल** *पु०* घोड़े के गले की भँवरी। **-हार** *पु०* हार। **-खुलल** *मुहा०* आवाज निकलना, **-बइठल** *मुहा०* गला बैठना, बेसुरा होना, **-भइल** *मुहा०* जबानी याद होना।

**कंठा** *पु०* गले में पहनने का एक आभूषण।

**कंठी** *स्त्री०* तुलसी की माला जिसे वैष्णव धारण करता है; कुदाल की धार और पासे का जोड़। *कहा०* 'कंठी भऽ गइल संठी'। *मुहा०* **कंठी बान्हल**—किसी काम को न करने का व्रत लेना। **कंठी तूरल**—किसी त्याज्य काम को कर बैठना। **कंठी देहल**—साधु द्वारा किसी को चेला बनाना।

**कँठेसर** *पु०* स्त्रियों के गले का आभूषण।

**कंठेसरी** *स्त्री०* [सं० कण्ठ+ईश्वरी] स्वर की अधिष्ठात्री देवी। *उदा०* 'कंठ बान्ह कंठेसरी, काया बान्ह परमेसरी।'-लोकमन्त्र

**कँड़रा** *वि०* [सं० स्कन्दन] उपले की राख।

**कँड़री** *स्त्री०* अँतड़ी में सूख कर कड़ा हुआ मल। -**कँड़री परल** *मुहा०* मल का सूख कर कड़ा होना (मवेशी एवं बच्चों के पेट में)।

**कँड़वानी** *स्त्री०* [सं० काण्ड+बन] वह स्थान जहाँ मूँज उपजा हो।

**कंड़ा** *पु०* [सं० काण्ड] एक प्रकार की घास जिसका उपयोग फूस का घर बनाने में होता है; सरकण्डा।

**कँड़ा** *पु०* सूखा हुआ गोबर।

**कँड़िका** *स्त्री०* (काँड़ का अल्प०) जमीन की सतह के भीतर का चूहे का बिल जिसे फोड़कर वह भाग जाता है।

**कंडील** *स्त्री०* [अ० कन्दील] बाँस की कमची और रंगीन कागज का बना दीपपात्र।

**कंडूआ** *पु०* ज्वार, बाजरे की बाल का एक रोग।

**कंत** *पु०* [सं० कान्त] प्रियतम, पति। *उदा०* 'किआ तोर सासु ससुर दुःख देले, नैहर दूर बसे, किआ तोरा कंत विदेस कवन दुःख रोएलू?'।

**कंतोड़** *पु०* काठ का छोटा बक्स।

**कंथ** *पु०* पति, प्यारा, ईश्वर।

**कंथा** *स्त्री०* [सं०] गुदड़ी, कथरी।

**कंथारी** *स्त्री०* कथरी।

**कंथी** *वि०* [सं०] गुदड़ी धारण करने वाला।

**कंद** *पु०* [सं०] पौधों की मीठी जड़, जिसका उपयोग फलाहार एवं सब्जी में होता है।

**कँदई** *स्त्री०* [सं० कर्दम] कीचड़, काँदो। *वि०* **कँदवइल** कीचड़ मिलने से कन्दा।

**कंदरी** *स्त्री०* नदी के किनारे खोदा हुआ कुआँ, गुफा, घाटी।

**कंदा** *पु०* [सं० कन्द] एक प्रकार का कन्द जिसकी तरकारी बनती है; शकरकन्द, अरूई।

**कंदुक** *पु०* [सं०] गेंद।

**कंदू** *पु०* कीचड़।

**कंदैला** *वि०* गँदला, मिट्टी कीचड़ वाला।

**कंध** *पु०* [सं०] बादल; मोथा।

**कंधनी** *स्त्री०* करधनी।

**कंधर** *पु०* [सं०] गरदन, मोथा।

**कंधा** *पु०* [सं० स्कन्ध] कोल्हू के जाठ के ऊपर का कटा हुआ भाग, कन्धा।

**कंप** *पु०* [अं० कैम्प] सरकारी अधिकारी या फौज के ठहरने का अस्थायी स्थान।

**कंपनी** *स्त्री०* [अं० कम्पनी] व्यापारिक-प्रतिष्ठान, व्यापारिक समिति, सेना का विभाग।

**कँपकँपी** *स्त्री०* [सं० कम्पन] काँपने का भाव, थरथराहट।

**कंपा** *पु०* बाँस की पतली कमची से बना बहेलियों द्वारा पक्षियों को फँसाने की एक वस्तु।

**कंपाउंडर** *पु०* [अं०] डॉक्टर का सहायक जो रोगी की सेवा करता है।

**कंपाउंडरी** *स्त्री०* कम्पाउण्डर का कार्य।

**कंपास** *स्त्री०* [अं०] दिग्दर्शक यन्त्र, परकार।

**कंपोज** *पु०* [अं०] छापने हेतु टाइप के अक्षरों को जोड़ने का काम।

**कंपोटर** *पु०* दे० 'कंपाउंडर'।

**कँवरी** *स्त्री०* पशुओं का पागुर, कउरी।

**कँवल** *पु०* कमल। *वि०* कोमल।

**कँवारथू** *पु०* पात्र में गंगाजल भरकर शिव पर चढ़ाने के लिये जाने वाला व्यक्ति; कँवरथुआ।

**कंस** *पु०* मथुरा के राजा उग्रसेन का पुत्र और कृष्ण का मामा।

**कँसकूट** *वि०* काँस्यमिश्रित जस्ता और ताँबे आदि के योग से बनी एक धातु।

**कँसहा** *वि०* [सं० काँस्य] काँसे से बना हुआ (बर्तन)।

**कँसासुरी** *स्त्री०* वह बैल, जिसका एक सींग नीचे की ओर और दूसरा ऊपर की ओर हो।

**कँसेरा** *पु०* बर्तन बनाने और मरम्मती का काम करने वाली एक जाति।

**कँहरल** *अक०* कराहना।

**कँहरवा** *पु०* एक प्रकार का ताल।

**कँहाँ** *क्रि०वि०* कहाँ।

**कँहार** *पु०* एक जाति, जिसका पेशा पालकी ढोना और पानी भरना है। कँहरिया। *उदा०* 'लाली लाली डोलिया के सबुजी ओहरवा, लागि गइले बतीसो कहार।' –लोकगीत

**क** *वि०* कितना

**क** *क्रि०* करना जैसे—कके-करके।

**कइँची** *स्त्री०* कैंची।

**कइ** *वि०* कितने।

**कइटी** *स्त्री०* बहुत दिनों का जमा हुआ कालिख या मैल।

**कइथी** *स्त्री०* एक प्रकार की लिपि जो कायस्थों में प्रचलित थी। इसमें शिरोभाग की रेखाएँ नहीं होती हैं तथा अक्षर नागरी लिपि से कुछ-कुछ मिलते-जुलते हैं।

**कइदी** *पु०* [अ० कैदी] अभियोग में पकड़ा गया या सजा पाया व्यक्ति, बन्दी।

**कइन** *पु०* बाँस की पतली डाली, करची।

**कइनी** *सक०* किया। *कहा०* 'कइनी रोट पकाई भइल पेट पकाई' (रोटी पकाने की सुविधा हेतु विवाह किया किन्तु पत्नी भरपेट अन्न भी नहीं देती)।

**कइल** *वि०* (देशज) वह बैल, जिसके रोयें सफेद होते हैं। *सक०* किसी काम को पूरा करना। भू०कृ० कइल। डायन का मन्त्र-तन्त्र से परेशान करना।

**कइलाइल** *अक०* अन्न के दाने का पकने की स्थिति में किंचित् काला होना।

**कइसन** *वि०* [सं० कीदृशः] कैसा। *उदा०* 'रचल पोथियन बिन ई जिनगी ह कइसन' —अर्जुन।

**कइसहूँ** *क्रि०वि०* कैसे भी।

**कइसे** *क्रि०वि०* [हिं० कैसा] किस प्रकार का, किसलिए।

**कई** *वि०* [सं० कति] एक से अधिक। -तल्ला *वि०* बहुमंजिला।

**कउँचल** *अक०* रंज होना।

**कउआ** *पु०* [सं० काक] कौवा। *कहा०* 'कउआ कान लेले जाता तऽ कान टोइब धउरब ना'।

**कउआइल** *अक०* अकेले बैठे रहने पर ऊब जाना, मन नहीं लगना।

**कउआ ठोंठी** *स्त्री०* [सं० काक तुण्डी] एक जंगली पौधे का फल जिसके काँटे कौवे की चोंच की तरह आगे की ओर मुड़े होते हैं।

**कउआ ठोकर** *पु०* बच्चों का खेल।

**कउआनहान** *पु०* बहुत कम पानी में कौवे के समान स्नान का काम, हल्का स्नान।

**कउआल** *पु०* [अ० कव्वाल] कौवाली गाने वाला।

**कउआली** *स्त्री०* सूफियों के भक्तिगीत, कौव्वाली।

**कउआलुकान** *पु०* इतना बढ़ा हुआ पौधा जिसमें कौवा छिप सके।

**कउआहँकनी** *स्त्री०* लोक-कथाओं की वह रानी या स्त्री जिसे दण्डस्वरूप

नाक-कान काट कर समाज में अलग कर दिया जाता था और वह खेतों की रक्षा कर अपना जीवन-यापन करती थी।

**कउँचल** *अक०* [सं० क्रौञ्च] क्रुद्ध होना, रंज होकर जोर-जोर से बोलना।

**कउकाठ** *पु०* झंझट, झमेला।

**कउएल** *पु०* काग के रंग का मछली खाने वाला पक्षी।

**कउड़ा** *पु०* [सं० कुण्ड] जाड़े में तापने के लिए घास-पात की प्रज्ज्वलित अग्नि; अलाव।

**कउड़ी** *स्त्री०* [सं० कपर्दिका] घोंघे-सा एक समुद्री कीड़े की अस्थि, जिसका उपयोग सबसे कम मूल्य के सिक्के के रूप में होता था, कौड़ी। सरकार द्वारा लिया गया कर; कान, कण्ठ, काँख और जाँघ की जोड़ के निकट निकली गिल्टी; पागुर; जुगाली।

**कउड़ी चिन्ह** *वि०* कृपण, कंजूस।

**कउड़ी बूँट** *पु०* उजले और बड़े दानों वाला एक प्रकार का चना।

**कउरल** *सक०* दौनी के समय अनाज के डण्ठलों को छींटना या उलटना, पलटना।

**कउल** *पु०* वादा, वचनबद्धता, कउल-करार (सहचर शब्द)।

**कउवाँ** *वि०* क्रम में कौन-सा।

**कउआठोकर** *पु०* एक तरह का खेल।

**कउस** *वि०* काले एवं सफेद रोओं वाला बैल।

**कएलास** *पु०* कैलास।

**ककऊ** *पु०* काका के लिए सम्बोधन-सूचक शब्द।

**ककन** *पु०* कंकण। **-छोड़ाई** *स्त्री०* नव वर-वधू की कलाई से कंगन-त्याग का रस्म।

**ककना** *पु०* कंगन, स्त्रियों के हाथ का एक गहना; विवाह में यज्ञ कराने वाले पण्डित का मन्त्र द्वारा वर-कन्या के हाथ में बाँधा हुआ आम का पल्लव।

**ककहरा** *पु०* 'क' से 'ह' तक अक्षर, वर्णमाला, आरम्भिक मोटी-मोटी बातें, *कहा०* 'क ख ग घ आवेना, दे दे माई पोथी'।

**ककही** *स्त्री०* कंघी।

**ककिआ** *स्त्री०* काका की पत्नी।

**ककीर** *पु०* एक प्रकार का अच्छा पान।

**ककुड़ी** *पु०* तम्बाकू के पत्ते का एक रोग।

**ककुलाइल** *सक०* खुजलाना।

**ककोच** *पु०* मवेशियों का जबड़ा।

**ककोहल** *अक०* नोचना, खरोंचना, बकोटना; कंघी करना।

**ककोहिया** *पु०* खारी जमा करने का उपकरण। *सक०* ककोहल नोचल, बकोटल। चाट-पोंछ कर खाना।

**कगजही** *वि०* कागज का, कागज से सम्बन्धित, कगजही पेंसिल।

**कगभाखी** *पु०* अपशकुन बोलने वाला व्यक्ति; कुभाखी।

**कगर** *पु०* कगार, बारी, मेंड़।

**कगरिआइल** *अक०* बगल देकर निकल जाना।

**कगरी** *स्त्री०* किनारा (अल्प०)।

**कगरे** [अ०] किनारे।

**कगवल** *पु०* (काक+बलि) यज्ञादि में कागों के लिए निकाला गया भाग।

**कगार** *पु०* किनारा; टीला।

**कगवा** *वि०* काग के रंग का काग का सम्बोधन। *उदा०* 'कगवा कवन सनेसा लेई अइलस कि बोलिया सोहावन लागे।'

**कगिया** *स्त्री०* वह बैल जिसका रंग काग की तरह काला हो।

**कच** *पु०* सेब, कद्दू आद फल एवं सब्जिओं जैसे पदार्थों को काटने से निकली आवाज, अनु०। **-रस** *पु०* ईख का रस।

**कच-कच** *क्रि०वि०* कलह।

**कचउड़ी** *स्त्री०* एक प्रकार की पूड़ी जो आटे में घी मल कर बनायी जाती है; उभरते हुए उरोज का प्रतीक।

**कचकचाइल** *पु०* कुत्ता आदि काटने वाले जानवरों का आवेश में निकला शब्द।

**कच दे** *वि०* अचानक, झट से, जल्दी से।

**कचनार** *पु०* एक प्रकार का प्रसिद्ध वृक्ष जिसका फूल लाल, पीला और सफेद होता है।

**कचबच** *पु०* शोर।

**कचबचिया** *स्त्री०* तारों की श्रृंखला।

**कचर-कचर** *स्त्री०* कच्चा फल खाने का शब्द।

**कचरकूट** *पु०* कसकर पीटना, डट कर खाना।

**कचर-पचर** *पु०* व्यर्थ की बातें।

**कचरमकूट** *वि०* व्यापकतापूर्वक सम्पन्न कोई कार्य, यथा-भोज, मार-पीट।

**कचरल** *सक०* शौक से मस्तीपूर्वक खाना, पान कचरना।

**कचरस** *वि०* जो किंचित् कच्चा हो, कचरसाह कच्चा रहने का भाव; गन्ने का ताजा रस।

**कचरा** *पु०* कटी फसल को बाँधने के लिए पटुए की ऐंठी रस्सी; व्यर्थ की चीज, कूड़ा-कचरा (सहचर शब्द)।

**कचरि के** *क्रि०वि०* डट कर खाना।

**कचरी** *स्त्री०* बेसन एवं प्याज का तला हुआ भोज्य पदार्थ; कच्चे हरे चने के पौधे और दाने।

**कचरो-डभरो** *क्रि०वि०* भोज में सबका डट कर भोजन करना।

**कचहरी** *स्त्री०* अदालत, इजलास, दरबार। *कहा०* 'कचहरी में भीतो हाथ पसारेला'।

**कचाइन** *स्त्री०* कच्चे स्वाद का फल।

**कचारल** *अक०* कपड़े को पटक कर धोना।

**कचिया** *स्त्री०* फसल काटने की दाँतदार हँसिया, दाँती।

**कचूमर** *पु०* कुचल कर बनाया हुआ पदार्थ।

**कचूर** *पु०* [सं० कर्चूरः] हल्दी की जाति का एक पौधा, जिसकी जड़ सुगंधित होती है।

**कचोट** *पु०* कसक, टीस। *उदा०* 'मन में कचोट रहे, तब परोसे माठा, राम-राम कहऽ मत करऽ ठाठा।' *अक०* कचोटल।

**कचोरा** *स्त्री०* कटोरा।

**कचोरी** *स्त्री०* कटोरी।

**कचौड़ी** *स्त्री०* उड़द भरकर बनाई गई पूड़ी।

**कच्चक** *पु०* छेनी।

**कच्चट** *पु०* [सं०] जलीय पौधा।

**कच्चर** *वि०* [सं०] गन्दा, बुरा, कमीना।

**कच्चा** *वि०* अनपका, अपक, अधकचरा। *कहा०* 'कच्चा खेत न जोते कोई नाहीं बीज न अँकुरे होई'। **-चिट्ठा** *पु०* पूरा विवरण। **-जबान** *स्त्री०* गाली।

**कच्चा-बच्चा** *पु०* छोटे-छोटे बच्चे और बच्चियाँ, बाल-बच्चे (सह० शब्द)।

**कच्ची** *स्त्री०* वह भोज्य पदार्थ जो घी या तेल में नहीं तला गया हो जैसे-भात-दाल आदि। कच्ची-पक्की सहचर (शब्द)।

**कच्चू** *पु०* जमीन में बैठने वाली एक प्रकार की जड़ जो सब्जी के काम में आती है; बड़ा।

**कच्छड़** *पु०* धोती पहनने का चुस्त-दुरुस्त ढंग।

**कच्छा** *पु०* चौकोर नाव।

**कछनी** *स्त्री०* पहनी धोती को कमर में कस कर, ऊपर चढ़ाकर बाँधना।

**कछवाहा** *पु०* राजपूतों की एक उपजाति।

**कछार** *पु०* नदी की बाढ़ के दायरे वाली जमीन।

**कछिया** *स्त्री०* बच्चों के पहनने का एक प्रकार का वस्त्र जो जंघे तक सीमित रहता है; चड्डी।

**कछु** *वि०* कुछ।

**कछुआ** *पु०* (सं० कच्छप:) कड़ी खोपड़ी वाला एक जल-जन्तु।

**कछुआ खाप** *पु०* वह फसल जो खेत में एक समान न उगी हो।

**कछौटा** *पु०* धोती को कस कर पहनने का ढंग; कच्छड़।

**कज** *पु०* टेढ़ा, एक तरफ झुका हुआ; टेढ़ा।

**कजई** *पु०* खोंचा, बैलों के मुँह पर लगाने के लिए रस्सी की बनी जाली।

**कजरघर** *पु०* एक मोटा धान।

**कजरवटा** *पु०* काजल रखने का बर्तन।

**कजरहटिया** *पु०* साधु वेषधारी भिक्षुक वर्ग, जो स्वभाव से धूर्त एवं बदमाश होता है।

**कजरा** *पु०* पौधों में लगने वाला एक प्रकार का कीड़ा; वह बैल जिसकी आँखों के चारों ओर का स्थान नीला हो; काजल।

**कजराइल** *अक०* किसी अनाज के बाल में किंचित् कालापन आने की स्थिति।

**कजरी** *स्त्री०* एक प्रकार का बरसाती गीत जो आषाढ़ से भादों तक गाया जाता है। कजली। उदा० 'मिर्जापुर कजरी के नइहर कासी में ससुरार'।

**कजना** *पु०* ईंट का भट्ठा।

**कजाक** *पु०* डाकू, लुटेरा।

**कजाहल** *वि०* अपाहिज (बैल).

**कजिया** *पु०* श्राद्ध।

**कज्जक** *पु०* छेनी।

**कटइया** *स्त्री०* मजदूरी (काटने की)।

**कट-कट** *पु०* काटने से उत्पन्न शब्द (अनु०)।

**कटकटावल** *अक०* दाँत पीसना (क्रोध में)।

**कटकेना** *पु०* निश्चित राशि पर दिया गया काम, ठीका।

**कटघरा** *पु०* कठघरा, अदालत में बना लकड़ी का घेरा।

**कटना** *पु०* जिससे कोई वस्तु काटी जाती हो।

**कटनिहार** *पु०* फसल काटने वाला।

**कटनी** *स्त्री०* अनाज के बाल पक जाने पर उसे काटने का काम; कटिया।

**कटपीस** *पु०* नए कपड़ों के टुकड़े।

**कटरनी** *स्त्री०* मोची का सूआ जिससे चमड़ा सिला जाता है।

**कटरा** *पु०* पाड़ा; कपड़ा बाजार।

**कटरो-डभरो** *पु०* पूछ-पूछकर खूब खिलाने का काम।

**कटल** *अक०* कट जाना; किसी काम से देह चुराना।

**कटसिंगी** *स्त्री०* कटे सींगवाली (भैंस)।

**कटहर** *पु०* [सं० कण्टक+फलम्] एक प्रकार का पेड़ जिसमें बड़े और काँटेदार छिलके वाला फल होता है; कटहल का फल।

**कटहरी** *स्त्री०* विवाह के बाद वर-पक्ष की ओर से वधू-पक्ष को उपहार के रूप में भेजे गए कटहल।

**कटहवा** *पु०* जिसे खाते समय मुँह में खुजलाहट पैदा होती है, सूरन, ओल। *वि०* काटने वाला (कुत्ता), कटहा।

**कटाइल** *वि०* कटा हुआ। *कहा०* 'कटाइल जजमान के सीखे नउआ'।

**कटाई** *स्त्री०* [सं० कर्तनम्] खेत काटने की मजदूरी।

**कटाउज** *पु०* दो कुत्तों की लड़ाई, जिसमें एक कुत्ता दूसरे को काटता है।

**कटान** *पु०* आमने-सामने से आती हुई गाड़ियों के एक-दूसरे को पार करने की जगह।

**कटार** *स्त्री०* [सं० कट्टारः] पतली और दुधारी बड़ी तलवार।

**कटाव** *पु०* दर्जी द्वारा सिलाई में काटने की क्रिया, काट कर बनाए हुए बेलबूटे।

**कटावदार** *वि०* बेलबूटा बनाया हुआ (वस्त्र)।

**कटावन** *पु०* काटने की स्थिति में उत्पन्न मनोदशा।

**कटावल** *सक०* सामने से आती हुई गाड़ी को जाने के लिए बगल से गाड़ी चलाना। काटल क्रिया का प्रेरणार्थक रूप। *भू०कृ०* कटावल, *व०कृ०* कटावत।

**कटाह** *वि०* काटने वाला (कुत्ता); कटाह; कड़ाह।

**कटिया** *स्त्री०* तैयार फसल को काटने का काम; कटनी।

**कटिहर** *वि०* बहुत गन्दा (वस्त्र)।

**कटीला** *वि०* काँटेदार।

**कटुआ** *पु०* काटने वाला, वैवाहिक सम्बन्ध बिगाड़ने वाला।

**कटुई** *पु०* काटकर रोपा जाने वाला आलू का बीज; खेती में लगने वाला एक कीड़ा। *वि०* छाली निकाला हुआ (दही)।

**कटोरा** *पु०* गोलाकार छोटी थाली-सा बर्तन, कचोरा।

**कटोरी** *स्त्री०* कचोरी, फूल, काँसे की प्याली।

**कटौती** *स्त्री०* किसी रकम में से कुछ कम कर देना।

**कट्ट** *पु०* पुरुषेन्द्रिय, शिश्न (व्यंग्य)।

**कट्टर** *वि०* अपने विश्वास पर अटल रहने वाला, विचार का पक्का, असहिष्णु, अनुदार विचार वाला।

**कट्टी** *स्त्री०* बेकार (भैंस)।

**कट्ठा** *पु०* बिगहा का बीसवाँ भाग (खेत)

**कठंजा** *पु०* कई तरह के मिले हुए अनाज।

**कठ** *पु०* [सं० कष्टम्] दुःख, काठ का संक्षिप्त रूप। *उदा०* कठमुल्ला।

**कठईया** *वि०* काठ का बना हुआ।

**कठऊ-कठही** *वि०* काठ का बना हुआ।

**कठउता** *पु०* काठ का बना बड़ा बर्तन, कठवत स्त्री; कठउती।

**कठकरेजी** *वि०* कठोर हृदय वाला, निर्दयी।

**कठगर** *वि०* हाड़ का ह्यमोटा, बलिष्ठ और गठीला शरीर वाला।

**कठघरा** *पु०* जेल खाना, कैदी गृह, कचहरी में बना काठ का घेरा जिसमें मुजरिम न्यायाधीश के सामने खड़ा होता है।

**कठघोड़वा** *पु०* काठ की बनी घोड़े की आकृति, जिसका उपयोग एक लोकनृत्य में होता है, दुलदुल का नृत्य।

**कठजामुन** *पु०* जंगली जामुन, जिसके फल में गूदा कम होता है।

**कठजीव** *वि०* कठोर प्रकृति का।
**कठधारा** *स्त्री०* पलड़े पर बटखरा रखकर उससे तौलना और उस तौली हुई वस्तु पर उसी बटखरे को रखकर और उसे एक इकाई मानकर तौलने की विधि, जिससे तराजू का पसंगा दूर हो जाता है।
**कठपिरी** *स्त्री०* एक प्रकार का फूल।
**कठपुतली** *स्त्री०* [सं०/काष्ठ+पुतलिका] तार के द्वारा नचाई जाने वाली काठ की पुतलियाँ।
**कठफनेल** *पु०* छोटा जामुन।
**कठफोरवा** *पु०* एक प्रकार की चिड़िया, जो काठ को खोद कर अपना घोंसला बनाती है। कठफोड़वा। *उदा०* 'काठ फोरी निकले आहो कठफोरवा हो रामा छतिया फोरी निकले गोरी के जोबनवाँ हो रामा' —लोकगीत
**कठबाँसी** *स्त्री०* पतला और घना गाँठवाला बाँस।
**कठबाप** *पु०* सौतेला पिता।
**कठबेंग** *पु०* छोटे आकार का मेढ़क जो सूखे काठ के नीचे रहता है। *स्त्री०* कठबेंगी।
**कठबेटा** *पु०* वह पुत्र, जिसे स्त्री ने पूर्व या अन्य पति से पैदा किया हो।
**कठबेली** *स्त्री०* आकार में छोटा जंगली बेल; छोटे और कड़े उरोज का प्रतीक।
**कठभाठ** *पु०* वह मिट्टी जो जोतने पर शीघ्र कड़ी हो जाती है।
**कठमउगा** *पु०* स्त्रैण स्वभाव का पुरुष।
**कठमन** *स्त्री०* कट्ठे में एक मन होने वाली फसल।
**कठमुरुकी** *स्त्री०* किंकर्त्तव्यविमूढ़-दशा।
**कठमोरवा** *पु०* काठ का बना मोर, जिसका उपयोग लोकनृत्य में होता है।
**कठरा** *पु०* काठ का बना बड़ा बर्तन, कठवत।
**कठरिआ** *पु०* थारुओं की एक उपजाति।
**कठरेंगनी** *पु०* जमीन पर फैलने वाली एक कँटीली घास।
**कठलेई** *स्त्री०* पानी में भी जोतने पर खेत के कड़ा रहने की स्थिति।
**कठवत** *पु०* खुले मुँह का लकड़ी का पात्र।
**कठही** *वि०* काठ का बना।
**कठिआइल** *अक०* (काठ) पौधे के तने में गाँठ होना।
**कठिन** *वि०* कड़ा, कठोर।
**कठिनाई** *स्त्री०* कठिन होने का भाव।
**कठुआइल** *अक०* सूख कर कड़ा होना; जाड़े में हाथ-पैर का ठिठुरना।
**कठुली** *स्त्री०* छोटा कठौता।
**कठेस** *वि०* कड़ा, कठोर, सख्त; मिट्टी में पानी डालकर सानने पर भी कड़ा रहना; ठीक से पका न हो।
**कठोर** *वि०* कड़ा, निर्दयी।
**कठौआ, कठौवा** *पु०* आभा; एक हथियार।
**कठौता** *पु०* [सं० काष्ठवत्] काठ का बड़ा बर्तन।
**कठौती** *स्त्री०* काठ का छोटा पात्र।
**कड़-कड़** *पु०* कड़े वस्त्र, कागज पर दबाव पड़ने से या तेल-घी को आँच पर खौलने से निकला शब्द, अनु०।
**कड़क** *पु०* जलन के साथ रुक-रुक कर पेशाब होने की बीमारी।
**कड़कड़ाइल** *अक०* तेल या घी को आँच पर खौलने से कड़कड़ शब्द होना।
**कड़कल** *अक०* कसक पैदा होना। *उदा०* 'इंगुरा के ठोपवा, सुरुजवा के जोतिया हो। कजरवा देखि के ना देवरा के कड़केला करेजवा हो।' –लोकगीत

**कड़क जाँघी** *पु०* वह बैल, जिसका पिछला पैर देखने में तना हुआ और सीधा लगता हो।

**कड़का** *पु०* कड़ाके की ध्वनि।

**कड़खल** *वि०* [सं० कर्करा] कड़ा, कठोर।

**कड़खा** *पु०* ऐसी बात, जिससे दिल में रोष या उत्तेजना पैदा हो।

**कड़र** *वि०* फसल का कड़ा और मोटा पौधा।

**कड़रा** दे० 'कँडरा'।

**कड़री** दे० 'कँड़री'।

**कड़रू** *पु०* भैंस का बच्चा। पड़रू।

**कड़वार** *पु०* फसल के बोझों का ढेर।

**कड़ा** *वि०* कठोर, कठिन, कड़ाई, कड़े काम का भाव या क्रिया; आभूषण; करारा।

**कड़ा-कड़ी** *पु०* तनाव।

**कड़ाई** *पु०* कड़ापन।

**कड़ाचूर** *क्रि०वि०* भरपूर, अधिकता।

**कड़ाबीन** *पु०* छोटा बन्दूक; कड़े स्वभाव का आदमी।

**कड़ाम** *पु०* दौनी के लिए बैलों को बाँधने की लम्बी रस्सी।

**कड़ाम-कड़ाम** *पु०* फुर्ती और जोर से पैर रखने पर निकली आवाज। *अनु०* तेज-तर्रार।

**कड़ाही** *स्त्री०* लोहे का छोटा गोल बर्तन जिसमें तरकारी आदि पकाई जाती है।

**कड़ियल** *वि०* कड़े स्वभाव का।

**कड़ी** *स्त्री०* मकान की छत में प्रयुक्त लकड़ी; गीत का पद; लोहे या अन्य धातु की अँगूठी जो सिकड़ी तैयार करने में एक दूसरे को जोड़ती है।

**कडुआ** *वि०* तीखा, चरपरा, तेज, जलन के साथ हाने वाला (पेशाब)।

**कड़ू-करू** *वि०* सरसों का (तेल)।

**कड़ेर** *वि०* कड़ा, कठोर।

**कड़ोरिआ** *पु०* एक खानाबदोश जाति। *स्त्री०* कड़ोरिन।

**कढ़ावल** *सक०* गीत की प्रथम कड़ी को पहले गाकर आरम्भ करना।

**कदुआ** *पु०* रात की बनी रसोई से दूसरे दिन प्रात: खाने के लिए निकाला गया अंश।

**कढ़ौर** *पु०* अन्न के बीज पर दिया जाने वाला सूद।

**कतका** *पु०* छड़ी।

**कतकी** *स्त्री०* कार्तिक में पकने वाला धान।

**कतना** *वि०* [सं० कियत्] किस परिमाण में, कितना। *स्त्री०* कतनी। *कहा०* 'कतनो चोख नेहरनी होई त ऊ गाछ ना काटी'।

**कतरन** *पु०* कागज, वस्त्र आदि के कटने से प्राप्त टुकड़ा।

**कतरनी** *स्त्री०* बाल बनाने या कपड़ा काटने का साधन। *उदा०* 'हाथ सुमिरनी बगल कतरनी, पढ़े भागवत गीता'।
–लोकगीत

**कतरपार** *पु०* ऊख की खड़ी फसल को काटने वाला (व्यक्ति)।

**कतरल** *सक०* [सं० कर्त्तनम्] कैंची से काटना।

**कतरा** *पु०* किसी फल का कटा हुआ भाग, फाँक; एक प्रकार की घास, जिसे खेत के मेंड़ पर लगा कर सीमांकन किया जाता है; बूँद।

**कतराइल** *अक०* किसी फसल के पौधों का कतरा के समान झुरमुट हो जाना; किसी काम से देह चुराना। *सक०* कैंची से काटा जाना।

**कतरी** *स्त्री०* कोल्हू में लगा तख्ता, जिस पर बैठ कर बैल हाँका जाता है; धान की फसल का एक रोग; एक प्रकार की चपटी मछली।

**कतल** *पु०* [अ० कत्ल] वध, हत्या।
**कतला** *पु०* एक तरह की अच्छी मछली।
**कतवार** *पु०* कूड़ा-करकट।
**कतवावल** *सक०* दूसरे से सूत कतवाना।
**कतहत** *क्रि०वि०* (आकार में) कितना बड़ा।
**कतहाँ, केतहाँ** *क्रि०वि०* [सं० कुत्र] कहाँ।
**कतहूँ** *क्रि०वि०* [सं० कुत्र] किसी भी स्थान पर, कहीं भी। *कहा०* 'कतहूँ बैल जइहन तऽ हरे बहिहन।'
**कता** *वि०* कितना। *उदा०* 'चिठिआ से बचलनि मने मुसुकइलनि, कता धनी लिखेली वियोगवा हो ना।' -लोकगीत।
**कतार** *स्त्री०* [अ० कतार] पंक्ति, पाँत, क्रम।
**कति** *वि०* कितना, कितने।
**कतिक** *वि०* थोड़ा, कितना।
**कतिया** *पु०* कार्तिक में तैयार होने वाला धान। *वि०* कतिकी, कार्तिक में तैयार होनेवाली (फसल)।
**कती** *वि०* कितना। *उदा०* 'कती देर से बइठल बार्नी'।
**कतेक** *वि०* कितना। *उदा०* 'डुमरी कतेक दूर?'
**कत्ता** *पु०* (कात) डोमो द्वारा व्यवहार में लाया जाने वाला बाँस काटने का हथियार, बाँकी, सरकण्डे या ईख के पत्ते का तेज किनारा।
**कत्तिन** *स्त्री०* चरखा कातने वाली स्त्री।
**कत्ती** *स्त्री०* छोटी तलवार, कटार, एक तरह की पगड़ी।
**कत्ती** *पु०* चरखा कातने वाला पुरुष।
**कत्थी** *वि०* कत्थे के रंग का।
**कथ** *पु०* [सं० क्वाथ:] खैर, कत्था।
**कथई** *स्त्री०* कत्थे जैसा रंग।
**कथक** *पु०* एक प्रकार का शास्त्रीय [illegible], ऐसे नृत्य का पेशा अपनाने [illegible]ला (व्यक्ति)।
**कथक्कड़** *पु०* लगातार बहुत कथा कहने वाला व्यक्ति।
**कथनी** *स्त्री०* [सं० कथनम्] बात, बकवास, कही हुई बात, उपदेश (व्यंग्यार्थक प्रयोग)।
**कथरी** *स्त्री०* गुदड़ी; सुजनी; देशी कंघी।
**कथल** *सक०* निरर्थक बातों को कहते रहना, व्यंग्यात्मक प्रयोग।
**कथा** *स्त्री०* आख्यान, कहानी, पौराणिक एवं धार्मिक घटनाओं का वर्णन, परम्परा से आती मौखिक कथाएँ। -**नायक** *पु०* कथा का प्रधान पात्र। -**पीठ** *पु०* कथा का प्रधान भाग। -**वस्तु** *स्त्री०* कथा का मूल रूप। -**वार्ता** *स्त्री०* अनेक प्रकार के प्रसंग। -**उठल** *मुहा०* कथा बन्द होना। -**बइठल** *मुहा०* कथा का आरम्भ होना। -**बइठावल** *मुहा०* कथा का आयोजन करना।
**कथी** *सर्व०* क्या, कौन।
**कद** *पु०* [अ०] डील-डौल, ऊँचाई।
**कदन्न** *पु०* मोटा, अन्न।
**कदम** *पु०* [सं० कदम्ब:] पीला फूल और फल वाला एक पेड़; प्राचीन या लोक-साहित्य में वर्णित यमुना के किनारे का एक वृक्ष, जिसकी डाल पर बैठ कर कृष्ण वंशी बजाते थे; चलने में दोनों पगों के बीच का अन्तर।
**कदम गाछ** *पु०* आतिशबाजी का एक भेद जो प्रज्ज्वलित होने पर कदम्ब के पेड़-सा लगता है।
**कदर** *स्त्री०* [अ० कद्र] मान, आदर, इज्जत, सम्मान।

**कदरई** *स्त्री०* कायरता; ढीलापन, आलस्य।
**कदाचन** *अक०* [सं०] कदाचित्।
**कदाचार** *पु०* बुरा आचार, व्यवहार।
**कदाचित्** अ० [सं०] कभी, शायद।
**कदरिआइल** *अक०* किसी काम को करने से देह चुराना।
**कदाप** *क्रि०वि०* [सं० कदापि] शायद, कभी।
**कदावर** *वि०* डील-डौल (कदका)।
**कदीम** *वि०* प्राचीन।
**कदीमा** *पु०* कुम्हड़ा।
**कदु** *पु०* लौका। *कहा०* 'कदु पर सितुहा चोख'।
**कदुआ** *पु०* दे० 'कदु'।
**कधोर** *पु०* कीचड़ मिला हुआ पानी।
**कन** *पु०* कण, कन्द, चावल के ऊपर का निकला महीन छिलका, धान की भूसी।
**कन** पु० [हिं० कान] कान। **-कट** *वि०* जिसका कान कटा हो। *कहा०* 'कनकट भुजकट कतरल केस, राह चलत में लागे ठेस। जे केहू पूछे जइबऽ कहवाँ भइलो काम नसाई तहवाँ।' **-खोदनी** *स्त्री०* कान खुजलाने या खोदने का औजार।
**कनइठी** *स्त्री०* कान को ऐंठने की क्रिया, कनैठी।
**कनइल** *पु०* एक प्रकार का फूल, कनेर।
**कनइली** *स्त्री०* कान का एक गोल आभूषण।
**कनई** *स्त्री०* काँदों, कनवा का सोलहवाँ भाग; पछखी; कीचड़।
**कनउसी** *स्त्री०* [सं० कर्णकुशः] कान का गहना।
**कनउजिया** *वि०* कन्नौज का मूल निवासी; हिन्दुओं की विभिन्न जातियों के उपभेद।
**कनकचूर** *पु०* एक महीन धान।
**कनकजीरा** *पु०* एक प्रकार का बारीक धान।
**कनकनी** *स्त्री०* ठण्डक लगने से अंग में हल्का कम्पन या सनसनी पैदा होना।
**कनकी** *स्त्री०* अधिक बारीक कण (धूल)।
**कनखा** *पु०* मिट्टी या धातु के बर्तन का ऊपरी हिस्सा।
**कनखियावल** *सक०* कनखी मारना, आँख मारना।
**कनखी** *स्त्री०* [सं० कन + अक्षि] आँख की पुतली को कोने में ले जाकर देखने की विधि; बंकिम नयन, कनखी मारल। *उदा०* 'मुँहवाँ से बोलऽ कनखी न मारऽ'।
**कनगर** *वि०* बात को ध्यान से सुनकर याद रखने वाला; वह नया पौधा जो तेजी से बढ़ रहा हो।
**कनगुरिआ** *स्त्री०* (कनिष्ठिका) सबसे छोटी अँगुली।
**कनगोजर** *पु०* एक प्रकार का अनेक पैरों वाला लम्बा कीड़ा, जो विषैला होता है।
**कनचिपकी** *स्त्री०* कान के पीछे चिपके सींग वाली गाय।
**कनछल** *अक०* आँव के चलते पेट में मरोड़ या दर्द होना।
**कनछी** *स्त्री०* छोटी शाखा।
**कनझटका** *क्रि०वि०* अचानक कान में पड़ी अधसुनी बात।
**कनझप्पा** *पु०* बड़ी टोपी, जिससे कान ढक जाता है।
**कनटोप** *पु०* कानों को ढकने वाली बड़ी टोपी।
**कनडेढ़** *वि०* ऐसा व्यक्ति, जिसकी आँखें तिरछी या छोटी-बड़ी हों। कनडेढ़ाह, आँख तिरछी या छोटी-बड़ी होने का भाव।
**कनपटल** *सक०* गरदन पर मारना।
**कनपटी** *स्त्री०* [सं कर्णपट्टः] कान और आँख के बीच का भाग।

**कनफटा** *पु०* योगियों का एक भेद।

**कनफुसकी** *स्त्री०* कान के निकट धीरे-धीरे कही गई बात।

**कनफुँकवा** *वि०* कान में दीक्षा या गुरुमन्त्र देने वाला।

**कनफूल** *पु०* कान का एक आभूषण, कर्णफूल।

**कनबदा** *पु०* एक प्रकार का धान।

**कनबहिर** *वि०* [सं० कर्ण+बधिर:] जो नहीं सुनता हो।

**कनभेसिंग** *पु०* [अं० कनवासिंग] किसी बात को बार-बार कहने, प्रचार करने की स्थिति।

**कनभो** *पु०* बाँध की रक्षा के लिए, फालतू पानी को बहाने के लिए किनारे पर का नाला।

**कनमन** *पु०* धीमे और अस्पष्ट शब्दों में असन्तोष व्यक्त करना।

**कनमनाइल** *अक०* किसी काम को करने में हिचकिचाना।

**कनमूल** *पु०* कान की जड़ में सूजन की बीमारी।

**कनमोर** *पु०* खेत का वह भाग, जहाँ जोतते समय खेत छूट जाता है।

**कनवई** *स्त्री०* कनवा का सोलहवाँ भाग; तेल मापने का बर्तन।

**कनवा** *पु०* एक सेर का सोलहवाँ भाग, छँटाक, एक आने का सोलहवाँ भाग।

**कनसन** *पु०* फसल को हानि पहुँचाने वाली एक घास।

**कनसुनी** *स्त्री०* उपेक्षा।

**कनसून** *वि०* कम सुनने वाला।

**कनस्तर** *पु०* [अं० कैनिस्टर] टीन का चौखुटा बर्तन, जिसमें घी, तेल आदि रखा जाता है।

**कनहा** *वि०* जिसकी आँखें छोटी-बड़ी हों।

**कना** *पु०* एक बरसाती घास, जिसके पत्तों का साग बनता है, *यौ०* कना-मना।

**कनाइल** *अक०* फल में कीड़ा लगना।

**कनाठ** *पु०* बहँगी।

**कनात** *स्त्री०* किसी स्थान को घेरने के लिए कपड़े की बनी टाटी।

**कनिया** *स्त्री०* ब्याह के बाद ससुराल में आयी हुई नई बहू, पर्दे में रहने वाली स्त्री। *कहा०* 'कनिया ना देखल, कनिया के भाई'।

**कनिआइल** *अक०* अखुँआना।

**कनिआई** *स्त्री०* विवाह के अवसर पर वर पक्ष की ओर से कन्या के लिए दी गई साड़ी।

**कनिआ-पुतरी** *स्त्री०* यौ० कपड़े की बनी गुड़िया, जिसमें छोटी लड़कियाँ खेलती हैं।

**कनिक** *पु०* आटा (गेहूँ का)।

**कने** *अ०* पास; ओर।

**कनेखी** *स्त्री०* दे० 'कनखी'।

**कनेठा** *वि०* काना।

**कनेठी** *स्त्री०* [हिं० कान+ऐंठना] कान मरोड़ने की क्रिया

**कनेर** *पु०* [सं० कणेर:] कनेर।

**कनेवा** *पु०* कर्णवेध।

**कनैली** *स्त्री०* खूँटी।

**कन्हइया** *पु०* श्रीकृष्ण; कन्धे पर बैठाने का काम।

**कन्हावरि** *स्त्री०* विशिष्ट अतिथि को दी जाने वाली पीली धोती।

**कपट** *पु०* स्वार्थ सिद्धि के लिए प्रपंचपूर्ण बात। *वि०* कपटी। *कहा०* 'कपटी मित्र कोसलिया भाय, बुड़बक बेटा ठेंठ

जमाय' (कपटी मित्र, घर गृहस्थी या सामान बेचकर पैसा जुटाने वाला भाई, मूर्ख बेटा, कद से नाटा दुष्ट दामाद से बचना ही श्रेयस्कर है)

**कपटा** *पु०* एक कीड़ा, जो धान के फसल में लगता है।

**कपटी** *स्त्री०* मिट्टी की कटोरी।

**कपड़छान** *पु०* बूकी हुई काष्ठौषधि को कपड़े से चालना।

**कपड़ा** *पु०* [सं० कर्पटः] रेशम, ऊन, रूई या अन्य किसी धागे से बना वस्त्र, परिधान। *कहा०* 'कपड़ा मत देखऽ मिजाज देखऽ, देह मत देखऽ दिमाग देखऽ'।

**कपरफोरउवल** *पु०* मार-पीट।

**कपसल** *अक०* भयभीत होना। *वि०* कपसी।

**कपसा** *पु०* गन्ने में मक्खियों के चिपकने का रोग; गारा।

**कपाची** *स्त्री०* बाती।

**कपार** *पु०* [सं० कपालः] ललाट, मस्तक, खोपड़ी। *कहा०* 'कपार फूटे तऽ फूटे बाकिर पेट ना फूटे'। **-ठनकल** *अक०* आशंकित होना। **-फोरउवल** *अक०* मारपीट करना।

**कपाल** *पु०* [सं०] मस्तक, खोपड़ी, भाग्यलेख। *उदा०* 'फलति कपालं न च भूपालम्'। **-किरिया** *स्त्री०* मुर्दे की खोपड़ी को फोड़ना। **-भाती** *स्त्री०* एक विशेष प्रकार की श्वास क्रिया।

**कपालि** *पु०* [सं०] शिव।

**कपालिनी** *स्त्री०* दुर्गा।

**कपाली** *पु०* [सं०] शिव।

**कपास** *स्त्री०* [सं० कार्पासाः] एक प्रकार का पौधा, जिसके फल से रूई निकलती है, रूई।

**कपि** *पु०* बन्दर, हाथी।

**कपिल** *पु०* सांख्यदर्शन के प्रणेता।

**कपिला** *स्त्री०* भूरी गाय, छोटे और हिलते सींगोवाली गाय।

**कपुरिया** *पु०* [सं० कर्पूर] आम की एक जाति, जिससे कपूर की गमक आती है।

**कपूत** *पु०* [सं० कुपुत्रः] पुत्रधर्म का निर्वाह नहीं करने वाला लड़का। *उदा०* 'पूत कपूत तऽ का धन संचै'।

**कपूर** *पु०* [सं० कर्पूरः] एक सुगन्धित सफेद पदार्थ, जिसका उपयोग आरती में होता है।

**कपूरी** *स्त्री०* पान का एक उत्तम भेद; आम का प्रकार।

**कपोत** *पु०* छोटा कबूतर।

**कपोल** *पु०* गाल।

**कप्तान** *पु०* [अं०] कैप्टन।

**कफ** *पु०* एक प्रकार का रोग, बलगम।

**कफगीर** *पु०* डाभा।

**कफन** *पु०* [अ०] दाह-संस्कार या दफनाने के पूर्व मुर्दे के ऊपर दिया जाने वाला वस्त्र।

**कफनचोर** *पु०* अनैतिक ढंग से धन कमाने वाला व्यक्ति, कंजूस व्यक्ति।

**कफला** *पु०* तीर्थयात्रियों की जमात, काफिला।

**कब** *अ०* [सं० कदा] किस समय। *उदा०* 'कब पांड़े मरले, कब भूत भइले' - लोक०। **-का** *अ०* कितनी देर से, **-हीं** *अ०* कभी।

**कब-कब** *पु०* खाने के बाद मुँह में खुजली पैदा होने का भाव।

**कबकबाइल** *अक०* खुजलाहट पैदा होना।

**कबज** *पु०* [अ० कब्ज] मलावरोध।

**कबजा** *पु०* दखल, अधिकार; किवाड़ में जड़े जाने वाले लोहे का एक उपकरण।

**कबडी** *स्त्री०* एक प्रकार का देशी खेल, कबड्डी।

**कब दो** *क्रि०वि०* पता नहीं कब।

**कबर** *स्त्री०* [अ० कब्र] वह गड्ढा जिसमें मुर्दे दफनाए जाते हैं।

**कबरा** *वि०* सफेद रंग पर काले या लाल रंग के रोओं का मिश्रण।

**कबरिस्तान** *पु०* वह स्थान, जहाँ कब्र है, कब्रिस्तान।

**कबाब** *पु०* आग पर सीधे पकाया गया एक प्रकार का मांस। **-कइल** *मुहा०* भूनना, जलाना; कष्ट देना। **-भइल** *मुहा०* अति क्रुद्ध होना

**कबाबचीनी** *स्त्री०* मांस का एक प्रकार का मसाला।

**कबारल** *स्त्री०* [सं० उत्पाटनम्] उखाड़ना, नोचना।

**कबाला** *पु०* [अ०] बैनामा, अधिकारपत्र। **-लिखवावल** *मुहा०* मालिक बन जाना

**कबाहट** *स्त्री०* दोष, खोट, खराबी, झंझट।

**कबाहत** *स्त्री०* दे० कबाहट।

**कबि** *पु०* भाट, रचनाकार।

**कबिरहा** *वि०* कबीर के चलाए गए पंथ को मानने वाला।

**कबिरा** *पु०* कबीर की बानियों और शब्दों में उनके लिए आया नाम। *उदा०* 'कबिरा खड़ा बजार में लिए लुकाठी हाथ'।

**कबिलास** *पु०* स्वर्ग, कैलास।

**कबी** *पु०* दूसरों के बनाए हुए कवित्त आदि को पढ़ने वाला भाट, काव्य करने वाला, कवित्त रचने वाला कवि।

**कबो** *क्रि०वि०* [सं० कदापि] कभी। *कहा०* 'कबों गाड़ी नाव पर कबो नाव गाड़ी पर'।

**कबीर** *पु०* भोजपुरी के आदि सन्त कवि; होली के अवसर पर गाया जाने वाला अश्लील गीत। *उदा०* 'सुनले भइया मोर कबीर, भले जी भले', जोगीड़ा *कहा०* 'कबीरदास के उलटा बानी बरसे कम्मर भींजे पानी'।

**कबीरपंथ** *पु०* कबीर के अनुयायियों का चलाया हुआ पंथ। *वि०* कबीरपंथी।

**कबुलवावल** *सक०* स्वीकार करवाना।

**कबूतर** *पु०* [सं० कपोतः] एक प्रकार का पालतू पक्षी, परेवा।

**कबूतरी** *स्त्री०* कपोती; नर्तकी, सुन्दरी।

**कबूल** *पु०* स्वीकार, वादा, मानना। *सक०* कबूलल, कबूलवावल।

**कबूलल** *सक०* मान लेना; कबूलना।

**कबूलियत** *स्त्री०* पट्टावाले रैयतों द्वारा जमींदार को दिया गया स्वीकृति-पत्र।

**कभी** *क्रि०वि०* (कब+ही) किसी भी समय।

**कभू** *क्रि०वि०* दे० 'कभी'।

**कमंडल** *पु०* वैष्णव साधुओं का जल-पात्र, कमण्डलु; ढंढ-कमण्डल, दिखावा, प्रपंच।

**कम** *वि०* [फा०] थोड़ा, अल्प। *स्त्री०* कमी, कमती। *कहा०* 'कम काबू खीस जादा, मार खाए के इहे इरादा'। **-अकल** *वि०* मूर्ख। **-असल** *वि०* दोगला, नीच। **-कीमत** *वि०* सस्ता। **-जोर** *वि०* दुर्बल, कम ताकत, *कहा०* 'कमजोर काठ कीड़ा खाय'। **-जोरी** *स्त्री०* दुर्बलता। **-सिन** *वि०* कम उम्र, अल्हड़।

**कमकर** *पु०* एक जाति, जो पानी या पालकी ढोने का काम करती है।

**कमकरिन** *स्त्री०* कमकर की पत्नी।

**कमची** *स्त्री०* बाँस की पतली पट्टी, जिससे टोकरी बनती है।

**कमती** *स्त्री०* कम, थोड़ा, मात्रा में अल्प।
**कम्प्यूटर** *पु०* [अं०] गणक, संग्राहक, प्रसारक मशीन
**कमरकल्ला** *पु०* बन्द गोभी; सोनारों की एक उपजाति।
**कमरख** *पु०* अमड़े की जाति का एक प्रकार का खट्टा फल।
**कमरखोलाई** *यौ०* विवाह की एक रस्म।
**कमरबल्ला** *पु०* टाट, छाजन आदि को गिरने से बचाने के लिए उसके बीच में लगाया गया बाँस का टुकड़ा।
**कमरसायर** *पु०* बढ़ईखाना।
**कमरसारी** *स्त्री०* लौहागार।
**कमरसाढू** *पु०* पत्नी का अन्य प्रेमी (गाली)।
**कमरिआह** *वि०* बीमारी से, जिसकी कमर टेढ़ी हो गयी हो; कायर।
**कमरी** *स्त्री०* छोटा कम्बल; कटहल का छिलका।
**कमल** *पु०* जलीय पुष्प जो सूर्योदय होने पर खिलता और सूर्यास्त होने पर सिकुड़ता है। **-गट्टा** *पु०* [हिं०] कमल का बीज। **-नयन** *पु०* विष्णु, राम, कृष्ण। **-बाई** *स्त्री०* [हिं०] कवल रोग, पीलिया।
**कमला** *स्त्री०* मिथिला की एक नदी; पाण्डु नामक रोग, जिससे शरीर पीला हो जाता है; लक्ष्मी।
**कमवट** *पु०* खेती की हालत दुरुस्त रखने के लिए उसमें किया गया काम।
**कमवावल** *सक०* सिर के बाल को छूरे से छिलवा देना; काम कराना।
**कमसरे** *पु०* जागीर।
**कमस्सल** *यौ०वि०* दोगला, वर्णसंकर।
**कमहँड** *पु०* हत्था।
**कमहड़** *पु०* ओखर।
**कमाइल** *सक०* उद्यम से पैसा पैदा करना।
**कमाई** *पु०* पैदावार, जोतकर खेतीयोग्य की गयी (मिट्टी), मजदूरी। *कहा०* 'कमाई न धमाई रोज चाहीं मलाई'।
**कमाऊ** *वि०* काम करने वाला, अर्जित करने वाला, कमासुत।
**कमाच** *पु०* एक रेशमी कपड़ा।
**कमाची** *स्त्री०* झुकी हुई तीली।
**कमान** *स्त्री०* [फा०] धनुष, मेहराब।
**कमान** *स्त्री०* [अं०] आदेश, हुक्म, फौजी ड्यूटी।
**कमानी** *स्त्री०* लोहे की लचीली झुकाई हुई तीली।
**कमार** *पु०* बढ़ई, लोहार।
**कमाल** *पु०* [अ०] पूर्णता, जौहर।
**कमासुत** *वि०* कमाने वाला, परिश्रमी, कमाऊ। *कहा०* 'कमासुत पूत करेजा में सूत'।
**कमी** *स्त्री०* अल्पता, कम होना। **-बेसी** *स्त्री०* कम या ज्यादा होना।
**कमीज** *स्त्री०* कालरदार कुर्ता, शर्ट, अँगरखा।
**कमीना** *वि०* [फा०] नीच प्रकृति का। *पु०* छोटी जाति का दुष्ट व्यक्ति।
**कमीनी** *स्त्री०* मजदूरी, मेहनताना, आय।
**कमीसन** *पु०* [अं०] खरीद-बिक्री के कार्य में दिया गया अंश।
**कमुआ** *पु०* पौधों की जड़ में लगने वाला एक प्रकार का कीड़ा।
**कमेड़ा** *वि०* काम करने वाला।
**कमैनी** *स्त्री०* छिछली कोड़ाई।
**कमोच** *पु०* एक महीन धान।
**कमोड** *पु०* [अं०] मलत्याग हेतु चीनी-मिट्टी का पात्र।
**कय** *क्रि०वि०* कितना।

**कयदा** *अव्य०* कितनी बार।
**कया** *स्त्री०* काया।
**कयाम** *पु०* [अ०] ठिकाना, ठहराव।
**कयास** *पु०* [अ०] अनुमान, अटकल।
**करंक-करंद** *पु०* वह व्यक्ति, जो निमन्त्रित नहीं होने पर भी किसी के भोज में खाने बैठ जाता है; ठटरी, खोपड़ी।
**करंग** *पु०* काले रंग का धान, जिसका चावल लाल होता है।
**करंते** *क्रि०वि०* करने से।
**कर** *पु०* सरकार को दी जाने वाली राशि, मालगुजारी टैक्स; करवट।
**करइत** *पु०* करैत साँप।
**करइल** *स्त्री०* काली मिट्टी।
**करइला** *पु०* [हिं० करैल] करैला, एक प्रकार की सब्जी, जो स्वाद में कड़वी होती है। सुगर के रोगी के लिए उपयुक्त सब्जी।
**करकट** *पु०* कूड़ा, कतवार।
**करकस** *वि०* [सं० कर्कश] कड़ा, भारी।
**करकसा** *वि०* कड़ी बोली बोलने वाली स्त्री, कर्कशा।
**करखनिहा** *पु०* कारखाने का मजदूर, कर्मचारी।
**करगह** *पु०* दे० 'करघा'।
**करघा** *पु०* कपड़ा बुनने की मशीन।
**करचिया** *स्त्री०* बाँस की डाली।
**करची** *स्त्री०* बाँस की टहनी।
**करछल** *अक०* मन में कसक पैदा होना, मसोसना।
**करछुल** *स्त्री०* एक बर्तन, जिसका उपयोग दाल, सब्जी आदि निकालने में होता है, बड़ा चम्मच, कड़छी।
**करज** *पु०* कर्ज, निश्चित अवधि के लिए करार करके किसी से द्रव्य लेने की प्रक्रिया।
**करजा** *पु०* [अ० कर्ज] सूद पर लिया गया रुपया। **-भरल** *सक०* ऋण चुकाना। **-में डूबल** *अक०* ऋण ग्रस्त होना।
**करतब** *पु०* कर्तव्य, काम; हुनर।
**करता** *पु०* [सं० कर्ता] करने वाला व्यक्ति; परिवार का मालिक।
**करतार** *पु०* ईश्वर, ब्रह्मा।
**करताल** *पु०* काठ और लोहे की पतली पट्टी का बना एक बाजा।
**करतूत** *पु०* [सं० कर्तृत्वम्] काम।
**करदुम्म** *पु०* वह बैल, जिसकी देह उजली और पूँछ काली हो।
**करधनी** *स्त्री०* [सं० कटिधानी] कमर में पहनने का एक गहना।
**करना** *पु०* मिट्टी का छिछला बर्तन, जिसमें दही जमाया जाता है।
**करनिस** *स्त्री०* दीवार के ऊपरी भाग में बना नक्काशी।
**करनिहार** *पु०* करने वाला, कर्ता।
**करनी** *पु०* कार्य, गुण, व्यवहार, *कहा०* 'करनी कुत्ता के नाँव लछन देव'।
**करनी** *स्त्री०* राजगीरों का एक औजार; सम्बन्धियों के यहाँ भेजा जाने वाला भोज्य पदार्थ आदि।
**करब** *पु०* मक्के का कटा पौधा।
**करबीर** *पु०* एक प्रकार का पीला फूल।
**करबोला** *पु०* [अ० करबाला] वह स्थान, जहाँ ताजिये को जल में डुबा दिया जाता है।
**करम** *पु०* [सं० कर्म] काम, कार्य; भाग्य। *कहा०* 'करमे खेती करमे नार करमे मिले कुटुम दुई चार'। **-भोग** *पु०* कर्मफल। **-के धनी** *मुहा०* भाग्यशाली। **-के फूटल** *मुहा०* भाग्य फूटना।
**करम अधीन** *वि०* भाग्य पर आश्रित।
**करमइत** *वि०* भाग्यशाली।

**करमकीट** *वि० यौ०* कंजूस।

**करमचारी** *पु०* काम करने वाला, कर्मचारी, सरकार का एक मुलाजिम।

**करमजरु** *वि०* भाग्यहीन, अभागा।

**करमत** *पु०* कैथी वर्णमाला में ओकार की मात्रा।

**करमनासा** *स्त्री०* कर्मनाशा नदी।

**करमफल** *पु०* जन्म की राशि पर आधारित भाग्यफल।

**करम रेख** *पु० यौ०* जो कुछ ब्रह्मा ने भाग्य में लिखा है।

**करम साँढ़** *वि०* परम भाग्यशाली।

**करमहीन** *वि०* अभागा, *कहा०* 'करमहीन खेती को, बैल मरे सूखा पड़े'।

**करमात** *पु०* [फा०] चमत्कारपूर्ण कार्य, करिश्मा।

**करमा-धरमा** *पु०* एक व्रत, जिसका प्रचलन आदिवासियों में है।

**करमी** *स्त्री०* एक प्रकार का पौधा, जो लता के रूप में खेत का पानी सूख जाने के बाद फैलता है। साग के रूप में यह प्रयुक्त होता है।

**करमूड़न** *पु०* खेती के कार्य से फुर्सत।

**करमोआ** *वि०* वह भोज्य पदार्थ, जो कम पानी देकर भिंगोया गया हो।

**करल** *सक०* करना। *सक० वि०* करावल।

**करलूठ** *वि०* बहुत काला (व्यक्ति)।

**करवँछल** *पु०* एक प्रकार की मछली, जिसके चोंइटे पर कालापन रहता है।

**करवट** *स्त्री०* बगल के बल पर लेटने की स्थिति। *क्रि०वि०* करवटल।

**करवँट** *पु०* एक प्रकार की जंगली लता।

**करवाइन** *पु०* मछली की गन्ध; वह बर्तन जो मछली बनाने एवं खाने के काम में आता है।

**करसी** *स्त्री०* [सं० करीष] मवेशियों का सूखा गोबर।

**कराँकुल** *पु०* बगुले की जाति का एक बड़ा पक्षी, जिसकी टाँगें और गर्दन लम्बी होती है।

**कराँत** *पु०* [अ०] जमींदारी के हिस्से को व्यक्त करनेवाला एक शब्द; सोना तौलने का एक माप।

**करा** *वि०* बड़ा।

**कराती** *स्त्री०* [सं० कराली] डरावनी सूरत वाली एक देवी।

**करायल** *पु०* एक प्रकार का सुगन्धित पदार्थ, जो मिट्टी से प्राप्त होता है।

**करार** *पु०* [अ०] वादा, प्रतिज्ञा, वचन-बद्धता। *वि०* करारी, करारा।

**कराह** *पु०* किसी चीज को औंटने का बड़ा बर्तन; कराहा, आह, पीड़ा की आवाज।

**कराहल** *अक०* कराहना, आह भरना।

**करिखा** *पु०* [हिं० काला] कालिख।

**करियठ** *वि०* काले रंग का।

**करिया** *वि०* काले रंग का। *कहा०* 'करिया अच्छर भैंस बरोबर'।

**करिहाँव** *पु०* कमर, कटि।

**करीना** *पु०* [अ०] मालिक की ओर से काम करनेवाला, कारिन्दा।

**करीब** *क्रि०वि०* [अ०] नजदीक, आसपास।

**करुअइनी** *स्त्री०* एक प्रकार का वृक्ष और उसका फल; बच्चों की आँख की बीमारी।

**करुआ** *पु०* करवा, घड़ा।

**करुआ** *वि०* जो स्वाद में कड़वा हो, कड़ुआ (तेल)।

**करुआइल** *सक०* कड़वाहट से मुँह बिचकाना।

**करुआर** *पु०* पतवार, नाव खेने में प्रयुक्त बाँस।

**करुई** *वि०* सरसों या तोरी से तैयार किया गया; सिकहुता।

**करूना** *स्त्री०* करुणा।

**करूर** *वि०* क्रूर।

**करेंट** *पु०* [अं०] विद्युत्-धारा

**करे** *सक०* करना। *कहा०* 'करे परपंच कहावे पंच'।

**करेज, करेजा** *पु०* हृदय, कलेजा। *स्त्री०* करेजी।

**करेर** *वि०* कड़ेर, सख्त।

**करेला, करैली** *पु०* एक तरकारी।

**करोड़** *वि०* [सं० कोटि] सौ लाख की संख्या। **-पति** *वि०* करोड़ों रुपये रखने वाला व्यक्ति, धनाढ्य।

**करौंदा** *पु०* करौना, करौंदा।

**कलंक** *पु०* लांछन, मिथ्या अभियोग, बदनामी; दाग, धब्बा।

**कलंडी** *स्त्री०* सिर का एक पहनावा, ताज पर लगाए गए पाँख, शिरोभूषण; पक्षियों के सिर।

**कलंदर** *पु०* [अ०] मुसलमान फकीरों का एक भेद; बन्दर आदि को नचाने वाला मदारी।

**कल** *अव्य०* बीता हुआ दिन। *कहा०* 'कल के बनिया आज के सेठ'।

**कल** *पु०* मशीन, पुर्जा।

**कलई** *स्त्री०* धातु के बर्तनों पर चढ़ाया जाने वाला पतला लेप।

**कलऊ** *पु०* कलियुग; दोपहर का भोजन, कलेवा।

**कलकल** *पु०* फोड़े वाली खुजली।

**कलकतिया** *वि०* कोलकाता में रहने वाला; एक प्रकार का पान।

**कलगरह** *पु०* कलह, झगड़ा।

**कलछुल** *पु०* करछुल। *कहा०* 'कलछुल राखे हाथ बचावे'।

**कलजुग** *पु०* कलियुग। *कहा०* 'कलजुग में उपकार हत्या बरोबर'। *वि०* कलजुगी।

**कलटरी** *स्त्री०* भूमि पर निर्धारित राजकीय कर; *पु०* कलेक्ट्रेट।

**कलदार** *वि०* जिसमें कोढ़ा लगा हो।

**कलप** *पु०* [सं० कल्पः, अं० कलफ] कपड़ों में लगाई गई माड़ी।

**कलपना** *पु०* दुःख, रोने की मनोदशा।

**कलपल** *अक०* अत्यन्त रोना।

**कलबल** *पु०* अधपके मक्के के दानों का भूँजा; उपाय, युक्ति; दाँव-पेंच; छल।

**कलम** *स्त्री०* वृक्ष की टहनी में दूसरे पौधे की टहनी को बाँध कर तैयार किया हुआ दूसरा पौधा। *वि०* कलमी; लिखने का साधन, लेखनी। *उदा०* 'दू में से का तहरा चाही कलम या कि तलवार'।

**कलमबाग** *पु०* कलमी पौधों का लगाया गया बगीचा।

**कलमा** *पु०* [अ० कलमः] मुसलमानों के धर्म का मूलमन्त्र।

**कलश** *पु०* कँगूरा, कलसा, घड़ा।

**कलसथापन** *पु०* आश्विन नवरात्र के प्रथम दिन पूजा के लिए स्थापित कलश।

**कलसा** *पु०* कलश।

**कलह** *पु०* झगड़ा।

**कलहर** *पु०* कल्ले के लिए व्यंग्यात्मक शब्द।

**कलहारल** *सक०* भोज्य-पदार्थों को थोड़ा गर्म करना।

**कलही** *स्त्री०* झगड़ालू स्त्री। *वि०* कल या मशीन से बना।

**कला** *स्त्री०* हुनर।

**कलाइल** *वि०* वह गरीब व्यक्ति, जिसमें खाने की भूख बराबर बनी रहती है।

**कलाई** *स्त्री०* गट्टा।

**कलाम** *पु०* [अ०] वचन, उक्ति, रचना।
**कलामत** *पु०* कलावन्त।
**कलि** *पु०* [सं०] कलह। **-जुग** *पु०* कलिकाल। **-जुगी** *वि०* कलियुग का।
**कलिया** *पु०* [अ० कलियः] भूनकर रसदार पकाया हुआ मांस।
**कली** *स्त्री०* आम के टिकोरे की खटाई।
**कलीदार** *वि०* जिसके दोनों बगल में कपड़े का टुकड़ा सिला गया हो (कुर्ता)।
**कलील** *पु०* [अ०] थोड़ा, कम।
**कलेऊ, कलेवा** *पु०* सबेरे या दोपहर का भोजन।
**कले-कले** *क्रि०वि०* धीरे-धीरे, थोड़ा-थोड़ा करके।
**कलेजा** *पु०* जिगर, यकृत; छाती, दिल; साहस, हिम्मत। **-उछलल** *मुहा०* हर्ष से दिल धड़कना। **-काँपल** *मुहा०* भयभीत होना। **-काढ़ल** *मुहा०* वेदना पहुँचाना। **-फटल** *मुहा०* द्रवित होना। **-पर साँप लोटल** *मुहा०* ईर्ष्या से जल उठना। **-से लगावल** *मुहा०* प्यार करना।
**कलेजी** *स्त्री०* कलेजे का मांस।
**कलेयान** *पु०* [सं० कल्याण] भलाई।
**कलेवर** *पु०* बनावट, शरीर।
**कलेवा** *पु०* नैहर से ससुराल को मिष्ठान्न की सौगात।
**कलेस** *पु०* दुःख, कष्ट, क्लेश।
**कलेहरा** *वि०* कालापन लिये हुए।
**कलैया** *स्त्री०* कलाबाजी।
**कलोर** *स्त्री०* वह गाय जो बरदाई या ब्याई नहीं हो।
**कलौंजी** *स्त्री०* मसाला भर कर बनाए गए भण्टे, करैले की सब्जी।
**कल्ला** *पु०* गाल के भीतर का भाग, जबड़ा।
**कल्ह** *क्रि०वि०* [सं० कल्यः] बीता हुआ या आनेवाला दूसरा दिन। *वि०* **कल्हुकी।**
**कल्हरावल** *सक०* तपाना।
**कवन** *सर्व०* [सं० कः] कौन। *कहा०* 'कवन बात के डर बा, कासी में जब घर बा'।
**कवर** *पु०* एक बार मुँह में डाला जाने वाला भोजन, ग्रास, कौर। *मुहा०* 'कवर उठाते माछी परल'।
**कवरा-कौरा** *पु०* एक अँजुरी सिद्ध अन्न जो कुत्ता या पशुओं को दिया जाता है।
**कवरी** *स्त्री०* पागुर, पगुरी।
**कवलगट्टा** *पु०* कमल का फूल या बीज।
**कवल पतर** *पु०* वस्त्र की एक प्रकार की रँगाई।
**कवला** *पु०* कमल।
**कवाइत** *पु०* सिपाहियों का सामूहिक व्यायाम, कवायद; सामूहिक व्यायाम।
**कवाछ** *पु०* एक प्रकार का रोवाँदार पौधा, जिसके स्पर्श से भयंकर खुजलाहट पैदा होती है, केवाँछ।
**कवाछल** *अक०* तंग होना।
**कस** *पु०* [फा०] प्रभाव, दबाव, कसौटी। *कहा०* 'कस न बूता, साँझे सूता'।
**कसइया** *पु०* वधिक, हत्यारा। *कहा०* 'कसइया के सरापे से गइया ना मरी'।
**कसइली** *स्त्री०* सुपारी, पूँगीफल।
**कसउँझी** *स्त्री०* एक प्रकार का अचार, जो कटहल या आम के टिकोरे से तैयार किया जाता है। *उदा०* 'बनी कसउँझी वो कटहल की, औ निबुआ का बना अँचार' आल्हा।
**कसबिन** *स्त्री०* वेश्या, रण्डी। *कहा०* 'कसबिन घरे जाई चूतर फेर बतियाई'।
**कसम** *स्त्री०* शपथ, सौगन्ध।

**कसमस** *स्त्री०* कसमसाहट, अधिक लोगों के इकट्ठा होने के कारण धक्का होने की स्थिति।
**कसयपन** *पु०* निर्दयता, कसाई की क्रिया या भाव।
**कसर** *स्त्री०* कमी, न्यूनता; बदला।
**कसरत** *स्त्री०* शारीरिक श्रम-कार्य, व्यायाम।
**कसल** *सक०* जोर से बाँधना।
**कसवल** *अक०* स्वाद में कसैला लगना।
**कसबा** *पु०* बड़ा गाँव।
**कसाई** *पु०* [अ० कस्साब] बधिक, मवेशियों का गला काटने वाला, निर्दयी। *कहा०* 'कसाई के घर खस्सी के खैर'।
**कसार** *पु०* चावल के चूर्ण में चीनी या गुड़ डाल कर बनाया लड्डू।
**कसिया** *स्त्री०* पतली धार वाली कुदाली।
**कसीदा** *पु०* सुई और धागे के सहारे कपड़े पर काढ़े गए फूल या बेल-बूटे।
**कसीला** *पु०* सगुनी बैल।
**कसीस** *पु०* एक प्रकार का खनिज, जिसका उपयोग स्याही बनाने में होता है।
**कसूर** *पु०* अपराध, दोष।
**कसेरा** *पु०* बर्तन बनाने वाली एक जाति।
**कसैली** *स्त्री०* सुपारी।
**कसोरा** *पु०* मिट्टी का बना छिछला प्याला, कटोरा।
**कसौड़ा** *पु०* सफेद फूलों वाली एक प्रकार की घास।
**कसौटी** *स्त्री०* ऐसा पत्थर, जिस पर सोने को रगड़ कर परखा जाता है।
**कहँ** *अव्य०* कहाँ।
**कहँरल** *अक०* कराहना।
**कह** *सक०* [कथने] कहना।
**कहतरी** *स्त्री०* दही जमाने का बर्तन।
**कहता** *वि०* कहने वाला।
**कहतुक** *पु०* निन्दा।
**कहनाम** *पु०* कथन।
**कहनी** *स्त्री०* कथा। *कहा०* 'कहनी गइल बन में सोचऽ अपना मन में'।
**कहरनी** *स्त्री०* एक प्रकार का साग।
**कहल** *सक०* कहना।
**कहवइया** *पु०* कहने वाला। *कहा०* 'कहवइया से सुनवइया चल्हाक'।
**कहाँ** *अव्य०* किस जगह। *कहा०* 'कहाँ गरजल, कहाँ बरसल'।
**कहीं** *अव्य०* किसी स्थान पर। *कहा०* 'कहीं भूखे मरे कहीं लड्डू सड़े।'
**कहूँ** *अव्य०* किसी जगह पर। *कहा०* 'कहूँ कुँइयाँ जाय पियासल पास'।
**कहा** *पु०* [हिं०] कहना।
**कहानी** *स्त्री०* [सं० कथानिका] कथा।
**कहार** *पु०* [सं० कं० (जल) +हार] एक जाति, जो डोली ढोती है, पानी भरती है।
**कहिया** *अव्य०* किस दिन।
**कहुआ** *पु०* खाँसी की देहाती दवा।
**काँई** *वि०* धूर्त व्यक्ति।
**काँकड़ि** *स्त्री०* एक लम्बा फल, ककड़ी।
**काँकर** *पु०* कछौटा।
**काँख** *स्त्री* [सं० कक्ष] बाहुमूल के नीचे का भाग, बगल।
**काँखल** *अक०* धीरे-धीरे खाँसना, कहँरना, मलत्याग में जोर लगाना।
**काँखासूती** *पु०* जनेऊ के पहनने का ढंग, जिसमें वह बायें कन्धे से काँख तक रहता है।
**काँखी** *पु०* पौधों की गाँठ में से निकली नयी कोंपल। *स्त्री०* काँख का घाव।
**काँगड़ा** *पु०* एक पक्षी; पंजाब का एक जिला।

**काँगड़ी** *स्त्री०* कश्मीरियों के गले में लटकाने की एक अँगीठी।
**काँगरू** *पु०* कंगारू।
**काँगही** *स्त्री०* कंघी।
**कांग्रेस** *स्त्री०* [अं०] सम्मेलन, संघटन, भारतीय राष्ट्रीय महासभा इंडियन नेशनल कांग्रेस।
**कांग्रेसी** *वि०* कांग्रेस से सम्बद्ध, कांग्रेस का अनुयायी।
**काँच** *स्त्री०* शीशा; जो पका नहीं हो, अधपका, कच्चा।
**काँचन** *पु०* [सं०] सोना।
**काँचा** *वि०* कच्चा।
**कांछा** *स्त्री०* [सं० काङ्क्षा] इच्छा, अभिलाषा।
**काँजी** *स्त्री०* नमकीन घोल के रूप में प्रस्तुत खट्टा पेय, माँड़, दही या फटे दूध का पानी।
**काँट** *पु०* एक प्रकार की घास, जिसमें काँटा होता है; मछली की रीढ़ की हड्डी; रुकावट, कंटक।
**काँटा** *पु०* वह तराजू, जिसमें सही वजन करने के लिए एक नुकीला काँटा लगा रहता है, बड़ा तराजू; नोकदार चीज, पतली कील।
**काँटी** *स्त्री०* लोहे का छोटा काँटा, कील।
**काँठर** *पु०* वाती।
**काँड** *पु०* [सं०] घटना, दुर्घटना; प्रसंगानुसार किसी ग्रन्थ का सर्ग; अंश, विभाग।
**काँड़** *पु०* चूहे का बिल।
**काँड़ल** *सक०* रौंदना, खूब पीटना, कुचलना।
**काँड़ा** *पु०* गन्ने के सदृश एक प्रकार का घास, सरकण्डा।
**काँड़ी** *स्त्री०* पोरदार बाँस का टुकड़ा, जिसके एक ओर का मुँह खुला रहता है और उसका उपयोग मवेशियों के मुख में दवा आदि को पिलाने के कार्य में होता है।
**काँत** *पु०* जूए में दाँव, मौका; नदी के किनारे स्थित; प्रिय, मनोरम।
**कांता** *स्त्री०* प्रिया।
**काँती** *स्त्री०* [सं० कान्तिः] शरीर का गठन, शारीरिक सौन्दर्य।
**काँदो** *पु०* कीचड़।
**काँध** *पु०* कन्धा।
**कांधा** *पु०* कृष्ण।
**काँधी** *स्त्री०* कोल्हू के बैल के कूबड़ पर के टाट की गद्दी; कन्धा।
**काँप** *पु०* कम्पा, दबाव।
**काँपल** *अक०* [सं० कम्प] जोर से हिलना, थरथराना, काँपना।
**काँव-काँव** *पु०* कौवे की बोली।
**काँवर** *पु०* [हिं० कावड़] बाँस की बनी बँहगी, जिसके साथ लटके टोकरे में गंगाजल ढोया जाता है।
**काँवरु** *पु०* [सं०] कामरूप देश।
**काँस** *स्त्री०* घासविशेष, जिससे मड़ई बनाई जाती है।
**काँसड** *वि०* काले-उजले रोएँ वाला ऐसा बैल, जिसका अण्डकोश भी काला हो।
**काँसार** *पु०* कसेरा।
**काँसी** *स्त्री०* काँसा।
**कांस्टेबिल** *पु०* [अं०] सिपाही।
**का** *सर्व०* [सं० किम्] क्या। *कहा०* 'का चुप साधि रहा बलवाना'।
**काइयाँ** *वि०* धूर्त।
**काई** *स्त्री०* कीचड़ या गीली जमीन पर उगने वाली बारीक वनस्पति।

**काउच** *पु०* हिंसक जीव-जन्तु का खुला मुख।
**काउन** *पु०* बाजरे की जाति का छोटे दानों वाला एक अनाज।
**काउर** *पु०* धान के पुआल का महीन अंश।
**काउर-माउर** *पु०* अण्ट-सण्ट बात, बेकार चीज।
**काक** *पु०* [सं०] कौआ।
**काकरी** *स्त्री०* कंकड़ी।
**काका** *पु०* पिता का भाई, चाचा।
**काकी** *स्त्री०* काका की पत्नी।
**काकुन** *स्त्री०* मोटा अन्न।
**काकुल** *स्त्री०* जुल्फी।
**काग** *पु०* [सं० काक] काले रंग का एक पक्षी। *उदा०* 'कगवा जे बोलेला बृन्दाबन अवरों निकुंज बन। कगवा, कवन सनेसा लेइ आइल, तें बोलिया सोहावन॥' -लोकगीत
**कागज** *पु०* [फा०] लुगदी से निर्मित वस्तु, जिस पर लिखा जाता है, *कहा०* 'कागज के नाव भला कब तक चली?' **-पत्तर** *पु०* लिखी हुई बातें, सबूत। **-के रुपया** *मुहा०* नोट। **-के नाव** *मुहा०* क्षण भंगुर वस्तु। **-काला कइल** *मुहा०* व्यर्थ लिखना। **-के घोड़ा दौड़ावल** *मुहा०* केवल कागजी कार्रवाई करना।
**कागजाती** *वि०* कागज से सम्बन्धित (सबूत); कागज में लिखी बात को समझने वाला।
**कागा** *पु०* कौआ। *उदा०* 'नकबेसर कागा ले भागा, सैंया अभागा ना जागा।'
**काचल** *सक०* किसी फल या सब्जी को काटना।
**काछ** *स्त्री०* कमर के नीचे और ठेहुने के ऊपर का पैर का हिस्सा; नदी का किनारा; दलदल जमीन; खुजली।
**काछल** *सक०* किसी बर्तन में सटे सामान को हाथ से पोंछना; बहाना बनाना।
**काज** *स्त्री०* पहनावे के वस्त्र में बटन लगाने के लिए बनाई जाने वाली जगह। *पु०* काम।
**काज-परोजन** *पु० यौ०* यज्ञादि कार्य। *उदा०* 'बाबा कहेले बेटी काज परोजन, भइया कहेले छव मास। आमा कहेली बेटी नित उठि अइहऽ भउजी नएनवा ना लोर'। -लोकगीत
**काजर** *पु०* अंजन, काजल। *उदा०* 'काजर देहले के नाहऽ, मटकवलो के हऽ।'
**काजी** *पु०* मुस्लिम युग का न्यायाधीश। *उदा०* 'लइका-लइकी राजी, त का करिहें काजी।'
**काजू** *पु०* फल, मेवे के रूप में प्रयुक्त।
**काट-कपट** *पु०* [सं०] काट-छाँट करने का काम, छिपाकर काटने का काम।
**काटल** *सक०* [सं० कर्त्तम्] हथियार से खण्डित करना, घाव करना; फसल काटना।
**काटा-बान्हा** *पु०* फसल को काटने के साथ ही उसे बाँध देने की स्थिति।
**काठ** *पु०* [सं० काष्ठ] काटे पेड़ का सूखा तना; शरीर की बनावट, हाड़-काठ *यौ०*। *उदा०* 'काठ के बालक गढ़ि देहुँ त जियरा बुझाइब' -लोकगीत। **-भइल** *अक०* स्तम्भित होना। **-मारल** *अक०* लज्जित होना।
**काठी** *स्त्री०* दियासलाई की पतली तीली; घोड़े और ऊँट की जीन, जो काठ की बनी रहती है।
**काड़ा** *पु०* भैंस का नर बच्चा, जो बड़ा हो गया हो, पाड़ा; एक आभूषण, कड़ा।
**काड़ी** *स्त्री०* भैंस का मादा बच्चा, पड़िया; उपला, गोंइठा।

**काढ़ा** *पु०* एक प्रकार का औषधीय पेय, जो वनस्पतियों की कोमल पत्तियों को पानी के साथ उबाल कर बनाया जाता है। यथा- तुलसी का काढ़ा।

**काढ़ल** *सक०* निकालना; कपड़े पर बेलबूटा बनाना; कर्ज लेना। *उदा०* 'जब हो कवन लाल, काढ़ले पुतरिया। उरछि मुरछि गिरे सजन बरिअतिया।'

**कातर** *पु०* कोल्हू में लगाई हुई समतल पटरी।

**कातल** *सक०* [सं० कर्तन] चरखा द्वारा रूई से सूत निकालना। *स्त्री०* कतउनी, कातने की क्रिया या भाव, कताई, कातने की क्रिया या भाव।

**काता** *पु०* डोमों का हथियार, जिससे बाँस काटा और फाड़ा जाता है; बाँस सरकण्डे या गन्ने के पत्तों का धारदार किनारा; कता हुआ सूत।

**कातिक** *पु०* [सं० कार्तिक:] आश्विन के बाद का महीना। *उदा०* 'जोतत बोअत जनम सिरायल। फेर कातिक के कातिक आयल।' -लोकगीत।

**कातिब** *पु०* [अ०] लिखने वाला।

**कातिल** *पु०* [अ०] हत्यारा।

**काती** *स्त्री०* कैंची, कत्ती, छुरी।

**काथ** *पु०* कत्था। *उदा०* 'जहँ बीरा तहँ चून है, पान, सुपारी काथ'।

**काथरी** *स्त्री०* गुदड़ी।

**कादर** *वि०* डरपोक, भीरु; आलसी।

**काँदो** *पु०* कीचड़।

**कादो** *अव्य०* सन्दिग्ध बात के दुहराने की स्थिति; शायद।

**कान** *पु०* [सं० कर्ण] सिर का वह भाग, जिससे आवाज सुनी जाती है। **-उठावल** *मुहा०* चौकन्ना। **-उड़ल** *मुहा०* शोरगुल से कष्ट मिलना। **-कतरल** *मुहा०* नीचा दिखाना। **-करऽ** *मुहा०* ध्यान से सुनना। **-के कच्चा** *मुहा०* बिना विचारे सुनी बात पर विश्वास कर लेना। **-पकड़ल** *मुहा०* आगे के लिए चेत जाना। **-भरल** *मुहा०* किसी के बारे में धारणा बिगाड़ना।

**कानकुबुज** *पु०* (कान्यकुब्ज:) ब्राह्मण जाति का उपभेद; कन्नौजनगर।

**कानल** *अक०* [सं० क्रन्दनम्] रोना।

**काना** *वि०* जिसकी आँख टेढ़ी हो (पुरुष), एक आँख वाला (व्यक्ति)। *कहा०* 'काना पांड़े गोड़ लागीं कलह के घर इहे हऽ'। **-कानी** *स्त्री०* काना फूसी। **-फूसी** *स्त्री०* कान से लगकर धीमे-धीमे बात करना।

**कानी** *स्त्री०* खराब, सबसे छोटी कानी। *कहा०* 'कानी गाय के अलगे बथान'।

**कानू** *पु०* हिन्दुओं में बनिया जाति का उपभेद।

**कानून** *पु०* कैथी लिपि में आकार की मात्रा के लिए प्रयुक्त चिह्न।

**कानून** *पु०* [अ० केनान] सरकार द्वारा बनाया गया नियम। **-छाँटल** *मुहा०* कानून की जानकारी नहीं रहने पर भी उस पर तर्क-वितर्क करना।

**कापी** *स्त्री०* [अं०] नकल, प्रतिलिपि; सादे कागज की बही; छपने हेतु तैयार लेखादि।

**काफ** *पु०* [अ०] अरबी-फारसी वर्णमाला का एक अक्षर।

**काफिर** *पु०* [अ०] ईश्वर के अस्तित्व को न मानने वाला; *वि०* नास्तिक, दुष्ट।

**काफिला** *पु०* [अ०] यात्रियों का समूह।

**काफी** *वि०* अधिक, प्रचुर, पर्याप्त।

**काबर** *वि॰* [सं॰ कुर्वर] अनेक रंग वाला रोंआँ; चितकबरा।

**काबा** *पु॰* [अ॰] अरब में स्थित मुस्लिम तीर्थ।

**काबिल** *वि॰* [अ॰] योग्य, विद्वान्।

**काबिस** *स्त्री॰* एक प्रकार की मिट्टी, जिसका उपयोग बर्तन रँगने में होता है।

**काबुली** *वि॰* काबुल का, काबुल का निवासी।

**काबू** *पु॰* [तु॰] शक्ति, बल, वश, प्रभाव, जोर। *कहा॰* 'काबू तऽ बाबू'।

**काम** *पु॰* [सं॰ कर्म] कार्य, पेशा। *कहा॰* 'काम पियारा हऽ चाम ना'। *वि॰* कामी। **-आइल** *मुहा॰* अवसर विशेष पर उपयोगी होना।

**काम-किरिया** *पु॰* श्राद्ध-कर्म।

**काम चलाऊँ** *वि॰ यौ॰* जिससे किसी प्रकार काम चलाया जा सके।

**कामचोर** *वि॰* काम से जी चुरानेवाला, काहिल, आलसी यौ॰।

**कामती** *स्त्री॰* खेत-खलिहान के मजदूरों से काम कराने वाला।

**कामदानी** *स्त्री॰* तार या सलमे-सितारे से बने बेलबूटे।

**काम-धाम** *पु॰* कार्य-क्रम, व्यापार, रोजगार, कर्म-धर्म।

**कामधेनु** *स्त्री॰* [सं॰] इच्छानुसार दूध देने वाली गाय।

**कायथ** *पु॰* कायस्थ, हिन्दुओं की एक जाति; कएथाँव, कायस्थों की प्रवृत्ति की कार्यविधि। *कहा॰* 'कायथ के हथियार कलम'।

**कायथ दरजी** *पु॰* सिलाई का काम करने वाली कायस्थों की उपजाति।

**कायथ बनिया** *पु॰* व्यापार करने वाली हिन्दुओं की एक जाति, जो पहले कायस्थ थी। *उदा॰* 'रहलीं कायथ, भइली कायथ बनियाँ। करम जर गइल, हो गइलीं किरतनिया' -लोकगीत।

**कायदा** *पु॰* [अ॰] नियम, ढंग।

**कायम** *वि॰* [अ॰] स्थिर, निश्चित।

**कायल** *वि॰* [अ॰] जो तर्कपूर्ण बात को सुन कर उसे मान लेता है।

**काया** *पु॰* [सं॰] हृदय, शरीर।

**कार** *पु॰* [फा॰] काम, कार्य, करनेवाला। **-कुन** *पु॰* काम करने वाला, कारिंदा। **-खाना** *पु॰* कारबार का स्थान। **-गर** *वि॰* असर करने वाला। **-नामा** *पु॰* प्रशंसनीय कार्य। **-परदाज** *वि॰* प्रबन्धक, कारिन्दा। **-बार** *पु॰* कामकाज। **-रवाई** *स्त्री॰* किसी काम को करना।

**कारी, करिया** *वि॰* काला, काले वर्ण का अनाज; पशु। *कहा॰* 'कारी खोरी राज करे, सुनरी भतार करे'।

**कारू** *पु॰* एक प्रकार की घास।

**काला** *वि॰* काले वर्ण की वस्तु।

**कालाकंद** *पु॰* एक प्रकार का धान, काले रंग का नमक विशेष, एक प्रकार की मिठाई।

**काला नमक** *पु॰* एक महीन धान।

**कालाभँवर** *पु॰* बादलों की घटाओं के साये में पड़ा जल।

**कालिका** *स्त्री॰* [सं॰] चण्डिका।

**कालिख** *स्त्री॰* स्याही; कलंक।

**कालिज** *पु॰* [अं॰ कॉलेज] हाईस्कूल से ऊपर के दरजे की पढ़ाई वाला महाविद्यालय।

**काली** *स्त्री॰* [सं॰] दुर्गा, पार्वती।

**कालीन** *पु॰* [अ॰] गलीचा।

**कावर** *अव्य॰* ओर, तरफ।

**काशीफल** *पु॰* कुम्हड़ा।

**कासिका** *स्त्री०* काशी और उसकी बोली का नाम, काशिका; संस्कृत व्याकरण का एक ग्रन्थ।

**कासी** *स्त्री०* भोजपुरी क्षेत्र की एक प्राचीन नगरी, बनारस, वाराणसी, काशी। *वि०* काशीवाला। *उदा०* 'बम बम बोल रहल बा कासी'।

**कास्तकार** *पु०* जमीन जोतनेवाला, किसान।

**काहऽ** *सर्व०* क्या।

**काहीं** *अव्य०* को।

**काही** *स्त्री०* एक रंग।

**काहे** *अव्य०* क्यों, किसलिए।

**कि** *अव्य०* अथवा, क्या। *कहा०* 'कि मुँह पान कि मुँह पनही'।

**किकुरना** *सक०* ठण्ढक के कारण शरीर के अंगों को समेटना।

**किकोरना** *अक०* खुरचना।

**किंचर** *पु०* कीचड़ (आँख का)।

**किच-किच** *पु०यौ०* बकवाद, झगड़ा; कीचड़ से व्याप्त होने की स्थिति।

**किचराइल** *अक०* आँख से कीचड़ का निकलना।

**किचेन** *स्त्री०* [अ०] रसोईघर।

**किछु** *वि०* कुछ।

**किछु-किछुओ** *वि०* थोड़ा, कुछ, कुछ भी।

**किटकिटावल** *अक०* दाँत से दाँत का टक्कर होना, दाँत पीसना।

**कित** *अव्य०* किधर, कहाँ।

**कितई** *स्त्री०* [*अव्य०* कतई] सुनिश्चित होने की स्थिति।

**किता** *पु०* संख्याबोधक एक शब्द।

**किताब** *स्त्री०* पुस्तक। *वि०* किताबी।

**कित्ता** *पु०* खेती की हुई भूमि का एक बड़ा भाग।

**किदो** *अव्य०* शायद, सम्भवत:।

**किन-किन** *पु०* यौ० दाँत के नीचे बालू रहने का अनुभव।

**किरोध** *पु०* क्रोध।

**किनक** *पु०* मन्द बूँदें।

**किनार** *पु०* छोर, कोर, नदी का तट; तीर।

**किफायत** *स्त्री०* कम खर्च करने की स्थिति।

**किमागोई** *स्त्री०* कंजूसी।

**किया** *अव्य०* क्या, या। *कहा०* 'किया खाय घोड़ा ना तऽ रोड़ा'।

**कियाम** *पु०* ठहराव, निश्चय, विश्वास।

**कियारी** *स्त्री०* खेतों का छोटा टुकड़ा।

**कियाल** *पु०* अनाज की तौल-जोख करने वाला।

**किरकिचही** *स्त्री०* एक प्रकार का कीड़ा।

**किरकिरी** *पु०* बालू का कण।

**किरतनिया** *पु०* नाचने-गाने वाला, कीर्तन-भजन करने वाला दल।

**किरपा, किरिपा** [सं० कृपा] दया, मेहरबानी।

**किरपिन** *पु०* कंजूस, कृपण। *कहा०* 'किरपिन के घर पाहुन अइले जस बदरी थहराय। मलिकाइन के छाती फाटे कब दुआर से जाय॥'

**किराइल** *वि०* कीड़ा लगा हुआ।

**किराँची** *स्त्री०* [अं० कैरेज] कूड़ा ढोने की बैल गाड़ी।

**किरान** *पु०* [अं० क्रेन] भारी चीजों को उठाने की मशीन।

**किरानी** *पु०* कार्यालयों में कागजाती कार्य करने वाला।

**किराया** *पु०* किसी वस्तु के उपभोग हेतु उसके मालिक को दी गई राशि, भाड़ा। *वि०* किरायादार।

**किरासन** *पु०* [अं० किरोसीन] मिट्टी का तेल।
**किरिन** *स्त्री०* किरण, सूर्य या चन्द्रमा की रश्मि।
**किरिमची** *स्त्री०* एक प्रकार की मिट्टी, जिसका उपयोग मकान रँगने में होता है।
**किरिया** *स्त्री०* सौगन्ध, कसम, शपथ। *कहा०* 'किरिया करम पाछ परल गले रुदराछ परल'।
**किरीरल** *सक०* पेंचदार काँटी को जोर से ऐंठकर कसकना।
**किरोध** *पु०* क्रोध।
**किरोर** *वि०* करोड़।
**किरौना** *पु०* एक प्रकार का कीड़ा; साँप।
**किल** *अव्य०* निश्चय ही।
**किलक** *स्त्री०* किलकारी।
**किलकन** *स्त्री०* किलकने की क्रिया।
**किलकारी** *स्त्री०* हर्ष भय की अवस्था में निकली चीख।
**किलकिलाइल** *अक०* किलकारी मारना।
**किलनी** *स्त्री०* छोटा कीड़ा, जो पशुओं में चिपका रहता है।
**किला** *पु०* बड़ा और सुदृढ़ मकान, राजमहल।
**किल्ली** *स्त्री०* लकड़ी का टुकड़ा, जो दो काठों को जोड़ने के लिए ठोंका जाता हो; पच्चड़, खूँटी।
**किवाड़** *पु०* कपाट। **-दिहल** *मुहा०* दरवाजा बन्द करना। **-बंद हो गइल** *मुहा०* घर में किसी का न रहना।
**किवार** *पु०* दे० किवाड़।
**किसमिस** *स्त्री०* [फा०] सुखाया हुआ अंगूर।
**किसान** *पु०* खेतिहर। *कहा०* 'किसान कमाय अघइले मजूर कमाय भुखइले'।
**किसिम** *स्त्री०* एक प्रकार का ढंग, किस्म।
**किसुन कतिका** *पु०* एक प्रकार का महीन धान।
**किसुन भोग** *पु०* एक प्रकार का स्वादिष्ट आम।
**किस्त** *स्त्री०* निश्चित समय पर दिया जाने वाला ऋण का अंश, ऋण अदा करने का निश्चित काल।
**किस्म** विभिन्न तरह का।
**किहाँ** *अव्य०* के यहाँ, के पास।
**किहें** *अव्य०* के पास।
**की** *अव्य०* अथवा, क्या
**कीअ** *पु०* सिन्दूर-पात्र।
**कींच** *पु०* काँदो, उदा० 'मीच है कबूल, पै न कीच लखनऊ की'।
**कींचड़, किचर** *पु०* आँख का सफेद मैल, कीचड़, काँदो।
**कीछु** *वि०* कुछ।
**कीटल** *अक०* दाँत का कटकटा कर क्रोध व्यक्त करना।
**कीनल** *सक०* खरीदना।
**कीनवइया** *पु०* खरीदने वाला।
**कीमत** *स्त्री०* दाम, मूल्य।
**कीरा** *पु०* कीड़ा।
**कीरी** *स्त्री०* छोटा कीड़ा, जो मल में पाया जाता है।
**कीरती** *स्त्री०* किया हुआ कार्य, कीर्ति।
**कीर्तन** *पु०* भगवान् या किसी देवता का सामूहिक गुण-गान।
**कील** *पु०* लकड़ी या लोहे का छोटा खुट्टा, चीपा, पल्ला, नल के पीछे की डाट।
**कीला** *पु०* चाक की धुरी।
**कुँअर** *पु०* [सं० कुमार] राजा का बेटा; राजकुमार; बालक, लड़का।
**कुँआ** *पु०* [सं० कूपः] पानी के लिए पृथ्वी पर खोदा हुआ गहरा गड्ढा, कूप।

**कुँआर** *वि०* अविवाहित, अविवाहिता। *पु०* कुँअरपन, अविवाहित रहने की स्थिति।
**कुँआरी** *वि०* कुमारी, अविवाहिता।
**कुँइयाँ** *स्त्री०* छोटा कुआँ।
**कुंकुम** *पु०* [सं०] केसर, रोली।
**कुंचन** *पु०* [सं०] सिकुड़ना, सिमटना।
**कुँचाइल** *अक०* भार से दब जाना या पिसा जाना।
**कुँजरा** *पु०* सब्जी बेचने वाली एक जाति।
**कुंजी** *स्त्री०* [सं० कुंजिका] चाभी।
**कुंड** *पु०* [सं०] बड़ा एवं गहरा गड्ढा। तीर्थ स्थान का पवित्र जलाशय।
**कुंडल** *पु०* सोने या चाँदी का गोलाकार गहना, जो कान में पहना जाता है, गोरख-पंथी साधुओं के कान की छोटी बाली।
**कुंडली** *स्त्री०* जन्मकुण्डली।
**कुंडा** *पु०* नाद।
**कुड़नी** *स्त्री०* मिट्टी का एक बर्तन।
**कुड़िआइल** *अक०* इकट्ठा होना।
**कुँड़िआवल** *सक०* ढेर लगाना।
**कुंड़ी** *स्त्री०* कटोरानुमा पत्थर का छोटा बर्तन, जिसमें भाँग घोटी जाती है।
**कुँड़ेसर** *पु०* मिट्टी का घड़ा।
**कुंद** *पु०* चम्पा की जाति का एक फूल।
**कुंदा** *पु०* [फा०] बन्दूक का पिछला भाग।
**कुंभ** *पु०* ज्योतिष में दशवीं राशि; बारहवें वर्ष के बाद होने वाला पर्व, जहाँ प्रमुख रूप से धर्म-प्रेमी इकट्ठा होते हैं।
**कुँहरल** *अक०* किसी प्रस्ताव को अस्वीकृत करने पर मुँह बनाना, कँहरना। *व०कृ०* कुँहरत, *भू०कृ०* कुँहरल।
**कु** *उपसर्ग०* शब्दों के पूर्व जुड़ने वाला एक उपसर्ग, जिसका प्रयोग बुरा, नीच, कुत्सा के अर्थ या भाव को व्यक्त करने में होता है जैसे-कुकर्म, कुटेव।

**कुआत** *पु०* दुःख, वितृष्णा। *वि०* कुअतल उपेक्षित।
**कुआर** *पु०* आश्विन का महीना। *कहा०* 'कुआर जाड़े के दुआर'।
**कुइयाँ** *स्त्री०* कच्चा कुआँ।
**कुइस** *पु०* जिसकी आँखों की पुतलियों का रंग काला नहीं हो।
**कुकरम** *पु०* [सं० कुकर्म] बुरा काम, नीच धन्धा।
**कुकरूँकू** *पु०* मुर्गे की बोली।
**कुकुर** *पु०* कुत्ता। *कहा०* 'कुकुर के मुँह लगाइब तऽ ऊ मुँहे चाटी'।
**कुकर दंता** *पु० यौ०* वह दाँत जो साधारण दाँतों के अलावा हो।
**कुकुरमाछी** *स्त्री० यौ०* कुत्तों या अन्य जानवरों के शरीर पर रहने वाली बड़ी जाति की मक्खी। -लागल *मुहा०* किसी चीज की प्राप्ति के लिए आवश्यक दौड़ धूप करना।
**कुकुरहो** *पु०* हल्ला-गुल्ला, कुत्तों के एक साथ बोलने से उत्पन्न हल्ला।
**कुकुरौधा** *पु०* एक प्रकार का पौधा, जिससे दुर्गन्ध आती है, कुकरौंधा।
**खुर-खुर** *स्त्री०* एक प्रकार की आवाज, जो गले में कफ के कारण साँस लेते समय होती है; घर-घर का शब्द; घरघराहट। *अक०* खुरखुराइल।

**खुनखून** *पु०* अति व्यग्रता दिखलाने की स्थिति; पशुओं के द्वारा पद-दलित फसल।

**खुरचन** *पु०* छोलनी, जो खुरचने का काम करता है, सब्जी चलाने वाला घरेलू उपकरण; मिठाई; वह वस्तु जो खुरच कर निकाली जाय।

**खुरट** *पु०* खुरपका रोग।

**खुरदन** *पु०* रौंदने की क्रिया।

**खुरदरा** *वि०* खुरखुरा।

**खुरपा** *पु०* [सं० क्षुरप्रः] घास छीलने या निकौनी करने का औजार। *स्त्री०* खुरपी।

**खुरपिआवल** *सक०* खुरपी से खेत का घास-पात निकालना।

**खुरपी** *स्त्री०* छोटा खुरपा।

**खुरपेड़िया** *स्त्री०* खेत में आदमी के चलने से बनी पगडण्डी।

**खुरफा** *पु०* कुल्फे का साग।

**खुरफात** *पु०* [अ०] उपद्रव, बखेड़ा, झगड़ा।

**खुरमा** *पु०* एक प्रकार की मिठाई; बालूशाही।

**खुरसनिया** *पु०* एक प्रकार की छोटी पर तीखी मिर्चा।

**खुरहेटी** *स्त्री०* मवेशियों द्वारा चलने से जमीन पर बना चिह्न।

**खुरा** *पु०* खुर-पका रोग; फाल की दृढ़ता के लिए लगाया जाने वाला काँटा।

**खुराक** *स्त्री०* [फा०] आहार, खाना, दवा की एक मात्रा; एक आदमी का एक समय का नियत भोजन।

**खुराकी** *वि०* अधिक खाने वाला। *स्त्री०* खुराक के बदले दिया जाने वाला पैसा दैनिक भोजन व्यय।

**खुराफात** *स्त्री०* [अ०] बकवास, शरारत, बखेड़ा।

**खुराफाती** *वि०* खुराफात करने वाला।

**खुर्राट** *वि०* बूढ़ा; चालाक; अनुभवी।

**खुरपा** *पु०* घास गढ़ने का उपकरण।

**खुरुपी** *स्त्री०* छोटा खुरपा।

**खुलता** *वि०* खुला हुआ।

**खुलम खुल्ला** *क्रि०वि०* खुलेआम, सभी के सामने।

**खुलल** *अक०* बंधन से मुक्त होना, बादल का हटना।

**खुलहा** दे० 'खुलता'।

**खुलावल** *वि०* बन्धनमुक्त (मवेशी)।

**खुलासा** *वि०* [अ०] स्पष्ट, साफ।

**खुवाड़** *पु०* आवारा पशुओं की जगह।

**खुस** *वि०* [फा०] प्रसन्न, आनन्दित, खुश।

**खुसखबरी** *स्त्री०* सुखद समाचार।

**खुसनामा** *पु०* खुशी की बात।

**खुसबू** *स्त्री०* [फा०] सुगन्ध, सौरभ।

**खुसहाल** *वि०* [फा०] सुखी, सम्पन्न।

**खुसामद** *स्त्री०* [फा०] चापलूसी, झूठी, प्रशंसा, दूसरे के खुश रहने के लिए किया गया कार्य। *वि०* खुशामदी

**खुसुक** *वि०* [सं० शुष्क] सूखा, खुश्क, जो तर न हो।

**खूंख** *वि०* छूँछा, रिक्त, खाली; निर्धन।
**खूँट** *पु०* [सं० खण्ड:] छोर, कोना, भाग; बाँस का झुरमुट; वंश-परम्परा। *स्त्री०* कान का मैल।
**खूँटा** *पु०* लकड़ी का गड़ा हुआ टुकड़ा, जिसका उपयोग पशु बाँधने या खेत की सीमा को स्पष्ट करने के लिए किया जाता है। *लोक०* 'खूँटा के बल पर बछवो कूदेला।'
**खूँटी** *स्त्री०* छोटा खूँटा।
**खूझा** *पु०* नारियल या ताड़ के फल का भीतरी रेशेदार भाग, उलझा हुआ रेशेदार लच्छा; खुज्झा।
**खून** *पु०* [फा०] रक्त, लहू; हत्या, कतल। **-खराबा** *पु०* मारकाट, खून-कतल। **-खून के घूंट पीयल** *मुहा०* सह लेना। **-खउलल** *मुहा०* अति क्रोधित होना। **-पानी एक कइल** *मुहा०* खून पानी की तरह बहना। **-बहावल** *मुहा०* रक्तपात करना।
**खूनी** *पु०* [फा०] कातिल।
**खूब** *वि०* [फा०] अच्छा, उत्तम, यथेष्ट, बहुत। *क्रि०वि०* भलीभाँति, अच्छी तरह से।
**खूबी** *स्त्री०* अच्छाई, विशेषता; रामदाने की लाई।
**खूहल** *अक०* समागम के लिए व्यग्र मादा पशु की गर्मी शान्त हो जाना।
**खूहा** *स्त्री०* दवनी हेतु छींटे गए डण्ठल।
**खेंखर** *पु०* लोमड़ी; व्यर्थ हँसते रहने वाला व्यक्ति। *स्त्री०* खेंखरी।
**खेंखरिआ** *वि०* खेखर का; लोमड़ी का।
**खेचर** *वि०* [सं०] आकाश में चलने वाला। *पु०* ग्रह, तारा, पक्षी, भूत-प्रेत; शिव।
**खेचरी** *वि०* आकाशचारिणी। *स्त्री०* दुर्गा, परी।
**खेट** *पु०* [सं०] किसानों का गाँव, खेड़ा।
**खेंडुकी** *स्त्री०* बच्चे-बच्चियों द्वारा व्यवहृत वस्त्र-खण्ड।
**खेंढ़ी** *स्त्री०* वृक्ष में स्वत: बना हुआ स्थान जिसके सहारे कोई ऊपर चढ़ सकता है, पायदान, सीढ़ी, सोपान।
**खेंसरार** *पु०* एक प्रकार का जलीय पक्षी जिसका रंग काला सिर पर सफेद धारी रहती है।
**खेआल** *पु०* [अ० ख्याल] याद, स्मरण; विचार, सहानुभूति।
**खेंखरा** *पु०* बीमारी का बहाना।
**खेड़ही** *स्त्री०* एक प्रकार का फूल।
**खेड़ी** *स्त्री०* शिशु की नाभि और गर्भाशय से जुड़ा मांस-खण्ड।
**खेढ़ा** *पु०* रहस्य, भेद; एक प्रकार का धान।
**खेत** *पु०* जीन का टुकड़ा, जो जोता-बोया जाय। *लोक०* 'खेत खाय गदहा, मार खाय जोलहा।'
**खेतिहर** *पु०* खेती करने वाला, किसान। *लोक०* 'खेतिहर गइल घर दाएँ बाएँ हर।'
**खेती** *स्त्री०* खेत जोतने-बोने का काम, किसानी। **-बारी** *स्त्री०* कृषि कर्म। *लोक०* 'खेती राजरजावे खेती भीख मँगावे।'
**खेद** *पु०* [सं०] दु:ख, रंज, उदासी, व्यथा।
**खेदल** *सक०* शिकार का पीछा करना, खदेड़ना।
**खेप** *स्त्री०* माल, बोझ।
**खेपल** *सक०* बिताना।
**खेपाइल** *अक०* स्वत: शान्त या सन्तोष-पूर्वक रह जाना।
**खेपान** *पु०* गन्ने के रस का उतना परिमाण, जिनता एक बार में उबाला जा सके।

**खेमटा** *पु०* (देश०) छः मात्राओं का एक ताल, इस ताल पर होने वाला गान या नाच।

**खेमा** *पु०* [अ०] डेरा, तम्बू, कैम्प।

**खेमाता** *स्त्री०* [सं० क्षमता] हिम्मत, सामर्थ्य, शक्ति।

**खेल** *पु०* क्रीड़ा, व्यायाम के लिए दौड़-धूप।

**खेलल** *अक०* खेलना।

**खेलक्कड़** *पु०* खिलाड़ी।

**खेलवना** *पु०* बच्चों के खेलने का साधन। *उदा०* 'चिरई के जान जाए, लइका के खेलवना।' (लोकोक्ति)

**खेलनी** *वि०* बहाना बनाने वाली स्त्री।

**खेलवाड़** *पु०* तमाशा, मनबहलाव, दिल्लगी। *वि०* खेलवाड़ी।

**खेलाड़ा** *वि०* रहस्य को तुरन्त ताड़ने वाला व्यक्ति।

**खेलाड़ी** *वि०* खेलने वाला व्यक्ति।

**खेलौनिया** *वि०* बच्चों को खेलाने वाला; हास्य-पात्र।

**खेवट** *पु०* नाविक, नदी पार कराने वाला; वह कागज, जिसमें जमींदारी और उसके अधिकार का लेखा रहता है, पटवारी का एक कागज, जिसमें हर पट्टीदार का नाम और हिस्सा लिखा रहता है।

**खेवल** *सक०* नाव चलाना, पार लगाना।

**खेवा** *पु०* नाव का किराया, केवट द्वारा लिया गया शुल्क। *उदा०* 'खेवा देवे के आ दहाइल जाए के।' (लोकोक्ति) **-खरचा** *पु०* राहखर्च।

**खेवाई** *स्त्री०* नाव को चलाने की क्रिया, नाव चलाने की मजदूरी।

**खेसरा** *पु०* प्रत्येक खेत के नम्बर आदि का उल्लेख सम्बन्धी कागज।

**खेसारी** *स्त्री०* [सं० कृसरः] एक प्रकार का निम्नकोटि का दलहनविशेष।

**खेस्टा** *पु०* अनिबन्धित (दस्तावेज या शर्तनामा); साधारण, मोटा (वस्त्र)।

**खेह** *पु०* धूल, गर्दा, पत्ता या अन्न के डंठल का अति बारीक चूर्ण।

**खैका** *पु०* भोजन।

**खैनी** *स्त्री०* जो चूने से मसलकर होठों में दबाई जाती है।

**खैर** *पु०* खैरा की लकड़ी के रस से तैयार की गयी वस्तुविशेष, कत्था। *स्त्री०* क्षेम। *अव्य०* अस्तु, अच्छा।

**खैरा** *पु०* एक पेड़ जिसकी लकड़ी से कत्था तैयार किया जाता है; धान में लगने वाला रोग।

**खैरात** *स्त्री०* [अ०] दान, निःशुल्क दी गई वस्तु। *वि०* खैराती।

**खैरियत** *स्त्री०* [फा०] कुशलक्षेम, राजीखुशी, भलाई, कल्याण।

**खोंइछ** *पु०* देवी की पूजा में आँचल में अनाज रखने की क्रिया।

**खोंइछा** *स्त्री०* बेटी या बहू को विदाई के समय आँचल में दिया जाने वाला चावल एवं पैसा।

**खोंखड़** *वि०* जिसके भीतर कुछ न हो, पोला।

**खोंखल** *अक०* खाँसना।

**खोंखिआइल** *अक०* क्रुद्ध होकर बोलना, झुंझला उठना।

**खोंखी** *स्त्री०* खाँसी, कफजनित रोग।

**खोंख** *पु०* लकड़ी या धातु का नुकीला भाग।

**खों-खों** *पु०* खाँसने की आवाज।

**खोंखा** *वि०* खाली।

**खोंखल** *अक०* खाँसना।

**खोंखी** *स्त्री०* खाँसी। **-खराई** *स्त्री०* जुकाम, ज्वर।

**खोंच** *पु०* खरोच।
**खोंचल** *सक०* [सं० खोच] लकड़ी या बाँस के टुकड़े से खोदना।
**खोंचा** दे० 'खोंच'।
**खोंचिया** *स्त्री०* धोबी या किसी अन्य व्यक्ति (मजदूर) को कार्य के समय दिया गया थोड़ा सा अन्न।
**खोंची** *स्त्री०* शुभ सन्देश या बायन देनेवाली नाइन या मजदूरन को अन्न के रूप में दी गयी मजदूरी।
**खोंट** *पु०* कान का मैल।
**खोंटल** *सक०* नख के द्वारा किसी वस्तु या पौधों के ऊपरी भाग को तोड़ना।
**खोंठिला** *पु०* एक प्रकार का नाक का गहना।
**खोंठी** *स्त्री०* घाव के ऊपर की पपड़ी।
**खोंड़ी** *स्त्री०* खूँटी।
**खोंढ़** *वि०* खण्डित, अपूर्ण।
**खोंढ़िआवल** *सक०* खोखला बनाना।
**खोंढ़र** *पु०* वृक्ष के तने में बना गड्ढा, खोखला।
**खोंढ़रा** *पु०* तरुकोटर।
**खोंढ़िला** *पु०* कोठी में बना ताख; दाँत की बीमारी।
**खोंढ़ी** *स्त्री०* दाँत का छिद्र।
**खोंता** *पु०* (देश०) घोसला, नीड़।
**खोंप** *पु०* भूसा रखने का छाजनदार घेरा; केश-विन्यास।
**खोंपड़ी** *स्त्री०* सिर का ऊपरी भाग, कपाल, सिर, खोपड़ी।
**खोंपा** *पु०* जूड़ा; छल्ला, छल्ली!
**खोंपी** *स्त्री०* ढक्कन।
**खोंसल** *सक०* घुसाना।
**खोआ** *पु०* दूध का बना ठोस पदार्थ, जो औटकर और उसका पानी जलाकर तैयार किया जाता है, खोवा।
**खोआब** *पु०* सपना, स्वप्न।
**खोइला** *पु०* छिलका, रस निकल जाने के बाद का गन्ने का डण्ठल।
**खोइआ** *पु०* बाँस या बाँस का उपकरण जिसका उपयोग किसी वस्तु को उकसाने के लिए होता है। *सक०* खोइलावल।
**खोखा** *पु०* वह कागज जिस पर हुंडी लिखी हो; खाली डब्बा।
**खोगीर** *पु०* अनावश्यक वस्तु।
**खोज** *स्त्री०* तलाश; शोध।
**खोजड़ा** *पु०* पाला आदि से ग्रस्त ज्वार बाजड़ा एवं मकई की फसल।
**खोजवा** *स्त्री०* नामर्द, हिंजड़ा।
**खोजवार** *पु०* थारुओं की एक उपाधि।
**खोजा** *पु०* [फा० ख्वाजा] वह नपुंसक व्यक्ति, जो मुसलमानी हरमों में सेवक की भाँति रहता हो, सेवक, नौकर।
**खोजी** *वि०* अन्वेषक।
**खोट** *पु०* [सं० क्षोट्] छोटा, बुरा, ऐब, दोष; किसी उत्तम वस्तु में निकृष्ट वस्तु की मिलावट।
**खोटा** *वि०* [सं० क्षोट्] घटिया, जिसमें खोट हो, मिलावट, खल। **-खरा** *वि०* भला-बुरा, घटिया-बढ़िया। **-माल** *पु०* मिलावटी माल। **-सिक्का** *पु०* जाली सिक्का।
**खोटि** *स्त्री०* [सं०] चालबाज औरत।
**खोड** *वि०* [सं०] लँगड़ा-लूला।
**खोद-खाद** *पु०* खोदने का कार्य।
**खोदल** *सक०* शरीर में किसी वस्तु को गड़ाना, चुभाना, हाथ से हलका ठोकर देना।
**खोदाय** *पु०* [फा० खुदा] ईश्वर।
**खोनल** *अक०* खोदना।
**खोनसाइल** *अक०* क्रुद्ध होने की स्थिति।

**खोन्चा** *पु०* बड़ा पात्र जिसका प्रयोग फेरी वाले करते हैं।
**खोपचारी** *स्त्री०* बाँस का नुकीला टुकड़ा।
**खोपड़ा** *पु०* कपाल, खोपड़ी।
**खोपड़ी** *स्त्री०* सिर।
**खोबसन** *पु०* उलाहना, प्रताड़ना।
**खोबसल** *सक०* उलाहना देना, प्रताड़ित करना।
**खोभल** *अक०* छेदना, किसी तीखे औजार को घुसेड़ना।
**खोभा** *पु०* कड़ी पीड़ा, पेट में चुभने वाला दर्द।
**खोभाड़** *पु०* सूअरबाड़ा।
**खोर** *पु०* लकड़ी का पका भाग।
**खोरहा** *पु०* खुर पकने का रोग।
**खोरही** *स्त्री०* दे० खोरहा। *लोक०* 'खोरही कुतिया, रेशम के झूल।'
**खोरनाठी** *स्त्री०* लकड़ी का अधजला टुकड़ा; आग हटाने का साधन।
**खोरल** *सक०* आग को लकड़ी से उलट-पुलट करना।
**खोरहा** *पु०* खुर पकने का रोग।
**खोरा** *पु०* कटोरा। *स्त्री०* खोरिआ।
**खोराक** *पु०* एक बार में दी जाने वाली दवा की मात्रा; भोजन की मात्रा।
**खोरा** *पु०* कटोरा जैसा बड़ा पात्र।
**खोराकी** *स्त्री०* खुराक, राशन।
**खोरि** *स्त्री०* गली, सड़क।
**खोरी** *स्त्री०* तंग गली; ऐब, दोष।
**खोरिस** *स्त्री०* [फा०] खाने के लिए दिया हुआ धन या जमीन।
**खोल** *पु०* किसी वस्तु पर लगाया गया आवरण, गिलाफ; मोटी चादर।
**खोलल** *सक०* अवरोध हटाना, बन्धन हटाना, खोलना।
**खोलड़ी** *स्त्री०* मवेशियों के शरीर का ताजा चमड़ा; बीजकोष के ऊपर का छिलका।
**खोलि** *स्त्री०* [सं०] तरकश।
**खोह** *स्त्री०* गुफा, कन्दरा।
**खौंचा** *पु०* मिठाई आदि खाने की चीजें रखने का सन्दूक।
**खौफ** *पु०* भय, आशंका।
**खौरहा** *वि०* खौरा रोगवाला।
**खौलल** *अक०* उबलना, जोश खाना।
**खौहा** *वि०* अधिक खाने वाला।

❑

# ग

**ग** देवनागरी वर्णमाला के कवर्ग का तीसरा व्यंजन, उच्चारण-स्थान कण्ठ है।

**गँइच** *वि०* तिरछा।

**गँइचा** *पु०* एक प्रकार की चिकनी मछली, जिसका मुँह और पूँछ नुकीली होती है। *स्त्री०* गँइची।

**गँइता** *पु०* कड़ी मिट्टी खोदने वाला नुकीला औजार।

**गँइला** *पु०* ईंट खोदने का एक हथियार, गँइता।

**गँई** *स्त्री०* ढंग, प्रकार।

**गँउँआ लेहर** *पु०* गाँव की सामूहिक विचार या कार्यपद्धति, *यौ०*, गाँव के प्रत्येक परिवार के योगदान का भाव।

**गँउछी** *स्त्री०* नयी शाखा; अरहर के फलों का गुच्छा।

**गंग** *स्त्री०* गंगा।

**गंगई** *स्त्री०* मैना जाति की एक चिड़िया।

**गंगका** *स्त्री०* गंगा।

**गंगा** *स्त्री०* [सं०] भारत की पवित्रतम नदी, भागीरथी, जाह्नवी। **-गति** *स्त्री०* गंगा लाभ, मोक्ष। **-जमुनी** *वि०* [हिं०] दो रंगा, काला-उजला, मेल-मेलाप वाला। **-जल** *पु०* पवित्र जल, *उदा०* 'सोने सुराही गंगाजल पानी।' **-दुअर** *पु०* हरिद्वार। **-धर** *पु०* शिव, समुद्र। **-पार** *पु०* गंगा का दूसरा तट। **-पुजैया** *स्त्री०* [हिं०] गंगा की पूजा। **-लाभ** *पु०* मृत्यु, निधन। **-सागर** *पु०* तीर्थ, जहाँ गंगा सागर से मिलती है। **-नहाइल** *मुहा०* कठिन कार्य को पूरा करना। *लोक०* 'गंगा के धार, हाकिम के मन, केहू ना जाने।'

**गंगट** *पु०* एक प्रकार की मछली।

**गंगवट** *पु०* गंगा की मिट्टी जो चन्दन लगाने के काम में आती है।

**गंगला** *पु०* एक प्रकार का शलजम।

**गंगाजली** *स्त्री०* वह धातु काँच या मिट्टी की सुराही, जिसमें गंगाजल लाया जाता है; यज्ञादि अवसर पर भोजन के समय पानी चलाने का पात्रविशेष।

**गंगेआ** *पु०* पूर्वी चम्पारण जिले में वेदीवन के खँडहर के निकट का प्राचीन बड़ा तालाब; प्राचीनकाल में राजमहल के चारों ओर सुरक्षा की दृष्टि से खोदा गया गहरा गड्ढा, जो अब झील की शक्ल में उपलब्ध है।

**गंगोतरी** *स्त्री०* गंगोत्री। वह स्थान जहाँ से गंगानदी निकलती है।

**गंज** *स्त्री०* [फा०] राशि, ढेर; बाजार अनाज की मंडी। *पु०* सिर के बाल उड़ने का रोग, चाई; खल्वाट।

**गंजन** *पु०* परेशानी, कष्ट; अवज्ञा, तिरस्कार, नाश।

**गँजही** *वि०* गाँजा पीने की चिलम।

**गंजा** *वि०* गंज रोग वाला।

**गंजाई** *स्त्री०* फसल को एक स्थान पर एकत्रित करने की प्रक्रिया।

**गंजाड़ल** *सक०* घास-पात को सड़ाने के लिये पानी वाले खेत की जुताई करना।

**गँजाड़ा** *पु०* लोहे के छेदों से बना घेरा।

**गँजावल** *पु०* गाँज लगवाना, इकट्ठा करवाना।

**गंजास** दे० 'गँजास'।

**गँजास** *पु०* खरपात के लगा रहने या उगने से उत्पन्न गन्दगी।

**गँजिआ** *स्त्री०* [सं० गञ्जिका] छोटी थैली या बोरिया, घास रखने की रस्सी की थैली।

**गंजी** *स्त्री०* छोटी कुरती, जो शरीर में चिपकी रहती है; कन्दा, शकरकन्द।

**गँजेड़ी** *वि०* गाँजा पीने वाला। *लोक०* 'गँजेड़ी यार किसके, दम लगाके खिसके।'

**गँजोरल** *सक०* किसी स्थान में बहुत सी चीजों को ठूसना या रखना।

**गँठकटा** *पु०* [हिं० गाँठ+काटना] चोर, ग्रन्थिभेदक।

**गंठजोड़ा** *पु०* [हिं० गाँठ+जोड़ना] गँठबन्धन।

**गठबंधन** *पु०* [सं० ग्रन्थिबन्धनं] वैवाहिक रस्म।

**गंड** *पु०* [सं०] गाल, कनपटी; घेघा, गाँठ। **-माला** *स्त्री०* [सं०] कण्ठमाला। **-माली** *वि०* गण्डमाला रोग से ग्रस्त।

**गँडतर** *पु०* शिशुओं के मलमूत्र विसर्जन हेतु उनके नीचे बिछाया जाने वाला कपड़ा।

**गँडिआवल** *सक०* गठरी बाँध देना, धोती की लपेट में छिपा देना।

**गँड़उघरा** *वि०* जिसका चूतड़ उघार हो, बेशर्म।

**गंडक** *पु०* गण्डकी नदी का तटस्थ भाग। *स्त्री०* गण्डकी।

**गँड़कटउअल** *पु०* परस्पर हानि पहुँचाने की प्रवृत्ति या कार्य।

**गँड़गस्त** *स्त्री०* व्यभिचारिणी स्त्री। *उदा०* 'छउड़ी छिनार गँड़गस्ता कहाँ बाजार कहाँ रासता।' लोक०

**गँड़गोआर** *पु०* एक प्रकार का कीड़ा, जिसके बहुत से पैर होते हैं।

**गँड़जर** *वि०* जरा सी बात में नाराज हो जाने वाला व्यक्ति, तुनुकमिजाज।

**गँड़जोरिया** *वि०* जिसका चूतड़ जुटे हों, ऐसा कीड़ा।

**गँड़तर** दे० 'गँडतर'।

**गँड़ पोंछना** *पु०* बच्चे का मल साफ करने का टुकड़ा।

**गँड़फट्टो** *पु०* अति कष्टकर स्थिति।

**गँड़बहबल** *पु०* नासमझ, विवेकहीन।

**गँड़बाजी** *पु०* बदमाशी।

**गँड़बेटा** *पु०* वह पुत्र, जो पुरुष के गुदामार्ग से पैदा हुआ हो (व्यंग्यात्मक मजाक)।

**गँड़भवनिया** *वि०* मूर्ख; गैरजिम्मेदार।

**गँड़मुड़िया** *पु०* ऐसी स्थिति, जहाँ सोने में लोगों को यह विचार नहीं हो कि किधर सिर हो और किधर पैर।

**गँड़मोथी** *स्त्री०* मोथा की जाति की एक पतली और छोटी घास।

**गँड़हरुआ-गँड़हर** *स्त्री०* एक प्रकार की घास।

**गंडा** *पु०* चार कौड़ियों की इकाई, चार वस्तुओं की इकाई, ताबीज।

**गंडाढार** *पु०* ऊख की पहली सिंचाई।

**गँड़ारी** *पु०* क्यारी।

**गँड़ास** *पु०* चौपायों के लिए चारा काटने का लोहे का हथियार।

**गँड़ासा** *पु०* एक प्रकार का लोहे का हथियार, जिसका उपयोग मार-काट में होता है।

**गँड़ासी** *स्त्री०* चारा, घास काटने का उपकरण।

**गँड़िआठ** *पु०* चूतड़ का ऊपरी भाग।

**गँड़िआह** *वि०* बदमाश; जिस पर कोई भरोसा नहीं किया जा सके।

**गँड़ेरी** *स्त्री०* एक जाति, जो भेड़ पालती है।

**गंद** *स्त्री०* [फा०] गन्दगी, सड़ान्ध।
**गंदगी** *स्त्री०* [फा०] दे० 'गंद'।
**गँदला** *वि०* गन्दा; मैला-कुचैला।
**गंदा** *वि०* मलिन, अशुद्ध; कलुषित।
**गँदौरा** *पु०* खाद; बुहारन।
**गंध** *स्त्री०* महक; दुर्गन्ध।
**गंधक** *पु०* [सं०] खनिज पदार्थ।
**गंधकी** *स्त्री०* एक मक्खी, जो धान के पौधों को हानि पहुँचाती है।
**गंधरप** *स्त्री०* गायन-वृत्ति अपनाने वाली एक जाति, गन्धर्व।
**गंधरब** दे० 'गंधरप'।
**गंधाइल** *अक०* महकना, दुर्गन्ध आना।
**गंधिक** *वि०* [सं०] गन्धवाला, *पु०* इत्रफरोश, गन्धक।
**गंधिया** *पु०* दुर्गन्ध करने वाला एक बरसाती कीड़ा, गन्धक।
**गंधी** *पु०* [सं०] इत्रफरोश; खटमल।
**गंधीला** *वि०* गन्दा, *उदा०* 'बहता पानी निर्मला, बँधा गंधीला होय।'
**गँव** *स्त्री०* घात, दाँव।
**गँव-गँई** *स्त्री०* ढंग, तरीका, युक्ति, उपाय।
**गँवई** *स्त्री०* गाँव की बस्ती।
**गँवरऊ** *वि०* ग्रामीणों का; गँवारों का।
**गँवरमसला** *पु०* गँवारों की कहावत, गाँवों में प्रचलित कहावत।
**गंवहिं** *अव्य०* चुपके से, धीरे से, गौंसे।
**गँवार** *वि०* गाँव में रहने वाला, देहाती; असभ्य, मूर्ख।
**गँवारा** *पु०* ताजिया के विसर्जन के एक रोज पूर्व का दिन जब ताजिया गाँव में द्वार-द्वार पर घुमाया जाता है; सत्य जो असह्य हो।
**गँवारी** *वि०* छोटा नागपुर की वन्य जातियों द्वारा प्रयुक्त आर्य भाषा का विकृत रूप।
**गँवावल** *सक०* उम्र बिताना; पास के धन को बर्बाद कर देना, गँवा देना।
**गँवे-गँवे** *क्रि०वि०* धीरे-धीरे।
**गँहकी** *स्त्री०* खरीददार।
**गइनी** *स्त्री०* मुसलमानों द्वारा गौ की कुर्बानी।
**गइरी** *स्त्री०* एक प्रकार का जलपक्षी।
**गइल** *अक०* जाना, हाथ से निकल जाना, घाटे में पड़ना। *लोक०* 'गइल मरद जे खाय खटाई।' *उदा०* 'गइल भँइसिया पानी में। दुधवो ना देलस जवानी में॥' - लोकगीत
**गइँची** *स्त्री०* एक प्रकार की मछली।
**गउँजिआइल** *अक०* धूएँ और हवा का बाहर नहीं निकलना; मन की बातों का प्रकट नहीं होना।
**गऊ** *स्त्री०* गाय।
**गउगरास** *पु०* गोचर भूमि; गाय के लिए निकाला हुआ व्यंजन।
**गउतम** *पु०* एक ऋषि, जिनके नाम पर हिन्दुओं का एक गोत्र चलता है।
**गउदान** *पु०* मृत्युकाल निकट आने पर संकल्प कर ब्राह्मण को दिया जाने वाला गोदान।
**गउवध** *पु०* गोहत्या।
**गउर-गनेस** *पु०* गोबर की पिड़िया, जिसे गौरी और गणेश का प्रतीक माना जाता है, *यौ०*।
**गउरछनी** *स्त्री०* गौ की रक्षा और पालन-पोषण के लिए बनी समिति, गोरक्षिणी।
**गउरा** *स्त्री०* गौरी के लिए आदरसूचक शब्द, गौरा, पार्वती।
**गउरिया** *स्त्री०* केले की एक जाति, जो तरकारी के लिए अच्छी समझी जाती है।
**गउरिहार** *पु०* थारुओं की एक उपजाति।

**गउरी** *स्त्री०* शिव की पत्नी, गौरी।
**गउरो-गुरो** *पु०* थारुओं की उपाधि।
**गउसाला** *स्त्री०* गोशाला।
**गउला** *पु०* अफवाह।
**गगन** *पु०* [सं०] आकाश, शून्य। **-कुसुम** *पु०* आकाश-कुसुम। **-गति** *वि०* आकाशचारी। **-गिरा** *स्त्री०* आकाश-वाणी। **-चुम्बी** *वि०* बहुत ऊँचा। **-पति** *पु०* इन्द्र। **-भेदी** *वि०* प्रचण्ड।
**गगरा** *पु०* लोहे, पीतल या ताँबे का बना घड़ा, कलश।
**गगरी** *स्त्री०* कलशी। *लोक०* 'गगरी अनाज भइल, जोलहन के राज भइल।' तथा 'गगरी भरल खिंचाते नइखे, सास ननद के ओठर हमरा से सहाते नइखे।'
**गचकल** *सक०* हजम करना; छिपाना; खा जाना।
**गचपच** *वि०* घिचपिच।
**गचकी** *स्त्री०* सड़क के टूटने से बने छोटे-छोटे गड्ढे।
**गचाक** *पु०* पानी में डूबने से उत्पन्न शब्द।
**गच्च** *पु०* खुश, अति प्रसन्न; पानी में डूबने का शब्द।
**गच्चों** *पु०* बच्चों का एक प्रकार की गोटी का खेल।
**गछउनी** *स्त्री०* पेड़ की छाया वाला स्थान।
**गछपक** *वि०* जो फल पेड़ पर ही पक जाता है।
**गछल** *अक०* [सं०] चल देना; स्वीकार करना।
**गछाइल** *अक०* पौधे का बड़ा और विस्तृत होना।
**गछाड़** *पु०* वृक्ष की छाया।
**गछुली** *स्त्री०* नया बाग; नया पेड़ जो अभी छोटा हो।
**गज** *पु०* [फा०] काठ या छड़, जिससे बन्दूक की नाल साफ की जाती है; हाथी; कपड़ा नापने का माप-दण्ड। 0.91 मीटर, 36 इंच अथवा 3 फीट।
**गजओबर** *पु०* प्रसव-घर।
**गजक** *पु०* तिल और चीनी से बना मिष्ठान्न।
**गजट** *पु०* सुनिश्चित, पक्का, सरकारी घोषणापत्र।
**गजपत्ता** *पु०* एक मोटा धान।
**गजब** *पु०* विचित्र, अद्‌भुत।
**गजबाँक** *पु०* हाथी का अंकुश।
**गजभरता** *पु०* अनेक प्रकार का काम; अनेक वस्तुओं का मिश्रण।
**गजमुकता** *स्त्री०* एक प्रकार का मोती, जो हाथी के मस्तक पर पाया जाता है। लोक विश्वास है कि स्वाती की बूँद पड़ने से ऐसा मोती पैदा होता है।
**गजबज** *पु०* अनेक बातों या कामों को एक साथ मिलकर गड़बड़ हो जाने की स्थिति।
**गजर-बजर** *पु०* यौ० कई अन्नों का मिश्रण।
**गजरा** *पु०* फूलों का हार; एक प्रकार का कन्द, गाजर।
**गजल** *स्त्री०* एक प्रकार की विधा, जिसका अधिक व्यवहार अरबी, फारसी और उर्दू में होता है; शृंगार कविता।
**गजाधर** *पु०* गदाधर।
**गजानन** *पु०* [सं०] गणेश।
**गजिया** *स्त्री०* एक औजार।
**गजी** *स्त्री०* [सं०] हथिनी।
**गजी** *पु०* हाथ का बुना कपड़ा, गाढ़ा। **-गाढ़ा** *पु०* मोटा, सस्ता कपड़ा।
**गजुआइल** *अक०* आँख में कीचड़ का आना; छोटे पौधे का बढ़कर खूब हरा होना।

**गजुर** *पु०* भिगोये अन्न से निकला अंकुर।
**गज्जन** दे० 'गंजन'।
**गझंडी** *स्त्री०* एक जंगली झाड़।
**गझिन** *पु०* घना, मोटा।
**गट** *स्त्री०* घोंटने, निगलने की आवाज।
**गटई** *स्त्री०* गला, गर्दन।
**गटकल** *सक०* गले के नीचे उतारना। निगलना, गटकना।
**गटगट-गटर-गटर** पानी या दूध जैसे तरल पदार्थ के पीने में गले से उत्पन्न शब्द, *अनु०*।
**गट पट** *स्त्री०* अवैध सम्बन्ध, लटपट।
**गट्टा** *पु०* पहुँचा; हुक्के की नली, जिसपर चिलम रहता है।
**गट्टी** *स्त्री०* आन्तरिक विचार।
**गठकोबी** *स्त्री०* तरकारीविशेष।
**गठरी** *स्त्री०* कपड़े में बँधा सामान। **-मोटरी** *स्त्री०* यात्री का सामान। **-कटल** *मुहा०* भारी रकम हाथ से निकल जाना। **-बाँधल** *मुहा०* यात्रा की तैयारी। **-मारल** *मुहा०* हथियाना, दूसरे का धन हड़पना।
**गठल** *अक०* सटे रहना; अधिक संख्या में एकत्रित होना।
**गठिया** *स्त्री०* सन्धिवात।
**गठियाइल** *सक०* गाँठ देना।
**गठीला** *वि०* गठा हुआ।
**गड़गड़** *स्त्री०* बादल की गरज; पीते समय हुक्का से निकला शब्द।
**गड़गड़ा** *पु०* एक प्रकार का हुक्का जिसकी नली बहुत लम्बी होती है।
**गड़गड़ाहट** *स्त्री०* गड़गड़ाने की आवाज।
**गड़बड़** *वि०* अस्त-व्यस्त, अनुचित।
**गड़बड़ाइल** *अक०* अव्यवस्थित होना।
**गड़ल** *अक०* दर्द करना, चुभना, धँसना। *वि०* गड़ा हुआ (धन)।
**गड़हा** *पु०* गड्ढा। *स्त्री०* गड़ही, गुड़ही।
**गड़ा** *पु०* काठ की गाड़ी; ढेर।
**गड़ाकू** *स्त्री०* एक प्रकार की मछली।
**गड़ाप** *पु०* गड़प।
**गड़ाम** *पु०* अचानक तेजी से आ जाने की आवाज।
**गड़ार** *पु०* पेड़ों में छेद कर रहने वाला एक सफेद कीड़ा।
**गड़ारी** *स्त्री०* गोल और घूमने वाला पहिया जिसके सहारे कुँए से पानी खींचा जाता है।
**गड़ावल** *सक०* चुभाना, धसाना, गड़ाना।
**गड़ियास** *पु०* ठीहा। जिस पर रखकर कुछ काटा जाता है।
**गड़िवान** *पु०* गाड़ी हाँकने वाला।
**गड़ी** *स्त्री०* छकड़ा। *उदा०* 'कबहूँ गड़ी पर नाव कबहूँ नाव पर गड़ी' *-लोकोक्ति*।
**गड़ुरायन** *पु०* चम्पारण जिले के सोमेश्वर में पाया जाने वाला पौधा।
**गड़ूर** *पु०* एक विशालकाय पक्षी, जो विष्णु का वाहन माना जाता है। गरुड़।
**गड़ेर** *पु०* भेड़-बकरी का रखवाला।
**गड़ोरल** *सक०* एकटक देखना, टकटकी लगाकर देखना।
**गढ़** *पु०* राजाओं एवं जमींदारों का निवास स्थान; विशाल भवन, प्राचीन खण्डहर। **-पति** *पु०* गढ़ का प्रधान। **-वार** *पु०* गढ़वाल। **-जीतल** *मुहा०* कठिन, बड़ा काम करना।
**गढ़ल** *सक०* कुछ बनाना, निर्माण करना, *लोक०* 'गढ़ल बात रूखर होला।'
**गढ़ा** *पु०* गर्त, गार, धँसी जगह। **-खोदल** *मुहा०* नुकसान पहुँचाने का काम करना। **-भरल** *मुहा०* घाटा पूरा करना। **-में गिरल** *मुहा०* पतन होना।

**गढ़ाई** *स्त्री०* गढ़ने का काम।
**गढ़िया** *पु०* गढ़ने वाला।
**गढ़ी** *स्त्री०* छोटा गढ़।
**गढ़ीमाई** *स्त्री०* नेपाल की तराई की एक देवी, जहाँ हर पाँचवें वर्ष मेला लगता है।
**गढ़ू** *पु०* कठिन काम।
**गत** *वि०* बीता हुआ, मरा हुआ।
**गतर** *पु०* अंग।
**गतल** *वि०* दिवंगत; गया गुजरा।
**गतान** *पु०* वह करची या रस्सी, जिससे बोझा बाँधा जाता है, गाँत।
**गताल-खाता** *पु०* गयी-बीती या वसूल नहीं होने वाली रकम की लेखा-बही।
**गति** *स्त्री०* [सं०] जाना, गमन, रफ्तार, प्रवाह। **-भेद** *पु०* गाने की लय का टूटना। **-विधि** *स्त्री०* चेष्टा। **-सील** *वि०* गतिमान। **-हीन** *वि०* असहाय, गतिरहित।
**गते-गते** *क्रि०वि०* धीरे-धीरे, समय बीतने के साथ-साथ।
**गतौरा** *पु०* ईख बाँधने की रस्सी।
**गत्ता** *पु०* कागज के कई परतों को जोड़कर तैयार किया गया कूट।
**गद** *पु०* ढोलक या तबले का वह भाग, जहाँ से गम्भीर ध्वनि निकलती है; रोग, विष।
**गदका** *पु०* लकड़ी के खेल में व्यवहृत काठ का ढाल जिस पर चमड़ा मढ़ा रहता है।
**गदगद** *क्रि०वि०* अति आनन्दित।
**गदगरल** *अक०* किसी वस्तु की यथेष्ट प्राप्ति के बाद अनिच्छा की स्थिति में रहना।
**गदपुरना** *पु०* एक प्रकार की वनौषधि; पुनर्नवा।
**गदबेर** *स्त्री०* गोधूलि, सन्ध्या।
**गदबेरा** *पु०* सन्ध्या, जब सूर्यास्त हो रहा हो, गोधूलि।
**गदर** *पु०* [अ०] क्रान्ति, विद्रोह, हलचल; एक प्रकार का धान, जो बसन्त ऋतु में तैयार होता है।
**गदरा** *पु०* कच्चा धान, भदरा।
**गदराइल** *अक०* फल आदि का पकने पर होना; जवानी में अंगों का भरना, गदराना।
**गदरावल** *सक०* इतना कुछ खिला देना जिससे अधिक खाने की स्थिति न हो।
**गदला** *पु०* थारुओं द्वारा तैयार देशी शराब।
**गदहई** *स्त्री०* मूर्खता।
**गदह-पचीसी** *स्त्री०* सोलह से पच्चीस वर्षों तक की आयु जब युवक अनुभवहीन होता हो, अनवधानता।
**गदहपूरना** *पु०* दे० 'गदपुरना'।
**गदहलोट** *स्त्री०* वह मिट्टी जहाँ गदहे लोटते हैं।
**गदहा** *पु०* दे० 'गधा'। *लोक०* 'गदहा दूबर सावन मास।'
**गदहिआ** *पु०* एक खानाबदोश जाति; गदही, मादा गदहा।
**गदही** *स्त्री०* चने और मटर की फसल को नुकसान करने वाला कीड़ा।
**गदानल** *अक०* महत्त्व देना, आदर देना।
**गदाल** *स्त्री०* चिड़ियों का झुण्ड, शोर।
**गदेना** *पु०* एक वनौषधि।
**गदेल** *वि०* गोदी का बच्चा।
**गदेला** *वि०* कम उम्र वाला।
**गद्दा** *पु०* रूई आदि भरकर बनाया गया तोसक।
**गद्दी** *स्त्री०* राजसिंहासन, मठ-मंहत का आसन; रूई भरकर बनाया गया मुलायम बिछौना।
**गद्य** *पु०* [सं०] पद्य का विलोम, जो छन्द में न हो। **-काव्य** *पु०* गद्य में की गई काव्य के गुण की रचना। **-पद्य** *पु०* वह रचना जिसमें गद्य पद्य दोनों हो।

**गधा** *पु०* खर, गदहा, रासभ। **-पन** *पु०* मूर्खता। **-पीटला से घोड़ा ना होला** *मुहा०* समझाने से कोई भला नहीं होता। **-पर चढ़ावल** *मुहा०* बेइज्जत करना।

**गन** *पु०* अनुचर, दूत, सेवक।

**गनगन** *स्त्री०* किसी वस्तु के तेजी से चलने की आवाज, *अनु०;* शरीर में कम्पन्न या सनसनी पैदा होने की स्थिति।

**गनगर** *वि०* वैसी गाय या भैंस जो अधिक दूध देती है।

**गनती** *स्त्री०* एक से सौ तक और उससे भी अधिक अंकमाला; संख्या निश्चित करने की विधि।

**गनना** *स्त्री०* विवाह के पूर्व वर-वधू की कुंडली से मंगल, अमंगल जानना एवं उपयुक्तता की गणना।

**गनल** *सक०* गिनना, संख्या निश्चित करना, एक दो कहते हुए पढ़ना।

**गनावल** *सक०* गिनती कर निश्चित संख्या का पता देना; किसी काम को करने की इच्छा नहीं रहने पर भी केवल मौखिक ब्यौरा देना।

**गनाल** *स्त्री०* एक तरह की तोप।

**गनिका** *स्त्री०* गणिका।

**गनियारी** *स्त्री०* छोटी अरनी, एक झाड़, जिसकी लकड़ी रगड़ने से आग उत्पन्न होती है।

**गनी** *स्त्री०* [अं०] पटसन का बना मोटा टाट, जिसके बोरे बनते हैं। **-बैग** *पु०* बोरा।

**गनी-गरीब** *वि०यौ०* धनी-गरीब।

**गने-गने** *क्रि०वि०* धीरे-धीरे।

**गनेस** *पु०* शिव के पुत्र, गणेश, मंगलमूर्ति।

**गन्ना** *पु०* ईख, ऊख।

**गप** *स्त्री०* इधर-उधर की निष्प्रयोजन बातें, झूठी बात, डींग। **-उड़ावल** *मुहा०* झूठी खबर फैलाना। **-मारल या हाँकल** *मुहा०* बकवास करना।

**गपडेढ़वा** *पु०* बढ़ा-चढ़ाकर बात को करने की क्रिया।

**गपागप** *क्रि०वि०* शीघ्रतापूर्वक निगलने का काम।

**गपकावल** *सक०* चटपट निगल जाना।

**गपडोल** *पु०* डावाँडोल।

**गपस** *वि०* सघन (बुनाई)।

**गपसप** *पु०* मनोविनोद।

**गपोल** *वि०* गप हाँकने वाला।

**गप्फा** *पु०* बड़ा कौर।

**गब** *पु०* एक बार में रोपा जाने वाला धान के बीज का परिमाण।

**गबगब** *क्रि०वि०* बिना सोचे-समझे बोलना; जल्दी-जल्दी खाना।

**गबड़ा** *वि०* वह धान जिसमें अनेक प्रकार के धानों का मिश्रण हो।

**गबदी** *स्त्री०* वह भैंस, जिसका थन बड़ा हो और अधिक दूध देती हो।

**गब्बर** *वि०* घमण्डी, निडर, ढ़ीठ।

**गभड़ल** *अक०* अन्न के पौधों का बाल निकलने की पूर्व स्थिति में पहुँचना, गाभा लगना।

**गभड़ू** *वि०* चढ़ती जवानी वाला, बलिष्ठ शरीर वाला (नौजवान), गबरू।

**गभिना** *वि०* वह मादा पशु जिसके पेट में बच्चा हो।

**गभिनाइल** *अक०* मवेशियों का पाल खाना।

**गभुआइल** *अक०* क्षुब्ध होकर मौन रहना; क्रोध भरी बातें करना।

**गम** *पु०* ख्याल, ध्यान, दुःख। **-खाइल** *मुहा०* सह लेना।

**गमक** *पु०* सुगन्ध, महक।
**गमकल** *अक०* सुगन्ध देना, महकना।
**गमगम** *वि०* सुगन्धयुक्त।
**गमगमावल** *अक०* वातावरण में विशेष गंध लाना।
**गमगर** *वि०* गम्भीर, परिस्थितियों को समझनेवाला, शान्त प्रवृत्ति का।
**गमछा** *पु०* अँगोछा, कन्धे पर रखने की छोटी चादर।
**गमछी** *स्त्री०* अँगोछी।
**गमड़ि** *स्त्री०* एक प्रकार का भदैया धान।
**गमला** *पु०* (अ० गम) फूल, पेड़, पौधा लगाने का बर्तन, कमोड।
**गमागम** *पु०* [सं०] आना-जाना।
**गमार** *वि०* गँवार।
**गमि** *स्त्री०* पहुँच, *उदा०* 'अगम अगोचर गमि नहीं तहाँ जगमगै जोति।'
**गमी** *स्त्री०* मृत्यु।
**गम्हाउर** *स्त्री०* गर्मी।
**गम्हार** *पु०* एक प्रकार का वृक्ष, जिसकी लकड़ी में सुगन्ध होती है।
**गम्हीर** *वि०* गम्भीर।
**गय** *पु०* [सं०] एक राक्षस, जिसको ब्रह्मा, विष्णु आदि से मिला हुआ वरदान गया के तीर्थत्व का कारण बना।
**गय** *पु०* गज, हाथी।
**गयल** *स्त्री०* गली, रास्ता।
**गयवाल** *पु०* गया का पण्डा।
**गया** *पु०* दक्षिण बिहार में स्थित एक तीर्थ, जहाँ पिण्डदान किया जाता है, गया में होने वाला पिण्डदान।
**गयारी** *स्त्री०* ग्रामवासियों के काम आने वाली वस्तु सार्वजनिक उपयोग की चीज।
**गयेंण** *पु०* गाँव। लोगों के निवास का स्थान।
**गरंथ** *पु०* मोटी पुस्तक, हस्तलिखित पोथी, ग्रन्थ।
**गर** *पु०* [हिं० गल] गला। *लोक०* 'गर परल ढोलक बजावहीं के पड़ी।'
**गरई** *स्त्री०* एक प्रकार की छोटी मछली।
**गरक** *वि०* [अ०] डूबा हुआ, नष्ट।
**गरकाब** *वि०* [अ०] डूबा हुआ।
**गरकिया** *पु०* गलकी; मजे की वर्षा।
**गरगज** *पु०* जोर की आवाज; फाँसी की टिकठी; तख्तों से बनी हुई नाव की छत।
**गरगट** *पु०* किसी वस्तु के गले से नीचे उतरने में रुकावट की स्थिति।
**गरचुनी** *स्त्री०* गरई मछली का थोड़ा बड़ा बच्चा।
**गरज** *स्त्री०* मतलब, जरूरत. आशय, प्रयोजन, इच्छा।
**गरजल** *अक०* जोर-जोर से बोलना; बादल का गरजना।
**गरजी** *वि०* गरजमन्द।
**गरजुआ** *पु०* एक प्रकार की खुभी।
**गरजू** *वि०* गरजी।
**गरदन** *स्त्री०* गला, ग्रीवा।
**गरदनियाँ** *स्त्री०* गर्दन में हाथ लगाकर धकेलने की स्थिति।
**गरदाँव** *पु०* मवेशियों के गले की रस्सी; गिराँव।
**गरदा** *पु०* [फा० गर्द] धूल, अति छोटा कण, गुबार, खाक।
**गरदाखोर** *वि०* धूल पड़ने से तुरन्त गन्दा या खराब नहीं होने वाला।
**गरदाज** *पु०* अंगीकार, स्वीकार।
**गरदेल** *सक०* खुरपी से खेत की घास निकालकर अलग करना।
**गरब** *पु०* गर्व, घमण्ड।

**गरबई** *स्त्री०* घमण्ड, अभिमान।
**गरबाइल** *अक०* गर्व करना।
**गरबझू** *वि०* गले से स्पष्ट बोली नहीं निकलने की स्थिति।
**गरभ** *पु०* पेट के अन्दर बच्चा रहने की स्थिति, गर्भवती; घर का भीतरी भाग।
**गरभखीला** *स्त्री०* दो पटरियों को जोड़ने के काम में आनेवाली ऐसी काँटी, जिसमें दोनों ओर नोक हो।
**गरम** *वि०* [फा० गर्म] तप्त, उष्ण, गर्म।
**गरम-गरमागरम** *वि०* ताजा, गर्म-गर्म।
**गरमल** *अक०* बिना सुखाये या भींगे अन्न का गर्म होना।
**गरमसल** *अक०* वातावरण का गर्म होना।
**गरमा** *पु०* ग्रीष्म ऋतु में पैदा होने वाली फसल।
**गरमाइल** *अक०* तप्त होना, गर्म होना; क्रुद्ध होना।
**गरमावल** *अक०* वातावरण में गर्मी रहना।
**गरमिआह** *वि०* वह व्यक्ति, जो सुजाक की बीमारी से पीड़ित हो।
**गरल** *अक०* पानी आदि तरल पदार्थ का चूकर एकत्रित होना।
**गरसल** *सक०* [सं० ग्रसनम्] लीलना, निगलना।
**गरह** *पु०* सौर-मण्डल के नव प्रमुख तारे, जिनकी गति का प्रभाव मनुष्य के ऊपर पड़ता हो; कष्ट, तकलीफ; ग्रह का प्रकोप।
**गरहन** *पु०* पुराणों के अनुसार राहु द्वारा चन्द्रमा और सूर्य के ग्रसने की स्थिति—ग्रहण; पकड़ने या लेने की क्रिया; स्वीकार, मंजूरी।
**गरहन पेरू** *वि०* ग्रहण के कारण जो विकलांग हो गया हो, ऐसा बच्चा।
**गरारी** *स्त्री०* कुल्ला; कुल्ली करने की दवा।
**गरिआवल** *सक०* गाली देना, अपशब्द कहना।
**गरियार** *पु०* काम में बैठ जाने वाला बैल।
**गरी, गड़ी** *स्त्री०* नारियल के फल के भीतर का मुलायम गूदा।
**गरीब** *वि०* [अ०] निर्धन, दीन-हीन। **-खाना** *पु०* कुटिया (नम्रतावश अपने घर को कहते हैं)। **-गुरबा** *पु०* दीन-दरिद्र। **-निवाज** *वि०* दीन या दयालु। **-परवर** *वि०* गरीबों का पालन करने वाला।
**गरीबी** *स्त्री०* [अ०] निर्धनता, दीनता।
**गरू** *वि०* भारी; वजनदार; गम्भीर।
**गरुअ** *वि०* वजनदार।
**गरुअट** *पु०* रोली।
**गरुआरी** *स्त्री०* पशुओं की सेवा-टहल।
**गरूर** *पु०* [अ०] गर्व, घमण्ड।
**गरूहन** *पु०* वह धान, जो अधिक पानी में होता है।
**गरेरी** *स्त्री०* चरखी, घिरनी।
**गरेसल** *सक०* तंग करना; किसी के साथ दुराग्रह पूर्ण बातें करना।
**गरोह** *स्त्री०* झुण्ड, जत्था, जमात, गिरोह।
**गर्द** *वि०* [सं०] चिल्लाने वाला। *स्त्री०* [फा०] धूल, राख। **-खोर** *वि०* धूल को सोखने वाला।
**गर्दी** *स्त्री०* छोटे-छोटे धूलकण; घुन के काने से निकली अन्न की धूली।
**गर्बीला** *वि०* घमण्डी।
**गर्हन** *स्त्री०* बनावट, गठन, आकृति।
**गर्हल** *सक०* काठ, मिट्टी, धातु या पत्थर को काट-छाँट कर कोई वस्तु बनाना।
**गर्हुआइल** *अक०* भारी होना, गम्भीर होना, घना होना।

**गई़** *वि०* कठिन; गरिष्ठ।

**गलंस** *पु०* वह सम्पत्ति जिसका कोई मालिक न हो।

**गलइचा** *पु०* मोटे तागे से निर्मित बेलबूटेदार कालीन।

**गलकंबल** *पु०* गाय-बैल के गले के नीचे लटकने वाला भाग, झालर।

**गलगंड** *पु०* घेघा।

**गलगल** *वि०* अत्यन्त मुलायम; आर्द्र, तर, गीला। *स्त्री०* एक प्रकार का बड़ा नींबू; एक प्रकार का रोग।

**गलगलाइल** *अक०* मुँह में पानी भर जाने पर या दबे गले से अस्पष्ट शब्द करना।

**गलघोंघी** *स्त्री०* गले के भीतर की जगह (मवेशियों की)।

**गलचउड़ी** *स्त्री०* हँसी, मजाक; गलचौरी।

**गलजोरा** *पु०* मवेशियों के गले की रस्सी।

**गलतंस** *वि०* गया-गुजरा, निकृष्ट।

**गलत** *वि०* [अ०] अशुद्ध, झूठ; मिथ्या, भ्रममूलक।

**गलतकिया** *स्त्री०* छोटा और मुलायम तकिया, जो गाल के नीचे रखा जाता है।

**गलथेंथरई** *स्त्री०* दुराग्रहपूर्वक गलत बातें बोलना।

**गलफर** *पु०* गाल के निकट या मुख तक का भाग; जल जन्तुओं का वह अवयव, जिससे वे पानी में साँस लेते हैं, गलफड़ा।

**गलफुल्ला** *वि०* वह व्यक्ति, जिसके गाल पर मांस हो।

**गलबँहिआ** *स्त्री०* किसी के गले में बाँह डालकर चलने की क्रिया, आलिंगन।

**गलबल** *पु०* कच्चे मक्के या बिना सुखाए मक्के का भूँजा; डभका; मनुष्यों के बोलने की अस्पष्ट ध्वनि।

**गलमोंछा** *पु०* गाल तक रखी गई मूँछ।

**गलसोद** *पु०* कान के निकट सूजन की बीमारी।

**गलर-गलर** *वि०* मुलायम।

**गलरल** *अक०* पानी में गलकर मुलायम होना (पौधा)।

**गलल** *अक०* गलना, पिघलना; दुर्बल होना, नष्ट होना।

**गलवठल** *सक०* खाद्य-पदार्थ को इतनी अधिक मात्रा में ले लेना कि गाल भर जाए।

**गलहर** *पु०* हरिस और हल के बीच का हिस्सा।

**गला** *स्त्री०* गर्दन, कण्ठ, हलक, स्वर। **-बाज** *पु०* अच्छा गायक। **-बाजी** *स्त्री०* ताल-सुर से गाना। **-कटावल** *मुहा०* जान देना, हानि उठाना। **-काटल** *मुहा०* धोखा देना, वध करना। **-खुलल** *मुहा०* आवाज का साफ होना। **-घोंटल** *मुहा०* जान लेना। **-बैठल** *मुहा०* स्वर विकृत होना। **-रेतल** *मुहा०* हलाल करना, पीड़ा देना।

**गलाऊ** *वि०* गलने वाला।

**गलावल** *सक०* ठोस पदार्थ को पानी में डालकर या आग पर चढ़ाकर तरल बनाना।

**गलिआइल** *अक०* डूबते समय गाल तक पानी का पहुँच जाना।

**गलिआरी** *स्त्री०* स्त्रियों के निजी कार्य के लिए घर का सुरक्षित भाग, गली की तरह का छोटा रास्ता।

**गलिआवल** *सक०* किसी मवेशी का गाल दबाकर काढ़ी या ढरकी से खली या कोई दवा पिलाना।

**गली** *स्त्री०* घरों की कतार के बीच का रास्ता, स्त्रियों के निजी काम के लिए बना घेराव। **-कूचा** *पु०* गली।

**गलीचा** *पु०* सूत या ऊन के धागे से बनी कालीन।
**गलीज** *पु०* [अ०] गन्दी जगह; मैला, कूड़ा करकट, पाखाना, मल। *वि०* अशुद्ध, नापाक, गन्दा, मैल।
**गलीत** *वि०* जीर्ण, गलित।
**गल्ला** *पु०* अन्न, अनाज; वह थैली, जिसमें पैसा रहता है।
**गवँई** *वि०* गाँव का।
**गवइया** *वि०* गाने वाला, गायक।
**गवई** *स्त्री०* छोटी चिड़िया। *उदा०* 'देखे में गवई, लीलेके गूलर' -लोकोक्ति।
**गवठल** *अक०* अधिक भोजन से गले तक भर जाना; अघाए रहना।
**गवत** *पु०* मवेशियों का चारा।
**गवतचोर** *वि०* वह मवेशी, जो चारा कम खाता है।
**गवदारी** *स्त्री०* भोजन-खर्च।
**गवनई** *स्त्री०* गायन।
**गवनहरी** *स्त्री०* वह वधू, जो प्रथम बार पति-गृह जाती है; गीत गाने वाली स्त्री।
**गवना** *स्त्री०* विवाह के बाद वधू का प्रथम बार अपने पति के घर जाने की रस्म।
**गवनिहार** *पु०* गायक।
**गवर** *पु०* सलाह, विचार; गौर।
**गवरइया** *स्त्री०* एक प्रकार की चिड़िया, जो घरों में घोसला बनाकर रहती है।
**गवा** *पु०* अण्डी का फल।
**गवाह** *पु०* [फा०] साक्षी, सच्चाई को बताने वाला व्यक्ति।
**गवाही** *स्त्री०* [फा०] साक्ष्य, गवाह का बयान।
**गवें-गवें** *क्रि०वि०* धीरे-धीरे।
**गस** *पु०* [फा०] मूर्च्छा, बेहोशी।
**गसबन** *वि०* अनधिकृत।
**गसल** *सक०* कसकर बाँधना, जकड़ना। *वि०* सटा हुआ, सघन।
**गसिआवल** *सक०* कसना; किसी प्रकार की रियायत नहीं करना।
**गस्त** *पु०* घूमना, चक्कर, भ्रमण; दौरा।
**गस्सा** *पु०* दो अँगुलियों के बीच का भाग।
**गह** *स्त्री०* दो काठ को जोड़ने पर बीच का खाली स्थान, टेक।
**गहगड्ड** *वि०* गहरा रंग; कड़ा नशा।
**गहगह** *वि०* आनन्द-उल्लास से भरा हुआ। [अ०] धूमधाम से, उत्साह से।
**गहे-गहे** [अ०] धूमधाम से।
**गहदल** *अक०* अपने को किसी बात में पूर्ण जानकर गर्व अनुभव करना।
**गहना** *पु०* जेवर, आभूषण।
**गहबर** *वि०* दुर्गम, गह्वर।
**गहमह** *स्त्री०* चहल-पहल।
**गहरा** *वि०* उथला का उलटा, निम्नगामी।
**गहराई** *स्त्री०* गहरेपन की माप।
**गहरेबाजी** *स्त्री०* खूब तेज दौड़ाने की क्रिया।
**गहाई** *स्त्री०* गहन, पकड़।
**गहागह** *वि०* गम्भीर, घना। प्रफुल्ल, प्रसन्नता से भरा हुआ।
**गहिर** *वि०* गहरा; किसी बात के तह तक जाने वाला।
**गहिरावल** *सक०* अधिक गहरा बनाना।
**गहुँअन** *पु०* गेहूँ के रंग का एक विषैला सर्प।
**गहुँआ** *वि०* गेहूँ के रंग का, गेहुँआ।
**गहुआ** *पु०* हाथ-पैर से सँड़सी की तरह पकड़ने की क्रिया।
**गहुँआना** *वि०* गेहुँआ रंग का (साँप)।
**गहूँ** *पु०* गेहूँ।
**गाँइस** *स्त्री०* खोज।

**गांगी** *स्त्री०* गंगा से निकली धारा। -**जमुनी** *वि०* एक बड़ा और दूसरा छोटा हँसुली नामक आभूषण।

**गांङ** *पु०* झगड़ा।

**गाँज** *पु०* बाँस की कमचियों का बना मछली पकड़ने का हथियार; राशि; ढेर।

**गाँजल** *सक०* ठूँस-ठूँस कर खाना; ढेर लगाते जाना, छोटी जगह में अधिक वस्तुओं का रखना।

**गाँजा** *स्त्री०* मैदे की बनी एक मिठाई।

**गाँजा** *पु०* भाँग की जाति का नशीला पदार्थ।

**गाँठ** *स्त्री०* [सं० ग्रन्थि] गुत्थी, गिरह, टेंट, गट्टा। -**कतरा** *पु०* जेब काटने वाला, पॉकेटमार, ठग। -**गोभी** *स्त्री०* जड़ से ऊपर तक गाँठ वाली गोभी। -**कटल** *मुहा०* जेब कटना, ठगा जाना। -**खुलल** *मुहा०* उलझन दूर होना। -**जोड़ल** *मुहा०* गठबंधन करना। -**पड़ल** *मुहा०* मन में बैर-बुराई पैदा होना। -**बाँधल** *मुहा०* अच्छी तरह बात याद करना।

**गाँठल** *सक०* गिरह लगाना, जोड़ना।

**गाँठी** *स्त्री०* डण्ठल का गाँठदार टुकड़ा।

**गाँड़** [सं०] गुदा।

**गाँड़ा** *पु०* ईख बोने हेतु काटा हुआ टुकड़ा।

**गाँड़ी** *स्त्री०* गाँड़ *लोक०* 'गाँड़ी परना लत्ता, चले कलकत्ता।'

**गाँडू** *वि०* अप्राकृतिक यौनाचार (गुदा-मैथुन) कराने वाला।

**गाँतल** *सक०* किसी वस्त्र को शरीर में लपेटे रहना।

**गाँती** *स्त्री०* कपड़े का टुकड़ा, जिसका उपयोग जाड़े से बचने के लिए गले में बाँधकर किया जाता है।

**गाँथल** *सक०* [सं० ग्रन्थने] गूँथना, मोटी सिलाई करना।

**गाँधी** *पु०* गुजराती वैश्यों की उपाधि; महात्मा गाँधी।

**गाँव** *पु०* ग्राम, ग्रामीणों के बसने की जगह।

**गाँव-गिराव** *पु०* ग्राम, गाँव-जवार।

**गाँसल** *अक०* चुभनी और तीखी बातें बोलना; गूँथना, सालना, छेदना, चुभोना।

**गाँसा** *पु०* दो अँगुलियों के बीच की जगह।

**गाँसी** *स्त्री०* ताना, व्यंग्य; कपट, छलछन्द।

**गाइ** *स्त्री०* गाय। *लोक०* 'गाइ गुन बछरू।'

**गाइड** *पु०* [अं०] पथ-प्रदर्शक।

**गाऊँज-माऊँज** *वि०* *यौ०* गड़बड़, अनियमित।

**गाउज** *पु०* मुँह से नकला कफ सा सफेद पदार्थ, फेन, गाज।

**गागर** *पु०* घड़ा। *स्त्री०* गगरी।

**गागर-गागल** *पु०* एक बड़ी जाति का नींबू।

**गाछ** *पु०* बड़ा पेड़। *उदा०* 'गाछे कटहल ओठे तैल।'

**गाछी** *स्त्री०* वाटिका, बगीचा; छोटा पौधा।

**गाज** *पु०* फेन, झाग।

**गाजर** *स्त्री०* एक प्रकार का कन्द। *लोक०* 'गाजर चलेलन न्योतन सकरकंद के।'

**गाजल** *अक०* अति हर्षित होना, उत्साहित होना।

**गाजा-बाजा** *पु०* हर्ष के अवसर पर उत्सव मनाने के लिए वाद्य यंत्र।

**गाटा** *पु०* कलाई।

**गाठल** *सक०* घुसाना; रोब जमाना।

**गाड़ल** *सक०* गड्ढे के अन्दर किसी वस्तु को गाड़ देना, जमीन में दफनाना, धरती में धँसाना; छिपाना, गुप्त रखना।

**गाडर** *पु०* लोहे का मोटा और मजबूत खम्भा जो मकान या पुल में लगता है, गार्डर।

**गाड़ी** *स्त्री०* पहिये के सहारे चलने वाली सवारी। **-खाना** *पु०* गाड़ी रखने का स्थान। **-वान** *पु०* गाड़ी हाँकने वाला।
**गाढ़** *पु०* संकट, कठिनाई; करघा।
**गाढ़ा** *वि०* जो अधिक पतला न हो, गहरा। **-दिन** *मुहा०* मुसीबत के दिन।
**गाढ़े** [अ०] कसकर, जोर से, अच्छी तरह।
**गात** *पु०* [सं० गात्रम्] शरीर की बनावट; बोझा बाँधने वाली घास की रस्सी।
**गाता** *पु०* जिल्द, मोटा कागज, कूट, गत्ता।
**गाद** *स्त्री०* तेल के नीचे बैठी हुई मैल, तलछट।
**गादा** *पु०* गदा, देशी मुगदर, जिसका उपयोग पुरातन युग में युद्ध करने के लिए होता था; देहाती पान का हरा पत्ता; अधपका अन्न।
**गादी** *स्त्री०* बैठने का स्थान, गद्दी।
**गादुर** *पु०* चमगादड़।
**गाध** *वि०* [सं०] उथला, थाह।
**गाधि** *पु०* [सं०] विश्वामित्र के पिता।
**गाधेय** *पु०* [सं०] विश्वामित्र।
**गाधेया** *स्त्री०* [सं०] सत्यवती।
**गान** *पु०* [सं०] गीत, गाना।
**गाना** *पु०* गीत, संगीत।
**गाफल** *सक०* विवश करना, घेर लेना, धक्का देना।
**गाफिल** *वि०* बेसुध, असावधान, भूलने वाला।
**गाब-टोंई** *स्त्री०* एक प्रकार का गोटी का खेल।
**गाभ** *पु०* गाभा।
**गाभा** *पु०* फूटने के पूर्व पत्ते से लिपटा धान या गेहूँ का बाल।
**गाभाइल** *अक०* धान या गेहूँ में बाल फूटने के पूर्व पौधे के ऊपरी भाग का मोटा होना; पौधे का गर्भधारण करना।
**गाभिन** *वि० स्त्री०* गर्भवती मवेशी।
**गाभी** *स्त्री०* व्यंग्य, कटाक्ष।
**गाम** *पु०* ग्राम।
**गामी** *वि०* चलने वाला, गमन करने वाला।
**गामुक** *वि०* [सं०] जाने वाला।
**गाय** *स्त्री०* [सं० गौ] दूध देने वाला पशु, बैल की मादा; बहुत सीधा मनुष्य। *लोक०* 'गाय बाभन के घूमले से पेट भरेला।'
**गाय** *पु०* [सं०] गाना।
**गायक** *पु०* [सं०] गवैया।
**गायकी** *स्त्री०* गाने की कला।
**गायतल** *पु०* गैतल (बेकार)
**गायत्री** *स्त्री०* [सं०] वैदिक मंत्र *उदा०* 'गायन्तं त्रायते यस्मात् गायत्री तेन कथ्यते', गायत्री मंत्र 'ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।'
**गायब** *वि०* [अ०] लुप्त, छिपा हुआ।
**गायवाना** *क्रि०वि०* पीठ पीछे, अनुपस्थिति में।
**गायेब** *वि०* [अ०] लुप्त, लापता।
**गारत** *वि०* बर्बाद, नष्ट।
**गारद** *पु०* [अं० गार्ड] सिपाहियों का जत्था।
**गारल** *सक०* निचोड़ना। *उदा०* 'आछो गात अकारथ गारल' लोक०।
**गारा** *पु०* कण्ठावरोध; मिट्टी, सीमेण्ट-बालू या चूना-सुर्खी का लेप, जिससे ईंटों की जुड़ाई होती है।
**गारी** *स्त्री०* दुर्वचन, अपशब्द; मजाक, विवाह में समधी को जेंवाते समय गाया जाने वाला गीत। **-गावल** *अक०* गाली गाना (वैवाहिक रस्म)।

**गाल** *पु०* कपोल, रुखसार। **-गूल** *पु०* व्यर्थ बात। **-फुलावल** *मुहा०* रूठना। **-बजावल** *मुहा०* बढ़-चढ़कर बातें करना।

**गालि** *स्त्री०* गाली।

**गाली** *स्त्री०* अपशब्द, अश्लील।

**गालू** *वि०* सच्ची बात को छिपाकर उसकी जगह मिथ्या बोलने वाला; गाल बजाने वाला, बकवादी, गप्पी, धोखा देने वाला।

**गाव** *पु०* [फा०] गाय-बैल। **-कुसी** *स्त्री०* गोवध। **-घप** *वि०* दूसरे के माल को हजम करने वाला। **-जोरी** *स्त्री०* बल, हाथापाई। **-तकिया** *पु०* बड़ा तकिया, मसनद। **-दी** *वि०* मूर्ख। **-जोरी दिखावल** *मुहा०* बल दिखलाना।

**गावन** *स्त्री०* गाने का ढंग।

**गावा** *पु०* धान के बीजों का समूह, जो एक बार में बोया जाय।

**गावा-परवाह** *पु०* धान की रोपनी की समाप्ति का दिन, यौ०।

**गावल** *सक०* गीत गाना; किसी बात को बार-बार और बहुत देर तक कहते रहना।

**गाविस** *स्त्री०* एक प्रकार की मिट्टी, जिसका उपयोग बर्तन रँगने में होता है।

**गास** *वि०* घना, तंग (चूड़ी चोली आदि)।

**गासल** *सक०* अच्छी तरह से रिक्त स्थान में पौधे को घना होने के लिए लगाना।

**गासा** *पु०* दो अँगुलियों के बीच की जगह।

**गाह** *वि०* जो आसानी से कोई वस्तु न दे; भारी धूर्त।

**गाहक** *पु०* ग्राहक, खरीददार।

**गाहकी** *स्त्री०* बिक्री।

**गाहा** *स्त्री०* गाथा।

**गाही** *स्त्री०* पाँच-पाँच का गिनने का एक मान।

**गाहे-बेगाहे** *क्रि०वि०* कभी-कभी।

**गिआन** *पु०* ज्ञान।

**गिउ** *स्त्री०* गला।

**गिचपिच** *वि०* पास-पास लिखा हुआ, अस्पष्ट।

**गिचर-पिचर** *वि०* घिचपिच।

**गिजगिजा** *वि०* पिलपिला, गीला।

**गिजा** *स्त्री०* [अ०] आहार।

**गिट-पिट** *स्त्री०* (अनु०) अंग्रेजी की अस्पष्टता, दुर्बोधता को व्यक्त करने के लिए प्रयुक्त शब्द।

**गिट्टी** *स्त्री०* कंकड़, ईंट आदि का छोटा टुकड़ा; तागे का छोटा गोला; ठीकरी; चिलम की गिट्टक।

**गिड़गिड़ाइल** *अक०* दीनतापूर्वक प्रार्थना करना।

**गिड़गिड़ाहट** *स्त्री०* गिड़गिड़ाने का भाव।

**गिटार** *पु०* एक बाजा।

**गिदगिदावल** *सक०* तंग करना, परेशान करना, बुरी तरह परेशान करना।

**गिदरा बोल** *वि०* एक व्यक्ति द्वारा किसी बात को करने के पश्चात् सबों का वही बोल उठने की स्थिति, यौ०।

**गिदरोई** *वि०* बतिया।

**गिधवा-धाँव** *स्त्री०* कष्टसाध्यकार्य, यौ०।

**गिनगिनाइल** *अक०* रोमांच होना; देह काँपना।

**गिनती** *स्त्री०* गिनने की क्रिया।

**गिनल** *सक०* गणना करना, हिसाब लगाना।

**गिन्नी** *स्त्री०* सोने का सिक्का।

**गिरगिट** *स्त्री०* छिपकली की जाति का एक जन्तु जो अपना रंग बदलता रहता है।

**गिरजा** *स्त्री०* शिव की पत्नी, पार्वती। *पु०* ईसाइयों का प्रार्थना-मन्दिर; गिरजाघर।

**गिरधर** *पु०* अपनी अँगुली पर पर्वत उठाने वाले, श्रीकृष्ण।

**गिरफ्तार** *वि०* [फा०] पुलिस द्वारा पकड़ा गया अपराधी। *स्त्री०* गिरफ्तारी।

**गिरमितिया** *पु०* शर्तनामा या वह इकरारनामा, जिसके आधार पर भोजपुरी क्षेत्र के निवासी बाहरी क्षेत्रों में काम पर जाते थे, गिरमिटिया।

**गिरल** *अक०* किसी ऊँची जगह से फिसलकर नीचे आना, ऊपर से धरती पर आ जाना।

**गिरवावल** *सक०* गिराने का काम दूसरे से कराना, *प्रे०*।

**गिरवी** *स्त्री०* [फा०] बन्धक, रेहन। **-गाँठा** *पु०* बन्धक। **-दार** *पु०* बन्धक रखने वाला। **-नामा** *पु०* रेहननामा।

**गिरस्ती** *स्त्री०* गृहस्थी।

**गिरह** *स्त्री०* [फा०] गाँठ, बन्धन, गुत्थी, उलझन, जेब, टेंट। **-कट** *पु०* पॉकेटमार। **-गीर** *वि०* गाँठवाला, पेंचदार। **-बाज** *पु०* वह कबूतर जो उड़ते हुए कलाबाजी करता है। **-काटल** *मुहा०* गाँठ काटना।

**गिरहथ** *पु०* खेतिहर, किसान; बाल-बच्चों वाला व्यक्ति। *स्त्री०* गिरहस्ती, घर पर रहने और खेती करने का भाव।

**गिरही** *स्त्री०* गृह, आवास।

**गिरा** *स्त्री०* [सं०] वाणी, सरस्वती, बोली, जबान।

**गिरावल** *सक०* नीचे फेंकना, गिराना।

**गिरानी** *स्त्री०* महँगी; अन्नाभाव, कमी।

**गिरि** *पु०* [सं०] पर्वत, संन्यासियों की उपाधि। **-कानन** *पु०* पहाड़ के ऊपर का बाग। **-जा** *स्त्री०* पार्वती; गंगा। **पति** *पु०* शिव। **-धर** *पु०* कृष्ण। **-राज** *पु०* हिमालय।

**गिरेह** *स्त्री०* गाँठ, गिरह; गज का सोलहवाँ भाग।

**गिरेहकट** *वि०* पाकिटमार, जेबकतरा; चाई।

**गिरेह-गाँठ** *स्त्री०* सहजरूप में नहीं खुलने वाला बन्धन।

**गिरेहबाज** *पु०* [फा०] कबूतर की एक जाति, जो उड़ते समय उलटती हुई कलाबाजी दिखलाती है, कलाबाजी दिखाने वाला व्यक्ति।

**गिलट** *पु०* एक हल्की एवं सस्ती चाँदी-सी धातु।

**गिलटी** *स्त्री०* किसी रोग की पूर्व सूचना के रूप में शरीर पर उभर आई छोटी-छोटी मांस-ग्रन्थियाँ।

**गिलबिल** *क्रि०वि०* अस्पष्ट बात।

**गिलम** *स्त्री०* ऊनी कालीन, गद्दा। *उदा०* 'गुलगुली गिलमै गलीचा है गुनीजन हैं'
......पद्माकर

**गिलहरी** *स्त्री०* चिखुरी, गिलाई।

**गिला** *पु०* [सं०] उलाहना, शिकायत।

**गिलाफ** *पु०* [फा०] तकिए की खोली, लिहाफ।

**गिलाय** *स्त्री०* गिलहरी।

**गिलावा** *पु०* मिट्टी का गारा।

**गिलास** *पु०* [अं० ग्लास] पानी पीने का गोल एवं लम्बा पात्र।

**गिल्ली** *स्त्री०* ठूँठ बाँस, गुल्ली।

**गिलेफ** *पु०* दे० 'गिलाफ'

**गिलोय** *स्त्री०* [फा०] गुडुच।

**गिलौरी** *स्त्री०* पान का तिकोना बीड़ा। **-दान** *पु०* पनडब्बा।

**गिल्टी** *स्त्री०* गिलटी।

**गिल्ली** *स्त्री०* गुल्ली।

**गिहथिन** *स्त्री०* गृहकार्य में चतुर स्त्री।

**गींजल** *सक०* खाद्य पदार्थ को भद्दे तरीके से मिलाना; छेड़-छाड़ करना।

**गीजन** दे० 'गंजन'।

**गीत** *पु०* ताल, लय आदि से नियमित गान, काव्य के नियमों को ध्यान में रखकर रचे गए गीत। **-गोविंद** *पु०* जयदेव-रचित संस्कृत का गीतिकाव्य। **-रूपक** *पु०* वह नाटक, जिसमें पद्य की प्रधानता।

**गीतक** *पु०* गान, स्तोत्र।

**गीता** *स्त्री०* [सं०] श्रीमद्भगवद्गीता, जो महाभारत का एक अंश है; गाथा, कथा।

**गीति** *स्त्री०* [सं०] गीत।

**गीती** *वि०* गाकर पढ़ने वाला, पाठ करने वाला।

**गीदड़** *पु०* सियार, शृगाल। **-भभकी** *स्त्री०* डराने हेतु झूठी धमकी देना।

**गीदर** *पु०* एक जंगली जन्तु, सियार; गीदड़। *वि०* डरपोक, कायर। *लोक०* 'गीदर रखे माँस की थाती।'

**गीध** *पु०* एक मांसाहारी पक्षी, गिद्ध।

**गीर** *पु०* संन्यासियों का एक भेद; अतिथों की उपाधि।

**गील** *वि०* भींगा हुआ; अति हर्षित।

**गीला** *वि०* नम, आर्द्र।

**गुंग** *वि०* गूँगा।

**गुंगा** *वि०* गुंग।

**गुंगी** *वि०* गुंगी।

**गुँगुआइल** *अक०* गूँगे की तरह बोलना।

**गुंचा** *पु०* [फा०] कली, झुरमुट।

**गुँज** *स्त्री०* एक गहना; गुच्छा।

**गुंजन** *पु०* [सं० गुञ्जनम्] भनभनाना, गुंजार।

**गुंजा** *पु०* किसी छिद्र में ठोका गया लकड़ी या बाँस का टुकड़ा।

**गुंजाइस** *स्त्री०* [फा०] किसी कार्य के लिए सहूलियत; समाई, अँटने की जगह।

**गुंड** *पु०* एक राग।

**गुंडई** *स्त्री०* दुष्टता।

**गुंडली** *स्त्री०* कुण्डली।

**गुंडा** *वि०* बदचलन, बदमाश।

**गुंबज** *पु०* [फा०] छत पर बनाए गए गोल खम्भे, गुम्बद।

**गुगुल** *पु०* एक पेड़ का गोंद, जो सुगन्ध या औषधि के काम में आता है। होम की एक सामग्री, गुग्गुल।

**गुड़ुआइल** *अक०* बन्द घर में धुँए का जमा होना।

**गुच्ची** *स्त्री०* गुल्ली डण्डा के खेल में बना गड्ढ़ा, जिसमें गुल्ली रखकर उसे डण्डे से उड़ाया जाता है।

**गुच्छ** *पु०* [सं०] गुच्छा, गुलदस्ता; झाड़। **-पच** *पु०* ताड़ का पेड़। **-फल** *पु०* अंगूर।

**गुच्छक** *पु०* [सं०] गुच्छ।

**गुच्छल** *पु०* [सं०] एक तरह की घास।

**गुच्छा** *पु०* पत्तों या फलों का समूह; फूँदना, झब्बा।

**गुच्छी** *स्त्री०* एक आभूषण।

**गुज-गुज** *क्रि०वि०* धीरे-धीरे देर तक कार्य करने की स्थिति।

**गुजगुज्जा** *पु०* धान के खेत में पाई जाने वाली एक प्रकार की घास, जिसका फूल सफेद होता है।

**गुजर** *पु०* [अ०] निर्वाह, गुजारा। **-कट्टू** *वि०* किसी प्रकार काम चलाने योग्य। **-गुजारा** *पु०* काल-यापन। **-बसर** *पु०* निर्वाह। **-कइल** *मुहा०* दिन काटना। **-भइल** *मुहा०* निर्वाह होना।

**गुजरल** *अक०* उम्र बीतना, मौत होना।

**गुजरात** *पु०* भारत का एक प्रदेश, जहाँ महात्मा गाँधी एवं नरेन्द्र भाई मोदी जैसे अनेक महापुरुष हुए हैं।

**गुजराती** *वि०* गुजरात का; गुजरात की भाषा।

**गुजरिया** *स्त्री०* सुन्दरी। उदा० 'नइहर जाली रे गुजरिया'।

**गुजरी** *स्त्री०* ब्रजबनिता; कलाई का आभूषण, पहुँची।

**गुजार** *वि०* [फा०] अता करने वाला, जैसे शुक्रगुजार।

**गुजारल** *सक०* बिताना, काटना।

**गुजारा** *पु०* [फा०] रास्ता, घाट; निर्वाह।

**गुजारिस** *स्त्री०* [फा०] निवेदन, प्रार्थना।

**गुजी** *स्त्री०* नकटी।

**गुजुर-गुजुर** *क्रि०वि०* संख्या में अधिक; बार-बार।

**गुझिया** *स्त्री०* एक प्रकार का मिष्ठान्न; खोये या सेवई का एक पकवान।

**गुटका** *पु०* [सं०] छोटे आकार की पुस्तक, छोटी पर असरदार पुस्तक; पान में खाने का मसाला।

**गुट्ट** *पु०* [सं० गोष्ठ:] जमात, समूह; दल, यूथ।

**गुड़** *पु०* ईंख के रस को गाढ़ा करके बनाई हुई भेली। **-धनिया** *स्त्री०* लड्डू। **-खाइल आ गुलगुला से परहेज** *मुहा०* बड़ी बुराई करना, छोटी से बचना। **-गोबर कइल** *मुहा०* नष्ट करना।

**गुड़-गुड़** *पु०* हुक्का पीने से होने वाला शब्द।

**गुड़कल** *अक०* बैठ कर पैरों के बल चलना; गोल वस्तु में गति आना।

**गुड़गड़ी** *स्त्री०* एक प्रकार का नली वाला हुक्का, सटक; फरशी, गुड़गुड़ी।

**गुड़गुड़ाइल** *अक०* गुड़-गुड़ शब्द करना।

**गुड़हा** *पु०* गड्ढा। *स्त्री०* गडही।

**गुड़हा-गुड़ही** *पु० यौ०* वैसी जमीन, जो समतल नहीं हो।

**गुड़ही** दे० 'गड़हा'।

**गुड़िया** *स्त्री०* कपड़े की बनी पुतली। **-के खेल** *मुहा०* आसान काम। **-गुड़ी** *स्त्री०* गुड्डी, सिकुड़न। **-गुड़ीला** *वि०* गुड़ जैसा मीठा।

**गुड्डी** *स्त्री०* कागज की बनी पतंग, कनकौवा, चंग।

**गुड़ेरल** *सक०* आँख फाड़ कर देखना, क्रुद्ध होकर देखना, गुरेरना, घूरना।

**गुढ़ी** *स्त्री०* पौधे के कलम में बाँधी गई मिट्टी रोकने की रस्सी, मोजर।

**गुद** *पु० स्त्री०* गुदा, मलद्वार।

**गुदगर** *वि०* मांसल, जिसमें अधिक मांस हो; जिसमें गूदा अधिक हो ऐसा फल।

**गुद-गुदाइल** *अक०* काँख आदि स्थानों में स्पर्श करने से मीठी सनसनी का पैदा होना।

**गुदना** *पु०* दे० 'गोदना'।

**गुदरा** *पु०* फटे-पुराने कपड़ों को सीकर बनाया गया बिछावन, गुदड़ा।

**गुदरी** *स्त्री०* फटे-पुराने कपड़ों का बनाया गया बिछौना।

**गुदरी बाजार** *स्त्री०* वह बाजार, जहाँ टूटी-फूटी या पुरानी वस्तुएँ बिकती हैं।

**गुदस** *पु०* व्यतीत होने की स्थिति।

**गुदानल** *सक०* आदर देना, महत्त्व देना।

**गुदार** *पु०* फसल काटने की मजदूरी।

**गुदारा** *पु०* दिनौरा।

**गुदिला** *पु०* मटर की हरी छिम्मी का दाना।

**गुदुली** दे० 'गुदिला'।

**गुन** *पु०* गुण। **-कारी** *वि०* गुणकारी। **-गाहक** *वि०* गुणग्राहक। **-वंत** *वि०* गुणवान।

**गुनखराह** *वि०* वैसा जनेऊ, जिसका तागा टूटा हो।

**गुनगुनाइल** *अक०* धीरे-धीरे बोलना या गाना; गुन-गुन की आवाज होना।

**गुनल** *अक०* गुनना, महत्त्व देना; रस्सी का बँटना।

**गुनवाह** *पु०* नाव की रस्सी खींचने वाला।

**गुना** *पु०* किसी संख्या का अन्य संख्या से गुणित होने की प्रक्रिया, रस्सी के बँटने में पड़ने वाली ऐंठन।

**गुनावन** *पु०* चिन्ता; चिन्तन।

**गुनाह** *पु०* [फा०] पाप, अपराध, कसूर।

**गुनिया** *स्त्री०* अमीनों एवं राजगिरों का एक यंत्र।

**गुनी** *वि०* जिसमें गुण हो; मंत्र-तन्त्र जानने वाला।

**गुनीला** *वि०* गुणों वाला।

**गुनीली** *स्त्री०* दूध-घी दोनों में समृद्ध (गाय)।

**गुने** *पु०* गुण पर, कार्यक्षमता पर।

**गुंपपाक** *पु०* गोंदपाग, एक मिठाई।

**गुपती** *स्त्री०* [सं० गुप्त] वह छड़ी, जिसके भीतर गुप्त रूप से पतली तलवार रहती है।

**गुपुत** *वि०* छिपा हुआ, गुप्त; मौन, गूढ़।

**गुप्तदान** *पु० यौ०* वह दान, जिसे केवल देने वाला ही जानता है।

**गुफुरल** *अक०* रुष्ट होकर नहीं बोलना, मौन रहना।

**गुब-गुब** *क्रि०वि०* बिना सोचे-समझे, जल्दी-जल्दी।

**गुबुर-गुबुर** *क्रि०वि०* अति शीघ्रतापूर्वक कुछ बोलने या खाने की क्रिया।

**गुमनाम** *वि०* [फा०] बिना नाम-पता का, अज्ञात।

**गुमसल** *अक०* नमी के कारण किसी अनाज के सड़ने के पूर्व की स्थिति।

**गुमसुम** *वि०* चुप-चाप, गतिहीन, उदास।

**गुमाटी** *स्त्री०* काठ का बना अत्यन्त छोटा कमरा। रेलवे चौकीदारों के रहने का छोटा मकान, गुमटी।

**गुमान** *पु०* [फा०] अभिमान, घमण्ड।

**गुमानी** *वि०* घमण्डी।

**गुमिटल** *अक०* लपेटना।

**गुमेख** *पु०* [फा०] गोल सिरे वाली एक प्रकार की बड़ी कील।

**गुर** *पु०* हिसाब निकालने का कायदा, उपाय।

**गुरगा** *पु०* नौकर, टहलू, दुष्ट सेवक।

**गुरगाबी** *पु०* मुँड़ा जूता।

**गुरगुराइल** *अक०* गुर्राना।

**गुरच** *स्त्री०* गुडुच।

**गुरचिआइल** *अक०* सिकुड़कर टेढ़ा हो जाना।

**गुरची** *स्त्री०* सिकुड़न।

**गुरछा** *पु०* गुच्छा।

**गुरदम** *पु०* लकड़ी की छोलनी, जिससे ईख का रस या गुड़ चलाया जाता है।

**गुरदा** *पु०* [फा०] वृक्क।

**गुरदेल** *पु०* वह धनुष, जिसमें मिट्टी या पत्थर की गोलियाँ चलाई जाती हैं। गुलेल।

**गुरधवल** *वि०* फल के पकने की पहली स्थिति।

**गुरनाइल** *अक०* क्रुद्ध होना, आँखे दिखाना।

**गुर-पीर** *यौ०* गुरु-पीर; आदरणीय व्यक्ति।

**गुरमा-गुरमी** *पु०* एक प्रकार की लता, जिसके फल को सुखा कर व्यंजन बनाते हैं। *स्त्री०* गुरमी।

**गुरमूसल** *अक०* रुष्ट होकर मौन रहना।

**गुरहथल** *सक०* वर के जेठे भाई द्वारा कन्या-निरीक्षण की एक विधि। *स्त्री०* गुरहत्थी।

**गुरहन** *पु०* कास की जाति की एक घास।
**गुराई** *स्त्री०* गोरापन।
**गुराव** *पु०* चारा काटना, गँड़ासा।
**गुरिआ** *स्त्री०* छोटी गोली, मनका, बोटी।
**गुरु** *पु०* [सं०] अन्धकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला, दीक्षा देने वाला, शिक्षक, आचार्य। *लोक०* 'गुरु गुड़ रहि गइले चेला चीनी हो गइले।'
**गुरुआइन** *स्त्री०* गुरु की पत्नी, गुरुआनी।
**गुरुकुल** *पु०* विद्यापीठ, जहाँ प्राचीन भारतीय पद्धति से विद्यार्थियों को पढ़ाया जाता है।
**गुरुगादी** *स्त्री०* गुरु का स्थायी निवास-स्थान।
**गुरु घंटाल** *यौ०* अतिधूर्त व्यक्ति, बहुत चालाक।
**गुरुच** *स्त्री०* एक प्रकार की वनौषधि, गिलोय।
**गुरुदछिना** *स्त्री०* शिष्य द्वारा (अध्ययन-समाप्ति पर) गुरु को दी गई भेंट में द्रव्य, गुरुदक्षिणा।
**गुरुभाई** *पु०* एक ही गुरु के शिष्य।
**गुरुम्हा** *पु०* आटा, गुड़, खटाई और मसालों के योग से बना व्यंजन।
**गुरू** *पु०* गुरु। **-घंटाल** *वि०* धूर्त, काइयाँ। **-डम** *पु०* गुरुडम।
**गुरेरल** *सक०* घूरना।
**गुरो** *पु०* थारुओं की उपाधिविशेष।
**गुल** *पु०* [फा०] दीया, बत्ती के बुझ जाने की स्थिति; फूल।
**गुलगंज** *पु०* कोलाहल, हल्ला।
**गुल-गेंठ** *वि०* मोटा एवं नाटा (व्यक्ति)।
**गुलजार** *वि०* हरा-भरा, आबाद। *उदा०* 'मिर्जापुर के कइलऽ गुलजार, कचौड़ी गली सून कइलऽ बलमू' -कजली गीत।
**गुल-गुल** *वि०* नरम, मुलायम।
**गुलगुला** *पु०* आँटे की मिठाई, जो मुलायम होती है।
**गुलती** *स्त्री०* गुलेल।
**गुलथुल** *वि०* स्थूलकाय।
**गुलफा** *पु०* कुलफा, एक साग।
**गुलबकावली** *स्त्री०* एक प्रकार का फूल; लोक-कथाओं की शाहजादी।
**गुलबंद** *पु०* मफलर।
**गुलबाँस** *पु०* एक प्रकार का कटीला जंगली पौधा, जिससे सुगन्ध आती है।
**गुलाइचल** *स्त्री०* एक प्रकार का फूल।
**गुलाब** *पु०* [फा०] एक प्रकार का सुगन्धित फूल। *वि०* गुलाबी।
**गुलाब कांड़ा** *यौ०* एक प्रकार का सरकण्डा, जिससे सुगन्ध आती है।
**गुलाब कजूर** *पु०* एक मिठाई।
**गुलाब जल** *यौ०* [फा०] गुलाब का अर्क।
**गुलाब जामुन** *पु०* खोये से बनी एक मिठाई।
**गुलाब पास** *पु० यौ०* बारात आदि में गुलाब जल छिड़कने का पात्रविशेष।
**गुलाबा** *पु०* दरवाजे के ऊपरी चौखट में लगी अँकुसी।
**गुलाबी** *वि०* गुलाब के रंग का, हलका लाल।
**गुलाम** *पु०* [अ०] खरीदा हुआ नौकर, आज्ञाकारी नौकर, खुशामद में निरत व्यक्ति; तास के खेल का एक पत्ता।
**गुलामी** *स्त्री०* गुलाम बनने या खुशामद करने का भाव; सेवा, नौकरी; पराधीनता, परतन्त्रता।
**गुलाल** *पु०* अबीर।
**गुलिका** *स्त्री०* [सं०] गुली, खेलने का छोटा गेंद।

**गुली** *स्त्री०* [सं०] गोली, चेचक।
**गुल्ठी** *स्त्री०* चोट लगने से शरीर में बनी गोली।
**गुल्ली** *स्त्री०* लकड़ी की कील या खूँटी।
**गुह** *पु०* विष्ठा, पाखाना।
**गुहल** *अक०* गूँथना।
**गुहरावल** *सक०* पुकारना।
**गुहाँजनी** *स्त्री०* बिलनी।
**गुहा** *स्त्री०* [सं०] गुफा, खोह।
**गुहाई** *स्त्री०* गूथने-गूहने की मजदूरी।
**गुहार** *स्त्री०* दोहाई।
**गूँ** *पु०* [फा०] रंग, वर्ण; ढंग।
**गूँग** *पु०* व्यक्ति जो बोल न सके; मूक।
**गूँगा** *वि०* [फा०] दे० 'गूँग'।
**गूँगी** *वि०* न बोलने वाली।
**गूँच** *स्त्री०* घुघुची।
**गूँज** *पु०* कान की मैल; खूँट।
**गूंजल** *अक०* गुंजार होना।
**गूट** दे० 'गुट्ट'।
**गूठल** *वि०* घना, सटा हुआ, गठित।
**गूढ़** *वि०* गुप्त, रहस्यमय।
**गूथ** *पु०* [सं०] मल, विष्ठा।
**गूथल** *सक०* धागे में पिरोना, लड़ी बनाना, टाँकना।
**गूद** *पु०* गूदा।
**गूदड़** *पु०* चीथड़ा।
**गूदा** *पु०* किसी फल का भीतरी भाग, जो मुलायम होता है; गीरी; भेजा, मगज।
**गूदी-गूदी** *स्त्री०* फल का भीतरी मुलायम भाग; सिर के भीतर का मुलायम भाग।
**गूमल** *अक०* अन्न के बालों का मुलायम होना।
**गूमा** *पु०* एक प्रकार का पौधा, जो दवा के काम आता है; द्रोणपुष्पी।
**गूरी** *स्त्री०* कूटा हुआ जौ।
**गूलर** *पु०* एक प्रकार का जंगली फल, जो पेट के रोग की दवा है।
**गूलल** *सक०* मोटी सिलाई करना।
**गूलार** *पु०* पुआल का बड़ा बोझा।
**गूली** *स्त्री०* लकड़ी, बाँस या धातु का छोटा टुकड़ा।
**गूह** *पु०* दे० 'गुह'।
**गूहल** *सक०* सीधी-सिलाई करना, गूँथना।
**गूहा-गींजन** *यौ०* अति घृणित, कष्टदायक काम।
**गूहगींजनी** *स्त्री०* आँख की पलक पर होने वाली फुँसी, गुहौरी।
**गेंग** *पु०* झगड़ा, मारपीट।
**गेंठ** *पु०* गाँठ, गिरह। **-बन्हन** *पु०* शुभ कार्य के समय पति-पत्नी के वस्त्रों को परस्पर बाँधने की स्थिति।
**गेंठरी** *स्त्री०* गाँठ देकर बाँधी गई पोटली, गठरी।
**गेंठवन** *पु०* एक गन्धयुक्त पौधा, जिसकी गन्ध से छुछुन्दर घर छोड़कर भाग जाता है।
**गेंठिआ** *पु०* बोझा; एक प्रकार का रोग, गठिया।
**गेंठिआवल** *सक०* गठरी बाँधना, यज्ञोपवीत में गाँठ लगाकर उसे धारण योग्य करना।
**गेंठी** *स्त्री०* एक प्रकार का कन्द; गाँठ। *उदा०* 'ना गेंठी कुछ दाम।'
**गेंठीमध** *पु०* एक प्रकार की काष्ठौषधि।
**गेंड़** *पु०* गन्ने का बड़ा टुकड़ा, ईख के ऊपर का पत्तियों सहित भाग।
**गेंड़हरुआ** *पु०* जौ के खेत में होने वाली एक घास।
**गेंड़छिला** *पु०* ईख काटने वाला व्यक्ति।
**गेंड़ल** *सक०* छोटे-छोटे टुकड़े करना, पृथक् करना, गेंड़ना; पानी रोकने के लिए मेड़ या बाँध बनाना।

**गेंड़ा** *पु०* एक जंगली जानवर; टुकड़ा (*स्त्री०* गेड़ी)।

**गेंड़ी** *स्त्री०* ईख का अगला भाग।

**गेंडुआ** *पु०* टोंटीदार जलपात्र। *उदा०* 'झांझर गेंडुआ गंगाजल पानी'।

**गेंडुआवा** *पु०* कुँए की दीवार के लिए बनाई गई एक विशेष प्रकार की ईंट, जो गोल होती थी।

**गेंडूआर** *पु०* गंड़गोआर, एक प्रकार का कीड़ा, जिसके सैकड़ों पाँव होते हैं।

**गेंडूर** *पु०* गोलाकार, वृत्ताकार; विष्णु की सवारी एक पक्षी, गरुड़।

**गेंडूली** *स्त्री०* [सं० कुण्डली] रस्सी घास या कपड़े का बना हुआ मेंड़रा, जिस पर घड़ा रखते हैं; ईंडूरी, बिड़ई; फेंटा, कुण्डली।

**गेंदा-गेंदी** *पु० यौ०* छोटे-छोटे बच्चे-बच्चियाँ।

**गेन** *स्त्री०* गेंद।

**गेना** *पु०* एक प्रकार का पीला फूल; गेन्दा, जिसे उरोज का प्रतीक माना जाता है।

**गेर** *पु०* एक प्रकार की पहाड़ी लाल मिट्टी, गेरु।

**गेरुआ** *वि०* गेर के रंग का वस्त्र; ऊख की जड़ को काटने वाला कीड़ा।

**गेल्हनी** *स्त्री०* पचफरिया।

**गेल्हा** *पु०* एक प्रकार का कड़ा फल, जिससे मलमल के कुरते की बाँह पर चून चढ़ाया जाता है; ईख का मुलायम तना, जो हाल का निकला रहता है।

**गेहुँआ** *वि०* गेहूँ के रंग का।

**गेहूँ** *पु०* एक अन्न, जिसकी फसल चैत में होती है।

**गेहेमेही** *वि०* आलसी।

**गेहेसूर** *वि०* [सं० गेहेशूरः] घर में बहादुरी दिखाने वाला, कायर।

**गैंड़ा** *पु०* विशालकाय जन्तु, जिसके चमड़े की ढाल बनाई जाती है।

**गैंती** *स्त्री०* खोदने का औजार।

**गैतल** *पु०* निकृष्ट, बेकार।

**गैन** *पु०* रास्ता, गैल।

**गैना** *पु०* नाटा बैल।

**गैब** *पु०* [अ०] छिपा होना, परोक्ष।

**गैबी** *वि०* [अ०] ईश्वरीय, अज्ञात।

**गैया** *स्त्री०* गाय।

**गैर** *वि०* [अ०] अन्य, भिन्न, बेगाना, पराया। **-आबाद** *वि०* उजाड़, परती। **-इलाका** *पु०* दूसरा गाँव। **-जरूरी** *वि०* अनावश्यक। **-मजरूआ** *वि०* परती (जमीन), सार्वजनिक उपयोग की जमीन। **-मुमकिन** *वि०* असम्भव। **-मुल्की** *वि०* विदेशी। **-सरकारी** *वि०* जो सरकारी न हो। **-हाजिर** *वि०* अनुपस्थित। **-हाजिरी** *स्त्री०* नागा, अनुपस्थित।

**गैरत** *स्त्री०* [अ०] लज्जा, हया।

**गैरी** *स्त्री०* एक तरह की मछली।

**गैल** *स्त्री०* रास्ता।

**गैलरी** *स्त्री०* [अं०] नाट्यशाला, बैठने का स्थान।

**गैस** *स्त्री०* [अं०] वायुरूप सूक्ष्म फैलने वाली वस्तु।

**गोंइची** दे० 'गँइच'।

**गोंगिआइल** *अक०* गों गों की आवाज पेट से होना।

**गोंचल** *अक०* गुनना, चिन्तन करना।

**गोंजल** *सक०* कई प्रकार की वस्तुओं का एक साथ अव्यवस्थित ढंग से ढेर लगा देना; ठूँस-ठूँस कर रखना।

**गोंजा** *पु०* सफेद गुंजा।

**गोंड़, गोंढ़** *पु०* एक जाति विशेष, जिसका कार्य सत्तू और भूँजा तैयार करना होता है।

**गोंड़ी, गोढ़ी** *पु०* एक जाति, जिसका व्यवसाय मछली मारना है।

**गोंत** *पु०* गोमूत्र।

**गोंतल** *सक०* मवेशियों के खाने के लिए पानी में घास, दाना, खली आदि मिलाना।

**गोंद** *पु०* बबूल के पेड़ से निकला लस्सा, लासा।

**गोंयड़ा** *वि०* घर के निकट की भूमि, गाँव के नजदीक का खेत।

**गो** *अव्य०* संख्यावाचक परसर्ग जैसे तीन-गो, चारगो, पाँचगो, आठगो।

**गोअल** *सक०* ज्ञात तथ्य को इनकार करना, किसी बात को छिपाना, गोपनीय रखना।

**गोआर** *पु०* हिन्दुओं की एक उपजाति; ग्वाला, दूध बेचने वाला, अहीर। *वि०* मन्दबुद्धि।

**गोआलिन** *स्त्री०* अहीरिन, दही बेचने वाली।

**गोआस** *पु०* गौवों के रहने का स्थान, जो घरसे पृथक् रहता है, गोंठा, बथान, गोष्ठ।

**गोआह** *पु०* [फा० गवाह] साक्षी। *स्त्री०* गवाही, गवाह होने का भाव या क्रिया।

**गोइँठा** *पु०* [सं० गो+विष्ठा] कण्डा, उपला, गोइँठा। *स्त्री०* गोंइठी।

**गोइँया** *पु०* किसी खेल में एक दल का व्यक्ति।

**गोएँड़** *पु०* गाँव के पास की जमीन, *लोक०* 'गोयँड़ा के खेती, सिखा के साँप, मैभा कारन बैरी बाप।'

**गोई** *स्त्री०* बड़ी मछलियों को पकड़ने के लिए अलग-अलग कमची वाला औजार।

**गोखुल-गोखुला** *पु०* ब्रज की भूमि, जहाँ भगवान् कृष्ण ने बचपन बिताया था, गोकुल; एक प्रकार की काँटेदार घास।

**गोखुलचन** *पु०* एक प्रकार का मध्यम श्रेणी का धान।

**गोचरिया** *पु०* ग्राम देवताओं की पूजा के अवसर पर गीत गाने वाला व्यक्ति।

**गोचरो** *पु०* चर्चा, कानाफूसी।

**गोजई** *स्त्री०* गेहूँ और जौ का मिश्रण।

**गोजटा** *पु०* एक प्रकार की बड़ी मछली, जिसका मांस कड़ा होता है।

**गोजर** *पु०* विषैला कीड़ा, कनखजूरा।

**गोजा** *पु०* हरा और मुलायम पौधा।

**गोजी** *स्त्री०* चरवाहों की लाठी।

**गोझनौटा** *स्त्री०* (देश) आँचल, पल्लू।

**गोट** *पु०* (गोष्ठ) वह पट्टी या फीता, जिसे कपड़े के किनारे लगाते हैं, मगजी; किसी प्रकार का किनारा।

**गोटा** *पु०* अन्न या माला का दाना, मकई के भुट्टे में से निकला हुआ दाना।

**गोटाइल** *अक०* फसल की बाल का पुष्ट होना।

**गोटा पकड़ी** *स्त्री०* बहुतों की भीड़ में से कोई-कोई व्यक्ति। *क्रि०वि०* यत्र-तत्र, थोड़ा, अल्प।

**गोटिआइल** *अक०* एकत्रित होना।

**गोटी** *स्त्री०* चेचक की फुंसियाँ; खेल में प्रयुक्त ईंट के छोटे-छोटे टुकड़े, गोली; अफीम की टिकिया; नील की टिकिया।

**गोटीघर** *पु०* नील की फैक्ट्री में टिकिया सुखाने का घर।

**गोठ** *स्त्री०* [सं० गोष्ठ:]जिस स्थान पर रात में गाय बाँधी जाती है।

**गोठउल** *पु०* वह घर, जिसमें गोंयठा रखा जाता है, उपलों का घर।

**गोठउलिया** *स्त्री०* मधुमक्खियों की एक जाति, जो घर की किसी शान्त जगह पर अपना छत्ता बनाती हैं।

**गोठा** *स्त्री०* वह स्थान, जहाँ गौवों को रात में बाँधते हैं; बथान, गोवास, गोष्ठ।

**गोड़** *पु०* पैर, पाँव, टाँग।

**गोड़तारी** *स्त्री०* पैताना, बिस्तर का वह भाग जिधर पाँव होता है।

**गोड़थारी** *स्त्री०* दे० 'गोड़तारी'।

**गोड़ना** *पु०* चूहों की एक जाति।

**गोड़रा** *पु०* झींगा मछली की बड़ी जाति। इसके कई पैर होते हैं।

**गोड़ल** *सक०* फल पकाने हेतु भूसे में ढँककर रखना।

**गोड़हरा** *पु०* पैर में पहनने का छल्ला।

**गोड़ाँव** *पु०* मवेशियों के अगले दोनों पैरों को बाँधने की रस्सी; पैर का गहना।

**गोड़ा** *पु०* लकड़ी का वह टुकड़ा, जिस पर बखारी खड़ी की जाती है; पलंग, चौकी आदि में लगे लकड़ी के चार टुकड़े।

**गोड़ाइत** *पु०* जमींदारी प्रथा का निम्नवर्गीय कर्मचारी; खेतों की फसल की रक्षा के लिए घूमते रहने वाला व्यक्ति, जो पहले गोड़ाइत था, गोंड़ायाही।

**गोड़ाटाही** *स्त्री०* कहीं बार-बार आने-जाने का कार्य।

**गोड़ारी** *स्त्री०* लोगों के चलने से बना पैर का निशान, पदचिह्न।

**गोड़ाव** दे० 'गोड़हरा'।

**गोड़िआ-गोड़िया** *स्त्री०* मचिये में लगे लकड़ी के बहुत छोटे चार टुकड़े।

**गोड़ियानी** *स्त्री०* फूस के घर के छप्पर की ढलान जहाँ समाप्त होती है।

**गोड़ी** *स्त्री०* बकरे के पैर का मांस; लाभ का आयोजन; गोटी।

**गोत** *पु०* [सं०] कुल या वंश, जो उस व्यक्ति के मूल पुरुष किसी ऋषि के नाम से सम्बन्धित रहता है, वंश, खानदान।

**गोतनी** *स्त्री०* पति के भाई की पत्नी।

**गोतल** *सक०* गोतना।

**गोता** *पु०* [अ०] डुबकी। **-खोर** *वि०* डुबकी लगाने वाला। **-मार** *पु०* सीप, मोती निकालने वाला (व्यक्ति)। **-खाइल** *मुहा०* डुबना, धोखा खाना। **-देहल** *मुहा०* डुबोना। **-मारल** *मुहा०* डुबकी लगाना, नागा करना।

**गोतिया** *वि०* [सं० गोत्रीय:] सगोत्रीय, भाई-बन्धु।

**गोतिन** *स्त्री०* पति के भाई की पत्नी।

**गोत्र** *पु०* [सं०] कुल, वंश जैसे शाण्डिल्य गोत्र, गौतम गोत्र आदि। **-कर्ता** *वि०* गोत्र प्रवर्तन करने वाला। **-गमन** *पु०* सगोत्र के साथ विवाह। **-ज** *वि०* एक ही गोत्र का।

**गोदंती हरताल** *पु०* सफेत हरताल।

**गोदी** *स्त्री०* गोद, *लोक०* 'गोदी में लइका, सहर में ढिंढोरा'।

**गोद, गोदी** *स्त्री०* अंक, कोरा।

**गोदना** *पु०* अंगों पर सुई गड़ा कर बनाई गयी चित्रकारी।

**गोदल** *सक०* गोदना, चुभाना।

**गोदा** *पु०* पीपल, पाकड़ या बरगद का पका फल, पकुआ।

**गोदान** *पु०* गौ को विधिवत् संकल्प करके ब्राह्मण को दान करने की क्रिया।

**गोदाम** *पु०* वह स्थान, जहाँ खरीद-बिक्री या उपयोग की वस्तुएँ रखी जाती हैं, अनाज रखने का बड़ा घर।

**गोध** *स्त्री०* गोह।

**गोधिका** *स्त्री०* घड़ियाल की मादा, छिपकली।

**गोधूम** *पु०* गेहूँ। **-चूरन** *पु०* आटा। **-सार** *पु०* गेहूँ का सत्त।

**गोधन** *पु०* दीपावली के बाद की द्वितीया का त्योहार, भैयादूज।

**गोन** दे० 'गोंद'।

**गोनउरा** *पु०* घूर या घूरा। *उदा०* 'बाप गोनउरा पूत चउपार।' -लोकगीत।

**गोनर** *पु०* एक प्रकार के जलतृण से बनी चटाई।

**गोनल** *सक०* गोपन करना।

**गोनिया** *पु०* बोरा ढोने वाला, *स्त्री०* सीध नापने का एक औजार।

**गोनी** *स्त्री०* वह बोरा, जिस पर सौदा लाद कर बैल या घोड़े की पीठ पर ढोया जाता है; पटुआ, सन, पाट।

**गोप** *पु०* अहीरों की उपाधि; गौ की रक्षा करने वाला; गाँव का मुखिया।

**गोपाल** *पु०* [सं०] श्रीकृष्ण का एक नाम, गोपालक।

**गोपी** *स्त्री०* वैसा आम, जो समय के पूर्व ही पक जाता है; ब्रज की स्त्रियाँ।

**गोपीचन** *पु०* भोजपुरी लोकगाथा 'गोपीचन' का नायक।

**गोफा** *पु०* नया निकला हुआ मुँह बँधा पत्ता; लाठी के हूरे में लगी हुई लोहे की टोपी।

**गोबनाई** *पु०* मिथिला के अहीरों के देवता।

**गोबर** *पु०* गाय, बैल या भैंस की बिष्ठा। *वि०* गोबराइन, स्वादहीन। *लोक०* 'गोबर मइला पानी में सड़े, तब खेती में दाना पड़े।' —गनेस *वि०* मूर्ख, बुद्धू। **-पत्थी** *स्त्री०* गोबर पाथने वाली स्त्री। **-हारा** *पु०* गोबर उठाने वाला नौकर। **-चोत** *मुहा०* बेडौल, मूर्ख। **-पाथल** *मुहा०* गोबर के कंडे, उपले बनाना।

**गोबरउरा** *पु०* गोबर का कीड़ा।

**गोबरछत्ता** *पु०* गोबर पर उगने वाला छत्ते की आकृति का पौधा।

**गोबरसांसी** *वि०* गोबर पर उगी घास।

**गोबराह** *वि०* जिसमें गोबर लगा हो।

**गोबराही** *वि०* जिसमें गोबर रखा जाता हो।

**गोबिन्द** *पु०* भगवान्, एक लोकदेवता, श्रीकृष्ण।

**गोभल** *सक०* किसी मुलायम वस्तु या फल में नुकीले हथियार को हलाना या चुभाना।

**गोमती** *स्त्री०* उत्तर प्रदेश की एक नदी।

**गोयँड़ा** *पु०* गाँव का किनारा।

**गोयर** *पु०* मवेशियों द्वारा पैरों से रौंदी पुआल।

**गोर** *वि०* गोरा। *स्त्री०* गोराई-स्वच्छ रंग का भाव।

**गोरख** *पु०* एक सिद्ध योगी गुरु गोरखनाथ।

**गोरखधंधा** *पु०* वह कार्य, जिसमें विशेष झमेला या उलझन हो।

**गोरखफंदा** *पु०* पेंचदार गाँठ।

**गोरखा** *पु०* नेपाल के अन्तर्गत एक प्रदेश, गोरखा प्रदेश का निवासी।

**गोरखाली** *पु०* नेपाल की एक जाति।

**गोरखुल** *पु०* एक प्रकार का पौधा, जिसमें काँटा होता है; पैर में होनेवाला एक प्रकार का घाव जो काँटा गड़ने से हो जाता है।

**गोरल** *सक०* कच्चे फलों को पकने के लिए पुआल आदि में रखना।

**गोरस** *पु०* [सं०] दूध, दही या मट्ठा।

**गोरसी** *स्त्री०* अँगीठी।

**गोरा** *पु०* यूरोप, अमेरिका आदि देशों का निवासी, फिरंगी।

**गोरिया** *स्त्री०* सुन्दर गौरवर्णी स्त्री।

**गोरी** *स्त्री०* गौर वर्ण वाली स्त्री।

**गोरुआ** *वि०* पाल डाल कर पकाया गया (फल)।

**गोरू** *स्त्री०* चौपाया जानवर, गाय।

**गोरेया** *पु०* एक ग्राम देवता, जिनकी पूजा खास वर्ग के लोग करते हैं।

**गोलंदाज** *पु०* गोला चलाने वाला तोपची।

**गोलंदाजी** *स्त्री०* गोलन्दाज का काम।

**गोलंबर** *पु०* गोलाकार चबूतरा। गुम्बद।

**गोल** *पु०* जमात, गिरोह; फुटबाल के खेल का एक शब्द; वृत्त। *वि०* जो वर्तुलाकार हो, गोले या गेंद के आकार का।

**गोलक** *पु०* रुपया-पैसा रखने की छोटी सन्दूक, गुल्लक।

**गोलकी** *स्त्री०* काली मिर्च; गोल करने वाला या वाली।

**गोलखत्ता** *पु०* वह बही-खाता, जिसमें वसूल नहीं होने वाली राशि का उल्लेख हो।

**गोलजामा** *पु०* कुल, सब मिला कर बनी संख्या।

**गोलटूल** *वि०* आकृति में गोल।

**गोलमरिच** *स्त्री०* काली मिर्च।

**गोलमाल** *पु०* अव्यवस्था, गड़बड़ी।

**गोलरी** *स्त्री०* गेहूँ आदि के डण्ठलों से या दाने पीटने पर बचा वैसा बाल, जिसमें अन्न का दाना रहता है।

**गोलवा** *वि०* लाल रंग का पशु।

**गोलहनी** *स्त्री०* पाँच फाल वाला हल, पँचफारा।

**गोला** *पु०* वह स्थान, जहाँ बिक्री के लिए वस्तुओं का ढेर लगा रहता है; गोल पदार्थ, जो किसी धातु या कड़े पदार्थ का बना होता है, तोप में प्रयुक्त लोहे का गोला; गुल्म रोग; जंगली कबूतर; गरी का गोला।

**गोलावट** *पु०* ऐसा विवाह, जिसमें एक परिवार के लड़के का विवाह दूसरे परिवार की कन्या से और दूसरे परिवार के लड़के का विवाह पहले परिवार की कन्या से होता है।

**गोलिआइल** *अक०* गोलाकार बन जाना; एकत्र हो जाना।

**गोलिआवल** *सक०* गोलाकार बनाना।

**गोली** *स्त्री०* मिट्टी या धातु का छोटा गोल पिण्ड; लाल रंग की गाय।

**गोलौर** *पु०* गुड़ बनाने का घर, कोल्हुआर।

**गोसँइया** *पु०* पति, स्वामी, प्रभु।

**गोसाईं** *पु०* सूर्य, चन्द्रमा, साधु, ब्राह्मण, अथीत जाति के व्यक्ति के लिए प्रयुक्त शब्द।

**गोस, गोस्त** *पु०* [फा०] मांस।

**गोसा** *पु०* [अ० गुस्सा] क्रोध; एक धनुषाकार आभूषण; *वि०* गोसाइल।

**गोसेंआ** *पु०* स्वामी, मालिक।

**गोह** *स्त्री०* [सं० गोध] छिपकली की जाति का एक जंगली जन्तु जो दीवार से मजबूती से चिपक जाता है।

**गोहन** *पु०* साथ, संग।

**गोहर** *पु०* बिसखोपड़ा।

**गोहरा** *पु०* उपला, कण्डा।

**गोहरावल** *अक०* पुकारना।

**गोहरौर** *पु०* उपलों का ढेर।

**गोहान** *पु०* वह जमीन, जिसमें गाँव का गन्दा पानी बहता है।

**गोहार** *स्त्री०* मदद हेतु पुकारने की क्रिया, दुहाई; हल्लागुल्ला, शोर, पुकार।

**गोहिया** *स्त्री०* खेत-खलिहान की रखवाली के लिए पुआल के बोझों से बनाई गई झोपड़ी।

**गोही** *स्त्री०* छिपाव, गुप्त बात।

**गोहुअन** *पु०* विषधर साँप।

**गोहूँ** *पु०* गेहूँ *लोक०* 'गोहूँ गिरे अभागा के, धान गिरे सुभागा के।'

**गौँ** *स्त्री०* काम निकलने का मौका, चाल, मतलब, अवसर। **-का** *मुहा०* काम का, मतलब का। **-के यार** *मुहा०* मतलबी दोस्त। **-गाँठल** *मुहा०* काम निकालना। **-पड़ल** *मुहा०* काम पड़ना। **-से** *मुहा०* चुपके से।

**गौआँ** *पु०* एक गाँव का रहने वाला।

**गौ** *स्त्री०* [सं०] गाय। **-चरी** *स्त्री०* गाय चराने का कर। **-मुख** *पु०* गोमुख। **-साला** *स्त्री०* गोशाला। **-सिंघी** *पु०* वह बैल जिसके दोनों सींग बीच में आकर सटे हों।

**गोखा** *पु०* गोल सुराखों वाली ओट।

**गौच** *पु०* गोलक।

**गौथ** *पु०* फल-राशि।

**गौठि** *पु०* सूखा हुआ गोबर।

**गौना** *पु०* विवाह के बाद की रस्म, जिसमें वर वधू को घर ले जाता है। द्विरागमन।

**गौर** *पु०* [अ०] सोच-विचार, चिन्तन।

**गौरांगी** *स्त्री०* [सं०] गोरी।

**गौरा** *स्त्री०* [सं०] गोरी स्त्री; हल्दी; पार्वती।

**गौरिया** *स्त्री०* एक प्रकार का केला, जो मझोले और मोटे आकार का होता है; एक महीन धान।

**गौरी** *स्त्री०* [सं०] पार्वती; आठ वर्ष की अविवाहित कन्या।

**ग्रंथ** *पु०* [सं०] पुस्तक, किताब।

**ग्रंथि** *स्त्री०* [सं०] गाँठ, गिरह।

**ग्रह** *पु०* [सं०] सूर्य की परिक्रमा करने वाला तारा।

**ग्राम** *पु०* [सं०] गाँव। **-पंचायत** *स्त्री०* गाँव के विवाद को सुलझाने, स्वास्थ्य, शिक्षा का प्रबन्ध करने वाला मण्डल। **-पाठशाला** *स्त्री०* गाँव की पाठशाला। **-वासी** *वि०* गाँव का निवासी, देहाती। **-सेवक** *पु०* ग्रामवासियों की सेवा करने वाला।

**ग्रेजुएट** *पु०* [अं०] स्नातक, बी०ए० पास।

**ग्लास** *पु०* [अं०] गिलास।

**ग्वाला** *पु०* अहीर, गोप।

❑

# घ

**घ** देवनागरी वर्णमाला के कवर्ग का चौथा व्यंजन, जिसका उच्चारण कण्ठ से होता है।

**घँकोरल** *सक०* पानी आदि तरल पदार्थ को बार-बार हिलाकर गन्दा कर देना।

**घँखाड़** *वि०* चुप्पा; तथ्य को दबा लेने वाला।

**घँगोरल** *सक०* दे० 'घंघोरल'।

**घंघरा** *पु०* स्त्रियों का एक प्रकार का घेरेदार कटि-वस्त्र, बड़ा लहँगा। *स्त्री०* घंघरी।

**घंघापाल** *पु०* वैसा व्यक्ति, जिसका पूरा अंग लम्बे वस्त्रों से आच्छादित हो।

**घंघोटल** *अक०* रोब से डाँटना।

**घंघोरल** *सक०* पानी को गन्दा करना।

**घँचोरल** *अक०* बार-बार लगाना और निकालना।

**घंट** *पु०* [सं० घट] मृत्यु के बाद दूध क्रिया के दिन पीपल की डाली में लटकाया गया घड़ा।

**घंटफोरवा** *पु०* जो पीपल के पेड़ में टँगे घण्ट को फोड़ता है, महाब्राह्मण, महापात्र।

**घंटा** *पु०* [सं०] दिन-रात का चौबीसवाँ भाग, घड़ियाल; ठेंगा। **-घर** *पु०* ऊँची मीनार जहाँ से घण्टा बजाने की आवाज सुनाई पड़े। **-नाद** *पु०* घंटे की ध्वनि। **-वादक** *पु०* घण्टा बजाने वाला। **-हिलावल** *मुहा०* ऐसा काम करना जिससे कुछ लाभ न हो।

**घंटी** *स्त्री०* पूजा में व्यवहृत छोटे आकार का घण्टा। पाठशालाओं में समय-समय पर बजने वाली घण्टी। **-बाजल** *मुहा०* समाप्त होना, मृत्यु को प्राप्त होना।

**घँसल** *सक०* रगड़ना, घिसना।

**घँसुआ** *वि०* वह व्यंजन, जिसे तेल या घी घिस कर तैयार किया जाता है।

**घँसुई** *वि०* घी या तेल लगाई गई रोटी।

**घइका** *वि०* धूर्त, घाघ।

**घइचट** *वि०* बार-बार तकाजा के बावजूद किसी का बाकी नहीं देने वाला।

**घइला** *पु०* मिट्टी का जलपात्र, घड़ा। *स्त्री०* घइली।

**घउद** *पु०* केले के फलों का समूह। *पर्या०* घउर, घवद।

**घघरा** *स्त्री०* सरयू नदी; घाघरा, लहँगा।

**घघरी** *स्त्री०* छोटा लहँगा।

**घचकइल** *पु०* वह काम, जिससे घच-घच की आवाज होती है।

**घचघच-घचाघच** *क्रि०वि०* गीली या तरल वस्तु में किसी के डूबने की आवाज।

**घच-पच** *पु०* थोड़ी सी जगह में अनेक वस्तुओं का जमा हो जाना, अस्त-व्यस्तता; गड़बड़ी।

**घचर-घचर** दे० घच-पच।

**घचौना** *पु०* आँखों से नहीं सूझने की स्थिति, रतौंधी।

**घट** *पु०* [सं०] कलश, कुम्भ।

**घटउरी** *स्त्री०* बदली।

**घट-घट-घटर-घटर** *क्रि०वि०* शीघ्रता-पूर्वक पीना।

**घटकल** *सक०* पीना, गले के नीचे उतारना।

**घटती** *स्त्री०* वजन में कमी, कसर, न्यूनता।

**घटना** *स्त्री०* [सं०] जो घटित हो, अचानक होने वाली बात।

**घटनावली** *स्त्री०* [सं०] घटनाओं का क्रम।

**घटनास** *वि०* बार-बार कही बात को भी अनसुनी कर देने वाला (व्यक्ति)।

**घट-बढ़** *स्त्री०* [हिं० घटना+बढ़ना] *यौ०* कमी-बेसी।

**घटल** *अक०* कम होना (तौल में), घटना। *वि०* ओछी (बात)।

**घटवार** *पु०* नदी के घाट का कर वसूल करने वाला व्यक्ति।

**घटवारिया** *पु०* घाटिया।

**घटवाह** *पु०* घाट का ठीकेदार।

**घटहा** *पु०* घाट का ठेकेदार, आर-पार कराने वाली बड़ी नाव।

**घटाँव** *पु०* बड़ी संख्या में से छोटी को घटाने की क्रिया।

**घटा** *स्त्री०* उमड़ता हुआ बादल।

**घटाई** *स्त्री०* मानहानि।

**घटाटोप** *पु०* [सं०] कोई ढँक लेने वाली चीज, घनघटा, आडम्बर।

**घटावल** *सक०* कम करना, बाकी निकालना।

**घटिक** *पु०* [सं०] घड़े, घड़ियाल बजाने वाला।

**घटिका** *स्त्री०* [सं०] घड़ी, छोटा घड़ा।

**घटिताई** *स्त्री०* कमी।

**घटिया** *वि०* कम कीमती, सस्ता, खराब वस्तु।

**घटिहा** *वि०* नीच, मक्कार, लम्पट।

**घटी** *स्त्री०* कमी, घाटा।

**घटी-बढ़ी** *यौ०* गलती, अपराध, कसूर।

**घटुही** *वि०* जो कम तौल वाला हो।

**घट्ठा** *पु०* शरीर पर वह उभड़ा हुआ चिह्न, जो बार-बार रगड़ से बन जाता है। **-पड़ल** *मुहा०* अभ्यास होना।

**घठाउर** *वि०* आदत से लाचार (व्यक्ति)।

**घड़ँहर** *पु०* घरेलू कार्य में प्रयुक्त बर्तन।

**घड़-घड़** *पु०* ऊपर से नीचे वेगपूर्वक पानी के गिरने की आवाज।

**घड़घड़ाहट** *स्त्री०* घड़-घड़ शब्द।

**घड़रल** *सक०* रगड़ना।

**घड़ा** *पु०* [सं० घट] मिट्टी का कलसा। **-घड़ो पानी पड़ल** *मुहा०* शर्म से गड़ जाना।

**घड़िया** *स्त्री०* मिट्टी की कलसी।

**घड़ियाल** *पु०* घण्टा।

**घड़ियाली** *पु०* घड़ियाल बजाने वाला।

**घड़ी** *स्त्री०* समयसूचक यंत्र, 24 मिनट का समय, समय की पौराणिक गणना। *कहा०* 'घड़ी में घर छुटे, नव घड़ी भदरा'। **-घड़ी** *क्रि०वि०* पुनः पुनः, बार-बार। **-दिआ** *पु०* घटी दीप। **-भर** *क्रि०वि०* मुहूर्त, क्षण। **-साज** *पु०* घड़ीसाज।

**घन** *पु०* लोहे का भारी हथौड़ा, घन। *वि०* घना (पौधा, वस्त्र आदि)। *वि०* घना, गझिन, कसा या ठसा, ज्यादा। *लोक०* 'घन मारे घनबहिया, हँकड़े लोहार'।

**घनगिरह** *वि०* वह बाँस, जिसमें गाँठें घनी और अधिक हों।

**घनघोर** *वि०* बहुत अधिक परिमाण में (वर्षा), मूसलाधार।

**घनचक्कर** *पु०* उलझन, झमेला; मूर्ख, बेवकूफ; आवारागर्द।

**घनठट** *वि०* मकान के छप्पर या ठाट में दिया गया बाँस।

**घना** *वि०* ठस, गाढ़।

**घनेरन** *वि०* बहुत, अनेक।

**घनेरा** *वि०* घना।

**घपचल** *सक०* किसी से कोई सामान लेकर नहीं वापस करना।

**घपचहर** *पु०* झंझट, उलझन की स्थिति।

**घपचियाइल** *अक०* घबराना, सिटपिटाना।

**घपची** *स्त्री०* दोनों हाथों से कसकर पकड़ लेना।

**घपला** *पु०* चकमा, धोखा, गबन, गोलमाल, गड़बड़।

**घपुआ** *वि०* मूर्ख।

**घपसल** *अक०* भीतर घुस जाना।

**घपाच** *वि०* वह व्यक्ति, जो किसी से कोई सामान लेकर नहीं लौटाता हो।

**घफलत** *पु०* गड़बड़, गोल-माल।

**घबराइल** *अक०* बेचैन होना, भौंचक होना, घबड़ाना।

**घमंड** *पु०* अभिमान, अहंकार।

**घमगारा** *पु०* धूप वाली जगह।

**घम-घम, घमाघम** *पु०* किसी वस्तु के जोर से गिरने या मारने से उत्पन्न शब्द।

**घम छहियाँ** *स्त्री०* वैसी जगह, जहाँ पर धूप और छाँव दोनों हो।

**घमजरु** *वि०* धूप में जला हुआ।

**घमलउर** *पु०* कोलाहल, हल्ला, भीड़-भाड़।

**घमसान** *वि०* कठिन, घनघोर।

**घमाइल** *अक०* धूप से आक्रान्त होना, धूप में चलने से परेशानी होना।

**घमाघम** *क्रि०वि०* जोर-जोर से मुक्का मारना।

**घमौरी** *स्त्री०* गर्मी के कारण शरीर में निकलने वाली फुंसियाँ।

**घर** *पु०* मकान, स्थायी निवास-स्थान। *लोक०* 'घर फूटे, गँवार लूटे।'

**घरइतिन** *स्त्री०* गृहिणी, घरवाली, पत्नी।

**घरकच** *वि०* घरेलू, घराऊ, घरऊ।

**घरगइया** *स्त्री०* घर पर पैदा हुई और पाली-पोसी गई गाय।

**घरघराइल** *अक०* स्पष्ट आवाज नहीं होना।

**घरघुमनी** *स्त्री०* घर-घर घूमने वाली स्त्री।

**घरघुसन** *वि०* वह व्यक्ति जो घर में ही स्त्रियों के पास बैठा रहता है।

**घरजनवाँ** *वि०* प्रत्येक घर से एक व्यक्ति को भोज में भाग लेने के लिए बुलावा।

**घरडाँड़** *पु०* विवश होकर दी गई राशि।

**घरनई** *पु०* घड़ों को जोड़कर बनाई गई नाव।

**घरनी** *स्त्री०* गृहणी, पत्नी।

**घरबद** *वि०* घरेलू उपयोग के लिए।

**घरबारी** *पु०* ऐसा साधु, जो अपनी पत्नी और बाल-बच्चों के साथ गृहस्थ-सा रहने लगा हो; गृहस्थ, कुटुम्बी, बाल-बच्चों वाला।

**घरभोज** *पु०* नए मकान में प्रवेश के समय दिया गया भोज।

**घरमुँहा** *वि०* बाहर से घर को वापस आने वाला; घर में प्रवेश का मार्ग।

**घरमेंचा** *पु०* गर्दन पर मारा गया थप्पड़।

**घरवइया** *पु०* घर का मालिक, घरवाला।

**घरहँड़** *पु०* घरेलू काम में आने वाला मिट्टी का बर्तन, विशेषत: घड़ा।

**घराइल** *अक०* दीये का बुझ जाना।

**घराना** *पु०* कुल, खानदान, संगीत के लिए प्रसिद्ध कुल।

**घरामी** *पु०* घर छाने वाला व्यक्ति।

**घरारी** *स्त्री०* वह जमीन, जिस पर घर हो या रहा हो, आवासयोग्य भूमि।

**घरिया** *स्त्री०* सोने को गलाने के लिए सोनारों द्वारा बनाई गई मिट्टी की कटोरी।

**घरियार** *पु०* एक हिंसक जल-जन्तु, घड़ियाल।

**घरी** *स्त्री०* घटी।

**घरेलू** *वि०* घर का, पालतू।

**घलघलाइल** *अक०* मुँह बन्द रहने पर अस्पष्ट शब्दों में बोलना।

**घलथरी** *स्त्री०* आँगन का वह हिस्सा, जहाँ घड़ा रहता है और पानी गिराया जाता है; घिरौंची।

**घलुआ** *स्त्री०* बिना कीमत दिये निजी उपयोग के लिए लिया हुआ भाग।

**घवद** *पु०* गुच्छा, समूह, घौद।

**घवाहिल** *वि०* घाव लगा हुआ, घायल, जख्मी।
**घसकटवा** *पु०* घसियारा।
**घसकल** *अक०* खिसकना, बैठे हुए स्थान से कुछ हट जाना।
**घसल** *सक०* घिसना।
**घसर-घसर** *क्रि०वि०* स्वादहीन खाद्य को खाने की क्रिया।
**घसर-फसर** *यौ०* फालतू काम।
**घसल** *सक०* घिसना।
**घसवाह** *पु०* घास काटने वाला, घसियारा।
**घसुई** *स्त्री०* तेल, घी में घिसी पूड़ी, पराठा।
**घसेट** *पु०* घर्षण, रगड़ा।
**घसेटल** *सक०* घसीटना।
**घसेटुआ** *वि०* ऐसी लिखावट, जिसमें अक्षर एक-दूसरे से सटकर अस्पष्ट हो जाए।
**घहरल-घहरावल** *अक०* जोर-जोर से शब्द करना, गरजना; लम्बी-चौड़ी बातें करना।
**घाँकड़ा** *वि०* धूर्त, घाघ।
**घाँचल** *अक०* बार-बार लगाना और निकालना।
**घांटी** *स्त्री०* मवेशियों के गले में लटकने वाली घण्टी।
**घांटो** *पु०* गीतविशेष; पक्षीविशेष।
**घाएल** *वि०* जख्मी, घायल।
**घाघ** *वि०* अनुभवी, धूर्त; *पु०* पूर्वकाल का प्रसिद्ध भविष्यद्रष्टा, कृषक, कवि।
**घाघस** *पु०* घास-पात, खरपतवार।
**घाट** *पु०* किसी जलाशय में प्रवेश, स्नान आदि के लिए बनी जगह। **-बाढ़** *पु०* हानि, कमी या बेसी। **-वाल** *पु०* घाटिया। **-घाट के पानी पियल** *मुहा०* भटकना, कई घर बदलना। **-मारल** *मुहा०* उतराई न देना।
**घाटिया** *स्त्री०* घाट पर बैठने वाला ब्राह्मण, जो स्नानार्थियों का दान लेता हो।
**घाटी** *स्त्री०* दो पहाड़ों के बीच की नीची जमीन, मैदान।
**घात** *पु०* प्रहार, चोट; मार, वध, हत्या। *स्त्री०* दाँव, अवसर; ताक; चाल, छल।
**घातक** *वि०* [सं०] घात करने वाला।
**घातकी** *वि०* दे० 'घातक'।
**घान** *पु०* उतना अनाज, जितना एक बार पीसने हेतु डाला जाए।
**घाना** *पु०* मछली पकड़ने का एक औजार।
**घानी** *स्त्री०* एक बार में डाला जाने वाला तेलहन।
**घाम** *पु०* धूप, सूर्य का ताप।
**घामड़** *वि०* मूर्ख।
**घामल** *अक०* बार-बार कहने पर किसी बात को न सुनना।
**घामस** *पु०* धूप से उत्पन्न गर्मी।
**घार** *पु०* गर्दन।
**घारी** *स्त्री०* मवेशियों को बाँधने का घर।
**घाल** *पु०* तौल या गिनती के ऊपर दी जाने वाली चीज, घलुआ।
**घालक** *वि०* मारने वाला।
**घालल** *सक०* देना, डालना आदि को व्यक्त करने वाली सहायक क्रिया। *उदा०* दे 'घाल'।
**घाव** *पु०* चोट, आघात। **-पर नमक छिड़कल** *मुहा०* दु:ख में कष्ट देना। **-भरल** *मुहा०* घाव सूख जाना।
**घावरिया** *पु०* जर्राह, घाव का इलाजकर्ता।
**घास** *स्त्री०* खेत में फसल के अलावा स्वयं उग आने वाले दूसरे पौधे; पृथ्वी पर उगने वाले छोटे-छोटे उद्‌भिज, जिन्हें चौपाये चरते हैं, तृण।
**घास कटाव** *पु०* एक प्रकार का खेल, जिसमें घास की बाजी रख कर खुरपी फेंक कर घास को काटा जाता है।

**घाह-घूह** *पु०* आना-जाना, उपक्रम।
**घाही** *स्त्री०* घात, दाव-पेंच में की गई प्रतीक्षा की स्थिति। *वि०* घायल।
**घिउँड़ा** *पु०* एक प्रकार की लता, जिसके फल की सब्जी बनती है।
**घिउ** *पु०* घी *लोक०* 'घिउ के लड्डू टेढो भला।'
**घिआँड़ा** *पु०* घी रखने का मिट्टी का पात्र।
**घिआ** *पु०* घिया।
**घिघिआइल** *अक०* गिड़गिड़ाना।
**घिग्घी** *स्त्री०* भय के चलते साफ आवाज न निकलना, रोते-रोते हिचकी बँधना।
**घिचपिच** *क्रि०वि०* जो स्पष्ट नहीं हो, अस्पष्ट, घिचपिच। *स्त्री०* जगह की तंगी, सँकरापन।
**घिन** *स्त्री०* अरुचि, नफरत, घृणा।
**घिनही** *स्त्री०* एक प्रकार का घाव, जिससे बहुत जलन होती है।
**घिनाइल** *अक०* घृणा अनुभव करना।
**घिनावन** *पु०* घृणित।
**घिया** *पु०* कद्दू।
**घियार** *स्त्री०* वह गाय या भैंस, जिसके दूध में अधिक घी हो।
**घियौड़ा** *पु०* आटे से बना व्यंजन।
**घिरनी** *स्त्री०* वह चक्की, जिसके सहारे गहरे कुँए से पानी निकाला जाता है; कटहल के पत्ते पर या बाँस की कमची से बना बच्चों का खिलौना जो चक्कर काटता है।
**घिराई** *स्त्री०* घेरने की क्रिया; पशुओं को चराने का काम या उसकी मजदूरी।
**घिरि** *स्त्री०* एक ही स्थान पर चक्कर काटने की स्थिति।
**घिसल** *सक०* [सं० घर्षणम्] घिसना।
**घिसिआवल** *सक०* घसीटना।
**घिसिऔड़ा** *पु०* घसीटने का भाव। **-लागल** *मुहा०* निरर्थक दौड़-धूप करना।
**घीकुँवार** *पु०* [सं० घृतकुमारी] घेंकुआर।
**घीच-घाच** *स्त्री०* खींच लेने का भाव।
**घीचल** *अक०* खींचना, निकालना।
**घीचा-घीची** *स्त्री०* खींचातानी।
**घीयाकस** *पु०* लौकी के लच्छे।
**घीव** *पु०* घी, घृत। *वि०* घिवही-घी का बना (भोज्य पदार्थ)।
**घीवढारी** *स्त्री०* यज्ञोपवीत एवं विवाह के अवसर की एक विधि, जिसमें पितृ-पूजन होता है, मातृ-पूजन।
**घीवहड़िया** *पु०* घी का व्यापारी।
**घुँघची** *स्त्री०* गुंजा, एक बेल, लाल और सफेद बीज।
**घुँघनी** *स्त्री०* उबाला या भिगोकर तला हुआ चना, मटर आदि।
**घुँघराला** *वि०* छल्लेदार (केश)।
**घुँघरू** *पु०* मँजीर, दानों का बना हुआ पाँवों में पहने का गहना। **-बाँधल** *मुहा०* नाचने को तैयार होना।
**घुंठा** *वि०* जिसे घुन खा गया हो, घुना हुआ।
**घुंडी** *स्त्री०* मिरजई या कुर्ते में लगाया गया कपड़े का गोल बटन।
**घुग्घू** *पु०* उल्लू।
**घुघुआ** *पु०* चित लेटकर पैर मोड़ लेने की स्थिति, ऐसा बच्चों को उसपर बैठा कर खेलने के समय किया जाता है।
**घुघुआइल** *अक०* मुँह पर हल्की सूजन आना।
**घुघुन** *स्त्री०* ठुड्डी।
**घुघुनी** *स्त्री०* भिगो कर तला हुआ भोज्य पदार्थ।
**घुघुर** *पु०* धातु निर्मित खोखली गुरिया, जिसमें आवाज के लिए कंकड़ी डाली

रहती है; मवेशियों की गर्दन का एक पहनावा, मँजीरा, घुँघरू।

**घुघुरावल** *सक०* चावल आदि को साफ करने के लिए ढेंकी में डालकर धीरे-धीरे कूटना।

**घुचुर-फुचुर** *क्रि०वि०* थोड़ा-थोड़ा करके।

**घुटकल** *सक०* घूँट-घूँट करके पीना, निगल जाना।

**घुटना** *पु०* जाँघ और टाँग के बीच का जोड़।

**घुटनी** *स्त्री०* घुटना।

**घुटन्ना** *पु०* घुटने तक का पाजामा।

**घुटावल** *सक०* रगड़वाना, सिर मुड़ाना।

**घुटी** *स्त्री०* घुँट, घुट्टी।

**घुटुर-घुटुर** *क्रि०वि०* भोजन में तरल पदार्थ को आसानी से पी जाने की स्थिति।

**घुठसोहर** *वि०* घुट्ठी तक लटकी हुई (धोती)।

**घुट्ठी** *स्त्री०* खिल्ली और ठेहुना के बीच का भाग।

**घुड़कल** *अक०* रोष प्रकट करने के लिए जोर-जोर से बोलना, डाँटना।

**घुन** *पु०* अनाज, लकड़ी आदि में लगने वाला कीड़ा।

**घुनघुना** *पु०* लकड़ी, टीन का बना खिलौना।

**घुनल** *अक०* लकड़ी, अनाज में घुन लगना।

**घुन्ना** *वि०* चुप्पा।

**घुनसी** *स्त्री०* चेचक की बीमारी, जिसमें फोड़ा बाहर नहीं निकल कर चमड़े के भीतर ही रहता है।

**घुमंतर** *वि०* घूमते रहने वाला। *पु०* घूमते रहने का भाव।

**घुमउआ** *वि०* जो टेढ़ा हो गया हो।

**घुमक्कड़** *वि०* सदा घूमने वाला, भ्रमण करने वाला।

**घुमटा** *पु०* सिर में चक्कर, सिर घूमना।

**घुमरिआवल** *अक०* चारों तरफ चक्कर कटवाना।

**घुमरी** *स्त्री०* सिर में चक्कर आने की बीमारी; भौरी, भँवर (पानी का); चौपायों का एक रोग।

**घुमरी परौआ** *पु०* बच्चों का एक खेल।

**घुमाई** *पु०* घूमने की क्रिया।

**घुमान** *पु०* किसी जगह पहुँचने का टेढ़ा रास्ता, फेर।

**घुमाव** दे० 'घुमान'।

**घुमावल** *सक०* किसी लचीली वस्तु को टेढ़ी करना; वापस करना, टहलाना, घुमाना।

**घुर** *पु०* कूड़े का ढेर।

**घुरकल** दे० 'घुड़कल'।

**घुरघुरा** *पु०* एक प्रकार का घाव, कीड़ा विशेष।

**घुरची** *स्त्री०* ऐंठ, कपड़े या रस्सी की ऐंठन।

**घुर-फेर** *पु०* किसी काम को पूरा नहीं करके वहाँ केवल आते-जाते रहने का भाव।

**घुरुमल** *अक०* चक्कर आना, घूमना।

**घुटकल** *अक०* असफल होना, घुलटना।

**घुलावल** *सक०* किसी घुलनशील पदार्थ को पानी में डालकर उसे तरल बनाना, घुलाना।

**घुसकुरिया** *स्त्री०* बैठे-बैठे पैरों के बल चलने की क्रिया।

**घुसमूरल** *अक०* हाथ-पैर समेट कर बैठना या लेटना।

**घुसरा** *पु०* मछली मारने के औजार को मेंड़ के पास पानी में छिपा देने की स्थिति।

**घुसल** *अक०* घुसना।

**घुसवटल** *सक०* घूँसा मारना।
**घुसिआइल** *अक०* भीड़ में घुस जाना।
**घुहुरावल** *सक०* किसी अन्न को बहुत साधारण ढंग से कूटना।
**घूँघट** *पु०* साड़ी का वह भाग, जिससे औरतें अपना मुँह ढँक लेती हों।
**घूँघर** *पु०* बालों का छल्ला।
**घूँघरी** *पु०* नूपुर।
**घूँट** *पु०* तरल पदार्थ की थोड़ी मात्रा।
**घूँचा** *पु०* दूध दूहने का मिट्टी का बर्तन।
**घूँटल** *सक०* घूँट को गले के नीचे उतारना।
**घूँठ** *पु०* घुट्ठी का संक्षिप्त रूप।
**घूँड़ी** *स्त्री०* कपड़े का हाथ से बनाया गोल बटन।
**घूआ** *पु०* भुट्टे के ऊपर का केश जैसा गुच्छा, मोंचा।
**घूघ** *स्त्री०* स्त्रियों द्वारा आँचल से मुख पर डाला गया पर्दा, घूँघट।
**घूटल** *अक०* श्वास का अवरुद्ध होना।
**घून** *पु०* अनाज में लगने वाला छोटा कीड़ा।
**घून्ना** *वि०* जो अपने मनोवेगों को दबा कर रखता है।
**घूमल** *अक०* भ्रमण करना।
**घूर** *पु०* कूड़े-कचरे का ढेर; अलाव; कौड़ा।
**घूरल** *अक०* वापस होना; किसी की ओर गौर से ताकना। *उदा०* 'देखऽ बाकिर, घूरऽ मत'।
**घूरा** *पु०* कउड़ा।
**घूलल** *अक०* फल का पककर मुलायम और पिलपिला हो जाना।
**घूस** *पु०* वह द्रव्य, जो किसी अधिकारी को अनुकूल करने-कराने के लिए दिया जाता है, उत्कोच। *वि०* घुसहा, घूसखोर।
**घूसल** *अक०* प्रवेश करना, घूसना।
**घूसा-घूस्सा** *पु०* बँधी हुई मुट्ठी के अँगूठे की ओर से मारने की स्थिति।
**घेंकुआर** *पु०* एक प्रकार का बहुत मोटे पत्तों वाला पौधा, जो औषधि के काम में आता है; घृतकुमारी।
**घेंकुचल** *अक०* सिकुड़ना; वस्त्र में शिकन पड़ना।
**घेंकुरल** *अक०* किंकुरना, सिमटना।
**घेंघ** *पु०* दे० 'घेंघा'।
**घेंघा** *पु०* घेंघा, आयोडीन की कमी से गोलाकार ग्रंथि सम्बन्धी रोग; गलगण्ड।
**घेंच** *पु०* गर्दन।
**घेंचुराइल** *पु०* सिकुड़ना।
**घेंट** *स्त्री०* गर्दन, टेटुआ।
**घेंटारी** *वि०* छोटी गर्दन वाला, छोटी गर्दन वाला बदमाश व्यक्ति।
**घेंपल** *सक०* खाना (व्यंग्य)।
**घेंव-घेंव** *क्रि०वि०* धीरे-धीरे।
**घेंवड़ा** *पु०* एक प्रकार की सब्जी।
**घेंवर** *पु०* एक प्रकार की मिठाई।
**घेघ** *पु०* गले के मोटा होने की बीमारी, घेंघा। *वि०* घेघाह, घेरना।
**घेघा** *पु०* गलगण्ड।
**घेर** *पु०* कुर्ता आदि कपड़े के बीच की गोलाई।
**घेरल** *सक०* रोकना, घेरना।
**घेरवटल** *सक०* चारों तरफ से घेरे रहना।
**घेरवट्टा** *पु०* घेरे रहने का भाव।
**घेरा** *पु०* किसी वस्तु द्वारा चारों तरफ से घेरे जाने का भाव; हाता, मण्डल।
**घेराइल** *सक०* चारों तरफ से घिर जाना।
**घेराई** *स्त्री०* दे० 'घिराई'।
**घेराव** *पु०* लोगों द्वारा किसी व्यक्ति को चारों ओर से घेरे रहने का काम।
**घेरावा** *पु०* चारदीवारी से घिरी जगह।
**घोंइँस** *पु०* घूँस, चूहे की जाति का बड़ा जीव।

**घोंकल** *सक०* पानी एवं अन्य तरल पदार्थ को हाथ से चलाकर गँदला करना।

**घोंघड़ी** *स्त्री०* एक कीड़ा।

**घोंघा** *पु०* शंख की आकृति का एक जलीयजन्तु। *उदा०* 'घोंघा काना दोसर डाबर, थारू काना दोसर देस।' लोक०। *वि० मूर्ख।*

**घोंघी** *स्त्री०* आकार में छोटा घोंघा; वर्षा से बचने के लिए कम्बल के ऊपरी छोर को बाँधकर बनाई गई ओढ़नी।

**घोंचहा** *वि०* आगे की ओर निकलकर घूमें हुए सींग वाला (बैल)।

**घोंचा** *पु०* घुटने के विपरीत भाग का गड्ढ़ा, जहाँ पैर मोड़ा जाता है; दूध दूहने का मिट्टी का बर्तन।

**घोंचाह** *वि०* टेंढ़ा।

**घोंट** *पु०* एक बार में गले से नीचे उतरनेवाली तरल पदार्थ की मात्रा; घूँट।

**घोंटल** *सक०* निगलना; भाँग को पीसकर पीनेयोग्य बनाना; किसी बात को बार-बार कहते रहना।

**घोंपल** *सक०* चुभाना, घुसेड़ना।

**घोंपा** *पु०* बाजरे का फूल।

**घोंपी** *स्त्री०* भीतर की ओर घुसा हुआ भाग। *यौ०* घोंपा-घोंपी (सम्भोग का व्यंग्यार्थक)।

**घोखल** *सक०* किसी पाठ को याद करने के लिए उसे बार-बार दुहराना, रटना।

**घोघ** *पु०* गले के नीचे लटकी हुई थैली।

**घोघरल** *अक०* सूजन होना।

**घोघराह** *वि०* जो देखने में सूजा हुआ लगता हो।

**घोघसा** *पु०* गेहूँ आदि अन्नों के दानों के ऊपर का आवरण या भूसा; दानासहित भूसा।

**घोघिआइल** *अक०* क्रोध की मुद्रा में बोलना।

**घोघी** *स्त्री०* कम्बल को इस प्रकार चूनकर बाँधने की स्थिति जिससे वर्षा से रक्षा हो सके।

**घोठा** *पु०* वह स्थान, जहाँ मवेशियों के रहने की व्यवस्था रहती है।

**घोड़कंधा** *वि०* घोड़े के कन्धे के समान ऊँचे कन्धे वाला (बैल)।

**घोड़करइत-घोरकरहत** *पु०* एक प्रकार का काले रंग का विषैला साँप।

**घोड़गाजर** *पु०* गाजर की एक बड़ी जाति, जो मवेशियों के खाने के काम में आती है।

**घोड़जीभा** *वि०* घोड़े के समान सफेद जीभवाला (बैल)।

**घोड़दउड़** *स्त्री०* विवाह के अवसर पर या बाजी जीतने के लिए घोड़ों की दौड़।

**घोड़परास** *पु०* हिरन की लम्बी टाँग वाली एक जाति, जिसे सींग नहीं होती है; नीलगाय।

**घोड़भाँज** *पु०* मकान में लगाने के लिए लोहे की छड़, जो मोड़ कर घोड़े की आकृति की बनाई रहती है।

**घोड़वा-घोड़िया** *स्त्री०* वह रस्मी गीत जो विवाह के अवसर पर वर के घोड़े पर चढ़ने के समय गाया जाता था।

**घोड़सार** *स्त्री०* वह स्थान, जहाँ घोड़ा बाँधा जाता है; अस्तबल।

**घोड़ा** *पु०* सवारी में काम आने वाला या टमटम खींचने वाला एक जानवर; बन्दूक का वह हिस्सा, जिसे खींचने से उसमें भरे हुए टोंटे से गोली दगती है; छाते में लगी लोहे की कमानी, जिसके सहारे उसे ताना या समेटा जाता है। *स्त्री०* घोड़ी। *लोक०* 'घोड़ा के लात, अदमी के बात'।

**घोड़ा-गाड़ी** *स्त्री०* वह गाड़ी, जिसे घोड़ा खींचता है।

**घोड़िया** *स्त्री०* छप्पर की बोझ को रोकने के लिए खम्भा, जिसमें काँधा बना रहता है।

**घोदुआ** *पु०* सियार।

**घोनसार-घोनसारी** *स्त्री०* वह जगह, जहाँ भड़भूजा अन्नों को भूँजने का व्यवसाय करता है।

**घोपल** *सक०* किसी नुकीली वस्तु को चुभाना।

**घोर** *वि०* भीषण, भयंकर, अधम।

**घोरमट्ठा** *पु०* गड़बड़ी; मिश्रण, मिलावट।

**घोरल** *सक०* किसी वस्तु को पानी या अन्य पदार्थ में मिलाना, घोलना।

**घोरुआ** *वि०* पानी डालकर पतला बनाया हुआ (सत्तू)।

**घोली** *स्त्री०* बाजार में ठीकेदार द्वारा दूकानदारों से मुफ्त में ली गई सागसब्जी आदि, घलुआ।

**घोसना** *स्त्री०* घोषणा।

**घोसल** *सक०* किसी बात को बार-बार कहना, चुपड़ना।

**घोसी** *पु०* मुसलमानों की एक जाति, जो दूध का कारोबार करती है; मवेशियों का व्यापार करने वाली मुसलमानों की जाति।

**घोहा** *वि०* झौरा।

**घौंका** *पु०* एक प्रकार का साग।

**घौद** *पु०* फलों का गुच्छा; वह ताड़, जिससे पूरे वर्ष ताड़ी निकले।

**घौर** *पु०* केले के फल का पूरा गुच्छा।

**घौरी** *स्त्री०* घौद उदा० 'काहु गही केरा के घौरी।'

❑

# च

**च** देवनागरी के चवर्ग का प्रथम व्यंजन, जिसका उच्चारण स्थान तालु है।

**चँइट** *वि०* कृपण, कंजूस।

**चँउड़** *पु०* मरे हुए व्यक्ति के सिर की वह हड्डी जिसमें मांस नहीं हो, खोपड़ी की हड्डी।

**चँउस** *पु०* बारीक पीसा हुआ उड़द।

**चंक** *वि०* समूचा।

**चंकुर** *पु०* [सं०] रथ, सवारी, वृक्ष।

**चंक्रमन** *पु०* [सं०] घूमना, टहलना।

**चंग** *वि०* [सं०] स्वस्थ, सुन्दर, चतुर।

**चंग** *स्त्री०* [सं० च: (चाँद) + गम्] गुड्डी।

**चंगा** *वि०* स्वस्थ, नीरोग।

**चंगुल** *पु०* [हिं० चौ (चार) + अंगुल] पकड़, काबू। **-में फँसल** *मुहा०* पकड़ में आना।

**चँगेर** *पु०* चँगेली का बड़ा रूप, जिसमें अधिक अनाज और भूसा रखा जाता है।

**चँगेली** *स्त्री०* बाँस या अरहर की बनी एक प्रकार की छोटी टोकरी।

**चँगोर** *पु०* बोइया।

**चँचरा** *पु०* बाँस की बाती से तैयार किया हुआ टाट।

**चंचल** *वि०* [सं०] चलायमान, अस्थिर; बेचैन, उद्विग्न; नटखट (बच्चा)।

**चंट** *वि०* [सं० चण्ड:] चालाक, धूर्त। *स्त्री०* चंटई।

**चंडाल** *पु०* डोम, श्वपच। *वि०* निर्दयी, कठोर।

**चँड़िआवल** *सक०* किसी को काम करने के लिए प्रेरित करना।

**चंडी** *स्त्री०* देवी का वह रूप, जिससे उसने महिषासुर का वध किया था; कर्कशा स्त्री।

**चंडुल** *वि०* जिसके सिर के बाल झड़ गए हों, गंजा।

**चंडू** *पु०* अफीम का किवाम, जिसे नशे के लिए लेते हैं। **-खाना** *पु०* चंडू पीने का स्थान। **-बाज** *पु०* चंडू पीने वाला। **-खाना के गप** *मुहा०* झूठी बात।

**चंद** *पु०* [सं० चन्द्र:] चन्द्रमा, कपूर।

**चंद** *वि०* [फा०] कुछ, थोड़े से, दो-चार। **-रोज** *पु०* थोड़े दिन। **-रोजा** *वि०* कुछ ही दिन टिकने वाला। **-साला** *वि०* कुछ वर्षों का।

**चंदन** *पु०* [सं०] चन्दन काष्ठ।

**चंदना** *स्त्री०* चन्द्रमा।

**चँदनिया** *पु०* चंदन के रंग जैसा बैल।

**चंदा** *पु०* किसी काम के लिए कई व्यक्तियों से ली गई राशि; उगाही; चन्द्रमा।

**चंपई** *वि०* एक प्रकार का पीला रंग, जो चंपा के फूल के रंग का होता है।

**चँपल** *वि०* किसी भारी या वजनी चीज से दबा हुआ।

**चंपा** *पु०* एक प्रकार का पीले रंग का फूल।

**चंपाकली** *स्त्री०* गले में पहना जाने वाला आभूषण।

**चंपारण** *पु०* [सं० चम्पकारण्य] बिहार के पश्चिमोत्तर छोर का एक जिला, जिसके वनों में चम्पा पाई जाती थी, वर्तमान चम्पारण।

**चंपिया** *पु०* चम्पा फूल के रंग वाला बैल।

**चँराती** *स्त्री०* वह फसल, जिसे पशु चर गया हो।

**चँवर** *पु०* [सं० चामर] नीचे का खेत, जहाँ पानी जमा हो जाता है; सो रही गाय की पूँछ से बना एक पंखा, जो माननीयों को डुलाया जाता है।

**चंसुर** *पु०* एक प्रकार का साग।
**चइत** *पु०* [सं० चैत्र] चैत्र का महीना, बसन्त ऋतु के एक महीने का नाम। *लोक०* 'चइत में सूते भोगी, कुआर सूते रोगी।'
**चइता** *पु०* एक प्रकार का ऋतु गीत, जो चैत के महीने में गाया जाता है, चइतावर, घाँटो। *उदा०* 'घाट छोड़ू बाट छोड़ू भइया सौदागर हो राम हम धनी सिरवा खोलि के नहाइब हो।'
**चइती** *स्त्री०* एक प्रकार का ऋतु गीत, जो चैत के महीने में गाया जाता है। *उदा०* 'कोइली तोरो मीठी बोलिया, सूतल बलमू के जगावे हो रामा।' -लोक०। *वि०* चैत के महीने में तैयार होने वाली (फसल)।
**चइतार** *पु०* चैत के महीने की विशेष स्थिति।
**चइतावर** *पु०* दे० 'चइता'।
**चइला** *पु०* सूखे काठ के चिरे हुए छोटे-छोटे टुकड़े, जो जलावन के काम आता है। *स्त्री०* चइली।
**चइलाइल** *अक०* छिमी वाली सब्जी (सेम आदि) के फल का कड़ा होना।
**चइली** *स्त्री०* पतली फर्री, जलावन।
**चई** *स्त्री०* औषधि के काम आने वाला एक वृक्ष।
**चउ** *वि०* चार को व्यक्त करने वाला संख्यावाचक शब्द, जो किसी शब्द के पूर्व जुड़ जाता है।
**चउअन-चउअन** *वि०* पचास और चार, 54 की संख्या।
**चउअन्नी** *स्त्री०* रुपये के चौथाई भाग का सिक्का, चवन्नी।
**चउआ** *वि०* [हिं० चौवा] ताश की चौथी पत्ती।
**चउआलीस** *वि०* चालीस और चार, 44 की संख्या।
**चउक** *पु०* चार राहों का संगम।
**चउकठ** *पु०* लकड़ी का वह ढाँचा, जिसमें किवाड़ के पल्ले लगते हैं।
**चउकड़ी** *स्त्री०* चार का समूह; छलाँग, कुदान।
**चउकन्ना** *वि०* सतर्क।
**चउकल** *सक०* अनाज के ढेर को गोलाकार बनाना।
**चउकस** *वि०* सतर्क, सावधान।
**चउका** *पु०* भोजन बनाने की जगह, रसोईघर; यज्ञादि शुभ कार्यों में यज्ञकर्ता के बैठने के स्थान पर बनाई गई पीले चावल की अल्पना। **-पूरल** *सक०* चौकोर चित्र बनाना, जिस पर बैठकर मांगलिक कार्य होता है।
**चउकी** *स्त्री०* चौकी।
**चउकीदार** *पु०* पहरेदार, रखवाला। *स्त्री०* चउकीदारी, चौकीदार का काम करने का भाव।
**चउकेठल** *अक०* इर्द-गिर्द घूमना।
**चउखट** *स्त्री०* चौखट।
**चउखुट्टा** *वि०* चारों माथ से बराबर खेत।
**चउगिरदा** *क्रि०वि०* चारों तरफ।
**चउठा** *वि०* [हिं०] चौथा।
**चउठापन** *पु०* जीवन की चौथी अवस्था।
**चउठारी** *स्त्री०* यज्ञ का चौथा दिन, शुभ विवाह का चौथा दिन।
**चउठिया** *वि०* खेत जोतने के बाद उसमें चार बार दिया गया हेंगा।
**चउठी** *स्त्री०* कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चौथी तिथि; चौथ, चतुर्थी।
**चउड़ी** *स्त्री०* बिच्छी के खेल में जमीन पर बनाया गया चौथा खाना।

**चउतरफा** *क्रि०वि०* चारों तरफ।
**चउतरा** *पु०* ऊँची बनाई हुई चौरस जगह, जिस पर बैठा जाता है—चबूतरा।
**चउतार** *पु०* चारों तरफ पाढ़ वाली साड़ी।
**चउताल** *पु०* बारह (12) मात्राओं का एक ताल जो मुख्यत: पखावाज पर बजाया जाता है। (गीत और वाद्य)।
**चउतीस** *वि०* [हिं० चौंतीस] तीस और चार।
**चउदंत** *वि०* चार दाँत वाला हृष्ट-पुष्ट बैल।
**चउदह** *वि०* दस और चार; 14 की संख्या।
**चउधान** *पु०* ऐसा धान, जिसमें अनेक किस्म के धान मिले हों, गबड़ा।
**चउधुरी** *पु०* मुस्लिम शासकों द्वारा दी गई उपाधि; किसी जाति का सरदार।
**चउपट** *वि०* नष्ट-भ्रष्ट, बेकार।
**चउपनिया** *वि०* कागज के ताव को मोड़ देने पर उससे चार पन्ने बनने की स्थिति।
**चउपहल** *वि०* जिसके चार पहल हों, वर्गात्मक।
**चउपाई** *स्त्री०* सोलह मात्राओं का एक छन्द। *उदा०* 'मंगल भवन अमंगल हारी। द्रवहु सो दसरथ अजिर बिहारी॥'
**चउपार** *पु०* दे० 'चंपारण'।
**चउपारन** *पु०* [सं० चम्पकारण्यम्] बिहार का एक पश्चिमोत्तर जिला, चम्पारण।
**चउपाल** *पु०* वह सार्वजनिक स्थान, जहाँ लोग एकत्रित होते और राय-विमर्श करते हैं।
**चउपेतल** *सक०* चारों तरफ से मोड़ना।
**चउपेतवावल** *पु०* चउपेतने का काम दूसरे से कराना।
**चउफेरा** *क्रि०वि०* चारों तरफ।
**चउबगला-चउबगली** *पु०* कुर्ते में बगल की ओर का भाग। *वि०* चारो ओर का।
**चउबट्टी** *पु०* ऐसी जगह, जहाँ पर चार रास्ते मिलते हों।
**चउबन्हा** *पु०* जिसमें चार बन्धन हों।
**चउबरधी** *वि०* चार बैलों द्वारा खींचा जाने वाला (हेंगा)।
**चउबाई** *स्त्री०* चारों ओर से बहने वाली हवा; चौबाई।
**चउबारा** *क्रि०वि०* चौथी बार।
**चउबीस** *वि०* चार और बीस।
**चउबे** *पु०* [सं० चतुर्वेदी] ब्राह्मणों की एक उपाधि। *स्त्री०* चउबाइन।
**चउरंगी** *स्त्री०* गठिया की वह बीमारी, जो पैरों के प्रत्येक गाँठ में हो।
**चउरंच** *पु०* प्रपंच। *वि०* प्रपंची।
**चउर** *वि०* कड़ी मिट्टी वाला (खेत), अटियार।
**चउरठ** *पु०* [सं० चावल + चूर्ण] पीसा हुआ चावल, चावल का चूर्ण।
**चउरल** *सक०* चारों तरफ से बाँधना।
**चउरवावल** *पु०* किसी दूसरे व्यक्ति से मवेशी को बँधवाना।
**चउरस** *वि०* बराबर, समतल (जमीन)।
**चउरा** *पु०* चबूतरा।
**चउरानबे** *वि०* नब्बे और चार। 94 की संख्या।
**चउरासी** *वि०* अस्सी और चार। 84 की संख्या।
**चउराहा** *पु०* चार रास्तों का संगम-स्थल।
**चउरी** *स्त्री०* खेती की ऐसी जमीन, जो अधिक गहरी नहीं हो।
**चउल** *पु०* मजाक, हँसी-दिल्लगी।
**चउसठ** *वि०* साठ और चार। 64 की संख्या।
**चउहान** *पु०* [हिं० चौहान] राजपूतों की एक उपाधि।

**चउमास** *पु०* [सं० चातुर्मास्यम्] वर्षाकाल के आषाढ़ से आश्विन तक के चार महीने की अवधि। **-चउमास छोड़ल** *मुहा०* वर्षा में खेत को जोत कर छोड़ देना।

**चउमासा** *पु०* वर्षा ऋतु में गाया जाने वाला वह गीत, जिसमें इस ऋतु के वर्णन के साथ प्रेम और विरह का भी वर्णन रहता है।

**चउमुहानी** *स्त्री०* वह जगह, जहाँ पर चार रास्ते आकर मिलते हैं।

**चक** *पु०* चकवा, जमीन का बड़ा खण्ड, छोटा गाँव, पुरवा। **-चाल** *स्त्री०* चक्कर। **-डोर** चकई की डोरी। **-बंदी** *स्त्री०* जमीन का बड़े-बड़े टुकड़ों में बँटवारा।

**चकइठ** *वि०* मोटा और नाटा व्यक्ति।

**चकई** *स्त्री०* मादा चकवा, मादा सुरखाब।

**चकचकाइल** *अक०* चमकाना, चौंधियाना।

**चकचोन्हर** *वि०* जिसकी आँख चकाचौंध हो जाती हों; मूर्ख व्यक्ति।

**चकड़चाल** *पु०* षड्यन्त्र, साजिश।

**चकती** *स्त्री०* पेवन, पैबन्द।

**चकनबाय** *पु०* अंग के फड़कने के साथ शरीर में उठने वाले दर्द।

**चकनाचूर** *वि०* जो टूटकर चूर-चूर हो गया हो।

**चकमक** *वि०* चकित।

**चकमा** *पु०* धोखा।

**चकराइन** *अक०* सिर घूमना।

**चकरी** *स्त्री०* चौकी; गुड़ का बड़ा पिण्ड।

**चकला** *पु०* रोटी बेलने का पाटा; बड़ा भूखण्ड; वेश्याओं का बाजार।

**चकली** *स्त्री०* गड़ारी।

**चकल्लस** *पु०* झंझट, कठिनाई; आनन्द।

**चकवँड़** *पु०* एक बरसाती पौधा, जिसकी पत्तियाँ दवा के रूप में प्रयुक्त होती हैं।

**चकवा** *स्त्री०* एक पंछी, जो जाड़े में जलाशयों के किनारे पाए जाते हैं, जिसके सन्दर्भ में कहा जाता है कि रात में उसका बिछड़न अपनी मादा से हो जाता है और नदी के दोनों तीर से दोनों ही आवाज लगाते हैं।

**चकवार** *पु०* बोझों का वृत्ताकार ढेर।

**चकवाह** *पु०* दे० 'चकवा'।

**चका** *पु०* फार का हिस्सा, जो बेंट के अन्दर घुसा रहता है।

**चकाचक** *वि०* चमकदार, खूब स्वच्छ, तर-बतर।

**चकाचौंध** *स्त्री०* तीव्र प्रकाश से आँख का झपकना, हैरानी।

**चकाबू** *पु०* चक्रव्यूह।

**चकार** *पु०* [सं०] सहानुभूतिसूचक शब्द 'च' अक्षर।

**चकित** *वि०* दंग, घबराया हुआ,।

**चकिया** *पु०* किसी गाँव के नाम के अन्त में जुड़ा हुआ शब्द जैसे तिनारी चकिया।

**चकोटल** *सक०* चिकोटी काटना, बकोटना।

**चकोड़ा** *वि०* शरारती।

**चकोतरा** *पु०* एक तरह का बड़ा नीबू।

**चकोता** *पु०* एक चर्म रोग।

**चकोर** *पु०* [सं०] एक पक्षी, जो चन्द्रमा का प्रेमी माना जाता है।

**चकोरी** *स्त्री०* [सं०] मादा चकोर।

**चकोह** *पु०* पानी का भँवर।

**चक्क** *पु०* बड़ा खेत।

**चक्कर** *पु०* चाक, चक्र, घेरा। **-दार** *वि०* घुमाव, पेंच। **-काटल** *मुहा०* भटकना। **-मारल** *मुहा०* चक्कर लगाना।

**चक्कस** *पु०* अड्डा।

**चक्का** *पु०* पहिया; करा।

**चक्की** *स्त्री०* किसी वस्तु को पीसने या दलने वाला पत्थर का जाँता।
**चख** *स्त्री०* [फा०] बैर, तकरार।
**चख-चुख** *स्त्री०* नोकझोंक, झगड़ा।
**चचरा** *पु०* बाँस की फट्टी का बना मचान।
**चचा** *पु०* बाप का भाई।
**चचिया** *वि०* चचेरा।
**चची** *स्त्री०* चाचा की स्त्री।
**चचेरा** *वि०* चाचा से उत्पन्न।
**चचोड़ल** *सक०* दाँतों से दबा कर चूसना।
**चट** *स्त्री०* टूटने की आवाज, चाटने का भाव।
**चट** *पु०* दाग; पटसन, टाट। **-कल** *स्त्री०* पटसन की चीजों को बनाने वाली फैक्टरी।
**चटक** *वि०* गाढ़ा, चटकीला।
**चटकदार** *वि०* विशेष रंग, रंगीन, अच्छा लगने वाला; खुलता, शोख, भड़कीला।
**चटकन** *पु०* थप्पड़, झापड़, चमेटा; लप्पड़ मारने के लिए प्रयुक्त हथेली।
**चटक-मटक** *यौ०* अच्छे स्वाद का नमकीन, स्वादिष्ट भोज्य पदार्थ।
**चटकनी** *स्त्री०* किवाड़ बन्द करने की कुण्डी।
**चटकल** *अक०* बिना अलग हुए टूटने की स्थिति में हो जाना।
**चटकार** *वि०* चटपटा, तीक्ष्ण, गाढ़े रंग वाला; खट्टा नमकीन एवं मिर्च-मसाले के स्वाद।
**चटकाहट** *स्त्री०* चटकने का भाव।
**चटकी** *वि०* भिखमंगे द्वारा प्रयुक्त एक प्रकार का काठ का बाजा; धूर्ततापूर्ण कार्य।
**चटकीला** *वि०* चटकदार।
**चटकुनी** *स्त्री०* चटाई का टुकड़ा, छोटी चटाई, जो बैठकर पूजा-पाठ करने के काम आती है, आसनी।
**चटकोरा** *पु०* बालकों का एक खिलौना।
**चटकोहा** *पु०* पटकी।
**चटखारा** *पु०* खाते समय जीभ के तालु से लगने से उत्पन्न आवाज। **-भरल** *मुहा०* स्वाद लेकर खाना।
**चटचटाइल** *अक०* 'चटचट' की आवाज से टूटना, चिपकना।
**चटना** *पु०* चटोर, स्वाद-लोलुप।
**चटनी** *पु०* अनेक प्रकार के मिर्च-मसाले से बना खट्टा भोज्य पदार्थ; चाटने की चीज, अवलेह।
**चटपट** *स्त्री०* शीघ्र, जल्दी।
**चटपटाइल** *अक०* किसी स्वादिष्ट भोज्य पदार्थ को खाने के लिए मुँह में एक विशेष प्रकार की हलचल होना।
**चटल** *अक०* कुआँ के पानी का समाप्त होना।
**चटाई** *स्त्री०* घास पुआल का बना बिछावन।
**चटाक** *पु०* चोट देने पर उससे निकली आवाज।
**चटा-चट** *क्रि०वि०* अति शीघ्रतापूर्ण।
**चटावन** *पु०* दूहने के पूर्व मवेशियों को दिया गया दाना; घूस; बच्चे को पहले पहल अन्न चटाना, अन्नप्राशन।
**चटिया** *पु०* चेला, विद्यार्थी।
**चटी** *स्त्री०* चट्टी।
**चटु** *पु०* [सं०] चापलूसी। **-कार** *वि०* खुशामदी।
**चटुल** *वि०* [सं०] चंचल, सुन्दर।
**चटोर** *पु०* खाने का लोभी, जीभचटोर, लोलुप, लोभी।
**चटोरा** *वि०* स्वाद लोलुप, लोभी।
**चट्ट** *वि०* चाट-पोंछकर, खाया हुआ।
**चट्टा** *पु०* कमी, अभाव; चेला, मैदान।
**चट्टी** *स्त्री०* पटसन से तैयार की गई वस्तु, जो मवेशियों के ओढ़ने के काम आती है;

गाँव के नाम से जुड़ा हुआ शब्द, स्थान-बोधक। *उदा०* भगवान चट्टी, दूबे चट्टी।
**चट्टू** *वि०* चटोरा।
**चठइल** *पु०* खेखसा।
**चढंती** *स्त्री०* बढ़ोत्तरी, प्रगति; धनरोपा का एक प्रकार का गीत, जो मध्याह्न के पूर्व गाया जाता है। *उदा०* 'गोरी का एड़िअन सोहेला महावर, नयना रे सोहेला कजरा'।
**चढ़नदार** *पु०* मुस्तैद।
**चढ़ना** *पु०* पके पत्तों पर पड़ी चित्तियाँ।
**चढ़बाँक** *वि०* चढ़ने वाला, पति पर रोब गाँठने वाली स्त्री।
**चढ़ल** *अक०* नीचे से ऊपर जाना।
**चढ़ाँव** *पु०* चढ़ने का भाव, चढ़ाई। *अक०* चढ़ल, *सक०* चढ़ावल।
**चढ़ाव-उतार** *पु०* ऊपर-नीचे चढ़ने-उतरने का भाव।
**चढ़ावल** *सक०* देवता को कोई पदार्थ पूजा के समय अर्पित करना; किसी को झगड़े के लिए बढ़ावा देना, उसकाना।
**चढ़ावा** *पु०* पूजा में देवताओं पर चढ़ाई जाने वाली सामग्री।
**चढ़ैत** *पु०* चढ़ने वाला।
**चतरंग** *पु०* चतुरंग।
**चतरभंग** *पु०* बैलों का एक ऐब।
**चतरभंगा** *वि०* चतरभंग दोष वाला।
**चतरा** *पु०* झुलसा।
**चतुर्** *वि०* [सं०] चार। *पु०* चार की संख्या। **-आनन** *पु०* ब्रह्मा। **-आश्रम** *पु०* ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ, वानप्रस्थ, संन्यास। **-दस** *पु०* चौदह की संख्या। **-दसी** *स्त्री०* चौदहवीं तिथि। **-धाम** *पु०* चारो धाम। **-वेद** *पु०* ऋक्, यजु, साम, अथर्व-चार वेद।
**चदर** *पु०* ओढ़ने का वस्त्र।
**चदरा** *स्त्री०* लोहे के पत्तर का बना हुआ लम्बा चौड़ा और पतला टुकड़ा।
**चदरिया** *स्त्री०* दे० 'चद्दर'।
**चद्दर** *स्त्री०* कपड़े का लम्बा-चौड़ा टुकड़ा, जो बिछाने या ओढ़ने के काम आता है, चादर।
**चनइली** *स्त्री०* वह भैंस, जिसके सिर पर सफेद बाल हो।
**चनऊ** *पु०* कुर्मी वर्ग की एक जाति।
**चनक** *पु०* चना।
**चनकबाय** *पु०* अंग के फड़कने के साथ शरीर में होने वाला दर्द।
**चनकल** *अक०* चिटकना, दरकना।
**चनन** *पु०* चन्दन।
**चनरमा** *पु०* चाँद, चन्द्रमा।
**चनरहार** *पु०* स्त्रियों के गले का एक आभूषण, चन्द्रहार।
**चनवा** *पु०* चँदोवा।
**चनवाह** *पु०* सिरदर्द, जो सूर्य के उदय के साथ शुरू होता है, अधकपारी।
**चुनसुर** *पु०* एक प्रकार का साग, जिसका दाना औषधि के रूप में व्यवहृत होता है।
**चना** *पु०* [सं० चणक] बूँट। *लोक०* 'चना चितरा चौगुना स्वाती गोहूँ होय।'
**बस** *अव्य०* [फा०] पर्याप्त काफी, केवल।
**बसइठा** *पु०* बाँस का मोटा टुकड़ा।
**बसगीत** *पु०* घर बनानेयोग्य भूमि।
**बसती** *स्त्री०* जहाँ लोग रहते हों, बस्ती।
**बसरी** *स्त्री०* एक प्रकार की मछली।
**बसल** *अक०* रहना, मेला में डेरा डालना।
**बसहा** *पु०* जटा वाला बैल।
**बस्ता** *पु०* कागज-पत्र आदि रखने के लिए कपड़े का टुकड़ा; झोला।
**बसाइल** *अक०* गन्ध देना, दुर्गन्धि देना।
**बसावल** *सक०* रहने के लिए भूमि देना, निवास करने देना। *उदा०* 'बसाव सहर का और खेत नहर का'। फैलेन
**बसिआ** *वि०* बासी भोज्य-पदार्थ। *उदा०* 'बसिआ बचे न कुत्ता खाये'।

**बसिआ खिआई** *पु०* कुँवर कलेऊ; कलेवा के समय वर को दिया जाने वाला उपहार।
**बसीऔरा** *वि०* बासी।
**बसीना** *पु०* रहने वाला, निवासी। वाशिन्दा।
**बसुगीत** *पु०* वह स्थान, जहाँ लोग बसते हों, निवास-भूमि।
**बसुधारा** *पु०* बसोधारा, विवाह-संस्कार का एक अनुष्ठान।
**बसूँला** *पु०* लकड़ी छिलने या गढ़ने का लोहे का एक औजार। *उदा०* 'बसूँला अइसन मुँह आ रूखानी अइसन गोड़'।
**बसेड़** *पु०* निवास, ठहराव, टिकने का स्थान।
**बहँगी** *स्त्री०* कन्धे से सामान ढोने का एक साधन।
**बहंतु** *वि०* व्यर्थ घूमता-फिरता।
**बह** *पु०* किसी पौधे की जड़ से निकला तन्तु, जो पीछे पौधा हो जाता है।
**बहकल** *अक०* सही रास्ते को छोड़कर अन्य ओर जाना।
**बहखर** *वि०* हल खींचने में समर्थ बैल।
**बहगुना** *पु०* चौड़े मुँह का गहरा बर्तन।
**बहत्तर** *वि०* [सं० द्विसप्ततिः] सत्तर और दो।
**बहनी** *स्त्री०* बहने का भाव।
**बहनोई** *पु०* बहन का पति।
**बहमा** *पु०* अफवाह।
**बहर** *पु०* कारोबार।
**बहरखाल** *वि०* बदचलन।
**बहरल** *अक०* घर से बाहर निकलना या निकल जाना।
**बहरवासू** *वि०* जो बाहर रहता हो।
**बहरा** *पु०* बाहर, शौच के लिए स्त्रियों का रात में बाहर निकलने के लिए प्रयुक्त शब्द।
**बहरिआ** *पु०* बुहारने से प्राप्त अन्न।
**बहरिआवल** *सक०* बाहर करना।
**बहरुपिया** *स्त्री०* नाच या तमाशा से अनेक रूप दिखलाने वाला व्यक्ति।
**बहल** *अक०* प्रवाहित होना।
**बहलखाना** *पु०* बैलों के रहने की जगह।
**बहलल** *अक०* मनोरंजन होना।
**बहलवान** *पु०* बैलगाड़ी को हाँकने वाला व्यक्ति।
**बहलावल** *सक०* वाद-विवाद, तर्क या दलील उपस्थित करने का काम।
**बहसल** *अक०* बहकना, मन बढ़ना।
**बहादुर** *वि०* वीर, फुर्तीला।
**बहादुराना** *वि०* [फा०] वीरोचित।
**बहादुरी** *स्त्री०* वीरता।
**बहाना** *पु०* [फा०] किसी बात या काम से बचने के लिए झूठी बात कहना।
**बहार** *पु०* [फा०] आनन्द, मौज, मजा, मनोरंजन।
**बहारन** *पु०* झाड़ू देने के बाद निकला कूड़ा।
**बहारनी** *पु०* एक तरह का महीन धान।
**बहारल** *सक०* झाड़ू लगाना। *उदा०* 'बहारल देखी लीपल अइसन लीपल देखीं चनन अइसन'।
**बहाल** *वि०* [फा०] नियुक्ति; हृष्ट-पुष्ट।
**बहाव** *पु०* धारा या प्रवाह।
**बहावल** *सक०* प्रवाहित करना; तरल पदार्थ को गिराना।
**बहासी** *स्त्री०* एक प्रकार का सफेद मोटा धान।
**बहिंगा टाँड़ी** *स्त्री०* एक प्रकार का धान।
**बहिनउर** *पु०* घर या गाँव, जहाँ बहन ब्याही गई हो।
**बहिन दमाद** *पु०* बहन की पुत्री का पति।
**बहिनपा** *पु०* किसी स्त्री द्वारा किसी स्त्री से मैत्री करना, बहन-सा सम्बन्ध।

**बहिनबेटा** *पु०* बहन का बेटा।

**बहिना** *स्त्री०* बहन के लिए सम्बोधन-सूचक शब्द। *उदा०* 'बहिना के घर भाई कुक्कुर'।

**बहिनी** *स्त्री०* स्त्रियों द्वारा नाता या उम्र में समान स्त्री के लिए प्रयुक्त सम्बोधन।

**बहियाँ** *पु०* साथी, संगी।

**बहिया** *पु०* बाढ़।

**बहियार** *पु०* गाँव के बाहर की जमीन।

**बहिर** *वि०* बहरा। *उदा०* 'बहिर अकाल, दुनिया अकाल'।

**बहिराठ** *वि०* बहिर।

**बहिलंठ** *स्त्री०* बाँझ, बन्ध्या।

**बहिला** *स्त्री०* गर्भ न धारण करने वाली।

**बही** *स्त्री०* [हिं० बंधी] हिसाब-किताब लिखने की जिल्द बाँधी लम्बी पुस्तक। **-खाता** *पु०* हिसाब की बहियाँ।

**बहुँटा** *पु०* बाँह का एक गहना।

**बहु** *वि०* [सं०] बहुत, ज्यादा। **-बल** *वि०* अति बली। **-भाग्य** *वि०* बड़भागी। **-भाषी** *वि०* बहुत बोलने वाला। **-भुजा** *स्त्री०* दुर्गा। **-भोग्या** *स्त्री०* वेश्या। **-भोजी** *वि०* पेट। **-मूत्र** *वि०* मधुमेह (सुगर)। **-रंगी** *वि०* बहुरुपिया। **-रूपिया** *वि०* अनेक रूप धारण करने वाला **-विवाह** *पु०* कई औरतों से विवाह करना।

**बहुआर** *पु०* लस्सेदार फलवाला एक पेड़ और उसकी लकड़ी।

**बहुत** *वि०* [सं० बहुतर] अनेक, ज्यादा। *उदा०* 'बहुत भोग बहुत रोग'। *अव्य०* अधिक मात्रा में। **-अच्छा** = बेहतर। **-कुछ** = काफी।**-खूब** = बहुत अच्छा।

**बहुरिया** *स्त्री०* दुलहिन।

**बहुवंश** *पु०* अयोग्य सन्तान, मूर्ख आदमी।

**बहुवाचक** *पु०* विभिन्न तरह से ऊँच-नीच बात करने वाला।

**बहुमत** *पु०* किसी विषय पर अधिक व्यक्तियों की सहमति।

**बहुरँवत** *पु०* विवाह के बाद वर-कन्या पक्ष से एक-दूसरे के यहाँ भेजी गई मिठाई-फल आदि।

**बहुरल** *अक०* वापस लौटना, फिर आना।

**बहुरा** *पु०* भादो कृष्ण चौथ का व्रत।

**बहुरिआ** *स्त्री०* बहू, वधू, नवविवाहिता स्त्री।

**बहुरी** *स्त्री०* अधपका भूना हुआ अन्न, भूजा।

**बहूँटा** *पु०* बाँह का गहना।

**बहू** *स्त्री०* [सं० वधूः] पतोहू। *उदा०* 'बहू न बेटा अपने पेटा', लोको०

**बहेंग** *पु०* लोक-कथाओं में चर्चित एक पक्षी।

**बहेंगवा** *पु०* मवेशियों की पूँछ का एक रोग।

**बहेंड़** *वि०* इधर-उधर व्यर्थ घूमते रहने वाला व्यक्ति; एक प्रकार का पौधा।

**बहेड़ा** *पु०* एक वृक्ष, जिसका फल औषधि के काम में आता है।

**बहेरुआ** *वि०* इधर-उधर व्यर्थ घूमने वाला।

**बहेल** *वि०* व्यर्थ घूमने वाला, फालतू।

**बहेला** *पु०* एक प्रकार का मछली मारने का जाल।

**बहोरनी** *स्त्री०* एक प्रकार का लम्बा उजला धान।

**बहोरल** *सक०* दे० 'बहुरल'।

**बहोरी** *क्रि०वि०* पुनः, फिर फिर।

**बाँए** *क्रि०वि०* बायीं ओर, बायीं तरफ।

**बाँक** *पु०* बाँह का एक गहना; टेढ़ापन।

**बाँकठा** *पु०* उपेक्षित होने के कारण नष्ट फसल।

**बाँकड़ा** *वि०* वीर, साहसी।
**बाँकपन** *पु०* टेढ़ापन।
**बाँका** *वि०* छैला, सुन्दर, बहादुर।
**बाँग** *पु०* कपास, कच्ची रूई। *स्त्री०* [फा०] आवाज, बोली।
**बाँगड़** *वि०* मूर्ख, देहाती, असभ्य।
**बाँगर** *पु०* बालूमिली पीले रंग की मिट्टी; वह भूमि-खण्ड, जहाँ बाढ़ न आवे।
**बाँगा** *पु०* कपास का डण्ठल; वन।
**बाँगुर** *वि०* जिसकी अँगुलियाँ छोटी और टेढ़ी हों, ऐसा व्यक्ति; *पु०* एक मछली।
**बाँचल** *अक०* बचना, मुक्त रहना; पढ़ना।
**बाँझ** *वि०* जिससे सन्तान पैदा नहीं होती है। *उदा०* 'बाँझ का जाने परसवती के पीरा'।
**बाँझी** *स्त्री०* वृक्षों की डाली पर लगने वाला लाल फूल; वृक्षों की एक बीमारी; पइया।
**बाँट** *पु०* विभाजन, बँटवारा। -**बूँट** *स्त्री०* हिस्सा बखरा।
**बाँटल** *सक०* बाँटना, विभाजन करना। *उदा०* 'बाँटल भाई पड़ोसिया'।
**बाँटी** *स्त्री०* सामूहिक शिकार में भाग लेने वालों का हिस्सा।
**बाँड़** *वि०* कृपण; बदमाश; पूँछविहीन पशु; दो नदियों के संगम के बीच की जमीन।
**बाँड़ा** *वि०* पूँछविहीन पशु; असहाय।
**बाँड़ी** *स्त्री०* छोटा रंगीन डण्डा, जिसे ताल के लिए बजाते हैं।
**बाँद** *पु०* टहलू, दास; बन्धन, फन्दा।
**बाँदर** *पु०* बन्दर।
**बाँदा** *पु०* एक तरह का पौधा, जो आम आदि के वृक्षों में लगकर उनके रस से हरा-भरा रहता है।
**बाँदी** *स्त्री०* लौंड़ी।
**बाँदू** *पु०* बन्दी, बन्धुआ।
**बाँध** *पु०* मेड़, बन्द; पानी रोकने हेतु लगाई गई ऊँची मेड़।
**बाँधल** *सक०* [सं० बन्धनम्] कसना, गाँठ देना, लपेटना।
**बांधव** *पु०* [सं०] भाई-बन्धु।
**बाँबी** *स्त्री०* साँप का बिल।
**बाँभन** *पु०* ब्राह्मण।
**बाँया** *वि०* बायाँ।
**बाँयारी** *वि०* बाँयी ओर स्थित।
**बाँये** *क्रि०वि०* बाँयी ओर। *उदा०* 'बायें मासा करे कविलासा'।
**बाँव** *वि०* टेढ़ा, विफल।
**बाँवाँ** *वि०* बायाँ।
**बाँस** *पु०* [सं० वंश:] कई गाँठों वाली एक वनस्पति; वंश। *उदा०* 'बाँसे के जरी बाँस जामेला'।
**बाँसकोठी** *स्त्री०* बाँसों का वन।
**बाँसगेड़ा** *पु०* एक प्रकार का लम्बी और मोटी ऊँख।
**बाँसफूल** *पु०* एक प्रकार का बारीक धान।
**बाँसल** *पु०* बाँस की खरीद-बिक्री करने वाला व्यक्ति।
**बाँसा** *पु०* नाक के बीच की हड्डी।
**बाँसी** *स्त्री०* बारीक सुगन्धित धान; बाँसुरी।
**बाँसुरी** *स्त्री०* वंशी।
**बाँह** *पु०* [सं० बाहु:] हाथ का ऊपरी हिस्सा; भुजा।
**बाँही** *स्त्री०* कुर्ते या अन्य परिधान का वह भाग, जिसमें बाँह डाली जाती है, किनारा।
**बाइ** *स्त्री०* बाई।
**बाइनि** *स्त्री०* बयना।
**बाइबिल** *स्त्री०* ईसाई धर्म-ग्रन्थ।
**बाइली** *वि०* बाहरी दूर स्थित।
**बाइस** *वि०* बीस और दो।

**बाइसिकिल**- *स्त्री०* [अं०] साइकिल, द्विचक्रिका।

**बाई** *स्त्री०* [सं० वायुः] वात रोग; नर्तकियों की उपाधि।

**बाईस** *वि०* दे० 'बाइस'।

**बाईसी** *स्त्री०* बड़े दाने वाली चेचक।

**बाउ** *पु०* वायु, अपान वायु।

**बाउग** *पु०* बुवाई की एक प्रक्रिया।

**बाउर** *वि०* खराब, अशुभ।

**बाउली** *स्त्री०* छोटा तालाब।

**बाकंदी** *स्त्री०* कपास की एक जाति।

**बाक** *पु०* यज्ञादि में ब्राह्मण द्वारा उच्चारित वाक्य या मंत्र।

**बाकल** *पु०* वृक्ष की छाल, लकड़ी की बाहरी परत। *वि०* मूर्ख व्यक्ति।

**बाकलर** *पु०* एक प्रकार का केला।

**बाकला** *स्त्री०* एक छोटा फसली पौधा, जिसके दाने दाल के रूप में प्रयुक्त होते हैं।

**बाकस** *पु०* चौकोर बक्सा; एक प्रकार की लकड़ी।

**बाकिर** *अव्य०* लेकिन, किन्तु, बाकी।

**बाकी** *स्त्री०* शेष, बचत, किसी के जिम्मे की देय रकम।

**बाखर** *पु०* निवास-घर, हवेली, बखरी।

**बाखरी** *स्त्री०* बकेना (गाय)।

**बाग** *पु०* [फा०] वाटिका, उपवन, बाड़ी। **-बाग** *वि०* प्रमुदित होना। **-बान** *पु०* माली। **-बानी** *स्त्री०* बागबान का काम। **-वान** *पु०* दे० 'बागवान'। *उदा०* 'बाग बन दूनों राखे के चाहीं'। लोको०

**बागड़** *वि०* जो स्पष्ट न बोल सके, गूँगा।

**बागडोर** *पु०* नियन्त्रण करने वाली रस्सी (घोड़े को)।

**बागनर** *पु०* एक प्रकार का बड़ा केला।

**बागी** *स्त्री०* राजद्रोही, विद्रोही।

**बागेसरी** *स्त्री०* सरस्वती।

**बाघंबर** *पु०* बाघ की खाल; रोएँदार कम्बल।

**बाघ** *पु०* [सं० व्याघ्रः] हिंसक जन्तु, व्याघ्र। *उदा०* 'बाघ ना चिन्हे बाभन के पूत'।

**बाघा** *पु०* नसों में तनाव का रोग।

**बाघी** *स्त्री०* पेंडू और जाँघ की जोड़ पर की गिलटी।

**बाछल** *सक०* घने पौधे में से कुछ को निकालकर अलग कर देना, चुनना।

**बाछा** *पु०* गाय का नर-बच्चा, बछड़ा। *उदा०* 'बाछा लीहन बीन रुपया दीहन तीन'।

**बाज** *वि०* कोई-कोई। *पु०* एक प्रसिद्ध शिकारी पक्षी; बाजूबन्द।

**बाजदावा** *पु०* अपने दावे को त्याग देने का दस्तावेज।

**बाजन** *पु०* बाजा, मंगलवाद्य की आवाज।

**बाजल** *अक०* फूँकने या आघात से किसी वाद्य-यंत्र या वस्तु से आवाज निकलना; अधिकार का परित्याग करना।

**बाजरा** *पु०* एक अन्न।

**बाजा** *पु०* [सं० वाद्यम्] वादन यंत्र। *उदा०* 'बाजा छाजा केस ई तीन बंगाला देस'।

**बाजार** *पु०* [फा०] हाट, मण्डी; क्रय-विक्रय हेतु जमा लोग। **-भाव** *पु०* प्रचलित दर। **-के** मिठाई। *मुहा०* आसानी से उपलब्ध चीज; वेश्या। **-गिरल** *मुहा०* भाव घटना। **-तेज भइल** *मुहा०* भाव चढ़ना।

**बाजारी** *वि०* बाजार का **-औरत** स्त्री० वेश्या।

**बाजारू** *वि०* दे० 'बाजारी'।

**बाजियान** *पु०* बाजियों का देश। थारू लोग इतर हिन्दू जातियों को बाजी बोलते हैं।
**बाजी** *स्त्री०* हार-जीत पर लेन-देन की शर्त, शर्त के साथ खेला गया खेल।
**बाजु** *अव्य०* बिना, (के) सिवा।
**बाजू** *पु०* बाँह का एक गहना; थान।
**बाजूबन्द** *पु०* भुजबन्द।
**बाझल** *अक०* फँस जाना, उलझना, कार्यरत होना। *उदा०* 'बाझल बनिया देबे उधार'।
**बाट** *पु०* [सं० वटकः] राह, रास्ता; बटखरा। *उदा०* 'बाट चलत बटमारि'।
**बाटी** *स्त्री०* एक प्रकार का लता-फल, खरबूजा; फुटहरा, लिट्टी।
**बाटुर** *क्रि०वि०* बहुत।
**बाड़** *स्त्री०* झाड़बन्दी, टट्टी।
**बाड़न** *अक०* हैं।
**बाड़ा** *पु०* चारो ओर से घिरा मैदान, गोशाला; हाता।
**बाढ़** *स्त्री०* नदी में पानी की, वृद्धि; जलप्लावन।
**बाढ़न** *पु०* झाड़ू, बढ़नी।
**बात** *पु०* [सं० वार्ता] बात। *स्त्री०* वचन, वार्ता; प्रसंग; बहाना; गूढ़ अर्थ, मर्म। **-चीत** *स्त्री०* वार्तालाप। **-फरोस** *पु०* चापलूस। **-उठल** *मुहा०* जिक्र होना। **-उड़ल** *मुहा०* चर्चा फैलना। **-बात के धनी** *मुहा०* बात पर अडिग। **-पर आइल** *मुहा०* हठ करना। **-पूछल** *मुहा०* खोज खबर लेना। *उदा०* 'बात लाख के करनी खाक के'। लोको०
**बातकहनी** *स्त्री०* कहा-सुनी, वाद-विवाद।
**बाती** *स्त्री०* बतिहर; पसली की हड्डी; बाँस की फट्टी।
**बाती मिलौनी** *स्त्री०* दिया-बाती मिलाने की क्रिया।
**बाथा** *पु०* दर्द, कष्ट।
**बाद** *क्रि०वि०* पीछे।
**बादल** *पु०* [सं० वारिदः] मेघ, जलद। *उदा०* 'बादल ऊपर बादल धावे, तब भड्डर पानी बरसावे'।
**बादसाह** *पु०* महाराज, सम्राट्।
**बादुर** *पु०* चमगादड़।
**बाध** *पु०* [सं०] रोक; मूँज की रस्सी।
**बाधक** *वि०* विघ्नकारक।
**बाधा** *स्त्री०* रुकावट, व्यवधान।
**बाधी** *स्त्री०* खाट बुनने की रस्सी।
**बान** *पु०* तीर; आदत, प्रवृत्ति; एक जगह पर रोपे गए धान के बीजों का परिमाण।
**बानक** *पु०* बाना, आक्रमण; धूर्ततापूर्ण काम।
**बानगी** *स्त्री०* किसी वस्तु का वह अंश, जो ग्राहक को दिखलाने के लिए दिया जाता है, नमूना।
**बानबे** *वि०* नब्बे और दो।
**बानर** *पु०* [सं० वानरः] बन्दर। *उदा०* 'बानर बालक एक सुभाव'।
**बानबे** *वि०* [सं० द्वानवतिः] नब्बे और दो।
**बाना** *पु०* ताने के ऊपर बुना जाने वाला आड़ा सूत।
**बानी** *स्त्री०* बोली, सांकेतिक ढंग से कही गई प्रयोक्ति; जुलाहे को कपड़ा बुनने के बदले मिलने वाली मजदूरी।
**बान्ह** *पु०* बन्धन, जल आदि को बहने से रोकने के लिए बना मिट्टी, ईंट आदि का घेरा; बाँध।
**बान्ही** *स्त्री०* बाँध, मेंड़, खेत का घेरा।
**बाप** *पु०* [सं० बापः] पिता। *उदा०* 'बाप के नाव साग पात, पूत के नाम परोरा'।

**बापुत** *पु०* पिता और पुत्र।
**बापू** *पु०* बाप, आदरणीय सम्बोधन।
**बाफ** *पु०* [सं० वाष्पः] भाप।
**बाफता** *पु०* एक प्रकार का मोटा रेशमी वस्त्र।
**बाफल** *सक०* हलके तौर पर उबालना, गुनगुना करना।
**बाबड़ी** *स्त्री०* जुल्फ; लोहे को खरादने पर उससे निकला हुआ बुरादा।
**बाबत** *अव्य०* विषय में, सम्बन्ध में।
**बाबरची** *स्त्री०* रसोइया।
**बाबरा** *पु० स्त्री०* मालपुए जैसी फूली-फूली मिठाई।
**बाबा** *पु०* वृद्ध और पूज्य व्यक्ति के लिए सम्बोधन; पिता का पिता। *उदा०* 'बाबा कइले पतुरिया भइली महतरिया'।
**बाबी** *स्त्री०* साधुनी।
**बाबुल** *पु०* बाप, पिता।
**बाबू** *पु०* ठाकुर, जमींदार। **-जी** *पु०* पिताजी। **-साहब** *पु०* आदरणीय1
**बाभन** *पु०* ब्राह्मण। *उदा०* 'बाभन बानर बाँधलो न जाय'।
**बामत** *पु०* एक प्रकार का जादू; पुजारी की फूँक।
**बामय** *पु०* एक प्रकार की चोइटाँरहित मछली।
**बामी** *स्त्री०* साँपसदृश एक मछली।
**बायन** *पु०* इष्ट-मित्रों को कहीं से सौगात में से भेजी गई वस्तु; मिठाई की भेंट। *उदा०* 'बायन के भरोसे खरची बन्द'।
**बायबिडंग** *पु०* एक लता, जिसका फल औषधि के रूप में प्रयुक्त होता है।
**बायबी** *वि०* बाहरी, गैर, अजनबी।
**बायल** *क्रि०वि०* अलग, पृथक्।
**बाया** *पु०* अन्न तौलने वाला; एक प्रसिद्ध छोटी चिड़िया।
**बायु** *स्त्री०* वायु।
**बायें** *अव्य०* बायीं ओर; प्रतिकूल (होना)।
**बारंबार** *अव्य०* [सं० वारम्वारम्] कई बार, फिर-फिर।
**बार** *स्त्री०* समय; देर; दफा। **-बार** *अव्य०* पुनः-पुनः।
**बारजुन** *पु०* कैथीलिपि के ऊ के लिए प्रयुक्त शब्द।
**बारता** *स्त्री०* वार्ता।
**बारनिस** *स्त्री०* [अं० वारनिश] रोगन, चमक।
**बारल** *सक०* प्रज्ज्वलित करना।
**बारहमासा** *पु०* लोकगीत की एक विधा।
**बारहमासी** *स्त्री०* पूरे साल फलने वाला फूल-फल।
**बारहवाँ** *वि०* [सं० द्वादशन्] ग्यारह के बाद वाला।
**बारहा** *अव्य०* [फा०] अनेक बार।
**बारा** *पु०* [फा०] वार, समय।
**बारात** *स्त्री०* बारात।
**बारादरी** *स्त्री०* बड़े आकार की एक प्रकार की डोली; बारह दरवाजे वाली।
**बारी** *स्त्री०* समय, अवसर; एक जाति; एक आभूषण।
**बारीक** *स्त्री०* [फा०] महीन, पतला, कलात्मक।
**बारीबस्त** *पु०* गाँव में स्थायी रूप से रहने वाला रैयत।
**बारूद** *पु०* विस्फोटक रसायन।
**बारे** *पु०* विषय में। अव्यय [फा०] अन्त में, खैर।
**बारौठी** *स्त्री०* द्वारचार।
**बाल** *स्त्री०* जौ, गेहूँ आदि का वह भाग, जिसमें दाने लगे होते हैं, खोसा; बाला, तरुणी। *पु०* [सं०] बच्चा, बालक। *वि०* नासमझ, मूर्ख। **-काल** *पु०* बचपन।

-**गोपाल** *पु०* बालकृष्ण; बाल-बच्चे। -**तोड़** *पु०* [हिं०] बाल टूट जाने से होने वाल फोड़ा। -**बुद्धि** *स्त्री०* नासमझी। -**भाव** *पु०* बचपन। -**मति** *स्त्री०* दे० 'बालबुद्धि'। -**मुकुन्द** *पु०* बालकृष्ण। -**लीला** *स्त्री०* बालचरित। -**विवाह** *पु०* छोटी उम्र का व्याह। -**सफा** *वि०* बाल साफ करने, उड़ाने वाला (साबुन)। -**हठ** *पु०* बच्चों की जिद। -**के खाल खींचल** *मुहा०* बारीकी निकालना। *उदा०* 'बाल ना बाचा नीन परे आछा'।

**बॉल** *पु०* [अं०] गेंद; नाच का जलसा। -**डांस** *पु०* सामूहिक नृत्य।

**बालक** *पु०* लड़का, बच्चा।

**बाल गोविद** *पु०* कृष्ण, बच्चा।

**बालछड़** *पु०* एक प्रकार का पौधा।

**बालटी** *स्त्री०* [अं० बकेट] एक प्रकार की डोल।

**बालभोग** *पु०* प्रात:काल का नैवेद्य, जो देवमूर्तियों के आगे रखा जाता है।

**बालम** *पु०* [सं० वल्लभ:] प्रियतम; पति।

**बालमखीरा** *पु०* एक प्रकार का बड़ा खीरा।

**बालल** *अक०* ऊपर से काटना, छोटा-छोटा टुकड़ा बनाना।

**बाला** *स्त्री०* [सं०] युवती, कामिनी।

**बालाई** *स्त्री०* हाथ का कड़ा। वलय।

**बालिग** *पु०* वयस्क, युवा, जवान।

**बाली** *स्त्री०* कान का एक गहना; फसल के अन्न का गुच्छा।

**बालू** *पु०* पत्थर का बारीक चूर्ण। *उदा०* 'बालू के भीत परदेसी के प्रीत'।

**बालूसाही** *स्त्री०* एक प्रकार की मिठाई।

**बाव** *पु०* वायु। *उदा०* 'बाव बहे पुरवइया मोर लेख बयरिन भेल। पियबा का लागल आलस निनिया जगवलों से ना जागल हे'। लोक०

**बावग** *पु०* छींटकर बीज बोने की विधि।

**बावड़ी** *स्त्री०* बापी।

**बावन** *वि०* [सं० द्वापञ्चाशत्] पचास और दो।

**बावपेचिस** *पु०* उदर रोग, पेचिश।

**बावल** *सक०* मुँह खोलकर चौड़ा करना, फैलाना।

**बावला** *वि०* [सं० वातुल] विक्षिप्त, पागल, मूर्ख।

**बावली** *स्त्री०* छोटा और गहरा तालाब; पीछे की टेक।

**बास** *पु०* [सं० वास:] रहने की जगह, निवास-स्थान।

**बासठ** *वि०* [सं० द्विषष्टि] साठ और दो।

**बासन** *पु०* बर्तन; वस्त्र।

**बासमती** *स्त्री०* एक प्रकार का सुगन्धित चावल।

**बासा** *पु०* अस्थायी निवास, डेरा; भोजनालय।

**बासी** *पु०* रहने वाला, निवासी। *वि०* देर का पका हुआ।

**बासीया** *पु०* बासी अन्न। *कहा०* 'बासीया ना बचे कुत्ता खाय'।

**बासूदा** *पु०* रबड़ी।

**बाह** *पु०* चासा; खेत की जुताई।

**बाहर** *क्रि०वि०* किसी निश्चित सीमा से निकला हुआ। *उदा०* 'बाहर मियाँ सूबेदार घर में बीबी झोंकस भाड़'।

**बाहल** *अक०* मादा-पशु का नर-पशु से गर्भ धारण करना।

**बाहा** *पु०* छोटा नाला, पइन; बाहु।

**बिंग** *पु०* व्यंग्य।

**बिंजन** *पु०* व्यंजन।

**बिंदा** *पु०* बड़ी बिन्दी।

**बिंदी** *स्त्री०* शून्य।

**बिंदु** *पु०* बूँद।

**बिंबु** *पु०* सुपारी का पेड़।
**बिअड़ा** *पु०* रोपनी के लिए धान का तैयार पौधा।
**बिअर** *पु०* बिल, कीड़ों एवं रेंगने वाले पशुओं द्वारा बनाया गया धरती में छेद।
**बिअहुआ** *वि०* जिससे विवाह हुआ हो (पति)।
**बिअहुती** *वि०* विवाह में वर और कन्या के उपयोग की वस्तुएँ, विवाह सम्बन्धी।
**बिआइल** *सक०* बच्चे को जन्म देना, ब्याना।
**बिआउर** *वि०* जो बच्चा देती आ रही है (गाय, भैंस)।
**बिआड़** *पु०* वह खेत, जिसमें बीज बो कर बिचड़ा तैयार किया जाता है।
**बिआरी** *स्त्री०* धान का बिचड़ा जमाने वाला खेत।
**बिआहिल** *सक०* विवाह कर देना।
**बिकट** *वि०* कठिन, दुस्साध्य।
**बिकढांच** *पु०* व्यवधान, बाधा, रुकावट।
**बिकम** *पु०* विक्रमादित्य।
**बिकल** *अक०* बिक जाना।
**बिकाऊ** *वि०* बिक्री योग्य।
**बिकारी** *स्त्री०* [सं० विकृतिः] एक टेढ़ी पाई, जिसे रुपयासूचक अंक के बाद लगाते हैं; किसी अक्षर के बाद में दीर्घताबोधक लगा चिह्न।
**बिकिनल** *सक०* बेचना।
**बिक्री** *स्त्री०* [सं० विक्री] विक्रय।
**बिख** *पु०* जहर।
**बिखधर** *वि०* विषैला, विषधर (साँप)।
**बिखरल** *अक०* [सं० विकिरणम्] तितर-बितर होना।
**बिखान** *पु०* विविध प्रकार।
**बिखिआइल** *अक०* अति क्रुद्ध होना।
**बिखिन** *वि०* दुःखी, क्षुब्ध।
**बिखो** *पु०* गहना; सामान।
**बिगड़इल** *वि०* कुमार्गी।
**बिगड़ता** *पु०* कार्य में बाधा, कार्य-हानि।
**बिगड़ल** *अक०* गुण में विकृति आना, बुरी दशा को प्राप्त होना।
**बिगड़ा-बिगड़ी** *यौ०* परस्पर विरोध, झगड़ा।
**बिगड़ाह** *वि०* बिगड़े स्वभाव का, बिगड़ैल।
**बिगदल** *अक०* काम करने से आनाकानी करना।
**बिगरह** *पु०* विरोध, वैमनस्य, विग्रह।
**बिगल** *सक०* फेंकना, छितराना, बिखराना।
**बिगहट्टी** *स्त्री०* बड़ा खेत।
**बिगहा** *पु०* बीस लग्गी लम्बा और बीस लग्गी चौड़ा खेत का रकबा, बीघा।
**बिगाड़** *पु०* विरोध, वैमनस्य।
**बिगाड़ल** *सक०* विकृति पैदा करना; बुरी अवस्था में पहुँचाना।
**बिगाड़ू** *वि०* झगड़ा लगाने वाला; विरोध पैदा करने वाला।
**बिगुल** *पु०* अंग्रेजी सैनिकों की एक प्रकार की तुरही। **-बाजल** *मुहा०* युद्ध प्रारम्भ होना।
**बिघिन** *स्त्री०* उपद्रव, उत्पात।
**बिचकनी** *स्त्री०* कान के बीच का भाग।
**बिचकल** *अक०* असहमति या अस्वीकृति प्रकट करने के लिए मुँह बनाना।
**बिचका** *वि०* बीचवाला।
**बिचकावल** *सक०* उपेक्षा व्यक्त करने के लिए मुँह बनाना।
**बिचकिल्ला** *पु०* निचला गड्ढा।
**बिचरल** *अक०* स्वच्छन्द घूमना, भ्रमण करना।
**बिचवनिया** *पु०* मध्यस्थ, बीच-बचाव करने वाला।

**बिचहुत** *पु०* अन्तर।
**बिचार** *पु०* भाव, इरादा।
**बिचारमान** *वि०* विचार करने वाला, विवेकशील।
**बिचारल** *सक०* विचार करना।
**बिचारा** *वि०* बेचारा।
**बिचारी** *वि०* विचारवान।
**बिचाली** *स्त्री०* पुआल।
**बिचिलल** *अक०* इधर-उधर से जाना, पूर्व निश्चित बात से मुकर जाना।
**बिच्छन्न** *वि०* चतुर, निपुण।
**बिच्छी** *स्त्री०* [सं० वृश्चिक:] बिच्छू; केले की जड़ से निकलने वाला छोटा पौधा।
**बिछल** *अक०* अनेक में से एक या कुछ को अलग छाँट लेना।
**बिछलल** *अक०* फिसलना।
**बिछवँतिया** *पु०* छिपकिली।
**बिछिलहर** *पु०* फिसलन।
**बिछिलाइल** *अक०* फिसलना।
**बिछवना** *पु०* बिस्तर, बिछावन।
**बिछावल** *सक०* फैलाना, पसारना।
**बिछिआ** *स्त्री०* पैरों की अँगूठी; बिछने या चुनने का भाव।
**बिछुड़ल** *अक०* अलग होना, बिछोह होना, वियोग होना।
**बिछोह** *पु०* वियोग, बिलगाव।
**बिजमार** *पु०* खेत में डाले गए बीज के नहीं जमने की स्थिति।
**बिजय** *पु०* विजय।
**बिजयदशमी** *पु०* आश्विन शुक्ल दशमी; विजयदशमी।
**बिजली** *स्त्री०* एक आभूषण; ताप, प्रकाश से युक्त शक्ति।
**बिजाठ** *पु०* बाँह में पहनने का एक आभूषण।
**बिजार** *पु०* साँड।
**बिजुरी** *स्त्री०* दे० 'बिजुली'।
**बिजुली** *स्त्री०* बादलों के टक्कर से उत्पन्न प्रकाश-रेखा; आधुनिक संयन्त्रों की सहायता से उत्पन्न एक शक्ति, जो ताप और प्रकाश देती है; एक आभूषण। *उदा०* 'बिजुली के मारल लु आठ देख भागे'।
**बिजे** *पु०* भोजन के लिए बुलाहट।
**बिजौरा** *पु०* एक प्रकार का नींबू।
**बिज्जी** *स्त्री०* जंग (लोहा)।
**बिज्जु** *पु०* दे० 'बिजुली'।
**बिझौरा** *पु०* गहरा गड्ढा।
**बिटिनिया** *स्त्री०* दे० 'बिटिया'।
**बिटिया** *स्त्री०* लड़की।
**बिटुराइल** *अक०* इकट्ठा होना।
**बिटेव** *पु०* व्यवधान।
**बिटोर** *पु०* एकत्र होने का भाव।
**बिटौरा** *पु०* गोठौला।
**बिठई** *स्त्री०* रस्सी को ऐंठकर बनाया हुआ रूप।
**बिड़ई** *स्त्री०* गेंडुरी।
**बिड़र** *वि०* अलग-अलग।
**बिड़ार** *पु०* बियार, बेंगा।
**बिढ़नी** *स्त्री०* एक प्रकार का पीले रंग का विषैला कीड़ा।
**बितना** *पु०* बित्ते भर का या बहुत नाटा व्यक्ति।
**बितरल** *अक०* फसल का ठीक से नहीं जमना और बढ़ना।
**बितावल** *सक०* व्यतीत करना, गुजारना।
**बित्त** *पु०* वित्त, धन-दौलत।
**बित्ता** *पु०* कनिष्ठा से अँगूठे के उग्र भाग तक की दूरी; बालिश्त।
**बित्ती** *स्त्री०* चुंगी या बिक्रीकर; लड़कों का एक खेल।

**बिथकल** *अक०* थकना; मुग्ध होना।
**बिथरल** *अक०* बिखरना।
**बिथरावल** *सक०* छिटकाना।
**बिथा** *स्त्री०* व्यथा।
**बिदकल** *अक०* चौकन्ना; फटना।
**बिदकावल** *सक०* चौंकाना; भड़काना।
**बिदत** *पु०* दुर्गति, दुर्दशा।
**बिदा** *स्त्री०* गमन, गौना; जाने की आज्ञा।
**बिदाई** *स्त्री०* विदाई, रुखसती।
**बिदागरी** *स्त्री०* स्त्रियों का नैहर, ससुराल के लिए प्रस्थान।
**बिदाह** *पु०* उपजे हुए फसल में खाली जगह में हल चलाने का काम।
**बिदाहल** *सक०* जमी हुए फसल को बचाकर खेत को अलग-अलग जोतना।
**बिदेआरथी** *पु०* विद्या-प्राप्ति के लिए पढ़ने वाला विद्यार्थी।
**बिदेश** *वि०* परदेश, अन्य देश।
**बिदेसिआ** *पु०* एक लोकनाट्य, जिसके प्रस्तुतकर्त्ता स्व० भिखारी ठाकुर थे।
**बिदोरल** *सक०* किसी को चिढ़ाने के लिए या अस्वीकृति सूचित करने के लिए मुँह बनाना।
**बिधंस** *पु०* नाश, बर्बाद।
**बिध** *पु०* रस्म, प्रथा, परम्परागत।
**बिधना** *पु०* विधाता, ब्रह्मा। *उदा०* 'बिधना एक मिलावले जोड़ी। एक जने आन्हर एक जने कोढ़ी'।
**बिधर** *वि०* शरीर के कपड़े का चिथड़ा-चिथड़ा हो जाना।
**बिधवा** *स्त्री०* वह स्त्री, जिसका पति मर गया हो।
**बिधाता** *पु०* सृष्टिकर्त्ता, किसी कार्य में कर्मठ और निपुण व्यक्ति।
**बिधान** *पु०* नियम, नियम की पाबन्दी।
**बिधि** *स्त्री०* रस्म, प्रथा, ढंग।
**बिधुआइल** *अक०* मुँह पर उदासी आना।
**बिधुन** *पु०* विध्वंस करना।
**बिन** *अव्य०* बिना।
**बिनई** *वि०* विनयी।
**बिनऊ** *स्त्री०* विनय।
**बिनति** *स्त्री०* दे० 'बिनती'।
**बिनती** *स्त्री०* प्रार्थना।
**बिननिहार** *पु०* चुननेवाला, बुननेवाला।
**बिनबिनाइल** *अक०* क्षुब्ध होना, क्रुद्ध होना।
**बिनल** *सक०* चुनना, छाँटना, बुनना।
**बिनवट** *स्त्री०* लाठी भाँजने की एक कला।
**बिनवल** *सक०* प्रार्थना करना।
**बिनसल** *अक०* विनष्ट होना, बर्बाद होना।
**बिना** *अव्य०* अभाव में, बगैर। *उदा०* 'बिना मेंह के दँवरी'। *कहा०*
**बिनाव** *पु०* परहेज, दुराव।
**बिनावट** *पु०* बुनने की क्रिया।
**बिनास** *पु०* विनाश; नाक से खून आना।
**बिनुआ** *वि०* चुना हुआ।
**बिनियाँ** *स्त्री०* गिरे अन्न को चुनने का कार्य।
**बिनौला** *पु०* कपास का बीज।
**बिपत** *स्त्री०* दु:ख, आपत्ति, आफत।
**बिपतमरू** *वि०* विपत्ति का मारा, विपत्तिग्रस्त।
**बिपन** *वि०* जो उपजा नहीं हो (पौधा), जिसमें फल नहीं लगा हो (फसल)।
**बिपनाश** *पु०* सर्वनाश, बर्बादी।
**बिभो** *पु०* धन-सम्पत्ति, विभव।
**बिमान** *पु०* वायुयान; अनादर।
**बिमौठ** *पु०* बल्मीक।
**बियहुती** *स्त्री०* नियमपूर्वक विवाहिता।
**बियाइल** *सक०* जन्म देना।

**बियान** *स्त्री०* दुधारू पशुओं द्वारा प्रजनन की क्रिया।
**बियारी** *स्त्री०* शाम का नाश्ता।
**बियाह** *पु०* शादी, विवाह।
**बिरंग** *वि०* कई रंगों का।
**बिरकन्ने** *पु०* कैथी लिपि में आकार का बोधक शब्द।
**बिरतंत** *पु०* हाल, वर्णन, वृत्तान्त।
**बिरथ** *वि०* बेकार, व्यर्थ।
**बिरधा** *वि०* बूढ़ा।
**बिरन** *पु०* भाई। *उदा०* 'ननदी बधाई मांगे अइले बोल दे राजा बिरन के'। लोक०
**बिरनाइल** *अक०* क्रुद्ध होना।
**बिरनियाई** *स्त्री०* पाले से मारी (फसल)।
**बिरवाई** *स्त्री०* पौधा, लता।
**बिरह** *पु०* वियोग, विरह।
**बिरहनी** *स्त्री०* विरहिणी।
**बिरहा** *पु०* विरह गीत।
**बिराजल** *अक०* सुशोभित होना, बैठना।
**बिरात** *पु०* घनी रात्रि, रात का सहचर शब्द।
**बिरान** *वि०* अन्य, पराया, गैर।
**बिरावल** *सक०* मुँह बनाकर चिढ़ाना।
**बिरिआ** *पु०* एक प्रकार का लवण।
**बिरिछ** *पु०* पेड़, वृक्ष।
**बिरिज** *पु०* गोकुल ग्राम, मथुरा।
**बिरिझल** *अक०* असन्तुष्ट होना, रूठना।
**बिरीत** *पु०* वह जमीन, जो ब्राह्मण, कलाकारों या अन्य किसी को जीविका चलाने के लिए निःशुल्क दी जाती है।
**बिरीतदार** *पु०* निःशुल्क भूमि पाने वाला व्यक्ति।
**बिरोग** *पु०* विरह-व्यथा, वियोग।
**बिरोजा** *पु०* चीड़ के पेड़ का गोंद, जो औषधि के रूप में व्यवहृत होता है।
**बिरोध** *पु०* झगड़ा, विरोध।
**बिरौ** *पु०* गोल आँधी, चक्रवात।
**बिलंउकी** *स्त्री०* एक रस्म, जिसमें विवाह के पूर्व वर या वधू गाँव में स्त्रियों के साथ जाते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।
**बिलंद** *पु०* ऊँचा, बड़ा, विशाल।
**बिल** *पु०* माँद, छेद।
**बिल** *पु०* [अं०] पुरजा; मसौदा, विधेयक।
**बिलइया** *पु०* किवाड़ बन्द करने के लिए उसमें लगा काठ का सामान।
**बिलखाइल** *अक०* आँखों में आँसू आना, आँखों में आँसू लेकर बोलना।
**बिलग** *वि०* पृथक्, अलग, पु० बिलगाव; रंज।
**बिलगल** *अक०* अलग होना, पृथक् होना।
**बिलगावल** *सक०* अलग करना, पृथक् करना, बँटवारा करना।
**बिलगी** *स्त्री०* अलग होने की स्थिति।
**बिलगोहिया** *पु०* गिरगिट की आकृति का एक जन्तु।
**बिलटल** *अक०* उपेक्षित होकर कष्ट भोगना या रोना (बच्चा), असमर्थ व्यक्ति।
**बिलटी** *स्त्री०* माल भेजने की रसीद।
**बिलनी** *स्त्री०* आँख की पलक पर की फुंसी; एक कीड़ा।
**बिलपल** *अक०* विलाप करना।
**बिलबिलाइल** *अक०* विकल; विह्वल; रोना-चिल्लाना।
**बिलम** *पु०* देर, बिलम्ब।
**बिलमल** *अक०* देर करना, ठहर जाना।
**बिलमावल** *सक०* रोक रखना, ठहराना।
**बिललाइल** *अक०* भयंकर अभाव में यत्र-तत्र घूमना।
**बिलवावल** *सक०* बर्बाद करना, नष्ट करना।

**बिलसल** *अक०* सजना, शोभित होना।
**बिलसावल** *सक०* भोगना, बरतना।
**बिलहरी** *स्त्री०* बाँस की तीलियों का बना पनडब्बा।
**बिला** *अव्य०* [अ०] बिना, बगैर। **-वजह** *अव्य०* अकारण। **-वास्ता** *अव्य०* सीधे।
**बिलाइत** *पु०* ग्रेट ब्रिटेन।
**बिलाइल** *अक०* लुप्त होना।
**बिलाई** *स्त्री०* बिल्ली; सिटकनी। *उदा०* 'बिलाई के भागे सिकहर टूटल'।
**बिलायिती** *वि०* ग्रेट ब्रिटेन का बना हुआ।
**बिलार** *पु०* नर बिल्ली।
**बिलाला** *वि०* रंक, कंगाल।
**बिलिल्ला** *वि०* मूर्ख, बेढंगा, बेकार।
**बिल्ल** *अव्य०* बिल्ली को भगाने के लिए प्रयुक्त शब्द।
**बिल्ला-बाँट** *पु०* छोटे-छोटे अनेक हिस्सों में बँटवारा।
**बिस** *पु०* जहर, विष।
**बिसकरमा** *पु०* विश्वकर्मा।
**बिसखोपड़ा** *पु०* गोह की जाति का एक विषैला जन्तु।
**बिसतर** *पु०* बिछावन, बिस्तर।
**बिसतार** *पु०* फैलाव, विस्तार।
**बिसतुइया** *पु०* छिपकली।
**बिसबिसाइल** *अक०* जलन के साथ वेदना होना।
**बिसभोरी** *वि०* विस्मरणशील।
**बिसरल** *सक०* भूलना, विस्मृत होना।
**बिसराम** *पु०* आराम, विश्राम।
**बिसरावल** *सक०* भूलना, बिसराना।
**बिसरी** *स्त्री०* एक प्रकार का तिकोना जाल।
**बिसवा** *पु०* एक बीघे का बीसवाँ भाग।
**बिसवास** *पु०* भरोसा, विश्वास।
**बिसहर** *वि०* विष को हरने वाला।
**बिसाइन** *वि०* सड़े मांस की दुर्गन्ध वाली।
**बिसात** *पु०* [अ०] सामर्थ्य, हैसियत; शतरंज के खेल में व्यवहृत खानेदार (बिछावन)।
**बिसाती** *पु०* सिंगार की सामग्रियों और खिलौने आदि बेचने वाला (आदमी)।
**बिसारल** *सक०* भुला देना, विस्मृत कर देना।
**बिसाल** *वि०* बहुत बड़ा।
**बिसुकल** *अक०* दूधारू पशु का दूध देना बन्द कर देना।
**बिसेख** *पु०* विशेष।
**बिसेन** *पु०* राजपूतों की एक उपजाति।
**बिसेसर** *पु०* काशी-स्थित महादेव।
**बिसेस** *वि०* दे० 'बिसेख'।
**बिसैना** *पु०* मछली-मांस की रसोई के काम आनेवाला बर्तन।
**बिस्कुट** *पु०* मीठी, नमकीन टिकिया।
**बिस्तर** *पु०* [फा०] बिछौना।
**बिस्तरा** *पु०* बिस्तर।
**बिस्तुइया** *स्त्री०* छिपकली।
**बिहड़** *वि०* कठिन, दुर्गम, दुस्साध्य; विषम चरित्र; ऊबड़-खाबड़ भूमि।
**बिहदाना** *पु०* मीठा अनार।
**बिहनाह** *पु०* बीज, बीज का पौधा, बेहन।
**बिहनी** *स्त्री०* अभावग्रस्त।
**बिहफइया** *पु०* बृहस्पति ग्रह का तारा; बृहस्पति ग्रह का व्रत।
**बिहफे** *पु०* गुरुवार, बृहस्पति।
**बिहरल** *अक०* स्वच्छन्द घूमना।
**बिहान** *पु०* सबेरा।
**बिहाने** *अव्य०* दूसरे दिन, कल।
**बिहार** *पु०* पूर्वोत्तर भारत का एक प्रान्त बिहार।
**बिहिआवल** *सक०* दोनों ओर दबाकर बीच में जगह बनाना; घास निकालने के लिए पौधा को अलग-अलग करना।

**बिहुँसल** *अक०* फटना।
**बींगल** *अक०* फेंक देना, अलग या दूर कर देना।
**बींड़** *पु०* तीन बैलों से चलने वाली गाड़ी में अगला बैल; गेंडुरी।
**बीआ** *पु०* बीज, बीज से उगा पौधा, जो रोपा जाता है। *उदा०* 'बीआ फरहरे ना तऽ धरहरे'।
**बीघा** *पु०* खेत की नाप का एक परिमाण। बीस बिस्वा। बीस कट्ठे का परिमाण।
**बीच** *अव्य०* [सं० विच्] मध्य भाग, आधे-आध।
**बीछल** छाँटना, चुनना।
**बीजी** *स्त्री०* लोहा इत्यादि धातु में जमा मैल, जंग।
**बीजू** *पु०* वह आम, जिसका पौधा गुठली से तैयार हुआ हो।
**बीजे** *पु०* भोजन हेतु बुलावा।
**बीट** *स्त्री०* लकड़ी की मोटी और चौड़ी पट्टी; चिड़ियों का मैल।
**बीटा** *पु०* बाँस आदि की झाड़ी, जंगल।
**बीठई** *स्त्री०* धान के पुआल को बाँटकर बनाया हुआ छोटा बीठा।
**बीड़ा** *पु०* खर या पुआल को ऐंठकर बैठने के लिए बनाया गया आसन; कत्था, चूना, सुपारी के साथ तह लगाया हुआ पान; पान की गिलौरी।
**बीड़ी** *स्त्री०* तेंदू के पत्ते में तम्बाकू को लपेटकर तैयार की गई सिगरेट।
**बीतन** *पु०* छप्पर को बाँस की बाती से पाटने की स्थिति।
**बीतल** *अक०* [सं० व्यतीत] व्यतीत होना, गुजरना। *उदा०* 'बीतल बयस देह कदराई। अब का लदबऽ हो व्यवसायी'।
**बीता** दे० 'बित्ता'।
**बीनल** दे० 'बिनल'।
**बीन्हल** *सक०* बर्रे तथा मधुमक्खी के डंक से बिंधा जाना।
**बीपति** *स्त्री०* विपत्ति, आफत, कष्ट।
**बीफे** *पु०* गुरुवार, बृहस्पतिवार।
**बीबी** *स्त्री०* [फा०] स्त्री, धर्मपत्नी।
**बीम** *पु०* [अं०] शहतीर।
**बीमा** *स्त्री०* [फा०] आर्थिक हानि की जिम्मेदारी लेने का कार्य; जमानत, ठेका, इंश्योरेंस। **-दार** *पु०* पालिसीहोल्डर, बीमा कराने वाला।
**बीमार** *पु०* [फा०] मरीज। *वि०* रोगी; आशिक। *उदा०* 'बीमार के रात पहाड़ बरोबर'।
**बीमारी** *स्त्री०* [फा०] मर्ज; लत।
**बीया** *पु०* बीज; दाना।
**बीर** *पु०* शूर, समर्थ।
**बीरन** *पु०* भाई। *उदा०* 'ननदो बधाई माँगे अइली बोलादे राजा बीरन के'। लोक०
**बीरा** *पु०* पान की गिलौरी, बीड़ा।
**बीरो** *पु०* जड़ी-बूटी।
**बीस** *वि०* [सं० विंशतिः] दस का दूना, बीस।
**बीह** *स्त्री०* दो पौधों के बीच की खाली जगह।
**बीहड़** *वि०* [सं० विकटः] ऊबड़-खाबड़; विकट।
**बीहन** *पु०* रोपने हेतु उखाड़ा हुआ बीआ।
**बुंद** *पु०* बूँद; वीर्य।
**बुंदा** *पु०* टिकुली।
**बुंदिया** *स्त्री०* एक प्रकार की मिठाई।
**बुंदीदार** *वि०* जिस पर बिंदिया हों।
**बुंदेला** *पु०* बुन्देलखण्ड के राजपूत।
**बुआ** *स्त्री०* बूआ, फूफी।
**बुकउर** *पु०* सत्तू; बुका हुआ खाद्य-पदार्थ।

**बुकचा** *पु०* गठरी।
**बुकची** *स्त्री०* छोटी तथा टेढ़ी छड़ी।
**बुकनी** *स्त्री०* बारीक चूर्ण।
**बुकवा** *पु०* जौ का आटा, जो विवाह में वर पक्ष की ओर से कन्या पक्ष के यहाँ जाता है; सरसों को पीस कर बनाया गया उबटन।
**बुखार** *पु०* [अ०] ज्वर, ताप।
**बुचकट** *स्त्री०* जिसके ऊपर का हिस्सा टूटा हो (घड़ा)।
**बुच्चा** दे० 'बूचा'।
**बुचिया** *स्त्री०* छोटी बहन या लड़की के लिए सम्बोधन का शब्द।
**बुजरी** *स्त्री०* स्त्रियों के लिए एक गाली।
**बुजुरुग** *वि०* बड़ा, बूढ़ा।
**बुझनउक** *वि०* आग की लपट का शान्त होना।
**बुझारत** *पु०* जाँच-पड़ताल की प्रक्रिया।
**बुझावल** *सक०* किसी जलती वस्तु को पानी में डालना।
**बुझौवल** *पु०* पहेली।
**बुट्टी** *स्त्री०* छोटा टुकड़ा।
**बुड़बक** *वि०* मूर्ख।
**बुड़ल** *अक०* डूबना।
**बुड़वा** *वि०* आदमी के डूबने लायक (पानी)।
**बुड़ावल** *सक०* डुबाना (पानी या अन्य तरल पदार्थ में)।
**बुड़ाह** *वि०* अधिक पानी, जिसमें डूबा जा सके।
**बूड़ा** *पु०* पानी में डूबकर मरे व्यक्ति का भूत।
**बुढ़घाउस** *पु०* वृद्ध व्यक्ति की वासना।
**बुढ़वावल** *सक०* सब्जी या फल को जरूरत से अधिक दिनों तक नहीं तोड़ना; लड़का या लड़की का विवाह नहीं कर उसकी उम्र बढ़ने देना।
**बुढ़ाइल** *अक०* बूढ़ा होना, वृद्ध होना।
**बुढ़ापा** *स्त्री०* वृद्धावस्था।
**बुढ़ाही** *स्त्री०* वृद्धावस्था।
**बुढ़िया** *स्त्री०* वृद्धा, बूढ़ी स्त्री; बकुला। *उदा०* 'बुढ़िया बिया जहर के पुड़िया'।
**बुत** *पु०* मूर्ति। **-खाना** *पु०* मन्दिर।
**बुतका** *अव्य०* इसका प्रयोग किसी व्यक्ति के द्वारा कही गई सन्देहात्मक बात को दोहराने में होता है।
**बुतल** दे० 'बूतल'।
**बुतावल** *सक०* बुझाना।
**बुदबुद** *पु०* पानी से निकली आवाज, बुलबुला।
**बुदबुदाइल** *सक०* धीरे-धीरे अस्पष्ट शब्द बोलना।
**बुद्धि** *स्त्री०* विवेक, ज्ञान, समझ। **-बल** *पु०* बुद्धि का बल।
**बुद्धू** *वि०* मूर्ख, सीधा।
**बुध** *पु०* चन्द्रमा का प्रिय, नव ग्रहों में चौथा ग्रह; सात दिनों में चौथा दिन; पण्डित।
**बुधिसागर** *वि०* बुद्धिमान, होशियार।
**बुनका** *पु०* ललाट में सिन्दूर की छोटी बिन्दी, बुँदका।
**बुनछेवक** *पु०* वर्षा की बूँदों के बन्द होने की स्थिति।
**बुनिआ** *पु०* एक प्रकार की मिठाई, बूँदी।
**बुनिआइल** *अक०* आकाश से बूँदों का गिरते रहना।
**बुनिआद** *पु०* [फा०] नींव, जड़।
**बुर** *स्त्री०* भग, योनि (गाली में प्रयुक्त)।
**बुरका** *पु०* [अ०] नकाब।
**बुरचोदी** *स्त्री०* स्त्रियों के लिए गाली।
**बुरबक** *वि०* मूर्ख, बेवकूफ। *उदा०* 'बुरबक मरे विराने फिकिर, बुरबक रसिया अन्हार में मटकी'।

**बुरा** *वि०* [सं० विरूप] दूषित, दुष्ट।
**बुराई** *स्त्री०* खराबी।
**बुरादा** *पु०* लकड़ी का चूरा।
**बुरि** *स्त्री०* भग।
**बुरी** *वि०* स्त्री० बुरा। **-खबर** *स्त्री०* मौत की सूचना। **-गति** *स्त्री०* बुरा हाल।
**बुरूज** *पु०* नाश, खत्म, समाप्ति।
**बुरुस** *पु०* [अं०] ब्रश।
**बुलंद** *वि०* सुन्दर, स्वस्थ, मोटा-ताजा।
**बुलबुल** *स्त्री०* [फा०] एक छोटी चिड़िया।
**बुलबुला** *पु०* [सं० बुदबुदः] पानी से उठने वाली पोफला गोली, बुल्ला।
**बुलबुल्ली** *स्त्री०* पानी का बुलबुला।
**बुला** *पु०* एक प्रकार की मछली।
**बुलाकी** *स्त्री०* नाक का एक गहना, नथिया का बड़ा रूप।
**बुलावल** *सक०* बुलाने का काम कराना।
**बुलावा** *पु०* न्योता, निमन्त्रण।
**बुलि** *स्त्री०* [सं०] योनि, भग; गुदा।
**बुलौआ** *पु०* बुलावा।
**बुल्ला** *पु०* एक प्रकार की छोटी मछली।
**बूट** *पु०* चना, चना का पौधा; रहिला, बूट। *उदा०* 'बूँट माँगे ऊँट चढ़ि'।
**बू** *स्त्री०* [फा०] गन्ध, वास; दुर्गन्ध।
**बूआ** *स्त्री०* फूफी।
**बूई** *स्त्री०* बच्चों को डराने के लिए प्रयुक्त शब्द।
**बूकल** *सक०* चूर्ण करना, कड़ी पिटाई करना।
**बूका** *पु०* चूर्ण; चावल का सत्तू, जिसमें चीनी एवं घी मिला हुआ रहता है।
**बूचा** *पु०* जिसका कान कटा हो (आदमी, या पशु)।
**बूची** *वि०* बहुत छोटा।
**बूझ** *स्त्री०* समझदारी। **-बड़ाई** *पु०* पूरी समझदारी। *कहा०* 'बूझ न बड़ाई तहाँ से उठ चल रे भाई।'
**बूझल** *अक०* दीये का बुत जाना। *सक०* किसी बात को समझना, ताड़ना, पहेली को हल करना।
**बूट** *पु०* [अं०] जूता, उपानह्।
**बूटा** *पु०* दाना, दाना से निकला पौधा, वस्त्रादि पर बनी बिन्दियाँ।
**बूटी** *स्त्री०* जड़ी, वनौषधि।
**बूड़ल** *अक०* डूबना, डुबकी लगाना। *उदा०* 'बूडल बंस कबीर के जनमल पूत कमाल'।
**बूड़ा** *पु०* डूबकर मरे व्यक्ति की प्रेतात्मा, जो पानी में रहती है।
**बूढ** *वि०* वृद्ध, बुड्ढा। *उदा०* 'बूढ़ पुरनिया दुआरी कै टाटी हऽ' लोको०।
**बूढ़उ** *पु०* वृद्ध पुरुष के लिए आदरसूचक शब्द।
**बूढ़ा** *स्त्री०* वृद्ध स्त्री।
**बूढ़ाठ** *वि०* अति वृद्ध।
**बूत** *पु०* बूता।
**बूतल** *अक०* बुझना (दीपक)। *सक०* बुतावल, बुझाना।
**बूता** *पु०* बल, सामर्थ्य, पौरुष शक्ति।
**बून** *स्त्री०* बूँद, ठोप, वीर्य।
**बूना** *पु०* बालू और पत्थर के योग से बनी धातु, बुन्दा।
**बूना-बूनी** *यौ०* हलकी वृष्टि।
**बूनेला** *वि०* बहादुर, बुन्देला।
**बूलनी** *स्त्री०* नाक का एक प्रकार का गहना।
**बूलल** *अक०* घूमना।
**बेंग** *पु०* मेढ़क।
**बेंच** *स्त्री०* बैठने का स्थान।
**बेंट** *स्त्री०* मूठ, दस्ता।
**बेंठ** *स्त्री०* चाँड़।
**बेंड़ल** *सक०* घेरना।
**बैंत** *पु०* बेत की छड़ी।

**बेंवत** *स्त्री०* ब्योंत।
**बे** [फा०] किसी पद के पूर्व उपसर्ग-सा प्रयुक्त शब्द, जिसका अर्थ है, बिना बगैर—जैसे बेजान, बेदाग; बेईमान।
**बेअकिल** *वि०* निर्बुद्धि, मूर्ख।
**बेअखरा** *पु०* व्यग्रता, बेचैनी।
**बेअगर** *वि०* बेचैन, व्यग्र।
**बेअरथ** *वि०* अर्थहीन, निष्प्रयोजन।
**बेआई** *स्त्री०* अन्न तौलने वाले की मजदूरी या मेहनताना।
**बेआकुल** *वि०* व्यग्र, परेशान, व्याकुल।
**बेआज** *पु०* सूद, ब्याज।
**बेआध** *पु०* रोग, बीमारी।
**बेआधा** *पु०* बहेलिया, व्याध।
**बेआधा हरदी** *स्त्री०* एक प्रकार की वनौषधि।
**बेआन** *पु०* कथन, इजलास में मुकदमे में कही गई बात।
**बेआना** *पु०* किसी वस्तु की बिक्री की बात पक्की करने के लिए दी गई अग्रिम राशि, पेशगी।
**बेआर** *पु०* बयार, हवा।
**बेआलिस** *वि०* चालीस और दो, बयालीस।
**बेइज्जत** *वि०* अप्रतिष्ठित, अपमानित।
**बेइलि** *स्त्री०* लता, एक प्रकार का सफेद फूल, बेला।
**बेउजुर** *क्रि०वि०* बिना किसी प्रकार के उज्र के।
**बेओपार** *पु०* व्यापार, क्रय, विक्रय।
**बेकति** *स्त्री०* दम्पति, पति-पत्नी।
**बेकदर** *वि०* बेढंगा, बेतरीका।
**बेकल** *वि०* [सं० विकल] व्याकुल।
**बेकवाई** *वि०* शारीरिक क्षमता के अनुपात से बहुत अधिक।
**बेकस** *वि०* विवश, लाचार।
**बेकसूर** *वि०* निरपराध, निर्दोष।
**बेकहल** *वि०* जो किसी की उचित राय को नहीं मानकर मनमानी चले।
**बेकाबू** *वि०* वश से बाहर, बूते के बाहर।
**बेकाम** *वि०* बेकार, व्यर्थ, निठल्ला।
**बेकायदा** *वि०* नियम के विरुद्ध, बेढंगा।
**बेकार** *वि०* बेकाम, व्यर्थ, निष्फल। *उदा०* 'बेकार से बेगार भला'। *मुहा०*।
**बेकूत** *वि०* बेशुमार।
**बेवकूफ** *वि०* मूर्ख, विवेकहीन, नासमझ।
**बेकोर** *वि०* असुविधाजनक, गलत जगह पर।
**बेखटक** *अव्य०* बेधड़क, निस्संकोच।
**बेखबर** *वि०* बेसुध, बेहोश, अनजान।
**बेग** *पु०* गति की तीव्रता, तेजी, प्रवाह, धारा।
**बेगम** *स्त्री०* रानी, महारानी, सम्भ्रान्त कुल की महिलाओं के लिए प्रयुक्त शब्द।
**बेगमाती** *स्त्री०* देसी बंगला पान।
**बेगर** *अव्य०* बेमतलब, बेजरूरत।
**बेगार** *पु०* बिना मजदूरी दिए कराया गया काम।
**बेगारी** *स्त्री०* बेगार करने वाला व्यक्ति।
**बेगास** *पु०* सिट्ठी, चेफुआ।
**बेगुनाह** *वि०* निर्दोष, निरपराध, बेकसूर।
**बेघर** *वि०* जिसे घर नहीं हो।
**बेचारा** *वि०* असहाय।
**बेचेत** *वि०* बेहोश, अचेत।
**बेचैन** *वि०* व्याकुल, विकल, परेशान।
**बेजान** *वि०* निर्जीव, मुर्दा, निर्बल।
**बेजायँ** *वि०* अनुचित, बेमुनासिब।
**बेजोड़** *वि०* जिसमें कहीं जोड़ नहीं है; जिसका जोड़ा नहीं हो, अद्वितीय, अनुपम।
**बेझरा** *पु०* मिश्रित अन्न।
**बेटहा** *पु०* बेटावाला, वर पक्ष के आदमी।

**बेटा** *पु०* लड़का, पुत्र। *उदा०* 'बेटा मीठ भतरो मीठ केकर किरिया खाऊँरे'

**बेटिहा** *स्त्री०* बेटी वाला, कन्या पक्ष के आदमी।

**बेटी** *स्त्री०* पुत्री। *उदा०* 'बेटी के भार रजवों से ना सहाला'।

**बेटीचोद** *वि०* बेटी से समागम करने वाला (गाली)।

**बेट** *पु०* बेगार।

**बेठन** *पु०* किसी वस्तु को लपेटने का वस्त्र।

**बेठीक** *वि०* अनुचित, अयोग्य, गलत।

**बेठेकान** *वि०* अज्ञात जगह, असंख्य।

**बेड़ई** *स्त्री०* कचौड़ी।

**बेड़ल** *सक०* किसी को कोई काम करने से समझा-बुझा कर रोकना।

**बेड़ा** *पु०* नदी पार करने के लिए बाँस और लकड़ियों का ढाँचा।

**बेड़िया** *क्रि०वि०* चौड़ाई की तरफ से।

**बेड़ी** *स्त्री०* कैदियों के पैरों में पहनाया जाने वाला लोहे का कड़ा।

**बेडौल** *वि०* कुरूप, भद्दा, बेढंगा।

**बेढंगा** *वि०* बेतरतीब, बुरे ढंग का, कुरूप।

**बेढ़** *पु०* पशुओं को रखने के लिए बना घर।

**बेढ़ल** *सक०* मवेशियों को घेरना या रोकना।

**बेढ़वा** *पु०* एक पशुखाद्य घास।

**बेढब** *पु०* [फा०] बेढंगा।

**बेतरह** *अव्य०* असाधारण या अनुचित रीति से।

**बेतरीका** *वि०* नियमविरुद्ध, अनुचित रीति।

**बेताक** *पु०* असमय, कुअवसर।

**बेताल** *पु०* तालहीनता की स्थिति। *वि०* ताल रहित, बेताला।

**बेद** दे० 'वेद'।

**बेदखल** *वि०* जिसपर दखल नहीं हो।

**बेदनाई** *वि०* विवेकहीन।

**बेदम** *वि०* [फा०] प्राणहीन, मृतक।

**बेदामा** *पु०* लकड़ी की बीट की वह स्थिति, जब वह दोनों तरफ ढाल और बीच में ऊँचा रहता है।

**बेदामी** *स्त्री०* बादामी रंग।

**बेदी** *स्त्री०* वह स्थान, जहाँ बैठकर पूजा हो, चबूतरा।

**बेधल** *सक०* किसी नुकीली वस्तु से भोंकना।

**बेधड़ाल** *अव्य०* जोरों से, बहुत तेजी से।

**बेन** *पु०* [सं० वेणु:] एक बाजा, जो फूँक कर बजाया जाता है। *कहा०* 'भइस के आगे बेन बाजे भइस रही पगुराय'।

**बेना** *पु०* पंखा (हाथ का)।

**बेनिया** *स्त्री०* पंखी।

**बेनी** *स्त्री०* आड़ी या बेड़ी पट्टियाँ।

**बेपच्छ** *वि०* प्रतिकूल, विरुद्ध, नाराज।

**बेपरद** *वि०* जिसके आगे परदा नहीं हो, खुला, नग्न।

**बेपरवान** *अव्य०* मात्रा में अत्यधिक।

**बेपरवाह** *वि०* जिसे परवाह नहीं हो, बेफिक्र।

**बेपारी** *पु०* खरीद-बिक्री करने वाला, व्यापारी।

**बेपेनी** *वि०* बिना पेंदी का; बिना सिद्धान्त का।

**बेफाँट** *वि०* प्रतिकूल, बेमेल।

**बेफायदा** *वि०* [फा०] जिससे कोई लाभ नहीं हो।

**बेफिक्र** *वि०* बेपरवाह।

**बेबाक** *पु०* [फा०] चुकता किया हुआ, चुकाया हुआ।

**बेबूझ** *वि०* नासमझ, बुद्धिहीन।
**बेभंड** *वि०* अश्लील (गाली)।
**बेभरम** *पु०* बेइज्जत।
**बेमंतर** *वि०* गलत (राय)।
**बेमरतिआह** *वि०* रोगी।
**बेमवार** *वि०* बिना मालिक का।
**बेमोल** *वि०* बेइज्जत।
**बेमौका** *वि०* जो ठीक अवसर पर नहीं हो, अवसर बीतने पर किया गया कार्य।
**बेरंग** *पु०* प्रतिकूल, बेढंग।
**बेर** *पु०* समय, आवृत्ति।
**बेयाना** *पु०* अग्रिम।
**बेर-बेर** *अव्य०* बार-बार। उदा० 'बेर बेर थुकथुकीना नीमन एक बेर उपछाले नीमन'।
**बेरई** *स्त्री०* जौ और चने का मिश्रण।
**बेरल** *अक०* पृथक् होना, पृथकता का स्पष्ट नजर आना।
**बेरहम** *वि०* [फा०] निर्दय, निष्ठुर।
**बेरा** *पु०* समय, मौका।
**बेराइल** *अक०* अलग होना, स्पष्ट होना।
**बेरादर** *वि०* भाई-बन्धु-बान्धव, जाति-भाई।
**बेराम** *वि०* बीमार।
**बेरामी** *स्त्री०* रोग।
**बेराय** *पु०* पृथक् मत, प्रतिकूल।
**बेरावल** *अक०* पृथक् रहना, परहेज करना।
**बेरावा** *पु०* परहेज, बचे रहने की प्रवृत्ति।
**बेरासी** *वि०* अस्सी और दो।
**बेरोख** *वि०* नाराज, शीलरहित।
**बेर्हीं** *स्त्री०* अनाज रखने के लिए बना वृत्ताकार घेरा, जिसके ऊपर छप्पर रहता है।
**बेल** *पु०* एक प्रकार का फल। उदा० 'बेल फूटले राई छाई'।
**बेलगरामी** *स्त्री०* एक प्रकार की मिठाई; गाजा।
**बेलगान** *पु०* वह भूमि, जिसकी मालगुजारी नहीं लगती है।
**बेलगावल** *सक०* दूर भगाना, खदेड़ना।
**बेलडबिआ** *पु०* बेल की बनी डिबिया, जिसका उपयोग दिये के रूप में होता है।
**बेलदार** *पु०* मिट्टी काटने वाली एक जाति।
**बेलधुक** *वि०* मूर्ख।
**बेलन** *पु०* दण्डाकार गोल भारी पदार्थ, जिसे चलाकर सड़क आदि का कंकड़ बैठाते हैं, रोलर।
**बेलना** *पु०* बेलने का काठ का लम्बा और गोल आला।
**बेलपत्तर** *पु०* बेल का पत्ता।
**बेलपानी** *स्त्री०* सावन के अन्तिम बृहस्पतिवार को होने वाला एक त्योहार, जिसमें हाथ में मेंहदी लगाई जाती है।
**बेल-बूटा** *पु०* फूल, पत्ती आदि के चित्र, जो दीवाल या कागज पर बनाए जाते हैं।
**बेलल** *सक०* चकले पर रखकर और बेलन घुमाकर उसे बढ़ाना।
**बेलव** *अव्य०* गलत ढंग से।
**बेलसल** *अक०* विलास करना, बोगना।
**बेलहट्ठी** *स्त्री०* बैल या घोड़े के पैर में निकली अस्वाभाविक गुलठियाँ।
**बेलहरा** *पु०* एक प्रकार की मछली।
**बेला** *पु०* सफेद रंग का एक सुगन्धित फूल; बेल के फल का बना तेल नापने का बर्तन।
**बेलाग** *वि०* सब प्रकार से अलग, साफ।
**बेलावल** *सक०* खदेड़ना, भगाना।
**बेलि** *स्त्री०* लता, एक प्रकार का फूल, बेला।
**बेली** *स्त्री०* एक प्रकार का फूल।

**बेलुरा** *वि०* बिना ढंग का।
**बेलूर** *वि०* गलत ढंग का।
**बेवतल** *सक०* काटना, काँट-छाँट करना।
**बेववकड़** *वि०* हत, बेअक्ल।
**बेवखत** *अव्य०* कुसमय।
**बेवरा** *पु०* विवरण, ब्यौरा।
**बेवसथा** *स्त्री०* प्रबन्ध, इन्तजाम।
**बेवसाय** *पु०* पेशा, उद्यम, रोजगार।
**बेवहर** *पु०* सूद पर कर्ज देने का रोजगार।
**बेवहरिया** *पु०* सूद पर रुपया चलाने वाला।
**बेवहार** *पु०* बर्ताव, ढंग।
**बेवा** *स्त्री०* [फा०] विधवा।
**बेवान** *पु०* वायुयान, विमान; पचाठी, जिससे शव को श्मशान ले जाया जाता है।
**बेवाय** *पु०* पैर की एँड़ी के फटने का रोग, बेवाई।
**बेस** *वि०* अधिक, बहुत अच्छा।
**बेसक** *अव्य०* निस्सन्देह।
**बेसकीमत** *वि०* बहुमूल्य।
**बेसन** *पु०* चने की दाल का आटा।
**बेसनी** *वि०* शौकीन।
**बेसम्हार** *वि०* जो सम्हाला न जा सके, बहुत अधिक।
**बेसर** *स्त्री०* [सं० बेसरः] नाक का एक प्रकार का गहना; बुलाक। *उदा०* 'नकबेसर कागा ले भागा सइया अभागा ना जागा'। लोक०
**बेसरम** *वि०* बेहया, बेशर्म।
**बेसवा** *स्त्री०* वेश्या। *उदा०* 'बेसवा के भतार पइसा'।
**बेसहनी** *स्त्री०* खरीद का काम।
**बेसाहल** *सक०* खरीदना, मोल लेना।
**बेसी** *वि०* अधिक, ज्यादा।
**बेसुध** *वि०* बेखबर, अचेत, बेहोश।
**बेसुरा** *वि०* स्वरहीन, बेताल, बेमौका काम करने वाला।
**बेहँगवा** *वि०* आवारा, असावधान।
**बेहतर** *वि०* [फा०] अपेक्षाकृत अच्छा।
**बेहद** *वि०* [फा०] अपार, असीम।
**बेहन** *वि०* [फा०] धान का पौधा, जिसे अन्यत्र रोपा जाता है; गेंड़।
**बेहरा** *पु०* पछुआ के कारण लगने वाला रोग।
**बेहरी** *स्त्री०* चन्दा, दानरूप में ली गई राशि।
**बेहवर** *पु०* कर्ज के लेन-देन का व्यवसाय।
**बेहवार** *पु०* बर्ताव, व्यवहार।
**बेहाथ** *वि०* बेकाबू, अनियंत्रित।
**बेहाया** *वि०* निर्लज्ज, बेशर्म।
**बेहाल** *वि०* बेचैन, व्याकुल, बदहालत।
**बेहिसाब** *वि०* मूर्ख, विवेकहीन, नासमझ।
**बेहोस** *वि०* चेतनाशून्य।
**बैंक** *पु०* [अं०] जमा-निकासी का कार्यालय।
**बैंकर** *पु०* [अं०] महाजन।
**बैंगन** *पु०* दे० 'बैगन'।
**बैंगनी** *वि०* दे० 'बैगनी'।
**बैंड** *पु०* [अं०] बाजा; वादक दल। **-मास्टर** *पु०* बैण्ड का संचालक।
**बैंड़ल** *सक०* बेंड़ना।
**बैंत** *पु०* बेंत।
**बै** *स्त्री०* [अ०] जमीन की बिक्री। **-नामा** *पु०* वह कागज, जो विक्रेता क्रेता को लिखता है।
**बैकुंठ** *पु०* स्वर्ग, विष्णुलोक।
**बैखरा** *पु०* परेशानी, व्याकुलता, व्यग्रता।
**बैगन** *पु०* एक प्रकार की तरकारी, भण्टा।
**बैगनी** *वि०* बैगन के रंग का।
**बैजंती** *स्त्री०* एक प्रकार का पौधा और फूल; एक प्रकार की माला।

**बैजा** पु० अण्डकोष।
**बैट** पु० [अं०] बल्ला।
**बैठक** *पु०* बैठने का स्थान (घरों में यह बरामदे के पीछे होता है)। *उदा०* 'बैठे के चटाई ताने के तम्मू'।
**बैतरनी** *स्त्री०* वैतरणी।
**बैताल** *पु०* एक प्रेतयोनि।
**बैद** *पु०* वैद्य। **-ई** *स्त्री०* वैद्य।
**बैदक** *पु०* भारतीय चिकित्सा-शास्त्र, आयुर्वेद।
**बैदनाथ** *पु०* वैद्यनाथ।
**बैदार** *पु०* किसी की जमीन खरीदने वाला व्यक्ति।
**बैदिक** *पु०* वेदज्ञ, वेद का ज्ञाता।
**बैन** *पु०* वचन, बोल।
**बैना** *पु०* ब्याना।
**बैपार** *पु०* व्यापार।
**बैपारी** *पु०* व्यापारी।
**बैमान** *वि०* [फा०] दूसरे का हक हड़पने वाला, बेईमान।
**बैरंग** *वि०* जिस पर टिकट लगाए बिना डाकघर में छोड़ा गया हो, (ऐसी चिट्ठी)।
**बैर** *पु०* विरोध, झगड़ा, शत्रुता।
**बैरन** *पु०* बिना टिकट लगा पत्र, जिसका व्यय-भार प्राप्तकर्ता को वहन करना होता है।
**बैराग** *पु०* सांसारिक सुखों में अनासक्ति।
**बैरागी** *स्त्री०* वैष्णव साधुओं का एक भेद। *उदा०* 'बैरागी का हाथ से बटही भागी'।
**बैराह** *वि०* खाने के बाद वायुदोष उत्पन्न करने वाला, हानिकारक भोजन।
**बैरिया** *पु०* भूरे-लाल रंगवाला (बैल)।
**बैरिस्टर** *पु०* [अं०] वकील।
**बैरी** *स्त्री०* शत्रु, दुश्मन।
**बैल** *पु०* एक चौपाया, जिसका उपयोग हल या गाड़ी खींचने के लिए होता है; मूर्ख। **-गाड़ी** *स्त्री०* बैल द्वारा खींची जाने वाली गाड़ी। *उदा०* 'बैल अगोतर गाय पछोतर'।
**बैलघारी** *पु०* बैल का घर।
**बैली** *स्त्री०* निमारा।
**बैलून** *पु०* [अं०] गुब्बारा।
**बैस** *पु०* जवानी।
**बैसाख** *पु०* चैत के बाद का महीना, बैशाख। **-नंदन** *पु०* गदहा।
**बैसाखी** *स्त्री०* लँगड़े आदमी के चलने का एक सहारा।
**बोंग** *पु०* लाठी।
**बोंगिया** *पु०* खाँची।
**बो** *पु०* नर बकरे की बोली। *स्त्री०* पत्नी (भाईजी बो, रामा बो आदि)।
**बोअनी** *स्त्री०* बोने का काम।
**बोअल** *अक०* खेत में छींटकर बीज डालना।
**बोआई** *स्त्री०* बोअनी।
**बोआरी** *स्त्री०* एक प्रकार की मछली।
**बोइया** *स्त्री०* ताड़-खजूर के पत्तों की डलिया।
**बोकड़ा** *पु०* अधकूटा धान।
**बोकरल** *अक०* वमन करना, कै करना।
**बोकला** *पु०* पेड़ का छिलका।
**बोकवा** *पु०* एक प्रकार का दुर्गन्धयुक्त पौधा।
**बोका** *पु०* नर बकरा; मूर्ख, बेवकूफ। *उदा०* 'बोका गइले नैपाल जीअबू कइसे बकरी'।
**बोकिआवल** *सक०* बो-बो कहकर किसी का अनादर करना।
**बोको** *पु०* एक प्रकार की टोकड़ी, जिसमें नेपाली किसी आदमी को बैठाकर ले जाता है।
**बोखार** *पु०* ज्वर, ताप, बुखार।

**बोच** *पु०* एक प्रकार का जलजन्तु।

**बोझ** *पु०* भार।

**बोझल** *सक०* किसी पात्र में किसी वस्तु को डालते जाना।

**बोझा** *पु०* रस्सी या अन्य चीज से बाँधा गया गट्ठर; वजन; भार।

**बोझाई** *स्त्री०* बोझने का काम।

**बोट** *स्त्री०* [अं०] नाव।

**बोटा** *पु०* लकड़ी का कुन्दा, टुकड़ा, सिलपट।

**बोटी** *स्त्री०* मांस का छोटा टुकड़ा।

**बोड़ा** *पु०* एक प्रकार की तरकारी; एक प्रकार का धान।

**बोतल** *पु०* [अं०] शीशी।

**बोतू** *पु०* नर बकरा।

**बोथ** *पु०* नदी का वह भाग, जहाँ घास उगी रहती है।

**बोथल** *सक०* पानी या रंग से सराबोर करना।

**बोदर** *पु०* एक प्रकार का जलपक्षी, जो सुस्त होता है।

**बोदा** *पु०* सुस्त, काम में ढीला; खराब असगुनी।

**बोध** *स्त्री०* ज्ञान, समझ।

**बोधक** *वि०* [सं०] सूचक, बोध कराने वाला।

**बोधन** *पु०* [सं०] ज्ञान कराना, जताना, जगाना।

**बोधल** *सक०* समझाना-बुझाना।

**बोधनी** *स्त्री०* [सं०] ज्ञान; प्रबोधिनी एकादशी; पीपल।

**बोधान** *वि०* [सं०] चतुर, बुद्धिमान।

**बोधी** *वि०* [सं०] जानने वाला, जनाने वाला।

**बोनी** *स्त्री०* बोने की प्रक्रिया।

**बोम** *पु०* बाँस की मोटी लाठी।

**बोमी** *स्त्री०* वमन।

**बोय** *पु०* दुर्गन्ध, बदबू। *उदा०* 'बोय जेतने छिपाएब ओतने फूटी'।

**बोर** *वि०* डुबाने वाला, नालायक। [सं०] इन्द्रधनुष।

**बोरल** *सक०* डुबाना।

**बोरसी** *स्त्री०* आग रखने का मिट्टी का बर्तन।

**बोरा** *पु०* टाट का बना बड़ा थैला। *उदा०* 'बोरा बरही कसले से ठीक रहेला'।

**बोरो** *पु०* एक प्रकार का मोटा धान।

**बोल** *पु०* ध्वनि (वाद्य-यंत्र)।

**बोलक्कड़** *वि०* बहुत बोलने वाला।

**बोलचारी** *स्त्री०* बातचीत कर किसी को बुलवाने की स्थिति।

**बोलता** *पु०* जीव, आत्मा।

**बोलल** *पु०* उच्चारण करना, गुस्से में आकर डाँट-डपट करना।

**बोलवावल** *सक०* निकट आने को कहना, बुलवाना।

**बोलाना** *पु०* बुलावा।

**बोली** *स्त्री०* बोल, वचन; भाषा, बोल-चाल; व्यंग्य। **-टोली** *स्त्री०* कटाक्ष। **-दार** *पु०* वह आसामी, जिसे बिना लिखा-पढ़ी के खेत दिया गया हो। **-कसल** *मुहा०* ताने देना। **-बोलल** *मुहा०* फबती कसना; नीलाम में चीज का दाम लगाना।

**बोवल** *सक०* बोना।

**बोवाई** *स्त्री०* बोआई।

**बोवावल** *सक०* बोआना।

**बोह** *स्त्री०* डुबकी।

**बोहनी** *स्त्री०* प्रथम नकद बिक्री।

**बोहल** *सक०* किसी बर्तन को तेल, घी, दूध आदि का व्यवहार कर ऐसा बना देना कि वह सोख न सके।

**बोहा** *पु०* बाढ़-वर्षा के कारण नदी आदि में हुई जलवृद्धि।
**बोहाइल** *अक०* पानी से भींग जाना।
**बोहिआइल** *अक०* कपड़ा भिंगा लेना।
**बौंड़** *स्त्री०* लता; लम्बी टहनी।
**बौंड़र** *पु०* बवण्डर।
**बौंड़िआइल** *अक०* भटकना।
**बौंड़ी** *स्त्री०* कच्चा, छोटा फल; ढोंढ़ी।
**बौआइल** *अक०* सपने में प्रलाप करना।
**बौखल** *वि०* बदहवास, विक्षिप्त।
**बौखलाइल** *अक०* क्रोध से पागल हो उठना।
**बौखलाहट** *स्त्री०* बदहवासी, क्रोधवश।
**बौखा** *स्त्री०* हवा का तेज झोंका।
**बौखी** *स्त्री०* तेज हवा, आँधी।
**बौछार** *स्त्री०* [सं० वायुक्षरणं] झंझावत।
**बौड़िआइल** *अक०* चक्कर लगाना, घूमना।
**बौना** *वि०* नाटा। *उदा०* 'बौना चलल अकासे छूए'।
**बौर** *पु०* आम की मंजरी।
**बौराह** *वि०* पागल, बावला।
**बौरी** *वि० स्त्री०* पगली।
**ब्यक्ति** *स्त्री० पु०* व्यक्ति।
**ब्याज** *पु०* सूद। **-खोर** *पु०* सूद खाने वाला। **-बट्टा** *पु०* नफा-नुकसान।
**ब्योरा** *पु०* [सं० विवरणम्] विवरण।
**ब्रह्मंड** *पु०* संसार; सिरा; ब्रह्माण्ड।
**ब्रह्म** *पु०* [सं० ब्रह्मन्] परमात्मा, आत्मा; सृष्टि; विधाता; त्रिदेव में एक।
**ब्रह्मगाँठ** *पु०* यज्ञोपवीत की गाँठ।
**ब्रह्मचरज** *पु०* ब्रह्मचर्य।
**ब्रह्मचारी** *पु०* ब्रह्मचर्य-व्रत का पालन करने वाला।
**ब्रह्मबेला** *पु०* सूर्योदय-पूर्व का समय।
**ब्रह्महत्या** *पु०* ब्राह्मण के वध का पाप।
**ब्राह्मण** *पु०* [सं०] अग्रजन्मा, विप्र। *उदा०* 'ब्राह्मण मिठाई, कायथ खटाई। राजपूत तिताई, और जात उलवाई॥' लोको०।
**ब्राह्मी** *स्त्री०* एक प्रकार की बूटी (जड़ी), जो उन्माद में व्यवहृत होती है; ब्रह्मा की शक्ति; एक लिपि।
**ब्रिगेड** *पु०* सेना का एक विभाग।
**ब्रिगेडियर** *पु०* ब्रिगेड का नायक।
**ब्रिटिस** *वि०* [अं०] ब्रिटेन का, अंग्रेजी।
**ब्रेक** *पु०* [अं०] गति रोकने वाला यंत्र।
**ब्लाउज** *पु०* [अं०] जनानी कुरती।
**ब्लाक** *पु०* [अं०] चित्र; ठप्पा; भूमिखण्ड।
**ब्लेड** *पु०* [अं०] पत्ती।

❑

# भ

**भ** देवनागरी वर्णमाला के पवर्ग का चौथा वर्ण। उच्चारण-स्थान ओष्ठ।

**भँइस** *स्त्री०* दूध देने वाली काले रंग का एक चौपाया पशु, भैंस। *उदा०* 'भँइस के आगे बीन बजाई भँइस रहे पगुवाय।' *कहा०*

**मनोहारी** *पु० वि०* एकमन को वश में करने वाला।
**मनौती** *स्त्री०* मानता, मन्नत।
**ममत** *पु०* अपनापन, प्रेम, ममत्व।
**ममरिआइल** *अक०* पपड़ी पड़ना।
**ममरी** *स्त्री०* हल्की वर्षा के बाद जमीन पर पड़ी पपड़ी।
**ममसल** *अक०* अधिक नमी के कारण अनाजों का इतना सड़ जाना कि मीसने से नष्ट हो जाए।
**ममहर** *पु०* मामा का घर, मामा का निवास-ग्राम।
**ममारखी** *स्त्री०* पुत्रजन्म की सूचना, बधावा।
**ममिआउत** *वि०* ममेरा।
**ममिला** *पु०* दे० 'मामला'।
**ममेरा** *पु० वि०* मामा से सम्बन्धित।
**ममोर** *पु०* शिकन।
**ममोरल** *सक०* ऐंठना।
**ममोराइल** *वि०* शिकनदार।
**मय** *अव्य०* साथ, समेत, सब।
**मयगर** *पु० वि०* दयालु, दयावान; गम्भीर गति से चलने वाला मस्त हाथी। *उदा०* 'मयगर चढ़े तिलक ना करे'।

**मयभा** *स्त्री०* सौतेली।
**मयभाउत** *वि०* सौतेली माँ से उत्पन्न।
**मयार** *वि०* दयालु, ममतामयी; ऐसा खेत, जिसमें नमी बनी रहती है।
**मये** *वि०* कुल, सब, सम्पूर्ण।
**मर** *अव्य०* विस्मयादिबोधक।
**मरउअत** *अक०* लिहाज, रियायत।
**मरउटी** *स्त्री०* युद्ध में मारे गए व्यक्तियों के परिवार को दी गई कर-मुक्त भूमि या राशि।
**मरउअती** *वि०* जो अपनी सलज्जता के कारण अपकार्य करने पर भी बाध्य हो जाता है।
**मरकट** *वि०* गन्दा।
**मरकन** *पु०* पेट का अधपचा अन्न, जो मलरूप में निकलता हो।
**मरकल** *अक०* किंचित् सूखने से पत्तों का मुलायम होना; मउरल।
**मरकही** *वि०* मारने वाली गाय।
**मरकी** *स्त्री०* महामारी, मृत्यु।
**मरखाह** *वि०* मारने वाला पशु।
**मरगंग** *स्त्री०* गंगा की धारा।
**मरघट** *पु०* मुर्दे फूँकने की जगह, श्मशान।
**मरचा** *पु०* एक तीता फल, लाल मिर्चा; एक सुगन्धित धान, जिसका चूड़ा प्रसिद्ध है।
**मरज** *स्त्री०* बीमारी, पीब।
**मरजा** *पु०* घाटा।
**मरजाद** *पु०* [सं० मर्यादा] प्रतिष्ठा, बारात के दूसरे दिन ठहरने की रस्म।
**मरजादी** *स्त्री०* मरजाद के दिन बाजे वाले को दिया गया ईनाम।
**मरजी** *स्त्री०* कृपा; इच्छा; रुचि। *उदा०* 'मरजी गोविंद के केरांव फरे भेली'।
**मरतबा** *पु०* बार, दफा।
**मरता** *वि०* मरता हुआ; दुर्बल।
**मरतुलाह** *पु०* *वि०* रुग्ण, अत्यन्त दुर्बल।
**मरथल** *वि०* मरणासन्न।
**मरद** *पु०* मर्द, बहादुर। *उदा०* 'मरद का आ बरध का पानी, के मोल हऽ'।
**मरदकित्ता** *पु०* पुरुषों हेतु बैठकखाना।
**मरद बच्चा** *पु०* पुरुष जाति।
**मरदवा, मरदे** *पु०* पुरुष के लिए सम्बोधन में किया गया व्यवहार।
**मरदल** *सक०* कसकर मलना, मसलना।
**मरदनवा** *पु०* *वि०* नरपक्षी।
**मरदा** *पु०* मर्द के लिए उपेक्षित-प्रयोग।
**मरदाना** *वि०* पुरुषोचित, वीरोचित।
**मरदानी** *स्त्री०* पुरुषों की धोती।
**मरदुआ** *पु०* मर्द जाति; स्त्रियों के द्वारा पुरुष के लिए प्रयुक्त शब्द।
**मरदूमी** *स्त्री०* बहादुरी।
**मरदे** *पु०* उपेक्षा आदि के अर्थ में सम्बोधन का शब्द।
**मरधर** *स्त्री०* नदी की सूखी धारा।
**मरन** *पु०* [सं० मरणम्] मृत्यु, मौत। *उदा०* 'मरन न जाने बेर कुबेर'।
**मरनाछ** *स्त्री०* मृतक-सी बनावटी स्थिति, काछल।
**मरम** *पु०* [सं० मर्मन्] भेद, रहस्य; दिल की गुप्त बात।
**मरमर** *पु०* काठ या पेड़ आदि के टूटने से उत्पन्न शब्द; पत्तियों के हिलने की आवाज।
**मरमराइल** *सक०* डाल के टूटने पर शब्द होना।
**मरमूढ** *स्त्री०* मूर्च्छा की बीमारी, जिसमें मुट्ठी बँध जाती हो। मिरगी।
**मरमोह** *पु०* गाढ़ी ममता।
**मरम्मत** *स्त्री०* टूटे-फूटे भाग को दुरुस्त करने का कार्य, दुरुस्ती।
**मरल** *अक०* शरीर से जीवात्मा का निकल जाना, मरना; जाना। *उदा०* 'मरल गाय बाभन के दान'।

**मरवावल** *सक०* किसी को मारने के लिए प्रेरित करना।
**मरसा** *पु०* मरुसा, एक प्रकार का साग।
**मरसोन** *वि०* मारा जाना, नष्ट, बर्बाद।
**मराछ** *स्त्री०* *वि०* वह स्त्री, जिसके बच्चे जन्म लेकर मर जाते हैं।
**मराता** *पु०* सूखा पौधा।
**मरावल** *अक०* सम्भोग करना।
**मरिच** *पु०* गोलमिर्च, काली मिर्च।
**मरिचा** *पु०* दे० 'मरचा'।
**मरियल** *वि०* दुबला-पतला, कमजोर।
**मरिया** *पु०* हथौड़ी।
**मरी** *स्त्री०* मरा प्राणी, मुआर।
**मरीज** *पु०* बीमार, रोगी।
**मरुअइनी** *स्त्री०* रब्बी मौसम की एक प्रकार की घास।
**मरुआ** *पु०* एक प्रकार का सुगन्धित पौधा, जो देवी को चढ़ता है।
**मरुआइल** *अक०* मुरझाना।
**मरुसा** *पु०* दे० 'मरसा'।
**मरेआ** *पु०* मजदूरों की पंक्ति का चहेता मजदूर।
**मरेन** *पु०* *वि०* जो सूखकर बर्बाद हो गया हो।
**मरेही** *स्त्री०* सूखे के कारण पतला और कमजोर पौधा।
**मरोड़** *पु०* आँव।
**मरोरल** *सक०* ऐंठना।
**मर्क** *पु०* [सं०] देह; प्राण; बन्दर।
**मर्कट** *पु०* [सं०] बन्दर।
**मर्चेंट** *पु०* [अं०] व्यापारी।
**मर्ज** *पु०* [अ०] व्याधि, रोग।
**मर्जी** *स्त्री०* [अ०] दे० 'मरजी'।
**मर्द** *पु०* [सं०] मर्दन [फा०] पुरुष, नर, मनुष्य। **-आदमी** *पु०* बहादुर, मरदाना। **-बच्चा** *पु०* वीर, बहादुर। **-बाज** *वि०* स्त्री० पुंश्चली।
**मर्दाना** *वि०* [फा०] पुरुष सम्बन्धी।
**मर्म** *पु०* [सं] रहस्य, तत्त्व, गूढ़ार्थ।
**मलंग** *पु०* मुसलमानों का एक सन्त; नाव का अगला हिस्सा।
**मल** *पु०* आँव; भूमिहार और राजपूतों की उपाधि; मैल; विष्ठा; विकार।
**मलकाउन** *पु०* पौधाविशेष, जिसका तेल अखाद्य होता है।
**मलकारी** *स्त्री०* गुड़िया।
**मलकावल** *सक०* पलक उठाते और गिराते रहना; चलाते रहना।
**मलकिनी** *स्त्री०* मालिक की पत्नी; स्वामिनी।
**मलकोका** *पु०* कुमुदनी।
**मलगजरी** *स्त्री०* सारवस्तु; बिना परिश्रम के आराम उठाने का भाव; योनि (देशज शब्द)।
**मलगोबा** *पु०* दही मिलाकर तैयार किया गया भोज्य-पदार्थ।
**मलछल** *अक०* कसक या व्यग्रता का अनुभव करना।
**मलछहूँ** *वि०* कुछ मलीन, मैला-सा।
**मलझाउन** दे० 'मलकाउन'।
**मलदहवा** *पु०* एक प्रकार का बड़ा और स्वादिष्ट आम, मालदह।
**मलपट** *पु०* कनपटी, कान तथा गाल के पास का स्थान।
**मलमल** *पु०* [सं० मलमल्लक:] महीन सूती वस्त्र।
**मलमास** *पु०* प्रत्येक तीसरे वर्ष में पड़ने वाला अधिक मास।
**मलय** *पु०* [सं०] मलाबार प्रदेश; उद्यान; नन्दन-कानन। **-गिरि** *पु०* मलय पर्वत। **-ज** *पु०* चन्दन।
**मलल** *सक०* [सं० मर्दनं] हाथ से रगड़ना; मालिश करना; मसलना।

**मलवावल** *सक०* दूसरे से रगड़वाना या मसलवाना।

**मलहम** *स्त्री०* घाव या दर्द में मलने की दवा, लेप।

**मलहोरिन** *स्त्री०* मालिन।

**मलाई** *स्त्री०* दूध की साढ़ी, बालाई; मूल-तत्त्व।

**मलाका** *स्त्री०* [सं०] कामवती स्त्री; दूती; हथिनी।

**मलामत** *स्त्री०* गन्दगी।

**मलार** *पु०* मल्हार राग-विशेष, जो वर्षा ऋतु में गाया जाता है।

**मलाल** *पु०* दु:ख, रंज।

**मलाह** *पु०* मछली मारने वाली एक जाति, केवट।

**मलिआ** *स्त्री०* काठ या काँच का बना पात्र।

**मलिआवल** *सक०* मिट्टी को हेंगा चलाकर समतल करना।

**मलिक** *पु०* गान-विद्या में प्रवीण; गायक की उपाधि।

**मलिकई** *स्त्री०* मालिक का काम या अधिकार।

**मलिकाँव** *पु०* स्वामित्व।

**मलिखम** *पु०* धरन पर लगा खम्भ, जिस पर लरही रहती है, मलिकथम।

**मलीदा** *पु०* एक प्रकार की सुस्वादु पूड़ी; चूरमा।

**मलीन** *वि०* गन्दा, दूषित।

**मलुआइल** *अक०* उदास रहना।

**मलू** *पु०* बन्दर।

**मलूक** *पु०* एक चिड़िया; एक कीड़ा। *वि०* सुन्दर। **-दास** *पु०* एक सन्त कवि, जिनकी पंक्ति 'दास मलूक कह गए सबके दाता राम' बहुचर्चित है।

**मलेछ** *पु०* कृपण या गन्दा व्यक्ति; एक अदृश्य हानिकारक शक्ति।

**मलेयागिर** *पु०* एक प्रकार के चन्दन की सुगन्धित लकड़ी।

**मलेरिया** *पु०* जड़ैया, बुखार।

**मलेहरा** *पु०* एक प्रकार का पान।

**मलैया** *पु०* जाड़े में दूध को रातभर ओस में रखने के बाद उसमें चीनी, केशर, इलायची मिलाकर मथने से निकला फेन।

**मलोला** *पु०* अरमान; दु:ख।

**मल्ल** *पु०* [सं०] पहलवान। *वि०* पट्ठा, बलवान। **-भूमि** *स्त्री०* अखाड़ा। **-विद्या** *स्त्री०* कुश्ती। **-शाला** *स्त्री०* अखाड़ा।

**मल्लाह** *पु०* [अ०] केवट, माझी।

**मल्लाही** *वि०* मल्लाह सम्बन्धी।

**मवक्किल** *पु०* मुकदमे में वकील रखनेवाला व्यक्ति।

**मवस्सर** *वि०* उपलब्ध, प्राप्य।

**मवाद** *पु०* [सं०] पीब।

**मवाली** *पु०* दक्षिण भारत की अर्द्धसभ्य उत्पाति जाति।

**मवेसी** *पु०* ढोर, डंगर; चौपाया।

**मस** *पु०* मच्छर, मशक।

**मसक** *पु०* पानी रखने का थैला; चमड़े के थैले से बना एक बाजा।

**मसकल** *अक०* तनाव या दबाव से थोड़ा फट जाना।

**मसकरी** *स्त्री०* मजाक, दिल्लगी, मसखरी।

**मसका** *पु०* चबेना का फाँका।

**मसकावल** *सक०* दबाकर या खींचकर किंचित् फाड़ देना।

**मसकिल** *पु०* कठिन, दुष्कर।

**मसजिद** *पु०* मुसलमानों का प्रार्थना-गृह, जहाँ नमाज पढ़ी जाती है। *उदा०* 'मसजिद में दिया बारे के पहिले घर में दीया बारऽ'।

**मसनद** *पु०* बड़ा या मोटा तकिया, जिस पर ओठँगा जाता है।
**मसनिया** *पु०* डोम, श्मशान में रहने वाला।
**मसरफ** *पु०* काम या व्यवहार में आने की स्थिति, उपयोग।
**मसलंद** दे० 'मसनद'।
**मसल** *स्त्री०* [अ०] कहावत, लोकोक्ति, मिसाल।
**मसलभाभड़ी** *स्त्री०* चकमा देने के लिए कही गई प्रपंचपूर्ण बात।
**मसबरा** *पु०* राय, सलाह, सम्मति।
**मसरी** *स्त्री०* मुकीले ठाट वाली (भैंस)।
**मसहरी** *स्त्री०* मच्छरों से बचाव के लिए जालीदार कपड़े का घेरा, मच्छरदानी।
**मसहूर** *वि०* प्रसिद्ध, विख्यात।
**मसाढ़** *स्त्री०* मछली-विशेष।
**मसान** *पु०* [सं० श्मशानं] मरघट, श्मशान।
**मसाल** *पु०* एक बहुत बड़ी बत्ती, जो डण्डे में लगी रहती है; मशाल।
**मसाला** *पु०* तरकारी में डाले जाने वाली हल्दी, मिर्च आदि; रासायनिक खाद्य-पदार्थ।
**मसाह** *स्त्री०* पानीभरे खेत में रोपनी के लिए की गई जोत।
**मसाहल** *सक०* रोपनी के पूर्व जोतकर रखा गया पानीभरा खेत।
**मसि** *स्त्री०* [सं०] स्याही, रोशनाई।
**मसिहान** *स्त्री०* दावात।
**मसी** *स्त्री०* स्याही; एक पशु-खाद्य घास।
**मसीन** *स्त्री०* यन्त्र, कल।
**मसीनरी** *स्त्री०* [अं०] मशीनें, यंत्र-समष्टि।
**मस्ते** *पु०* अनुस्वार के लिए कैथी लिपि में प्रयुक्त शब्द।
**मसुरिया** *पु०* मकई जैसे पौधे में गुच्छेदार दानेवाला अन्न।
**मसूरी** *स्त्री०* एक प्रकार की दलहन, मसूर।
**मसूल** *पु०* किराया भाड़ा।
**मसोरल** *अक०* जोर से मीसना, मसलना।
**मसोसल** *अक०* दुःख के वेग को रोककर रखने का भाव।
**मसौदा** *पु०* लिखकर दिया गया प्रारूप।
**मस्ती** *स्त्री०* [सं० मत्तः] अत्यन्त प्रसन्नता का भाव।
**महँगा** *वि०* सामान्य से अधिक मूल्यवान, महँगा।
**महँगी** *पु०* महँगी की स्थिति या स्वभाव।
**महंथ** *पु०* [सं० महत्] साधुओं के किसी समूह का अधिष्ठाता। मठ का स्वामी।
**महंथी** *सं०* महन्थ का भाव।
**मह** *स्त्री०* धरती।
**महक** *स्त्री०* सुगन्ध।
**महकमा** *पु०* [अ०] विभाग।
**महकल** *अक०* सुगन्ध फैलना।
**महकार** *पु०* ईख के कोल्हू के निकट बनाई गई प्रतिमा। *कहा०* 'ना ऊँख रोपब, ना महकार के पूजब'।
**महकावल** *सक०* सुँघवाना।
**महङ** दे० 'महँगा'।
**महजड़ा** *पु०* झमेलापूर्ण बातचीत।
**महटिआवल** *सक०* काम करने में टाल-मटोल करना।
**महतारी** *स्त्री०* माता, महतारी।
**महतीन** *स्त्री०* मालकिन।
**महतो** *पु०* नुनिया, कोइरी आदि जातियों की उपाधि; रैयतों का प्रधान।
**महथा** *पु०* खत्रियों की उपाधि।
**महदेवा** *पु०* गाँठ, जिसमें रस्सी बाँधी जाती है; बैल।
**महमह** *क्रि०वि०* खूब सुगन्ध।
**महमूली** *वि०* साधारण।

**महरा** *पु०* चमारों की उपाधि; मजदूरों का मेठ।

**महराज** *वि०* गुरु, ब्राह्मणों, राजा या पूज्य लोगों के लिए सम्बोधन शब्द।

**महराजा** *पु०* राजाओं का राजा।

**महरानी** *स्त्री०* महाराजा की पत्नी, महारानी।

**महरी** *स्त्री०* ग्वालिन; एक चिड़िया।

**महल** *सक०* दही को मथनी से तोड़ना या मथना, बिलोना।

**महला** *वि०* मंजिलवाला (मकान)।

**महल्ला** *पु०* शहर या गाँव का छोटा खण्ड, जिसमें बहुत से घर आदि हों।

**महा** *वि०* बड़ा, बहुत, 'महत्' का समासगत रूप। **-कवि** *पु०* बहुत बड़ा कवि; महाकाव्य का रचयिता। **-काय** *वि०* भारी भरकम शरीरवाला। **-काल** *पु०* शिव का संहारकारी रूप, रुद्र। **-काली** *स्त्री०* दुर्गा। **-काव्य** *पु०* बड़ा काव्य, सर्गबद्ध विस्तृत आयाम वाला काव्य। **-कुल** *पु०* उच्च कुल। **-गुरु** *पु०* श्रेष्ठ गुरुजन। **-गौरी** *स्त्री०* दुर्गा। **-जन** *पु०* श्रेष्ठजन। **-जनी** *स्त्री०* महाजन का पेशा। **-जल** *पु०* समुद्र। **-ज्ञानी** *वि०* बहुत बड़ा ज्ञानी। **-ज्योति** *पु०* सूर्य; शिव। **-दंत** *पु०* शिव; बड़े दाँतों वाला हाथी। **-देव** *पु०* शिव। **-देवी** *स्त्री०* दुर्गा; पार्वती। **-गर** *पु०* बड़ा शहर। **-नट** *पु०* शिव। **-नवमी** *स्त्री०* आश्विन शुक्ल नवमी। **-पथ** *पु०* राजपथ। **-पातर** *पु०* महाब्राह्मण। **-फल** *पु०* बेल। **-भारत** *पु०* व्यास-रचित इतिहास-ग्रन्थ। **-मति** *वि०* अति-बुद्धिमान। **-मना** *वि०* उदारचित्त। **-माई** *स्त्री०* काली देवी। **-मुनि** *पु०* मुनिश्रेष्ठ; व्यास; अगस्त्य; बुद्धदेव। **-मोहा** *स्त्री०* दुर्गा। **-लौह** *पु०* चुम्बक। **-वाक्य** *पु०* महदर्थ प्रकाशक 'अहं ब्रह्मास्मि', 'तत्त्वमसि', 'अयमात्मा ब्रह्म' आदि उपनिषद्-वाक्य। **-विद्यालय** उच्च शिक्षा देने वाला विद्यालय। **-सुख** *पु०* श्रृंगार, रति। **-हास** *पु०* अट्टहास।

**महाई** *स्त्री०* कारखाने में कच्चे माल को पेरने, गलाने का काम; मथने का काम।

**महाउत** *पु०* महावत।

**महाजाल** *पु०* मछली पकड़ने का बड़ा जाल।

**महाजोगिन** *स्त्री०* एक महीन धान।

**महाड़** *पु०* दही मथने का कार्य।

**महातम** *पु०* पुण्य प्रदान की शक्ति, बड़ाई।

**महातमा** दे० 'महात्मा'।

**महात्मा** *पु०* पुण्यात्मा, पवित्रात्मा, साधु।

**महादेवा** *पु०* पालो की एक गाँठ, जिसमें हल जोतते समय बैलों को रस्सी में बाँधा जाता है।

**महादेवी** *स्त्री०* शिवा, दुर्गा।

**महान** *वि०* बड़ा। **-ता** *स्त्री०* महत्ता।

**महानुभाव** *पु०* महाशय।

**महापाप** *पु०* बड़ा भारी पाप, भयंकर दुष्कर्म से लगा पाप।

**महामाया** *स्त्री०* दुर्गा, आदिशक्ति, महामाई।

**महामोद** *पु०* प्रबल, सुगन्ध।

**महाराज** *पु०* राजा, जमींदार; गुरु, ब्राह्मण आदि श्रेष्ठ जनों के लिए सम्बोधन शब्द।

**महावट** *पु०* माघ की वर्षा।

**महावत** *पु०* हाथी हाँकने वाला व्यक्ति।

**महाल** *पु०* विभाग।

**महावर** *पु०* पैर रँगने का लाल रंग, आलता।

**महासे** *पु०* महाशय।

**महाउर** *पु०* मट्ठे में पकाई गई खीर।

**महि** *स्त्री०* [सं०] पृथ्वी। **-देव** *पु०* ब्राह्मण। **-सुर** *पु०* ब्राह्मण।

**महिआ** *पु०* गुड़ बनाने में ईख के रस का मैल।

**महिनवन** *पु०* महीना का अनिश्चयवाचक शब्द।
**महिनवारी** *स्त्री०* रजोधर्म; वेतन; मासिक।
**महिम** *पु०* मित्र, हित, दोस्त, महिम।
**महिमा** *पु०* स्त्री०, महत्त्व, बड़ाई।
**महिया** *पु०* मठजाउर, महाउर।
**मही** *पु०* मथा हुआ दही, मट्ठा, छाछ।
**महीन** *वि०* [सं० महाक्षीण] पतला, बारीक।
**महीना** *पु०* [सं० मासः] दो पक्षों का समूह; तीस दिनों की अवधि।
**महुअर** *वि०* महुए के रंग का। *पु०* महुआ डालकर पकाई गई रोटी।
**महुआ** *पु०* [सं० मधुकः] एक वृक्षविशेष, जिसके फूल से शराब बनती है।
**महुई** *स्त्री०* महुआ, जिसका फूल छोटा होता है; एक प्रकार का पान।
**महूरत** *पु०* लग्न, मुहूर्त।
**महेला** *पु०* मेथी उबालकर तैयार किया गया खाद्य-पदार्थ।
**महोखा** *पु०* एक पक्षी, जो बँसवारी में रहता है। माँ, स्त्री, माता; देवी; जन्म देने वाली। *उदा०* 'माँ के पेट कोंहार के आँवा कोई गोरा कोई काला'।
**माख** *पु०* आन, अमर्ष।
**माँग** *स्त्री०* माँगने की क्रिया; सिर के बाल को दो भागों में बाँटने वाली रेखा। *उदा०* 'माँग खातिर गइली कोखी गँवा अइली'।
**माँगटीका** *स्त्री०* एक आभूषण।
**माँगर** *पु०* छप्पर के ऊपर वाला हिस्सा; मंगल।
**माँगल** *सक०* कोई वस्तु देने के लिए किसी से कहना; याचना; माँगना। *उदा०* 'माँगल हर्रे देवे बहेरा'।
**माँगलिक** *वि०* [सं० माङ्गलिकम्] शिव, शुभ, कल्याण।
**मांगला** *वि०* दे० 'माँगलिक'।
**माँगुर** *पु०* एक प्रकार की मछली।
**माँजल** *सक०* मलकर या रगड़कर साफ करना।
**माँजा** *पु०* कूँची।
**माँझ** *अव्य०* बीच; मध्य।
**मांझ** *पु०* ढेकी में लगे दो खम्भों को जोड़ने वाला लकड़ी का टुकड़ा, मझार।
**माँझिल** *वि०* बीच का, मध्यम।
**माँझी** *पु०* मल्लाह।
**माँड़** *पु०* पकाए हुए चावल का लसदार पानी। *उदा०* 'माँड़ घोटाय ना पीठा ढकेल'।
**मांड़ा** *पु०* एक प्रकार का नेत्र-रोग, जिसमें पुतली पर मोटी सफेद झिल्ली पड़ जाती है, जिससे दृष्टि मन्द पड़ जाती है।
**माँड़ी** *स्त्री०* कपड़े में लगाया गया मांड़ का पानी; कलफ।
**मांड़ो** *पु०* उपनयन संस्कार और विवाह के अवसर पर बना यज्ञ-मण्डप।
**मांय** *अव्य०* बकरी की बोली।
**मांस** *पु०* चमड़ा, चर्बी, रक्त आदि युक्त शरीर का अंश, गोश्त। **-भक्षी** *पु०* मांसाहारी *उदा०* 'मांस के ढेर पर गिध रखवार'।
**माँह** *अव्य०* बीच; मध्य।
**मांहे** *अव्य०* बीच, होकर; तरफ।
**माई** *स्त्री०* माता; माता के समकक्ष या समवयस्क के लिए सम्बोधन शब्द; देवी। *उदा०* 'माई कहे त राजी, बाप के जोरू कहे तऽपाजी'।
**माई-धीया** *यौ०* माता और पुत्री।
**माईराम** *स्त्री०* सधुनी।
**माऊ** *स्त्री०* माता।
**माकल** *अक०* दौड़ना।
**माख** *पु०* अप्रसन्नता, ओप।

**माखन** दे० 'मक्खन'।

**माघ** *पु०* पूस के बाद और फागुन के पूर्व का महीना–माघ। *उदा०* 'माघ के कनिया बाघ'।

**माघा** *पु०* अश्लेषा के बाद का नक्षत्र, मघा। *उदा०* 'माघा गरजे हथिया बरसे'।

**माघी** *स्त्री०* माघ में होने वाली सब्जी; मगही; असगुनी भैंस।

**माङ** दे० 'माँग'।

**माङल** दे० 'माँगल'।

**माछी** *स्त्री०* उड़ने वाला छोटा कीड़ा। *उदा०* 'माछी मारे हुकुम चलावे'।

**माजरा** *पु०* मामला, वृत्तान्त।

**माझिल** *वि०* मध्य वाला, बीच वाला।

**माझी** *पु०* मुसहरों की उपाधि, मल्लाह, केवट।

**माट** *पु०* मिट्टी का बड़ा घड़ा; मिट्टी का ढेर।

**माटा** *स्त्री०* लाल रंग की एक चींटी, जो पेड़ों के पत्तों में रहती है; दीमक।

**माटी** *स्त्री०* मिट्टी; धरती; खेल; शरीर लाश; शारीरिक गठन। *उदा०* 'माटी के देवता चनने में गायब'।

**माटी तेल** *पु०* किरासन।

**माठ** *पु०* कछार।

**माठल** *सक०* टाल-मटोल करना; चौरस करना।

**माठा** *पु०* मथा हुआ और पानीमिश्रित दही, मट्ठा; चाँदी का बाला।

**माड़वारी** *पु०* मारवाड़ का निवासी; राजस्थान का निवासी। *स्त्री०* माड़वारिन।

**माड़ो** *पु०* मण्डप।

**मात** *पु०* माता का संक्षिप्त रूप जैसे मात-पिता; हार, पराजय; शतरंज के खेल में बादशाह का अन्य मोहरों से घिर जाने से आगे खेल नहीं होने की स्थिति।

**मातदिल** *वि०* न अधिक गर्म और न अधिक ठण्डा; समशीतोष्ण।

**मातम** *पु०* [अ०] मृत्यु-शोक; रोना-पीटना, स्याण।

**मातमी** *वि०* मातम सम्बन्धी।

**मातर** *अव्य०* मात्र; इसका प्रयोग समय-बोधक परसर्ग के रूप में होता है जैसे देखते मातर।

**मातरा** *पु०* एक बार में खाई जाने वाली औषधि का परिमाण; व्यजनों के साथ लगाने वाला स्वर का संक्षिप्त रूप; मात्रा।

**मातरीपूजा** *स्त्री०* शुभ अवसरों पर घर के वृद्धों को पूजने की रीति; मातृपूजा।

**मातल** *अक०* नशे के प्रभाव में आना। *वि०* अधजमा दही।

**मातवर** *वि०* विश्वासी; सज्जन; प्रतिष्ठित; धनवान।

**मातहद** *पु०* किसी की अधीनता में काम करने वाला; मातहत।

**माता** *स्त्री०* [सं० मातृ] जन्म देने वाली माँ; देवी, पूजनीय स्त्री; चेचक; गाय; लक्ष्मी; दुर्गा; मातृका।

**मातामह** *पु०* [सं०] नाना।

**मातामही** *स्त्री०* [सं०] नानी।

**मातुल** *पु०* [सं०] मामा; धतूरा; एक प्रकार का धान।

**मातृ** 'माता' का प्रतिपादिक रूप, जो समास में व्यवहृत होता है। **-देव** *वि०* माता को पूजने वाला। **-पूजन** *पु०* माता की पूजा। **-भक्त** *वि०* माता का भक्त। **-भाषा** *स्त्री०* अपने जन्म-स्थान की, अपने घर में बोली जाने वाली भाषा। **-भूमि** *स्त्री०* जन्मभूमि, स्वदेश।

**मात्र** *अव्य०* [सं०] सिर्फ, केवल।

**मात्रा** *स्त्री०* [सं०] परिमाण, खुराक।

**माथ, माथा** *पु०* [सं० मस्तक] सिर, मस्तक, परिवार का स्वामी; किसी वस्तु का ऊपरी भाग; रहने का बील। *उदा०* 'माथे पर टोपी नहीं, कुत्ते को पैजामा'।

**माथी** *स्त्री०* पान के पौधे का आधा से ऊपर का हिस्सा।

**माथे** *अव्य०* सिर पर; भरोसा पर।

**मादक** *वि०* [सं०] सिर्फ, केवल।

**मादर** *स्त्री०* [फा०] माँ।

**मादा** *स्त्री०* [फा०] स्त्री।

**माधव** *पु०* [सं०] विष्णु, कृष्ण; बसन्त।

**माधुरी** *स्त्री०* [सं०] मधुरता, मिठास।

**माधो** *पु०* दे० 'माधव'।

**माध्यम** *वि०* [सं०] मध्य का, निचला; साधन।

**माध्यमिक** *वि०* [सं०] मध्य का।

**मान** *पु०* आदर, सम्मान; पिता की मृत्यु का दिन; प्यार, दुलार। *उदा०* 'मान के पान हीरा समान'।

**मानगी** *स्त्री०* थकावट; आलस्य, पुरवा हवा के कारण हुआ शरीर का दर्द।

**मानगो** *पु०* किसी बात को मान लेने की स्थिति; विचार-साम्य।

**मानजन** *पु०* दलित-पिछड़ी जातियों में सामाजिक व्यवस्था की देख-रेख करने वाला नेता।

**मानर** *पु०* ढोलक-सा एक बाजा।

**मानल** *अक०* रुष्टता छोड़कर अनुकूल होना; ठीक रास्ते पर आना। *सक०* अस्वीकार नहीं करना; मंजूर करना; आदर करना, प्रतिष्ठा करना, प्यार करना।

**मानव** *पु०* [सं०] मनुष्य की सन्तान, मनुष्य।

**मानवती** *वि०* स्त्री, मानिनी।

**मानवी** *वि०* मनुष्य का।

**मानस** *पु०* मनुष्य 'मनु अनेक मानस उपजाये'; मन; चित्त, मानसरोवर; रामचरितमानस।

**मानसून** *पु०* मानसून का मौसम, बरसात।

**मानिंद** *वि०* [फा०] समान, तरह।

**मानि** *स्त्री०* गुफा, वह गड्ढा, जिसमें जानवर रहते हैं।

**मानिक** *पु०* लाल रंग का एक रत्न, माणिक्य। *उदा०* 'गंगाजी के ऊँची अररिया त मानिक दीप जरे' लोक०।

**मानुख** *पु०* मनुष्य, आदमी।

**मानुस** *पु०* मनुष्य।

**माने** *पु०* अर्थ, तात्पर्य।

**माफ** *वि०* क्षमा किया हुआ; कर या कर्ज आदि देने से मुक्त।

**माफिक** *वि०* अनुकूल; उपयुक्त।

**मामलती** *वि०* मुकदमेबाज; मामला-मुकदमा समझने वाला।

**मामला** *पु०* मुकदमा; झगड़ा; कार्य सम्बन्धी बात।

**मामा** *पु०* माता का भाई, मामा, मातुल।

**मामी** *स्त्री०* मामा की पत्नी।

**माय** *स्त्री०* माता; इसका प्रयोग यौगिक रूप में होता है जैसे माय-बाप। *उदा०* 'माय मूइने पिता पितिया समान'।

**माया** *स्त्री०* दैविक लीला; प्रपंच; ममत्व। **-जोड़ल** *सक०* धनसंचय। **-मोह** *पु०* जग-जाल। **-वती** *स्त्री०* कामपत्नी। **-वाद** *पु०* भ्रान्तिवाद।

**मार** *पु०* आघात; चोट; किसी अस्त्र के आघात करने की दूरी। *उदा०* 'मार के डर से तऽ भूत भागेला'।

**मार-काट** *यौ०* लड़ाई; खून-खराबा।

**मारक** *वि०* नाश करने वाला; मारने वाला; किसी मंत्र या औषधि के प्रभाव को असरहीन कर देने वाला।

**मारका** *पु०* चिह्न, पहचान के लिए लगाया गया निशान।
**मारकीन** *पु०* एक प्रकार का मोटा सादा वस्त्र।
**मारकेट** *पु०* [अं०] बाजार।
**मारकेस** *पु०* घातक ग्रह-स्थिति।
**मारतौल** *पु०* हथौड़ी।
**मारन** *पु०* तंत्र-मंत्र की वह विधि, जिससे किसी का अनिष्ट कर दिया जाता है।
**मारफत** *अव्य०* जरिये, द्वारा।
**मारबल** *पु०* [अं०] संगमरमर।
**मारल** *सक०* वध या हत्या करना; आघात करना; चोट पहुँचाना; हड़प लेना। *उदा०* 'मारल जाले धिया हदासे ले पतोहिया'।
**मारा-मारी** *यौ०* मार-पीट; एक-दूसरे को मारने का काम।
**मरिखर** *स्त्री०* चमड़े की डोरी।
**मारुक** दे० 'मारक'।
**मारे** *वि०* कारण से, वजह से।
**मार्हा** *पु०* चीना का भूजा।
**माल** *स्त्री०* धन, रुपया; मवेशी; चर्खा के तकुवे को घुमाने वाली रस्सी; वह पदार्थ, जिससे कोई वस्तु बनती है; सुन्दर युवती (लक्षणा)। **-गोदाम** *पु०* बड़े व्यापारी का मालखाना। **-टाल** *पु०* रुपया-पैसा। **-मस्त** *वि०* धनमद से मत्त। **-महकमा** *पु०* राजस्व प्रबन्ध करने वाला सरकारी विभाग। *उदा०* 'माल महराज के मिरजा खेले होली'।
**मालगाड़ी** *स्त्री०* सामान ढोने वाली गाड़ी।
**मालगुजारी** *स्त्री०* सरकारी या जमींदार को दिया जाने वाला भूमि-कर।
**मालदार** *वि०* सम्पन्न, धनी।
**मालदेह** *पु०* एक प्रकार का सुस्वादु आम।
**मालदेही** *स्त्री०* एक प्रकार का धान।
**मालधनिक** *पु०* बिक्री के सामान या मवेशी का स्वामी।
**मालपूआ** *पु०* एक प्रकार का मीठा भोज्य पकवान।
**मालभोग** *पु०* एक प्रकार का अच्छा केला; एक प्रकार का सुगन्धित धान।
**मालवर** *पु०* जंगली बिडाल।
**माला** *पु०* सोना या मोती आदि का हार; फूलों का हार; भगवत-भजन के लिए गुँथा हुआ 108 गुटकाओं का समूह।
**मालामाल** *वि०* धन-सम्पदा से परिपूर्ण।
**मालिक** *पु०* ईश्वर; स्वामी; पति। *उदा०* 'मालिक गरमे, बनिया नरमे औरत शरमे के मान होला'।
**मालिकाना** *वि०* वह धन, जो किसी चीज के मालिक को उसके स्वामित्व के बदले में मिलता है।
**मालियत** *स्त्री०* धन; सम्पत्ति, पूँजी।
**मालिस** *स्त्री०* मलने का कार्य।
**माली** *पु०* फूल-पौधे लगाने वाली एक जाति; पेड़-पौधों को सींचने का काम करने वाला। *उदा०* 'माली घरे बकरी जोलाहे घरे बानर'।
**मालीदा** *वि०* [फा०] मला हुआ। *पु०* चूरमा, मलीदा।
**मालूम** *वि०* ज्ञात, जाना हुआ।
**मावस** *पु०* अमावस।
**मावा** *पु०* जमीन की नमी; सत्त, खोवा।
**मास** *पु०* महीना। **-फल** *पु०* मास विशेष का शुभाशुभ फल।
**मासल** *अक०* किसी काम को नहीं करने के लिए टाल-मटोल करना।
**मासा** *पु०* देह पर उभरा हुआ काले, लाल रंग का छोटा दाना; तोला का बारहवाँ हिस्सा।
**मासिक** *वि०* महीना सम्बन्धी; महीने में एक बार निकलने वाला (पत्र)।

**मास्टर** *पु०* [अं०] मालिक; उस्ताद; शिक्षक। **-आव् आर्ट्स** *पु०* एम०ए०, साहित्य की डिग्री। **-आव् लाज** *पु०* एल-एल०बी०, कानून की एक डिग्री। **-की** *स्त्री०* वह कुंजी, जिससे बहुत से ताले खुल जाएँ। **-टेलर** *पु०* होशियार दर्जी। **-पीस** *पु०* श्रेष्ठ कृति।

**मास्टरी** *स्त्री०* मास्टर का काम।

**माँह** *अव्य०* मध्य, बीच, में।

**माह** *पु०* [फा०] चाँद; महीना। **-वार** *वि०* मासिक।

**माहि-माहा** *अव्य०* मध्य में; बीच में।

**माहरी** *स्त्री०* एक प्रकार की जंगली लता का फल, जो अनार के सदृश होता है और दवा के काम आता है।

**माहिर** *वि०* जानकार; दक्ष।

**माहुर** *पु०* अत्यन्त तींता, जहर।

**माहें** *वि०* बीच होकर।

**माहो** *पु०* सरसों में लगने वाला कीड़ा।

**मिआँ** *पु०* मुसलमानों की उपाधि। *उदा०* 'मिआँ के दौड़ मसजिद तक'।

**मिचकारल** *सक०* किसी मुलायम वस्तु को अँगुलियों से खूब मसलना; मिटाना।

**मिचकावल** *सक०* बन्द करना और खोलना।

**मिचलावल** *अक०* धीरे-धीरे चबाकर खाना।

**मिचली** *स्त्री०* वमन की इच्छा।

**मिजाज** *पु०* मन, तबीयत।

**मिटल** *अक०* नष्ट होना; विलुप्त होना, मिटना।

**मिटावल** *सक०* मिटाने का काम करना।

**मिट्टी** *स्त्री०* [सं० मृत्तिः] माटी; धूल; शव। **-के तेल** *पु०* माटी का तेल, किरासन। **-के पुतला** *पु०* मनुष्य। **-के माधव** *पु०* मूर्ख। **-के मोल** *मुहा०* सस्ता।

**मिठरस** *वि०* स्वाद में कुछ मीठा।

**मिठवावल** *सक०* मीठा करना।

**मिठाइल** *अक०* मीठा होना।

**मिठाई** *स्त्री०* पकवान, मिष्ठान्न।

**मिठास** *पु०* मीठापन, मिठाई।

**मिठुआ** *वि०* मीठा, मिठुआवा।

**मिठुआ** *पु०* एक प्रसिद्ध आम, जो कच्चा ही मीठा होता है।

**मिठुआतेल** *पु०* तिल का तेल, सरसों का तेल।

**मिडिल** *वि०* [अं०] मध्यवर्ती। **-ची** *वि०* मिडिल पास (तिरस्कारसूचक) **-स्कूल** *पु०* मिडिल तक की पढ़ाई वाला स्कूल।

**मिताई** *स्त्री०* मित्रता, दोस्ती।

**मिति** *स्त्री०* तारीख, विचार मेल।

**मिती** *स्त्री०* तारीख, तिथि।

**मित्त** *पु०* दे० 'मित्र'।

**मित्र** *पु०* [सं०] दोस्त, बन्धु, सखा, साथी **-द्रोह** *पु०* मित्र का अहित। **-द्रोही** *वि०* मित्र से द्रोह करना वाला। **-भाव** *पु०* मित्रता, दोस्ती। **-लाभ** *पु०* मित्र की प्राप्ति।

**मिथिल** *पु०* [सं०] राजा जनक।

**मिथिला** *पु०* तिरहुत; विदेह की राजधानी।

**मिनती** *स्त्री०* प्रार्थना, निवेदन।

**मिनहा** *अक०* किसी देय रकम को दूसरी रकम से घटाने की प्रक्रिया; मुजरा।

**मिन्ट** दे० 'मिनिट'।

**मिनिट** *पु०* एक घण्टा का (60वाँ) साठवाँ भाग।

**मिनिस्टर** *पु०* [अं०] मंत्री।

**मिनिस्टरी** *स्त्री०* मंत्रिमण्डल।

**मिमिआइल** *अक०* बकरी या भेंड़ का बोलना।

**मियाँमिट्ठू** *पु०* मीठी बोली बोलने वाला, आत्मप्रशंसी।
**मियाद** *पु०* अवधि।
**मिरका** *स्त्री०* एक प्रकार की मछली।
**मिरकिटाह** *वि०* दुर्बल, कमजोर, शक्तिहीन।
**मिरगा** *पु०* हरिन, मृगा। *उदा०* 'मिरगा बानर तीतर मोर ये चारो खेती के चोर'।
**मिरगिआह** *वि०* अपस्मार रोग से पीड़ित।
**मिरगी** *स्त्री०* मूर्च्छा रोग, मृगी, अपस्मार रोग।
**मिरजई** *स्त्री०* एक अँगरखा विशेष।
**मिरजा** *पु०* सम्भ्रान्तों की उपाधि; शहजादा; अमीरजादा।
**मिरतु** *स्त्री०* मृत्यु।
**मिरदंग** *पु०* ढोलक जैसा एक वाद्ययंत्र, मृदंग।
**मिरहिनी** *स्त्री०* स्वाभाविक अवस्था से बहुत छोटा आकार का अन्न।
**मिरिआस** *पु०* बपौती, पैतृक धन।
**मिरिगछाला** *पु०* हरिन का चर्म, मृगचर्म।
**मिरिगडाह** *पु०* एक नक्षत्र, मृगशिरा।
**मिरिगसिरा** *पु०* नक्षत्रविशेष, मृगशिरा।
**मिरिगा** *पु०* मृग।
**मिरिचवान** *पु०* केले का एक प्रकार।
**मिरितलोक** *पु०* पृथ्वी, धरती, मृत्युलोक।
**मिल** *स्त्री०* कल, कारखाना। **-मजदूर** *पु०* मिल में कार्यरत मजदूर। **-मालिक** *पु०* संचालक।
**मिलकियत** *स्त्री०* जमींदारी, जमीन-जायदाद, स्वामित्व।
**मिलन** *पु०* मिलने का कार्य या भाव।
**मिलनसार** *वि०* प्रेम से मिलने-जुलने वाला।
**मिलनी** *स्त्री०* विवाह के समय वर-कन्या पक्ष का मिलना और भेंट देने की रीति।
**मिलनुआ** *पु०* किसी स्त्री से चुपके से मिलने वाला; यार।
**मिलमिलाह** *वि०* दुबला-पतला, दुर्बल।
**मिलल** *अक०* [सं० मेलनं] दो जुदा-जुदा वस्तुओं या व्यक्तियों का एक जगह होना, एकाकार होना; प्राप्त होना।
**मिलाकुअत** दे० 'मिलकियत'।
**मिलान** *पु०* मिलाने के भाव; तुलना, मेल।
**मिलाप** *पु०* मेल, मेल-मिलाप, आपसी मिलन।
**मिलावट** *स्त्री०* मिलाने का भाव, बढ़िया में घटिया वस्तु मिलाने का भाव।
**मिलावल** *सक०* मिश्रित करना, जुटाना, सटाना, सन्धि कराना।
**मिसकार** *पु०* चिड़ियों को पकड़ने वाली एक जातिविशेष।
**मिसरी** *स्त्री०* दानेदार चीनी की मिठाई, मिश्री।
**मिसरीकन्द** *पु०* एक कन्द।
**मिसाल** *स्त्री०* मेल की वस्तु, उदाहरण।
**मिसिया** *स्त्री०* ताजिया में गाया जाने वाला शोकगीत, मर्सिया।
**मिसिर** *पु०* ब्राह्मणों की उपाधिविशेष 'मिश्र'।
**मिसिरिया** *वि०* मीठा, मिश्री-जैसा।
**मिसिल** *पु०* मुकदमें के कागजात।
**मिसी** *स्त्री०* दाँतों को रँगने का काला रंग-विशेष।
**मिसुआ** *पु०* घोड़े के अण्डकोश की नस मीसकर तोड़ने की क्रिया।
**मिस्तीरी** *पु०* कारीगर; मशीन की मरम्मत करने वाला; बढ़ई, लोहार, राजगीर।
**मिहलाइल** *अक०* पानी पड़ने से गल जाना।
**मीजल** *सक०* मीसना, मलना, पैर से रौंदना।

**मीजान** *पु०* जोड़, टोटल, कुलयोग।
**मीटिंग** *स्त्री०* [अं०] सभा।
**मीठ** *वि०* मधुर, गुड़ के स्वाद का; हल्का, सुस्त, धीमा। *उदा०* 'मीठ गब गब तीत छिया छिया'।
**मीठा** *पु०* गुड़, स्वाद-विशेष। *उदा०* 'मीठा रहइत त पुआ पकइतीं'।
**मीठी** *वि० स्त्री०* प्रिय, मधुर। **-गाली** *स्त्री०* बुरी न लगने वाली गाली। **-छुरी** *वि०* विश्वासघाती। **-नींद** *स्त्री०* निश्चिन्तता की नींद।
**मीत** *पु०* मित्र, दोस्त; एक ही नाम के दो व्यक्ति का पारस्परिक मेल।
**मीतरो** *पु०* मित्रता, दोस्ती।
**मीन** *स्त्री०* हिन्दू पंचांग की बारहवीं राशि; मछली।
**मीना** *पु०* नीले रंग का रत्न।
**मीनाबाजार** *पु०* ऐसा बाजार, जहाँ शृंगार-सामग्री बिकती हो।
**मीनार** *स्त्री०* [अ० 'मनार'] ऊँची इमारत।
**मीर** *पु०* सरदार, प्रधान। 'सिरा खाय मीरा, पोंछी खाय गुलाम' कहा०।
**मीरासी** *स्त्री०* मुसलमानों में गायन पेशा वाली एक जातिविशेष।
**मील** *स्त्री०* आधे कोस की दूरी, माइल।
**मीसल** *सक०* मसलना, रौंदना।
**मुंगड़ा** *पु०* बाँस या काठ का छोटा टुकड़ा, जो ठोकने के काम में आता है।
**मुंगौरी** *स्त्री०* मूँग की बनी बड़ी।
**मुँजवानी** *स्त्री०* मूँज पैदा करने की जगह, मूँजवान। जुबानी।
**मुंझउसा** *पु०* स्त्रियों द्वारा पुरुषों के लिए एक गाली।
**मुंडन** *पु०* हिन्दुओं में बच्चे के सिर के बाल को पहली बार छूरे से मूँड़ने का एक संस्कार-विशेष।
**मुंड़झराह** *वि०* सींग से मारने वाला मवेशी।
**मुँडल** *अक०* हथियार की धार का घूम जाना, मोच होना।
**मुँड़वार** *पु०* बैलगाड़ी के चक्के के बीच का भाग, जहाँ आरा ठोका रहता है, तम्मा।
**मुँड़वावल** *सक०* दूसरे से बाल मुड़वाने का काम करवाना।
**मुड़ली** *स्त्री०* वह औरत, जिसके सिर के बाल कटे हों।
**मुँड़** *पु०* ऐसा व्यक्ति, जिसके सिर के बाल साफ हो गए हों।
**मुँड़ाइल** *अक०* किसी हथियार की धार का एक ओर घूम जाना; पौधे की टहनी का काटा जाना।
**मुँड़ाई** *स्त्री०* मूँड़ने का भाव या क्रिया।
**मुँड़िआइल** *अक०* किसी काम के करने से बचने का प्रयास करना; हाथ खींचना।
**मुँड़िया** *पु०* एक प्रकार का अच्छा गेहूँ।
**मुँड़ियारी** *स्त्री०* अनेक व्यक्तियों के इकट्ठा होने पर उनके सिरों के नजर आने का भाव।
**मुँड़िआवल** *पु०* पौधों के ऊपरी भाग को काट लेना।
**मुँड़ेर** *पु०* छत का किनारा।
**मुँदरी** *स्त्री०* हाथ की अँगुलियों का आभूषण, अँगूठी।
**मुंसी** *पु०* लिखने वाला, पटवारी; कायस्थों की उपाधि, मुंशी।
**मुँह** *पु०* मुख, चेहरा; छेद, सुराख; किनारा। *उदा०* 'मुँह हइले ना बबुआ नाँव'। **-अखरी** *वि०* जबानी, मौखिक। **-चटौवल** *स्त्री०* चूमा-चाटी; बकवाद। **-चोर** *वि०* झेंपू। **-चोरी** *स्त्री०* मुँहचोर होना। **-छुआई** *स्त्री०* पूछने की रस्म

अदा करना। -छुठ *वि०* मुँहफट। -जोर *वि०* बहुत बोलने वाला, लड़ाका। -जोरी *स्त्री०* लड़ाकापन। -झौंसा *वि०* जिसका मुँह झुलस दिया गया हो (एक गाली)। -दिखाई *स्त्री०* दुलहिन का मुँह देखकर उसे धन, आभूषण देने की रस्म। -देखा *वि०* बिल्कुल ऊपरी, दिखाऊ। -भराई *स्त्री०* घूस। -लगा *वि०* ढीठ, सिरचढ़ा। -चाटल *मुहा०* प्यार करना, खुशामद करना।

**मुँहकरखी** *स्त्री०* मुँह में कालिख लग जाना, बेइज्जती।

**मुँहकुरिये** *क्रि०वि०* मुँह के बल, मुँह नीचे की ओर।

**मुँहखड़ा** *पु०* अन्न कोठी का खुलने वाला ढक्कन।

**मुँहगब** *पु०* जबानी कही गई आधारहीन बात।

**मुँहगर** *पु० वि०* सुन्दर मुखवाला; अच्छे ढंग से बोलने वाला।

**मुँहछुट्टू** *वि०* गाली बकने वाला।

**मुँहजबानी** *वि०* मौखिक, बिना देखे बोलने वाला।

**मुँहतोड़** *वि०* दूसरों को निरुत्तर करने वाली बात।

**मुँहतोड़ा** *पु०* नदी में बाढ़ का आधिक्य।

**मुँहदुब्बर** *वि०* कम बोलने वाला, बोलने में दब्बू।

**मुँहदेखौनी** *स्त्री०* नववधू या बच्चे का प्रथम-प्रथम मुँह देखने के समय दिया गया उपहार।

**मुँहदेखी** *वि०* किसी को प्रसन्न करने के लिए उसके अनुकूल कही गई बात।

**मुँहपेल** *वि०* बातचीत करने में हठपूर्वक बोलने वाला।

**मुँहबई** *स्त्री०* कोई बात सुनकर स्तम्भित होने से मौत हो जाने की स्थिति।

**मुँहबऊ** *वि०* हक्का-बक्का, स्तम्भित होने के कारण मौन होना।

**मुँहबोला** *वि०* बोलकर स्थापित किया गया सम्बन्ध।

**मुँहमाँगा** *पु०* माँगने के अनुसार, मनचाहा, यथेच्छा।

**मुँहचाही** *स्त्री०* मन-बहलाव के लिए किसी से बोलते-बतिआते रहना।

**मुँहा-मुँही** *स्त्री०* एक-दूसरे और अन्य व्यक्तियों तक पहुँचकर फैलने वाली बात।

**मुँहासा** *पु०* युवावस्था में चेहरे पर निकलने वाली छोटी-छोटी फुन्सियाँ।

**मुँहिआइल** *अक०* मुँह पर आना। कहने-कहने को होना।

**मुँहे** *अव्य०* ओर, तरफ।

**मुँहेमुँह** *क्रि०वि०* पूर्णत:, लबालब।

**मुअतार** *वि०* दूषित रक्त, सड़ने की स्थिति वाला।

**मुअना** *पु०* एक गाली, मरनेवाला।

**मुअवावल** *सक०* जान से मरवा डालना, मरवाना।

**मुआ** *वि०* दे० 'मूआ'।

**मुआर** *पु०* अनावृष्टि के कारण फसल का सूख जाना; झुलसा, मरायल।

**मुआरी** *वि०* कमजोर।

**मुआवल** *सक०* जान से मारना, कसकर पिटाई करना।

**मुकठी** *स्त्री०* किसी वस्तु के मुँह पर बनी गोल गाँठ।

**मुकति** *स्त्री०* मोक्ष, मुक्ति।

**मुकवसल** *सक०* मुक्के से खूब मारना।

**मुका-मुक्की** *स्त्री० यौ०* मुक्केबाजी।

**मुकिआवल** दे० 'मुकियावल'।

**मुकियावल** *सक०* मुक्के से मारना। *उदा०* 'मुकियाव ले कटहर नहिं पाक'।
**मुकुट** *पु०* राजाओं और देवताओं के सिर पर रत्नजड़ित टोपी।
**मुक्का** *पु०* बँधी मुट्ठी, घूँसा; एक प्रकार की घास।
**मुख** *वि०* प्रधान, महत्वपूर्ण, खास। *उदा०* 'मुख मलीन तन सुन्दर कैसे'।
**मुखड़ा** *पु०* मुँह, मुख।
**मुखपात** *पु०* साड़ी का चित्रित-अंचल, मुख्य भाग।
**मुखबत्ती** *स्त्री०* मृतक के मुख में धधकती बत्ती डालने की विधि।
**मुखाड़ी** *स्त्री०* पशुओं के मुख में बाँधने की जाली, खोंचा।
**मुखिया** *पु०* प्रधान, नेता-पंचायत का प्रधान।
**मुगदर** *पु०* व्यायाम करने के लिए लकड़ी का मुँगड़ा।
**मुधुकल** *अक०* दबाव, चोट या झटका से दर्द होना; मोच आना।
**मुछंदर** *पु०* मूँछ वाला आदमी।
**मुजहरल** *अक०* किसी हथियार की धार का गिरना।
**मुझाइल** *सक०* बुत जाना, आग की राख बन जाना।
**मुट्ठा** *पु०* अनाज के डण्ठलों का हल्का पूला; अँगुलियों की मोड़।
**मुट्ठी** *स्त्री०* [सं० मुष्टिः] हाथ की अँगुलियों को मोड़ने से बनी स्थिति। **-गरम कइल** *मुहा०* घूस देना।
**मुठुनी** *स्त्री०* एक धान-विशेष।
**मुठान** *पु०* मुखाकृति, मुँह की बनावट।
**मुठिया** *स्त्री०* पुण्य कार्य हेतु प्रतिदिन निकाला गया एक मुट्ठी अन्न।
**मुठिआवल** दे० 'मुठियावल'।
**मुठियावल** *सक०* मुट्ठी में पकड़ना।
**मुठैल** *पु०* छोटी सींग वाला बैल।
**मुड़रा** *पु०* एक मोटा धान।
**मुड़ल** *सक०* घूम जाना, दूसरी दिशा की ओर फिर जाना।
**मुड़ेरा** *पु०* दीवाल का ऊपरी भाग; बिना सींग का बैल; कूँए का चौतरा।
**मुतना** *वि०* असमय मूतना।
**मुतवास** *पु०* पेशाब करने की इच्छा।
**मुतावल** *सक०* पेशाब करने को प्रवृत्त करना; हराना।
**मुदई** *पु०* दुश्मन, वादी, बैरी, मुद्दई।
**मुदा** *अव्य०* लेकिन, परन्तु।
**मुदालह** *पु०* जिस पर दावा किया जाता है, प्रतिवादी।
**मुनक्का** *पु०* बड़ी किसमिस।
**मुनगा** *पु०* सहिजन का फल।
**मुनना** *पु०* ढक्कन।
**मुनवावल** *सक०* मूँदने के लिए प्रेरित करना, मुँदवाना।
**मुनरी** *स्त्री०* अँगूठी, मुद्रिका।
**मुनि** *पु०* तपस्वी, साधु; विचारक, चिन्तक।
**मुनिआ** *स्त्री०* एक चिड़ियाविशेष; बच्ची को प्यारसूचक सम्बोधन-शब्द।
**मुनीब** *पु०* व्यापारियों का हिसाब-किताब रखने वाला।
**मुनीम** *पु०* हिसाब-किताब रखने वाला कर्मचारी।
**मुनीमी** *स्त्री०* मुनीम का काम।
**मुन्ना** *पु०* बच्चों का प्यार का सम्बोधन।
**मुफुत** *वि०* बिना मूल्य का, मुफ्त। *उदा०* 'मुफुत के चूरा भर-भर फाँक'।
**मुरई** *स्त्री०* खाने के काम का एक कन्द-विशेष, मूली।
**मुरकल** *अक०* मोच खाना, मुचुकल।

**मुरका** *पु०* राड़ी, एक घास-विशेष; जाला, झंगरा।

**मुरखई** *स्त्री०* मूर्खता।

**मुरगा** *पु०* सिर पर कलंगी वाला एक पक्षी। मुर्गा, कुक्कुट।

**मुरगी** *स्त्री०* मुर्गी।

**मुरघटिया** *पु०* मुर्दा जलाने की जगह, श्मशान।

**मुरछा** दे० 'मूरछा'।

**मुरछाइल** *अक०* बेहोश होना, मूर्च्छित होना।

**मुरझाइल** *अक०* [सं० मूर्च्छनं] कुम्हलाना-किंचित् सूखना, मरकल।

**मुरदा** *पु०* मृतक, मरे हुए व्यक्ति का शव।

**मुरदाह** *वि०* मरा हुआ, मृत।

**मुरदासंख** *पु०* एक प्रकार की औषधि।

**मुरली** *स्त्री०* बाँसुरी, वंशी। **-धर** *पु०* श्रीकृष्ण।

**मुरहा** *वि०* मूल नक्षत्र में जन्मा हुआ; नटखट।

**मुराड़ा** *पु०* लुआठी। 'हम घर जाल्या आपना लिया मुराड़ा हाथ' -कबीर।

**मुराद** *स्त्री०* [अं०] मनोरथ।

**मुराया** *पु०* टखना।

**मुरुकल** *अक०* मोच आना।

**मुरुख** *वि०* मूर्ख 'मुरुख हृदय न चेत जो गुरु मिलहिं विरंचि सम'।

**मुरुम** *पु०* लाल मिट्टी, मोरंग।

**मुरेठा** *पु०* कम चौड़ा और अधिक लम्बा वस्त्र; सिर में लपेटने का वस्त्र, पगड़ी।

**मुर्ह-मुर्ह** *क्रि०वि०* अधिक सूखने के कारण दाँत से तोड़ने पर निकला हुआ शब्द।

**मुर्ही** *स्त्री०* खूब उबाले हुए धान से तैयार चबेना लाई।

**मुलकात** *स्त्री०* मिलना।

**मुलकानि** *वि०* देर, बहुत।

**मुलकन** अनेक। *उदा०* 'मुलकन योगी मठ उजार'।

**मुलकीन** *क्रि०वि०* बहुत, अत्यधिक।

**मुलहरी** *स्त्री०* जेठी मधु।

**मुलाँ** *पु०* मुल्ला।

**मुलाकात** *स्त्री०* [अ०] भेंट, जान-पहचान।

**मुलाकाती** *पु०* मिलने वाला।

**मुलाजमत** *स्त्री०* नौकरी, सेवा।

**मुलायम** *वि०* नरम, कोमल।

**मुल्हा** *पु०* मूर्ख, अनाड़ी।

**मुलुक** *पु०* देश, प्रान्त।

**मुलुर-मुलुर** *क्रि०वि०* चुपचाप बैठकर ताकते रहना।

**मुलेठी** *स्त्री०* एक पौधा, जो दवा के काम आता है।

**मुसकइल** *पु०* चूहे के बिल की मिट्टी। *उदा०* 'मुसकइल माटी पर कुदार चोख'।

**मुसकाइल** *अक०* मन्द-मन्द हँसना।

**मुसकी** *स्त्री०* मुसकान। *वि०* एक प्रकार का काला रंग।

**मुसकुर** *पु०* मसूढा।

**मुसमात-मुस्समात** *स्त्री०* स्त्री, विधवा स्त्री; नामवाली, नामधेया।

**मुसर** दे० 'मूसर'।

**मुसरा** *पु०* पेड़ की मोटी प्रधान जड़, मूसला।

**मुसरी** *स्त्री०* चुहिया, छोटा चूहा। *वि०* बच्चों का लिंग। *उदा०* 'मुसरी का गोहूँ होई तऽ सोहारी पाकी'।

**मुसलमान** *पु०* मुहम्मद साहब के बताए मार्ग को मानने वाला; यवन।

**मुसलमानिआ** *वि०* मुसलमान का, मुसलमान सम्बन्धित।

**मुसलमानी** *स्त्री०* मुसलमानों का एक संस्कार, खतना।

**मुसलमीन** *स्त्री०* मुसलमान लोग।
**मुसहर** *पु०* चूहे के बिल से अनाज निकालने वाली जातिविशेष, धांगड़। *उदा०* 'मुसहरा के बेटी नै नैहर सुख नै ससुरारै सुख'।
**मुसहरी** *स्त्री०* चूहों को फँसाने वाला लोहे का एक यंत्र; मच्छरों से बचने हेतु ओहार।
**मुसाफिर** *पु०* [अ०] पथिक, राही। **-खाना** *पु०* धर्मशाला।
**मुसीबत** *स्त्री०* आपत्ति, झंझट, विपत्ति।
**मुसुकाइल** दे० 'मुसकाइल'।
**मुसुकी** *स्त्री०* दे० 'मुसकी'।
**मुस्तैद** *वि०* [अ० मुस्तइद] तैयार।
**मुहताज** *वि०* [अ०] विवश, गरीब।
**मुहब्बत** *स्त्री०* [अ०] प्रीति, प्रेम।
**मुहर** *स्त्री०* प्रतीक; मुद्रा।
**मुहर्रम** *वि०* [अ०] शोक-काल।
**मुहावरा** *पु०* [अ०] बातचीत; लाक्षणिक प्रयोग; अभ्यास।
**मुहूर्त्त** *पु०* [सं०] शुभ काल।
**मूँग** *पु०* एक प्रकार का दलहन, मूँग।
**मूँगफली** *स्त्री०* [सं० भूमिफली] चीनिया-बादाम।
**मूँगा** *पु०* [हिं० मूँग] समुद्री कीड़ों की हड्डी से बना एक पत्थर-विशेष, जो रत्नों में गिना जाता है; एक प्रकार का रेशमी वस्त्र।
**मूँछ** *स्त्री०* [सं० श्मश्रुः] मोछ। **-उखाड़ल** *मुहा०* गर्व चूर करना। **-नीची भइल** *मुहा०* लज्जित होना। **-पर ताव फेरल** *मुहा०* शौर्य-प्रदर्शन।
**मूँज** *पु०* [सं० मुञ्जः] पतला और बड़ा तीक्ष्ण काँड़ा, जिसकी रस्सी बनती है। सरकण्डा।
**मूँड़** *पु०* सिर, तादाद, संख्या। *उदा०* 'पाँच मूड़ी'।
**मूँड़ल** *पु०* सिर के बालों को छूरे से साफ करना; पौधों का ऊपरी हिस्सा काटना; ठगना, धोखा देकर पैसे हथिया लेना; चेलना बनाना। *उदा०* 'मूँड़ल माँग में हूरपेटना'।
**मूँड़न** *पु०* यज्ञोपवीत संस्कार का एक अंश; संस्कार; सिर के बाल छूरे से बनाना।
**मूँड़ा** *पु०* खसी या मछली का सिर।
**मूँड़ी** *स्त्री०* सिर, मुण्ड।
**मूँड़ेठा** *पु०* पतला और अधिकाधिक लम्बा वस्त्र खण्ड, जिसे पगड़ी की तरह सिर में बाँधते हैं, 'पगड़ी'।
**मूँढ़** *वि०* [सं०] मूर्ख, जड़बुद्धि।
**मूँढ़ता** *स्त्री०* मूर्खता।
**मूँत** *पु०* मूत्र।
**मूँतल** *अक०* पेशाब करना।
**मूँद** *पु०* कण्ठी।
**मूँदल** *अक०* ढँक देना, बन्द कर देना। *उदा०* 'मूँदल आँख कतहुँ कछु नाहीं'।
**मूअल** *अक०* मरना, मुरझाना, सूख जाना।
**मूआ** *स्त्री०* वह स्त्री, जिसके मरे बच्चे पैदा होते हैं, मृता।
**मूका** दे० 'मुक्का'।
**मूङ** दे० 'मूँग'।
**मूङा** दे० 'मूँगा'।
**मूङफली** दे० 'मूँगफली'।
**मूठ** *पु०* बैट, परिहथ, हल का एक अंग, हथियार या औजार का दस्ता।
**मूठ** *स्त्री०* अँगुलियों के मोड़ने की स्थिति; जादू, टोना-विशेष; बीज का प्रथम-प्रथम बुआई का नाम।
**मूठा** *पु०* हूरा, मुट्ठा।
**मूठी** *स्त्री०* मुट्ठी।
**मूड़** दे० 'मूँड़'। *उदा०* 'मूड़ मुड़ाय भये संन्यासी'।
**मूड़ल** दे० 'मूँड़ल'।

**मूढ़** *वि०* महामूर्ख, जड़।

**मूढवार** *पु०* किसी हथियार आदि का मुट्ठी से पकड़ा जाने वाला भाग।

**मूत** *पु०* पेशाब, मूत्र।

**मूतउर** *पु०* मवेशियों की जरायु का वह भाग, जिसमें पतले चमड़े के थैले में पानी रहता है।

**मूतल** *अक०* पेशाब करना।

**मूतना** *वि०* बिछावन पर रात के सोए में पेशाब कर देने वाला बच्चा।

**मूतान** *पु०* मूतने का काम।

**मूदल** *सक०* बन्द करना, ढँकना, तोपना, मूँदना।

**मूना** *पु०* प्रियों एवं बच्चों के लिए प्रेमसूचक शब्द, मुन्ना, मुन्नू।

**मून्ही** *स्त्री०* रस्सी के छोर पर बना वृत्ताकार घेरा।

**मूर** *पु०* मूलधन, कर्ज में दिया गया धन। *उदा०* 'मूर पलटे नाचे साहू'।

**मूरई** दे० 'मुरई'।

**मूरखई** दे० 'मूरुखई'।

**मूरछा** *पु०* बेहोशी, मूर्च्छा।

**मूरत** *पु०* मूर्ति, प्रतिमा, चित्र, आकृति।

**मूर्हा** *पु०* जड़, जड़ की गाँठ, दाँत की जड़, मूर्द्धा।

**मूरी** *स्त्री०* मूल, जड़ी-बूटी; धन।

**मूरुख** *वि०* नासमझ, मूर्ख, बेवकूफ।

**मूरुखई** *स्त्री०* बेवकूफी, मूर्खता।

**मूल** *पु०* जड़; उत्पत्ति-स्थान, उत्स; फल; एक नक्षत्र।

**मूल मंतर** *पु०* असली भेद, मूलमंत्र।

**मूली** *स्त्री०* एक पौधा, जिसकी जड़ और पत्ते खाए जाते हैं। **-गाजर समझल** *मुहा०* तुच्छ समझल।

**मूल्य** *पु०* कीमत, दाम।

**मूल्यवान** *वि०* कीमती।

**मूस** *पु०* चूहा। *उदा०* 'मूस मोटइहें लोढ़ा होइहें'।

**मूसर** *पु०* ओखली में धान कूटने का काठ का उपकरण।

**मूसरधारा** *वि०* बहुत तेज वर्षा (मूसलाधार)।

**मूसल** *सक०* चुराना।

**मृत** *वि०* [सं०] मरा हुआ।

**मृतक** *पु०* मुर्दा, शव।

**मृत्यु** *स्त्री०* मरण, मौत।

**मूसा** *पु०* यहूदियों के पैगम्बर।

**में** *स्त्री०* बकरी की बोली के लिए शब्द; अधिकरण विभक्ति के लिए प्रयुक्त एक शब्द।

**मेंआद** *पु०* अवधि, नियत समय, कैद की अवधि।

**मेंजन** *पु०* मेल, मिश्रण के लिए उपयुक्त वस्तु, खाद्य-पदार्थ आदि।

**मेंटा** *पु०* छोटा घड़ा।

**मेंड़** *पु०* खेतों के चारों ओर के मिट्टी का घेरा, उँड़ेर।

**मेंड़त** *पु०* बादल के कारण सूर्य या चन्द्रमा के चतुर्दिक् मण्डलाकार घेरा।

**मेंड़रा** *पु०* बाँस की फट्टी का बना मण्डलाकार सामान, जिसका उपयोग किसी वस्तु के ऊपरी हिस्से के बनाने में होता है।

**मेंढ़ा** *पु०* उलटा घूमें हुए सींग वाला बैल; नर भेड़।

**मेंढ़िआवल** *सक०* अच्छी तरह हेंगा देना।

**मेंबर** *पु०* [अं०] सदस्य।

**मेंबरी** *स्त्री०* सदस्यता।

**मेंव** *स्त्री०* बिल्ली की बोली के लिए अनुकरणात्मक शब्द।

**मेंह** *पु०* खलिहान के मध्य में गड़ा बाँस का खम्भा, जिसके चारों ओर बैलों को घुमाकर पौधों से अन्न निकाला जाता है।

**मेंहदी** *स्त्री०* एक प्रकार का पौधा, जिसके पत्ते से स्त्रियाँ हाथ रँगती हैं।
**मेंहना** *पु०* ताना, व्यंग्य।
**मेंहवार** *पु०* दँवरी करने के पूर्व मेह के सिरे पर बँधा हुआ अनाज का बाल।
**मेंहा** *पु०* दँवरी में मेंह के पास रहने वाला बैल।
**मेंहिअकी** *वि०* बारीक।
**मेंहिया** *वि०* बारीक, महीन।
**मेंही** *वि०* बारीक, महीन।
**मेआन** *पु०* तलवार रखने का लम्बा खोल, म्यान।
**मेआना** *पु०* एक प्रकार की पालकी, मियाना।
**मेख** *पु०* ज्योतिषशास्त्र की प्रथम राशि, मेष।
**मेखड़ा** *पु०* दउरा या डगरी में लगी बाँस की वृत्ताकार कमची।
**मेखला** *स्त्री०* करधनी।
**मेगजीन** *पु०* बारूदखाना; सामयिक पत्र।
**मेघ** *पु०* बादल। उदा० 'मेघ बरसे अहर पहर गाछ बरसे तीन पहर'।
**मेघउनी** *स्त्री०* बदली, घटउरी।
**मेघनाद** *पु०* रावण का पुत्र।
**मेघदिनाय** *पु०* वर्षा ऋतु में बढ़ जाने वाला दिनाय।
**मेघडंबर** *पु०* बाँस का एक प्रकार का छाता, बाँस की गोल कमची में लगा बड़ा सा हार।
**मेझरा** *वि०* मिला-जुला, मिश्रित।
**मेरकाइल** *सक०* किसी लिखी बात को रगड़कर उड़ा देना।
**मेटावल** *सक०* रगड़कर मिटाना।
**मेटा** *पु०* दूध दूहने का मिट्टी का बर्तन; भाँड़ा।
**मेटाइल** *सक०* मिट जाना, मिटाना।
**मेटावल** *सक०* किसी लिखी बात को रगड़-कर उड़ा देना; झगड़ा समाप्त कर देना।
**मेठ** *पु०* मजदूरों का सरदार, अगुआ।
**मेड़राइल** *अक०* पक्षियों का चारों ओर चक्कर काटना, मँडराना।
**मेढ़क** *पु०* मण्डूक।
**मेढ़ल** *सक०* दूसरी ओर घुमाना।
**मेथ** *पु०* एक प्रकार का निम्न कोटि का दलहन।
**मेथउरी** *स्त्री०* मेथ की दाल से तैयार किया गया व्यंजन।
**मेथी** *स्त्री०* एक प्रकार का मसाला, मधुमेह की दवाई।
**मेदनी** *स्त्री०* स्त्रियों का गुप्तांग।
**मेदा** *पु०* पेट।
**मेदिनी** *स्त्री०* धरती।
**मेधा** *पु०* विधि, रस्म। किसी काम को प्रारम्भ कर उसे छोड़ देने या बन्द कर देने की स्थिति।
**मेधावी** *वि०* मेधायुक्त।
**मेन** *पु०* एक प्रकार का वृक्ष जिसकी छाल दवा बनाने में व्यवहृत होती है।
**मेम** *स्त्री०* यूरोपीय देशों की स्त्रियों के लिए प्रयुक्त शब्द; अंग्रेज साहबों की पत्नी। **-साहबा** *स्त्री०* यूरोपीय महिला।
**मेमिआइल** दे० 'मिमिआइल'।
**मेमो** *पु०* [अं०] मेमोरैण्डम का संक्षिप्त रूप।
**मेमोरियल** *पु०* [अं०] स्मारक।
**मेयर** *पु०* महानगर का अध्यक्ष।
**मेर** *पु०* मेल, प्रकार।
**मेरखुन** *पु०* अधकूटा धान, जो चावल फटकने पर निकलता है।
**मेरावल** *सक०* किसी एक वस्तु में दूसरे को मिला देना।

**मेल** *पु०* मित्रता, संगति, सलाह; ट्रेन, जो छोटे-छोटे स्टेशनों पर नहीं रुकती है; डाक।

**मेलवानी** *स्त्री०* सिंचाई में जहाँ करीन आदि से पानी गिरता है।

**मेला** *पु०* देवस्थान, तीर्थ, मजार आदि में निश्चित तिथि पर लोगों के इकट्ठा होने की स्थिति। **-ठेला** *पु०* मेला, सैर-तमाशा।

**मेलाघुमनी** *स्त्री०* मेलों का चक्कर काटने वाली स्त्री।

**मेल्नी** *स्त्री०* संगी, साथी, प्रेमी।

**मेवा** *पु०* [फा०] बादाम, काजू, किसमिस आदि; सूखा फल।

**मेवाती** *पु०* एक प्रकार का पौधा।

**मेह** *पु०* [सं०] मूत्र; प्रमेह; मेष।

**मेह** *वि०* [फा०] बड़ा, बुजुर्ग।**-तर** *पु०* भंगी।

**मेहनत** *पु०* परिश्रम। **-कस** *वि०* मेहनत करने वाला।

**मेहनताना** *पु०* पारिश्रमिक, मजदूरी।

**मेहनती** *पु० वि०* परिश्रमी, मेहनत करने वाला।

**मेहमान** *पु०* अतिथि, पाहुन, दामाद।

**मेहर** *स्त्री०* पत्नी, जोरू; कृपा, अनुग्रह।

**मेहरखउका** *पु०* वह पुरुष, जिसकी पत्नी मर जाती हो।

**मेहरबानी** *स्त्री०* कृपा, दया।

**मेहरा** *पु०* जनखा।

**मेहराइल** *अक०* किसी अन्न में नमी आ जाना।

**मेहराब** *पु०* तोरण।

**मेहरारू** *स्त्री०* औरत, पत्नी।

**मेहरी** *स्त्री०* पत्नी।

**मेहीन** *स्त्री० वि०* बारीक, अत्यन्त पतला या कण जैसा।

**मेहीनी** *स्त्री०* बारीकी।

**मैं** *सर्व०* हम। *उदा०* 'मैं भाटिन पिया जात चमार'।

**मैना** *स्त्री०* पार्वती की माता; काले रंग की एक चिड़िया, जो सिखाने पर मनुष्य की तरह बोलती है।

**मैका** *पु०* मायका।

**मैच** *पु०* [अं०] प्रतियोगिता वाला खेल।

**मैजल** *स्त्री०* शव।

**मैथिल** *सक०* मिथिला प्रान्त का निवासी। *वि०* मिथिला सम्बन्धी।

**मैथिली** *स्त्री०* सीता; मिथिला की भाषा।

**मैथुन** *पु०* [सं०] रतिक्रिया।

**मैदा** *पु०* बहुत महीन आटा, विशेषतः मसीन का पीसा हुआ।

**मैदान** *पु०* खुली जगह, सपाट भूमि, जहाँ कोई खेल खेला जाए।

**मैदानी** *स्त्री०* जलेबी के लिए मैदे का घोल; *वि०* मैदान का; समतल।

**मैन** *पु०* [अं०] व्यक्ति (पुलिस-मैन, मशीनमैन)

**मैना** *पु०* कानो के नीचे लटके सींगों वाला बैल। *स्त्री०* मीठी बोली वाली चिड़िया।

**मैनी** *स्त्री०* लक्खी (गाय)।

**मैभा** *स्त्री०* विमाता।

**मैया** *स्त्री०* माँ, माता, जननी। *उदा०* 'मैया के ना मोटरी धिया के ना लोर'।

**मैल** *पु०* मल, गर्द; विकार। **-खोरा** *वि०* जो मैल को छिपा सके; गर्दखोर।

**मैला** *पु०* कूड़ा; गू। **-कुचैला** *वि०* बहुत मैला। *उदा०* 'मैला पर ढेला फेंके छिटकि के आपनो पर पड़े'।

**मैहर** *पु०* मायका, नैहर।

**मोंचा** *पु०* मक्के के बाल से निकलने वाले रेशे।

**मोंछ** *स्त्री०* पुरुषों के ऊपरी ओठ के बाल।

**मोई** *स्त्री०* घी में सना हुआ आटा।
**मोक** *पु०* केंचुल।
**मोकदमा** *पु०* अभियोग, नालिश, दो पक्षों में किसी झगड़े के विषय में न्यायालय में गया हुआ विवरण। *उदा०* 'मोकदमा आ पीपर के लासा एके हऽ'।
**मोकदमाबाज** *वि०* बहुत मुकदमा लड़ने वाला व्यक्ति।
**मोकना** *पु०* एक प्रकार की घास।
**मोकरी** *स्त्री०* कम लगान पर दी जाने वाली भूमि।
**मोकल** *पु०* अवसर, उपयुक्त समय।
**मोका** *पु०* मौका।
**मोकाम** *पु०* रहने या ठहरने की जगह, निश्चित स्थान।
**मोकाबला** *पु०* मुठभेड़, मिलान, बराबरी।
**मोको** *पु०* एक तकिया कलाम 'मैंने कहा' के अर्थ में।
**मोखड़ा** *पु०* कुँआ बनाने में प्रयुक्त भट्ठे में पका हुआ मिट्टी का गोल पट्टा।
**मोखड़ी** *स्त्री०* मुहारी।
**मोखतसर** *वि०* संक्षिप्त, थोड़ा।
**मोखतार** *पु०* मुकदमे की देखभाल करने वाला कार्याधिकारी।
**मोखतारनामा** *पु०* अधिकार-पत्र।
**मोखा** *पु०* झरोखा।
**मोखातिब** *वि०* ध्यानपूर्वक सुनने वाला।
**मोखालिफ** *पु०* विरोधी, दुश्मन।
**मोगल** *पु०* मंगोल निवासी, मुसलमानों की चार प्रमुख जातियों में एक।
**मोगलवा** *पु०* बैंगनी रंग का मोटा शकरकन्द।
**मोगलान** *पु०* मुगलों का देश। इस शब्द का प्रयोग नेपाल तराई के निवासी भारत के लिए करते हैं।
**मोगली** *स्त्री०* बैलगाड़ी के टूटे हुए धूरे में लगाया गया लोहे का पत्तर।
**मोचंड** *वि०* हट्टा-कट्टा।
**मोच** *पु०* ऐंठन या चोट लगने से शरीर की किसी नस का अपने स्थान से हट जाना।
**मोचक** *वि०* [सं०] मुक्तिकारक।
**मोचन** *पु०* कष्ट से छुड़ाना।
**मोचना** *पु०* बाल उखाड़ने या गहने को मोड़ने वाला हथियार।
**मोचट्टी** *स्त्री०* खरुका।
**मोचरस** *पु०* सेमर का लस्सा, जिसका उपयोग औषधि के रूप में होता है।
**मोचल** *सक०* किसी को ठग लेना, हथिया लेना।
**ममोचलका** *पु०* न्यायालय में हाजिर होने का प्रतिज्ञापत्र।
**मोचा** *पु०* मक्के की नई बाल।
**मोची** *पु०* जूता बनाने वाला, चर्मकार।
**मोछइल** *वि०* बड़ी मूँछों वाला।
**मोछमुंडा** *पु०* सफाचट मूँछ वाला व्यक्ति।
**मोजर** *पु०* आम का बौर, मंजरी; मिनहा, निश्चित राशि में से घटाने का काम।
**मोजरा** *पु०* किसी निश्चित राशि में से कुछ रकम घटाने का कार्य; अभिवादन, सलाम; वेश्याओं द्वारा नाचने-गाने का कार्य।
**मोजराइल** *अक०* मंजरी निकलना।
**मोजा** *पु०* पायताबा, जुर्राब।
**मोजाहिम** *वि०* मुस्तैद।
**मोट** *पु०* पानी निकालने का चमड़े का थैला, चरस। *वि०* मोटा, स्थूल, अपरिष्कृत।
**मोटका** *पु० वि०* जो मोटा हो। *उदा०* 'मोटका पेड़ गहेके चाहीं'। *स्त्री०* मोटकी।
**मोटक्कड़** *पु०* अत्यन्त मोटा।

**मोटरढरवा** *पु०* मोट के बैलों को हाँकने वाला।

**मोटर** *स्त्री०* [अं०] गति बढ़ाने वाला यंत्र; सवारी गाड़ी। **-कार** *स्त्री०* मोटर, हवागाड़ी। **-खाना** *पु०* कार रखने का स्थान, मोटर गैरेज। **-ड्राइवर** *पु०* मोटर चलाने वाला। **-बस, लारी** *स्त्री०* आदमी, माल ढोने वाली गाड़ी, जो मोटर इंजिन से चलती हो। **-बोट** *स्त्री०* मोटर इंजिन से चलित नाव। **-साइकिल** *स्त्री०* मोटर इंजिन से चलित साइकिल।

**मोटरी** *स्त्री०* गठरी।

**मोटवावल** *सक०* खूब खिला-खिलाकर मोटा बनाना।

**मोटा** *वि०* मांसल; स्थूलकाय; भारी; भद्दा। **-असामी** *पु०* मालदार आदमी। **-काम** *पु०* जिसमें कुशलता की आवश्यकता न हो। **-झोटा** *वि०* घटिया। **-ताजा** *वि०* हृष्ट पुष्ट। **-आवाज** *स्त्री०* भद्दी आवाज। **-मल** *पु०* अधिक मोटा आदमी। **-हिसाब** *अव्य०* लगभग, कुछ कमोवेश।

**मोटाइल** *अक०* मोटा होना, शरीर पर मांस आना, बढ़ना।

**मोटाई** *स्त्री०* स्थूलता, मोटापन।

**मोटा-मोटी** *क्रि०वि०* मोटे तौर पर साधारणत:।

**मोटिआ** *पु०* खद्दर, गाढ़ा या खुरदरा कपड़ा।

**मोटी** *स्त्री०* दूर-दूर की जुताई।

**मोढ़ा** *पु०* बाँस की कमचियों और बेंत से बना बैठने का आसन।

**मोतरफा** *पु०* जमीन की ऊपरी सतह को इस्तेमाल करने वाले से लिया जाने वाला कर।

**मोताब** *पु०* तबीयत के अनुकूल।

**मोताबिक** *क्रि०वि०* अनुसार, अनुकूल।

**मोतिआबिन्द** *पु०* आँख का एक रोग, जिसमें पुतली पर एक पर्दा पड़ जाता है कम दीख पड़ती है।

**मोती** *पु०* [सं० मौक्तिकं] सीप से निकलने वाला एक प्रकार का रत्न।

**मोतीचूर** *पु०* महीन दाना का लड्डू।

**मोतीसर** *पु०* एक प्रकार का बारीक धान, मतिसरी।

**मोथा** *पु०* सबसे अधिक जड़ पकड़ने वाली एक घास।

**मौथी** *पु०* पतले पौधे वाला एक प्रकार का मोथा।

**मोदक** *पु०* लड्डू।

**मोदी** *पु०* आटा, दाल, सत्तू, चिउड़ा आदि बेचने वाला बनिया। **-खाना** *पु०* अन्न-भण्डार।

**मोनासिब** *वि०* उचित, उपयुक्त, समीचीन।

**मोफित** दे० 'मुफुत'।

**मोफिल** *पु०* विवाह के अवसर पर बारात आदि में नाच-गान; महफिल।

**मोम** *पु०* मधुमक्खियों के छत्ते का और चिकने भाग से तैयार एक लसीला पदार्थ। **-जामा** *पु०* मोम का रोगन चढ़ाया हुआ कपड़ा जिस पर पानी फिसल जाता है। **-दिल** *वि०* नरम दिल वाला। **-बत्ती** *स्त्री०* मोटे धागे पर मोम चढ़ाकर बनी बत्ती जिससे प्रकाश होता है।

**मोमबत्ती** *स्त्री०* मोम की बनी छड़ी, जो प्रकाश के लिए जलाई जाती है।

**मोयन** *पु०* आटा में मिलाया गया घी।

**मोर** *पु०* एक सुन्दर पक्षी, मयूर; सड़क का वह स्थान, जहाँ से वह किसी दूसरी ओर मुड़ती है। **-मुकुट** *पु०* मयूरमुकुट।

**लड़** *पु०* लड़का का संक्षिप्त रूप।
**लड़कपन** *पु०* बचपन।
**लड़कबुधी** *स्त्री०* बच्चों की नासमझी, बालबुद्धि; अज्ञानता।
**लड़का** *पु०* पुत्र, बेटा; बालक।
**लड़किनी** *स्त्री०* कन्या।
**लड़की** *स्त्री०* बच्ची, पुत्री; कुमारी कन्या।
**लड़कैयाँ** *स्त्री०* लड़कपन।
**लड़कोर, लड़कोरी** *वि० स्त्री०* दे० 'लड़कौरी'।
**लड़कौरी** *वि० स्त्री०* (वह स्त्री) जिसकी गोद में बच्चा हो।
**लड़खड़ाइल** *अक०* डगमगाना।
**लड़दूल** *पु०* साँप के बच्चे जैसा जीव।
**लड़नी** *वि०* तुच्छ।
**लड़पूता** *पु०* स्त्रियों द्वारा अनादर और उपेक्षापूर्ण कथन।
**लड़फालतू** *वि०* बहुत निकम्मा; बेकार।
**लड़बड़ा** *वि०* लटपटा; नपुंसक।
**लड़बुरबक** *वि०* महामूर्ख, अज्ञान, गँवार।

**लड़ल** *अक०* युद्ध करना। मल्लयुद्ध करना। मुकदमाबाजी करना।
**लड़ाई** *स्त्री०* युद्ध, कुश्ती; मुकदमेबाजी।
**लड़ाका** *वि०* योद्धा; झगड़ालू; मुकदमेबाज।
**लड़ावल** *सक०* दो व्यक्तियों में कुश्ती कराना; लड़ाना, झगड़ा कराना।
**लड़ाइल** *वि०* मादा मवेशी, जिसका गर्भ नष्ट हो गया हो।
**लड़िका** *पु०* बच्चा, पुत्र।
**लड़िकाई** *स्त्री०* बचपन, लड़कपन।
**लड़ी** *स्त्री०* कतार; माला।
**लड़ीला** *वि०* लाड़ला।
**लड़ू** *पु०* लड्डू।
**लड़ेता** *वि०* योद्धा, दुष्ट, ढीठ।
**लड़ैता** *वि०* लड़ने वाला।
**लढ़ा** *वि०* बैलगाड़ी।
**लढ़िया** *स्त्री०* छोटी बैलगाड़ी।
**लत** *स्त्री०* दुर्व्यसन, बुरा स्वभाव।
**लतखुर्दन** *पु०* लात से धाँगने की स्थिति।
**लतखोर** *वि०* सदा लात की मार खाने वाला व्यक्ति; कमीना, बेहाया। *वि०* किवाड़ का वह काठ, जो नीचे सतह पर रहता है, जिसे लाँघकर घर में आना-जाना होता है, चौखट।
**लतड़ी** *स्त्री०* लतरी।
**लतपत** *वि०* लथपथ।
**लतमरदन** *सं० यौ०* लातों से सदा रौंदे जाने की स्थिति।
**लतर** *स्त्री०* रस्सा के समान लम्बा होकर पृथ्वी पर फैलने वाला या किसी वस्तु से लिपट कर ऊपर चढ़ने वाला पौधा-विशेष।
**लतरल** *अक०* लत्ती के समान बढ़ना, फैलना।
**लतरी** *स्त्री०* खेसारी, दलहन।
**लतहा** *पु०* लात चलाने वाला पशु, लताह।
**लता** *स्त्री०* [सं०] जमीन पर फैलने वाला पौधा, बेल। **-कुंज** *पु०* लता से घिरा स्थान। **-भवन** *पु०* लताओं से मण्डप की तरह बना स्थान।
**लताड़** *स्त्री०* लथाड़।
**लताह** *वि०* लात चलाने वाला पशु।
**लतिआवल** *सक०* लात से मारना।
**लतिहर** *वि०* लतियर।
**लतीफ** *वि०* [अ०] बारीक; साफ-सुथरा; जायकेदार।
**लतीफा** *पु०* [अ०] चुटकुला, अनूठी बात।
**लत्ती** *स्त्री०* जमीन पर फैलने या पेड़ पर उसका सहारा लेकर चढ़ने वाला पौधा।
**लथपथ** *वि०* भींगा, पसीने से तरबतर।
**लथरियावल** *अक०* काम में आलसपने से पीछे रह जाना।
**लथरी** *स्त्री०* एक प्रकार की मछली।
**लथेर** *पु०* पशुओं द्वारा रौंदा हुआ घास-पुआल आदि; दाना निकाला हुआ मटर का पौधा।
**लथेरल** *अक०* पशुओं द्वारा लात से रौंद कर बर्बाद करना।
**लद** *स्त्री०* किसी मुलायम वस्तु के ऊपर से गिरने की आवाज।
**लदउरा** *पु०* बथुए के साग का एक भेद।
**लदकल** *पु०* किसी वस्तु का ढीला होकर लटक जाना।
**लदगर** *वि०* पेटवाला।
**लद-फद** *वि०* पानी से भींगा हुआ; प्रसवासन्न स्त्री या मवेशी।
**लदना** *वि०* बोझा लादा जाने वाला पशु।
**लदनी** *स्त्री०* लादने का कार्य या भाव।
**लदर-फदर** *सं० यौ०* पानी से कपड़ों के भींग जाने की स्थिति।

**लदरल** *अक०* दानेदार फसल का खूब फलना।

**लदवावल** *सक०* लादने का काम; दूसरे से काम करवाने का भाव।

**लदाइल** *अक०* बोझ का लादा जाना।

**लदाई** *स्त्री०* लादने का काम या भाव। लादने की मंजूरी।

**लदाऊ** *पु०* लदान, भराव।

**लदान** *स्त्री०* (माल) लादने की क्रिया।

**लदाव** *पु०* लादने का काम; बोझ; पटाव।

**लदुआ** *वि०* बोझ ढोने वाला।

**लद्धड़** *वि०* सुस्त। **-पन** *पु०* सुस्ती।

**लप** *पु०* लचीली छड़ी को हिलाने से निकली ध्वनि; तलवार की चमक; अंजलि। **-झप** *वि०* चंचल, फुर्तीला। **-चाल** *स्त्री०* बेढंगी चाल।

**लपक** *स्त्री०* लपट, लौ।

**लपकल** *अक०* पकड़ने के लिए तेजी से आगे बढ़ना या झुकना।

**लपची** *स्त्री०* बरारी मछली का बच्चा। *वि०* शरीर का कोमल और पतला होना।

**लपट** *स्त्री०* आग की ज्वाला, लौ।

**लपटा** *पु०* अपने फूल या फल से कपड़े को चिपट लेने वाला पौधा; लेई।

**लपटल** *अक०* पाने का प्रयास जारी रखना।

**लपटाइल** *अक०* लिपटना।

**लपटावल** *सक०* बातों में फँसाए रखना।

**लपलप** *क्रि०वि०* किसी पतली वस्तु के तेजी से हिलने-डुलने का कार्य; कुत्ते की जीभ का लपलपाना।

**लपलपाइल** *अक०* उद्यत होना; लुब्ध होना; ललचाना।

**लपसी** *स्त्री०* थोड़ा घी डाला हुआ लसीला हलुआ।

**लपेट** *पु०* घुमाव, घेरा, चक्कर लपेटने की क्रिया।

**लपेटल** *सक०* पतली, लम्बी वस्तु को घेरा देकर समेट लेना; शामिल करना।

**लप्प** *पु०* हाथ की सभी अँगुलियों के फैले और सटे होने की स्थिति।

**लप्पड़** *पु०* थप्पड़, चाँटा।

**लप्पा** *पु०* बैलगाड़ी के ढाँचे में प्रयुक्त बाँस।

**लप्पो-चप्पो** *वि०* चिकनी-चुपड़ी बात।

**लफंगा** *वि०* लम्पट, दुराचारी, आवारा।

**लफंदर** *वि०* फालतू, लम्पट।

**लफनल** *अक०* लपना।

**लफरा** *पु०* पानी से भींजे अन्न के दाने से निकला गुच्छा; झमेला।

**लफल** *अक०* आगे की ओर झाँकना; किसी वस्तु को पकड़ने के लिए लपकना।

**लफावल** *सक०* किसी चीज को पकड़ने के लिए हाथ बढ़ाना।

**लफूस** *वि०* लफंगा, लफुदा।

**लफेड़िया** *वि०* लम्पट, लफंगा।

**लब** *पु०* [फा०] ओठ; किनारा, तट।

**लबज** *पु०* शब्द।

**लबजा** *वि०* झूठा; केवल बात बनाने वाला, लबरा।

**लबजान** *वि०* अशक्त, मृतप्राय।

**लबझल** *अक०* फँसना।

**लबड़धोंधों** *स्त्री०* गुलगपाड़ा, हल्ला-गुल्ला।

**लबड़ा** *वि०* लबरा।

**लबदा** *पु०* लाठी, डण्डा।

**लबधल** *अक०* परिपूर्ण; फल से झुके रहना।

**लबना** *पु०* जीभ, जिह्वा। (व्यंगा०)

**लबनी** *स्त्री०* ताड़ी चुवाने का बर्तन।

**लबरलबर** *क्रि०वि०* अनर्गल बात। *उदा०* 'लबरलबर तीन पसर'।

**लबरई** *स्त्री०* झूठी बात।
**लबरा** *वि०* झूठ बोलने वाला; अनर्गल बोलने वाला।
**लबलब** *क्रि०वि०* फालतू, अनर्गल।
**लबलवाइल** *अक०* बोलने के लिए व्यग्र होना।
**लबाब** *पु०* तीसी को पानी में फुलाकर तैयार किया गया लस्सा, जिसका उपयोग पहले स्त्रियाँ जूड़ा बाँधने में उपयोग करती थीं; गूदा।
**लबार पांड़े** *पु०* नाच का मसखरा।
**लबालब** *अव्य०* ऊपर या मुँह तक भरा हुआ।
**लबेद** *पु०* वेदविरुद्ध।
**लबेदा** *पु०* मोटा डण्डा; फल आदि तोड़ने का झटहा। *उदा०* 'आयी आम चाहे जायी लबेदा'।
**लबेरी** *स्त्री०* जलहली।
**लभल** *अक०* झुकना, लहल।
**लभावल** *सक०* झुकना, लभल का सक० रूप।
**लभेरल** *अक०* मुँह में लपेटना।
**लभेसा** *पु०* दोषारोपण।
**लभ्भो-चभ्भो** *पु०* बहुत अपनापन या हाव-भाव, लप्पो-चप्पो।
**लम** *पु०* 'लम्बा' का समासगत रूप। **-गोड़ा** *वि०* लम्बी टाँगवाला। **-घिचा** *वि०* लम्बी गरदन वाला। **-छड़** *पु०* लम्बी बन्दूक; भाला। **-तड़ंग** *वि०* लम्बा तगड़ा (आदमी)।
**लमका** *वि०* आकार में लम्बा।
**लमघोड़** *वि०* अधिक लम्बा कद।
**लमछर** *वि०* आकार में लम्बा।
**लमडोरिया** *पु०* खेत (जब लम्बाई बहुत अधिक हो और चौड़ाई कम हो।)
**लमढ़ेंग** *वि०* बहुत लम्बा।
**लमता** *स्त्री०* एक प्रकार की नाव।
**लमती** *स्त्री०* लम्बाई।
**लमर** *पु०* संख्या, क्रम-संख्या, नम्बर।
**लमरल** *अक०* खींचने से लम्बा होना।
**लमरावल** *सक०* खींचकर लम्बा करना।
**लमरी** *स्त्री०* हक की लड़ाई के लिए अभियोग-पत्र। *वि०* नम्बर वाला सौ का नोट।
**लमहर** *वि०* लम्बाई में बड़ा, आकार में बड़ा।
**लमावल** *सक०* बात को बढ़ा देना; झगड़ा लगा देना।
**लमावल** *सक०* मवेशियों को तालाब आदि में पानी पिलाना; लम्बा करना।
**लमेट** *वि०* इधर-उधर व्यर्थ घूमते रहने वाला, लम्पट।
**लमेरा** *पु०* बिना बोए स्वतः जमने वाला पौधा।
**लमेरुआ** *वि०* ऐसा पशु, जिसका कोई मालिक न हो; योंही घूम-घूमकर चरने वाला पशु।
**लम्मर** *पु०* परीक्षा में प्राप्तांक।
**लय** *पु०* नाश, विनाश; गीत की ध्वनि, स्वर; आदत।
**लयन** *पु०* शान्ति, शरण।
**लरकई** *स्त्री०* लड़कपन।
**लरकल** *अक०* लटकना। भार से ऊपर नीचे की ओर झुकना; लटकना; घटा का बरसने की स्थिति में घटा का होना।
**लरकावल** *सक०* झुकाना, ऊपर से नीचे की ओर खींचकर लाना; लटकाना (डाली)।
**लरकोर** *स्त्री०* जिस स्त्री को लड़का या लड़की पैदा हो चुकी हो।

**लरखराइल** *अक०* मरणासन्न होना, डगमगाना, चलते समय पैर स्थिर न रहना।
**लरघस-मरघस** *सं० यौ०* प्राणियों के शरीर से निकलने वाला रसीला पदार्थ, खासकर जननेन्द्रिय से निकलता रहता है।
**लरछा** *पु०* सूत का छोटा गुच्छा।
**लरझर** *पु०* दूर का सम्बन्धी।
**लरना** *अक०* लड़ना।
**लरबर** *वि०* ढीला, रसेदार।
**लरबराइल** *अक०* मुलायम होना; ढीला होना।
**लरम** *वि०* मुलायम, नरम।
**लरमा** *पु०* कपास का एक भेद।
**लरवा** *पु०* कपास का एक रोग।
**लराई** *स्त्री०* लड़ाई।
**लराका** *वि०* लड़ाका।
**लरिकई** *स्त्री०* लड़िकाई।
**लरिक सलोरी** *स्त्री०* शैतानी; लड़कों का खेल।
**लरिका** दे० 'लड़िका'। *उदा०* 'लरिका के आँखे भूख हऽ'।
**लरिकौना** *वि०* बच्चा-सा, बच्चा के सदृश।
**लरी** *स्त्री०* सिलसिला; तारों का छोर; लड़ी।
**लल-विल्ल** *वि०* कंगाल; अति अभाव-ग्रस्त। *उदा०* 'अपना ला लल-विल्ल दोसरा ला दानी'।
**ललउरी** *स्त्री०* गुदा का भीतरी भाग; गाली का शब्द।
**ललक** *स्त्री०* गहरी लालसा।
**ललकल** *अक०* लालसा करना, इच्छा करना। *उदा०* 'ललकल पगिया, फरकल टीक'।
**ललका** *वि०* लाल रंग का।
**ललकार** *पु०* ललकारने की क्रिया या भाव।
**ललकारल** *सक०* लड़ने के लिए जोर से पुकारना; उत्तेजना पैदा करने वाली बातें; उकसाना।
**ललचल** *अक०* किसी चीज को पाने के लिए अभिलषित होना।
**ललना** *स्त्री०* कामिनी, सोहरों में इस शब्द का.... प्रयोग होता है।
**ललदेइया** *पु०* लाल रंग का एक धान-विशेष।
**ललरी** *स्त्री०* कान की लोलकी।
**ललसा** *पु०* इच्छा, चाह, कामना।
**ललही छठ** *स्त्री०* भाद्रपद कृष्ण षष्ठी, हलषष्ठी।
**लला** *पु०* प्यारा, दुलारा। *उदा०* 'लला फिर आइयो खेलन होरी'।
**ललाइल** *अक०* किसी भोज्य-पदार्थ के लिए व्यग्र होना।
**ललाई** *स्त्री०* लाली।
**ललाक** *पु०* [सं०] शिश्न।
**ललाट** *पु०* [सं०] माथा; भाग्य। **-रेखा** *स्त्री०* भाग्यलेख।
**ललाम** *वि०* [सं०] सुन्दर; स्मरणीय; उत्तम।
**ललिआइल** *अक०* पकने की समय आने पर फल आदि का रंग लाल होना।
**ललित** *वि०* [सं०] सुन्दर, रमणीय। **-कला** *स्त्री०* संगीत, काव्य आदि।
**ललितगर** *वि०* मधुर, सुन्दर।
**लली** *स्त्री०* प्यार, दुलार से पली लड़की।
**लल्ला** *पु०* प्यार, दुलार से पला लड़का।
**लल्लो-पत्तो** *पु०* चिकनी-चुपड़ी बातें।
**लवंग** *पु०* मसाला और औषधि में व्यवहत वृक्ष का फल; लौंग; एक तरह की मिठाई; एक छोटा गहना। **-लता** *स्त्री०* एक मिठाई।

**लवंगी** दे० 'लौंगी'।
**लवंडा** *पु०* छोटा लड़का; नाच का नर्तक; गुदामैथुन कराने वाला छोकड़ा।
**लव** *पु०* [सं०] थोड़ा अंश; वह, जो काटा जाए; रामचन्द्र के पुत्र; सुविधापूर्ण काम। **-लेस** *पु०* स्वल्प मात्रा में।
**लवक** *पु०* क्षणिक इच्छा या लालसा।
**लवकल** *अक०* आकाश में बिजली का प्रकाश होना।
**लवगर** *वि०* सुविधाजनक, सहूलियत वाला।
**लवङ** दे० 'लवंग'।
**लवता-भेंवता** *क्रि०वि०* किसी प्रकार का कामचलाऊ।
**लवना** *पु०* जलावन; लौना।
**लवनी** *स्त्री०* कटनी।
**लवटल** *अक०* वापस आना।
**लवटानी** *स्त्री०* वापसी, वापस आते समय।
**लवढा** *पु०* पासियों की ताड़ी लटका कर ले जाने वाली लाठी।
**लव-बेलव** *सं० यौ०* सावधानीपूर्वक, धीरे-धीरे।
**लवर** *स्त्री०* आँच, लपट।
**लवलासी** *स्त्री०* प्रेम सम्बन्ध।
**लवही** *स्त्री०* रोहू, नैनी आदि मछलियों के बच्चे।
**लवा** *पु०* तीतर जाति का एक पक्षी; लाना, खील।
**लवारा** *पु०* बछरू।
**लवालेस** *क्रि०वि०* थोड़ा भी। तनिक भी।
**लवे-लवे** *क्रि०वि०* धीरे-धीरे; सुविधापूर्वक।
**लस** *स्त्री०* रस्सा, बल, वीर्य; ताकत।
**लसउनल** *सक०* मिट्टी के सम्पर्क में लाकर गन्दा करना।
**लसकर** *पु०* फौज, सेना।
**लसकरिया** *वि०* झमेले में रहने वाला; लम्पट।
**लसगर** *वि०* लसीला, लस्सेदार।
**लसदार** *वि०* लसीला, चिपकने वाला।
**लसटूटू** *वि०* जिसका लसीलापन कम हो गया हो।
**लस फस** *क्रि०वि०* लस-लस।
**लस-फसिया** *पु०* एक पेड़, जिसका पका फल लस्सेदार होता है, लिसोड़ा।
**लस लस** *क्रि०वि०* लस्सा-सा।
**लसर-फसर** *पु०* लस-लस करने की स्थिति।
**लसर-लसर** *क्रि०वि०* लसीलापन लिए हुए।
**लसरी** *स्त्री०* रस्सी।
**लसाकूटन** *पु०* जोरों की पिटाई।
**लसारल** *सक०* पैरों से रौंदना।
**लसिआइल** *अक०* पिण्ड न छोड़ना, जरूरतवश साथ लगा रहना।
**लसी** स्त्री० दही मिश्रित शरबत।
**लसीला** *वि०* लसदार।
**लसुन** *पु०* लहसुन।
**लसोड़ा** *पु०* लस्सेदार फल या वृक्षविशेष।
**लसौटा** *पु०* बहेलियों का लस्सा रखने का बाँस का चोंगा।
**लस्टम-पस्टम** *क्रि०वि०* किसी प्रकार; कठिनाई से।
**लस्त** *वि०* अशक्त, शान्त, शिथिल।
**लहँगा** *पु०* साड़ी के नीचे पहनने का एक पहनावा; घाघरा।
**लहक** *स्त्री०* आग की लपट।
**लहकल** *अक०* आग का प्रज्वलित होना, दीपक की लौ तेज होना।
**लहकार** *पु०* ठाट-बाट; चमक-दमक।

**लहकावल** *सक०* प्रज्वलित करना; उत्तेजित करना।

**लहकौर** *स्त्री०* कोहबर में दूल्हे और दुलहिन द्वारा एक-दूसरे को खिलाना।

**लहजा** पु० [अ०] उच्चारण का खास ढंग; लय।

**लहठी** *स्त्री०* लाह की चूड़ी।

**लह ताडड़** *वि०* शक्तिहीन, दुर्बल।

**लहना** *पु०* दूकानदारों का ग्राहकों के यहाँ बाकी धन।

**लहना-गहना** *पु०* असामियों के यहाँ महाजनों के मूल और सूद न सधान होने पर बन्धक का स्वामी हो जाना; बन्धक का पूर्ण स्वामित्व महाजन का हो जाना।

**लहबर** *पु०* लम्बी ढीली पोशाक; चोंगा।

**लहमा** *पु०* क्षण, पल; मिनट।

**लहमाएल** *वि०* पशुओं से रौंदा हुआ डण्ठल, घास आदि।

**लहर** *स्त्री०* नदी या बड़े जलाशय में उठने वाली तरंग, हिलोर; उमंग, जोश; जलन, विष का वेग।

**लहरका** *पु०* किसी बात से दूसरों को जलाने का काम। **-लगावल** *मुहा०* गुप्त बात बता कर चाव पैदा करना।

**लहर चिउंटा** *स्त्री०* एक प्रकार की लाल विषैली चींटी।

**लहरदार** *वि०* भड़कीला, चमकदार, रंगदार।

**लहरल** *अक०* जलन होना; क्रोध होना।

**लहराइल** *अक०* पताके का हवा में उड़ते रहना; उत्तेजित करना।

**लहरा** *पु०* चुंगली।

**लहरा-पटोर** *पु०* धारीदार रेशमी वस्त्र-विशेष। *उदा०* 'तोहरा के देबो बाभन चढ़ने के घोड़वा बभनी के लहरा पटोर'। लोक०।

**लहरावल** *सक०* उत्तेजित करना।

**लहरि** *स्त्री०* [सं०] तरंग।

**लहरिया** *पु०* टेढ़ी-मेढ़ी रेखाओं का समूह। -दार *वि०* लहरदार।

**लहरी** *वि०* मनमौजी।

**लहल** *अक०* सहूलियत हो जाना।

**लहलह** *पु०* प्यास के मारे व्यग्रता; हरा-भरा।

**लहलहाइल** *अक०* हरे-हरे पौधों का हवा के झोंके में हिलते रहना।

**लहसन** *पु०* शरीर पर का लम्बा काला दाग; लहसुन।

**लहसुन** *पु०* एक प्रकार का तीक्ष्ण गन्धवाला कन्द।

**लहसुनिया** *पु०* एक रत्नविशेष।

**लहालोट** *वि०* हंसी के मारे लोटता हुआ हर्षातिरेक। *उदा०* 'गोरिया मार ना नजरिया, जियरा लहालोट होइ जाय'।

**लहान** *पु०* सहूलियत, सुविधा।

**लहास** *स्त्री०* आग की लपट; घोड़े की लगाम।

**लहारि** *स्त्री०* आनन्द, मजा, सुख।

**लहुरा** *वि०* छोटा, आयु में कम।

**लहू** *पु०* खून, रक्त, रुधिर।

**लहेड़ा** *पु०* बदमाश, निठल्ला, आवारा।

**लांघ** *स्त्री०* लाँघने की क्रिया; फाँदने का कार्य।

**लांघल** *अक०* कूद जाना, फाँदना, लाँघना।

**लाँच** *स्त्री०* घूस।

**लांछन** *पु०* दाग; कलंक।

**लाँड़** *पु०* पुरुषेन्द्रिय, शिश्न, लण्ड, लौड़ा।

**लाइची** *स्त्री०* इलायची।

**लाइट** *स्त्री०* [अं०] रोशनी।

**लाइन** *स्त्री०* [अं०] पंक्ति।

**लाइफ** *स्त्री०* [अं०] जीवन।

**लाइब्रेरी** *स्त्री०* [अं०] पुस्तकालय।
**लाइसेंस** *पु०* [अं०] अधिकारपत्र।
**लाई** *स्त्री०* भुना हुआ धान, लावा।
**लाई-फूसी** *स्त्री०* चापलूसी।
**लाकन** *वि०* पतले शरीर वाला।
**लाख** *वि०* [सं० लक्षं] संख्या, सौ हजार। *उदा०* 'लाख जाय पर साख न जाय'।
**लाखपति** *पु०* लाखों की सम्पत्ति का स्वामी।
**लाखराज** *पु०* करमुक्त भूमि।
**लाखी** *स्त्री०* लाह की बनी हुई वस्तु।
**लाग** *पु०* अनुचित सम्बन्ध; हँसी-मजाक का सम्बन्ध; यौन सम्बन्ध।
**लाग-डाँट** *पु०* ईर्ष्या, बैर, मुकाबला।
**लागत** *स्त्री०* किसी काम में लगने वाली राशि, यथार्थ खर्च।
**लागल** *अक०* दो वस्तुओं के तलों का परस्पर मिलना; लगना।
**लागि** *अव्य०* के लिए; तक; हेतु; द्वारा।
**लागू** *वि०* घटित होने वाला; चरितार्थ होने वाला; ठीक बैठने वाला।
**लागे** *अव्य०* वास्ते, लिए।
**लाचार** *वि०* मजबूर। *उदा०* 'लाचार का विचार का'।
**लाचारी** *स्त्री०* मजबूरी।
**लाची** *स्त्री०* एक प्रकार का सुगन्धित मसाला, इलायची।
**लाछन** *पु०* लांछन, कलंक।
**लाछी** *स्त्री०* लक्ष्मी।
**लाज** *स्त्री०* शर्म, लज्जा। *उदा०* 'लाज बीज धोकरी मोर नाव सुधकरी'।
**लाजिम** *वि०* लज्जाजनक।
**लाजिमी** *वि०* आवश्यक, उचित।
**लाझा** *पु०* मवेशी के बच्चे जनने पर उसके शरीर से निकली झिल्ली।
**लाट** *पु०* स्तम्भ, मीनार।
**लाटा** दे० 'लट्टा'। तीसी भुनने और कूटने के बाद तैयार भोज्य-पदार्थ, भुना महुआ।
**लाठ** *पु०* तेल पेरने के कोल्हू में डालने वाला मोटा लकड़ी का टुकड़ा।
**लाठा-लाठी** *स्त्री०* एक का दूसरे पर लाठी से प्रहार करना।
**लाठी** *स्त्री०* पतले बाँस का छोटा 3-3 हाथ का टुकड़ा, जो लड़ाई या अपनी रक्षा के लिए हाथ में रखा करते हैं।
**लाठी-चार्ज** *पु०* भीड़ हटाने हेतु लाठी से प्रहार करना।
**लाड़** *पु०* लालन, प्यार। **-चाव** *पु०* प्यार-दुलार।
**लाड़ला** *वि०* प्यारा।
**लाड़ली** *स्त्री०* प्यारी।
**लात** *स्त्री०* पैर, गोड़, पाँव।
**लाथ** *स्त्री०* बहाना, प्रपंच, प्रपंचपूर्ण बात।
**लाद** *पु०* पेट की आँत।
**लादल** *अक०* अपने पर बोझ लेना। *सक०* किसी पर बोझा लादना। गाड़ी आदि पर सामान रखना।
**लादी** *स्त्री०* धोबी का गदहे पर लादा गया मैले वस्त्र का गट्ठर।
**लानत** *पु०* धिक्कार, निन्दा, अपमान।
**लापता** *वि०* जिसका पता न हो।
**लापरवाह** *वि०* बेफिक्र, जिसे कोई चिन्ता न हो।
**लाभ** *पु०* नफा, फायदा, भलाई। **-कर** *वि०* जिससे लाभ हो।
**लाम** *वि०* *पु०* लम्बा।
**लामल** *अक०* मवेशियों का पानी पीना; रोपे गए पौधे का धरती से जड़ पकड़ना।
**लाम-लहकार** *पु०* फैशन; आवश्यकता से अधिक, बढ़ावा।

**लामा** *वि०* लम्बा।
**लायक** *वि०* योग्य; मनपसन्द।
**लायकियत** *स्त्री०* सज्जनता; भलमन-साहत।
**लायन** *पु०* दहेज में नकदी की जगह दी गई विविध वस्तुएँ, गिरवी रखी हुई चीज।
**लायचीदाना** *पु०* एक प्रकार की मिठाई।
**लार** *स्त्री०* मुँह से निकलने वाला रसेदार थूक।
**लार-पुआर** *पु०* अति मुलायम फसल, पौधा; नवजात शिशु।
**लार सराई** *स्त्री०* आँख के किनारे पर होने वाली फुंसी।
**लारी** *स्त्री०* मकई का पीला और पतला पौधा; मोटरगाड़ी।
**लाल** *पु०* लाल रंग का सुप्रसिद्ध रत्न; कायस्थों, वैश्यों की उपाधि; एक छोटी चिड़िया। *उदा०* 'लाल मिरचाई बड़ा तिताई'।
**लालगेंड़ा** *पु०* रसदार और मोटी ईख।
**लालच** *स्त्री०* किसी चीज को पाने का लोभ।
**लालटेन** *स्त्री०* [अं०] शीशे से आवृत्त दीपक; लैण्टर्न; चिमनीदार लैम्प।
**लालटेस** *वि०* टेसू के समान लाल; अतिशय लाल।
**लालपान** *पु०* ताश का एक रंग।
**लालबम** *पु०* प्रथम-प्रथम जल चढ़ाने के लिए काँवर ढोने वाला व्यक्ति।
**लाल बुझक्कड़** *पु०* घटनाओं में मनगढ़न्त ब्यौरा देनेवाला, मनमाना अर्थ लगाकर बोलने वाला।
**लालमी** *स्त्री०* खरबूज।
**लाल मोहन** *पु०* लाल (रसगुल्ला)।
**लालसा** *स्त्री०* अभिलाषा, इच्छा।
**लालिमा** *स्त्री०* लाली, सूर्योदय और सूर्यास्त के समय की लाली।
**लाली** *स्त्री०* लालिमा, गुदे का भीतरी भाग।
**लाले** *पु०* अरमान, हवस।
**लालो** *पु०* संकट।
**लावन-झावन** *पु० यौ०* किसी हिसाब के भुगतान में अनावश्यक वस्तु देने का कार्य।
**लाव लसकर** *पु०* सेना और उसके साथ रहने वाले अन्य लोग तथा सामान आदि।
**लावनी** *स्त्री०* एक प्रकार का छन्द या गीत।
**लावा** *पु०* मक्का या दूसरे अन्न के भुनने पर फूटा हुआ रूप।
**लावा घोली** *स्त्री०* उचित तौल से कुछ अधिक दिया गया सामान।
**लावारिस** *अ०* जिसका कोई पिता या स्वामी न हो; आलसी, ढीला-ढाला।
**लावा-लेसी** *स्त्री०* सम्बन्ध, सरोकार।
**लास** *स्त्री०* मृतशरीर, शव, मुर्दा।
**लासा** *पु०* पीपल के दूध से तैयार रसीला पदार्थ; बेल का लसादार पदार्थ।
**लाह** *स्त्री०* लाक्षा, लाख, लाही; चमक, कान्ति।
**लाहढ** *स्त्री०* टूटी या फटी हुई लहठी को जोड़ना।
**लाही** *स्त्री०* सरसों आदि का हानिकारक कीड़ाविशेष।
**लाहौरी नमक** *पु०* सेंधा नमक।
**लाहौल** *पु०* [अ०] शैतान।
**लिंग** *पु०* [सं०] चिह्न; प्रमाण; पुरुष की जननेन्द्रिय।
**लिअवावल** *सक०* सम्भोग कराना।
**लिआवल** *सक०* किसी को संग ले जाना।
**लिखतंग** *पु०* कागज पर लिखी बात; दस्तावेज लिखा कागज। *कहा०* 'लिखतं का आगा बकतं का'।

**लिखनी** *पु०* भाग्य में जो लिखा हो वह।
**लिखनी** *स्त्री०* लिखने का काम।
**लिखनी पांड़े** *पु०* मेले में पशुओं की बिक्री की रसीद लिखने वाला।
**लिखल** *सक०* लिपिबद्ध करना, चित्रित करना, स्याही से अंकित करना।
**लिखाई** *स्त्री०* लिखने का भाव या क्रिया अथवा मजदूरी।
**लिखापढ़ी** *स्त्री०* पत्र-व्यवहार; किसी बात को लिखकर पक्का करने का काम।
**लिखावट** *स्त्री०* लिपि; लेख, लिखने की शैली।
**लिखावल** *सक०* लिखने का काम दूसरे से कराना।
**लिखौनी** *स्त्री०* लिखने की मजदूरी।
**लिट्ट** *स्त्री०* बड़ी एवं मोटी रोटी।
**लिट्टी** *स्त्री०* मसाला और सत्तूभरी हुई रोटी; भभरी; बाटी।
**लिधुर** *पु०* रक्त, देवी की बलि का रक्त, रुधिर।
**लिपवावल** *सक०* दूसरे से लीपने का काम कराना।
**लिपाइल** *अक०* लिपा जाना; गोबर, मिट्टी और पानी से पोता जाना।
**लिपाई** *स्त्री०* लीपने का कार्य, भाव या मजदूरी।
**लिपि** *स्त्री०* [सं०] लिखावट; लिखने की पद्धति जैसे नागरी, रोमन, अरबी लिपि। **-कार** *पु०* लेखक।
**लिपिक** *पु०* [सं०] क्लर्क।
**लिफाफा** *पु०* चिट्ठी या लेख आदि रखने की कागज की थैली; खोल।
**लिबलिबी** *स्त्री०* कण्ठ में लटकी मांस की घण्टी।
**लियाकत** *स्त्री०* योग्यता, सभ्यता।
**लिलकंठ** *पु०* दशहरे के दिन दर्शन करने का शुभ माना जाने वाला पक्षीविशेष; नीलकण्ठ।
**लिलगाय** *स्त्री०* हिरन की एक जाति; नीलगाय।
**लिलाफा** *पु०* दे० 'लिफाफा'।
**लिलाम** *पु०* सबसे अधिक डाक बोलकर बिक्री लेने की प्रथा; नीलाम।
**लिलार** *पु०* मस्तक, ललाट।
**लिलुहा** *पु०* कलाई, पहुँचा।
**लिबाल** *पु०* लेने वाला।
**लिवैया** *पु०* लाने वाला।
**लिस्ट** *स्त्री०* [अं०] सूची।
**लिहाज** *पु०* [फा०] ख्याल; अदब; संकोच।
**लिहाड़ा** *वि०* नीच; निकम्मा।
**लिहाड़ी** *स्त्री०* हँसी, निन्दा।
**लिहाफ** *स्त्री०* [अ०] मोटी रजाई।
**लीक** *स्त्री०* रेखा, कतार; परम्परा।
**लीख** *स्त्री०* जूँ का अण्डा; बैलगाड़ी के चलने से बना रास्ता।
**लीचड़** *वि०* निकम्मा, नीच, कंजूस।
**लीची** *स्त्री०* एक प्रकार का मीठा फल।
**लीडर** *पु०* [अं०] नेता, मुखिया।
**लीद** *स्त्री०* घोड़े, गदहे का मल।
**लीपल** *सक०* दीवार या सतह का पोतना।
**लील** *पु०* नील का पौधा; नीलरंग।
**लीलगाय** *स्त्री०* हिन्दुओं में गाय के समान माना जाने वाला हिरन जाति का एक वन्य पशु।
**लीलल** *सक०* निगलना, घोंटना।
**लीला** *स्त्री०* राम, कृष्ण आदि के चरित्र का अभिनय; मनोरंजन कार्य, खेल; बनावटी व्यवहार।
**लीहल** *अक०* लेना या प्राप्त करना।
**लीहल-दीहल** *अक०* लेना-देना।

**लुंगी** *स्त्री०* कमर में लपेटने का वस्त्र।
**लुंच** *वि०* नोचने वाला।
**लुंज** *वि०* लँगड़ा-लूला।
**लुअठिया** *पु०* राजाओं के मृतक व्यक्ति के मुख में आग लगाने वाला व्यक्ति, जो वंशगत होता है।
**लुआठ** दे० 'लुकाड़'।
**लुआठी** *स्त्री०* दे० 'लुकाठी'।
**लुआर** *पु०* लू।
**लुक** *स्त्री०* तप्त हवा, अग्निपुंज; मृगतृष्णा।
**लुक-झुक** *पु०* सूर्यास्त की बेला; झुट-पुट।
**लुकदेवी** *स्त्री०* देवी, जो रात में घूमते समय जहाँ-तहाँ प्रकाश कर देती है; नमी वाली जगहों पर जल उठने वाली गैस।
**लुकाइल** *अक०* छिपना, छिप जाना, लुकना।
**लुका-छिपी** *स्त्री०* लुकने-छिपने का खेल।
**लुकाठी** *स्त्री०* जलता हुआ काठ का टुकड़ा।
**लुकाड़** *पु०* लकड़ी या खरपात का बड़ा गट्ठर, जिसके एक छोर को जलाकर दूसरे को जलाते हैं। **-भाँजल** *मुहा०* प्रदर्शन करना।
**लुकाड़ी** दे० 'लुकाठी'।
**लुकावल** *सक०* छिपाना, लुकाना, ओट में करना।
**लुकुन्दर** *वि०* बदमाश बालक, चंचल।
**लुगरी** *स्त्री०* फटी-पुरानी, गन्दी धोती या साड़ी। *उदा०* 'लुगरी में डोरा हेवान'।
**लुगाई** *स्त्री०* स्त्री, औरत, महिला।
**लुग्गा** *वि०* कपड़ा, लत्ता, साधारण वस्त्र।
**लुचुई** *स्त्री०* पतली पूरी।
**लुच्चा** *वि०* चाईं; लम्पट।
**लुटल** *अक०* लुटा जाना।
**लुटावल** *सक०* अन्धाधुन्ध खर्च करना।
**लुटिया** *स्त्री०* छोटा लोटा।
**लुटेरा** *पु०* लूटने वाला।
**लुड़ेठल** *सक०* लूँड़े में बन्द करना।
**लुत्ती** *स्त्री०* चिनगारी।
**लुपलुपाइल** *अक०* टिमटिमाना।
**लुरकी** *स्त्री०* कान की बाली, कान का गहना।
**लू** *स्त्री०* तप्त वायु का झोंका।
**लूक** *स्त्री०* दे० 'लू'।
**लूकट** *पु०* आग।
**लूगा** *पु०* वस्त्र, धोती।
**लूट** *स्त्री०* डकैती। **-खसोट** *स्त्री०* लूटमार।
**लूमड़ी** *स्त्री०* लोमड़ी।
**लूला** *वि०* हाथकटा व्यक्ति, जिसका हाथ मात्र आधा हो।
**लेंड़ी** *स्त्री०* बकरी का गोल बँधा हुआ मल।
**लेंड़आ** *पु०* लड्डू; एक खिलौना, जो लुढ़खने पर खड़ा हो जाता है।
**लेंस** *पु०* [अं०] किरणों को केन्द्रीभूत करने वाला शीशे का ताल।
**लेंहड़** *स्त्री०* लेहँड़ा।
**लेंहड़ी** *स्त्री०* भेंड़, बकरी का झुण्ड।
**ले** *अव्य०* लेकर; तक; शुरू होकर।
**लेई** *स्त्री०* लपसी; चिपकाने हेतु बनाया गया घोल।
**लेक्चर** *पु०* [अं०] व्याख्यान, भाषण।
**लेखक** *पु०* लिखनेवाला (व्यक्ति)।
**लेखा** *पु०* हिसाब; आय-व्यय का ब्योरा। *उदा०* 'लेखा जोखा थाहे, लइका बूड़ल काहे'।
**लेखे** *क्रि०वि०* लिए, खातिर, बदे।
**लेट** *वि०* [अं०] देर करके आने वाला।
**लेटर** *पु०* [अं०] अक्षर; चिट्ठी, पत्र।
**लेटल** *अक०* आराम करना।
**लेडी** *स्त्री०* [अं०] महिला।
**लेदी** *स्त्री०* चारा, घास।

**लेन** *पु०* पावना; प्राप्त करना।

**लेबर** *पु०* [अं०] शारीरिक, मानसिक परिश्रम। **-पार्टी** *स्त्री०* मजदूरों का दल। **-यूनियन** *स्त्री०* मजदूर संघ।

**लेमन** *पु०* [अं०] नीबू। **-चूस** *पु०* नीबू का सत मिलाकर बनी टिकिया।

**लेरुआ** *पु०* गाय का बच्चा, लेरू।

**लेव** *पु०* धान रोपने हेतु पाँकी जैसा तैयार खेत।

**लेवा** *पु०* सुजनी, साधारण बिछौना।

**लेसल** *अक०* जलाना, बारना।

**लेहना** *पु०* पशु के लिए चारा।

**लोक** *पु०* [सं०] भुवन (स्वर्ग, पृथ्वी और पाताल); पृथ्वी; संसार; यश। *उदा०* 'लोक पतित कि बंस पतित'। **-कांत** *वि०* सर्वप्रिय। **-बार** *पु०* शिव। **-गति** *स्त्री०* लोकाचार। **-गाथा** *स्त्री०* पारम्परिक गीत। **-चार** *पु०* लोकाचार। **-तंत्र** *पु०* जनतंत्र। **-धुनि** *स्त्री०* लोकध्वनि। **-नायक** *पु०* लोकों का नयन करने वाला (सूर्य)। **-नेता** *पु०* शिव। **-पथ** *पु०* जगत् का तरीका। **-प्रिय** *वि०* जो बहुत लोगों को प्रिय लगे। **-मत** *पु०* जनता की राय। **-सत्ता** *स्त्री०* वह शासन-व्यवस्था, जिसमें सत्ता जनता के हाथ में हो। **-सेवक** *पु०* सार्वजनिक काम करने वाला। **-हित** *पु०* मानव मात्र का कल्याण।

**लोकनी** *स्त्री०* दाई, नौकरानी।

**लोग** *पु०* आदमी, जनता। **-बाग** *पु०* आदमी का समूह। *उदा०* 'लोग-लुगाई आपे आपे'।

**लोगारो** *पु०* लोगों की भीड़।

**लोचना** *पु०* पुत्र-जन्म का समाचार; हल्दी-चूनामिश्रित चन्दन।

**लोट** *पु०* नोट।

**लोटकी** *स्त्री०* लुटिया।

**लोटन** *पु०* एक कबूतरविशेष। *उदा०* 'अटरिया पर लोटन कबूतर रे'।

**लोटनी** *स्त्री०* तोरी का एक प्रकार।

**लोट-पोट** *स्त्री०* बिछावन पर लेटने की स्थिति।

**लोटल** *अक०* भूमि पर पड़ना, लोटनी।

**लोटा** *पु०* पानी पीने का धातु-पात्र। *उदा०* 'लोटा बेटा बाहरे चमकेला'।

**लोटाइल** *अक०* धरती पर लुढ़कना।

**लोटिया** *पु०* छोटा लोटा।

**लोटी** *स्त्री०* छोटा लोटा।

**लोढ़ल** *सक०* फूल चुनने का भाव।

**लोढ़निया** *पु०* लोढ़नियाने का कार्य या भाव।

**लोढ़निआइल** *अक०* जमीन पर लुढ़कना।

**लोढ़ा** *पु०* बट्टा।

**लोथ** *वि०* लकवे के कारण चलने-फिरने में असमर्थ व्यक्ति।

**लोथड़ा** *पु०* मांसपिण्ड।

**लोदा** *पु०* गीली मिट्टी का गोला।

**लोन** *पु०* नमक। **-हरामी** *वि०* कृतघ्न।

**लोना** *वि०* नमकीन।

**लोटाई** *स्त्री०* सुन्दरता।

**लोनिया** *पु०* नोनियाँ।

**लोप** *पु०* नाश, क्षय, छिप जाना।

**लोभ** *पु०* लालच, किसी वस्तु को लेने की इच्छा।

**लोभाइल** *अक०* लुब्ध होना, मोहित होना।

**लोभी** *पु०* लालची। *उदा०* 'लोभी घर में ठगो उपास'।

**लोमर** *स्त्री०* लोमड़ी।

**लभरिआइल** *अक०* लोमड़ी के समान आस-पास में चक्कर काटना।

**लोर** *पु०* आँसू; मुर्गे के गले में लटकता हुआ लाल मांस।
**लोराइल** *अक०* आँख से आँसू या पानी गिरना।
**लोरी** *स्त्री०* बच्चों को खिलाने-पिलाने का गीत।
**लोल** *पु०* चोंच।
**लोला** *पु०* जीभ, बच्चों का काठ का खिलौना।
**लोलार** *वि०* गाली बकने वाला।
**लोहइन** *स्त्री०* लोहार की स्त्री।
**लोहई** *वि०* लोहे का बना।
**लोहखर** *पु०* हजाम का हथियार रखने का थैला।
**लोहचून** *पु०* लोहे को रेतने पर प्राप्त चूर्ण।
**लोहड़ा** *पु०* लोहे का चौड़ा मुँहवाला बर्तन, जिसमें कुएँ से पानी निकाला जाए।
**लोहबान** *पु०* पेड़विशेष का सुगन्धित लस्सा, जो जलाने और औषधि के काम आता है।
**लोह-लँगड़** *पु०* लोहे का भारी खम्भा या कोई सामान।
**लोहसारी** *स्त्री०* लोहार का कारखाना।
**लोहसियान** *पु०* लोहे का कण।
**लोहा** *पु०* कल, पुर्जे, हथियार के काम आने वाली एक धातुविशेष। *उदा०* 'लोहा के लोहा काटे ला'।
**लोहाइन** *वि०* लोहे के स्वाद का।
**लोहार** *पु०* लोहे का काम करने वाला, लोहकार।
**लोहिया** *स्त्री०* लोहे का बर्तन; मुस्लिम युग का ताँबे या लोहे का पैसा।
**लोहू** *पु०* खून, रक्त।
**लौं** *अव्य०* तक; समान, बराबर।
**लौंग** *पु०* दे० 'लवंग'।
**लौंग चूरा** *पु०* एक उत्तम धानविशेष।
**लौंगी** *स्त्री०* लौंग के आकार का फल; छोटा मिर्चविशेष।
**लौंडा** *पु०* छोकड़ा, नाच का नर्तक; नमकीन सुन्दर लड़का। **-पन** *पु०* लड़कपन, छिछोरपन। **-बाज** *वि०* बालकों से प्रेम और अप्राकृतिक सम्बन्ध रखने वाला।
**लौंड़ा** *पु०* पुरुष की जननेन्द्रिय।
**लौंड़ी** *स्त्री०* टहलनी, दासी, मजदूरनी। *उदा०* 'लौंड़ी बनके कमाय बीबी बन के खाय'।
**लौ** *स्त्री०* लपट, ज्वाला; आया, कामना।
**लौआ** *पु०* कद्दू।
**लौकल** *अक०* देख पड़ना।
**लौका** *पु०* दे० 'लौआ'।
**लौकी** *स्त्री०* दे० 'लौका'।
**लौटल** *अक०* वापस आना, फिरना।
**लौह** *पु०* [सं०] लोहा; हथियार। *वि०* लोहे, ताँबे का बना हुआ। **-कार** *पु०* लोहार। **-पुरुष** *पु०* दृढ़निश्चयी व्यक्ति। **-युग** *पु०* लोहे के प्राथमिक उपयोग का ऐतिहासिक काल।

❑

# व

**व** देवनागरी वर्णमाला का उनतीसवाँ अन्तस्थ वर्ण, जिसका उच्चारण-स्थान दन्तोष्ठ है।

**वंक** *वि०* झुका हुआ। *पु०* [सं०] नदी का घुमाव।

**वंकट** *वि०* टेढ़ा; विकट।

**वंकिम** *वि०* कुछ झुका हुआ।

**वंग** *पु०* [सं०] बंगाल; राँगा; एक पहाड़। **-देस** *पु०* बंगाल।

**वंचक** *वि०* [सं०] ठग, धूर्त्त; दुष्ट। *पु०* नीच आदमी।

**वंटन** *पु०* [सं०] हिस्सा लगाने का काम।

**वंड** *पु०* [सं०] वह, जिसके लिंगाग्र पर चमड़ा न हो।

**वंडा** *स्त्री०* [सं०] व्यभिचारिणी।

**वंदन** *पु०* [सं०] स्तुति; पूजन; नमस्कार। **-माला** *स्त्री०* वन्दनवार।

**वंदी** *स्त्री०* [सं०] कैदी; स्तुति। **-जन** *पु०* चारण, भाट। **-पाल** *पु०* कैदियों का रक्षक, जेलर।

**वंधु** *पु०* बन्धु।

**वंभ** *पु०* [सं०] बाँस।

**वँस** *पु०* [सं०] बाँस; बाँसुरी; कुल परिवार; जाति।

**वंसावली** *स्त्री०* [सं०] वंशतालिका, वंशावली।

**वकत** *स्त्री०* [अ०] इज्जत; साख, विश्वास।

**वकालत** *स्त्री०* [अ०] वकील का पेशा। **-नामा** *पु०* मुकदमे की पैरवी का अधिकार-पत्र।

**वकील** *पु०* [अ०] वकालत करने का अधिकारी; प्रतिनिधि।

**वक्त** *पु०* [अ०] समय; अवकाश; मौका। **-के पाबन्द** *पु०* समय पर कार्य करने वाला। **-बेवक्त** समय-कुसमय।

**वक्ता** *वि०* [सं०] बोलने वाला।

**वक्र** *वि०* [सं०] टेढ़ा; तिरछा; चालबाज।

**वगैरह** *अव्य०* [अ०] इत्यादि।

**वचन** *पु०* [सं०] वाणी, बात; आदेश।

**वजन** *पु०* [अ०] तौल; भार। **-दार** *वि०* बोझवाला; भारी; महत्त्वपूर्ण।

**वजनी** *वि०* वजन रखने वाला।

**वजह** *स्त्री०* [अ०] कारण; सबब।

**वजीफा** *पु०* [अ०] छात्रवृत्ति।

**वजीर** *पु०* [अ०] मंत्री, सचिव। **-आजम** *पु०* प्रधानमंत्री। **-खारिजा** *पु०* पर-राष्ट्रमंत्री। **-जंग** *पु०* युद्धमंत्री। **-तालीम** *पु०* शिक्षा।

**वट** *पु०* [सं०] बरगद का वृक्ष; कौड़ी; बटिका; रस्सी।

**वटी** *स्त्री०* [सं०] गोली; रस्सी।

**वटु** *पु०* [सं०] ब्रह्मचारी; बालक।

**वतन** *पु०* [अ०] जन्म-स्थान; स्वदेश। **-दोस्त** *पु०* देश-हितैषी। **-परस्ती** *स्त्री०* देशभक्ति।

**वतनी** *वि०* अपने देश का, स्वदेशी।

**वत्सर** *पु०* [सं०] वर्ष, साल।

**वद** *वि०* [सं०] बोलने वाला।

**वदन** *पु०* [सं०] चेहरा, मुखड़ा; शक्ल।

**वदाम** *पु०* [सं०] बादाम नामक फल।

**वध** *पु०* [सं०] नाश, हनन; मृत्यु।

**वधु** *स्त्री०* [सं०] पुत्रवधू; दुलहिन; युवती।

**वधू** *स्त्री०* [सं०] दुलहिन, पतोहू; स्त्री। **-गृह प्रवेश** *पु०* गृह-प्रवेश की विधि।

**वनिता** *स्त्री०* [सं०] स्त्री; प्रिया; मादा।

**वपन** *पु०* [सं०] बीज-बोना।
**वपु** *पु०* [सं०] शरीर।
**वफा** *पु०* [अं०] प्रीति, मित्रता का निर्वाह। **-दार** *वि०* वचन-पालक।
**वबाल** *पु०* [अ०] कठिनाई; बोझ; बला।
**वर** *पु०* [सं०] चुनाव; पसन्द; भेंट; दान।
**वरन्** *अव्य०* बल्कि, ऐसा नहीं।
**वरानसि** *स्त्री०* [सं०] वाराणसी, बनारस।
**वर्ग** *पु०* [सं०] दल; स्वजातीय समूह; शक्ति। **-मूल** *पु०* समान राशियों का गुणनफल।
**वर्ण** *पु०* [सं०] रंग जाति; भेद; अक्षर।
**वर्णन** *पु०* [सं०] चित्रण; बयान; गुण-कथन।
**वर्तमान** *वि०* [सं०] चालू; उपस्थित; हाल का।
**वर्ष** *पु०* [सं०] वृष्टि; साल।
**वर्षा** *स्त्री०* [सं०] बरसात। **-काल** *पु०* बरसात।
**वल्द** *पु०* [अ०] बेटा, पुत्र।
**वल्दीयत** *स्त्री०* वंश-परिचय।
**वल्लभ** *वि०* [सं०] प्रिय, प्यारा।
**वसंत** *पु०* [सं०] चैत्र-बैशाख वाली ऋतु। **-पंचमी** *स्त्री०* सरस्वती-पूजा। उदा० 'हे वसंत तूं संत बन सनक मत देख टिकोरा के'।
**वसन** *पु०* [सं०] वस्त्र।
**वसुंधरा** *स्त्री०* [सं०] पृथ्वी; देश; राज्य।
**वसूल** *पु०* [अ०] प्राप्ति। *वि०* मिला हुआ।
**वसूली** *पु०* [अ०] उगाही।
**वस्तु** *पु०* [सं०] चीज, पदार्थ; धन-सम्पत्ति। **-जगत्** *पु०* दृश्यमान संसार।
**वस्त्र** *पु०* [सं०] कपड़ा; पोशाक।
**वह** *सर्व०* बातचीत में दूर स्थित व्यक्ति के संकेत का शब्द।
**वहाँ** *अव्य०* उस जगह।
**वाँ** *अव्य०* वहाँ, उस जगह।
**वाइपर** *पु०* [अं०] फर्श पोंछने का साधन।
**वाइस** *पु०* [अं०] प्रतिनिधि के रूप में काम करने वाला व्यक्ति। **-चॉसलर** *पु०* कुलपति। **-चेयरमैन** *पु०* उपसभापति।
**वाउचर** *पु०* [अं०] ब्योरेवार खर्च का पुर्जा।
**वाकई** *अव्य०* [अ०] वस्तुतः, सचमुच।
**वाकिया** *पु०* [अ०] घटना; हादसा; वृत्तान्त। **-नवीस** *पु०* खबर लिखने वाला।
**वाक्य** *पु०* [सं०] पदों का वह समूह, जिससे अभिप्राय समझ में आ जाए; कथन। **-खंड** *पु०* उपवाक्य। **-रचना** *स्त्री०* वाक्य बनाना।
**वाचक** *वि०* [सं०] सूचक, बताने वाला।
**वाचन** *पु०* [सं०] उच्चारण, प्रतिपादन।
**वाचनालय** *पु०* [सं०] वह स्थान, जहाँ दैनिक पत्र एवं पत्रिकाएँ सामान्य नागरिकों हेतु पढ़ने के निमित्त रखी जाती हैं।
**वाज** *पु०* [सं०] पंख, पर।
**वाटर** *पु०* [अं०] पानी। **-कलर** *पु०* जल और गोंद मिले रंग से तैयार चित्र। **-प्रूफ** *वि०* जिस पर पानी का असर न हो। **-मैन** *पु०* पानी पिलाने वाला सेवक।
**वाटिका** *स्त्री०* [सं०] उद्यान, उपवन।
**वात** *पु०* [सं०] वायु; पवनदेव, गठिया।
**वातास** *स्त्री०* बयार।
**वादा** *पु०* [अ०] वचन, प्रतिज्ञा, इकरार। **-खिलाफ** *वि०* वचन भंग करने वाला।
**वादाम** *पु०* [सं०] बादाम।
**वादी** *पु०* [सं०] वक्ता, मुकदमा चलाने वाला, मुद्दई।
**वापसी** *वि०* फेरा, लौटाया हुआ।
**वाम** *स्त्री०* वामा, स्त्री।

**वामा** *स्त्री०* [सं०] दुर्गा, गौरी, लक्ष्मी।
**वायरल** *पु०* [अं०] प्रसार, संक्रमण।
**वायु** *स्त्री०* [सं०] हवा; साँस; प्राणवायु। **-कोण** *पु०* पश्चिम-उत्तर का कोना। **-मंडल** *पु०* आकाश; वातावरण। **-यान** *पु०* हवाईजहाज।
**वारंट** *पु०* [अं०] वह आज्ञापत्र, जिससे किसी को कोई विशेष कार्य करने का अधिकार दिया जाए।
**वारंवार** *अव्य०* बारम्बार।
**वार** *पु०* आक्रमण; आघात; युद्ध।
**वारनिस** *स्त्री०* [अं०] लकड़ी पर चमक लाने हेतु लगाया गया रोगन।
**वाराणसी** *स्त्री०* [सं०] बनारस, काशी।
**वारि** *पु०* [सं०] जल; वर्षा।
**वारिस** *पु०* [अ०] उत्तराधिकारी।
**वार्डर** *पु०* [अं०] रक्षक, पहरेदार।
**वालंटियर** *पु०* [अं०] स्वयंसेवक।
**वास** *पु०* [सं०] निवास, रहना; घर, मकान।
**वासन** *पु०* [सं०] वस्त्र।
**वासर** *पु०* [सं०] दिन।
**वासुदेव** *पु०* [सं०] वसुदेव-पुत्र, कृष्ण।
**वास्ता** *पु०* [अ०] सम्बन्ध, लगाव; नाता।
**वास्ते** *अव्य०* [अ०] लिए, हेतु।
**वाह** *अव्य०* [फा०] धन्य, साधु, शाबाश। **-वाह** *अव्य०* क्या कहना!
**विंश** *वि०* [सं०] बीसवाँ। *पु०* बीसवाँ भाग।
**विकट** *वि०* [सं०] भद्दा; विशाल; भयंकर।
**विकराल** *वि०* [सं०] भयंकर, विकराल।
**विकल** *वि०* [सं०] बेचैन, भीत; व्याकुल।
**विकलांग** *वि०* [सं०] बेकार अंगवाला, न्यूनांग, दिव्यांग।
**विकार** *पु०* [सं०] परिवर्तन; मल; रोग।
**विकास** *पु०* [सं०] खिलना; खुलना (मुँह आदि का), प्रसन्नता; फैलाव।
**विकेट** *पु०* [अं०] क्रिकेट खिलाड़ी; स्टम्प और गुल्ली।
**विख** *वि०* [सं०] जहर।
**विगत** *वि०* [सं०] अतीत, बीता हुआ; रहित।
**विघटन** *पु०* [सं०] अलग करना; तोड़ना; बरबादी।
**विघन** *पु०* [सं०] बाधा, अड़चन, कठिनाई।
**विचार** *पु०* [सं०] निर्णय; चिन्तन।
**विजय** *स्त्री०* [सं०] जीत का पारितोषिक; युद्ध में होने वाली जीत।
**विजया** *स्त्री०* [सं०] दुर्गा; भाँग।
**विज्ञान** *पु०* [सं०] ज्ञान; समझ, प्रज्ञा; विवेक; दक्षता।
**विज्ञापन** *पु०* [सं०] सूचना, इश्तहार; निवेदन।
**विटप** *पु०* [सं०] पेड़; छतनार पेड़।
**वितंडा** *स्त्री०* [सं०] वितण्डा, निरर्थक दलील; हुज्जत।
**वितान** *पु०* [सं०] फैलाव, विस्तार।
**वित्त** *वि०* [सं०] प्राप्त; ज्ञात। *पु०* धन-सम्पत्ति।
**विथा** *स्त्री०* व्यथा, पीड़ा।
**विदा** *स्त्री०* [सं०] ज्ञान; समझ; विद्या। [अ०] विदाई। **-ई** *स्त्री०* विदा होने की क्रिया।
**विदेस** *पु०* [सं०] दूसरा देश, परदेश। **-वासी** *वि०* परदेश में रहने वाला।
**विदेह** *वि०* [सं०] शरीररहित; विरागी। *पु०* राजा जनक। **-कुमारी** *स्त्री०* सीता। **-नगर** *पु०* जनकपुर।
**विद्या** *स्त्री०* [सं०] ज्ञान-विज्ञान; दुर्गा। **-दाता** *पु०* शिक्षक। **-देवी** *स्त्री०* सरस्वती। **-पीठ** *पु०* शिक्षा-केन्द्र।
**विद्युत** *स्त्री०* [सं०] बिजली; वज्र।

**विधाता** *वि०* [सं०] व्यवस्था करने वाला; ब्रह्मा।
**विधान** *पु०* [सं०] प्रबन्ध; कार्य का आयोजन।
**विधायक** *वि०* [सं०] बनाने वाला; कार्य करने वाला; कानून बनाने वाला।
**विधि** *स्त्री०* [सं०] कार्य करने का ढंग; संगति, मेल।
**विनती** *स्त्री०* प्रार्थना।
**विनय** *स्त्री०* [सं०] मार्गदर्शन; अनुशासन; भद्रता; शिष्टता।
**विना** *अव्य०* [सं०] न होने पर, अभाव में।
**विनास** *पु०* विनाश।
**विपत्ति** *स्त्री०* [सं०] संकट; आफत; मृत्यु।
**विपदा** *स्त्री०* [सं०] दु:ख, विपत्ति।
**विपरीत** *वि०* [सं०] उलटा; प्रतिकूल; बेमेल।
**विप्र** *पु०* [सं०] ब्राह्मण; पुरोहित।
**विभा** *स्त्री०* [सं०] प्रभा; कान्ति; सौन्दर्य।
**विभाग** *पु०* [सं०] बँटवारा; पार्थक्य; मुहकमा।
**विभु** *वि०* [सं०] सर्वव्यापक; शक्तिशाली; महान्।
**विभोर** *वि०* निमग्न, तल्लीन।
**विमल** *वि०* [सं०] बेदाग, साफ; विशुद्ध; निर्दोष। **-मति** *वि०* शुद्ध हृदय वाला।
**विमला** *स्त्री०* [सं०] एक देवी; सरस्वती। **-पति** *पु०* ब्रह्मा।
**विमाता** *स्त्री०* [सं०] सौतेली माँ।
**विमान** *वि०* [सं०] असम्मानित। *पु०* देवयान; वायुयान; अरथी।
**वियोग** *पु०* [सं०] पार्थक्य; विरह; अभाव।
**विरंच** *पु०* [सं०] ब्रह्मा।
**विरह** *पु०* [सं] वियोग, जुदाई; अभाव; परित्याग।
**विरागी** *वि०* [सं०] चाह; उदासीन; विरक्त।
**विराजल** *अक०* शोभित होना; बैठना।
**विराम** *पु०* [सं०] ठहराव, अन्त; विश्राम।
**विरासत** *स्त्री०* [अ०] तरका; उत्तराधिकार में प्राप्त सम्पदा।
**विरुद्ध** *वि०* [सं०] रोका हुआ; अवरुद्ध; विरोधी।
**विरेचन** *पु०* [सं०] दस्तावर दवा, जुलाब।
**विरोध** *पु०* [सं०] बाधा; अवरोध; प्रतिबन्ध।
**विरोधी** *वि०* [सं०] विरोध करने वाला; बाधक; वैरी; झगड़ालू।
**विलम्ब** *पु०* [सं०] लटकना, झूलना; सुस्ती; देर।
**विलखल** *अक०* दु:खी होना।
**विलखावल** *सक०* दु:ख देना, कष्ट देना।
**विलग** *वि०* अलग। *पु०* भेद।
**विलपल** *अक०* रोना, विलाप करना।
**विलपावल** *सक०* रुलाना।
**विलसल** *अक०* विलास करना; मौज मारना।
**विलसावल** *सक०* भोग में प्रवृत्त करना।
**विलाप** *पु०* [सं०] शोक करना; रोना।
**विलायती** *वि०* विलायत का; यूरोपीय; विदेशी। **-माल** *पु०* विदेशी माल।
**विलासी** *वि०* [सं०] चमकदार; आराम-तलब।
**विलोक** *पु०* [सं०] दृष्टिपात; नजर।
**विलोकल** *सक०* देखना।
**विलोप** *पु०* [सं०] लेकर भाग जाना, बाधा, नाश।
**विलोम** *वि०* [सं०] उलटा; क्रमविरुद्ध।
**विवरण** *पु०* [सं०] व्याख्या; वर्णन; ब्योरा।
**विवाद** *पु०* [सं०] बहस; झगड़ा; खण्डन।
**विवाह** *पु०* [सं०] शादी।

**विविध** *वि०* [सं०] कई तरह का।
**विवेक** *पु०* [सं०] यथार्थ ज्ञान; छानबीन।
**विशेष** *वि०* [सं०] असामान्य; प्रचुर।
**विश्व** *पु०* [सं०] ब्रह्माण्ड; संसार।
**त्रिष** *पु०* [सं०] जहर, गरल।
**विसर्जन** *पु०* [सं०] अन्त; मलत्याग; त्याग।
**विसाल** *वि०* विशाल।
**विस्तार** *पु०* [सं०] फैलाव; लम्बाई-चौड़ाई।
**विहग** *पु०* [सं०] पक्षी।
**विहान** *पु०* भोर, प्रात:काल।
**विहार** *पु०* [सं०] मटरगश्ती; मनोरंजन-स्थल, भिक्षुओं का मठ।
**वीर** *वि०* [सं०] बहादुर; शूर; शक्तिशाली।
**वृंदा** *स्त्री०* [सं०] तुलसी; राधा।
**वृक्ष** *पु०* [सं०] पेड़; पौधा; वंशवृक्ष।
**वृथा** *अव्य०* [सं०] बेकार; मूर्खता से; भूल से।
**वृद्ध** *वि०* [सं०] बूढ़ा; बड़ा; बढ़ा हुआ।
**वेग** *पु०* [सं०] प्रवाह, धारा; तीव्र प्रवृत्ति।
**वेटेरिनरी** *वि०* [अं०] पालतू जानवरों के रोग से सम्बन्ध रखने वाला।
**वेतन** *पु०* [सं०] तनख्वाह, सैलरी; जीविका।
**वेद** *पु०* [सं०] ज्ञान; हिन्दुओं का आदि-धर्मग्रन्थ।
**वेदी** *स्त्री०* [सं०] शुभ अवसरों पर बना हुआ चतुष्कोण मण्डप।
**वेश्या** *स्त्री०* [सं०] गणिका; नाच-गान सम्भोग से जीविका चलाने वाली स्त्री।
**वेसन** *पु०* [सं०] बेसन।
**वैदेही** *स्त्री०* [सं०] सीता।
**वैद्य** *वि०* [सं०] वेद सम्बन्धी; आयुर्वेद सम्बन्धी।
**वैयाकरण** *पु०* [सं०] व्याकरण जानने वाला।
**वैर** *पु०* [सं०] विरोध, शत्रुता, दुश्मनी।
**वैराग्य** *पु०* [सं०] विरक्ति; उदासीनता।
**वैसा** *वि०* उस तरह का। *अव्य०* उस प्रकार, उतना।
**वैसे** *अव्य०* उस प्रकार से; यों।
**वोट** *पु०* [अं०] निर्वाचन के लिए दिया जाने वाला मत।
**वोटर** *पु०* [अं०] वह व्यक्ति, जिसे वोट देने का अधिकार प्राप्त हो।
**वोदर** *पु०* उदर।
**वौद्ध** *पु०* [सं०] बौद्ध।
**व्यक्ति** *स्त्री०* [सं०] व्यक्त; प्रकट रूप।
**व्यभिचार** *पु०* [सं०] कुमार्गगमन; पाप, दुष्कर्म।
**व्यभिचारी** *वि०* [सं०] दुश्चरित्र; कुमार्गगामी।
**व्यय** *पु०* [सं०] खर्च, आय का विपरीत।
**व्यवसाय** *पु०* [सं०] प्रयत्न; उद्योग; वृत्ति; जीविका।
**व्यवसायी** *वि०* [सं०] उद्यमी, परिश्रमी।
**व्यवस्था** *स्त्री०* [सं०] प्रबन्ध, इन्तजाम।
**व्यवहार** *पु०* [सं०] कार्य; आचरण; प्रयोग।
**व्याख्या** *स्त्री०* [सं०] टीका; वर्णन।
**व्रत** *पु०* [सं०] धार्मिक अनुष्ठान, नियम; संयम; जीवनयापन का ढंग।
**व्रह्म** *पु०* [सं०] जगत् का मूलतत्त्व; प्रणव; ब्राह्मण; ब्रह्मचर्य।

❑

# श

**श** देवनागरी वर्णमाला का तीसवाँ व्यंजन वर्ण; उच्चारण-स्थान तालु।
**शंक** *स्त्री०* शंका, सन्देह।
**शंकर** *पु०* [सं०] शिव; शुभ, मंगल। **-किंकर** *पु०* शिवभक्त। **-जटा** *स्त्री०* जटाधारी। **-शैल** *पु०* कैलास पर्वत।
**शंकरा** *स्त्री०* [सं०] पार्वती; शमी वृक्ष।
**शंकराचारी** *पु०* शंकरमत को मानने वाला व्यक्ति।
**शंकराचार्य** *पु०* [सं०] अद्वैतवाद के प्रवर्तक, वैदिकधर्म की प्रतिष्ठा इनके द्वारा हुई। बदरिकाश्रम, करवीर-पीठ, द्वारकापीठ तथा शारदापीठ के संस्थापक।
**शंका** *स्त्री०* [सं०] संशय; भय।
**शंख** *पु०* [सं०] समुद्र में पैदा होने वाले एक जन्तु की खाल, अति पावन और शुभप्रद, पूजन के समय बजाया जाता है।
**शंभु** *पु०* [सं०] शिव; प्रधान रुद्र; सिद्ध व्यक्ति।
**शऊर** *पु०* [अ०] विवेक, बुद्धि, कौशल।
**शक** *पु०* [सं०] शकद्वीप में रहनेवाली जाति; प्रसिद्ध सम्राट् कनिष्क इसी जाति के थे। **-संवत्** *पु०* ईसवी सन् के 78 वर्ष पीछे महाराज शालिवाहन द्वारा प्रवर्तित संवत्।
**शक** *पु०* [अ०] सन्देह, संशय।
**शकर** *पु०* [फा०] चीनी, शर्करा।
**शकुन** *पु०* [सं०] सगुन; शुभ घड़ी।
**शक्कर** *स्त्री०* [सं० शर्करा] चीनी।
**शक्ति** *स्त्री०* [सं०] सामर्थ्य, बल; क्षमता। **-सम्पन्न** *पु०* शक्तिशाली। **-हीन** *वि०* निर्बल।
**शठ** *वि०* [सं०] धूर्त, छली।
**शत** *पु०* [सं०] सौ की संख्या। *वि०* सौ।
**शत्रु** *पु०* [सं०] बैरी; दुश्मन।
**शनि** *पु०* [सं०] सातवाँ ग्रह; शनिवार।
**शबरी** *स्त्री०* [सं०] शबर जाति की नारी।
**शब्द** *पु०* [सं०] ध्वनि, आवाज; आप्त-वचन। **-कोश** *पु०* वह ग्रन्थ, जिसमें शब्दों के अर्थ, प्रयोग, पर्याय दिए जाते हैं। **-शास्त्र** *पु०* व्याकरण।
**शयन** *पु०* [सं०] निद्रा; शय्या।
**शरबत** *पु०* [अ०] पेय; औषधि का अर्क, जो चीनी के साथ लिया जाता है।
**शराब** *स्त्री०* [अ०] मद्य। **-खाना** *पु०* शराब की दुकान। **-खोर** *पु०* शराबी।
**शराबी** *वि० पु०* शराब पीने वाला।
**शरीफ** *वि०* [अ०] नेक; कुलीन।
**शरीर** *पु०* [सं०] हड्डी, मांस, मज्जानिर्मित जीवों का सम्पूर्ण अंग।
**शर्ट** *स्त्री०* [अं०] कमीज।
**शर्त** *स्त्री०* [अ०] प्रतिज्ञा; कार्यविशेष हेतु अनिवार्य वस्तु; पाबन्दी, बाजी।
**शर्मा** *पु०* [सं० शर्मन्] एक उपाधि।
**शस्त्र** *पु०* [सं०] हथियार; तलवार; औजार।
**शहद** *पु०* [अ०] मधु।
**शहर** *पु०* [फा०] नगर।
**शहीद** *वि०* [अ०] कत्ल किया हुआ; अपने को बलि कर देने वाला।
**शांडिल्य** *पु०* [सं०] एक गोत्र-प्रवर्तक ऋषि। बाल गंगाधर तिलक शाण्डिल्य गोत्र के हैं—'बालो गंगाधरश्चाहं शाण्डिल्य गोत्रभृत्।'
**शांत** *वि०* [सं०] मौन, चुप; सुनसान; नि:शब्द।

**शांति** *स्त्री०* [सं०] निःशब्दता, सूनापन; मन की स्थिरता, तसल्ली।
**शाक** *पु०* [सं०] साग, तरकारी।
**शाख** *स्त्री०* [फा०] शाखा, डाली; फाँक; अंश।
**शागिर्द** *पु०* [फा०] विद्यार्थी, शिष्य।
**शादी** *स्त्री०* [फा०] खुशी; हर्षोत्सव, ब्याह।
**शान** *स्त्री०* [फा०] गौरव; दबदबा; ठाट; प्रतिष्ठा।
**शाप** *पु०* [सं०] बुरी भावना व्यक्त करना; आक्रोश व बद्दुआ।
**शाबाश** *अव्य०* [फा०] खुश रहो; वाहवाह; साधु-साधु।
**शाम** *स्त्री०* [फा०] सन्ध्या, सूर्यास्त का समय।
**शायद** *अव्य०* [फा०] सम्भवतः, कदाचित्।
**शायर** *पु०* [अ०] शेर कहने वाला, कवि।
**शायरा** *स्त्री०* [अ०] कवयित्री।
**शायरी** *स्त्री०* शेर कहना; कविकर्म।
**शारदा** *स्त्री०* [सं०] सरस्वती; दुर्गा।
**शाला** *स्त्री०* [सं०] गृह; स्थान।
**शासक** *पु०* [सं०] शासन करने वाला व्यक्ति; शास्ता; संचालक; व्यवस्थापक।
**शासन** *पु०* [सं०] नियंत्रण, संचालन, हुकूमत का कार्य; आज्ञा, हुक्म।
**शास्त्र** *पु०* [सं०] आदेश; धर्म, दर्शन, विज्ञान, साहित्य, कला सम्बन्धी ग्रन्थ, जिनसे शिक्षा मिलती है; ज्ञान; सिद्धान्त।
**शाह** *पु०* [फा०] राजा, बादशाह; स्वामी।
**शिकायत** *स्त्री०* [अ०] निन्दा, बुराई, दोष कथन।
**शिकार** *पु०* [अ०] आखेट; पशु-पक्षियों को मारना; मरे हुए पशु-पक्षी का मांस।
**शिक्षा** *स्त्री०* [सं०] ज्ञान की प्राप्ति; चारित्रिक और मानसिक गुणों का विकास; प्रशिक्षण; उपदेश; विद्या, विज्ञान, कला में उत्कृष्टता। **-दीक्षा** *स्त्री०* उपदेश द्वारा सर्वतोमुखी विकास। **-शास्त्र** *पु०* शिक्षा-विधि को व्याख्यायित करने वाला शास्त्र।
**शिक्षार्थी** *पु०* [सं०] विद्यार्थी, छात्र।
**शिक्षालय** *पु०* [सं०] विद्यालय, कॉलेज, स्कूल।
**शिखर** *पु०* [सं०] शृंग, पहाड़ का सबसे ऊँचा भाग; मुँड़ेर; कलश; किसी वस्तु का सिरा; अग्र भाग।
**शिखा** *स्त्री०* [सं०] चोटी, चुटिया; आग की लपट; दीये की लौ; मोर, मुर्गा।
**शिथिल** *वि०* [सं०] ढीला; खुला हुआ; सुस्त आलसी; जिसे छूट दी गई हो।
**शिर** *पु०* [सं०] सिर। **-मौर** *पु०* सरदार।
**शिरा** *स्त्री०* [सं०] रक्त की नाड़ी।
**शिला** *स्त्री०* [सं०] पत्थर; पत्थर की पटिया, चट्टान।
**शिव** *पु०* [सं०] महेश, महादेव; मंगल, कल्याण; *वि०* मंगलकारी, सुखी। **-पुर** *पु०* काशीपुरी। **-पुरी** *स्त्री०* वाराणसी, बनारस। **-लोक** *पु०* वह लोक, जहाँ शिव निवास करते हैं, कैलास।
**शिशिर** *पु०* [सं०] माघ-फाल्गुन में पड़ने वाली ऋतु; हिम; शीतकाल।
**शिशु** *पु०* [सं०] बालक, बच्चा।
**शिष्ट** *वि०* [सं०] शिक्षा-दीक्षा द्वारा सुसंस्कृत; सभ्य; लोकाचार में पटु; सुशील; धीर। **-मंडल** *पु०* संस्था द्वारा चयनित अधिकारप्राप्त समूह, जिसका कुछ विशिष्ट उद्देश्य हो। **-समाज** *पु०* सभ्य समाज।
**शिष्टाचार** *पु०* [सं०] शिष्टजनों का आचार-व्यवहार; विनम्रता।
**शुक** *पु०* [सं०] सुग्गा, तोता।

**शुक्र** *पु०* [सं०] वीर्य, बीज; सार, तत्त्व; सप्ताह का छठवाँ दिन।

**शुक्ल** *वि०* [सं०] सफेद, शुभ्र।

**शुद्ध** *वि०* [सं०] निर्मल, पवित्र, साफ; निर्दोष; सही, ठीक।

**शुभ** *वि०* [सं०] कल्याणकर; अनुकूल; सुन्दर। पु० मंगल, कल्याण; सुख।

**शुल्क** *पु०* [सं०] कर, महसूल, फीस।

**शूद्र** *पु०* [सं०] हरिजन, अछूत; निम्न व्यक्ति।

**शून्य** *वि०* [सं०] खाली, रिक्त; निर्जन; निराकार। पु० रिक्तता; निर्जन स्थान; आकाश; अभाव।

**शूर** *वि०* [सं०] वीर, शक्ति-सम्पन्न।

**शृंखला** *स्त्री०* [सं०] परम्परा, क्रम; श्रेणी।

**शृंगार** *पु०* [सं०] साहित्य के नौ रसों में से एक प्रधान रस; किसी वस्तु का सजाव; शोभा की वस्तु।

**शेखी** *स्त्री०* घमण्ड; डींग। **-बघारल** *मुहा०* अपने मुँह अपनी बड़ाई करना।

**शेयर** *पु०* [अं०] भाग।

**शेर** *पु०* [अ०] गजल के दो चरण; पद्य। [फा०] बाघ, सिंह।

**शेष** *वि०* [सं०] बाकी, अवशिष्ट; समाप्त।

**शैतान** *पु०* [अ०] प्रेत, पिशाच। *वि०* नटखट, दुष्ट, उपद्रवी।

**शैव** *वि०* [सं०] शिव से सम्बन्ध रखने वाला।

**शोक** *पु०* [सं०] वियोग; व्यथा; मन; पीड़ा।

**शोखी** *स्त्री०* ढिठाई; चंचलता; नटखटपन।

**शोच** *पु०* [सं०] चिन्ता; शोक; दु:ख, पीड़ा।

**शोध** *पु०* [सं०] शुद्धि, सफाई; शुद्ध करने की प्रक्रिया; संस्कार; खोज, अनुसन्धान।

**शोभा** *स्त्री०* [सं०] चमक, कान्ति, प्रभा; सौन्दर्य, छवि। **-हीन** *वि०* असुन्दर।

**शोर** *पु०* [फा०] कोलाहल, हल्ला।

**शोहरत** *स्त्री०* [अ०] ख्याति, प्रसिद्धि; धूम, जोरदार खबर।

**शौक** *पु०* [अ०] प्रबल चाह; चसका; व्यसन।

**शौकीन** *वि०* रुचि रखने वाला; छैला; तमाशबीन।

**शौच** *पु०* [सं०] शुचिता; शरीर-शुद्धि।

**श्रद्धा** *स्त्री०* [सं०] पूज्य भाव; विश्वास; आस्था।

**श्रम** *पु०* [सं०] मेहनत, परिश्रम; प्रयत्न; दौड़-धूप; थकान; कष्ट। **-दान** *पु०* सार्वजनिक हित हेतु पारिश्रमिक न लेकर स्वेच्छा से अपने श्रम का दान करना। **-जीवी** *वि०* परिश्रम कर जीविका चलाने वाला, *पु०* मजदूर, मेहनतकश।

**श्राद्ध** *वि०* [सं०] श्रद्धायुक्त। *पु०* पितरों का क्रिया-कर्म; शास्त्रीय विधि से श्रद्धापूर्वक सम्पादित पितृ-कर्म।

**श्री** *स्त्री०* [सं०] शोभा, सौन्दर्य; विभूति; शान-शौकत; राजोचित गौरव, प्रभा।

**श्रीमती** *स्त्री०* [सं०] स्त्रियों के नाम के पहले जोड़ा जाने वाला आदरसूचक शब्द; राधिका।

**श्रीमान्** *वि०* [सं०] शोभायुक्त, गौरवशाली। *पु०* पुरुषों के नाम के पूर्व लगाया जाने वाले आदरसूचक शब्द।

**श्रेष्ठ** *वि०* [सं०] सबसे अच्छा; सर्वप्रधान; ज्येष्ठ।

**श्लोक** *पु०* [सं०] यश, कीर्ति, प्रशंसा; प्रशंसात्मक पद्य। **-कार** *पु०* श्लोक बनाने वाला।

❑

# ष

**ष** देवनागरी वर्णमाला का इकतीसवाँ व्यञ्जन वर्ण। उच्चारण-स्थान मूर्द्धा है। इसे मूर्द्धन्य 'ष' कहते हैं।

**षंजन** *पु०* आलिंगन।

**षंड** *पु०* [सं०] बैल, साँड़; हिंजड़ा।

**षट** छह की संख्या। **-दस** *पु०* सोलहो शृंगार।

**षट** *वि०* [सं० षष्] छः। **-कर्म** *पु०* ब्राह्मणों के छः कर्तव्य (अध्ययन, अध्यापन, यजन, याजन, दान और प्रतिग्रह। **-खंड** *वि०* जिसमें छह भाग हों। **-रस** *पु०* षड्रस। **-राग** *पु०* षड्राग। **-शास्त्र** *पु०* वेद को प्रमाण मानकर चलने वाले छः दर्शन (न्याय, सांख्य, योग, पूर्व मीमांसा, उत्तर मीमांसा एवं वैशेषिक)।

**षड्** 'षष्' का समासगत रूप। **-अंग** वि० छः अंगोंवाला। **-आनन** *वि०* छः मुखों वाला, कार्तिकेय। **-गया** *स्त्री०* गया, गयासुर, गायत्री, गयागंज, गयादित्य एवं गदाधर, जो मुक्तिदायक हैं। **-गुण** *वि०* छगुना; छः गुणों से युक्त। **-यंत्र** *पु०* साजिश, दुरभिसन्धि। **-रस** *वि०* छः प्रकार के स्वादों वाला। *पु०* छः प्रकार के स्वाद—मीठा, नमकीन, कड़वा, तीखा कसैला तथा खट्टा। **-रिपु** *पु०* काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह, मत्सर। **-वदन** *वि०* छः मुखों वाला।

**षड्धा** *अव्य०* छः प्रकार से।

**षष्टि** *स्त्री०* [सं०] साठ की संख्या। *वि०* साठ।

**षष्ठ** *वि०* [सं०] छठा।

**षष्ठी** *स्त्री०* [सं०] पक्ष की छठी तिथि; छट्ठी। -पूजा *स्त्री०* प्रसव के छठे दिन होने वाली षष्ठी देवी की पूजा।

**षोडश** *वि०* सोलहवाँ। *पु०* सोलह की संख्या। **-कला** *स्त्री०* सोलह कला। **-सिंगार** *पु०* प्रसाधन के सोलह साधन (उबटन लगाना, स्नान करना, वस्त्र धारण करना, बाल सँवारना, अंजन लगाना, तिलक लगाना, ठोड़ी पर तिल बनाना, मेंहदी रचाना, सुगन्धित द्रव्यों का प्रयोग करना, अलंकार धारण करना, पुष्पाहार पहनना, पान खाना, ओठ रँगना तथा मिस्सी लगाना)। **-संस्कार** *पु०* सोलह धार्मिक कृत्य।

**षोडशी** *स्त्री०* *वि०* [सं०] सोलह वर्ष की युवती।

**षोडशोपचार** *पु०* [सं०] देव-पूजन के सोलह अंग (आसन, स्वागत, अर्घ्य, आचमन, मधुपर्क, स्नान, वस्त्राभरण, यज्ञोपवीत, चन्दन, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, ताम्बूल, परिक्रमा तथा वन्दना)।

❑

# स

**स** देवनागरी वर्णमाला का बत्तीसवाँ व्यंजन। इसका उच्चारण-स्थान दन्त है, इसीलिए दन्त्य 'स' कहा जाता है।

**सँइतल** *सक०* किसी वस्तु को सुरक्षित जगह पर रखना, सम्भालना; खूब पीटना; सहेजना; सुरक्षित रखना।

**सँइया** *पु०* [सं०] स्वामी। *उदा०* 'सँइया मीठ बेटवो मीठ केकर किरिया खाँव'।

**सँउपल** *सक०* साँप देना; समर्पित करना।

**सँउसे** *वि०* सम्पूर्ण; समूचा। *उदा०* 'सँउसे खीरा खाके भेंटिए के तींता कहनी'।

**सँकचल** *अक०* संकुचित होना; हिचकिचाना।

**संक** *स्त्री०* शंका, डर।

**संकट** *वि०* [सं०] दुर्गम; घना; घनीभूत। *पु०* तंग रास्ता; कठिनाई; मुसीबत। **-नाशन** *वि०* कष्ट दूर करने वाला। **-मोचन** *पु०* हनुमान की काशी में प्रतिष्ठित मूर्ति।

**संकटा** *स्त्री०* [सं०] काशी में प्रसिद्ध एक देवी।

**संकटी** *वि०* [सं०] जो संकट में पड़ा हो।

**संकर** *पु०* शिव, शंकर; मिश्रण; योग, एक में मिलना; दो जातियों का मिश्रण।

**सँकरल** *अक०* किसी काम का पूर्ण हो जाना।

**सँकरा** *वि०* तंग, संकीर्ण।

**संकरात** *स्त्री०* मकर संक्रान्ति में सूर्य का प्रवेश।

**संकरी** *वि०* दोगला।

**संकलप** *पु०* [सं० संकल्पः] दृढ़ विचार, निश्चय; यज्ञादि में हाथ में जल लेकर मंत्र द्वारा यज्ञ पूर्ण करने की प्रतिज्ञा।

**संका** *स्त्री०* भय, डर; चिन्ता, खटका, सन्देह, संशय।

**सँकार** *पु०* स्वीकृति, सहमति; स्वीकृति सूचक वचन।

**सँकारल** *सक०* स्वीकार करना; कबूल करना, राजी होना।

**साहेब** *पु०* स्वामी; मालिक; अधिकारी वर्ग के लिए सम्मानसूचक शब्द।
**साहेबी** *वि०* साहब-सा; साहब से सम्बन्धित।
**सिंउठा** *पु०* चिमटा; केकड़े के अगले पैर का काँटा।
**सिंकिया** *वि०* सींक-सा; सींक के ऐसी पतली धोती की किनारी।
**सिंकोरल** *सक०* संकुचित करना; समेटना।
**सिंगल** *पु०* सिगनल।
**सिंगा** *पु०* एक बाजा; शृंग।
**सिंगार** *पु०* शृंगार।
**सिंगासन** *पु०* सिंहासन।
**सिंघ** *पु०* सिंह।
**सिंघड़िआ** *वि०* सिंघा बजाने वाला।
**सिंघनी** *स्त्री०* मादा सिंह।
**सिंघल** *पु०* सिंहल द्वीप; सिगनल।
**सिंघा** *पु०* सींग की आकृति का एक बाजा, जिसे फूँककर बजाया जाता है।
**सिंघाड़ा** *पु०* जल में फैलने वाली एक लता या काँटेदार तिकोना फल; एक नमकीन समोसा।
**सिंघासन** *पु०* राजगद्दी; सिंहासन।
**सिंघी** *स्त्री०* एक प्रकार की मछली, जिसके सिर पर काँटे निकले रहते हैं।
**सिंचाई** *स्त्री०* सींचने का कार्य या भाव।
**सिंदूर** *पु०* [सं०] लाल चूर्ण, जिससे स्त्रियाँ माँग भरती हैं। **-दान** *पु०* विवाह की एक रस्म, जिसमें वर वधू की माँग में सिन्दूर लगाता है।
**सिंदूरिया** *वि०* सिन्दूर के रंग का।
**सिंदोरा** *पु०* सिन्दूर रखने का पात्र।
**सिंध** *पु०* पाकिस्तान का एक प्रदेश; पंजाब की एक प्रसिद्ध नदी।
**सिंह** *पु०* [सं०] शेर।
**सिंहनी** *स्त्री०* शेरनी।
**सिअन** *पु०* सिलाई।
**सिअरा** *पु०* सियार का विस्तृत रूप; एक जंगली जन्तु गीदड़, सियार।
**सिआई** *पु०* सीने का कार्य या मजदूरी।
**सिआवल** *सक०* सीने का काम दूसरे से कराना।
**सिआह** *वि०* काला पान; ताश के चार रंगों में एक।
**सिआही** *स्त्री०* रोशनाई, स्याही।
**सिआही सोख** *पु०* वह मोटा कागज, जो स्याही को सोख लेता है।

**सिकंदरी गज** *वि०* बड़ा गज।
**सिकउतिया** *स्त्री०* एक पीले रंग की चिड़िया।
**सिकड़** *पु०* लोहे की भारी जंजीर।
**सिकमी** *स्त्री०* दूसरे काश्तकार को मालगुजारी देकर उसकी जमीन में खेती करने की स्थिति।
**सिकरहना** *स्त्री०* बूढ़ी गण्डक नदी।
**सिकस्त** *पु०* तंगी या परेशानी की स्थिति।
**सिकहर** *पु०* सींक आदि घास की रस्सी का बना एक उपकरण, जिसे लटकाकर उस पर बर्तन रखा जाता है; छींका।
**सिकहुती** *स्त्री०* मूँज की बनी टोकरी।
**सिकहुल** *पु०* सींक की जाति की एक घास।
**सिकाइत** *स्त्री०* निन्दा; शिकायत।
**सिकार** *पु०* किसी जन्तु को मारने या पकड़ने के लिए किया गया प्रयास; आखेट।
**सिकारी** *पु०* शिकार करने वाला या शिकार करने में निपुण व्यक्ति।
**सिकोरल** *सक०* सिंकोड़ना।
**सिक्का** *पु०* रुपया; पैसा।
**सिख** *पु०* गुरुनानक के पथ का अनुयायी; सिक्ख, शिष्य।
**सिखवावल** *सक०* सिखाने का काम दूसरे से कराना।
**सिखावल** *सक०* किसी काम को करने का ढंग बताना। *उदा०* 'सिखावल बुद्धि अढ़ाई घरी'।
**सिङार** *पु०* सजावट; शोभा।
**सिङारहाट** *पु०* वेश्यालय; रण्डीखाना।
**सिङारहार** *पु०* एक प्रकार का छोटा सफेद फूल, हरसिंगार।
**सिच्छा** *पु०* उपदेश; शिक्षा।
**सिजिन** *पु०* [अं०] सीजन।
**सिजिल** *वि०* छीलकर चिकना बनाया हुआ।
**सिझावल** *सक०* आँच पर भोज्य-पदार्थों को पकाना; तेल आदि में तलना।
**सिटपिटाइल** *अक०* मौन हो जाना; डर जाना; दब जाना।
**सिटी** *पु०* [अं०] शहर।
**सिट्टी** *स्त्री०* वाचालता।
**सिठिआइल** *अक०* लज्जित होना; निरुत्तर होना।
**सितम** *पु०* जुल्म; अत्याचार; दुःख।
**सितल बुकनी** *स्त्री०* सत्तू।
**सितार** *पु०* [सं० सप्ततार] सात तारों वाला एक वाद्ययंत्र।
**सितिआइल** *वि०* शीत से भींगा हुआ।
**सितुई** *स्त्री०* सुतुही।
**सितुहा** *पु०* सीप।
**सिधरिया-लमान** *पु०* जिस प्रकार छोटी मछलियाँ जमात में एक तरफ चलती हैं वैसी स्थिति।
**सिधरी** *स्त्री०* छोटी आकार की मछली। *उदा०* 'सिधरी चाल चलस, बरारी पर बीते'।
**सिधवाही** *स्त्री०* रसोई के लिए तैयार कच्चा अन्न रखने की बाँस की छँइटी।
**सिधा** *पु०* चावल, दाल, तरकारी आदि भोजन बनाने की सामग्री।
**सिधाई** *वि०* सीधापन; सरलता।
**सिधारल** *अक०* चला जाना; स्वर्गवासी होना।
**सिनिअर** *वि०* बहादुर; तेज; बड़ा।
**सिनेट** *स्त्री०* [अं०] विश्वविद्यालय की प्रबन्ध समिति।
**सिनेमा** *पु०* [अं०] चलचित्र, छायाचित्र। **-हाउस** *पु०* सिनेमाघर।
**सिन्नी** *स्त्री०* मिठाई; देवता को चढ़ाकर प्रसादरूप में बाँटी जाने वाली मिठाई।

**सिपड़** *पु०* जाड़े की सर्द हवा; जाड़े की रात की हवा।

**सिपदा** *पु०* बैलगाड़ी को खड़ा करने के लिए उसमें लगाया गया बाँस का दो टुकड़ा।

**सिपहगिरी** *पु०* सिपाही का काम।

**सिपारिस** *स्त्री०* किसी पर अनुकम्पा करने के लिए दूसरे से आग्रह करने की स्थिति।

**सिपावल** *सक०* सिपवा लगाकर बैलगाड़ी को खड़ा करना या रखना।

**सिपाही** *पु०* फौज या पुलिस दस्ते का निचले स्तर का व्यक्ति; जमींदारों के यहाँ साधारण कामों के लिए नियुक्त व्यक्ति। *उदा०* 'सिपाही के जोड़ हमेसा राँड़'।

**सिपिआ** *पु०* पतली गुठली वाला एक प्रकार का स्वादिष्ट आम।

**सिफर** *पु०* शून्य।

**सिफारिस** *स्त्री०* [फा०] खुशामद; जरिया; संस्तुति। -**नामा** *पु०* सिफारिसी चिट्ठी।

**सिमटल** *अक०* सिकुड़ना; बटुरना।

**सिमरिख** *पु०* एक अन्य प्रकार का विष।

**सिमसिमाह** *वि०* कुछ भींगा हुआ-सा (वस्त्र); स्त्रैण प्रकृति का पुरुष।

**सिय** *स्त्री०* सीता।

**सियल** *सक०* सीना।

**सिया** *पु०* मुसलमानों का एक सम्प्रदाय, जो हजरत अली को पैगम्बर का उत्तराधिकारी मानता है। *स्त्री०* सीता।

**सियार** *पु०* श्रृगाल, गीदड़। *उदा०* 'सियार के सामत आवे तऽ गाँव तरफ दौरे'।

**सियाराम** *पु०* सीताराम।

**सियाही** *स्त्री०* स्याही, विशेषकर काली स्याही।

**सिर** *पु०* मुण्ड; मस्तक; खोपड़ी। *उदा०* 'सिर में बाल ना भालू से लड़ाई'।

**सिरई** *स्त्री०* सिरहाने की पाटी।

**सिरका** *पु०* [फा०] धूप में सड़ाकर खमीर उठाया हुआ ईख का रस।

**सिरकी** *स्त्री०* सरकण्डा।

**सिरखार** *पु०* मानवाकृति।

**सिरगिट्टी** *वि०* शरीर का अति दुबला; कृशकाय।

**सिरजना** *पु०* रचना; बनावट।

**सिरजल** *सक०* रचना; बनाना।

**सिरनामा** *पु०* शीर्षक।

**सिरनी** *स्त्री०* मिठाई; शीतला माँ को न्योछावर प्रसाद।

**सिरपंचमी** *पु०* बसन्त पंचमी।

**सिरपचइ** दे० 'सिरीपंचई'।

**सिरबरह** *पु०* पानी चढ़ाने के लिए खेत के बीच में बनी नाली।

**सिरमिट** *पु०* सीमेण्ट।

**सिरहंट** *पु०* एक प्रकार का बोया जाने वाला धान।

**सिरसोपता** *पु०* [सं० शिरस्तूपा] छठ में घाट पर रखी गई तालाब की मिट्टी, जो छठी माई का प्रतीक है।

**सिरहत** *वि०* [सं० श्रीहत] नतमस्तक (कष्ट से), गमगीन।

**सिरहथ** *पु०* खलिहान में धान का ढेर बहारने की झाड़ू।

**सिरहन्नी** *स्त्री०* तकिया।

**सिरहाना** *अव्य०* सिर के नीचे।

**सिरहानी** दे० 'सिरहन्नी'।

**सिरा** *पु०* रक्तनलिका; ऊपरी हिस्सा; मछली या अन्य मारे गए भक्ष्य जन्तुओं का सिरा। *कहा०* 'सिरा खाय मीरा, पोछी खाय गुलाम'।

**सिराइल** *अक०* बीत जाना; समाप्त होना; ठण्ढा होना।

**सिरिफ** *वि०* केवल; सिर्फ।
**सिरिस** *पु०* एक कोमल फूल वाला विशाल पेड़। *उदा०* 'सिरिस सुमन कत बेधिय हीरा' तुलसी।
**सिरिस्टी** *स्त्री०* संसार की रचना; मनुष्य की उत्पत्ति।
**सिरिस्तादार** *पु०* किसी महकमें का प्रधान।
**सिरिस्ता** *पु०* शासकीय कार्यालय; जमींदारी कार्यालय।
**सिरी** *पु०* किसी के नाम के पूर्व आदरार्थ जोड़ा जानेवाला एक शब्द, श्री।
**सिरीपंचमी** *पु०* बसन्त पंचमी।
**सिरीपचई** दे० सिरी पंचमी।
**सिरुआ** *पु०* मांस का पका रस; तरकारी का रस।
**सिल** *स्त्री०* शिला, चट्टान। **-बट्टा** *पु०* सिल और लोढ़िया।
**सिलउट** *पु०* पत्थर का टुकड़ा, जिसपर मसाला पीसा जाता है।
**सिलकी** *पु०* बेल, श्रीफल।
**सिलगर** *वि०* शीलवान। *उदा०* 'सिलगर मरदा निखार। सिलगर मउगी छिनार'।
**सिलपट** *पु०* काठ की पटरियाँ, जिनपर रेल-लाइन बिछाई रहती है।
**सिलवट** *स्त्री०* सिकुड़न।
**सिलवर** *पु०* अलमुनियम-सा एक प्रकार की धातु; चाँदी।
**सिलसिलवार** *वि०* क्रमानुसार।
**सिल्ली** *स्त्री०* लकड़ी के धड़ का बड़ा और मोटा टुकड़ा; पत्थर का छोटा टुकड़ा।
**सिवंस** *पु०* नई फसल में से दानार्थ या पूजार्थ निकाला गया भाग।
**सिव** *पु०* महादेव।
**सिवा** *क्रि०वि०* बिना, छोड़कर, अलावा।
**सिवान** *पु०* सीमान्त, सीमा, हद; बिहार का एक जिला।
**सिवाला** *पु०* [सं०] शिवालय।
**सिविर** *पु०* [सं०] शिविर।
**सिवैयों** *स्त्री०* सिवई।
**सिस** *पु०* शिशु।
**सिसकल** *अक०* सिसकी भरना।
**सिस्न** *पु०* शिश्न।
**सिहरन** *स्त्री०* कम्पन।
**सिहरावन** *पु०* थोड़ा ठण्डा, शीत।
**सिहाइल** *अक०* ईर्ष्या करना।
**सिहुला** *पु०* शरीर पर सफेद दाग या धब्बा।
**सिहोर** *पु०* एक छोटा पौधा, जो प्रायः दातु के काम आता है।
**सींक** *स्त्री०* सरकण्डा। एक प्रकार की घास।
**सींकर** *पु०* लोहे की बनी काँटेदार जंजीर, जिससे कुँए में गिरे बर्तन को निकाला जाता है।
**सींखचा** *पु०* लोहे की छड़।
**सींघ** *पु०* [सं० शृंगः] सींग, विषाण।
**सींघा** *पु०* वाद्यविशेष; धुत्तुक।
**सींझल** *अक०* [सं० सिद्ध] उबलना, पकना।
**सी** *अव्य०* 'सा' का स्त्रीलिंग रूप; समान। *स्त्री०* पीड़ा या आनन्द की गहन अनुभूति या सर्दी लगने पर मुँह से निकलने वाली आवाज, सीत्कार।
**सी०आई०डी०** *पु०* [अं०] गुप्तचर विभाग; खुफिया पुलिस।
**सीउ** *पु०* शीत।
**सीकर** *पु०* [सं०] जल कण; स्वेद-बिन्दु।
**सीका** *पु०* चींका।
**सीख** *स्त्री०* सिखावन, शिक्षा। *उदा०* 'घाघ के बोल, सीख अनमोल'।
**सीखल** *सक०* पढ़ना; अभ्यास करना; अनुभव पाना।
**सीखा-पढ़ा** *वि०* शिक्षित, जानकार।
**सीखा-सिखाया** *वि०* शिक्षित, कुशल।

**सीजल** *अक०* सीझना। *उदा०* 'सीजल केतना कि बसिया रहल'।
**सीट** *स्त्री०* [अं०] बैठक, आसन।
**सीटी** *स्त्री०* बाजे, इंजन से निकला हुआ सीटी जैसा शब्द।
**सीठा** *वि०* फीका, बेमजा।
**सीड़** *स्त्री०* नमी, सीलन।
**सीढ़ी** *स्त्री०* जीना, निसेनी। **-का डंडा** *पु०* सोपान।
**सीत** *स्त्री०* [सं० शीतम्] ओस। *उदा०* 'सीत चटला से पिआस ना जाई'।
**सीतल** *पु०* ठण्डा, शान्त।
**सीतला** *स्त्री०* चेचक रोग।
**सीताफल** *पु०* शरीफा, एक प्रकार का फल; कोंहड़ा।
**सीध** *पु०* सीधा, सामने। *उदा०* 'सीध अँगुरी से घी ना निकले'।
**सीधा** *पु०* कच्ची खाद्य-सामग्री का दान। **-सादा** *वि०* सरल स्वभाव।
**सीधे** *अव्य०* ठीक सामने।
**सीन** *पु०* दृश्य, नजारा।
**सीना** *पु०* [फा०] छाती। **-जोरी** *स्त्री०* जबरदस्ती.
**सीनियर** *वि०* [अं०] वरिष्ठ, 'जूनियर' का विलोम।
**सीमा** *पु०* हद; सिवाना।
**सीमेंट** *पु०* [अं०] पत्थर का चूर्ण, जो पलस्तर के काम आता है।
**सीयन** *स्त्री०* सिलाई।
**सीर** *पु०* वह जमीन, जिसपर जमींदार स्वयं खेती करता है।
**सीरियल** *पु०* [अं०] धारावाहिक।
**सीवर** *पु०* [अं०] मल-मूत्र निस्तारित करने का उपक्रम।
**सुँघनी** *स्त्री०* नस; तम्बाकू का चूर्ण।
**सुअना** *पु०* तोता, सुग्गा।
**सुइया** *स्त्री०* सूई।
**सुअर** *पु०* शूकर, वराह; एक गाली।
**सुकुवार** *वि०* कोमल, सुकुमार।
**सुखण्डी** *स्त्री०* सूखा रोग, जिसमें बच्चों का विकास रुक जाता है।
**सुख** *पु०* [सं०] आनन्द; आराम; अनुकूल; सुविधा। **-कर** *वि०* आनन्ददायक। **-द** *वि०* आनन्ददायक। **-दुःख** *पु०* आनन्द और कष्ट। **-धाम** *पु०* बैकुण्ठ। **-सार** *पु०* मोक्ष।
**सुखराज** *वि०* सूखी जमीन; स्वच्छ दिन।
**सुखवन** *पु०* अन्न के सूख जाने पर उसके वजन में कमी की स्थिति।
**सुखारि** *स्त्री०* सूखा, अनावृष्टि।
**सुखावल** *अक०* बीज या अन्न को धूप में सुखाना।
**सुखिया** *स्त्री०* सुखी, दुःखों से रहित।
**सुगबुगाइल** *अक०* हिलना, डुलना।
**सुघरी** *स्त्री०* शुभ मुहूर्त, अच्छा समय।
**सुचित** *वि०* निश्चित, प्रसन्न।
**सुजनी** *स्त्री०* मोटा बिछौना।
**सुझावल** *अक०* समझाना, दिखलाना।
**सुटुकल** *अक०* चुपचाप बैठना, छिपकर रहना।
**सुटुकी** *वि०* दुबला, कमजोर।
**सुत** *पु०* बेटा, पुत्र।
**सुतरी** *स्त्री०* सुतली।
**सुतही** *स्त्री०* सीपी।
**सुता** *स्त्री०* बेटी।
**सुतार** *पु०* सुयोग, सुभीता, सुगमता।
**सुथनी** *स्त्री०* एक प्रकार का जमींकन्द। आलू के आकार की एक तरकारी।
**सुधा** *स्त्री०* अमृत; दूध।
**सुधाकर** *पु०* चन्द्रमा।

**सुधी** *पु०* पण्डित, व्यक्ति।
**सुन** *वि०* सुन्न।
**सुनगुन** *स्त्री०* कानाफूसी।
**सुनल** *सक०* सुनना।
**सुनवाई** *स्त्री०* श्रवण।
**सुनवैया** *पु०* श्रोता।
**सुन्ना** *पु०* शून्य।
**सुफल** *पु०* सुन्दर फल।
**सुबह** *पु०* सबेरा, प्रात:काल, भोर।
**सुबहा** *पु०* शक, सन्देह, भ्रम।
**सुमार** *पु०* गिनती, गणना, मूल्य।
**सुसुम** *वि०* थोड़ा गर्म, जो सहने योग्य हो।
**सुहबत** *स्त्री०* [अ०] संग; मित्रता; सहवास।
**सुहाग** *पु०* [सं० सौभाग्यं] सौभाग्य, अहिवात; मांगलिक गीत। **-रात** *स्त्री०* वर-वधू के मिलन की पहली रात।
**सुहागन** *स्त्री०* सौभाग्यवती।
**सुहारी** *स्त्री०* सादी पूरी।
**सुहाली** *स्त्री०* दे० 'सुहारी'।
**सुहावन** *वि०* [सं० शोभनं] सुहावना।
**सुहास** *पु०* [सं०] मृदुहास।
**सुहासी** *वि०* [सं०] हँसता हुआ।
**सूँड़स** *पु०* सूँस।
**सूँघल** *सक०* बास लेना, सूँघना।
**सूँड़** *स्त्री०* शुण्ड।
**सूअर** *पु०* सूकर।
**सूआ** *पु०* [सं० सूचा] बड़ी सूई; तोता।
**सूई** *स्त्री०* [सं० सूची] बारीक, नोकदार तार, सूची।
**सूकर** *पु०* [सं०] सूअर।
**सूखल** *अक०* सूखना, जलहीन होना। *उदा०* 'सूखल नदिया नाव चलावे'।
**सूखा** *वि०* [सं० शुष्क] सूखा हुआ, रसहीन।
**सूचना** *स्त्री०* [सं०] संकेत; विज्ञापन; बताने की क्रिया।
**सूची** *स्त्री०* विषय तालिका।
**सूजी** *स्त्री०* गेहूँ का रवेदार आटा।
**सूझ** *स्त्री०* [सं०] सूझने का भाव; नई बात की उत्पत्ति।
**सूट** *स्त्री०* [अं०] पूरा पहनावा, कोट-पतलून आदि।
**सूद** *पु०* [फा०] लाभ, नफा, ब्याज।
**सूधा** *वि०* सीधा। *उदा०* 'सूधा के मुँह कुत्ता चाटे'।
**सूप** *पु०* अनाज पछोरने का पात्र, छाज। *उदा०* 'सूप पर हँसे चलनी जेकरा में सहसर छेद'।
**सूर** *पु०* [सं०] सूर्य।
**सूल** *पु०* दर्द।
**सेंउठिआइल** *अक०* सेंउठी पड़ना।
**सेंउठी** *स्त्री०* शरीर पर जलने या चोट से उत्पन्न सिकुड़न।
**सेंकल** *सक०* आग की आँच पर पकाना (रोटी); गरम करना।
**सेंकुरल** *अक०* संकुचित होना; संकीर्ण; सिकुड़ना।
**सेंगर** *वि०* राजपूतों की एक उपजाति।
**सेंढा** *पु०* ऊँची भूमि।
**सेंतिहा** *पु०* मुफ्त या अल्प मूल्य में मिलने वाली वस्तु; फालतू आदमी।
**सेंथन** *पु०* खलिहान में ओसाए हुए अनाज को बहारने का झाड़ू।
**सेंमू** दे० 'संभु'।
**सेंवार** *पु०* एक प्रकार का जल में उत्पन्न हरे रंग का लच्छादार होने वाला पौधा; शैवाल।
**सेआन** *वि०* वयस्क।
**सेआम** *वि०* कृष्ण, श्याम।
**सेख** *वि०* मुसलमानों का एक वर्ग, जो अपने को अन्य से श्रेष्ठ मानता है शेख; एक उपाधि।
**सेखी** *स्त्री०* घमण्ड, अभिमान।

**सेखुआ** दे० 'सखुआ'।
**सेगा** *पु०* स्थिति; प्रगति।
**सेज** *पु०* पति-पत्नी के सोने का पलंग। *उदा०* 'आधी-आधी रतिया के बोले कोइलरिया। चिहुँक उठे ना हो सेजरिया पर गोरिया॥'
**सेठ** *पु०* [सं० श्रेष्ठिन्] बड़ा व्यापारी, साहूकार; धनाढ्य व्यक्ति।
**सेढ़** *पु०* एक प्रकार का धान, जो साठ दिनों में तैयार होता है।
**सेतिहा** *वि०* मुफ्त। उदा० 'सेतिहा के गेहूँ घर-घर पूजा'।
**सेतु बान्ह** *पु०* भारत और लंका के बीच के समुद्र में राम द्वारा बाँधा गया पुल; सेतु-बन्ध।
**सेदल** *सक०* किसी वस्तु या अंग में आग से गर्मी पहुँचाना; पिटाई करना।
**सेना** *स्त्री०* [सं०] फौज, वाहिनी; सशस्त्र व्यक्तियों का दल। **-नायक** *पु०* सेनापति। **-पति** *पु०* सिपहसालार।
**सेनुआर** दे० 'सेनुवार'।
**सेनुर** *पु०* सधवा स्त्रियों के माँग में लगाने का एक प्रकार का लाल चूर्ण, सिन्दूर। *उदा०* 'सेनुर टिकुली जरल तऽ कोखो बजर पड़ल'।
**सेनुरवा** *वि०* लाल रंग का (आम), जो प्रायः खट्टा होता है।
**सेनुरिआ** *पु०* सिन्दूर बेचने वाला व्यक्ति।
**सेनुवार** *पु०* एक प्रकार का वृक्ष; एक गाँव का नाम।
**सेन्ह** *पु०* चोरी करने के लिए दीवार में किया गया बड़ा छेद।
**सेंन्ह मरनी** *स्त्री०* सेन्ध मारने का हथियार।
**सेन्हा** *पु०* एक प्रकार का खनिज नमक।
**सेम** *पु०* एक प्रकार की छिम्मी, जिसकी तरकारी बनती है।
**सेमर** *पु०* एक प्रकार का बड़ा वृक्ष, जिसके फल से रूई निकलती है, सेमल।
**सेर** *पु०* सोलह छटाँक या अस्सी रुपये भर की तौल; हिम्मती व्यक्ति; बाघ; शेर। *उदा०* 'सेर भर चिउरा घर भर भोज'।
**सेर-खोंपड़** *यौ०* घरेलू सामान। *कहा०* 'राम करस हर गोयड़े बहे, सेर-खोपड़ नजर पर रहे'।
**सेरवावल** *सक०* किसी गर्म वस्तु को ठण्ढा करना।
**सेरसाह** *पु०* भोजपुरी क्षेत्र का एक पठान सरदार, जो हूमायूँ को हराकर दिल्ली का बादशाह बना, शेरशाह सूरी।
**सेरहा** *वि०* जिसमें एक सेर अँट जाए ऐसा बर्तन।
**सेराइल** *अक०* गर्म वस्तु का ठण्ढा होना; क्रोध शान्त होना।
**सेल्फी** *स्त्री०* [अं०] स्मार्टफोन (मोबाइल फोन) से स्वयं से स्वयं की मनोनुकूल फोटोग्राफी।
**सेल्हल** *अक०* छिलना।
**सेल्हा** *पु०* एक प्रकार का मोटा धान; उसीना चावल।
**सेव** *पु०* पहाड़ी क्षेत्र में होने वाला एक फल; बेसन का सूत-सा नमकीन खाद्य-पदार्थ।
**सेवइत** *पु०* मन्दिर के नाम लिखी गई जमीन या सम्पत्ति की देख-भाल करने वाला।
**सेवई** *स्त्री०* गेहूँ के आटे के सूत जैसा तार, जिसे दूध में पकाकर खाया जाता है।
**सेवख** *पु०* सेवा करने वाला; पूजा करने वाला; सेवक।
**सेवराह** *वि०* मुलायम (रोटी)।
**सेवल** *सक०* सेवा करना; पक्षियों द्वारा अपने अण्डे को पंख से ढँके रहना।
**सेवा** *पु०* खिदमत, टहल; रोगी की देखभाल; पूजा, आराधना। **-धरम** *पु०*

सेवा सम्बन्धी कर्तव्य। -**बंदगी** *स्त्री०* आराधना।

**सेवा टहल** *यौ०* दूसरे को आराम पहुँचाने के लिए किया गया काम; साधु-सेवा।

**सेवाती** *स्त्री०* स्वाति नक्षत्र।

**सेवाय** *अव्य०* अलावा, सिवा, सिवाय। *वि०* अधिक।

**सेवार** *पु०* सिवार।

**सेविंग बैंक** *पु०* [अं०] ब्याज पर लेने वाला बैंक।

**सेविका** *स्त्री०* [सं०] दासी, परिचारिका।

**सेवी** *वि०* [सं०] सेवा करने वाला; आराधक।

**सेसनाग** *पु०* शेषनाग।

**सेसर** *वि०* श्रेष्ठ, बड़ा, वजनी।

**सेहत** *स्त्री०* [अ०] स्वास्थ्य।

**सेहथल** *सक०* साफ-सुथरा बनाना।

**सेहर** *वि०* भयभीत; दबा हुआ; उदास।

**सेहरा** *पु०* फूलों की लड़ी का बना एक प्रकार का आवरण, जो दूल्हे की पगड़ी से नीचे की ओर लटका रहता है।

**सेहुला** *पु०* त्वचा पर हल्का सफेद दाग। *उदा०* 'सुखे सेहुला दुखे दिनाय'।

**सैंतालिस** *वि०* सात और चालीस।

**सैंतीस** *वि०* [सं० सप्तत्रिंशत्] सात और तीस।

**सैंपुल** *पु०* [अं०] नमूना।

**सैंया** *पु०* पति, स्वामी।

**सै** *वि०* सौ। *उदा०* 'सै चोट सुनार के, एक चोट लुहार के'।

**सैकड़ा** *वि०* सौ का समूह।

**सैकड़े** *वि०* प्रतिशत; सौ में।

**सैतान** *पु०* दुष्ट, बदमाश। *उदा०* 'सैतान से भगवान डरे'।

**सैना** *पु०* फौज, दल; संकेत।

**सैनिक** *वि०* फौजी।

**सैनिटरी** *वि०* [अं०] स्वास्थ्य और सफाई से सम्बन्धित।

**सैर** *स्त्री०* भ्रमण।

**सैल** दे० 'सैर'।

**सोंच** *पु०* चिन्ता, विचार, गौर; पछतावा।

**सोंचल** *अक०* किसी विषय पर विचार या गौर करना; चिन्ता करना; पछताना।

**सोंटल** *सक०* बालों को कंघी से सँवारना; किसी वस्तु को मलकर चिकना बनाना; मारने के लिए लाठी उठाना।

**सोंटहड़ल** *सक०* सोंटे से पिटाई करना।

**सोंटहाड़ी** *स्त्री०* छोटा किन्तु मोटा सोटा।

**सोंटा** *पु०* [सं० शुण्ड:] छोटी लाठी, डण्डा।

**सोंठ** *पु०* सुखाया हुआ अदरख।

**सोंठउर** *पु०* सोंठ का लड्डू; सोंठ, गुड़, मेवा-मिश्रित लड्डू, जो जच्चा को पुष्ट होने के लिए खिलाया जाता है।

**सोंय-सोंय** *क्रि०वि०* सोने पर नाक से निकलने वाली ध्वनि।

**सोंरा** *पु०* क्षारीय मिट्टी के रस को उबालकर उससे तैयार किया गया एक पदार्थ, जो बारूद बनाने के काम में आता है।

**सोंस** *पु०* मगर की आकृति का एक जल-जन्तु; घड़ियार।

**सोंसिआइल** *अक०* सों-सों की आवाज करना।

**सोंअबर** स्वयंवर।

**सोआ** *पु०* एक तरह का सुगन्धित साग।

**सोआगत** *पु०* आए हुए व्यक्ति का आदर-सत्कार।

**सोआती** *स्त्री०* एक नक्षत्र, जो प्राय: कार्तिक महीने में पड़ता है, स्वाति।

**सोआमी** *पु०* पति मालिक; ईश्वर; संन्यासियों की उपाधि।

**सोआरथ** *पु०* अपना प्रयोजन या मतलब; अपना लाभ; अपनी भलाई।
**सोआहा** *पु०* जलकर राख होने या खत्म होने की स्थिति।
**सोइरी** *स्त्री०* वह घर, जहाँ किसी स्त्री को बच्चा पैदा होता है, प्रसूतिगृह।
**सोक** *पु०* दु:ख, सन्ताप, चिन्ता।
**सोकड** *पु०* खाँटी; पक्का; दुरुस्त।
**सोकन** *वि०* सफेद रोयों के साथ हल्का काले रंग के रोयों के मिश्रण वाला (बैल)।
**सोख** *वि०* ढ़ीठ नटखट; चंचल।
**सोखइत** *वि०* सोखा को पूजने वाला।
**सोखल** *सक०* पानी को भीतर खींचना (भूमि)।
**सोखा** *पु०* झाँड़-फूँक करने वाला; एक कुलदेवता।
**सोखाई** *स्त्री०* झाँड़-फूँक की क्रिया।
**सोख्ता** *वि०* [हिं०] स्याही-सोख।
**सोग** *पु०* शोक, विलाप।
**सोगनी** *स्त्री०* स्त्रियों की एक गाली।
**सोगलाही** *स्त्री०* शोकाकुल।
**सोगहा** *वि०* पूर्ण, पूरा-पूरा।
**सोच** *पु०* [सं० शोचनम्] सोचने की क्रिया, विचारने का भाव; शोक; पश्चात्ताप। **-विचार** *पु०* किसी विषय का विवेचन।
**सोचल** *सक०* विचार करना, विवेचन करना।
**सोजनी** *स्त्री०* [फा०] सुजनी।
**सोजाति** *वि०* अपनी जाति का, स्वजातीय।
**सोझ** *वि०* सीधा, सरल स्वभाव का। *उदा०* 'सोझ अंगुरी घीउ ना आवे'।
**सोझवार** *वि०* सीधा व्यवहार का।
**सोझा** *क्रि०वि०* सामने, सम्मुख।
**सोझिआ** *वि०* सीधा; प्रपंचहीन।
**सोड़ा** *पु०* एक प्रकार का क्षार, जिससे कपड़ा साफ किया जाता है।
**सोतंत्र** *वि०* [सं०] स्वाधीन, स्वच्छन्द; मुक्त, स्वतंत्र।
**सोता** *पु०* पानी की धारा; झरना।
**सोथ** *पु०* शोथ, सूजन।
**सोदर** *वि०* [सं०] सगा।
**सोधल** *सक०* शुद्ध करना; खोजकर या जाँच कर तथ्य का पता लगाना।
**सोधाइल** *सक०* शोधा जाना।
**सोन** *स्त्री०* भोजपुरी क्षेत्र में होकर बहने वाली गंगा की सहायक नदी।
**सोन किरवा** *पु०* एक प्रकार का कीड़ा, जिसका पंख सोने-सा चमकता है।
**सोनचिरइया** *स्त्री०* पक्षियों के पंखों को गुदड़े में सीकर बनाई गई चिड़िया की आकृति।
**सोनपापरी** *स्त्री०* एक प्रकार की मिठाई।
**सोनहा** *स्त्री०* वाल्मीकिनगर के निकट गण्डक में मिलने वाली एक नदी, जिसकी रेत में सोने का कण मिलता है।
**सोनहुला** *वि०* सोने के रंग का; सोने के समान।
**सोना** *पु०* [सं० सुवर्ण] हल्की लाली लिए पीले रंग की बहुमूल्य धातु; स्वर्ण। *उदा०* 'सोना दहाइल जाय कोइला पर मोहर'।
**सोनार** *पु०* सोने का काम करने वाला; हिन्दुओं की एक जाति; स्वर्णकार। *उदा०* 'सोना सोनार के गहना संसार के'।
**सोनारी** *वि०* सुनारों से सम्बन्धित, सुनारों का।
**सोनी** *पु०* सोनार।
**सोप** *पु०* [अं०] साबुन।
**सोपाइट** *पु०* सुविधा सहूलियत।
**सोपान** *पु०* [सं०] सीढ़ी।

**सोपारी** *स्त्री०* सुपारी।
**सोफा** *पु०* [अं०] गद्दीदार आसन या शायिका।
**सोबरन** *वि०* सुन्दर, स्वस्थ; सोना।
**सोबरात** *पु०* प्रसिद्ध मुस्लिम त्यौहार, शबे-बारात।
**सोभमान** *वि०* शोभायुक्त; सुन्दर।
**सोभा** *स्त्री०* शोभा। **-कारी** *वि०* शोभायुक्त।
**सोभाव** *स्त्री०* स्वभाव।
**सोमरा** *पु०* दोबरे की जुताई।
**सोमार** *पु०* हिन्दू पंचांग का दूसरा दिन; चन्द्रवार, सोमवार।
**सोमारी** *वि०* सोमवार को होने वाली अमावस्या का व्रत; सावन के सोमवार को लगने वाला मेला।
**सोम्ह** *वि०* कंजूस, कृपण।
**सोम्हड़** दे० 'सोम्ह'।
**सोम्हड़ई** *वि०* कृपणता।
**सोर** *पु०* वृक्ष एवं पौधों के तन्तु, जड़; हल्ला; कोलाहल।
**सोरकार** *पु०* सम्बन्ध; लगाव।
**सोरसती** *स्त्री०* सरस्वती।
**सोरह** *वि०* दस और छह।
**सोरहा** *वि०* सोरह। *उदा०* 'सोरहो सिंगार घेघवे बिगाड़'।
**सोरहिया** *पु०* चोरों का सरदार; चोरों से साँठ-गाँठ रखने वाला।
**सोरही** *स्त्री०* लोक-कथाओं में चर्चित एक प्रकार की गाय, चाक।
**सोलकन** *पु०* शूद्र, नीच जाति।
**सोलखे-सोलखे** *वि०* बिना किसी प्रकार के झंझट या बाधा का।
**सोसती** *पु०* [सं० स्वस्ति] कल्याण के लिए प्रयुक्त शब्द, स्वस्ति।
**सोसतैन** *पु०* मंगल कार्यों में पढ़ा जानेवाला स्वस्तिवाचक मंत्र।
**सोसइटी** *स्त्री०* [अं०] सहकारी समिति; समाज; संघ।
**सोसील** *वि०* सुशील।
**सोहगइली** धागा; लम्बा सिंधोरा।
**सोहदा** *वि०* गुण्डा; बदमाश।
**सोहन** *पु०* खेत की निकौनी करने से निकली घास।
**सोहनी** *स्त्री०* खेत में उगी फसल से घास-पात आदि निकालने का कार्य।
**सोहवत** *पु०* साथ; संग; संगति।
**सोहर** *पु०* पुत्र-जन्म के अवसर पर गाया जाने वाला एक प्रकार का मंगल-गीत।
**सोहरत** *पु०* प्रख्याति, प्रसिद्धि; सार्वजनिक चर्चा।
**सोहरल** *सक०* जमीन तक लटकना (वस्त्र)।
**सोहरा** *वि०* जमीन के निकट होकर।
**सोहल** *सक०* निकौनी करना।
**सोहाइल** *अक०* अच्छा लगना, रुचना; पसन्द आना।
**सोहाग** *पु०* अहिवात, स्त्रियों का सधवापन; विवाह के पूर्व वर या वधू को सधवा स्त्रियों द्वारा दिया गया अंचल का सूत्र।
**सोहागा** *पु०* गर्म गन्ध की स्रोतों से निकला एक प्रकार का क्षार, सुहागा।
**सोहागिन** *स्त्री०* सधवा स्त्री, सौभाग्यवती।
**सोहारी** *स्त्री०* बड़ी एवं पतली पूड़ी, सुहारी। *उदा०* 'साधु संत का सतुआ दुलम बा मउगा खाय सोहारी प्रभु जी कबके चूक हमारी'।
**सोहावन** *वि०* मनोरम, अच्छा लगनेवाला; सुहावन।
**सौं** *स्त्री०* कसम। *अव्य०* समान।
**सौंकार** *पु०* सबेरा।
**सौंकेरे** *अव्य०* तड़के।
**सौंध** *स्त्री०* सुगन्ध।

**सौंपल** *सक०* सौंपना।
**सौंफ** *स्त्री०* सौंफ (मसाला)।
**सौंर** *स्त्री०* चादर।
**सौंसे** *वि०* बहुत बड़ा, समस्त
**सौ** *वि०* नब्बे और दस के योग से बनी इकाई। *उदा०* 'सौ के लाठी एक के बोझ'।
**सौकीन** *वि०* शौकीन।
**सौकीनी** *स्त्री०* शौकीनी।
**सौख** *पु०* किसी वस्तु के प्रयोग के लिए तीव्र लालसा।
**सौखीन** *वि०* शौक करने वाला, बना-ठना रहने वाला।
**सौगात** *पु०* किसी सम्बन्धी या मित्र के यहाँ भेजा गया वस्त्र, उपहार, तोहफा।
**सौत** *स्त्री०* सपत्नी।
**सौतन** *स्त्री०* सौत।
**सौतिन** *स्त्री०* दे० 'सौतन'।
**सौतिया डाह** *स्त्री०* दो सौतों में होने वाली ईर्ष्या।
**सौतुक** *वि०* सुन्दर, पूर्ण, उत्तम।
**सौदा** *अव्य०* बेचने-खरीदने का माल; सामान; खरीद-बिक्री।
**सौदागर** *पु०* सौदा करने वाला; व्यापारी।
**सौरा** *पु०* एक प्रकार की बड़ी मछली।
**सौरी** *स्त्री०* [सं० सूतिकागारं] सूतिगृह; सफरी मछली।
**सौहँ** *स्त्री०* कसम। *अव्य०* सम्मुख।
**सौहर** *पु०* शौहर।
**स्काउट** *पु०* [अं०] बालचर।
**स्कूल** *पु०* [अं०] पाठशाला, विद्यालय।
**स्टेबलाइजर** *पु०* [अं०] विद्युत्-प्रवाह को नियन्त्रित करने का उपकरण।
**स्टेशन** *पु०* ठहरने का स्थान जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन।
**स्त्री** *स्त्री०* [सं०] औरत; पत्नी, मादा पशु।
**स्थान** *पु०* [सं०] ठहराव, टिकाव; पद; भू-भाग।
**स्नातक** *पु०* [सं०] अध्ययनोपरान्त, जो गृहस्थाश्रम में प्रवेश करे।
**स्नेह** *पु०* [सं०] प्रेम, मुहब्बत।
**स्पर्श** *पु०* [सं०] छूना, सम्पर्क।
**स्पष्ट** *वि०* [सं०] साफ-साफ देखा जा सके; सही।
**स्वर्ग** *वि०* देवलोक जाने वाला। *पु०* देवलोक।
**स्वर्ण** *पु०* [सं०] सोना नाम की धातु।
**स्वस्तिक** *पु०* [सं०] मंगलचिह्न।
**स्वीकार** *पु०* [सं०] अंगीकार; अपनाने की क्रिया; ग्रहण; इकरार।

❑

# ह

**ह** देवनागरी वर्णमाला का तैंतीसवाँ और उष्म वर्ग का अन्तिम व्यंजन। इसका उच्चारण-स्थान कण्ठ है।

**हँ** *अव्य०* स्वीकृतिसूचक शब्द। किसी की बातें सुनते समय ऐसा 'हँ' कहने से सुनने में ध्यान लगाने की क्रिया समझी जाती है।

**हँइचल** *सक०* धाँगना; रौंदना; बलपूर्वक दबाना।

**हँउकल** *सक०* हाँकना।

**हँउजार** *पु०* हल्ला, कोलाहल।

**हँउड़ल** *अक०* किसी तरल पदार्थ का तंग जगह में चक्कर कटवाना; मथकर फेंट-फाँट करना।

**हंक** *स्त्री०* हाँक, पुकार; ललकार।

**हँकड़ल** *अक०* हुंकारना; गला फाड़कर चिल्लाना।

**हँकड़ान** *स्त्री०* हँड़काव।

**हँकड़िया** *वि०* हाँक लगाने वाला; उत्साही।

**हँकवा** *पु०* हाँकने वाला; पर्या० हँकनिहार।

**हँकवावल** *सक०* दूसरे से हाँकने का काम कराना; पंखे से हवा कराना; मवेशियों को आगे की ओर बढ़ाना।

**हंका** *स्त्री०* हाँक, ललकार।

**हँकार** *पु०* पुकार, बुलाहट।

**हँकारल** *सक०* ललकारना। *अक०* हुँकारना।

**हँकारा** *पु०* बुलावा; निमंत्रण; पुकार।

**हँगामा** *पु०* [फा०] हुल्लड़; हल्ला-गुल्ला।

**हंटर** *पु०* कोड़ा, लम्बा चाबुक।

**हंडल** *पु०* हैण्डिल।

**हंडा** *पु०* बड़ी हाँड़ी। (पीतल, काँसे की)

**हँड़िया** *स्त्री०* [सं० हण्डिका] मिट्टी की छोटी हाँडी। *उदा०* 'हँड़िया में अछतोना चल समधी जेंवे'।

**हँड़िया-डाबर** *पु०* सीधा गहरा गड्ढा या डबरा।

**हंत** *अव्य०* [सं०] हर्ष, खेद, आश्चर्य का बोधक।

**हंता** *पु०* [सं० हन्ता] मार डालने वाला; डाकू।

**हंत्री** *वि० स्त्री०* [सं०] वध करने वाली।

**हँथोरी** *स्त्री०* हथेली।

**हँथौरा** *पु०* हथौड़ा।

**हँफनि** *स्त्री०* हाँफने की क्रिया।

**हँसन** *पु० स्त्री०* हँसने की क्रिया।

**हँसनी** *स्त्री०* हँसने का भाव या क्रिया; हँसी।

**हंसमुख** *वि०* प्रसन्न, विनोदी।

**हँसल** *अक०* प्रसन्नता से मुँह खोलकर शब्द निकालना; कहकहा लगाना; खिल-खिलाना। *उदा०* 'हँस देनी लाज परा गेल'। *सक०* निंदा करना, उपहास करना।

**हँसली** *स्त्री०* गले के नीचे की एक हड्डी; एक गहना।

**हँसागर** *पु०* वह गर्दन, जो घेंघा रोग के प्रभाव से मोटी हो जाती है। *उदा०* 'टेढ़ी टोपी हंसागर तब जनिह जे भोपतपुर घर'।

**हँसाय** *स्त्री०* हँसी, हँसाई।

**हँसारत** *स्त्री०* निन्दा, शिकायत।

**हँसावल** *सक०* दूसरे को हँसाना; हँसने वाली बात बोलना।

**हँसी** *स्त्री०* हँसने का भाव या कार्य; मजाक; दिल्लगी; उपहास; खेल-मजाक। *उदा०* 'हँसी में मसकरी'।

**हँसी खेल** *पु०* मजाक में किया गया काम।

**हँसी ठठोली** *स्त्री०* दिल्लगी।

**हँसुआ** *पु०* हँसिया फसल काटने का दाँत वाला एक हथियार। *उदा०* 'हँसुआ के बिआह में खुरपी के गीत'।

**हँसुली** *स्त्री०* स्त्रियों के गले का एक गोलाकार आभूषण; पासियों का ताड़ छेने का हँसुआ।

**हँसोड़** *वि०* हँसने-हँसाने वाला; हँसी-मजाक करने में दिलचस्पी लेने वाला; विनोदप्रिय।

**हँसोतल** *सक०* हाथ में जमा करना।

**हइसा-हइसी** *वि०* इधर से उधर की ओर।

**हई** *सर्व०* यह। *वि०* यह। *अक०* हूँ।

**हई-हयार** *पु०* दौड़-धूप कर खेती को नुकसान पहुँचाने वाला मवेशी।

**हउअव** *सक० वर्त०* है।

**हउआ** *पु०* बच्चों को डराने वाला एक भयंकर जीव।

**हउआइल** *अक०* किसी वस्तु के लिए अति व्यग्र हो जाना। (भोजनादि); खुजलाना।

**हउआवल** *सक०* खुजलाना; दूसरे से खुजलाने का काम कराना।

**हउद** *पु०* हौज।

**हउस** *पु०* बड़ी दालान या मकान।

**हउहद** *स्त्री०* खुजलाहट।

**हऊ** *वि०* वह।

**हऊ** *सर्व०* वह। *अक०* वर्तमान काल।

**हक** *पु०* अधिकार, न्याय।

**हकदार** *पु०* अधिकारी, अधिकार रखने वाला।

**हकरल** *अक०* जोर-जोर से रोना; चिल्लाना; जोर से हाँक मारकर किसी को बुलाना।

**हकीम** *पु०* [तु०] वैद्य, चिकित्सक; ज्ञानी; बुद्धिमान।

**हगनउती** *स्त्री०* गुदामार्ग।

**हगल** *अक०* मल-त्याग करना। बच्चा, पशु-पक्षी का पाखाना करना।

**हगवास** *पु०* मल-त्याग की इच्छा; उसका वेग।

**हगाई** *स्त्री०* हगने का काम या भाव।

**हगामा** दे० 'हँगामा'।

**हगावल** *सक०* पाखाना फिराना।

**हगास** *स्त्री०* हगने की इच्छा।

**हगोड़ा** *वि०* बार-बार शौच जाने वाला।

**हग्गू** *वि०* दे० 'हगोड़ा'।

**हचक** *स्त्री०* धक्का, झटका।

**हचकल** *अक०* कीचड़ या अन्य जगह में गाड़ी का फँसना।

**हचका** *पु०* गाड़ी के रास्ते का गड्ढा, जिससे गाड़ी हिचकोले खाती है।

**हचर-हचर** *पु०* कीचड़युक्त पानी में चलने पर उससे निकली ध्वनि।

**हज** *पु०* मुसलमानों द्वारा मक्काशरीफ की यात्रा।

**हजम** *पु०* पेट में खाए हुए पदार्थ के पचने की क्रिया या भाव; पाचन।

**हजाम** *पु०* बाल बनाने वाली एक जाति, नाई। *स्त्री०* हजामिन। *उदा०* 'हजाम के बराती सबे ठाकुरे ठाकुर'।

**हजामत** *स्त्री०* सिर के बालों को मुड़वाने या छूरे से छिलने का काम।

**हजार-खाँड़** *वि०* हजार का एक खण्ड। हजार का आधा या चौथाई।

**हजारा** *पु०* फौव्वारा, पानी पटाने का टोटीदार बर्तन, जिसमें पतले-पतले हजारों छिद्र रहते हैं। *वि०* हजार रुपये का नोट।

**हजारी** *वि०* एक बड़ी जाति का गेंदा का फूल, जिसमें बहुत अधिक पँखुड़ियाँ रहती हैं; हजार से सम्बन्ध रखने वाला।

**हजूर** *पु०* अधिकारियों या बड़े व्यक्तियों के लिए सम्बोधन शब्द। *अव्य०* उपस्थिति-बोधक शब्द; सम्मुख, सामने।

**हजूरी** *स्त्री०* दरबारी सेवक; हाजिर रहने का भाव।

**हज्ज** *पु०* [अ०] मक्के की यात्रा।

**हटई** *स्त्री०* काठ या धातु का बना छोटा नपना, जिसमें बारह मनके से से एक सेर तक अन्न अँट सके।

**हटकल** *सक०* हिचकना। हटने की इच्छा रखना।

**हटका** *पु०* कैंची के रूप में बाँधा गया दो खम्भा, जिस पर फूस के मकान की छत का भार रहता है।

**हटल** *अक०* खिसकना, टल जाना; दुर्बल होना; किसी स्थान से अन्यत्र चला जाना; झगड़े या विवाद में हार मानकर मौन हो जाना।

**हटहट** *पु०* परेशानी, कठिनाई।

**हटावल** *सक०* तकरार करने वालों को शान्त करा देना; खिसकाना; एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना।

**हठ** *पु०* आग्रह, जिद्द, किसी प्रश्न को लेकर अड़ने का काम। *वि०* हठी।

**हठी** *वि०* जिद्दी।

**हठीनाई** *स्त्री०* एक देवी।

**हड्डा** *पु०* बड़ी जाति का एक विषैला कीड़ा, जिसके टूँडे गड़ने से जलन और सूजन पैदा होती है, हाड़ा।

**हड्डी** *स्त्री०* जीवों की देह की मूल कड़ी वस्तु, जिससे शरीर का ढाँचा बनता है।

**हड़कंप** *पु०* तहलका, हलचल, आतंक।

**हड़खाड़** *पु०* हाड़ में दर्द की बीमारी।

**हड़गर** *वि०* जिसकी हड्डियाँ मोटी हों।

**हड़जोड़वा** *पु०* एक प्रकार की घास, जो अनेक टुकड़ों से जुड़ी रहती है।

**हड़परी** *स्त्री०* किसी स्वजन की हत्या करने के कारण हत्यारा परिवार या गाँव में भोजन नहीं करने की प्रतिज्ञा।

**हड़पल** *सक०* किसी की चीज या धन लेकर उसे न लौटाना। अनुचित ढंग से पराई वस्तु को हथिया लेना।

**हड़बड़** *पु०* उतावलापन या जल्दबाजी-सूचक गतिविधि।

**हड़बड़ाइल** *अक०* व्याकुल होना। शीघ्रता करने के लिए व्यग्र होना।

**हड़बड़ावल** *सक०* शीघ्रता करने का आदेश देना या आग्रह करना।

**हड़बड़िया** *वि०* काम को व्यग्रता से करने वाला।

**हड़बड़ी** *स्त्री०* शीघ्रता, आतुरता; जल्द बाजी। *उदा०* 'हड़बड़ी में बिआह कनपटी पर सेनुर'।

**हड़बोम** *वि०* उजड्ड, उद्दण्ड, लठमार।

**हड़वर** *पु०* वह खेत-मजदूर, जो पूरे वर्ष के लिए नियुक्त रहता है।

**हड़सिहरी** *स्त्री०* जड़ैया। जाड़ा देकर आने वाला बुखार।

**हड़हड़** *पु०* रेलगाड़ी, आँधी आदि के चलने से उत्पन्न आवाज।

**हड़हड़ावल** *सक०* किसी वस्तु को हिलाकर-डुलाकर हड़हड़ की आवाज निकालना; डाँटकर या बोलकर भय उत्पन्न करना।

**हड़हवा** *वि०* भयंकर।

**हड़ाह** *वि०* उद्दण्ड, उजड्ड, लण्ठ।

**हड़ोरल** *सक०* किसी तरल पदार्थ को हाथ या लकड़ी से बार-बार हिलाना, मथना।

**हतना** *वि०* इतना।

**हतल** *सक०* मार डालना, वध करना। *अक०* पेट खाली रहने के कारण पीठ में दब जाना।

**हतवन** *क्रि०वि०* इतना बड़ा (हाथ से संकेत से बोला जाता है)।

**हतवावल** *सक०* वध कराना। मरवाना।
**हतहत** *वि०* इतना बड़ा।
**हतावल** *सक०* पेट को पीठ की तरफ खींचकर गड्ढा जैसा बना देना।
**हतिना** *क्रि०वि०* इतना।
**हती** *क्रि०वि०* इतना हाथ के संकेत के साथ बोला जाता है।
**हतुना** दे० 'हतिना'।
**हतेया** *पु०* मार डालने का काम; निर्दोष वध का पाप।
**हतेयार** *पु०* वध या हत्या करने वाला; खूनी, निर्दयी, हत्यारा।
**हत्था** *पु०* नर हाथी। घौद में केलों का समूह।
**हथ** *पु०* हाथ का संक्षिप्त रूप। [सं०] चोट; वध; आघात। **-उधार** *पु०* बिना लिखा-पढ़ी के किसी को उधार देना। **-कंडा** *पु०* षडयंत्र, चतुराई की चाल।
**हथउड़ी** दे० 'हथौड़ा'।
**हथकर्टा** *वि०* एक हाथ से दूसरे हाथ में दी गई वस्तु।
**हथकड़ी** *स्त्री०* कैदी के हाथ में पहनाने की लोहे की कड़ी।
**हथड़ा** *पु०* चक्की में ऊपर का हाथ के आकार का लगा काठ, जिसे पकड़ कर चक्की घुमाई जाती है।
**हथफेर** *पु०* थोड़े दिनों के लिए दिया जाने वाला बेसूदी ऋण।
**हथरखी** *स्त्री०* फूल या गंगाजल आदि लाने का पात्र, जो हाथ में लटकाया जाता है।
**हथलपक** *वि०* आसानी से उठाकर ले जाने योग्य; दूसरों की चीज बिना पूछे हाथ में लेकर चल देने वाला।
**हथवँसल** *पु०* दूसरे की किसी वस्तु को चोरी या प्रपंच से ले लेना।
**हथसंकर** *पु०* हथेली के पीछे पहनने का एक आभूषण।
**हथहँड़** *पु०* टोंटीदार जल-पात्र।
**हथिआवल** *सक०* दूसरे का धन धोखे से ले लेना। *पर्या०* 'हथवँसल'।
**हथिनी** *स्त्री०* मादा हाथी, हथुनी।
**हथिया** *पु०* हिन्दू पंचांग का एक नक्षत्र; हस्त। *उदा०* 'हथिया बरसे चितरा मँड़राय, घर बइठे किसान अगराय'।
**हथियार** *पु०* मिस्त्रियों के काम करने का औजार; युद्ध में प्रयुक्त भाला, तलवार; काम करने का उपकरण। *उदा०* 'हथियार हाथे के'।
**हथिवान** दे० 'हथिवाह'।
**हथिवाह** *पु०* महावत, फीलवान; हाथी हाँकने वाला।
**हथिसार** *पु०* हाथी बाँधने का घर।
**हथेली** *स्त्री०* [सं० हस्ततलं] करतल।
**हथोड़ा** *पु०* दे० 'हथौड़ा'।
**हथोरी** *स्त्री०* दे० 'हथेली'।
**हथौटी** *स्त्री०* हस्त कौशल। *वि०* मौखिक लेन-देन।
**हथौड़ा** *पु०* काँटा आदि ठोकने का एक बड़ा औजार। *स्त्री०* हथौड़ी।
**हद** *स्त्री०* [अ० हद्द] मर्यादा, सीमा; किसी वस्तु के आकार-प्रकार की अन्तिम सीमा।
**हदका** *पु०* धक्का।
**हदर-हदर** *क्रि०वि०* पानी चूने या पानी के कारण दही के हिलने-डुलने की स्थिति।
**हदरल** *अक०* किसी अप्रिय स्थिति या घटना के पूर्व ही भयभीत होना।
**हदरा** *पु०* ताजिया में कूदने-फाँदने का काम। **-कुटल** *मुहा०* अति उत्साहित होकर दौड़-धूप करना।
**हदास** *पु०* भय, दहशत।

**हनल** *सक०* जोर जोर से मारना-पीटना; प्रहार करना। *उदा०* 'हनला प हनिए, दोस पाप न गनिए'।

**हनहनाइल** *अक०* जोर-जोर से बोलना।

**हनुमान** *पु०* अंजनी के पुत्र, राम का सेवक, महावीर, लंगूर। *उदा०* 'जय हनुमान ज्ञान गुण सागर'।

**हनुमाना** *पु०* लम्बी पूँछ और काले मुँह वाले बन्दरों की एक जाति।

**हनू** *अव्य०* किसी बात की स्वीकृति में कही गई बात; दूसरे से कहा गया वाक्यांश।

**हप** *पु०* दोनों होठों को फुर्ती से दबाने पर उत्पन्न शब्द।

**हपसल** *अक०* किसी वस्तु का भीतर घुसना।

**हपसावल** *सक०* भीतर घुसाना।

**हप्ता** *पु०* सात दिनों की अवधि, सप्ताह।

**हँफनी** *स्त्री०* हाँफने का कार्य या बीमारी।

**हफर-हफर** *पु०* हाँफने की मुँह से निकली ध्वनि।

**हफीम** *स्त्री०* अफीम।

**हब** *पु०* किसी काम को जल्दबाजी में करने की स्थिति।

**हबक** *स्त्री०* दाँत से काटने का काम।

**हबकल** *सक०* दाँत से जोरों से काटना।

**हबका** *पु०* दाँत से जोर से काटने की स्थिति या क्रिया।

**हब कुनिया** *पु०* मुँह नीचे और पीठ ऊपर करके गिरने की स्थिति।

**हब-गब** *पु०* बातचीत, प्रेमालाप।

**हब्बा-डब्बा** *पु०* बच्चों का एक रोग, जिसमें साँस तेज चलती है।

**हम** *सर्व०* 'मैं' का बहुवचन रूप। *उदा०* 'हम चराईं दिल्ली हमरा के चरावे पिल्ली'।

**हम** *अव्य०* [फा०] समान, एक-सा; संग, साथ; आपस में। **-उमर** *वि०* समवयस्क। **-जोली** *वि०* एक ही उम्र का; बचपन में एक साथ खेला हुआ। **-दरद** *वि०* सहानुभूति रखने वाला। **-पेशा** *वि०* सहव्यवसायी। **-बिस्तरी** *स्त्री०* सह-शयन, सम्भोग। **-राह** *वि०* साथ चलने वाला।

**हमन** *सर्व०* हम।

**हमरा** *सर्व०* हमको, हमको भी। *उदा०* 'हमरा माथ में केतना बार'।

**हमला** *पु०* [अ०] धावा, आक्रमण।

**हमार** *सर्व०* हमारा।

**हमेल** *स्त्री०* सोने-चाँदी की माला।

**हमेसा** *अव्य०* [फा०] सदैव।

**हय** *पु०* [सं०] घोड़ा।

**हया** *स्त्री०* लज्जा, शर्म।

**हर** *पु०* खेत जोतने का एक उपकरण; प्रत्येक; हल। *उदा०* 'हर के मारल हेंगा विसराम'।

**हरइया** *स्त्री०* माला या कण्ठे के दो मनकों के बीच दी जाने वाली कपड़े की गोटी।

**हरई** *स्त्री०* हल्कापन।

**हरउती** *स्त्री०* बाँस का एक भेद, यह लम्बा और मोटा होता है।

**हरए** *अव्य०* धीरे-धीरे।

**हरक** *पु०* [सं०] चोर, ठग।

**हरकत** *स्त्री०* [अ०] हिलना-डुलना, गति, चेष्टा।

**हरकल** *अक०* भयभीत होना; आतंकित होना; सचेत होना; डरकर भागना। *उदा०* 'हरकल मानेला परिकल ना माने'।

**हरकारा** *पु०* डाक ढोने वाला; दूत; डाकिया।

**हरकावल** *सक०* डराकर भगा देना।

**हरकाह** *वि०* डरकर भागने वाला (बैल)।

**हरख** *पु०* खुश, आनन्द, हर्ष।

**हरखड़ा** *पु०* बिना बैल का हल।
**हरखाँचड़** *पु०* दोगला, हरामी।
**हरखाइल** *अक०* खुश होना। आनन्दित होना।
**हरखाड़** *पु०* हड्डियों का दर्द; गठिया का दर्द।
**हरखित** *वि०* आनन्दित; प्रसन्न; हर्षित।
**हरगिज** *अव्य०* कदापि।
**हरगेंड़ा** *पु०* लकड़ी का वह टुकड़ा, जो हल के लिए काटा जाता है।
**हरछुटाव** *पु०* उस दिन की हलवाही की समाप्ति।
**हरछूटन** *पु०* दे० 'हरछुटाव'।
**हरज** *पु०* हानि, नुकसान, हर्ज।
**हरजा** *पु०* हानि, घाटा; हैजा।
**हरजाई** *स्त्री०* कुलटा नारी, व्यभिचारिणी।
**हरजाना** *पु०* क्षतिपूर्ति।
**हरठ** *वि०* दुराग्रही, दुष्ट।
**हथियार** *पु०* औजार।
**हरना** *पु०* हानि, नुकसान।
**हरनाल** *पु०* एक विषैला खनिज पदार्थ, जो पीले रंग का होता है; हरिनाल; हड़ताल।
**हरदम** *अव्य०* हमेशा, सतत। *उदा०* 'हरदम ऊँखे मुहें राह'।
**हरदा** *पु०* गेहूँ का एक रोग, जो गेहूँ के पौधे को पीला कर देता है।
**हरदी** *स्त्री०* एक मसाला, जो पीसने पर पीला हो जाता है, हल्दी। *उदा०* 'हरदी जरदी ना तेजे'।
**हरद्वार** *पु०* उत्तर भारत का एक तीर्थ, जहाँ गंगा पर्वत से समतल भूमि में आती हैं।
**हरनठल** *अक०* फल-फूल का लगना, बन्द हो जाना; मवेशियों का बच्चा देना बन्द होना।
**हरना** *पु०* नर हरिण।
**हरनाकुस** *पु०* एक प्रसिद्ध दैत्य; प्रह्लाद का पिता, हिरण्यकशिपु। *वि०* कष्ट पहुँचाने वाला दुष्ट व्यक्ति।
**हरना-चिकार** *सं०यौ०* जोरों से चिल्लाकर रोने का काम; परिवार में प्रिय विछोह या अन्त, अति कष्टदायक स्थिति; जोर-जोर से सामूहिक क्रन्दन।
**हरनाधा** *पु०* हल से बैलों को जोड़ने की रस्सी।
**हरनाम** *पु०* भगवान् का गुणगान, नर्तकों द्वारा भगवान् का यशोगान कराने की प्रथा।
**हरफ** *पु०* अक्षर।
**हरफरौरी** *स्त्री०* एक प्रकार का खट्टा फल; अनावृष्टि में इन्द्र से पानी माँगने के समय स्त्रियों द्वारा गाया जाने वाला गीत।
**हरबर** *स्त्री०* हड़बड़।
**हरबा** *पु०* हथियार, औजार, शस्त्र।
**हरबाही** *स्त्री०* वह खेत, जहाँ हल जोता जा रहा हो।
**हरबोलिया** *पु०* कीर्तनिया; नाच का विदूषक।
**हरम** *पु०* [अ०] घेरा; अन्तःपुर; विवाहिता स्त्री; रखेली।
**हरमजदगी** *स्त्री०* हरामजादापन, दुष्टता, शरारत।
**हरमार** *पु०* एक से दूसरे खेत में हल ले जाने में उपस्थित बाधा।
**हरमुढाह** *वि०* उद्दण्ड, उजड्डु।
**हरल** *सक०* छीन लेना, चुरा लेना; विमुक्त करना; दुःख दूर करना।
**हरवँत** *पु०* वर्ष में प्रथम-प्रथम खेत को जोतने का काम।
**हरवाही** *स्त्री०* हल चलाने का कार्य; वह खेत, जहाँ हल जोता जा रहा हो।

**हरसइन** *पु०* बबूल (पलामू)।
**हरसिंगार** *पु०* एक प्रकार का सफेद और छोटा फूल।
**हर-हर** *वि०* अत्यन्त तीखा, नीम; शिवलिंग पर जल चढ़ाने के समय बोला जाने वाला शब्द।
**हर-हर खर-खर** *वि०* जो शान्तिदायी नहीं हो।
**हरहा** *पु०* हल में जुतने वाला बैल। *वि०* भागने वाला, डरपोक।
**हरही** *स्त्री०* जंगली गाय; दुष्ट स्त्री। *उदा०* 'हरही गाव बीच खेत खाय'।
**हराई** *स्त्री०* जमींदार के खेत में रैयतों द्वारा की गई मुफ्त जुताई (शाल); हल से खींची गई गहरी रेखा।
**हराठ** *वि०* परिश्रम या असुविधा सहने वाला।
**हरान** *वि०* चकित, भौचक्का, क्लान्त, परेशान।
**हराम** *वि०* त्याज्य, निषिद्ध, विधिविरुद्ध।
**हरामजादा** *पु०* दुष्ट, बदमाश, वर्णसंकर। *स्त्री०* हरामजादी।
**हरामी** *वि०* दुष्ट, दोगला, बदमाश।
**हराहर** *वि०* अत्यन्त तीता। *पु०* हलाहल।
**हरावल** *सक०* लड़ाई या किसी प्रतिद्वन्द्विता में विपक्षी को हराना; पराजित करना।
**हराहरी** *क्रि०वि०* पूर्णत: बेदाग; नि:संकोच; सरासर।
**हरि** *पु०* भगवान्, स्वामी, पति, प्रियतम।
**हरिअर** *वि०* हरा, जो सूखा न हो, जिस पर उदासी न हो।
**हरिअर-कलेहरा** *वि०* अत्यन्त हरा; जो काला-सा नजर आवे।
**हरिअरका** *वि०* हरे रंग का। *स्त्री०* हरिअरकी।
**हरिअरा** *पु०* मेवा को दूध में औंटने से बना पेय पदार्थ, जो प्राय: प्रसूता को दिया जाता है।
**हरिअराइल** *अक०* हरा होना; शरीर पर मांस आने लगना; मोटा होने लगना।
**हरिअरी** *स्त्री०* हरियाली; हरा चारा; पुत्र-विवाह के बाद कन्या पक्ष को आम, कटहल आदि फल भेजने की सौगात; मुख पर प्रसन्नता या स्वास्थ्य-वृद्धि के लक्षण।
**हरिआठल** *सक०* हरिस में ठोकना।
**हरिकीर्तन** *पु०* भगवान् या उनके अवतारों, शिव आदि का यशोगान।
**हरिचंद** *पु०* सत्यवादी राजा हरिश्चन्द्र।
**हरिजन** *पु०* भगवान् का भक्त; शूद्र।
**हरिनकेर** *पु०* एक महीन धानविशेष।
**हरिना** *पु०* नर हरिण। *उदा०* 'हरिना के जामिन सूअर'।
**हरिनी** *स्त्री०* मादा हरिण।
**हरिस** *पु०* हल का एक हिस्सा।
**हरिहर-क्षेत्र** *पु०* सोनपुर स्टेशन के निकट गंगा और गण्डक के संगम पर स्थित एक तीर्थ।
**हरी** *स्त्री०* हल के आकार का काठ का एक सामान, जिसमें कैदी का पैर फँसाकर उसे बन्द कर दिया जाता है; बरधानेयोग्य गाय।
**हरूआ** *वि०* बदमाश, पाजी।
**हरे** *अव्य०* धीरे, हौले। **-हरये** *अव्य०* धीरे-धीरे। **-हरे** *अव्य०* धीरे-धीरे।
**हरेठा** *पु०* अरहर का डण्ठल।
**हरेया** *वि०* हल खींचने वाला बैल।
**हर्रे** *पु०* एक रेचक फल, हरीतकी।
**हरौरी** *स्त्री०* हल जोतने के लिए मजदूरों को दी गई मजदूरी।
**हलका** *पु०* किसी काम के लिए बनाया गया कुछ गाँवों का समूह। *वि०* हल्का।

**हलकांत** *पु०* जिस जगह पर पैदल चलकर पार करने लायक पानी हो।

**हलकोरा** *पु०* झोंका रूप में, लहर।

**हलखोर** *पु०* पाखाना साफ करने वाली जातिविशेष; हलालखोर।

**हलगर** *वि०* नमी से परिपूर्ण।

**हलचल** *पु०* जनता में फैली घबराहट, शोर-गुल, खलबली; आन्दोलन।

**हलतलबी** *स्त्री०* जल्दीबाजी।

**हलफ** *पु०* सौगन्ध, सत्यापन, शपथपूर्वक बयान।

**हलफा** *वि०* जोतने से अति मुलायम धूलिमय खेत।

**हलबल** *क्रि०वि०* शीघ्रतापूर्वक। *सं०* शीघ्रता, हड़बड़ी।

**हलब्बी** *वि०* मोटा (शीशा); बढ़िया; आईना।

**हलर-हलर** *स्त्री०* हवा के चलने से पत्तों के हिलने का शब्द; नदी-प्रवाह ध्वनि।

**हलरा** *पु०* लहर, तरंग।

**हलल** *अक०* मिट्टी में गड़ जाना, कीचड़ में फँस जाना, घुस जाना।

**हलवाह** *पु०* हल चलाने वाला, हलवाह।

**हलसावल** *सक०* गहरा हलाना, गड़ाना; घुसेड़ना।

**हलहलावल** *सक०* जोरों से हिलाकर हलाना, गाड़ना।

**हलाई** *स्त्री०* हलाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

**हलाल** *पु०* धर्मानुकूल जबह करने का काम।

**हलावल** *सक०* मिट्टी या कीचड़ आदि में किसी वस्तु को गाड़ना।

**हलुआ** *पु०* घृत, चीनी, आटे से बना एक भोज्य पदार्थ विशेष; मोहनभोग।

**हलुआई** *पु०* मिठाई बनाने और बेचने वाली एक जाति। *स्त्री०* हलुआइन।

**हलुक** *वि०* वजन में जो भरी न हो; जो गम्भीर न हो।

**हलुकदामा** *वि०* कम कीमत का।

**हलोरल** *सक०* अनाज के डण्ठलों को बटोर कर दाना साफ करना।

**हलोरवावल** *सक०* हलोरने का काम दूसरे से कराना।

**हलोरा** *पु०* हलोरने का भाव।

**हल्ला** *पु०* शोरगुल, कोलाहल, चिल्लाहट ललकारा।

**हवन** *पु०* किसी देवता का मंत्र पढ़कर घृत, तिल आदि वस्तु अग्नि में डालना।

**हवलदार** *पु०* सिपाही का सरदार।

**हवला** *वि०* हलका।

**हवा** *स्त्री०* वायु, अपान वायु; समीर। **-पानी** *पु०* आबहवा।

**हवाई** *वि०* हवा सम्बन्धी जहाज, वायुयान।

**हवागाड़ी** *स्त्री०* मोटरकार।

**हवादार** *वि०* यथेष्ट खिड़कीयुक्त मकान, जिसमें हवा आ-जा सके।

**हवाल** *पु०* वृत्तान्त, समाचार, खबर; हालत, दशा; परिणाम।

**हवालदार** *पु०* हवलदार।

**हवाला** *पु०* सुपुर्दगी, सौंपने की क्रिया; पता-ठिकाना।

**हवालात** *स्त्री०* [अ०] पहरे, चौकी में रखना, हिरासत।

**हवालाती** *वि० पु०* विचाराधीन कैदी।

**हसरत** *स्त्री०* [अ०] खेद, अप्राप्ति का दु:ख; चाह, अरमान, लालसा।

**हसीन** *वि०* [अ०] हुस्न वाला; प्यारा; लुभावना।

**हहरल** *अक०* किसी वस्तु की प्राप्ति की आशा से निराश होना; चकपकाना; डर से काँपना।

**हहास** *पु०* तेज हवा चलने का शब्द; चिड़िया के झपट्टे से निकली ध्वनि।
**हहाहू** *पु०* साँड़ को पुकारने का शब्द।
**हाँ** *अव्य०* स्वीकृति, निश्चय, आत्मसन्तोष, स्मृति का सूचक शब्द। *स्त्री०* स्वीकृति देने 'हाँ' कहने का कार्य।
**हाँक** *पु०* [सं० हुङ्कारः] किसी को बुलाने के लिए जोर से पुकारने का काम।
**हाँकल** *सक०* मवेशियों को बोलकर या मारकर आगे बढ़ाना; डींगभरी बातें करना; हवा के लिए पंखा आदि हिलाना।
**हाँका** *पु०* शिकार के लिए बुलाहट ललकार; शिकार में हल्लाकर जानवर को एक तरफ कर देने का कार्य।
**हाँचल** *सक०* चोट मारना।
**हाँफल** *अक०* श्रम के कारण जोर-जोर से साँस लेना; खाँसी से तीव्र गति से साँस लेना; हाँफना।
**हाफुर** *पु०* स्वाँस।
**हाँव-हाँव** *पु०* कुत्ते की बोली; अनावश्यक हल्ला-गुल्ला।
**हाँस** *पु०* बतख जाति का एक पक्षी। *स्त्री०* हाँसिन, हंस।
**हाउ** *पु०*-हौवा, *वि०* खाने में आतुर।
**हाउ-हाउ** *क्रि०वि०* शीघ्रतापूर्वक, हड़बड़ी के साथ।
**हाकिम** *पु०* शासक, ऑफिसर, हुकूमत करने वाला। *उदा०* 'हाकिम टरे हुकुम नहिं टरे'।
**हाजत** *स्त्री०* हिरासत, गिरफ्तार व्यक्तियों को थोड़ी देर रखने की जगह।
**हाजिर** *वि०* उपस्थित, मौजूद, विद्यमान।
**हाजा** *पु०* जो हज कर आया हो।
**हाड़** *पु०* हड्डी, अस्थि; कुलीनता।
**हाड़ा** *पु०* दे० 'हड्डा'।
**हाता** *पु०* घेरा हुआ स्थान। किसी खेत या बाग को घेरने के लिए उसके चारों तरफ खोदी गई पतली खाई।
**हाथ** *पु०* [सं० हस्तः] बाहु, भुजा; बाहु मध्य की गाँठ से अँगुली की छोर तक का; अंग। *उदा०* 'हाथ सुमिरनी बगल कतरनी'।
**हाथा** *पु०* नर हाथी; घौद में केले के फल का वह समूह, जो एक जगह सटा हुआ रहता है; हत्था; खेत सींचने का एक उपकरण।
**हाथापाई** *स्त्री०* उठापटक।
**हाथा बाही** *स्त्री० यौ०* झगड़े में एक-दूसरे को पकड़ने का कार्य।
**हाथी** *पु०* सूँड़ के रूप में पैरों तक नाक वाला विशाल पशु विशेष, हस्ती। *उदा०* 'हाथी से हाथी बाझेला'।
**हाथे-पाथे** *वि०* मिलजुलकर।
**हाथे-हाथे** *क्रि०वि०* एक हाथ से दूसरे हाथ तक और इसी प्रकार आगे। शीघ्रतापूर्वक।
**हान** *पु०* घाटा, नुकसान, हानि।
**हाफिज** *वि०* [अ०] रक्षक (खुदा-हाफिज, ईश्वर रक्षक है) *पु०* वह व्यक्ति, जिसे पूरी कुरान कण्ठ हो।
**हामिद** *वि०* [अ०] तारीफ, ईश-गुणगान।
**हामी** *स्त्री०* स्वीकृति।
**हाय** *अव्य०* [सं० हा] पीड़ा होने पर निकलने वाला शब्द।
**हायन** *पु०* [सं०] वर्ष, संवत्सर।
**हायल** *सक०* किसी वस्तु को घेरकर अपने लिए रखना।
**हार** *स्त्री०* पराजय; सोना, चाँदी, मोतियों की माला। प्रत्ययविशेष, जिसका अर्थ रखनेवाला होता है। *उदा०* 'हारे त हूरे जीते त थूरे'।

**हारसिन** दे० 'हिरसिन'।
**हारा बाजी** *स्त्री०* प्रतिद्वन्द्विता, बाजी रखकर किया गया मुकाबला।
**हारिल** *पु०* हरे रंग का पक्षीविशेष, जो अपने चंगुल में लकड़ी का टुकड़ा पकड़े रहता है।
**हाल** *पु०* दशा; समाचार; नमी; वृत्तान्त। पहिए के चारों तरफ चढ़ाया जाने वाला लोहे या रबर का बन्द; दालान।
**हॉल** *पु०* [अं०] बड़ा कमरा।
**हालत** *स्त्री०* दशा, अवस्था आर्थिक स्थिति।
**हाला-हाली** *स्त्री०* बार, मर्तबा। *क्रि०वि०* जल्दी।
**हाली-हाली** *क्रि०वि०* शीघ्रतापूर्वक।
**हाव-भाव** *पु०* स्त्रियों की आकर्षक चेष्टाएँ। नाज-नखरा।
**हासिया** *पु०* किनारा।
**हासिल** *वि०* उपलब्ध, प्राप्त। *पु०* खेत की फसल।
**हाहर** *पु०* जोरों से हँसने का शब्द।
**हाहा** *पु०* [सं०] एक गन्धर्व; एक बहुत बड़ी संख्या। *अव्य* आश्चर्य, शोक का सूचक शब्द। **-कार** *पु०* रोने की ध्वनि।
**हाहा** *पु०* खुलकर हँसने की आवाज; गिड़गिड़ाने की आवाज। **-ठीठी** *स्त्री०* हँसी-मजाक। **-हीही** दे० 'हाहा-ठीठी'। **-हूहू** *पु०* हँसी-ठट्टा।
**हाहाइल** *स्त्री०* गाड़ी, हवाईजहाज आदि के चलने से ध्वनि पैदा होना।
**हाही** *स्त्री०* कुछ पाने के लिए सदैव व्यग्रता की स्थिति।
**हिंक-पुराँव** *वि० पु०* इच्छाभर, मनभर।
**हिंछघर** *वि०* सदा अशुभ सोचकर काम से भागने वाला; आलसी।
**हिंछा** *पु०* इच्छा।
**हिंज-मिंज** *पु०* छिन्न-भिन्न; बाधा।
**हिंजड़ा** *पु०* नपुंसक; नामर्द। *उदा०* 'हिंजड़ा कमावे टिकुली में गँवावे'।
**हिंड़ोला** *पु०* झूला; पालना; एक राग-विशेष।
**हिराँन** *पु०* मवेशियों के विश्राम करने की जगह।
**हिआव** *पु०* हिम्मत; साहस; जीवट।
**हिकमत** *पु०* युक्ति, तदवीर, चतुर। *वि०* हिकमती।
**हिकवटल** *अक०* मनभर उपयोग करना।
**हिकारत** *पु०* तुच्छ या उपेक्षा की दृष्टि से देखने का भाव।
**हिक्का** *पु०* छाती का उभड़ा हुआ मांस।
**हिगरल** *अक०* अलग होना।
**हिगरावल** *सक०* अलग करना।
**हिचकल** *अक०* किसी काम को करने में आगा-पीछा करना।
**हिचकिचाइल** *अक०* दे० 'हिचकल'।
**हिचकी** *स्त्री०* उदर की वायु का वेग के साथ कण्ठ से निकलना; एक प्रकार का रोग।
**हिच्छा** *पु०* इच्छा, मन।
**हित** *पु०* भला चाहने वाला सम्बन्धी, मित्र। *उदा०* 'हित घर डाइन खाले'।
**हिदाइत** *पु०* आदेश, ताकीद, निर्देश। [अ०] हिदायत।
**हिन** *सर्व०* ये।
**हिनाई** *स्त्री०* छोटापन, हीनता, शिकायत।
**हिनुआ** *वि०* हिन्दू से सम्बन्धित; हिन्दू जाति के अन्तर्गत; हिन्दू का।
**हिनू** *पु०* हिन्दू [फा०] *उदा०* 'हिनू बढ़े नेते'।
**हिनूई** *वि०* हिन्दू या हिन्दुओं से सम्बन्धित।
**हिन्दी** *स्त्री०* भारत की प्रमुख भाषा।

**हिन्दुस्तान** *पु०* हिन्दुओं का निवास-स्थान, भारतवर्ष।

**हिन्दुस्तानी** *स्त्री०* हिन्दुस्तान सम्बन्धी; हिन्दुस्तान का निवासी।

**हिन्दू** *पु०* हिन्द का निवासी, भारतीय।

**हिमाले** *पु०* भारतवर्ष की उत्तरी सीमा पर स्थित पर्वतमाला, हिमालय।

**हियरा** *पु०* हृदय, दिल, छाती।

**हिया** *पु०* हृदय, दिल।

**हिरदावल** *पु०* घोड़े की छाती की भौंरी।

**हिरदेया, हिरदै** *पु०* मन, दिल, हृदय।

**हिरल** *अक०* किसी स्थान पर मवेशियों का थोड़ी देर तक ठहरकर विश्राम करना; स्वार्थ से किसी के निकट सदा रहना।

**हिरसिन** *स्त्री०* ह्रस्व इकार का चिह्न।

**हिरात** *पु०* मवेशियों के धूप में विश्राम करने की जगह।

**हिरामन** *पु०* लाल रंग का सुग्गा; लोक-कथाओं में एक सुग्गा, जो पण्डित माना गया है।

**हिरावल** *सक०* ठहराना (मवेशियों का) हिरल का सक० रूप।

**हिरिस** *पु०* अतृप्त इच्छा, तृष्णा, लोभ।

**हिलकोरल** *अक०* लहराना, तरंगित होना।

**हिलकोरा** *पु०* लहर, तरंग, पानी का झोंका।

**हिल-डोल** *पु०* हिलने डोलने का भाव।

**हिलल** *अक०* काँपना, डोलना, स्थिर नहीं रहना।

**हिलवावल** *सक०* हिलाने का काम दूसरे से कराना।

**हिलसा** *स्त्री०* एक प्रकार की मछली।

**हिलावल** *अक०* कँपाना, डोलाना, हिलाना।

**हिलोर** *स्त्री०* लहर, तरंग, हलकोरा।

**हिसका** *पु०* स्पर्धा, देखादेखी से उत्पन्न इच्छा।

**हिसकार** *वि०* ईर्ष्यालु, डाही।

